होती है, पर उसका समुचित रूप मे सचारण न केवल शोधकों के लिये ही उपयोगी होता है, अपितु यह पूर्वकृत शोध की जानकारी देकर उससे आगे बढने तथा नये क्षितिजों का सकेत देने मे भी सहायक होता है। इस दिशा में शोधों पर आधारित शोध–पत्रो एव शोध–प्रबन्धों का प्रकाशन आवश्यक है। इन दोनो ही दिशाओ मे जैन–विद्याये अभी काफी पीछे हैं। वैसे तो जैन पत्र–पत्रिकाओ की सख्या, सम्पर्क, 2000 के अनुसार, अर्ध–सहस्र तक पहुच गई है, पर शोध–पत्रिकाये कम ही हैं। जैन सिद्धात भास्कर, अनेकान्त, तुलसी प्रज्ञा, अर्हत् वचन, शोधादर्श, जिनमजरी, श्रमण, प्राकृत विद्या, जैन विद्या, सम्बोधि एव निर्ग्रंथ के समान पत्रिकाये ही इस कोटि मे आती हैं। इनमे प्राय पत्रिकाये त्रैमासिक हैं और प्रत्येक औसतन 10 लेख प्रकाशित करती हैं। यदि हम औसतन प्रति वर्ष 50 शोध एव अनेक लघु शोध–निबन्ध माने, और प्रत्येक मे औसतन 3 शोध पत्र की सभावना मान लें, तो प्राय 200 शोध–पत्र प्रतिवर्ष प्रकाशित होने चाहिये। इसके अतिरिक्त, उपाधि–निरपेक्ष तथा उपाधि–उत्तर शोध को इसमे और समाहित करना चाहिये जो प्राय इससे दुगुने हो सकते हैं। इस प्रकार प्राय 600 वार्षिक शोध–पत्रो के लिये जैन शोध–पत्रिकाये अपर्याप्त हैं। साथ ही, शोध की महत्ता एव उपयोगिता उससे शीघ्र सप्रसारण मे ही है। इस हेतु 'केमिकल एब्स्ट्रेक्ट' के समान जैन शोध निष्कर्ष का प्रयास किया जा सकता है जिसमे शोध–पत्रो एव शोध लेखों के सार रहें। इस दिशा मे एक पत्रिका कुछ कर रही है, पर यह नितान्त अपर्याप्त है। आजकल बहुतेरी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जैन सस्थाये सामने आ रही हैं। वे इस कार्य को हाथ मे ले सकती हैं।

शोध–पत्रों के प्रकाशन के अतिरिक्त, शोध–प्रबन्धो का प्रकाशन भी शोध सचारण का एक उपाय है। लेकिन यह अधिक व्ययसाध्य है। साधु–साध्वियो के शोधो के अतिरिक्त केवल आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग ही इन्हें प्रकाशित करा पाते हैं। फिर भी सारणी 1 से स्पष्ट है कि 1983–93 के दशक मे शोध–प्रबन्ध प्रकाशन का प्रतिशत पिछले दशक की 15 प्रतिशत की तुलना मे 21 5 प्रतिशत हो गया है। यह उत्साहवर्धक है। अगले दशक मे यह और भी बढे, ऐसी कामना है। शोधकार्य की जानकारी मे शोध सन्दर्भ भी उपयोगी हैं, पर वे प्रकाशित शोधकार्यों का स्थान नहीं ले सकते।

जैन विद्याओं में शोध के नये क्षितिज

इस लेख में हमने यथास्थान अनेक क्षेत्रो मे शोधकार्य की सम्भावना का उल्लेख किया है। कुछ क्षेत्र फिर भी छूट गये हैं। उदाहरणार्थ, आजकल वास्तु शास्त्र का युग चल रहा है। जैन ग्रन्थो मे वास्तु शास्त्र, गृह निर्माण, सैन्यागार निर्माण, नगर एव मंदिर निर्माण के अनेकविध विवरण मिलते हैं।

अनेक उद्योगों के सम्बन्ध में भी विवरण मिलते हैं। इनके अध्ययन शोध की पर्याप्त सामग्री दे सकते हैं। आहार, शरीर एवं चिकित्सा विज्ञान के विषय अभी तक लगभग अछूते ही हैं। कल्याणकारक पर शोध होना चाहिये। आयुर्वेद के ग्रन्थों की विशाल सूची है। ऐसे ही अन्य अनेक विषयों की ओर ध्यान देना चाहिये। इसके लिये श्रमशील एवं अध्ययनशील शोधकों की आवश्यकता है।

निष्कर्ष

1983–1993 के दशक के संक्षिप्त सर्वेक्षण से यह स्पष्ट है कि अभी भी ललित साहित्य और उससे सहचरित विषय जैन विद्या शोध के मुख्य अग बने हुये हैं। अन्य विषयो के शोध में कुछ सुधार हुआ है, पर यह आशा के अनुकूल नहीं है। मुझे विश्वास है कि अगले दशक में इन क्षेत्रों पर और अधिक उत्साहवर्धक एव जैन विद्या सवर्धक कार्य होगा।

●

आगम–तुल्य ग्रन्थों की प्रामाणिकता का मूल्यांकन*

वर्तमान वैज्ञानिक युग की यह विशेषता है कि इसमें विभिन्न भौतिक व आध्यात्मिक तथ्यों और घटनाओ की बौद्धिक परीक्षा के साथ प्रायोगिक साक्ष्य के आधार पर भी व्याख्या करने का प्रयत्न होता है। दोनो प्रकार के सपोषण से आस्था बलवती होती है। वैज्ञानिक मस्तिष्क दार्शनिक या सन्त की स्वानुभूति, दिव्यदृष्टि या मात्र बौद्धिक व्याख्या से सन्तुष्ट नहीं होता । इसीलिये वह प्राचीन शास्त्रो, शब्द या वेद की प्रामाणिकता की धारणा की भी परीक्षा करता है। जैन शास्त्रो मे प्राचीन श्रुत की प्रमाणता के दो कारण दिये हैं– (1) सर्वज्ञ, गणधर, उनके शिष्य–प्रशिष्यों द्वारा रचना और (2) शास्त्र वर्णित तथ्यों के लिये बाधक प्रमाणो का अभाव।[1] इस आधार पर जब अनेक शास्त्रीय विवरणो का आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन किया जाता है, तब मुनिश्री नन्दिघोष विजय[2] के अनुसार स्पष्ट भिन्नताये दिखाई पडती हैं। अनेक साधु, विद्वान्, परम्परापोषक और प्रबुद्धजन इन भिन्नताओ के समाधान मे दो प्रकार के दृष्टिकोण अपनाते हैं

(अ) **वैज्ञानिक दृष्टिकोण** के अनुसार, ज्ञान का प्रवाह वर्धमान होता है। फलत प्राचीन वर्णनो मे भिन्नता ज्ञान के विकास–पथ को निरूपित करती है। यह दृष्टि प्राचीन शास्त्रो को इस विकासपथ के एक मील का पत्थर मानकर इन्हे ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य मे स्वीकृत करती है। इससे वे अपनी बौद्धिक प्रगति का मूल्याकन भी करते हैं।

(ब) **परम्परापोषक दृष्टिकोण** के अनुसार, समस्त ज्ञान सर्वज्ञ, गणधरो एव आरातीय (दूरस्थ) आचार्यों के शास्त्रो मे निरूपित है। वह शाश्वत माना जाता है। इस दृष्टिकोण में ज्ञान की प्रवाहरूपता एव विकास–प्रकिया को स्थान प्राप्त नहीं है। इसलिये जब विभिन्न विवरणो, तथ्यो और उनकी व्याख्याओ मे आधुनिक ज्ञान के परिप्रेक्ष्य मे भिन्नता परिलक्षित होती है, तब इस कोटि के अनुसर्ता विज्ञान की निरन्तर परिवर्तनीयता एव शास्त्रीय अपरिवर्तनीयता की चर्चा उठाकर परम्परा–पोषण को ही महत्त्व देते हैं। यह

---

* यह लेख प जगन्मोहन लाल शास्त्री साधुवाद ग्रथ, 1988 मे प्रकाशित हुआ है।

प्रयत्न अवश्य किया जाता है कि इन व्याख्याओं से अधिकाधिक सगतता आये चाहे इसके लिये कुछ खींचतान ही क्यों न करनी पड़े। अनेक विद्वानों की यह धारणा सम्भवत उन्हें अरुचिकर प्रतीत होगी कि अंग–साहित्य का विषय युगानुसार परिवर्तित होता रहता है। वस्तुत पोषण का अर्थ केवल संरक्षण ही नहीं, संवर्धन भी होता है। जैन शास्त्रों के काकदृष्टीय अध्ययन से ज्ञात होता है कि शास्त्रीय आचार विचार की मान्यतायें नवमी–दशमीं सदी तक विकसित होती रही है। इसके बाद इन्हें स्थिर एवं अपरिवर्तनीय क्यों मान लिया गया, यह शोधनीय है। शास्त्री[3] का मत है कि परम्परा–पोषक वृत्ति का कारण सम्भवत प्रतिभा की कमी तथा राजनीतिक अस्थिरता माना जा सकता है। पापभीरुता[4] भी इसका एक सम्भावित कारण हो सकती है। इस स्थिति ने समग्र भारतीय परिवेश को प्रभावित किया है।

शास्त्री[5] ने आरातीय आचार्यों को श्रुतधर, सारस्वत, प्रबुद्ध परम्परापोषक एव आचार्यतुल्य कोटियो मे वर्गीकृत किया है। इनमें प्रथम तीन कोटियों के प्रमुख आचार्यों के ग्रन्थो का अध्ययन करने पर स्पष्ट होता है कि प्रत्येक आचार्य ने अपने युग मे परम्परागत मान्यताओं मे युगानुरूप नाम, भेद, अर्थ और व्याख्याओं मे परिवर्धन, सशोधन तथा विलोपन कर स्वतत्र चिन्तन का परिचय दिया है। इनके समय में ज्ञानप्रवाह गतिमान रहा है। इस गतिमत्ता ने ही हमे आध्यात्मिक, सास्कृतिक, ऐतिहासिक एव राजनीतिक दृष्टि से गरिमा प्रदान की है। हम चाहते हैं कि इसी का आलम्बन लेकर नया युग और भी गरिमा प्राप्त करे। इसके लिये मात्र परम्परापोषण की दृष्टि से हमे ऊपर उठना होगा। आचार्यों की प्रथम तीन कोटियों की प्रवृत्ति का अनुसरण करना होगा। उपाध्याय अमर मुनि[6] ने भी इस समस्या पर मन्थन कर ऐसी ही धारणा प्रस्तुत की है। हम इस लेख में कुछ शास्त्रीय मन्तव्य प्रकाशित कर रहे हैं जिनसे यही मन्तव्य सिद्ध होता है ।

आचार्यों और ग्रन्थों की प्रामाणिकता

हमने जिनसेन के 'सर्वज्ञोक्त्यनुवादिन' के रूप मे आचार्यों द्वारा प्रणीत ग्रन्थो की प्रामाणिकता की धारणा स्थिर की है। पर जब विद्वज्जन इनका समुचित और सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं, तो इस धारणा मे सन्देह उत्पन्न होता है एव सन्देह निवारक धारणाओ के लिये प्रेरणा मिलती है।

सर्वप्रथम हम महावीर की आचार्य परम्परा पर ही विचार करे। हमें विभिन्न स्रोतों से महावीर निर्वाण के पश्चात् 683 वर्षों की आचार्य परम्परा प्राप्त होती है।[7] इसमे कम–से–कम चार विसगतिया पाई जाती हैं। दो का समाधान जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति से होता है, पर अन्य दो यथावत् बनी हुई हैं

(1) महावीर के प्रमुख उत्तराधिकारी गौतम गणधर हुए। उसके बाद और जम्बू स्वामी के बीच में लोहार्य और सुधर्मा स्वामी के नाम भी आते हैं।

यह तो अच्छा रहा कि जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति ने स्पष्ट रूप से सुधर्मा स्वामी और लोहार्य को अभिन्न बताकर यह विसगति दूर कर दी और तीन ही केवली रहे।

(2) पाच श्रुतकेवलियो के नामो मे भी अन्तर है। पहले ही श्रुतकेवली कहीं 'नन्दी' हैं, तो कहीं 'विष्णु' कहे गये हैं। इन्हे विष्णुनदि मानकर समाधान किया गया है। शायद यहां 'एक देश को' सर्वदेश मान लिया गया है।

(3) धवला मे सुभद्र, यशोभद्र, भद्रबाहु एवं लोहाचार्य को केवल एक आचारागधारी माना है । जबकि प्राकृत पट्टावली में इन्हें कमश 10, 9, 8 अगधारी माना है। इस प्रकार, इन चार आचार्यों की योग्यता विवादग्रस्त है।

(4) 683 वर्ष की महावीर परम्परा मे एकांगधारी पुष्पदत–भूतबलि सहित पाच आचार्यों (118 वर्ष) को समाहित किया गया है और कहीं उन्हे छोडकर ही 683 वर्ष की परम्परा दी गई है जैसा सारणी 1 से स्पष्ट है। एक सूची में 10, 9, 8 अगधारियो के नाम ही नहीं हैं।*

फलत आचार्यों की परम्परा में ही नाम, योग्यता, कार्यकाल और सख्या में भिन्नता है । यह परम्परा महावीर–उत्तरकालीन है। महावीर ने विभिन्न युग के आचार्यों के लिये भिन्न–भिन्न परम्परा के लेखन की दिव्यध्वनि विकीर्ण न की होगी । आधुनिक दृष्टि से इन विसगतियो के दो कारण सम्भव हैं

(अ) प्राचीन समय के विभिन्न आचार्यों और उनके साहित्य के समुचित सचरण एव प्रसारण की व्यवस्था और प्रक्रिया का अभाव ।

(ब) उपलब्ध प्रत्यक्ष, अपूर्ण या परोक्ष सूचनाओ के आधार पर परम्परापोषण का प्रयत्न ।

नये युग मे ये ही कारण प्रामाणिकता पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। फिर, यह प्रश्न तो रह ही जाता है कि कौन–सी सूची प्रामाणिक है?

सारणी 1: धवला और प्राकृत पट्टावली की 683 वर्ष–परम्परा

3– केवली	62 वर्ष	62 वर्ष
5– श्रुतकेवली	100 वर्ष	100 वर्ष

* 683 वर्ष की आचार्य परम्परा में (1) कहीं नौ दश पूर्वियों के नाम हैं, तो कहीं ग्यारह नाम हैं (2) कहीं दो भद्रबाहु के नाम हैं, तो बसतराज के अनुसार, श्रवण बेलगोला के एक शिलालेख के आधार पर तीन भद्रबाहु (अन्तिम लोहार्य के पूर्व) के नाम हैं और (3) कहीं 28 नाम हैं, तो कहीं 31 नाम हैं, तो कहीं तैंतीस नाम हैं।[29] इस परम्परा में लोहार्य (अंतिम) को आर्यरक्षित और धरसेन से अभिन्न बताने की विचारणीय चर्चा भी चली है।

11– दशपूर्वधारी	183 वर्ष	183 वर्ष
5– एकादशागधारी	220 वर्ष	123 वर्ष
4– 10, 9, 8 अगधारी	–	97 वर्ष
4– एकागधारी	118	118 वर्ष (पाच एकागधारी)
	683	683

मूलाचार[8] के अनुसार, आचार्य शिष्यानुग्रह, धर्म एवं मर्यादाओ का उपदेश, सघ–प्रवर्तन एव गण–परिरक्षण का कार्य करते हैं । अन्तिम दो कार्यों के लिये ऐतिहासिक एव जीवन परम्परा का ग्रंथन आवश्यक है । पर प्रारम्भ के प्राय सभी प्रमुख आचार्यों के जीवनवृत्त अनुमानत. ही निष्कर्षित हैं । आत्म–हितैषियों के लिये इसका महत्त्व न भी माना जाये, तो भी परम्परा या ज्ञानविकास की क्रमिक धारा और उसके तुलनात्मक अध्ययन के लिये यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। प्राचीन भारतीय संस्कृति की इस इतिहास–निरपेक्षता की वृत्ति को गुण माना जाय या दोष–यह विचारणीय है। एक ओर हमे 'अज्ञातकुलशीलस्य वासो देयो न कस्यचित्' की सूक्ति पढाई जाती है, दूसरी ओर हमें ऐसे ही सभी आचार्यों को प्रमाण मानने की धारणा दी जाती है । यह और ऐसी ही अन्य परस्पर विरोधी मान्यताओं ने हमारी बहुत हानि की है । उदाहरणार्थ, शास्त्री[9] द्वारा समीक्षित विभिन्न आचार्यों के काल–विचार के आधार पर प्राय सभी प्राचीन आचार्य समसामयिक सिद्ध होते हैं।

1 गुणधर	114 ई पू.	–	–
2 धरसेन	50–100 ई	प्रथम सदी	सौराष्ट्र, महाराष्ट्र
3 पुष्पदत	60–106 ई	"	आध्र, महाराष्ट्र
4 भूतबलि	76–136 ई	1–2 सदी	आध्र
5 कुन्दकुन्द	81–165 ई	1–2 सदी	तमिलनाडू
6 उमास्वाति	100–180 ई	2 सदी	"
7 बट्टकेर	–	प्रथम सदी	"
8 शिवार्य	–	प्रथम सदी	मथुरा
9 स्वामिकुमार (कार्तिकेय)	–	2–3 री सदी	गुजरात

इनमे गुणधर, धरसेन, पुष्पदत और भूतबलि का पूर्वापर और समय तो पर्याप्त यथार्थता से अनुमानित होता है। पर कुन्दकुन्द और उमास्वाति के समय पर पर्याप्त चर्चाये मिलती हैं। यदि इन्हें महावीर के 683 वर्ष बाद ही माने, तो इनमें से कोई भी आचार्य दूसरी सदी का पूर्ववर्ती नहीं हो सकता (683–527=156 ई) । इन्हे गुरु–शिष्य मानने में भी अनेक बाधक तर्क हैं ·

(1) उमास्वाति की बारह भावनाओं के नाम व क्रम कुन्दकुन्द से भिन्न हैं।

(2) उमास्वाति ने बट्टकेर के पचाचार और शिवार्य के चतुराचार को सम्यक् रत्नत्रय में परिवर्धित किया। उन्होंने तप और वीर्य को चारित्र में ही अन्तर्भूत माना।

(3) कुन्दकुन्द के एकार्थी पाच अस्तिकाय, छ द्रव्य, सात तत्त्व और नौ पदार्थों की विविधता को दूर कर उन्होने सात तत्त्वों की मान्यता को प्रतिष्ठित किया।
(4) उमास्वाति ने अद्वैतवाद या निश्चय–व्यवहार दृष्टियो की वरीयता पर माध्यस्थ भाव रखा।
(5) उमास्वाति ने ज्ञान को प्रमाण बताकर जैन विद्याओं मे सर्वप्रथम प्रमाणवाद का समावेश किया।
(6) उमास्वाति ने श्रावकाचार के अन्तर्गत ग्यारह प्रतिमाओ पर मौन रखा। सम्भवत इसमे उन्हे पुनरावृत्ति लगी हो।
(7) उन्होने सल्लेखना को श्रावक के द्वादश व्रतो से पृथक् माना।
(8) उन्होने सप्त–तत्त्वों मे बन्ध–मोक्ष का कुन्दकुन्द स्वीकृत क्रम अमान्य कर बन्ध को चौथा और मोक्ष को सातवा स्थान दिया।

इनमे अन्य अनेक बिन्दु और भी परिगणित किये जा सकते है।

शिष्यता से मार्गानुसारिता अपेक्षित है। परन्तु लगता है कि उमास्वाति प्रतिभा के धनी थे । उन्होने तत्कालीन समग्र साहित्य मे व्याप्त चर्चाओ की विविधता देखकर अपना स्वय का मत बनाया था । यही दृष्टिकोण वर्तमान मे अपेक्षित है ।

उमास्वाति के समान अन्य आचार्यों ने भी सामयिक समस्याओ के समाधान की दृष्टि से परम्परागत मान्यताओ मे सयोजन एव परिवर्धन आदि किये हैं । इसलिये धार्मिक ग्रन्थो मे प्रतिपादित सिद्धान्त, चर्चाये या मान्यतायें अपरिवर्तनीय हैं, ऐसी मान्यता तर्कसगत नहीं लगती । विभिन्न युगो के ग्रन्थो को देखने से ज्ञात होता है कि अहिंसादि पाच नीतिगत सिद्धान्तो की परम्परा भी महावीर–युग से ही चली है। इसके पूर्व, भगवान ऋषभ की त्रियाम (समत्व, सत्य, स्वायत्तता) एव पार्श्वनाथ की चातुर्याम परम्परा थी।[10] महावीर ने ही अचेलकत्व को प्रतिष्ठित किया। महावीर ने युग के अनुरूप अनेक परिवर्तन कर परम्परा को व्यापक बनाया। व्यापकीकरण की प्रक्रिया को भी परम्परा–पोषण ही माना जाना चाहिये। यद्यपि आज के अनेक विद्वान इस निष्कर्ष से सहमत नहीं प्रतीत होते पर परम्पराये तो परिवर्धित और विकसित होकर ही जीवन्त रहती हैं। वस्तुत देखा जाय, तो जो लोग मूल आम्नाय जैसी शब्दावली का प्रयोग करते हैं, उसका विद्वत्–जगत् के लिये कोई अर्थ ही नहीं है। बीसवीं सदी मे इस शब्द की सही परिभाषा देना ही कठिन है । भ ऋषभ को मूल माना जाय या भ महावीर को? इस शब्द की व्युत्पत्ति स्वयं यह प्रदर्शित करती है कि यह व्यापकीकरण की प्रक्रिया के प्रति अनुदार है। हॉ, बीसवीं सदी के कुछ लेखक[11] समन्वय की थोडी बहुत सम्भावना को अवश्य स्वीकार करने लगे हैं।

सैद्धान्तिक मान्यताओं में संशोधन और उनकी स्वीकृति

उपरोक्त तथा अन्य अनेक तथ्यो से यह पता चलता है कि समय–समय पर हमने अपनी पूर्वगत अनेक सैद्धान्तिक मान्यताओ के संशोधनो को स्वीकृत किया है जिनमे कुछ निम्न हैं ·

(1) हमने विभिन्न तीर्थंकरो के युग में प्रचलित त्रियाम्, चातुर्याम और पचयाम धर्म के परिवर्धन को स्वीकृत किया ।

(2) हमने विभिन्न आचार्यों के पचाचार, चतुराचार एव रत्नत्रय के क्रमश· न्यूनीकरण को स्वीकृत किया ।

(3) हमने प्रवाहयमान (परम्परागत) और अप्रवाहयमान (सवर्धित) उपदेशो को भी मान्यता दी ।[12]

(4) अकलक और अनुयोगद्वार सूत्र ने लौकिक संगति बैठाने के लिये प्रत्यक्ष के दो भेद कर दिये जिनके विरोधी अर्थ हैं : लौकिक और पारमार्थिक। इन्हे भी हमनें स्वीकृत किया और यह अब सिद्धान्त है।[13]

(5) न्याय विद्या मे 'प्रमाण' शब्द महत्त्वपूर्ण है। इसकी चर्चा के बदले उमास्वातिपूर्व साहित्य मे ज्ञान और उसके सम्यक्त्व या मिथ्यात्व की ही चर्चा है। 'प्रमाण' शब्द की परिभाषा भी "ज्ञानं प्रमाण' से लेकर अनेक बार परिवर्धित हुई है । इसका विवरण द्विवेदी ने दिया है ।[14]

(6) हमने अर्धपालक और यापनीय आचार्यों को अपने गर्भ में समाहित किया जिनके सिद्धान्त तथाकथित मूल परम्परा से अनेक बातो मे भिन्न पाये जाते हैं। इस कोटि के अन्य उदाहरण एक अन्य लेख मे दिये गये हैं।

ये तो सैद्धान्तिक परिवर्धनो की सूचनाये हैं । ये हमारे धर्म के आधारभूत तथ्य रहे हैं । इन परिवर्धनो के परिप्रेक्ष्य मे हमारी शास्त्रीय मान्यताओ की अपरिवर्तनीयता का तर्क कितना सगत है, यह विचारणीय है। मुनिश्री[6] ने इस समस्या के समाधान के लिये शास्त्र और ग्रन्थ की स्पष्ट परिभाषा बताई है । उनके अनुसार, केवल अध्यात्म विद्या ही शास्त्र है जो अपरिवर्तनीय है, उनमे विद्यमान अन्य वर्णन ग्रन्थ की सीमा मे आते हैं और वे परिवर्धनीय हो सकते हैं । स्वामी सत्यभक्त ने भी ऐसा ही मत व्यक्त किया है।

शास्त्रों में पूर्वापरविरोध

शास्त्रो की प्रमाणता के लिये पूर्वापर–विरोध का अभाव भी एक प्रमुख बौद्धिक कारण माना जाता है। पर यह देखा गया है कि शास्त्रो के अनेक सैद्धान्तिक विवरणो मे परस्पर विरोध तो है ही, एक ही शास्त्र के विवरणो मे भी विसगतियॉ भी पाई जाती हैं। परम्परापोषी टीकाकारो ने ऐसे विरोधी उपदेशो को भी ग्राह्य बताया है। यह तो उन्होने स्वीकृत किया है कि विरोधी या भिन्न मतो मे से एक ही सत्य होगा, पर वीरसेन, वसुनन्दि जैसे टीकाकार और छद्मस्थों मे सत्यासत्य निर्णय की विवेक क्षमता कहा?[15] इन विरोधी विवरणो की ओर अनेक विद्वानों का ध्यान आकृष्ट हुआ है।

सबसे पहले हम मूल ग्रन्थो के विषय में ही सोचे । सारणी 2 से ज्ञात होता है कि कषायप्राभृत, मूलाचार एव कुन्दकुन्द साहित्य के भिन्न–भिन्न टीकाकारों ने तत्तत् ग्रन्थो मे सूत्र या गाथा की सख्याओ मे एकरूपता ही नहीं पाई । इसके अनेक रूप मे समाधान दिये जाते हैं । इस भिन्नता का सद्भाव ही इनकी प्रामाणिकता की जाच के लिये प्रेरित करता है। ये अतिरिक्त गाथायें कैसे आई? क्यों हमने इनको भी प्रामाणिक मान लिया? यही नहीं, इन ग्रन्थो में अनेक गाथाओ का पुनरावर्तन है जो ग्रन्थ निर्माण प्रक्रिया से पूर्व परम्परागत मानी जाती हैं। ये सघभेद से पूर्व की होने के कारण अनेक श्वेताम्बर ग्रन्थों मे भी पाई जाती हैं। गाथाओ का यह अन्तर अन्योन्य विरोध तो माना ही जायेगा । कुन्दकुन्द साहित्य के विषय मे तो यह और भी अचरजकारी है कि दोनों टीकाकार लगभग 100 वर्ष के अन्तराल मे ही उत्पन्न हुए ।

सारणी 2 : कुछ मूल ग्रन्थों की गाथा / सूत्र संख्या[5]

ग्रन्थ	गाथा सख्या, प्रथम टीकाकार	गाथा सख्या, द्वितीय टीकाकार
1 कषाय पाहुड	180	233 (जय धवला), 245
2 कषाय पाहुडचूर्णि	8000 श्लोक (ति प)	7000 "
3 सत्प्ररूपणा सूत्र	177	100
4 मूलाचार	1252 (वसुनदि)	1409 (मेघचद्र)
5 समयसार	415 (अमृतचद्र)	445 (जयसेन)
6 पचास्तिकाय	173 "	191 "
7 प्रवनसार	275 "	317 "
8 रयणसार	155 —	167 —

शास्त्रो में सैद्धान्तिक चर्चाओं के विरोधी विवरण

यह विवरण दो शीर्षको मे दिया जा रहा है

(1) **एक ही ग्रन्थ में असंगत चर्चा** – मूलाचार के पर्याप्ति अधिकार की गाथा 79–80 परस्पर असंगत है[15]

	गाथा 79	गाथा 80
सौधर्म स्वर्ग की देवियों की उत्कृष्ट आयु	5 पल्य	5 प
ईशान स्वर्ग की देवियो की उत्कृष्ट आयु	7 पल्य	5 प
सानत्कुमार स्वर्ग में देवियो की उत्कृष्ट आयु	9 प	17 प

धवला के दो प्रकरण[16]

(i) खुद्दक बन्ध के अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार मे वनस्पतिकायिक जीवों का प्रमाण सूत्र 74 के अनुसार सूक्ष्म वनस्पतिकायिक जीवों से विशेष अधिक होता है जबकि सूत्र 75 के अनुसार सूक्ष्म वनस्पतिकायिक जीवो का

प्रमाण वनस्पतिकायिक जीवों से विशेष अधिक होता है। दोनों कथन परस्पर विरोधी हैं। यही नहीं, सूक्ष्म वनस्पतिकायिक जीव और सूक्ष्म निगोदजीव वस्तुत एक ही हैं, पर इनका निर्देश पृथक्–पृथक् है।

(ii) भागाभागानुगम अनुयोगद्वार के सूत्र 34 की व्याख्या में विसंगतियों के लिये वीरसेन ने सुझाया है कि सत्यासत्य का निर्णय आगम निपुण लोग ही कर सकते हैं ।

(2) **भिन्न–भिन्न ग्रन्थों में असंगत चर्चायें** : (1) तीन वातवलयो का विस्तार यतिवृषभ और सिंहसूर्य ने अलग–अलग दिया है :

(अ) त्रिलोकप्रज्ञप्ति में क्रमश: 11 / 2, 11 / 6, 11½ कोश विस्तार है।

(ब) लोक विभाग में क्रमशः 2, 1 एव 1575 धनुष विस्तार है ।

इसी प्रकार, सासादन गुणस्थानवर्ती जीव के पुनर्जन्म के प्रकरण में यतिवृषभ नियम से उसे देवगति ही प्रदान करते हैं जब कि कुछ आचार्य उसे एकेन्द्रियादि जीवों की तिर्यंच गति भी प्रदान करते हैं। उच्चारणाचार्य और यतिवृषभ के विषय के निरूपण के अन्तरो को वीरसेन ने जयधवला में नयविवक्षा के आधार पर सुलझाने का प्रयत्न किया है।[17] इसी प्रकार, उच्चारणाचार्य का यह मत कि बाईस प्राकृतिक विभक्ति के स्वामी चतुर्गतिक जीव होते हैं, यतिवृषभ के केवल मनुष्य–स्वामित्व से मेल नहीं खाता । भगवतीआराधना मे साधुओं के 28 व 36 मूलगुणो की चर्चा के समय कहा है "प्राकृत टीकाया तु अष्टविशति गुणा । आचारवन्वायश्चाष्टौ–इति षट्त्रिशत्।" इसी ग्रन्थ में 17 मरण बताये हैं पर अन्य ग्रन्थो मे इतनी संख्या नहीं बताई गई है।[18]

शास्त्री[16] ने बताया है कि 'षट्खंडागम' और 'कषायप्राभृत' मे अनेक तथ्यो मे मतभेद पाया जाता है । इसका उल्लेख 'तन्त्रान्तर' शब्द से किया गँया है। उन्होंने धवला, जयधवला एवं त्रिलोकप्रज्ञप्ति के अनेक मान्यता भेदों का भी सकेत दिया है। इन मान्यता भेदों के रहते इनकी प्रामाणिकता का आधार केवल इनका ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य ही माना जायेगा।

आचार–विवरण सम्बन्धी विसंगतियां

शास्त्रों में सैद्धान्तिक चर्चाओं के समान आचार–विवरण मे भी विसगतिया पाई जाती हैं। इनमें से कुछ का उल्लेख यहा किया जा रहा है।

श्रावक के आठ मूलगुण . श्रावको के मूलगुणो की परम्परा बारह व्रतों से अर्वाचीन है । फिर भी, इसका समन्तभद्र से तो प्रारम्भ माना ही जा सकता है। इनकी आठ की सख्या में किस प्रकार समय–समय पर परिवर्धन एवं समाहरण हुआ है, यह देखें [19]

1	समन्तभद्र	तीन मकार त्याग	पचाणुव्रत पालन
2	आशाधर	तीन मकार त्याग	पचोदुम्बर त्याग
3.	अन्य	तीन मकार त्याग	पचोदुम्बर त्याग, रात्रि भोजन त्याग, देवपूजा, जीवदया, छना जलपान

समयानुकूल स्वैच्छिक परिवर्तनो को तेरहवीं सदी के पण्डित आशाधर तक ने मान्य किया है। यहा शास्त्री[20] समन्तभद्र की मूलगुण–गाथा को प्रक्षिप्त मानते हैं ।

बाईस अभक्ष्य सामान्य जैन श्रावक तथा साधुओं के आहार से सम्बन्धित भक्ष्याभक्ष्य विवरण मे दसवीं सदी तक बाईस अभक्ष्यो का उल्लेख नहीं मिलता । मूलाचार एव आचाराग के अनुसार, अचित्त किये गये कन्दमूल, बहुबीजक (निर्बीजित) आदि की भक्ष्यता साधुओ के लिये वर्णित है।[21] पर उन्हे गृहस्थो के लिये भक्ष्य नहीं माना जाता । वस्तुत गृहस्थ ही अपनी विशिष्ट चर्या से साधुपद की ओर बढता है, इस दृष्टि से यह विरोधाभास ही कहना चाहिये । सोमदेव आदि ने भी गृहस्थो के लिये प्रासुक–अप्रासुक की सीमा नही रखी । सम्भवत नेमिचद्र सूरि के प्रवचनसारोद्धार[27] मे और बाद मे मानविजय गणि के धर्मसग्रह[28] मे दसवीं सदी और उसके बाद सर्वप्रथम बाईस अभक्ष्यो का उल्लेख मिलता है। दिगम्बर ग्रन्थो मे दौलतराम के समय ही 53 क्रियाओ में अभक्ष्यो की सख्या बाईस बताई गई है । फलत भक्ष्याभक्ष्य विचार विकसित होते–होते दसवीं सदी के बाद ही रूढ हो सका है। (इस विषय पर आगे एक लेख दिया गया है।)

आहार के घटक भक्ष्य आहार के घटको मे भी अन्तर पाया जाता है। मूलाचार की गाथा 822 मे आहार के छह घटक बताये गये हैं, जबकि गाथा 826 मे चार घटक ही बताये हैं । ऐसे अनेक तथ्यो के आधार पर मूलाचार को सग्रह ग्रन्थ मानने की बात कही जाती है।[21]

श्रावक के व्रत उपासकदशा, कुन्दकुन्द और उमास्वाति के युग से श्रावक के बारह व्रतो की परम्परा चली आ रही है । कुन्दकुन्द ने सल्लेखना को इनमे स्थान दिया है पर उमास्वाति, समन्तभद्र और आशाधर इसे पृथक् कृत्य के रूप मे मानते है। इससे बारह व्रतो के नामो मे अन्तर पड गया है। इनमे पाच अणुव्रत तो सभी मे समान है, पर अन्य सात शीलो के नामो मे अन्तर है।

(अ) गुण व्रत

कुन्दकुन्द	दिशा–विदिशा प्रमाण	अनर्थ दण्ड व्रत	भोगोपभोग परिमाण
उमास्वाति	दिग्व्रत	अनर्थ दण्ड व्रत	देश व्रत
आशाधर, समन्तभद्र	दिग्व्रत	अनर्थ दण्ड व्रत	भोगोपभोग परिमाण

(ब) **शिक्षा व्रत**

कुन्दकुन्द	सामायिक	प्रोषघोपवास	अतिथि पूज्यता	सल्लेखना
समन्तभद्र, आशाधर	सामायिक	प्रोषघोपवास	वैयावृत्य	देशावकाशिक
उमास्वाति	सामायिक	प्रोषधोपवास	अतिथि संविभाग	उपभोग परिभोग परिमाण
सेमदेव	सामायिक	प्रोषधोपवास	वैयावृत्य	भोग–परिभोग परिमाण

यहां कुन्दकुन्द और उमास्वाति की परम्परा स्पष्ट द्रष्टव्य है। अधिकाश उत्तरवर्ती आचार्यों ने उमास्वाति का मत माना है। साथ ही, भोगोपभोग परिमाणव्रत के अनेक नाम होने से उपभोग शब्द की परिभाषा भी भ्रामक हो गई है

	एकबार सेव्य	बारम्बार सेव्य
समन्तभद्र	भोग	उपभोग
पूज्यपाद	उपभोग	परिभोग
सोमदेव	भोग	परिभोग

श्रावक की प्रतिमायें श्रावक से साधुत्व की ओर बढ़ने के लिये ग्यारह प्रतिमाओ की परम्परा कुन्दकुन्द युग से ही है। सख्या की एकरूपता के बावजूद भी अनेक के नामो और अर्थों में अन्तर है। सबसे ज्यादा मतभेद छठीं प्रतिमा के नाम को लेकर है। इसके रात्रिभुक्ति त्याग (कुन्दकुन्द, समन्तभद्र) एव दिवामैथुन त्याग (जिनसेन, आशाधर) नाम मिलते है । रात्रिभुक्तित्याग तो पुनरावृत्ति लगती है, यह मूल गुण है, आलोकित पान–भोजन का दूसरा रूप है। अत परवर्ती दूसरा नाम अधिक सार्थक है। सोमदेव ने अनेक प्रतिमाओ के नये नाम दिये हैं । उन्होंने 1 मूलव्रत (दर्शन), 3 अर्चा (सामायिक), 4 पर्वकर्म (प्रोषध), 4 कृषिकर्म त्याग (सचित्त त्याग), 8 सचित्त त्याग (परिग्रह त्याग) के नाम दिये हैं । हेमचन्द्र ने भी इनमे पर्व कर्म, प्रासुक आहार, समारम्भ त्याग, साधु निस्सगता का समाहार किया है।[22] सम्भवत इन दोनो आचार्यों ने प्रतिमा, व्रत व मूल गुणों के नामों की पुनरावृत्ति दूर करने के लिये विशिष्टार्थक नामकरण किया है। यह सराहनीय है। परम्परापोषी युग की बात भी है। बीसवीं सदी मे मुनि क्षीरसागर ने भी पुनरावृत्ति दोष का अनुभव कर अपने रत्नकरडश्रावकाचार की हिन्दी टीका मे 3 पूजन 4 स्वाध्याय, 7 प्रतिक्रमण एव 11 भिक्षाहार नामक प्रतिमाओं का समाहार किया है।[23] पर इन नये नामो को मान्यता नहीं मिली है।

व्रतों के अतिचार · श्रावकों के व्रतों के अनेक अतिचारों में भी भिन्नता पाई गई है। इस सन्दर्भ में आर विलियम्स की "जैन योगा" पुस्तक द्रष्टव्य है।[30]

जाति एवं वर्ण की मान्यता . शिद्धान्तशास्त्री ने बताया है कि आंचार्य जिनसेन की जैनों के ब्राह्मणीकरण की प्रक्रिया उसके पूर्ववर्ती आगम साहित्य

से समर्थित नहीं होती । उसके शिष्य गुणभद्र एव वसुनन्दि आदि उत्तरवर्ती आचार्य भी उसका समर्थन नहीं करते।[26]

भौतिक जगत् के वर्णन में विसंगतियाँ : वर्तमान काल

भौतिक जगत् के अन्तर्गत जीवादि छह द्रव्यों का वर्णन समाहित है। उमास्वाति ने "उपयोगो लक्षणं" कहकर जीव को परिभाषित किया है। पर शास्त्रों के अनुसार, उपयोग की परिभाषा में ज्ञान, दर्शन के साथ–साथ सुख और वीर्य का भी उत्तरकाल मे समावेश किया गया। अनेक ग्रन्थों में उपयोग और चेतना शब्दों को पृथक्–पृथक् भी बताया गया है। इसका समाधान क्षमता एवं क्रियात्मक चेतना के रूप से किया जाता है। इसी प्रकार, जीवोत्पत्ति के विषय में भी विकलेन्द्रिय जीवो तक की सम्मूर्च्छनता विचारणीय है जब कि भद्रबाहु चतुर्दश पूर्वधर ने कल्पसूत्र में मक्खी, मकडी, पिपीलिका, खटमल आदि को अण्डज बताया है। निश्चय–व्यवहार की चर्चा से यह प्रयोग–सापेक्ष प्रश्न समाधेय नहीं दिखता।[2]

अजीव को 'पुद्गल' शब्द से अभिलक्षणित करने की सूक्ष्मता के बावजूद भी उसके भेद–प्रभेदो का चक्षु की स्थूलग्राह्यता तथा अन्य इन्द्रियों की सूक्ष्मग्राहिता के आधार पर वर्णन आज की दृष्टि से कुछ असगत–सा लगता है। पदार्थ के अणु–स्कन्ध रूपों की या वर्गणाओं की चर्चा कुन्दकुन्द युग से पूर्व की है। पर कुन्दकुन्द ने सर्वप्रथम चक्षु–दृश्यता के आधार पर स्कधो के छह भेद किये हैं। उन्होंने आकार की स्थूलता को दृश्य माना और चक्षुषा–अदृश्य पदार्थों को सूक्ष्म माना । इस प्रकार, ऊष्मा, प्रकाश आदि ऊर्जायें तृतीय कोटि (स्थूल–सूक्ष्म) और वायु आदि गैस, गन्ध व रसवान् पदार्थ (सूक्ष्म–स्थूल) चतुर्थ कोटि (सूक्ष्मतर) मे आ गये। दुर्भाग्य से ध्वनि ऊर्जा कर्णगोचर होने से प्रकाश आदि से सूक्ष्मतर हो गई ।

धवला–वर्णित वर्गणा–क्रम वर्धमान स्थूलता पर आधारित लगता है पर उसका अणु–आहार–तैजस–भाषा–मन–कार्मण शरीर–प्रत्येक शरीर– बादर निगोद–सूक्ष्म निगोद–वर्गणाओ का क्रम किंचित् विसगत लगता है। तैजस शरीर से कार्मण शरीर सूक्ष्मतर बताया गया है, तैजस (ऊर्जायें) एव ध्वनि आहार–अणुओ से सूक्ष्मतर होती है, सूक्ष्म निगोद बादर निगोद से सूक्ष्मतर होना चाहिये तथा मन यदि द्रव्यमन (मस्तिष्क) है, तो वह प्रत्येक शरीर से भी स्थूलतर होता है।

जैनों का परमाणुओं के बन्ध सम्बन्धी नियमों का विद्युत गुणो के आधार पर विवरण अभूतपूर्व है। पर यह विवरण अक्रिय गैसो के यौगिको के निर्माण, उपसह–संयोजी यौगिको तथा सकुल लवणों के सम्भवन से सशोधनीय हो गया है। शास्त्री[28] ने इन नियमों की शास्त्रीय व्याख्या में भी टीकाकारकृत अन्तर बताया है। अनेक विद्वान् विभिन्न व्याख्याओं से इन

शास्त्रीय मान्यताओं को ही सत्य प्रमाणित करने का यत्न करते हैं । परन्तु उन्हें तैजस वर्गणा और नभो वर्गणा के आकारों की स्थूलता के अन्तर को मानसिक नहीं बनाना चाहिये । उन्हें गर्भज (सलिंगी) प्रजनन को अलिंगी–सम्मूर्च्छन प्रजनन के समकक्ष भी नहीं मानना चाहिये ।

उपसंहार

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि षट्खंडागम, कषायपाहुड, कुन्दकुन्द, उमास्वाति तथ उत्तरवर्ती चूर्णि–टीकाकारों के ग्रन्थों के सामान्य अन्त.परीक्षण के कुछ उपरोक्त उदाहरणो से निम्न तथ्य भली भांति स्पष्ट होते हैं .

1 इन ग्रन्थों का निर्माण ईसापूर्व प्रथम सदी से तेरहवीं सदी के बीच हुआ है । इनके लेखक न सर्वज्ञ थे, न गणधर ही, वे आरातीय थे ।
2 इन ग्रन्थो के आगम–तुल्य अतएव प्रामाणिक माने जाने के जो दो शास्त्रीय आधार हैं, वे इन पर पूर्णतया लागू नहीं होते ।
3 आचार्य कुन्दकुन्द का अध्यात्मवादी साहित्य अमृतचन्द्र एवं जयसेन (10–12 वीं सदी) के पूर्व प्रभावशाली नहीं बन सका । फिर भी, इसकी ऐतिहासिक महत्ता मानी गई । इसी से उन्हें स्वाध्याय के मगल मे गौतम गणधर के बाद स्थान मिला । यह मंगल श्लोक कब प्रचलन में आया, इसका उल्लेख नहीं मिलता, पर इसमें भद्रबाहु जैसे अग–पूर्वधारियो तक को अनदेखा किया गया है, यह अचरजकारी बात अवश्य है । पर इससे भी अचरज की बात यह है कि अधिकाश उत्तरवर्ती आचार्यों ने उनके बदले उमास्वाति की मान्यताओं को उपयोगी माना। यही कारण है कि जब सोलहवीं सदी मे पुन बनारसीदास ने इसे प्रतिष्ठा दी, तब पथभेद हुआ। अब बीसवीं सदी मे भी ऐसी ही सम्भावना दिखती है।
4 इन ग्रन्थों मे वर्णित अनेक विचार और मान्यताये उत्तरकाल मे विकसित, सशोधित और परिवर्धित हुई हैं ।
5 इनमे वर्णित अनेक आचारपरक विवरणों का भी उत्तरोत्तर विकास और सशोधन हुआ है।
6 अनेक ग्रन्थों मे स्वयं एव परस्पर विसगत वर्णन पाये जाते हैं। इनके समाधान की "द्वावपि उपदेशी ग्राह्यौ" की पद्धति तर्कसंगत नहीं है।
7 इनके भौतिक जगत् सम्बन्धी विवरणो मे वर्तमान की दृष्टि से प्रयोग प्रमाण–बाधकता प्रतीत होती है।
8 आशाधर के उत्तरवर्ती आचार्यों ने अनेक पूर्ववर्ती आचार्यों की मान्यताओं को अपनी रुचि के अनुसार अपने ग्रन्थों में स्वीकृत किया है, पापभीरुता, प्रतिभा की कमी तथा राजनीतिक अस्थिरता ने इन्हे स्थिर और रूढ मान लिया गया।

9 प्राचीन आचार्यों ने एवं टीकाकारो ने अपने–अपने समय मे आचार एव विचार पक्षो की अनेक पूर्व मान्यताओ का सरक्षण, पोषण व विकास किया है। अत सभी शास्त्रीय मान्यताओ की अपरिवर्तनीयता की धारणा ठोस तथ्यों पर आधारित नहीं है।

10 इस अपरिवर्तनीयता की धारणा के आधार पर प्रयोग–सिद्ध वैज्ञानिक तथ्यो की उपेक्षा या काट की प्रवृत्ति हमारे ज्ञान प्रवाह की गरिमा के अनुरूप नहीं है।

अत हमे अपने शास्त्रीय वर्णनो, विचारो की परीक्षा कर उनकी प्रामाणिकता का अकन करना चाहिये, जैसा वैज्ञानिक करते हैं। इस परीक्षण विधि का सूत्रपात आचार्य, समन्तभद्र, अकलक आदि ने सदियो पूर्व किया था। वर्तमान बुद्धिवादी युग परीक्षणजन्य समीचीनता के आधार पर ही आस्थावान बन सकेगा। आचार्य कुन्दकुन्द भी यह निर्दिष्ट करते है। आचार्य वीरसेन भी यही मानते हैं।

सन्दर्भ

1 मालवणिया, दलसुख, प कै च शास्त्री अभि ग्रन्थ, 1980, पेज 138
2 मुनि नदिघोष, तीर्थंकर, 17,3–4,1987, पेज 63
3 ज्योतिषाचार्य नेमिचन्द्र,, तीर्थंकर महावीर और उनकी आचार्य परम्परा–3, विद्वत् परिषद, दिल्ली 1974, पे 296
4 आर्यिका ज्ञानमती जी, मूलाचार का आद्य उपोद्घात–1, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली 1984, पेज 18
5 ज्योतिषाचार्य, नेमिचन्द्र, महावीर और उनकी आचार्य परम्परा–2, पूर्वोक्त, 1974, पेज 25।
6 उपाध्याय, अमर मुनि, पण्णा समिक्खए धम्म, वीरायतन, राजगिर, 1987।
7 देखिए निर्देश 5 पेज 8, पेज 19।
8 आचार्य बट्टकेर, मूलाचार– 1 भारतीय, ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1984, पेज 132।
9 देखिये निर्देश 5 पेज 28–169।
10 सन्यासी राम, 'श्रमण', पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी, 38,6,1987 पे 27,
11 नीरज जैन, 'जैन गजट' (साप्ताहिक), 92, 41–42, 1987, पेज 10।
12 देखिये निर्देश 5 पेज 77।
13 न्यायाचार्य, महेन्द्रकुमार, जैन दर्शन, वर्णी ग्रन्थमाला, काशी, 1966, पेज 268।

आगमिक मान्यताओं में युगानुकूलन

आगमों की प्रामाणिकता के आधार –

जैनों में आजकल आगम, शब्दार्थ (उत्तान?) और कुछ प्रचलित परम्पराओं के आत्मविवेचना का युग चल रहा है। आगमों का आधार लेकर नये–नये प्रश्नो को उपस्थित किया जाता है। इन प्रकरणों में आगमों की सत्यता प्रकट करते हुए अपने–अपने मत प्रतिपादित किये जा रहे हैं । प्राय. 'आगम' शब्द से पवित्र ग्रन्थो का बोध होता है। ये पवित्र ग्रथ प्रत्येक धर्मतंत्र में पाये जाते हैं, पर जैनो मे एक नहीं, इनकी एक दीर्घ श्रेणी है । वस्तुत. मूल प्रश्न है– आगम क्या हैं और उनकी प्रमाणिकता कितनी है? क्या वे त्रिकाल–सत्य हैं ? आचार्य महाप्रज्ञ ने बताया है कि यद्यपि आज श्रुत और आगम समानार्थी माने जाते हैं, पर उनमें बहुत अन्तर है। 'श्रुत' शब्द अधिक प्राचीन है, और उसमे अशत विसवादिता और अंशत अविसवादिता भी होती है। इसके विपर्यास मे, 'आगम' सदा अविसंवादी माना जाता है । इस शब्द के अनेक पर्यायवाची हैं जिनमें श्रुत, शास्त्र, जिनवाणी, जिनवचन या आप्तवचन आदि मुख्य हैं । शास्त्रो के अनुसार, जिनवाणी तो

1 अठारह दोष रहित सर्वज्ञ एव वीतराग द्वारा कथित
2 खण्डन रहित
3 प्रत्यक्ष और अनुमान आदि प्रमाणों से अबाधित
4 बाधक प्रमाण रहित
5 युक्ति–शास्त्र–अविरोधी या अविसवादी होती है । इसकी प्रामाणिकता के ये ही आधार हैं । आचार्य महाप्रज्ञ का कथन है कि अविसवादी आगम तो स्वत.प्रमाण होते हैं और अगबाह्य श्रुत आगम–आधारित होने से परत:प्रमाण होते हैं ।

दिगम्बर जैनों के इतिहास से हमें पता चलता है कि दिगम्बरों की उत्कट तपो–साधना के बावजूद भी, क्रमिक प्रज्ञा–हानि एव स्मृतिहानि के कारण, तथा अन्य कारणों से भी, हम वर्तमान जिनवाणी को महावीर निर्वाण के 682 वर्ष (या 156 ई.) के बाद केवल अंशतः ही स्मृति मे रख सके । पं कैलाश चंद्र शास्त्री के अनुसार, गुरु–शिष्य–परम्परा की सुदृढ नींव एव

तपोबल की शक्ति के भ्रम में दिगम्बरो ने जिनवाणी के संकलन की आवश्यकता का अनुभव ही नहीं किया । इसके साथ ही जिन्होने यह संकलन किया, उस पर प्रश्नचिन्ह भी लगा दिया । इस परिस्थिति में आचार्य धरसेन को अवशिष्ट अश के लोप की शका हुई, तो उन्होने दो शिष्यों को, जो उन्हे स्मरण था, आगमज्ञान दिया जिससे दिगम्बरों के प्रथम आगम–कल्प ग्रन्थ लिखे गये। इसके उत्तरवर्ती काल मे अनेक ग्रन्थ रचे गये । ये सभी आचार्य आरातीय (दूरवर्ती) कम से कम महावीर निर्वाण से 683 (वर्ष दूर) कहे जाते हैं । उनके रचे ग्रन्थो को ही हम उपचार से जिनवाणी कहते हैं। वस्तुत वे 'आचार्यवाणी' हैं। उन्हे जिनवाणी मानने के आधारो का मूल्याकन किया जा सकता है ।

इसके आधार पर आज हमे विभिन्न शास्त्रो मे अनेक तथ्य प्राप्त होते हैं जो उपरोक्त आधारों पर खरे नहीं प्रतीत होते हैं । साथ ही, ऐसा भी लगता है कि ये शास्त्र अपने युग के ज्ञान–विज्ञान को प्रस्तुत करते हैं। इसीलिये उनमे आधुनिक भौतिक जगत् में आविष्कृत अनेक विवरणो का सकेत भी नहीं है। इस सम्बन्ध मे अनेक सूचनाये तुलसी प्रज्ञा, 23–4, प जगन्मोहनलाल शास्त्री साधुवाद ग्रथ एव "साइटिफिक कन्टेट्स इन प्राकृत केनन्स" मे दी गई है । वहा विसवादिता के 31 विवरण दिये गये हैं। इनमे (1) महावीरोत्तर 683 वर्ष की आचार्य परम्परा की उपलब्ध विविधता (2) शास्त्रो मे पूर्वापर विरोध, (3) भौतिक जगत् के विवरणो मे विसगतियॉ तथा (4) आचार सम्बन्धी विसगतियॉ समाहित हैं। इसके साथ ही, जिनवाणी को 'सर्वज्ञता' के सिद्धान्त के आधार पर हमने 'स्थिरतथ्यी' माना है, उसके परे कोई ज्ञान ही नहीं है। निरन्तर परिवर्तनशील जगत् एव जीव मे स्थिरतथ्यता की बात भी आज के युग मे गले नहीं उतरती। ज्ञान तो प्रवाहशील होता है। उनमे ऐतिहासिक तथ्यता की स्वीकृति अधिक रुचिकर होगी। इसीलिये उसके विवरणो को बिना परीक्षा किये, वैज्ञानिकता भी प्राप्त नहीं हो पाती । उत्तराध्ययन भी कहता है कि प्रज्ञा से धार्मिक सिद्धान्तो की समीक्षा करनी चाहिये। हमारे चौथी–पाचवीं सदी के और उसके उत्तरवर्ती सिद्धसेन, समन्तभद्र, अकलक, विद्यानन्द आदि आचार्यों ने परीक्षाप्रधानी बनकर इसे वैज्ञानिकता प्रदान करने का प्रयास किया है। सिद्धसेन ने अपनी द्वात्रिंशिका मे कहा है कि मैं पूर्वजो के द्वारा स्थापित सिद्धांतों व व्यवस्थाओं को तथैवेति मानने का पक्षधर नहीं हूँ।मैं उनकी परीक्षा करूँगा, चाहे कोई माने या न माने। यही कारण है कि विभिन्न शास्त्रों के विवरणों मे समय–समय पर पिरवर्तन, संवर्धन, सशोधन, नामान्तरण, क्रम–परिवर्तन तथा विलोपन आदि की प्रक्रियायें अपनाई गई हैं। ज्ञान के विकास का राजमार्ग इन्हीं प्रक्रियाओ से अधिक व्यापक और उपयोगी होता है। फलत हमे

विद्यमान आगम–कल्प ग्रंथों के विवरणों के सन्दर्भ में पूर्वापर अविसवादिता की दृष्टि से विचार करना चाहिये।

यह वैज्ञानिक युग है और हम अपने धर्म की वैज्ञानिकता तथा वैज्ञानिक प्रवृत्ति को प्रसारित भी करते हैं। वर्तमान में सभी साधु एव गुरुजन विज्ञान और धर्म–समन्वय के उपदेश भी देते हैं। पर विज्ञान की अपनी सीमा है। वह अभी भौतिक जगत् और जीवन से सम्बन्धित घटनाओं की ही आंशिक या समग्र व्याख्या करने का प्रयोगबद्ध प्रयत्न करता है। अध्यात्म जगत् अभी उसकी सीमा से परे है, यद्यपि उस क्षेत्र में यह प्रवेश करता प्रतीत होता है।

आजकल क्या, प्रत्येक युग में परम्परावादी और मध्यमार्गी परम्पराये रही हैं। पहली परम्परा चिर–प्रतिष्ठित मान्यताओं को त्रैकालिक मानती रही है और दूसरी परम्परा मान्यताओं और विचारों में युगानुकूल परिवर्तन की पोषक रही है। यह सही है कि मध्यमार्गी परम्परा के अनुयायियों की सख्या कम रही है और उन्हें परम्परावादियो के आक्रोश का भाजन भी बनना पडता है। पश्चिम में तो मध्ययुग में, और अभी पर्याप्त मात्रा में, यह आक्रोश विकराल रहा है, पर भारत मे ऐसी स्थिति नहीं आई। इसका कारण यह है कि प्रारम्भ के आचार्य तो, नेमिचन्द्र शास्त्री के अनुसार, श्रुतधर सारस्वत और प्रबुद्ध कोटि के थे और उन्होंने जैन मान्यताओ को युगानुरूप बनाये रखने का प्रयत्न किया। उसके उत्तरवर्ती काल मे परम्परापोषक आचार्यों और भट्टारको की परम्परा चली। उन्हे विदेशी आक्रमणों राजकीय विरोधो तथा साहित्य भण्डारो/मदिरों के ध्वंसों के कारण अन्तर्मुखता धारण करनी पडी। उन्होने 'जो है सा' उसके परिरक्षण की वृत्ति अपनाई। इससे आज हमारा शास्त्रीय ज्ञान दसवीं–ग्यारहवीं सदी की मान्यताओ, प्रवृत्ति और वर्धमान ज्ञान–क्षितिज के प्रति न केवल उदासीन है, अपितु शास्त्रीय विवरणों को ही वरीयता देता है। यह जैन धर्म की वैज्ञानिकता को पोषित करने की प्रवृत्ति और मानसिकता के प्रतिकूल है।

इसके बावजूद परम्परावादियों की तुलना में, जैनो मे प्रत्येक युग मे प्रगतिशील आचार्य और विद्वान भी हुए हैं। जिन्होने धार्मिक सिद्धान्तो एव आचार–विचारों में युगानुकूल सामंजस्य बनाये रखने का प्रयत्न किया। इनमे पूर्व में दिये गये आचार्य के अतिरिक्त, पुराण युग के अनेक आचार्य– जिनसेन, लोंकाशाह, तारणस्वामी, ब्र.शीतल प्रसाद, स्वामी सत्यभक्त, अमर मुनि, आचार्य तुलसी, कानजी स्वामी अदि प्रमुख हैं। इनके कारण जैन धर्म में वैज्ञानिकता एवं आधुनिकता के बीज पुष्पित होते रहें हैं।

पश्चिमी विचारकों ने ईसाई जगत् के उदाहरण से कुछ निष्कर्ष निकाला है जिनमें एक यह है कि धर्म आधुनिकता और वैज्ञानिकता का विरोधी है। उन्होंने इस निष्कर्ष को भारतीय धर्मों पर भी प्रयुक्त किया है, जो सही नहीं

है । इसी प्रकार, कार्ल सागन ने भी कहा है कि विभिन्न धर्म नवपरिवर्तन के प्रति अरुचिशील होते हैं एव बौद्धिक स्वतत्रता के शत्रु हैं । उनका कथन है कि मनुष्य बिना धर्म के भी अच्छा नैतिक रह सकता है । सगठित धर्म तो यथास्थितिवादी होते हैं । अमरीका में 1999 में की गई एक शोध से पता चलता है कि:

1. उच्च शिक्षा जितनी अधिक होगी, धार्मिकता उतनी ही कम होगी ।
2. आय जितनी अधिक होगी, धार्मिकता उतनी ही कम होगी ।

यहा धार्मिकता से तात्पर्य अमूर्त तत्त्वों मे विश्वास और भक्ति है। धर्म प्राय. अमूर्त तत्त्वो की सत्यता की परीक्षा करते हैं। इस क्षेत्र मे अभी विज्ञान नहीं पहुँचा है। पश्चिमी विचारकों के ये निष्कर्ष परीक्षाप्रधानी जैन धर्म पर लागू नहीं होते। इसमे व्याख्याओ एव परिवर्तनो के प्रति रुचि रही है। इसने अन्यों द्वारा आरोपित व्यक्तिवादी चरित्र और सिद्धान्तो को सामाजिक एव वैश्वीय रूप दिया है। यह अपनी प्राचीन मान्यताओ के परीक्षण एव परिवर्धन के प्रति जागरूक है। यह तथ्य आगे दिये विवरणो से स्पष्ट हो जायेगा ।

आगम या आगम–कल्प ग्रन्थों का स्वरूप

जैन समग्रत अनेकान्तवादी हैं और व्यवहारत नयवादी भी हैं । धवला के अनुसार छह निक्षेपों के आधार पर अथवा यदि नाम और स्थापना को छोड दिया जाय, तो द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के अनुसार वस्तु तत्त्व का वर्णन किया जाता है । जीव तत्त्व के विवरण मे भाव भी एक आधार होता है। इस दृष्टि से हम देखे, तो हमारे आगम–कल्प ग्रथो का विवरण निम्न रूप मे दिया जा सकता है –

1 द्रव्य दृष्टि से •	आरातीय आचार्यों द्वारा रचित है ।
2 क्षेत्र दृष्टि से	मगध (पाटलिपुत्र), मथुरा, हाथीगुफा या बलभी मे सकलित हुए हैं।
3 काल दृष्टि से	इनका ग्रथ–सकलन काल 360 ई.पू. से 453–63ई.पू. के बीच है और अर्थ की दृष्टि से अनादि की मान्यता के बावजूद भी, ये पार्श्व (877–777 ई.पू.) और महावीर (599–527 ई.पू.) के काल मे दिव्य–ध्वनित किये गये थे । उत्तरवर्ती ग्रथ भिन्न–भिन्न समयों मे लिखे गये हैं ।
4 भाव की दृष्टि से	इनके मूल रूप में विभिन्न वाचनाओं के समय परिवर्तन किया जाता रहा है। पार्श्वनाथ की सचेल–अचेल धारणा महावीर–युग मे अचेल में परिणित हुई। पचाचार आचार–त्रिक में सक्षिप्तीकृत हुआ। अनेक अवधारणायें जुड़ीं। सकलित या सशोधित आगमो को किसी ने मान्य किया और किसी ने अमान्य किया। किसी ने 11 अगों का लोप बताया, तो किसी ने मात्र दृष्टिवाद का। शास्त्री ने कहा कि दिगम्बरों को सकलन की आवश्यकता ही प्रतीत नहीं हुई क्योंकि सार्वजनिकता की धारणा आगमों पर लागू नहीं होती। पर मूल रचयिता की दृष्टि से, ये पार्श्वनाथ एवं महावीर के तीर्थंकर भव में निर्मित हुए थे ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि हमारे आगम या आगम–कल्प ग्रंथ विशेष क्षेत्रों में, विशेष कालों में, विविध पर्यायों और विविध रूपों (अर्थ, ग्रंथ) में रचित हैं ।

शास्त्रीय मान्यताओं के कारण वर्तमान समस्यायें : (अ) क्षेत्रगत दृष्टि

जैन भूगोल विश्व को स्थिर मानता है, पर पिछले और आज के भौगोलिक परिवर्तनों को देखते हुए यह अवधारणा विचारणीय है। शास्त्रों पर अश्रद्धा न हो, इसलिये एक विश्रुत परम्परावादी पंडित (मेरे गुरु, अब स्वर्गीय) ने मुझे सुझाव दिया था कि इस विषय में समाज में चर्चा ही नहीं करनी चाहिये । अब क्षेत्रों में परिवर्तन हुआ है, मगध क्षेत्र में उपदिष्ट अर्थागम एवं वहीं पर सकलित आगम सम्पूर्ण भारत एव विश्वक्षेत्री मान लिये गये । इस क्षेत्र परिवर्तन से अनेक समस्यायें सामने आई हैं ।

1 **क्षेत्रग्रत समस्यायें** : विश्व के विभिन्न क्षेत्रो (यूरोप, अमरीका, ग्रीनलैंड, उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव आदि) में सूर्योदय, सूर्यास्त की अनेक विविधाओं (18 घटे की रात या दिन, छह महीने की रात या दिन आदि) के कारण इसके आचार (जैसे रत्रि–भोजन–त्याग, कुंयें का पानी, कंडे एवं लकडी की आग से बना भोजन, देवपूजा या स्थडिल भूमि या मिट्टी पर शौच आदि) का पूर्णत पालन नहीं हो सकता ।

2 **औद्योगीकरण का प्रभाव** इसके कारण व्यस्त हो रही जीवनचर्या में तथा शीत ऋतु की जटिलता के कारण सामान्य आहार की चर्चा कठिन हो जाती है। फलत प्रशीतित एवं शीघ्रभक्ष्यी खाद्य और उनकी विविधता स्वीकार करनी पडती है जो 'तीर्थंकर' के सम्पादक के अनुसार हानिकारक है। इन परिस्थितियो मे साधुधर्म, विशेषत दिगम्बर साधु धर्म, का पालन भी नहीं हो सकता । फलत विश्व की 99.98 प्रतिशत जनता (जैन तो मात्र 0 02 प्रतिशत ही हैं) जैन सिद्धान्तों के ज्ञान, पालन एवं जीवन–लक्ष्यों की प्राप्ति से विमुख ही रहेगी । ऐसी स्थिति में जैन धर्म की विश्वधर्म की मान्यता का अर्थ क्या है? इसके लिये उसे अपनी आचार–प्रक्रिया में क्षेत्र–काल–भावगत परिवर्तन आवश्यक है।

3. **भक्तिवाद** . विश्व के अधिकाश धर्म भक्तिवाद के प्रचण्ड उद्घोषक हैं और उसी का वातावरण बना रहे हैं । 'तारणहार' की मनोवैज्ञानिता से स्वावलम्बी जैन संस्कृति विशेष रूप से प्रभावित होती है ।

4 **जनभाषा** : भ. पार्श्व और महावीर ने जनभाषा में उपदेश दिये थे और जिनवाणी भी सर्व समाहारी अर्ध–मागधी भाषा में ग्रथित हुई है। विश्व के प्राय देशो की जनभाषा भिन्न–भिन्न है। जिनवाणी इन भाषाओं में नहीं है। अत उसकी प्रभावकता कैसे विश्वव्यापी हो सकती है ?

(ब) काल दृष्टि

जैनों ने काल को लक्षण, परिणाम, क्रिया आदि के रूप मे परिवर्तनशील माना है। उन्होने काल की न केवल त्रयी मानी है, अपितु उत्सर्पिणी एव अवसर्पिणी के रूप में काल–आधारित भौतिक एव आध्यात्मिक उन्नति एव अवनति भी मानी है। यही नहीं, किसी भी एक चक्र के एक ही काल में ह्रासमान (या वर्धमान) परिवर्तन माने हैं। इस तरह कालिक परिवर्तन के आधार पर भी आचार–विचारों की परिवर्तनशीलता स्पष्ट है। उदाहरणार्थ, जैनों का प्रारम्भ महावीर के एक–आचार्यी पथ से हुआ था, पर काल के प्रभाव से आचार्य यशोभद्र के समय दो आचार्यों (सम्भूतिविजय, भद्रबाहु) की परम्परा चल पडी और महावीर धर्म दो रूपो मे हो गया। अब तो जितने ही आचार्य, उतने ही रूप की स्थिति आ गई है। उपरोक्त दोनों के आचार–विचार निरूपण मे भी अन्तर आ गया। शास्त्री ने बताया है कि गुरु और शास्त्र भेद के साथ देवमूर्तियो के निर्ग्रंथ रूप मे भी कालान्तर मे परिवर्तन हुआ। इनके ही समय मे, आगमो की मान्यता/अमान्यता का प्रश्न उठ पडा था। इस प्रकार, कालिक दृष्टि से भी आगमों मे परिवर्तन होते रहे हैं और वे अविरल चलते रहेगे। तथापि, बौद्धिक जगत् यह मानता है कि वर्तमान मे उपलब्ध आगम रूप से मान्य आगम या आगम–कल्प ग्रथ काल की ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं, सार्वत्रिक एव सार्वकालिक दृष्टि से नहीं।

(स) भाव दृष्टि

भाव दृष्टि से भी जिनोपदेशो मे परिवर्तन हुआ है । उदाहरणार्थ, महावीर की पर्याय मे महावीर ने ही निम्न परिवर्तन किये

1 क त्रियाम् और चातुर्याम धर्म का पचयाम धर्म में परिवर्तन
 ख दैनिक प्रतिक्रमण की अनिवार्यता
 ग अष्ट प्रवचन माता (समिति, गुप्ति) की धारणा
 घ अचेलकत्व की प्रतिष्ठा व मोक्ष मार्ग मे अनिवार्यता
 ङ रात्रिभोजन–विरमण व्रत का सुझाव
 च छेदोपस्थापना चारित्र की धारणा

सैद्धान्तिक मान्यताओं में परिवर्तन

2 आगमों मे छह अणुव्रतो की धारणा है, जो पाच अणुव्रतों मे परिवर्तित हुई।
3 पुष्पदत–भूतबलि के षट्खडागम में सिद्धों के लिये पृथक से आयाम दिये हैं, जैसे– पाच गति, छह इन्द्रिय आदि । इसे उत्तरवर्ती आचार्यों ने नहीं माना।
4 अकलक ने प्रत्यक्ष के विरोधी परिभाषा के पारमार्थिक एवं साव्यवहारिक–2 भेद किये ।
5 अनुयोगद्वार ने परमाणु के निश्चय और व्यवहार–दो भेद किये जो जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति मे भी आये ।

6. प्रमाण की परिभाषा तो अनेक आचार्यों ने 'ज्ञानं प्रमाणं' से लेकर "स्वापूर्वार्थ–व्यवसायात्मक ज्ञान प्रमाण' तक परिवर्धित की ।
   कुन्दकुन्द के युग में जहां आचार पंचकथा थी, उसे परिवर्तित कर उमास्वाति ने आचार–त्रिक किया ।
7 लौकिक या पापश्रुत की संख्या सदैव बदलती रही है ।
8ए हमने श्रावक के सात व्यसन एवं आठ मूलगुणों की उत्तरवर्ती धारणा भी स्वीकृत की ।
8 कुन्दकुन्द के युग के सल्लेखनागर्भी बारह व्रत उमास्वाति के युग में सल्लेखना–बाह्य हो गये। समन्तभद्र और उमास्वाति ने श्रमणधर्म को श्रावकीकृत भी किया।
9 उमास्वाति ने आध्यात्मिक तत्त्वों की 9 व 11 की परम्परा को सप्त तत्त्वी बनाया एव बन्ध–मोक्ष तत्त्वों का क्रम अधिक सगत बनाया ।
10 उमास्वाति ने कुन्दकुन्द के निश्चय–व्यवहार एव ग्यारह प्रतिमाओं पर मौन रखा । ये उत्तरवर्ती विकास प्रतीत होते हैं ।
11 अकलंक ने उपयोग की परिभाषा में, ज्ञान दर्शन के अतिरिक्त सुख और वीर्य को भी समाहित किया ।
12 कल्पसूत्र और अन्य ग्रन्थो मे एकेन्द्रिय से लेकर चार इन्द्रिय तक के जीवो मे समूर्च्छन जन्म के साथ गर्भ जन्म को भी मान्यता दी है ।
13. हिसा के द्रव्य–भाव रूप के अतिरिक्त अनेक प्रकार के भेदो का विस्तार उत्तरवर्ती आचार्यो ने किया और उसे चतुर्विध बनाया ।
14 जैनों ने "वैदिकी हिसा हिसा न भवति" का खण्डन करने के बावजूद भी 'पूज्यं जिन त्वार्चयतो जनस्य, सावद्यलेशो बहुपुण्यराशी' के आधार पर जैन धार्मिक कार्यो–पूजा, अभिषेक, आरती, प्रतिष्ठा, विधान, गजरथ आदि मे होने वाली हिसा को लेशमात्र सावद्य का नाम देकर अनुमोदित किया है। यही नहीं, पुरुषार्थ–सिद्धियुपाय गाथा 79 के टिप्पणी मे तो यह भी कहा गया है कि सावद्यलेशी धार्मिक कार्यो मे धर्मानुराग तथा लोभकषाय का अल्पीकरण होता है। भौतिक या आध्यात्मिक उद्देश्य के लिये किये जाने वाले वैदिक या जैन–धार्मिक कार्य बिना सकल्प और आर्शीवाद के हों, यह विमर्शनीय विषय बन गया है । सकल्प और सावद्यलेश किचत् विरोधी से प्रतीत होते हैं। यह एक विचारणीय विषय है ।
15 जैनो ने प्रवाह्यमान (नागहस्ती) एवं अप्रवाह्यमान (आर्य मक्षु) आदेशो को भी मान्यता दी है ।
16 हमने पचास्तिकाय की गाथा 111 (अमृतचंद्र) को भी स्वीकार किया जिसमे एकेन्द्रिय के तीन प्रकारों को स्थावर (पृथ्वी, वनस्पति व जल) व अग्नि एवं वायुकाय को त्रस कहा गया है। यह दिगम्बर तत्त्वार्थसूत्र से सम्मत नहीं है। सम्भवत गतित्रसत्व यहा अभीप्सित हो, लब्धित्रसत्व नहीं।

17 उमास्वाति के पूर्व 'प्रमाण' की चर्चा विलुप्त–सी थी, उमास्वाति ने इसे 'ज्ञानं प्रमाण' से प्रारम्भ किया ।
18 हमने अर्धफालक और यापनीय सम्प्रदायो को अपने गर्भ में समाहित किया जिनके अनेक सिद्धान्त मूल परम्परा से मेल नहीं खाते ।

ये सैद्धान्तिक मान्यताओं मे परिवर्तन के कुछ निरूपण हैं । गहन अध्ययन करने पर ऐसे ही अनेक परिवर्तन और प्राप्त हो सकते हैं। इन मान्यताओ के समान आचारगत मान्यताओ मे भी परिवर्तन हुआ है। इनके कुछ उदाहरण नीचे दिये जा रहे हैं ।

आचारगत मान्यतायें

1 **साधुओं के मूल गुण** यह सुज्ञात है कि वर्तमान णमोकार मन्त्र क्रमश एक पदी, द्विपदी, त्रिपदी के माध्यम से पचपदी मे विकसित हुआ है। त्रिपदी मे अरिहन्त सिद्ध एव साधुपद ही था। सम्भवत अन्य परम्पराओ के प्रभाव से उत्तरवर्ती काल मे इसमें आचार्य और उपाध्याय पद जुडे हैं। ये साधु के ही गुणकृत कोटि के भेद हैं। प्रारम्भ मे 'मूलगुण' शब्द से साधुओ के ही मूलगुणो का अर्थ लिया जाता था। श्रावको के मूलगुणो की धारणा का विकास तो उत्तरवर्ती है। साधुओ के मूलगुणो की सख्या 18, 25, 27, 28 एव 36 की बीच पाई गई है जो समवायाग से लेकर अनगार–धर्मामृत के समय के बीच की है ।
2 **श्रावक के आठ मूलगुण** कुछ विद्वान समन्तभद्र की मूलगुणी गाथा को प्रक्षिप्त मानते हैं। फलत उनके 12 व्रतो का विवरण तो आगमों में मिलता है, पर उनके मूलगुणो का वर्णन सम्भवत दसवीं सदी से ही प्रारम्भ हुआ है। इनमे भी आशाधर ने 3 परम्पराये बताई हैं। इनमे परिवर्धन एव विस्तारण–दोनो प्रक्रियायें समाहित हुई हैं।
3 **साधुओं के स्वाध्याय का समय** . यह एक बार मे 4 घडी से लेकर 11 घडी तक का होता है ।
4. **लौकिक विधि की प्रमोणता** जैन इतिहास के विकट क्षणो मे जिनसेन और सोमदेव ने जैनो के परिरक्षण मे महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। हमने उनके निम्न श्लोकगत उपदेश को स्वीकृत किया।

'सर्वमेव हि जैनाना, प्रमाण लौकिकी विधि ।
यत्र सम्यक्त्वहानिर्न, यत्र न व्रतदूषणं ।।

इसके फलस्वरूप अनेक नई परम्परायें जैनों में आई । इनमे से कुछ पर आज प्रश्न खडे किये जा रहे हैं । इनका उद्‌भव शास्त्रीय या आगमिक आधार पर न भी हुआ तो, पर ऐतिहासिक कारणो से तो हुआ ही है । इनसे निवृत्ति पाना कठिन ही प्रतीत होता है। भट्टारक प्रथा, यक्ष–यक्षी–पूजन,

पचामृताभिषेक, दिगम्बर साध्वियों का पद आदि परम्परायें इसी कोटि मे आती हैं । हिरवश पुराण आदि में इनका उल्लेख और वर्णन है ।

5 **सामायिक और प्रतिक्रमण** : हमनें इन प्रक्रियाओं में मूल प्राकृत पाठों के साथ उत्तरवर्ती अनेक संस्कृत के पाठ भी स्वीकार किये ।

6 **भट्टारकों की परम्परा** · हमने निर्ग्रंथ संस्था के अन्तर्गत अपने संरक्षण और धर्म परिरक्षण के लिये तेरापन्थ और बीसपन्थ की परम्परा स्वीकृत की और शिथिलाचार के साथ मुनि–परम्परा को भट्टारक के रूप में परिवर्तित होते हुआ देखा है । उनकी कोटि पर आज किंचित् प्रश्न उठाये जा रहे हैं । यह ऐतिहासिक युगों की विवशताओं के कारण हमे स्वीकृत करना पडा । उनका उल्लेख आगमो मे नहीं है, पर इनके अस्तित्व और प्रतिष्ठा से कौन अपरिचित है ?

7 **बाईस अभक्ष्यों की धारणा** :आचार्य महाप्रज्ञ ने बताया है कि भोगभूमियों एव कुलकरो के युग मे लोग प्राकृतिक कद, मूल, पत्र, पुष्प और फल ही खाते थे । क्रमश अग्नि और कृषि आई । इससे विभिन्न प्रकार के बीजान्न एव वनस्पति पकाकर खाये जाने लगे । उत्तरवर्ती काल मे जब हिसा–अहिसा का विवेक विकसित हुआ, तो आचाराग, मूलाचार तथा बाद मे अनेक ग्रथो मे कुछ पदार्थों की अभक्ष्यता निरूपित की गई। इन अभक्ष्यों की सख्या का उल्लेख दसवीं सदी तक के ग्रन्थो मे नहीं मिलता । आचाराग–2 पेज 12 (आचारांगचूर्णि) मे अभक्ष्यता के ग्यारह आधार बताये गये हैं जिनसे हिंसा–अहिसा की तीक्ष्णता प्रकट होती है। यह कितनी व्यावहारिक है, यह बात अलग है । इसके विपर्यास, रत्नकरडश्रावकाचार आदि दिगम्बर ग्रथो मे यह अधिक व्यापक है। इनमे (1) त्रस जीव घात (2) प्रमादोत्पादकता (3) स्वास्थ्य हानि (4) लोक विरुद्धता (5) अल्पफल बहुविघात एव (6) अपक्वता के आधार बताये गये हैं । भगवती 18 10 मे बताया है कि सरसो, उडद और कुलत्थ (और अन्य अनेक वनस्पति भी) तभी भक्ष्य होते हैं जब वे शस्त्र–परिणत, एषणीय, याचित (साधु के लिये) और लब्ध हो । वहां वनस्पतियो के लिये शस्त्र–परिणमन की विधियां भी बताई गयी हैं । गृहस्थ भी प्राय इनको इसी रूप मे खाते होगे । इससे लगता है कि किसी समय अग्नि–पक्वता मात्र भक्ष्यता का आधार नहीं रही होगी । इस प्रकार अभक्ष्यता की धारणा तो प्राचीन है, पर उनकी निश्चित सख्या की धारणा उत्तरवर्ती है। अत यह स्पष्ट है कि अभक्ष्य पदार्थों की कोटि और सख्या समय–समय पर परिवर्तित होती रही है । इसी प्रकार भक्ष्य पदार्थों की कोटियां 9–18 के बीच परिवर्तित हुई हैं ।

8 **पुरुषों और महिलाओं की कलायें** यद्यपि पुरुषो की 72 कलायें मानी जाती हैं, पर इनके नाम भिन्न–भिन्न ग्रथों में पृथक्–पृथक् हैं। ये

समयानुसार परिवर्तित होते रहे हैं। उपलब्ध कलाओ को सयुक्त करने पर उनकी सख्या 140 तक हो जाती है। इसी प्रकार, स्त्रियो की 64 कलायें भी लगभग 140 हो जाती हैं ।

9 **रोगों की संख्या** आगमो मे सामान्यत 16 रोग बताये गये हैं पर उन्हें विभिन्न स्रोतों से सकलित करने पर 64 हो जाते हैं । रोग तो सामान्यत उल्लघित आचार माने जाने चाहिये।

इन विवरणों में हम भौतिक जगत् सम्बन्धी मान्यताओं पर विचार नहीं कर रहे हैं। उनमें परिवर्तनो की सख्या भी पर्याप्त है।

उपरोक्त सैद्धान्तिक और आचारगत परिवर्तन प्राय शास्त्रीय हैं । मध्ययुग और नये युग में भी 'परिवर्तन की परम्परा वर्धमान रही है। यह अनेक शास्त्रीय एव सामयिक समस्याओ के समाधार का प्रयत्न करती है। उदाहरणार्थ

अ लोकाशाह और तारणस्वामी ने श्वेताम्बर और दिगम्बरो मे शास्त्र--पूजक एव मूर्तिपूजा विरोधक सम्प्रदायो की स्थापना की। इसका आधार शास्त्रीय के अतिरिक्त मन्दिर दुर्व्यवस्था भी रहा है। ये पथ आज पर्याप्त प्रगतिशील हैं।

ब अमर मुनि ने साधुओ के लिये वाहन--प्रयोग, शस्त्रपरिणत भक्ष्यता को पुन प्रतिष्ठित किया। उन्होंने स्वचालित शौचालयो के उपयोग को भी स्वीकृति दी। *(यद्यपि ये विषय आज भी विचार श्रेणी मे हैं)*

स आचार्य तुलसी ने जैनधर्म के विश्वीय सम्प्रसारण के लिये समण--समणी की परम्परा स्थापित की जो गृहस्थ और साधु की कोटियो के मध्यवर्ती है। इसके सदस्य विदेश जाकर धर्म प्रचार भी अनेक वर्षों से कर रहे हैं।

द आचार्य विद्यानन्द ने जीवन्त--स्वामी की प्रतिमा की पूज्यता बताई और जैनो के हिन्दूकरण का सकेत दिया ।

य अधिकाश पश्चिम विचारक भारतीय धर्मों को नकारात्मक और निराशावादी कहते हैं । इस धारणा को निर्बल करने के लिये स्वामी सत्यभक्त ने धर्म की परिभाषा को नया रूप दिया है । उनके अनुसार, धर्म से ससार मे सुख का सवर्धन होता है। दु ख निवृत्ति तो परोक्ष फल है। वैसे भी धर्म की परिभाषा समय--समय पर बदलती रही है। प्रथम युग मे, यह 'धम्म हि हितय पयाण' के रूप मे प्रजामुखी थी, बाद में यह 'जीवरक्षण' के रूप मे आई और फिर 'आत्म--विशुद्धि साधन' के रूप मे व्यक्तिनिष्ठ हो गई । पर अब यह 'क्षेमं सर्वप्रजानां' के रूप में प्रतिष्ठित हो रही है। सत्यभक्त के समान, महात्मा भगवानदीन ने भी श्रावकों की प्रतिमाओं को नया नाम और रूप देकर उन्हे सकारात्मक तथा समाजमुखी बनाने की प्रक्रिया बताया है।

र. पण्डित फूलचन्द्र शास्त्री जैसे विद्वानों ने हरिजनों को मनुष्य मानकर उनके मन्दिर प्रवेश का समर्थन किया । उस समय उनका विरोध भी हुआ था, पर यह प्रश्न अब गौण–सा बन गया है।

ल. प्रत्येक धर्म–तन्त्र में प्राय 33 प्रतिशत भौतिक जगत् का वर्णन रहता है। इस वर्णन की शब्दावली विशिष्ट होती है। इसके कारण ही, देश–विदेशो में इसका अध्ययन नहीं हो सका । इस सदी के अनेक विद्वानों ने शास्त्रीय शब्दावली में प्रस्तुत विचारों की आधुनिक मान्यताओं से अंशतः या पूर्णत समकक्षता स्थापित कर जैन विवरणो की तथा उसके अनेक आचार–विचारों की वैज्ञानिकता प्रतिष्ठित कर उसके सवर्धन में योगदान दिया है। इससे पश्चिमी जगत् जैन धारणाओ के मथन की ओर आकृष्ट हुआ है ।

इस तरह भाव (समय–आधारित पर्यायें) की दृष्टि से भी भौतिक एव आध्यात्मिक मान्यताओ मे परिवर्तन आया है । इन परिवर्तनों के विषय मे सभी विद्वान अवगत हैं । आज भी यह परम्परा अविरत चल रही है। इसके बावजूद भी, जो विवेकीजन विज्ञान को उसकी निरन्तर परिवर्तनशीलता के कारण धर्म की तुलना मे सम्मान नहीं देते उन्हें धर्म और विज्ञान की उपयोगिताओ की पुन निष्पक्ष समीक्षा करनी चाहिये ।

आगमिक या आगम–कल्पिक मान्यताओ के इन परिवर्तनो तथा समयानुकूल नई स्थापनाओ के आधार पर उनकी प्रामाणिकता विशिष्ट ऐतिहासिक काल के आधार पर मानी जानी चाहिये, त्रैकालिक आधार पर नहीं। यह सत्य है कि आगमो के अनेक विवरण विशेषत अमूर्त जगत् के और अनेक भौतिक जगत् के आज भी अनुकरणीय होगे, शायद त्रैकालिक सत्य भी हो । अहिसा, सत्य, अपरिग्रह आदि ऐसे ही सिद्धान्त हैं । हा, भौतिक विवरणो पर परचतुष्टय से विचार अपेक्षित है। विचारकों ने यह माना है कि जो सिद्धान्त या मान्यतायें युगानुरूप नहीं होतीं, वे जीवन्त नहीं बनी रह पातीं। फलत प्राचीन शास्त्रीय मान्यताओ के युगानुकूलन की प्रक्रिया अविरत चलनी चाहिये। यही वैज्ञानिकता की कसौटी है, जीवन्तता का निष्कर्ष है और धर्म के सुख–संवर्धक रूप की सक्रियता का प्रेरक है। यह प्रक्रिया ही हमें पूर्वोक्त समस्याओ के निराकरण मे सहायक होगी।

●

अध्याय – 4

दिगम्बर आगम–तुल्य ग्रन्थों की भाषा : सम्पादन और संशोधन की विवेचना*

ऐसा माना जाता है कि किसी भी धर्म–तन्त्र की विश्वजनीनता, लोकप्रियता एव अनुकरणीयता के तीन आधार हैं – (1) उच्च कोटि के सस्थापक (2) विश्व–एकता के प्रतिपादक आगम, श्रुत या शास्त्र एव (3) तन्त्र की सुसगत श्रेष्ठता की धारणा। ये तीनो आधार एक दूसरे से क्रमश सम्बन्धित हैं। धर्म–सस्थापक तो अपने समय मे धर्म–तन्त्र का विकास करते हैं और बाद में उनके द्वारा कथित या उनके द्वारा लिखित आगमो के आधार पर ही भावी–अनुयायी पीढिया और जन–समुदाय तन्त्र की प्राचीनता, उपयोगिता एव श्रेष्ठता का मूल्याकन करते हैं। जैन धर्म की विश्वजनीनता के प्रतिपादन मे भी ये तीनों तत्त्व कार्यकारी हैं। उसके सस्थापको की सर्वज्ञता, वीतरागता एव निर्दोषता की मान्यता ने उनके वचनो और भाषा में प्रामाणिकता एवं सर्वजनीनता दी है। इनकी निकटतम और किंचित् सुदूरवर्ती शिष्यावली द्वारा रचित आगम उनकी ही वाणी माने जाते हैं और उनमे वेदो के समान पवित्रता एवं अपरिवर्तनीयता की धारणा कम से कम महावीर काल से तो प्रचलित है ही । ये आगम न केवल नैतिक सिद्धान्तो की दृष्टि से ही महत्त्वपूर्ण हैं, अपितु ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण हैं। उनसे सिद्धान्तो एव भाषा के मूलरूपो का पता चलता है । फिर विचार प्रवाह, ज्ञानधारा तो निरन्तर प्रवाहशील होती रहती है। ओशो[1] के समान कुछ विचारक तथ्यात्मकता को भ्रामक मानकर ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षाकर 'धर्मस्य तत्त्व निहित गुहायाम्' का राग गाते हैं, पर यह कर्णप्रिय तो हो सका है, लोकप्रिय नहीं हो पाया है ।

तीर्थंकरों की देशना और उसकी भाषा [2, 3 4, 5, 30]

जैनों की मान्यतानुसार तीर्थंकर की देशना शब्द तरग रूप होती है जिसे ससार के समस्त प्राणी अपनी–अपनी योग्यता के अनुसार ग्रहण करते हैं । इसकी व्यजकता इसकी अक्षरात्मकता को व्यक्त करती है। यह देशना

---

* यह शोध पत्र 'अनेकात अक 49 1, 1996 में प्रकाशित हुआ है।

सर्वभाषात्मक होती है, यह अठारह महाभाषा और सात सौ लघुभाषाओं का समग्र रूप होता है जिससे यह सभी प्राणियों को बोधगम्य होती है। अनेक भाषाओं में परिणमन करने की क्षमता तथा मुख्यत. मगध में देशित होने के कारण समवायांग,[20] काव्यानुशासन, औपपातिक सूत्र, महापुराण आदि ग्रथों में इसे अर्धमागधी कहा गया है। इसका मूल उत्पत्ति–स्थान मगध (पूर्व) और शूरसेन (मथुरा पश्चिम) क्षेत्रो का मध्यवर्ती प्रदेश है जो जैनो के अधिकांश तीर्थकरो की जन्मस्थली एव कर्मस्थली रही है। भ ऋषभदेव का उपदेश भी अर्धमागधी में माना जाता है। अत. कौशल के अयोध्या की भाषा भी अर्धमागधी क्षेत्र में समाहित होती है। वस्तुत तीर्थकरों के अनेक क्षेत्रों में विहार के कारण उनकी मागधी भाषा मे अनेक उपभाषाओं के शब्दों का सम्मिश्रण हुआ होगा जिनमें विभिन्न प्राकृत भाषाओं का प्रभाव भी सम्मिलित है। यह 'अरिया' के 'अरिहा' के रूप में परिवर्तित होने से स्पष्ट है। इसीलिए यह प्राकृत भाषा जनसामान्य के लिये बोधगम्य मानी जाती रही है। फलत:,

अर्धमागधी = मागधी + शौरसेनी + अन्य भाषाऐं ।

इसीलिए इसमे अनेक प्राकृत जन भाषाओं के लक्षण और शब्द पाए जाते हैं। इनका विवरण बालचन्द्र शास्त्री ने दिया है। फलत इसे किसी एक विशिष्ट भाषा के नाम से सम्बोधित नहीं किया जा सकता ।

अर्धमागधी भाषा का स्वरूप : कथ्य भाषा–प्राकृत भाषा[3]

इस भाषा के सम्बन्ध में अनेक स्वदेशी और विदेशी भाषा विज्ञानियो ने विचार किया है। सभी का मत है कि सामान्यत भाषा दो प्रकार की होती है– (1) कथ्य जनभाषा और (2) साहित्यिक भाषा। जब कोई जनबोली बृहत्समुदाय के द्वारा या राजनीतिक रूप से मान्य होती है, तब वह भाषा कहलाती है । जब उस भाषा के माध्यम से साहित्य निर्माण होने लगता है, तब वही भाषा साहित्यिक भाषा बन जाती है। इसका स्वरूप जनबोली और भाषा से किंचित् परिष्कृत हो जाता है। प्रारम्भ मे सभी भाषाए जन–बोलियो के रूप में कथ्य रूप मे ही पाई जाती हैं और उनका कोई साहित्य भी नहीं होता । लेकिन उनके अनेक परवर्ती रूप साहित्य मे पाए जाते हैं । इन रूपों के आधार पर ही जनभाषाओं का अस्तित्व स्वीकार किया जाता है। इन जनभाषाओं का कोई व्याकरण भी नहीं होता । इन्हें ही 'प्राकृत भाषा' कहा जाता है। हमारे तीर्थंकरों ने इसी प्रकार की कथ्य जनभाषा–प्राकृत भाषा में देशनाऐं दी थीं । उनकी भाषा साहित्यिक नहीं थी, नहीं तो वह सर्वजन बोधगम्य कैसे हो सकती थी?

नमिसाधु ने इस प्राकृत की परिभाषा ही व्याकरणादि संस्कारों से रहित वचन व्यापार के रूप में की है। इस वचन व्यापार की भाषा ही प्राकृत भाषा है। उनके अनुसार अर्धमागधी भाषा ही प्राकृत भाषा है जो देश, काल भेदों

में समाहरित–सस्कारित होती हुई भिन्न–भिन्न रूपो में व्यक्त हुई है। इसके प्रत्येक रूप क्षेत्र–विशेष में सीमित होते हैं जिनके आधार पर इनकी सज्ञा होती है – मुण्डा, गौड़ी, मागधी, शौरसेनी, महाराष्ट्री आदि। इसी आधार पर कोशकार आप्टे[15] ने भी प्राकृत भाषा का अर्थ स्वाभाविक या क्षेत्रीय जनभाषा बताया है। हरदेव बाहरी भी प्राकृत को मूलभाषा एव अन्य भाषाओं की जननी मानते हैं । इसलिए आचार्य हेमचन्द्र के मत के विपर्यास मे, अधिकाश भाषाविज्ञानी यह स्वीकार करते हैं कि प्राकृत भाषा सस्कृत मूलक नहीं है। यह स्वतन्त्र समानान्तर एव पूर्ववर्ती भाषा है। फलत. सम्बन्धित जनभाषा को किसी भी साहित्यिक भाषा का प्रथमस्तर माना जाता है। वाक्पतिराज, राजशेखर, यहा तक कि पिशल के समान पश्चिमी विद्वानो ने भी इन जनभाषाओ को ही प्राकृत भाषा कहा है। सामान्यत यह माना जाता है कि महावीर और उनके उत्तरवर्ती युग में बच्चे (प्राय 15 प्रतिशत), स्त्रियां (प्राय 50 प्रतिशत), अशिक्षित (प्राय 20 प्रतिशत) और वृद्ध व्यक्ति (प्राय 5 प्रतिशत), एव छद्मवेशी साधु, प्राकृत भाषा ही बोलते थे । फलत उस समय प्राय 90 प्रतिशत से अधिक लोग प्राकृत बोलते रहे होगे। यह तथ्य नाटको के कथोपकथनो से पुष्ट होता है। इससे उस समय की भीषण अशिक्षा का भी अनुमान होता है।

प्राकृत भाषा का साहित्यिक रूप और आगमों की भाषा [2 3 4]

जब कोई भाषा साहित्यिक रूप ग्रहण करती है, तो उसके स्वरूप मे परिष्करण एव समाहरण की प्रक्रिया कुछ तेज या क्षीण होती है। जब यह एक ही सीमात पर पहुँच जाती है, तब उसका मानकीकरण एव व्याकरण निबन्धन होता है। इस प्रकार किसी भी जनभाषा या प्राकृत भाषा का साहित्यिक स्वरूप उसका द्वितीय स्तर कहा जाता हैं । प्राकृत भाषा में विशाल साहित्य है। यह विभिन्न क्षेत्रो मे और युगो मे निर्मित हुआ है। इसका ऐतिहासिक एव काल दृष्टि से अध्ययन करने वाले विद्वानों ने इस द्वितीय स्तर के विकास के तीन चरण बताए हैं । इनमें, तत्सम, तद्भव एव देशी शब्दो का समाहार भी पाया जाता है। इसमे जनसपर्क, परिभ्रमण एव दो या अधिक क्षेत्रो के सीमान्त आदि कारणो से अनेक भाषाओ का प्रभाव समाहित हुआ है। इस समाहरण से ही उसमे बहुजन–बोधगम्यता आई है। इसने छान्दस् भाषा को भी अतर्गर्भित किया है। इस विविध भाषिक समाहारो के कारण इसका व्याकरण बनाना अत्यन्त कठिन कार्य है। सस्कृत मे तो इस प्रकार का विविध–भाषा–समाहार बहुत सीमित था, अत. पाणिनि ने उसे 'उणादिगण' के द्वारा नियमित कर दिया । पर प्राकृत भाषा में यह सम्भव नहीं था, अत प्रारम्भ में न इसका व्याकरण बना और न ही उत्तरवर्ती काल मे इसका कोई–उणादिगण' समकक्ष अपवाद प्रकरण ही ।

यह पाया गया है कि साहित्यिक भाषा के तीन चरण उसके क्रमिक विकास के निरूपक हैं। यह स्पष्ट है कि इनमें व्याकरण निबद्धता उत्तरोत्तर वर्धमान होगी अर्थात् प्रथम चरण प्रायः व्याकरणातीत ही होगा । सभी भाषा—विज्ञानी यह मानते हैं कि आगमों (या प्राचीन आगम तुल्य ग्रंथों) की भाषा साहित्यिक प्राकृत के विकास के प्रथम चरण (600 BC-200 AD) को निरूपित करती है।

वस्तुत भाषिक—विकास के इतिहास की दृष्टि से प्राकृत भाषा प्राचीन एव मध्यकालीन आर्यभाषा परिवार की सदस्य है। पौराणिक दृष्टि से इस युग मे इसका उद्‌भव कोशल—मगध देशीय भ ऋषभ के समय से और ऐतिहासिक दृष्टि से मोहनजोदडो और हडप्पा की संस्कृति से भी पूर्ववर्ती काल से माना जा सकता है । यह पूर्व वैदिक भाषा है और भ पार्श्वनाथ (875-775 B.C.) से पूर्ववर्ती तो मानी ही जा सकती है। इसे भ नेमनाथ के समकालीन मानना ऐतिहासिक दृष्टि से किंचित् विचारणीय होगा क्योंकि शास्त्रो मे भ पार्श्वनाथ और भ नेमनाथ का अतरकाल प्राय चौरासी हजार वर्ष बताया गया है और अभी इतिहासज्ञ 84800 ई पू. के विषय में कोई तथ्य नहीं पा सके हैं । महाभारत युद्ध को इतिहासकारो ने अभी 1400—2000 ई पू तक अनुमानित किया है। (इस सम्बन्ध मे अन्य मत भी हैं)। इस दृष्टि से भ नेमनाथ के सम्बन्धी श्रीकृष्ण और महाभारत के कृष्ण की भी समकालिकता नहीं बैठती । महाभारत के कृष्ण का शूरसेन तो मान्य हो सकता है, पर जैनो के नेमनाथ के युग के शूरसेन की विश्वसनीयता विवादित लगती है। फिर, इतिहास के अभाव में शूरसेन क्षेत्र मगध का अग था या मगध शूरसेन का, यह बता पाना भी कठिन है। साथ ही, क्या शूरसेन की बोली के समय मगध मे कोई अपनी बोली या भाषा ही नहीं थी? फलत मागधी या अर्धमागधी शूरसेन क्षेत्रीय भाषा से जन्मी, यह तर्कणा सुसगत नही लगती। इसलिए विभिन्न क्षेत्रीय प्राकृतों को समानान्तरत विकासशील एव बहिनो के समान मानना तो अनापत्तिजनक है, पर उन्हे माँ—बेटी के समान मानना किंचित् अतिचार लगता है। हाँ, यह मान्यता तो स्वाभाविक है कि राजनीतिक परिवर्तनो और बौद्धधर्म के उत्थान से जैनो की अर्धमागधी प्राकृत को शौरसेनी ने उत्तरकाल में प्रभावित किया हो जब मथुरा जैन केन्द्र बना हो। फिर भी यह मान्यता क्यों नहीं स्थिर की जा सकती कि उसे महाराष्ट्री प्राकृत ने भी प्रभावित किया हो? मथुरा मे ही तो लगभग 360 ई मे स्कंदिलाचार्य की वाचना हुई थी जिसमें श्वेताम्बरमान्य आगम प्रतिष्ठित किये गये थे। अस्तु सभी परिस्थितियों पर विचार करने पर महावीरकालीन प्राकृत का रूप अर्धमागधी था क्योंकि इसमें मगध के अतिरिक्त अन्य भाषागत शब्दो का भी समाहरण था। यही मूल आगमों की भाषा मानी जाती है। इस भाषा

का स्वरूपनिर्धारण इस समय दिगम्बर साधु और विद्वत् वर्ग में लगभग पिछले पन्द्रह वर्षों से मनोरजक चर्चा का विषय बना हुआ है।

आगम–तुल्य ग्रन्थों की भाषा का स्वरूप और शुद्ध शौरसेनीकरण

1978 के पूर्व डा ए.एन उपाध्ये, हीरालाल जैन, फूलचन्द्र शास्त्री, बालचन्द्र शास्त्री, जगदीशचन्द्र जैन और नेमिचन्द्र शास्त्री आदि जैन–आगम–भाषा मर्मज्ञ विद्वानो ने दिगम्बर आगमो या आगम–तुल्य ग्रन्थों के भाषिक अध्ययन से यह निष्कर्ष दिया था कि इनकी भाषा एक जातीय नहीं है, इनमें अन्य जातीय भाषाऍं भी गर्भित हैं । इसलिए इस भाषा को अर्धमागधी कहा गया है जहाँ इस शब्द का अर्थ– 'अर्ध मगधात्मक अर्ध च सर्वभाषात्मक' माना गया है। इसे 'ऋषिभाषित' एवं 'देवभाषा' भी कहा गया है। यह वेद भाषा के समान प्राचीन और पवित्र है। इसके विपर्यास, मे कुछ लोग इस भाषा को शौरसेनी मात्र मानते है। यदि इसे अर्धमागधी भी माना जाय, तो यह शौरेसेनी की बेटी के समान मूलत. शौरसेनी पर आधारित होगी। इस मान्यता मे वर्तमान के प्रवचन–प्रमुख, प्रवचन–परमेष्ठि एव वाचना–प्रमुख भी प्रेरक हैं[7]। उनके मत का आधार शायद यह हो कि दिगम्बरो में तो जिनवाणी के आधारभूत द्वादशागी आगम का विस्मृति के गर्भ मे चले जाने के कारण लोप हो गया है। उसकी भाषा को शायद वे 'अर्धमागधी' मानने में कोई परेशानी अनुभव न करे । इस विस्मरण और विलोपन के तीन कारण स्पष्ट हैं–(1) आचाराग के समान वर्तमान उपलब्ध आगमो मे सचेलमुक्ति की चर्चा (2) अन्य आगमो मे स्त्री–मुक्ति की चर्चाऍं, तथा कथाऍं तथा (3) अनेक प्रकार की सहज प्रवृत्ति प्रदर्शित करने वाली पर, दिगम्बरो के मत से विकृत रूप प्रदर्शित करने वाली अनेक कथाऍं। उनके अन्य कारण भी हो सकते हैं। अनेक विद्वानो ने इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया है कि स्मृति–ह्रास की प्रक्रिया तो समय के साथ स्वभाविक है, पर जिनकल्पी दिगम्बरो मे इसका ह्रास स्थविरकल्पियो की तुलना मे काफी तेज हुआ है[8]।यह मत वीर–निर्वाण के बाद की 683 वर्ष की दिगम्बर परम्परा के अवलोकन से सत्यापित होता है। दिगम्बरों की इस आगम–विषयक स्मृति–ह्रास की तीव्र–दर और कारणो पर किसी भी विद्वान का मथन दृष्टिगत नहीं हुआ है। इस कारण दिगम्बर परम्परा पर अनेक आरोप भी लगते रहते हैं। यह मौन आत्मार्थियो की सहज व्यक्तिवादिता का परिणाम ही माना जायेगा।

वस्तुत द्वादशांगी ही आगम हैं जो वीर निर्वाण के समय गणधरों के द्वारा सूत्र–ग्रथित होकर स्मृति ग्रथित हुए थे। यह काल महावीर निर्वाण के समकक्ष (527 या 468 ई.पू.) माना जाता है। यदि पार्श्वनाथ के समय की द्वादशांगी को भी माना जाये (जो वीर शासन के समय भी पूर्वों के स्मृत

अंशों के रूप में जीवन्त मानी गई) तो आगमकाल 777 या 718 ई. पूर्व तक भी माना जा सकता है। यह आगम अर्धमागधी प्राकृत में थे, यह शास्त्रीय धारणा है। इसकी शास्त्रोल्लिखित प्रकृति भी स्पष्ट है। सम्भवतः आज की चर्चा इस लुप्त आगम की भाषा से सम्बन्धित नहीं है। यह चर्चा उन ग्रंथों की भाषा से सम्बन्धित है जो दिगम्बरों में वर्तमान में आगम तो नहीं, आगम–तुल्य के रूप मे मान्य हैं। इनको आगम या परमागम कहना किंचित् विद्वत्–विचारणीय बात हो सकती है। पौराणिक अतिशयोक्तियों के विश्लेषण के युग में बीसवीं सदी की ये अतिरंजनाएँ हमारे वर्तमान को भूत बना रही हैं। ये कह रही हैं कि हम वर्तमान जीवन को भूतकालीन जीवन्तता देना चाहते हैं। यह शायद ही सम्भव हो।

इन ग्रंथो में कषायपाहुड, षट्खडागम्, कुन्दकुन्द की ग्रथावली, भगवती–आराधना, मूलाचार आदि आते हैं। इनका रचानाकाल अनादि है, पर भाषात्मकता, यह 156–215 ई के आसपास ठहरती है। यह काल महावीर से 683 वर्ष के बाद ही आता है। (अनेक लोग इस काल को 683 वर्ष के अन्तर्गत भी मानते हैं, पर यह श्रद्धामात्र लगता है) महावीरोत्तर सात–सौ वर्षों में अर्धमागधी प्राकृत में क्या परिवर्धन–सवर्धन हुए, यह विवेच्य विषय अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इस विवेचन से ही इनकी भाषा की प्रकृति निर्धारित करना सम्भव हो सकेगा।

भाषा–विज्ञानियो के अनुसार,[5] इस समय–सीमा में प्राकृत भाषा अपने विकास के द्वितीय स्तर के तीन चरणो में से प्रथम चरण पर रही है जैसा कि पहले कहा गया है। इस चरण मे प्राकृत हमे अनेक रूपो मे मिलती है–शिलालेखी प्राकृत, जातको की पालि– प्राकृत, जैनागमो आदि आगम–तुल्य ग्रन्थों की प्राकृत एव नाटको की प्राकृत। यह भाषा कथ्य के समान प्राचीन नहीं है। समय के साथ उसके रूप, ध्वनि, शब्द और अर्थ निश्चित हुए हैं जिससे उसकी नवीन प्रकृति का अनुमान लगाया जाता है। इससे प्राकृत और साहित्यिक प्राकृत मे अन्तर भी प्रकट होता है और एक चक्रीय भाषिक प्रक्रिया का अनुमान भी लगता है

प्राकृत भाषा → साहित्यिक प्राकृत → नयी जनभाषा → नयी साहित्यिक भाषा → नयी जनभाषा प्राकृत............

यह प्रक्रिया ही भाषा के विकास के इतिहास को निरूपित करती है। इस प्रथम चरण की समय सीमा मे प्राकृत उपभाषाओं में भेद प्रकट नहीं हुए थे। भाषा में एकरूपता एवं अर्धमागधी स्वरूपता बनी रही । फिर भी, वर्तमान आगम–तुल्य ग्रंथों की अर्धमागधी के स्वरूप में महावीर कालीन सर्वभाषामय स्वरूप की तुलना में कुछ परिवर्तन तो आया ही होगा। अब इसमे मुख्यत मागधी और शौरसेनी का मिश्रण है। फिर भी, यह जनभाषा है –

व्याकरणातीत भाषा है। यह तत्कालीन बहुजन–बोधगम्य भाषा है। उत्तरवर्ती युग में जब राजनीति या अन्य कारणो से मगध मे जैनधर्म का ह्रास हुआ और मथुरा जैनो का केन्द्र बना, तो यह स्वाभाविक था कि अस्मिता के कारण इसका नाम–रूप परिवर्तन हो। इसमे अब शौरेसनी की प्रकृति की अधिकता समाहित होने लगी। फिर भी यह मिश्रित भाषा तो रही है। शिरीन रत्नागर[9] ने भी दो भाषाओं के मिश्रण से उत्पन्न नयी भाषा के विकास के कारणों की छानबीन मे इसे मिश्रित भाषा ही बताया है। इसको पश्चिमी भाषा–विज्ञानियों ने जैन शौरसेनी इसीलिए कहा है कि यह शुद्ध शौरसेनी नहीं है। 'जैन' शब्द लगने से उसमें मागधी या अर्धमागधी का समाहार स्वयमेव हो जाता है। इसकी अपनी कुछ विशेषताएँ हैं[10]। चूंकि यह शुद्ध शौरसेनी नहीं है, इसलिए कुछ विद्वान 1979 मे ही रयणसार के नव संस्करण के पुरोवाक् मे यह लिखने का साहस कर सके कि मुद्रित कुन्दकुन्द साहित्य की वर्तमान भाषा अत्यन्त भ्रष्ट एव अशुद्ध है। यह बात उनके सभी ग्रथो के बारे में है। वे यह भी कहते हैं कि यह स्थिति भाषा ज्ञान की कमी के करण हुई है। यह जैन शौरसेनी के सही रूप को न समझने का परिणाम है। फलत उन्होंने रयणसार, नियमसार और समयसार आदि ग्रन्थो की भाषा के सन्दर्भ मे शुद्ध शौरसेनीकरण की प्रक्रिया अपनाई है।

आगम–तुल्य ग्रंथों का सम्पादन [7]

इस शौरसेनीकरण की प्रक्रिया का नाम 'सम्पादन' रखा गया है। इसमे 'पुरोवाक्' 'मुन्नुडि' हो गया है। समयसार के सम्पादन का आधार 22 मुद्रित और 35 हस्तलिखित प्रतियो मे से 1543 ई (1465 शक) की प्रति को बनाया गया है जो समालोचको को उपलब्ध नही कराई जा सकती। यही नहीं, 1993 मे तो यह स्थिति रही कि सम्पादित समयसार (1978) को उपलब्ध कराने मे भी असमर्थता रही। हा, उसे श्रेष्ठीजनो के विवाह मे वितरण की समर्थता अवश्य देखी गई। इस प्रक्रिया मे सामान्य या 'विद्यार्थी सस्करण की मुहर लगाकर सम्पादन के सर्वमान्य टिप्पण देने जैसी परम्परा के अपनाने के प्रति तीव्र अरुचि स्पष्ट दिखती है। इस परम्परा व्याघात को सुझावो के बावजूद भी नए सस्करण में भी पोषित किया गया है। इस प्रकरण मे पूर्व–प्रकाशित समयसारो मे पाए गए (और अब सम्पादक–चयनित) शब्द रूपो का समर्थन महत्त्व नहीं रखता क्योंकि वे भाषिक आधार पर नहीं, अपितु अन्यत्र उपलब्धता या अर्थ–स्पष्टता के आधार पर दिए गए हैं। उन दिनो शौरसेनी भाषा विज्ञानी ही कहाँ थे?[12]

सम्पादन की इस प्रकिया में कुन्दकुन्द साहित्य की प्रारम्भिक उपलब्ध पाण्डुलिपियों की भाषा में विरूपता आई है। पहले मूल का अर्थ करने में ही भिन्नता देखी जाती थी अब मूल शब्द की भिन्नता भी की जा रही है। यह

कहना सुसंगत नहीं लगता कि जैन–सिद्धान्त अर्थ की एकरूपता पर आधारित है और किसी के शब्द–भिन्न–करण से उस पर कोई असर नहीं पडता। एवंभूत नय की दृष्टि से यह मान्यता मेल नहीं खाती। फिर, शब्द–भेद ही तो प्राचीन समय से अर्थ–भेद और स्थूल से सूक्ष्म या विपर्यय दिशा में जाने का कारण रहा है। इसी कारण जैन संघ का घटकीकरण हुआ। क्या यह शौरसेनीकरण भी एक नये घटक का जनक सिद्ध होगा?

पुनश्च, सम्पादित सस्करण के सामान्य अवलोकन से यह पता चलता है कि भाषिक एकरूपता के नाम पर व्याकरण एव छन्द के आधार पर उचित एव ग्रन्थकार–अभिप्रेत जो शौरसेनीकरण हो रहा है, वह पूर्ण नहीं है, आदर्श नहीं है, स्वैच्छिक है। इसके अनेक उदाहरण पद्मचन्द्र शास्त्री ने अपने लेखों में दिया है।[13] उदाहरणार्थ– 'पुग्गल' को तो 'पोग्गल' किया गया है पर 'ओत्सयोगे' का नियम 'चुविकज्ज, वुच्चदि' आदि पर लागू नहीं किया गया है। फलत इस स्वैच्छिकता का आधार अज्ञात है। क्या ओशो के समान सम्पादक महोदय भी कुन्दकुन्द की रूह से प्लेचेट माध्यम से शब्द विवेक प्राप्त कर लेते हैं ? साथ ही, सम्पादन मे प्राकृत मे 'बहुलम्' को तो प्राय उपेक्षणीय ही मान लिया गया है। 'मुन्नडि' मे प्राकृत भाषा के क्रमिक विकास मे कुन्दकुन्द के ग्रन्थों को इतिहास और काल की दृष्टि से सहायक[14] मानते हुए भी सम्पादक उसे उत्तरवर्ती व्याकरणों के आधार पर सम्पादित करते हुए क्या अपने ही कथ्य के विरोध मे नहीं जा रहे हैं? और क्या सस्कृत निबद्ध प्राकृत व्याकरण व्याकरणातीत जनभाषा साहित्य पर लागू किए जा सकते हैं ?

यह शौरसेनीकरण मुख्यत बारहवीं सदी के आचार्य के प्राकृत व्याकरण के आधार पर किया गया लगता है। यह आश्चर्य है कि पहिली–दूसरी सदी के ग्रन्थो का भाषिक स्वरूप बारहवीं सदी के ग्रन्थो के आधार पर स्थिर किया जाय? यदि कुन्दकुन्द के किसी पूर्वकालीन व्याकरण के आधार पर ऐसा किया जाय, तो यह प्रकरण अधिक विचारणीय हो सकता था।

वर्तमान सम्पादन से उत्पन्न प्रश्न चिन्ह

कुन्दकुन्द के ग्रंथों के सम्पादन के नाम से अर्धमागधी के शुद्ध शौरसेनीकरण की भाषिक परिवर्तन की प्रक्रिया ने विद्वत् जगत् मे बौद्धिक विक्षोभ उत्पन्न किया है। सम्भवतः यह 1980 के प्रारम्भ में सामान्य था, पर अब यह अप–सामान्य होता लगता है। इस प्रक्रिया ने अनेक प्रश्नों और समस्याओं को जन्म दिया है जिनके समाधान की अपेक्षा न केवल विद्वत् जन को अभीष्ट है, अपितु श्रद्धालु जगत् भी अंतरंग से उनकी उपेक्षा करता है। इस दृष्टि से निम्न बिन्दु सामने आते हैं .

1. भाषिक परिवर्तन का अधिकार जैनधर्म नैतिकता प्रधान धर्म है। इसके कुछ सिद्धान्त होते हैं। सम्पादन, सशोधन और प्रकाशन के भी कुछ सिद्धान्त होते हैं। इसके अनुसार, मूल लेखक से अनुज्ञा अथवा उसके अभाव में उसकी हस्तलिखित प्रति का आधार आवश्यक है। दुर्भाग्य से, ये दोनो ही स्थितियां वर्तमान प्रकरण में नहीं हैं। फलत भाषिक परिवर्तन की प्रक्रिया मूलत अनैतिक है। इसमे परिवर्तन का अधिकार सामान्यत किसी को नहीं हैं। हॉ, बीसवीं सदी में इसके अपवाद देखे जा सकते हैं। इसमें दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद् द्वारा प्रकाशित 'महावीर और उनकी आचार्य परम्परा' बिना प्रकाशक की अनुज्ञा तो क्या, उसके बिना जाने ही किसी अन्य सस्था ने प्रकाशित कर दी।[16] अभी 'हिमालय मे दिगम्बर मुनि' की स्थिति भी ऐसी ही बनी है।[17] ऐसा लगता है कि दक्षिण देश उत्तर से किंचित् अधिक अच्छा है, जहॉ 'रीयालिटी' के पुन प्रकाशन के लिये ज्वालामालिनी ट्रस्ट ने विधिवत अनुज्ञा ली।[18] जब पुन. प्रकाशन के लिए विधिवत अनुज्ञा अपेक्षित है फिर सम्पादन और सशोधन की तो बात ही क्या? इसमे मानसिक मगलाचरण के समान मानसिक अनुज्ञा की धारणा ही बचाव कर सकती है। दूसरे, प्राकृत मे 'बहुलम्' के आधार पर उत्तरवर्ती वैयाकरणों ने यह माना है कि प्राकृत भाषा (जनभाषा) मे एक ही शब्द के अनेक रूप होते हैं। 'कुन्दकुन्द शब्दकोष' से यह बात स्पष्ट रूप से जानी जाती है।[19] इस स्थिति में इन रूपो मे एकरूपता लाने की प्रक्रिया मूल लेखक की भावना के प्रतिकूल है। आगम तुल्य ग्रथो के प्रकरण मे तो यह और भी पुण्यक्षयी कार्य है क्योकि हम उन्हे पवित्र मानते हैं । शब्दो का हेरफेर उन्हे अपवित्र बनाता है। इसके कारण उनके प्रति श्रद्धा मे डिगन सम्भावित है। इन सभी दृष्टियो से यह कार्य नैतिकत अनधिकार चेष्टा है। फलत आगम–तुल्य ग्रथो मे भौतिक परिवर्तन का अधिकारी कौन है? यह प्रश्न विचारणीय बन गया है।

2 *विरूपण का प्रभाव* *आगम तुल्य ग्रथो के शाब्दिक शौरसेनीकरण से* उनके मूलरूप का विरूपण होता है, यह स्पष्ट है। इस विरूपण से

1 आगम भाषा की प्राचीनता समाप्त होती है।
2 इससे उनमे श्रद्धाभाव का ह्रास होता है।
3 विरूपित ग्रथो की प्रामाणिकता मे सदेह उत्पन्न होता है।
4 अर्थान्तर न्यास की समावना बढती है।
5 घटकवाद को प्रोत्साहन मिलता है।
6. विरूपण से आगमो की ऐतिहासिकता पुनर्विचारणीय बनती है और प्राकृत के भाषिक विकास के सूत्रो का लोप होता है।
7 विरूपण आगम–तुल्य ग्रथो को उत्तरवर्ती काल का सिद्ध करेगा। वैसे भी अनेक शोधक इन ग्रथों को पाचवीं–छठी सदी से भी उत्तरवर्ती होने की बात सिद्ध करने के तर्क देने लगे हैं।[21] यह विरूपण इन तर्कों को

बलवान बनाएगा। इसलिए अब तक किसी भी दिगम्बर विद्वान ने इन ग्रंथों में व्याकरणीयता लाने का साहस नहीं दिखाया। इस स्थिति को समरस बनाए रखने के लिए यह अधिक अच्छा होता कि पाठ भेदों के टिप्पण दे दिये जाते। इस विरूपण की स्वैच्छिकता भी सामान्यजन की समझ से परे है । इसका उद्देश्य गहनतः विचारणीय है।

3 **शब्द–भेद से अर्थ–भेद न होने की मान्यता** : यदि शब्द–भेद एव उपरोक्त प्रकार के विरूपण (या एकरूपता) से अर्थ भेद न होने की बात स्वीकार की जाये तो इस प्रक्रिया का अर्थ ही कुछ नहीं होता। इसके लिए प्रयत्न ही व्यर्थ है। जब शब्दैक्य से अर्थ–भेद हो सकता है और बीसवीं सदी में भी नया सम्प्रदाय (भेद विज्ञानी) पनप सकता है, तब शब्द–भेद से अर्थ–भेद तो कभी भी सम्भावित है।

4 **प्राकृत भाषा के स्वरूप की हानि** · प्राकृत भाषा चाहे वह अर्धमागधी हो या शौरसेनी, जनभाषा है और उसका प्रथम स्तर का साहित्य व्याकरणातीत युग की देन है। जनभाषा के स्वरूप के आधार पर उसकी सहज बोधगम्यता के लिए उसमें बहुरूपता अनिवार्य है। यदि इसे व्याकरण–निबद्ध या सशोधित किया जाता है तो उसके स्वरूप की ओर ऐतिहासिकता की हानि होती है। क्या हम उसके सर्वजन बोधगम्य स्वरूप की शास्त्रीय मान्यता का विलोपन चाहते हैं?

5 **दिगम्बर आगम–तुल्य ग्रंथों की भाषात्मक प्रामाणिकता की हानि** यह माना जाता है कि दिगम्बरों के आगम–तुल्य ग्रथ पांच, छह ही हैं। अन्य ग्रथ तो पर्याप्त उत्तरवर्ती हैं। इनकी रचना प्रथम से तृतीय सदी के बीच लगभग सौ वर्षों में हुई है। यह मान्यता विशेष आपत्तिजनक नहीं होनी चाहिए। इनकी भाषा के विषय में डा खडबडी ने षट्खण्डागम के सदर्भ में उसे बडी मात्रा में शौरसेनी भागक बताया है,[22] शुद्ध शौरसेनी नहीं। उन्होंने उसके शौरसेनी–अग के गहन अध्ययन का सुझाव भी दिया है। डॉ राजाराम भी यह मानते हैं कि शिलालेखो और अभिलेखो मे क्षेत्रीय प्रभाव मिश्रित हुए हैं [23] फलत उसका व्याकरण–निबद्ध स्वरूप कैसे माना जा सकता है? भाषा–विज्ञानी तो उन प्राचीन अभिलेखो की प्राकृतो मे शौरसेनी का अल्पाश ही मानते हैं [24]। यही स्थिति कुन्दकुन्द के साहित्य की भी है। यदि उपलब्ध कुन्दकुन्द साहित्य की भाषा अत्यन्त भ्रष्ट और अशुद्ध है तो तत्कालीन अन्य ग्रथो की भाषा भी तथैव सम्भावित है। इसके अनेक शब्दो को खोटा सिक्का तक कहा गया है। इससे जिस प्रकार कुन्दकुन्द के ग्रथों की स्थिति बन रही है उसी प्रकार समस्त दिगम्बर आगम–तुल्य ग्रथो की स्थिति भी संकटपूर्ण, अप्रामाणिक और अस्थायी हो जायेगी। इससे जैन–संस्कृति की दीर्घजीविता का एक आधार भी समाप्त हो जायेगा । डॉ.

गोकुलचन्द्र जैन,[25] के आर चन्द्रा[26], अजित प्रसाद जैन[27], फूलचन्द्र शास्त्री, डा. एम ए ढाकी[21] और जौहरीमल पारख आदि विद्वानों ने भी इसी प्रकार के मत समय–समय पर लिखित या व्यक्तिगत रूप में प्रस्तुत किए हैं। इन ग्रथों की भाषात्मक अशुद्धता की धारणा, फलत पुनर्विचार चाहती है।

6 प्राकृत के शब्द रूपों में अनेक प्राकृतों का समाहार यह पाया गया है कि 'भविस्सदि', 'विज्जाणद, 'थुदि', 'कोडकुड', 'आयरिय', 'णमो', 'आइरियाण', 'लोए', 'साहूण', 'अरहताण' आदि शब्दो मे कुछ अश महाराष्ट्री प्राकृत व्याकरण से सिद्ध होते हैं और कुछ अश शौरसेनी व्याकरण से । फलत शौरसेनी के अनेक शब्द मिश्रित व्युत्पत्ति वाले हैं। ऐसी स्थिति में शब्दों की प्रकृति को मात्र शौरेसनी मान लेना उचित प्रतीत नहीं होता। उनपर महाराष्ट्री और मागधी का भी प्रभाव है। अभी डा चन्द्रा ने 'ण नन्वर्थे' सूत्र को मागधी और शौरसेनी पर लागू होने के प्रमाण दिए हैं। चूँकि सामान्यतः प्राकृत भाषाओ का मूल–स्रोत एक सा ही रहा है, अत उनमे इस प्रकार के समाहार स्वाभाविक हैं। क्षेत्र विशेष के कारण उनके ध्वनि रूप तथा अन्य रूपो मे परिवर्तन भी स्वाभाविक है। इन अनेक रूपो की प्रामाणिता असदिग्ध है। प्राचीन साहित्य के परिप्रेक्ष्य मे विशिष्ट शब्दो की वरीयता की दृष्टि से उनका सम्पादन, सशोधन, फलत, युक्तिसगत प्रतीत नहीं होता ।

7 दि. आगम–तुल्य ग्रन्थों के रचयिता आचार्यों का शौरसेनी ज्ञान अभी तक मुख्य आगम–तुल्य ग्रथो के रचयिता प्रमुख आचार्यो का जो जीवनवृत्त अनुमानित है, उसमे कोई भी अपने जीवन–काल मे शूरसेन प्रदेश मे नहीं जन्मा या रहा प्रतीत होता है। कुछ दक्षिण मे रहे, कुछ गुजरात और वर्तमान महाराष्ट्र मे। इन प्रदेशो की जनभाषा शौरसेनी नही रही है। फिर भी, उनका शौरसेनी का ज्ञान व्याकरण–निबद्ध था, यह कल्पना व्याकरणातीत युग मे किचित् दुरूह सी लगती है। हाँ, उन्हे स्मृति परम्परा से अवश्य शौरसेनी–बहुल अर्धमागधी रूप जनभाषा का ज्ञान प्राप्त था जो सम्भवत श्रवणबेलगोल परम्परा से मिला हो । वही इनके ग्रन्थो की भाषा रही। इसके शुद्ध–शौरसेनी होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

इसके साथ ही, यह धारणा भी बलवती नहीं लगती है कि शौरसेनी प्राकृत का इतना प्रचार था कि वह कलिग, गुजरात, दक्षिण व मगध प्रदेश मे जन–भाषा बन गई हो। हमारे तीर्थंकर भी मगध, कौशल, काशी, कुरुजागल व द्वारावती जैसे क्षेत्रो मे जन्मे हैं जहा की भाषा भी मूलत शौरसेनी कभी नहीं रही। यदि ऐसा होता, तो इन सभी देशों में आज भी शौरसेनी भाषा–भाषियो की बहुलता होती। फलत अन्य क्षेत्रों में यह साधु या विद्वत्जन की भाषा रही होगी जो स्थानीय बोलियों से भी प्रभावित रही होगी। 'आठ कोस पर बानी' की लोकोक्ति में पर्याप्त सत्यता है। हाँ, यह

सम्भव है कि इसे मिश्रित रूप में कहीं–कहीं राजभाषा के रूप में मान्यता मिली होगी जिससे इसके प्राचीन शब्द–रूप अनेक प्राचीन शिलालेखों में पाए जाते हैं। मुझे लगता है कि कुछ लेखकों ने अति उत्साह में इस भाषा की व्यापकता के सम्बन्ध में भ्रान्ति उत्पन्न करने का यत्न किया है। इसका एक रूप आगम–तुल्य ग्रन्थों की भाषा के जैन शौरसेनी के बदले 'शुद्ध–शौरसेनी' की भाषिक धारणा के रूप में 1994 से प्रकट हुआ है। इसे विचारो का विकास कहें या जैन धर्म का दुर्भाग्य ? यह भयंकर स्थिति है। इस दृष्टि से एक लेखक की नामकरण–सम्बन्धी वैचारिक अनापत्ति अनावश्यक है [27]।

8 **दि. आगम–तुल्य ग्रंथों की पवित्रता की धारणा में हानि** · किसी भी धर्म तन्त्र की प्रतिष्ठा एव दीर्घजीविता के लिए उसकी प्राचीनता एवं उसके धर्म–ग्रन्थों की पवित्रता प्रमुख कारक माने जाते हैं। धर्म ग्रन्थों की पवित्रता और प्रामाणिकता के आधार अनेक तन्त्रों में उनकी अपौरुषेयता, ईश्वरादिष्टता या परामानवीयता माना गया है। पर जैन–तन्त्र में इसका आधार स्वानुभूति एवं आत्म–साक्षात्कार माना जाता है। इस साक्षात्कार में अर्थ और शब्द दोनों समाहित होते हैं। यदि आत्म–साक्षात्कार को हमनें प्रामाणिक माना है, तो अर्थ और शब्द रूपो को भी प्रामाणिक मानना अनिवार्य है। इनकी एक परम्परा होती है, उसका सरक्षण दीर्घजीविता का प्रमुख लक्षण है। हम वह परम्परा न माने, यह एक अलग बात है। पर, परम्परा मे परिवर्तन उसकी पवित्रता में व्याघात है। क्या हम अपने आगम–तुल्य ग्रन्थों के रूप मे प्रस्फुरित जिनवाणी की जनहितकारणी पवित्र परम्परा को व्याकरणीकरण से आघात नहीं पहुँचा रहे हैं? हमारी दैनन्दिन जिनवाणी की स्तुति का अर्थ ही तब क्या रह जाता है?

9. **दिगम्बर आगम–तुल्य ग्रंथ तीर्थंकर वाणी की परम्परा के धनी हैं' की मिथ्या धारणा का संपोषण** अपने आगम–तुल्य ग्रथो की भाषा के शौरसेनीकरण से और शौरसेनी को अर्धमागधी के समानान्तर न मानने से इस मिथ्या धारणा को भी बल मिलता है कि दिगम्बर ग्रथ तीर्थंकर और गणधर की वाणी के रूप में मान्य नही किए जा सकते क्योंकि उनकी वाणी तो अर्धमागधी मे खिरती रही और शौरसेनी परवर्ती है। इसलिए उनमें प्रामाणिकता की वह डिग्री नहीं है जो अर्धमागधी में रचित ग्रथों में है। ये ग्रन्थ परवर्ती तो माने ही जाते हैं। इस धारणा से दिगम्बरत्व की जिनकल्पी शाखा स्थविरकल्पियों से उत्तरवर्ती सिद्ध होती है। क्या हमें यह स्वीकार्य है? हम तो जिनकल्पी दिगम्बरत्व को ही मूल जैनधर्म मानते हैं।

10 **उचित और ग्रंथकार–अभिप्रेत की धारणा का परिज्ञान** : इस सम्पादन को पाठ–संशोधन भी कहा गया है। इसका आधार सम्पादक के व्यक्तिगत

औचित्य की धारणा, प्रसग तथा उनके स्वय के द्वारा ग्रथकार के अभिप्रेत (भूतकालीन) का अनुमान लगाया गया है। इससे आदर्श प्रति के आधार की नीति तो सामाप्त होती है, सम्पादक की स्वय की अनुमेयत्व क्षमता पर भी प्रश्न चिन्ह लगता है क्योंकि इसी तत्त्व पर तो विद्वानों में मतभेद दृष्टिगोचर हुआ है। पारम्परिक वाणी की प्रामाणिकता के आधार के रूप मे श्रुतकेवलिभणित्व निर्दोषता, परस्पर अविरोधिता एव तर्क–संगतता (दृष्टि–इष्ट–अविरोधिता) तथा सर्वजनहितकारिता माने गए हैं[29]। इनमे से कोई भी तत्त्व प्रस्तुत सम्पादन में नहीं है, अन्यथा इतना ऊहापोह, धमकिया और सार्वजनिक उद्घोषणाएँ ही क्यों, होती ? इससे इस प्रक्रिया के आधार ही सदेह के घेरे में आ गए हैं। फलत यह सारी प्रकिया ही एक प्रच्छन्न मनोवृत्ति या महत्त्वाकाक्षा की प्रतीक लगती है।

11 विद्वानों की सम्मतिया कुन्दकुन्द साहित्य के सम्पादन की प्रक्रिया के चालू होने पर इसकी वैधता पर प्रश्न चिन्ह लगे थे । उस समय अनेक साधुओ, सस्थाओ, विद्वानो एव श्रावको ने इन प्रश्न चिन्हो का समर्थन किया था एव इस प्रक्रिया के विरोध मे अपने तर्क–सगत वक्तव्य दिए थे। इनमे से कुछ ने अपने मतो मे सशोधन किया है, इसका कारण अनुमेय है। इसे विचार–मथन की प्रक्रिया का परिणाम भी कहा .जा सकता है। इसके बावजूद भी, अधिकाश के मन मे यह आवेश तो प्रत्येक अवसर पर दृष्टिगोचर होता ही है कि यह प्रक्रिया ठीक नहीं है। श्रद्धालु तो साधुवेश का आदर कर मौन रहते हैं, पर विद्वान के ऊपर तो सस्कृति–सरक्षण और सवर्धन का दायित्व है। वह कैसे मौन रहे? उसने जीवन्त स्वामी की प्रतिमा की पूज्यता' एव 'एलाचार्य' प्रकरण का भी विरोध किया। विद्वत् जगत् का मौन 'णमोकारमत्र के 'अरिहताण' पद की एकान्तवादिता पर भी टूटा है, यह वैयाकरणो (चड, हेमचन्द्र, धवलादि टीकाएँ) के मत के विरोध में भी था। इस मौन भंग का यह प्रभाव पडा कि 'अरिहताण' के सभी रूपो की प्रामाणिकता मानी गई। हाँ, वरीयता तो व्यक्तिगंत तत्त्व है। यही नहीं, एक भारतवर्षीय जैन सस्था ने इस आगम–सरक्षिणी वृत्ति के पुरोधा को सार्वजनिक रूप से सम्मानित भी किया । दिल्ली मे भी उसके साहस की अनुमोदना की गई। इस प्रक्रिया के सम्बन्ध में व्यक्तिगत चर्चाओ मे जो कुछ श्रवणगोचर होता है, वह भयकर मानसिक आघात उत्पन्न करता है।

12. सामान्यजन और विद्वज्जन की सहिष्णुता को आघात . कुन्दकुन्द के ग्रथो के सम्पादन की दृष्टि के पीछे आगम तुल्य ग्रंथों की भाषा का भ्रष्ट एव अशुद्ध मानना एवं उनके आचार्यों के भाषा–ज्ञान के प्रति सदेह करने की धारणा से जिनवाणी और आचार्यों–दोनों की ही अवमानना रही है। इस धारणा ने सम्पादकमान्य जयसेनाचार्य के शब्द रूपों को भी अमान्य कराया

है। वे तो ग्यारहवीं सदी के ही प्राकृतज्ञ थे । इसे मौन होकर सहना जैनों की अनेकान्तवादिता ने हीं सिखाया है ? फिर भी, इस दृष्टि से एवं कथनों से वे आहत एव आवेशित तो हुए ही हैं। पर, यह शुभ आवेश है और इसका सुफल जिनवाणी के सहज रूप मे बनाए रखने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने मे सहायक होगा ।

13. **समालोचनाओं में भाषा का संयमन** · सम्पादन कार्य या किसी भी कृति की समालोचनाओं या उनका समाधान देने में भाषा का संयम अत्यन्त प्रभावी होता है । पर ऐसा प्रतीत होता है कि सम्पादक की समाधान भाषा उत्तरापेक्षी रही है। आचार्यों की परोक्ष अवमानना उनके ज्ञान और भाषा के प्रति अशोभन शब्द, सामान्य सार्वजनिक और पत्राचारी चेतावनियाँ आदि भाषा के असयम को व्यक्त करते हैं। एक ओर का भाषा का असंयम दूसरे पक्षों को भी प्रभावित करता है। भाषा का यह असंयम श्रद्धालुओं को भी कष्टकर सिद्ध हुआ है। क्या यह असयम विद्वान जैनों या साधुजनों को शोभा देता है? यह सचमुच ही दुर्भाग्य की बात है कि कुछ समयपूर्व कुन्दकुन्द के नवोदित भेद–विज्ञानियों ने कुछ समय तक अपने विचारों की असयमित भाषा से समाज में रौद्ररूप के दर्शन कराए थे और अब फिर कुन्दकुन्द आए हैं अपने साहित्य की भाषा के माध्यम से, जो असंयम फैलाने मे निमित्त कारण बन रहे हैं । इसे अध्यात्मवादी कुन्दकुन्द का दुर्भाग्य कहा जाये या उसके अनुयायियों का, जो समाज को आध्यात्मिकत एकीकृत करने के माध्यम से उसे विश्रृखलित करने की दिशा मे अग्रणी बन रहा है।

आगम तुल्य ग्रंथों की प्रतिष्ठा हेतु कुछ सुझाव उपरोक्त अनेक प्रकार के चिन्तनीय प्रश्न चिन्हो एव अप्रत्याशित रूप से जैन–तन्त्र के लिए दूर दृष्टि से अहितकारी सम्भावनाओ के परिप्रेक्ष्य मे आगम–तुल्य ग्रथों के शौरसेनी आधारित सम्पादन का उपक्रम गहन पुनर्विचार चाहता है। इसके लिए कुछ आधार भूत सम्पादन–धारणाओं को परिवर्धित करना होगा। इनमें निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण हैं

1 हमारे पारम्परिक आगम–तुल्य ग्रथ जिस भाषिक बहुरूपता मे हैं, उन्हे प्रामाणिक मानना चाहिये ।
2 हमारे प्रकाशित आगम–तुल्य ग्रथों की भाषा की भ्रष्टता एव अशुद्धता तथा उनके रचयिता आचार्यों मे भाषा ज्ञान की अल्पता की धारणाएँ, अयथार्थ होने के कारण, छोडनी चाहिए ।
3 प्राकृत भाषा जनभाषा रही है। उसके मागधी, शौरसेनी और अर्धमागधी आदि रूपो को क्षेत्रीय मानना चाहिए। हाँ, उनकी अन्योन्य प्रभाविता एक सहज तथ्य है। प्रत्येक जनभाषा मे अनेक भाषाओं एवं उपभाषाओं के शब्दों का समाहार होता है। इसीलिए इनमें एक ही अर्थ के द्योतक

शब्दों के अनेक रूप होते हैं । इसलिए इसका कोई स्वतन्त्र एव विगलित व्याकरण नहीं हो सकता । अत इसके प्रथम स्तर के जनभाषाधारित साहित्य को व्याकरणातीत मानना चाहिए । दिगम्बरों के आगम–तुल्य प्राचीन ग्रथो की भाषा दूसरी–तीसरी सदी की शौरसेनी–गर्भित अर्धमागधी प्राकृत है। इसे स्वीकार करने मे अनापत्ति होनी चाहिए ।

4 व्याकरणातीत भाषा और साहित्य ही सर्वजन या बहुजन (90% और उससे अधिक) बोधगम्य हो सकता है। व्याकरण–निबद्ध भाषा तो अल्पजन बोधगम्य होती है। यह तथ्य हम किसी भाषा – हिन्दी साहित्य और उसकी अनेक प्रान्तीय/ क्षेत्रीय बोलियो के आधार पर भी अनुमानित कर सकते हैं ।

5 व्याकरणातीत जन भाषाओं को उत्तरवर्ती व्याकरण–निबद्ध करने की प्रक्रिया जन भाषाओ के विकास के इतिहास के परिज्ञान मे व्याघात करती है। साथ ही, इन जन भाषाओ के विकास के समय का कोई प्राचीन व्याकरण उपलब्ध नहीं है जिसके आधार पर उनकी भाषा नियन्त्रित की जा सके । इस दृष्टि से कोई भी शब्दरूप आगम–बाह्य नहीं हो सकता ।

6 आगम–तुल्य ग्रथो मे एक ही अर्थवाची अनेक शब्द रूपो को यथावत् रहने देना चाहिए । किसी को भी सम्पादन–बाह्य या अमान्य नही करना चाहिए । चूँकि आगमो मे सभी प्रकार के शब्द रूप पाए जाते हैं, अत किसी एक रूपो को वरीयता देने के लिए केवल उसे ही व्याकरण–सगत मान लेने की मनोवृत्ति छोड देनी चाहिए । हॉ, अन्य उपलब्ध शब्द रूपो को प्रतियो के आधार पर पाद–टिप्पण में अवश्य दे देना चाहिए । ऐसा करने से आगमो में एक ही शब्द के भिन्न–भिन्न रूप होने की पुष्टि भी होगी। आगमो की प्राचीन विविधता तथा मूलरूपता अक्षुण्ण रहेगी। यह इसलिए भी आवश्यक है कि हमारे पास कुन्दकुन्द के द्वारा हस्तलिखित कोई प्रति नही है और अभी सम्पादन मे 1500 वर्ष बाद की उपलब्ध आधार प्रति (?) काम मे ली जा रही है।

7 सम्पादन–भाषिक या अन्य की स्वस्थ परम्परा को स्वीकार कर पूर्व सम्पादित ग्रन्थो के अगले सस्करणों मे सशोधन कर लेना चाहिए । इस परम्परा मे निम्न बाते मुख्य हैं ·

(अ) मूल आधार प्रति की गाथा पहले दी जाए ।

(ब) उसके बाद सशोधित या सम्पादित रूप दिया जाए ।

(स) अन्वयार्थ या भावार्थ दिया जाए ।

(द) अन्य प्रतियो के आधार पर पाद–टिप्पण अवश्य दिए जाएँ।

उपरोक्त धारणाओं से यह नहीं समझना चाहिए कि शौरसेनी के स्वतन्त्र भाषिक विकास में किसी को कोई आपत्ति है। यह समीक्षण मात्र जनभाषा प्राकृत या अर्धमागधी के साहित्य के शौरसेनी अथवा उसकी ऐतिहासिक बहुरूपता के एक रूपकरण के निराकरण और प्राचीन सही मार्ग के दर्शाने मे है। अन्यथा शौरसेनी का स्वतन्त्र विकास हो, उसमें नया साहित्य निर्मित हो, यह तो प्रसन्नता की बात ही होगी । इसके लिए जो विद्वज्जन योगदान कर रहे हैं—वे धन्यवादार्ह हैं।

जैन सस्कृति की दिगम्बर परम्परा के सरक्षण और परिरक्षण के लिए उसके प्राचीनत्व को स्थायी रखने के लिए दिए गए इन सुझावो को 'अस्मिता' की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए एव भविष्य मे इन्हें अपनाकर और अधिक पुण्यार्जन करना चाहिए । इससे जैन–तन्त्र की सुसंगत श्रेष्ठता की धारणा लोकप्रियता प्राप्त करेगी।

सन्दर्भ:

1 ओशो, रजनीश, 'महावीर मेरी दृष्टि मे, पुणे 1994
2 शास्त्री, नेमचन्द, महावीर और उनकी आचार्य परम्परा, दि जैन, विद्वत् परिषद्, सागर, 1975, पेज 223
3 तथैव, प्राकृत भाषा और साहित्य का इतिहास, तारा बुक डिपो, काशी, 1988 पेज 30–409
4 तिवारी, भोलानाथ, सामान्य भाषा विज्ञान, इलाहाबाद, 1984
5 हीरालाल, शौरसेनी आगम साहित्य की भाषा का मूल्याकन, कुन्दकुन्द भारती, दिल्ली, 1995
6 जैन सुदीप, व्यक्तिगत पत्राचार
7 आचार्य कुन्दकुन्द, समयसार, कुन्दकुन्द भारती, दिल्ली, 1978
8 मालवणिया, दलसुख, आगमयुग का जैन दर्शन, सन्मति ज्ञानपीठ आगरा 1966
9 रत्नागर, शिरीन, होट लाइन, बबई 9–2–95 पेज 30
10 शास्त्री, बालचन्द, षट्खडागम एक अनुशीलन, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1992
11 शास्त्री, पदमचन्द, 'अनेकान्त' दिल्ली 46–47, 4–1, 1993–94
12 जैन सुदी,, प्राकृत विद्या दिल्ली 7–3–1995 पेज 62
13 शास्त्री पद्चन्द, अनेकान्त दिल्ली, (अ) 47–4, 1994 (ब) 48–1–1995
14 जैन, बलभद्र; देखिये, सन्दर्भ 7 मुन्नुडि तथा प्राकृत विद्या, दिल्ली (स) 5, 23 1993
15 आप्टे, व्ही एस, सस्कृत–इग्लिश डिक्शेनरी, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली 1993, पेज 393
16 देखिए, सन्दर्भ– 2
17 शास्त्री पदमचन्द, हिमालय में दिगम्बर मुनि, कुन्दकुन्द भारती, दिल्ली 1995
18 जैन, एस ए, रीयालिटी, ज्वालामालिनी ट्रस्ट, मद्रास, 1992
19 जैन, उदयचन्द, कुन्दकुन्द शब्दकोष, विवेक बिहार दिल्ली ।
20 स्वामी सुधर्मा, समवाओ, जैन विश्वभारती, लाडनू 1954 पेज 183
21 ढाकी, एम ए, (अ) दलसुख मालवणिया अभि ग्रथ पेज 187, (ब) व्यक्तिगत चर्चा

22 खड़बड़ी बी के, प्राकृत विद्या, दिल्ली 7–3–95, पेज 97
23 जैन, राजाराम, तथैव, पेज 75
24 देखिये संदर्भ 8 और 4
25 जैन गोकुल चन्द्र, जैन सिद्धात भास्कर, आरा 45 1–2, 1992 पेज 1–9 अ
26 चन्द्रा के आर, प्राकृत विद्या, दिल्ली 7–3–1995 पेज 39 तथा व्यक्तिगत चर्चा
27 जैन, अजित प्रसाद, शोधादर्श, नवम्बर 1999 लखनऊ
28. जैन, एम एल, अनेकान्त, पूर्वोक्त अक
29 आचार्य समन्तभद्र, रत्नकरण्ड श्रावकाचार, प्रज्ञा पुस्तक माला, लुहर्रा 1983 पेज 15
30 वर्णी, जिनेन्द्र, जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश–2, भारतीय ज्ञानपीठ 1986 पेज 379, 390

●

जीव की परिभाषा और अकलंक*

जैन न्याय, प्रमाणवाद एवं अनेकान्तवाद के प्रकाशक भट्ट अकलक का नाम सुनते ही न्याय और सिद्धान्त के विद्वानो को महान गौरव का अनुभव होता है। यद्यपि सिमोगा जिले में प्राप्त दसवीं सदी के एक शिलालेख मे उनका नाम पाया गया है, फिर भी यह दुर्भाग्य की बात है कि उनका प्रामाणिक जीवन–चरित्र उपलब्ध नहीं है और हम प्रभाचन्द्र के कथाकोष, मल्लिषेण–प्रशस्ति एव राजावली कथा से ही उनके जीवन की कतिपय घटनाओ का विवरण पाते हैं । उनकी प्रशसा मे श्रवणबेलगोला मे अनेक अभिलेख हैं । 67 वे अभिलेख में साहसतुग को उनका सरक्षक बताया गया है। इनका जीवन काल 720–780 ई माना जाता है। इनके जीवन काल मे महाराज दतिदुर्ग साहसतुग (725–757 ई.), अकालवर्ष शुभतुंग (757–773 ई), गोविन्द द्वितीय (773–779 ई.) एव ध्रुव (779–793 ई) नामक चार राजाओ ने राष्ट्रकूट क्षेत्र (महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और दक्षिण मे आध्र, कर्नाटक) में प्रभावी राज्य किया। इसी काल मे राजस्थान–गुजरात मे आचार्य हरिभद्र (740–785 ई), उत्तर प्रदेश के कन्नौज और बगाल के आचार्य वप्पभट्टि (743–838 ई.) और बदनावर, मध्यप्रदेश मे आचार्य जिनसेन प्रथम ने जिन धर्म प्रभावना की एव साहित्य सृजन किया । हरिभद्र और जिनसेन तो उनके विषय में जानते थे, पर सम्भवत वप्पभट्टि इनसे अपरिचित रहे होगे। अकलक का युग शास्त्रार्थी युग था। प्राय· आचार्यों का बौद्धों से शास्त्रार्थ होता था। वप्पभट्टि ने छ· महीने तक चले शास्त्रार्थ मे बौद्ध विद्वान वर्धनकुजर को हराया था। हरिभद्र ने भी महाराज सूर्यपाल की सभा में बौद्धों को हराया। अकलंक ने भी साहसतुंग के समय में बौद्धो को हराया। उन्होने उड़ीसा में शास्त्रार्थ का डका बजाया था।

अकलंक के 4 मौलिक और 2 टीका ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं। मौलिक ग्रंथों मे प्रमाण, नय और निक्षेपों की विशद् चर्चा है। यह ऐसी उच्च स्तरीय एव तर्कशास्त्रीय चर्चा है कि इसी के कारण "प्रमाणमकलंकस्य" की उक्ति

---

* यह शोध–पत्र "तुलसी प्रज्ञा" 22.4.1997, लाडनू में प्रकाशित हुआ है ।

प्रसिद्ध हुई है। यह हर्ष की बात है कि इनके सभी मौलिक ग्रन्थ सटिप्पण प्रकाशित हो चुके हैं। इनके टीकाग्रन्थो में (1) समन्त्रभद्र की 'आप्तमीमासा' पर अष्टशती--800 श्लोक प्रमाण टीका एव (2) उमास्वामी के तत्त्वार्थसूत्र पर राजवार्तिक टीका है। इनमे अकलक की तर्कशैली, प्रश्नोत्तरशैली और अनेकान्तवाद आधारित निरूपण शैली मनोहारी है। जैन न्याय के तो वे जनक हैं। विचारों के विकास की दृष्टि से ऐसा प्रतीत होता है कि अकलंक ने टीका ग्रन्थ पहले और मौलिक ग्रथ बाद मे लिखे होंगे। उदाहरणार्थ, राजवार्तिक मे प्रत्यक्ष के दो भेद नहीं हैं, वे लघीयस्त्रय में हैं। हम यहां केवल राजवार्तिक में वर्णित जीव की परिभाषा पर विचार करेगे।

राजवार्तिक उमास्वामी के तत्त्वार्थसूत्र की टीका है। इसमे गद्यात्मक रूप में सर्वार्थसिद्धि टीका के अधिकांश वाक्यों को स्वतन्त्र रूप में नये रचे वार्तिक के रूप में प्रस्तुत कर उनकी व्याख्या की गयी है। सम्भवत यह नैयायिक विद्वान उद्योतकर के न्यायवार्तिक का अनुकरण है। तत्त्वार्थसूत्र के अनेक प्रकरणो मे आगमिक परम्परा अनुमोदित हुई है, (कर्मबन्ध के पांच हेतु, प्रत्यक्ष के दो भेद, अनुयोगद्वार आदि), अत अकलक ने भी अपनी टीका मे प्राय उसका अनुसरण किया है।

'जीव' शब्द

राजवार्तिक मे तत्त्वार्थसूत्र के विषयो के अनुसार सात तत्त्वो का भाष्य रूप मे तार्किक एव अनैकान्तिक विवरण है। मनोरजक बात यह है कि उमास्वामी के मूलसूत्रो में "आत्मा" शब्द का प्रयोग नहीं है, वहा प्रत्येक स्थल पर "जीव" शब्द ही प्रयुक्त हुआ है। यह भी 11 स्थलों पर आया है। इनमे केवल 2–3 स्थानो पर ही जीव की परिभाषा दी गई है। इससे अनेक बातें ध्वनित होती हैं। प्रथम, उमास्वामी के युग तक जैनो में 'आत्मा' शब्द लोकप्रिय नहीं हो पाया होगा। इस शब्द की स्थिति ठीक उसी प्रकार की लगती है जैसे उत्तरवर्ती काल में "अस्तिकाय" के लिये "द्रव्य" शब्द का समाहार हुआ या "पर्याय" के लिये "विशेष" शब्द का प्रचलन हुआ। लगता है कि टीकाकारो के युग मे, कम से कम दक्षिण में 'आत्मा' शब्द प्रचलन में था । फलत जैसे दार्शनिक शब्दावली की समकक्षता के स्थापन की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष को इन्द्रिय (एवं अनिन्द्रिय) के रूप में भी माना गया, परमाणु को व्यवहार रूप मे भी माना गया, उसी प्रकार, अन्य दर्शनों के साथ तुलना की दृष्टि से जीव के लिये 'आत्मा' से अभिहित करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई।

परिभाषा के प्रारम्भिक रूप

जैन दर्शन में 'जीव' शब्द जिस घृणा और भर्त्सना से वर्णित किया गया है, उसे देखकर जहा आचार्य की सूक्ष्म निरीक्षण शक्ति का आभास होता है, वहीं उनकी अतिशयोक्ति अलकार एव वीमत्स रस में प्रवीणता भी प्रकट होती है। ये वर्णन आज के मनोवैज्ञानिक प्रचार तन्त्र को भी मात करते हैं।

सर्वाधिक प्राचीन पुस्तक– आचारांग में जीव के वाचक 4 शब्द हैं–'प्राण', 'भूत', 'जीव' एवं 'सत्व'। भगवतीसूत्र और शीलाकाचार्य ने इनके जो अर्थ किये हैं, वे नीचे सारणी 1 मे दिये गये हैं। भगवती 21 ने इनमें 2 शब्द और जोडे हैं और बाद में जीव के 23 पर्यायवाची बताये हैं। इनमे "आत्मा" भी एक पर्यायवाची है। इसका अर्थ निरन्तर ससार–भ्रमण–स्वभावी बताया गया है (अभयदेव सूरि)। फलतः जीव का प्रारम्भिक अर्थ तो संसारी जीव ही रहा है। अन्य दर्शनों से "आत्मा" शब्द के समाहरण पर भी उसका प्रारम्भिक जैन अर्थ संसारी जीव ही रहा है, उसका अन्य अर्थ (शुद्ध जीव, जीव–कर्म आदि) उत्तरवर्ती विकास है।

सारणी 1 : जीव–वाचक प्राचीन शब्दों के अर्थ

शब्द	भगवती	शीलांक
1 प्राण	दस प्राणों से युक्त	2–4 इन्द्रिय जीव (त्रस)
2 भूत	त्रैकालिक अस्तित्व	एकेन्द्रिय वनस्पति (स्थावर)
3 जीव	आयुष्यकर्म एव प्राणयुक्त	पचेन्द्रिय (त्रस)
4 सत्व	कर्म–सम्बन्ध से विषादी	एकेन्द्रिय पृथ्वी आदि चार (स्थावर)
5 विज्ञ	खाद्य–रसो का ज्ञाता	–
6 वेद	सुख–दुःख सवेदी	–
7 आत्मा	सतत ससार भ्रमणी	–

चतुर्वेदी का विचार है कि मानव के प्रारम्भिक वैचारिक विकास के प्रथम चरण मे वह क्रियाकाडी एवं सामान्य बुद्धिवादी था। यह इहलौकिक जीवन को ही परमार्थ मानता था। वह वस्तुत चार्वाक था। अपने विकास के द्वितीय चरण में मानव चितनशील, बुद्धिवादी, कल्पनाप्रवीण एवं प्रतिभावान बना। इस चरण में उसने आत्मवाद एव उससे सहचरित अनेक सिद्धान्तो की बौद्धिक कल्पना की जिससे वह न केवल हिसात्मक क्रियाकांडों से ही मुक्ति पा सका, अपितु अध्यात्मवाद के साये मे उसने जीवन को अनन्त सुखमय बनाने का महान आशावादी उद्देश्य और लक्ष्य भी पाया। अपने बुद्धिवाद से उसने सामान्य–अर्थी सतत–बिहारी 'आत्मा' शब्द का ही अमूर्तीकरण नहीं किया, अपितु अनेक भौतिक प्रक्रमों एवं वस्तुओं (प्राण, इन्द्रिय, मन आदि) का भी अध्यात्मीकरण किया। इस प्रक्रिया में जीवन की घटनाओं की व्याख्या सामान्यजन के लिये दुरवबोध हो गई। जल, थल व नभ आदि के अध्यात्मीकरण ने ऋषि–मुनियों को जो भी प्रतिष्ठा दिलाई हो, पर सामान्यजन तो परेशानी में ही पड़ा। वह आत्मवादी बने या जीववादी? आत्मवादी बनने में अनन्त सुख एवं आयु थी, जीववादी बनने में सान्त सुख एवं सीमित आयु थी। एक ओर कल्पना जगत् का आनन्द था, दूसरी ओर व्यावहारिक जगत् की आपदायें थीं। श्रमण–संस्कृति एवं उपनिषदों के उपदेष्टा साधु जीवन की श्रेष्ठता की चर्चा कर उसे उत्सर्ग मार्ग बताते थे,

अपवादी तो बेचारा 'जीव' माना गया। बहुसख्यकों की यह अप्रतिष्ठा धर्मज्ञ ही कर सकते थे। यह स्थिति अब तक बनी हुई है। इससे आत्मवाद मौलिक सिद्धान्त हो गया। जैनों में तो आत्मप्रवाद नाम से एक स्वतन्त्र पूर्वागम ही माना जाता है, यद्यपि इसके नाम से प्रकट है कि यह एक विषमवादी प्रकरण रहा है। इसीलिये कबीर को भी अपने समय में यह कहना पडा कि मैं बाजार में भाषण दे रहा हूँ पर श्रोतागण नदारद हैं। क्यों ? अब मानवबुद्धि इसका उत्तर दे सकती है। अध्यात्मवादी, मान्यताओं की कोटि व्यावहारिक जगत् की विरोधी दिशा मे जाती है। इनके बीच समन्वय कम दिखता है। अत सामान्य जन 'जीव' बने रहने मे साधु बनने की अपेक्षा, अधिक आनन्द मानता है। वह सोचता है कि सासारिक कष्ट तो हलुए मे किशमिस के समान है जो उसके आनन्द को ही बढाते हैं। सत्यभक्त ने बताया है कि ससार मे शारीरिक और मानसिक दु खो की सख्या 108 है और मूलत 8 प्रकार के सुखो (जीवन, विद्या, प्रेम, विषय, महत्त्वाकाक्षा आदि) के उपभेद 72 हैं। लेकिन सख्या कुछ भी हो परिमाण की दृष्टि से ससार मे सुख की मात्रा दु ख से कई गुनी अधिक है। नहीं तो, "जीवण पियं" क्यो मानता? फलत ससार की दु खमयता की धारणा तर्कसगत विचार चाहती है। यह नकारात्मक प्रवृत्ति, निवृत्ति मार्ग मे, निषेधात्मक आचारवाद है। यदि हम ससार को सात और सुखमय माने, तो हमारी प्रवृत्ति सकारात्मक एव सुख के बढाने की होगी। इस मान्यता से जैनो के मूल उद्देश्य का भी विरोध नहीं होगा क्योंकि अनन्त सुख, सान्त सुख का वहिर्वेशन मात्र है।

संसारी जीव (कर्म) आत्मा—अनन्त सुख (मोक्ष)

दु खमयता की धारणा ने हमें यथास्थितिवादी बनाये रखा है। यही कारण है कि हम संसार को सदैव दु खमय बनाकर रखे हुए हैं और व्यक्तिवादिता का पल्लवन कर रहे हैं। न्यायाचार्य ने ठीक ही कहा है कि हम ससार की 4 गतियो मे से मनुष्य और पशु गति को तो प्रत्यक्ष ही देखते हैं। इनकी निन्दा भी करते हैं। पर, फिर भी उन्हीं मे पुन उत्पन्न होना चाहते हैं । यह कितने आश्चर्य की बात है ?

परिभाषा के विविध रूप

जैनाचार्यों ने ससारी जीव की इस सामान्य बुद्धि पर सूक्ष्मता से विचार किया और अनेकान्त—प्रतिष्ठापन युग में द्रव्य—भाव, व्यवहार—निश्चय, अंतर—बाह्य, आत्मभूत—अनात्मभूत आदि की धारणाएँ प्रस्तुत कर बताया कि प्रत्येक वस्तु के अनेक रूप होते हैं। उसका स्वरूप सापेक्ष दृष्टि से ही जाना जा सकता है। सम्पूर्ण स्वरूप तो सर्वज्ञ ही जानता है, पर भाषा की सीमाओं के कारण वह भी कहा नहीं जा सकता। वह अवक्तव्य ही होता है। इसीलिये जीव की परिभाषाएँ अनेक रूप और शब्दावली में पाई जाती है।

इस आधार पर जीव और आत्मा सह–सम्बन्धित हो गए हैं। जीव को आत्मा की एक दशा मान लिया गया। जब जीव को देहबद्ध रूप में माना जाता है, तब उसकी परिभाषा ऐसी होती है जो आत्मा पर लागू नहीं भी हो। जब उसे देहमुक्त रूप में माना जाता है, तब वह आत्मा हो जाता है और परिभाषा अधिक मूलभूत हो जाती है। अनेक आचार्य एक ही वस्तु की भिन्न–भिन्न परिभाषाओं को विभ्रमण मानते हैं और वे जीव और आत्मा की परिभाषाओं को मिश्रित रूप में प्रस्तुत करते हैं जिनमे मूर्त और अमूर्त या द्रव्य और भाव–दोनों प्रकार के लक्षण समाहित होते हैं। जैन लक्षणावली में जैन शास्त्रों से जीव की परिभाषा के 52 सन्दर्भ दिये गये हैं।

जीव की परिभाषा के सन्दर्भ में यह सचमुच आश्चर्य की बात है कि शास्त्रो मे जीवो के सम्बन्ध में विवरण तो पर्याप्त हैं, पर्यायवाची भी अनेक बताए गए हैं, पर इसकी परिभाषा कुछ ही ग्रन्थो मे पाई जाती है। भगवती और प्रज्ञापना में जीव के पाँच रूप बताए गए हैं .–

शरीर या भौतिक रूप : 1 नारकीय, कर्म, शरीर 2 शरीर, अवगाहन, योनि, श्वासोच्छ्वास, आहार, प्रविचार, भाषा, जन्म–मरण, आयु ।

ज्ञानात्मक रूप : 1 दर्शन, ज्ञान, उपयोग 2 इन्द्रिय, उपयोग, संज्ञा / मन

संवेग / मनोभावी रूप · 1 लेश्या, दृष्टि, सज्ञा 2 कषाय, लेश्या, सम्यक्त्व।

क्रियात्मक रूप · 1 योग 2 योग, संयम ।

संवेदनात्मक / अनुभूति सुख–दुःख, शीत–उष्ण, वेदना आदि ।

"जीव पर्याय / परिणाम" के रूप मे ये एकीकृत रूप "जीव" (सदेह आत्मा) के ही हो सकते हैं। प्रारम्भ में मार्गणा स्थानों को भी "जीव स्थान" ही कहा जाता था। उन्हें भी इन 5 रूपो मे वर्गीकृत किया जा सकता है।

इस प्रकार, प्रारम्भ मे जीव का स्वरूप पचरूप था। सभी रूपों की समकक्ष मान्यता रही है। उमास्वामी ने तत्त्वार्थसूत्र मे प्राय इन सभी (शरीरादि, मनोभाव, उपयोग, योग एवं वेदना) रूपों के माध्यम में जीव का ही वर्णन किया है। लेकिन जब जीववाद, आत्मवाद में परिवर्द्धित हुआ, तब इनमे से उपयोगात्मक परिभाषा मुख्य हो गयी और अन्य परिभाषाएँ द्वितीय कोटि में चली गई। आत्मा (शुभ या शुद्ध?) स्वामी हो गया और जीव बेचारा दास हो गया।

आगमोत्तर काल के शास्त्रों में प्राप्त जीव की परिभाषाओं को तीन वर्गों में विभाजित किया जा सकता है :

1. 'जीव' शब्द पर आधारित परिभाषाएँ – प्राण, आयु आदि / मनोभाव ।
2. जीव के ज्ञानात्मक / आध्यात्मिक स्वरूप पर आधारित परिभाषाएँ– ज्ञान, दर्शन, सुख–दुःख, वीर्य, उपयोग और ।
3. जीव के भौतिक एवं आध्यात्मिक स्वरूप पर आधारित परिभाषाएँ या मिश्र परिभाषाएँ – प्राण और उपयोग ।

इन परिभाषाओं का ऐतिहासिक अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि जीव की प्रारम्भिक परिभाषा प्राणधारण (द्रव्य प्राण) और आयुष्य ग्रहण से सम्बन्धित रही होगी। 'प्राण' शब्द का सामान्य अर्थ श्वासोच्छ्वास होता है, पर जैनो का अर्थ अन्य तन्त्रों की तुलना में व्यापक है। उसके अन्तर्गत बल, इन्द्रिय, आयु और श्वासोच्छ्वास समाहित होते हैं। ये सभी पौद्‌गलिक हैं तथा आयु और नामकर्म के रूप हैं। फलत जीव की यह प्रारम्भिक परिभाषा भौतिक दृष्टि को निरूपित करती है। यह आचारांग सूत्रकृत, स्थानांग, प्रज्ञापना, कार्तिकेयानुप्रेक्षा, धवला–1 तथा कुन्दकुन्द के प्रवचनसार एव पंचास्तिकाय मे पाई जाती हैं। आजीवक सम्प्रदाय भी जीव को परमाणुमय, वृत्ताकार या अष्टफलकीय आकृति वाला एव नीले रग का मानता था। धवला, भगवती एव पंचास्तिकाय में जीव के 17–23 नाम बताये गये हैं जिनमें अधिकाश जीव के भौतिक स्वरूप को परिलक्षित करते हैं। श्वेताम्बर आगमो मे जन्तु, जन्म, शरीरी आदि पद आते हैं जो धवला और कुन्दकुन्द के नामो मे नहीं हैं। इससे प्रकट होता है कि श्वेताम्बरों की तुलना मे दिगम्बर अधिक अमूर्त आत्मवादी हैं। यह आत्मवाद भौतिकवाद का उत्तरवर्ती रूप लगता है। भाव प्राणो की धारणा से जीव के लक्षणो मे कुछ व्यापकता आई है।

उक्त भौतिक परिभाषाओं के अतिरिक्त जीव की भावात्मक या मनोभावात्मक परिभाषा भी है जिसमे कर्म–जन्य 4 भाव–औपशमिक, क्षायिक, क्षायोशमिक तथा औदयिक एव कर्म–निरपेक्ष पॉचवां पारिणामिक भाव–कुल 5 भाग समाहित हैं। यद्यपि अनुयोगद्वार मे 6 नामो के अन्तर्गत 6 भाव बताए हैं पर वहा उन्हे जीव का असाधारण लक्षण नहीं कहा है। सम्भवत यह उमास्वामी का योगदान है कि उन्होने जीव को मनोभावात्मक विशेषताओ से भी लक्षित किया। 'भाव' शब्द के अनेक अर्थ होते हैं–पर्याय, परिणाम, वर्तमान स्थिति आदि। पर जीव लक्षण के सम्बन्ध मे चित् विकार का मनोवैज्ञानिक अर्थ अधिक उप्युक्त लगता है। फलत जीव वह है जिसमे कर्म एव कर्मोदय के कारण अनेक प्रकार के मनोभाव भी पाए जाते हैं। यह मनोभावी परिभाषा तत्त्वार्थसूत्र के टीकाकारो के अतिरिक्त धवला तथा कुन्दकुन्द के कुछ ग्रन्थो मे पाई जाती है। "उपयोग जीव का लक्षण है" की प्रश्नावली में यह बताया गया है कि भौतिक लक्षण अनात्मभूत या सहकारी लक्षण है, प्रमुख या आत्मभूत लक्षण नहीं है । इस भौतिक परिभाषा में जीव के भौतिक/भावात्मक तत्त्व (शरीर, योनि, अवगाहन आदि) तथा क्रियाऍ (योग) एव कर्म–जन्य मनोभाव समाहित होते हैं। फलत यह परिभाषा मात्र भाव प्राणी पर लागू नहीं होती ।

अध्यात्मवादी उपयोगात्मक परिभाषा

जीव की दूसरी परिभाषा संवेदनशीलता से सम्बन्धित है। सम्भवतः आचार्यों की यह मान्यता है कि उपरोक्त भौतिक एव भावात्मक परिभाषा जीव की मौलिक संवेदनशीलता के कारण ही हैं। इसको शास्त्रो में अनेक रूपों में व्यक्त किया गया है। हमें उमास्वामी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिये कि उन्होंने इस कोटि की अनेक परम्परागत परिभाषाओ को एकीकृत कर उसे "उपयोग" पद के अन्तर्गत समाहित कर दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने उत्तराध्ययन की परिभाषा को अपना आधार बनाया होगा। इस कोटि की विविध परिभाषाओं के अध्ययन से पता चलता है कि ये अनेक रूपों में व्यक्त की गई हैं : 1. उपयोग लक्षण, 2 चेतना लक्षण, 3. चेतना एव उपयोग लक्षण, 4 ज्ञान स्वभाव, 5. ज्ञान–दर्शन स्वभाव, 6 सुख–दुःख ज्ञान उपयोग स्वभाव, 7. ज्ञान–दर्शन सुख–दु ख, तप, चारित्र, वीर्य, स्वभाव और, 8 भाव प्राण धारण स्वभाव। कुन्दकुन्द ने प्रवचनसार में चेतना और उपयोग दोनो को जीव का लक्षण बताया है। इससे यह अनुमान होता है कि एक समय ऐसा था जब इन दोनों शब्दों में अर्थभेद रहा होगा। वस्तुत· चेतना सामान्य गुण है जिसकी अभिव्यक्ति का रूप उपयोग है। यह ज्ञान, दर्शन, सुखानुभूति, वीर्यानुभूति या आन्तरिक कर्जानुभूति आदि अनेक रूपो में होती है। पूज्यपाद भी जीव की अनेक प्रकार की चेतना मानते हैं एव आत्मा को उपयोगमय मानते हैं। इस प्रकार चेतना के अनेक क्षमतात्मक और क्रियात्मक रूपों का पता चलता है।

पूज्यपाद और अकलक–दोनों ने ही चेतना के अनेक प्रकारों की चर्चा की है एव उत्तराध्ययन के व्यापक लक्षणो को एक ही शब्द से कह दिया है। फिर भी, उमास्वामी उपयोग या चेतना को केवल ज्ञान दर्शनात्मक ही मानते हैं क्योकि सूत्र 28 में उन्होंने इसका स्पष्ट उल्लेख किया है। यह मान्यता प्रवचनसार, भगवती के समान ग्रंथों के अनुरूप भी है। सम्भवतः उनकी यह मान्यता हो कि सुख–दु ख आदि की अनुभूति ज्ञानदर्शन य सवेदनशीलता पर ही आधारित है। सभी प्रकार की अनुभूतियो का मूल आधार चैतन्य है। इसलिये सभी एक ही पद में समाहित हो जाते हैं। इस प्रकार अध्यात्मवादी जीव या आत्मा की परिभाषा को निम्न रूप मे व्यक्त किया जा सकता है

चैतन्य=उपयोग=भावप्राण=ज्ञान–दर्शनादि=जीव/आत्मा

सामान्यत· "उपयोग" शब्द की तुलना में 'चेतना' शब्द की परिभाषा कम मिलती है। तथापि धवला–1 (146) के अनुसार 'चैतन्य' शब्द संवेदनशीलता का निरूपक है। इसी के कारण ज्ञान और दर्शन आदि की प्रवृत्तियां होती हैं। अतः कार्य में कारण का उपचार कर ज्ञान–दर्शनादि के ही चैतन्य मान लिया जाता है। प्रारम्भ में "चेतना" शब्द से केवल प्रत्यक्ष पदार्थ का ग्रहण प्रतिभासन या संवेदन का अर्थ लिया जाता था पर बाद में इसे त्रैकालिक

विषयों के संवेदन के व्यापक अर्थ मे लिया जाने लगा। इस प्रकार "चेतना" भी "चार्वाक" से "अध्यात्मवादी" हो गयी। यह विचार–विकास का एक अच्छा उदाहरण है।

जैन लक्षणावली (पेज 274) में चैतन्य के लक्षण के 1–2 संदर्भों की तुलना मे उपयोग के 28 सदर्भ दिये गये हैं। सभी के चैतन्य के बाह्य और आभ्यन्तर निमित्तों से होने वाले जीव के परिणामो को उपयोग कहा गया है। इसके अन्तर्गत उपयोग रूप भावेन्द्रिय भी समाहित हो जाती है। अनेक परिभाषाओ मे उप+योग (क्रिया) के रूप मे व्युत्पत्तिपरक अर्थ भी दिया गया है जिससे इसकी क्रियात्मकता एवं परिणात्मकता व्यक्त होती है। इससे ज्ञान–दर्शनादि का निकटतम सयोजन ही उपयोग होता है। इसी को अकलक और पूज्यपाद ने "चैतन्यान्यी परिणाम" कहा है। इस प्रकार, उपयोग सवेदनशीलता की अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपो को माना जाता है। इस परिभाषा से एक तथ्य तो प्रकट होता ही है कि उपयोग भी अशत भौतिक है क्योकि यह सदेह जीव मे ही होता है । सिद्ध या शुद्ध आत्मा तो उपयोगातीत प्रतीत होती है। यहां यह भी ध्यान रखना चाहिये कि जीव की परिभाषाओं के रूपो मे जितनी विविधता है, उतनी उपयोग के स्वरूपो मे नहीं पाई जाती । इससे जीव की परिभाषा की सापेक्ष जटिलता प्रकट होती है।

परिभाषा का मिश्रित रूप

जीव की तीसरी कोटि की परिभाषा भौतिक एव ज्ञानात्मक परिभाषाओ का निश्चित रूप है। यह जीव की व्यावहारिक परिभाषा है। इस परिभाषा मे जहा एक ओर जीव को कुन्दकुन्द रूप, रस आदि रहित गुणातीत के रूप मे बताते हैं, वही वे कर्म सम्बन्ध से उसे मूर्तिक (अनिर्दिष्ट संस्थान) भी बताते हैं । जीव के अनेक नामो मे 80 प्रतिशत नाम मूर्तता के प्रतीक हैं और केवल 20 प्रतिशत अमूर्तता के। वे चेतना के 3 रूप करते हैं– ज्ञान, कर्म, और कर्मफल तथा उसके विस्तार मे जीव के मूर्तिक और अमूर्तिक रूप को व्यक्त करते हैं। जीव की इस मिश्र परिभाषा मे किंचित् विरोध सा लगता है। इसलिये अनेकान्त पर आधारित व्यवहार–निश्चयवाद या द्रव्य–भाववाद का आश्रय लेना स्वाभाविक ही है । मूर्तता सम्बन्धी सारे लक्षण व्यवहारी एव सामान्यजनो के अनुभव में आते हैं। उनमे से अधिकाश, वैज्ञानिकतः प्रयोग समर्थित भी हैं। कुन्दकुन्द का कथन है कि व्यावहारिक लक्षण अजीव धर्मों के कारण है जिन्हे हमने जीव के ही लक्षण मान लिये हैं। इसलिये व्यवहार भाषा के समान इनके बिना सामान्य जन सूक्ष्म तत्त्व को (शुद्ध आत्मा) कैसे समझेगा? लेकिन जहा कुन्दकुन्द एक अच्छे वैज्ञानिक की भाति अपने अनुभूत कथनों को सुधारने की बात कहते हैं, वहीं वे व्यवहार को "अभूतार्थ" कहकर उसको अमान्य करने के संकेत देते हैं। वे स्थूल, कर्ममलिन जीव के

वर्णन से प्रारम्भ कर सूक्ष्म आत्मा की ओर जाते हैं और उसके स्वरूप को सामान्यजन की बुद्धि के बाहर तथा मनोहारी बना देते हैं। भला, अभूतार्थ या असत्य से सत्य की ओर कैसे पहुँचा जा सकता है? संसारी जीवों को यह बात पसन्द नहीं आई और कुन्दकुन्द एक हजार वर्ष तक गुप्त या लुप्त ही पडे रहे। यह स्पष्ट है कि जीव की यह मिश्र परिभाषा दिगम्बरों द्वारा लुप्त रूप से मान्य कुछ प्राचीन ग्रन्थो से मेल खाती है । यह परिभाषा "जीव" और "आत्मा" को पर्यायवाची मानने के प्राचीन युग से प्रचलित रही है। उत्तरवर्ती आचार्यों ने केवल विरोधी से लगने वाले लक्षणों की दो कोटियाँ बनाकर व्यवहारी जीव को परेशान कर दिया।

अकलंक के राजवार्तिक से जीव की परिभाषा

तत्त्वार्थसूत्र में 'जीव' शब्द का ही उपयोग है और उसी की मिश्र परिभाषा ही अनेक सूत्रों के माध्यम से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में (2, 1, 2, 7, 2 8, 2–53, 6 1, 8 1–39) मे दी गई है जो प्राचीन ग्रन्थों के अनुरूप है। उनके प्रथम टीकाकार पूज्यपाद तो शुद्ध अध्यात्मवादी लगते हैं (यद्यपि उन्होने भी 8 2 मे जीव का व्युत्पत्तिपरक अर्थ किया है (क्योंकि उन्होने पहले ही तत्त्वनिर्देशक सूत्र 1 4 मे "चेतनालक्षणो जीव" कहकर "उपयोगी लक्षण" मे भी उसे अनुसरित किया है। इसके विपर्यास मे अकलक ने प्राण धारण रूप व्युत्पत्तिपरक अर्थ के साथ चैतन्य लक्षणी जीव बताया है। तथापि लघीयस्त्रय और सिद्धिविनिश्चय मे उनके चैतन्य लक्षणी जीव की परिभाषा से ऐसा लगता है कि वे अपने जीवन के उत्तरकाल में आत्मवादी अधिक हो गये होगे क्योंकि ये रचनाएँ टीकाग्रन्थों के बाद की हैं। यही नहीं, सूत्र 2 8 में उन्होने जीव का अस्तित्व भी मिथ्यादर्शन आदि कारणो से उत्पन्न नर–नारकादि पर्यायो तथा उच्च ज्ञानियो द्वारा प्रत्यक्षता के तर्कों से सिद्ध किया है। साथ ही उपयोग के तदात्मकत्व, अस्थिरत्व एव सम्बन्ध के आधार पर जीव लक्षण को मान्य करने वाले मत्तो का खडन कर उपयोग का आत्मभूत लक्षणत्व सिद्ध किया है। उन्होने "अह–प्रत्यय, सशय, विपर्यय और अध्यवसाय के आधार पर भी जीव का अस्तित्व सिद्ध किया है। अकलक की जीव की परिभाषा पूज्यपाद एव वाचक उमास्वामी से व्यापक भी है क्योकि उन्होंने चैतन्य को ज्ञान–दर्शन आदि के साथ सुख–दुख वीर्य आदि के रूप में भी माना है।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि अकलंक जीववादी भी हैं और आत्मवादी भी हैं। इसलिये उन्होंने इस प्रश्न का भी उत्तर दिया है कि आत्मा जीव कैसे हो जाता है ? उनका कथन है कि आत्मा में विशेष सामर्थ्य होती है कि वह कर्मों से सम्बद्ध होकर जीव रूप धारण करले। उसमें यह सामर्थ्य उसके अनादिकाल से कर्मबद्ध होने के कारण आती है। इस प्रकार आस्था अनादि काल से जीव मूर्तिक ही है। इसलिये उसका कर्म से प्रभावित होना

स्वाभाविक ही है। इसे ठीक औषधियों तथा मदिरा आदि से जीव के चैतन्य के अभिभूत होने के समान समझना चाहिये। इस अनादि सम्बन्ध की धारणा से अकलंक जैसे तार्किक ने भी इस मूलभूत प्रश्न का उत्तर नहीं दिया कि शुद्ध आत्मा सर्वप्रथम कैसे जीव बना होगा ? यह प्रश्न आत्मवाद की धारणा पर बडा भारी प्रश्नचिह्न लगाता है। इसका उल्लेख जैनी ने भी अपनी पुस्तक में किया है। तत्वत शुद्ध आत्मा तो जन्म–मरण रहित है और उसका संसारिक रूप ही असमव है। अत ससार मे जीव या कर्मबद्ध जीव ही हैं। उनका ही वर्णन शास्त्रों में अधिकाश पाया जाता है। उनके नैतिक उत्थान, सुख–सवर्द्धन की दिशा एव निष्काम कर्मता की विधिया वहा बतायी गई हैं। फलस्वरूप अकलक ने जीव को अनेक जगह आत्मा का समानार्थी माना है, पर उनका आत्मवाद भी मनोवैज्ञानिक भित्ति पर स्थित है जो हमारे जीववाद मे आशावाद के दीप को प्रज्ज्वलित किये रहता है।

बीसवीं सदी और अकलंक

अकलक आठवीं सदी के विद्वान थे। जीववाद सम्बन्धी धारणाओ पर पिछले तीन सौ वर्षो मे पर्याप्त अनुसधान हुए हैं और अनेक तत्कालीन मान्यताएँ पुष्ट हुई हैं तथा कुछ परिवर्द्धन के छोर पर हैं। लेकिन आत्मा सम्बन्धी मान्यताएँ अभी भी विज्ञान के क्षेत्र से बाहर बनी हुई हैं।

अनेक लेखक, जिनमे वैज्ञानिक भी सम्मिलित हैं, आजकल भौतिकी एव परामनोविज्ञान सम्बन्धी पूर्वोक्ति, दूरदृष्टि, अलौकिक कारणवाद आदि के अन्वेषणो के आधार पर "पदार्थ पर मन के प्रभाव" की चर्चा करते हुये चेतना या सवेदनशीलता का स्वरूप बताकर आत्मवाद को परोक्ष वैज्ञानिक समर्थन देने वाले अनेक उद्धरण प्रस्तुत करते हैं। ये यह भी बताते हैं कि आत्मवाद और इसके साहचर्य सिद्धान्त दु खमय सासारिक जीवन मे आशावाद, उच्चतर लक्ष्य के लिये यत्न, सर्व जीवसमभाव एव सहयोग की वृत्ति का मनोवैज्ञानिकत पल्लवन करते हैं। इसके विपर्यास मे वे यह भी बताते हैं कि चेतना और मन समानार्थी से रहे हैं (जिसे आत्मा भी कहा जा सकता है।) पश्चिमी विचारक तो मन और आत्मा को समानार्थी ही मानते रहे हैं। अब मन के अनेक रूप सामने आए हैं–चेतन, अवचेतन, अचेन। चेतना के भी अनेक रूप सामने आए हैं –(1) अन्तरज्ञानात्मक या लोकोत्तर (2) आनुभविक या लौकिक एव (3) स्व–चेतना। चेतना की परिभाषा क्या है? यह बहुत स्पष्ट तो नहीं है, लेकिन अनेक लोग इसे मस्तिष्क की शरीर–क्रियात्मक मशीन का एक उत्पाद मानते हैं। वे इसे सवेदन और अनुभूति का आधार मानते हैं। टार्ट के समान प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक चेतना को एक विशेष प्रकार की मनोवैज्ञानिक उर्जा मानते हैं जो मन और मस्तिष्क को अपनी क्रियाओं के लिये सक्रिय करती है। यह एक जैविक कम्प्यूटर है जिसकी कार्यक्षमता अनेक दृश्य

(अनुभूति, शरीर क्रियाएँ, शिक्षा, संस्कृति) और अदृश्य (कर्म आदि) कारकों पर निर्भर करती है। मस्तिष्क के विशिष्ट केन्द्रों के सामने चेतना की भी अनेक विभक्त अवस्थाएँ होती हैं जो विशिष्ट गुणों के निरूपक होती हैं। योगी और वैज्ञानिक तथा विद्यार्थी और सामान्यजन की चेतना की अवस्थाएँ भिन्न–भिन्न होती हैं । हमारे मस्तिष्क की क्रियाएँ/दशाएँ चेतना की इन अवस्थाओं की प्रतीक हैं। आज के वैज्ञानिक मानते हैं कि सामान्य चेतना द्विरूपिणी होती है–भौतिक और मानसिक, मूर्त और अमूर्त। इसका मूर्त रूप हमारी सामान्य जीवन–क्रियाओं का निरूपक है और मानसिक रूप ज्ञान–दर्शन के गुणों का प्रतीक है। यह स्पष्ट है कि ये दोनो रूप अविनाभावी– से लगते हैं। आज की ये वैज्ञानिक मान्यताएँ अभी तक तो चेतना य आत्मा की अमूर्तता पुष्ट नहीं कर पाई हैं पर वे इसी दिशा की ओर अभिमुख हो रही हैं, ऐसा लगता है। इस तरह आज का विज्ञान अकलंक के बुद्धिवादी युग की धारणाओ को प्रयोगवाद का स्वरूप देता दिखता है ।

सहायक पाठ्यसामग्री

1 वर्णी, जिनेन्द्र. जैनेन्द्र सिद्धात कोश 2–3, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1943
2 वाचक, उमास्वाति तत्त्वार्थसूत्र, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी, 1976
3 तथैव सभाष्य तत्त्वार्थाधिगमसूत्र, श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम, अगास, 1932
4 आचार्य, पूज्यपाद सवार्थसिद्धि, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, 1971
5 जैन, एन एल साईंटिफिक कंटेंट्स इन प्राकृत केन्नम्, पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी 1996
6 शास्त्री, बालचन्द्र जैन लक्षणावली 1–2, वीर सेवा मदिर, दिल्ली, 1951–53
7 भट्ट, अकलक तत्त्वार्थवार्तिक 1–2, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1951–53
8 जैनी, पी एस जैन पाथ आव प्योरिफिकेशन, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, 1980
9 आचार्य, कुन्दकुन्द प्रवचनसार, श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम, अगास, 1984
10 तथैव समयसार, सी जे पी एच , लखनऊ, 1930
11 उत्तराध्ययन–2 जैन विश्व भारती, लाडनूँ, 1993
12 स्वामी, सुधर्मा. भगवती सूत्र–1 तथैव, 1994
13 आर्य, श्याम प्रज्ञापना सूत्र 1–2 आ प्र स ब्यावर, 1982–84
14 स्वामी, सुधर्मा आचाराग–1, तथैव, 1980
15 चतुर्वेदी, गिरिधर शर्मा वैदिक विज्ञान और भारतीय सस्कृति, वि रा परिषद् पटना, 1972
16. दीक्षित, के के जैन आन्टोलाजी, एल.डी. इंस्टीच्यूट, अहमदाबाद, 1971
17 सत्यभक्त, स्वामी सत्यामृत–2, सत्याश्रम, वर्धा, 1932
18 आचार्य, उमास्वामी . तत्त्वार्थ सूत्र, वर्णीग्रन्थमाला, वाराणसी, 1950
19 कैरियर, मार्टिन आदि माइड, ब्रेन एण्ड बिहेवियर, डी गायटर, न्यूयार्क 1991
20 अग्रवाल, पारसमल तीर्थंकर वाणी 1996 में प्रकाशित विविध लेख
21 कन्नन, ए होलेस्टिक ह्यूमन कसर्न फार वर्ल्ड वेलफेयर, थियो सोसायटी मद्रास, 1988

जीवों की चैतन्य कोटि

शास्त्रो मे जीव को उपयोग (चेतन, ज्ञान–दर्शन, वर्तमान कालिक अवबोध) के रूप मे परिभाषित किया गया है। प्रज्ञापना 29–30 मे इसमे पश्यत्ता (त्रैकालिक अवबोध) का गुण भी जुडा है। यदि अकलंक के राजवार्तिक, 2.9 पेज 118 के अनुसार चेतना को ज्ञान, दर्शन, सुख और वीर्य (और पश्यत्ता) के गुणो के एक समूह के रूप मे माना जाय, तो जीव का चैतन्य निम्न पांच गुणों का समाकलित रूप होगा

चेतना = ∫ ज्ञान दर्शन सुख वीर्य पश्यत्ता

इनमे ज्ञान के आठ प्रकार (तीन अज्ञान सहित), दर्शन के चार प्रकार तथा पश्यत्ता के नौ प्रकार (साकार 6, अनाकार 3, क्योंकि मतिज्ञान, मति–अज्ञान तथा चक्षुदर्शन केवल वर्तमान कालिक माने गये हैं) हैं। प्रज्ञापना 29–30 मे विभिन्न कोटि के जीवो के ज्ञान, दर्शन एवं पश्यत्ता की सूचना दी गई है जो सारणी–1 मे दी गई है। नयचक मे सुख के चार भेद बताये गये हैं 1 इन्द्रियज (कायिक, वाचिक), 2 मानसिक, 3 प्रशमज, 4 आत्मज। इसी ग्रथ मे वीर्य के भी दो भेद बताये हैं– क्षायोपशमिक (सांसारिक) एव क्षायिक (अर्हत्/सिद्ध)। इनमे इन्द्रियज सुख तथा क्षायोपशमिक वीर्य सभी जीवों मे होता है। मानसिक व अन्य सुख पचेन्द्रियों मे होते हैं। आत्मज सुख केवल सिद्धो मे होता है। क्षायिक वीर्य तो तेरहवे–चौदहवे गुणस्थान में होता है । इन गुणो के आधार पर जीवो की चैतन्य कोटि का कुछ अनुमान सारणी–1 एव सारणी–2 मे दिये गये अक सकेतों के आधार पर सारणी 3 और 4 के अनुसार लगाया जा सकता है।

यहा सारणी 3 से स्पष्ट है कि पचेन्द्रिय मनुष्यों के चैतन्य की कोटि एकेन्द्रियो की तुलना में 4.5 (या पाच) गुनी होती है और पशुओं, देवों एव नारकियो की मात्र तिगुनी होती है। हमे ज्ञात है कि मनुष्यों के उच्चतम चैतन्य की कोटि अनन्त होती है (मरडिया, सिद्धो की), और उनका चैतन्य एकेन्द्रियों से मात्र पाच गुना या पशुओं से मात्र 1.5 गुना मानना किंचित् अविश्वसनीय लगता है। इन जीवो की तुलना में यह मान न्यूनतम भी नहीं माना जा सकता, क्योंकि सामान्य मनुष्य का चैतन्य पर्याप्त उच्च होता है। फलत इन आनुपातिक मान को किंचित् परिवर्तित रूप मे प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

इस विषय में अनेक ज्ञानीजन चैतन्य की कोटि के परिमाणीकरण के प्रयत्न को, अनेक जटिलताओं (कर्म, भाव, क्षयोपशम आदि) के कारण असमीचीन मानते हैं और अनन्त तथा षट्स्थान–पतित हानिवृद्धि की भूल–भुलैया का संकेत देकर एतद्विषयक अज्ञान को यथास्थिति में ही रखना चाहतें हैं। तथापि, मुख्तार और जी. आर. जैन ने संख्यात, असख्यात एवं अनन्त को काल्पनिक मान मानकर षट्गुनी हानि–वृद्धि (अगुरु–लघु गुण) का परिकलन करते हुये बताया है कि यदि .

सारणी 1 : प्रज्ञापना के अनुसार विभिन्न जीवों के गुण

क्र	जीव	ज्ञान	दर्शन	ज्ञान–पश्यत्ता	दर्शन पश्यत्ता
1	एक इन्द्रिय जीव	मति / श्रुत अज्ञान	अचक्षु दर्शन	श्रुत–अज्ञान	–
2	दो इन्द्रिय जीव	मति / श्रुत ज्ञान मति / श्रुत अज्ञान	अचक्षु दर्शन	श्रुत–ज्ञान	–
3	तीन इन्द्रिय जीव	मति / श्रुत ज्ञान मति / श्रुत अज्ञान	अचक्षु दर्शन	श्रुत–ज्ञान श्रुत–अज्ञान	–
4	चार इन्द्रिय जीव	मति / श्रुत ज्ञान मति / श्रुत अज्ञान	अचक्षु दर्शन चक्षु दर्शन	श्रुत–ज्ञान श्रुत–अज्ञान	चक्षु दर्शन
5	पचेन्द्रिय पशु	पहले तीन ज्ञान, तीन अज्ञान	चक्षु, अचक्षु अवधि दर्शन	श्रुत, अवधि ज्ञान, श्रुत / विभंग अज्ञान	चक्षु, अचक्षु दर्शन
6	पचेन्द्रिय मनुष्य	पाच ज्ञान, तीन अज्ञान	चार दर्शन	दो अज्ञान, चार ज्ञान	चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन
7	नारकी	बिन्दु 5 के समान	बिन्दु 5 के समान	बिन्दु 5 के समान	बिन्दु 5 के समान
8	देव	बिन्दु 5 के समान	बिन्दु 5 के समान	बिन्दु 5 के समान	बिन्दु 5 के समान

किसी निश्चित संख्या (1024?) के आधार पर यह प्रक्रिया अपनायें, तो प्रारम्भिक मान 1024 से 16656 तक या लगभग 16 गुना तक परिवर्तित हो सकता है। यदि हम इस निष्कर्ष को चैतन्य कोटि के निर्धारण में उपयोग करें, तो विभिन्न जीवों की कोटि का अनुपात तो वही रहेगा, पर गुण संख्या में बड़ा परिवर्तन होगा। इस दृष्टि से पंचेन्द्रिय मनुष्यों की चैतन्य कोटि गुणों की अपेक्षा 4.32×10^2 होगी। डॉ मरडिया (पेज 24) और डॉ. कछारा (व्यक्तिगत पत्राचार) द्वारा 10^2 का औसत मान सामान्य मनुष्य की चैतन्य कोटि के लिये देना आश्चर्यजनक है। उपरोक्त परिकलन से हमें उनके मत के समर्थन का आधार मिल जाता है।

गुण संख्या में वृद्धि होने के बावजूद भी एकेन्द्रिय जीव और पंचेन्द्रिय जीव की चैतन्य कोटि का अनुपात लगभग 1:5 आता है। इसका अर्थ यह है कि एक

इन्द्रिय जीवों की तुलना में पंचेन्द्रिय जीवो की चैतन्य कोटि पांच गुनी ही रहती है। यह समुचित नहीं लगता है। फलत किचित् सूक्ष्म विचार और अपेक्षित है। हमने सारणी–3 मे सभी ज्ञान दर्शनो का अक–संकेत बराबर माना है। यह विचारणीय है क्योकि उच्चतर ज्ञान और दर्शन वर्धमान चैतन्य कोटि या आत्मशुद्धि के प्रतीक हैं। फलत उनके लिये अक सकेत कम से कम उनके क्रम पर आधारित होने चाहिए। इन अक सकेतो के आधार पर पुन चैतन्य कोटि के परिकलन से सारणी–4 प्राप्त होती है। इससे एकेन्द्रिय और पंचेन्द्रिय की चैतन्य कोटि का अनुपात कुछ और अच्छा हुआ है। यह 1 10 हो गया है और गुण सख्या के आधार पर यह $4\,32 \times 10^2$ से बढकर $1\,06 \times 10^3$ हो गया है।

यदि इस चैतन्य कोटि को गुणो के योग के बदले गुणनफल के रूप में परिकलित किया जाय, तो चैतन्य कोटि का अनुपात सारणी–3 के अनुसार 1.2 3×10^3 से बढकर $1\,25 \times 10^5$ तक पहुच जाता है। यहाँ सारणी–4 का $1\,10^5$ का अनुपात समुचित होना चाहिये। अगुरुलघु के गुण की उपेक्षा करने पर भी यही अनुपात रहेगा। इस प्रकार, हम पचेन्द्रिय मनुष्यों की चैतन्य कोटि 10^5 मान सकते हैं जो पूर्व उद्धृत अनुपातो से अधिक तर्कसगत लगती है क्योकि इनमे निम्न कोटि के जीवो से मात्र 10 या 10^2 गुने चैतन्य की अपेक्षा अधिगुणित चैतन्य पाया जाता है। यही कारण है कि पचेन्द्रिय मनुष्यो या जीवो की हिंसा, अन्य निम्न कोटि के जीवो की तुलना मे नैतिकत दण्डनीय एव धार्मिकत अपराध माना जाता है। इसके विपर्यास मे, पचेन्द्रिय पशुओ की हिंसा, बिरले प्रकरणो मे ही अपराध है। 1–4 इन्द्रिय जीवो की हिंसा तो धार्मिक दृष्टि से ही अपराध है, नैतिक दृष्टि से उसका अधिक महत्त्व नहीं है। यहा यह नहीं भूलना चाहिए कि साधु या उच्चतर मनुष्यों के लिये चैतन्य कोटि का यह मान उच्चतर होता जायेगा और सिद्धो के लिये यह अनन्त होगा। उनके गुणो मे सामान्य जीव के गुणो की अपेक्षा पर्याप्त उच्चता रहती है।

सारणी 2 : सारणी 3 व 4 के अंक संकेत

ज्ञान/दर्शन	सारणी 3	सारणी 4
मति ज्ञान	1	1
श्रुत ज्ञान	1	2
अवधि ज्ञान	1	3
मन पर्यय ज्ञान	1	4
केवल ज्ञान	1	5
मति अज्ञान	1	1
श्रुत अज्ञान	1	1
अवधि अज्ञान	1	1
दर्शन		
अचक्षु दर्शन	1	1
चक्षु दर्शन	1	2
अवधि दर्शन	1	3
केवल दर्शन	1	5

नोट सुख घटक के लिये .
सारणी (3, 4)

इन्द्रियज	1
मानसिक	2
प्रशमज	3
आत्मज	4
वीर्य घटक के लिये	
क्षायोपशमिक	1
क्षायिक	2

सारणी 3 : जीवों की चैतन्य कोटि (आधार : प्रज्ञापना एवं राजवार्तिक)

	सुख	वीर्य	ज्ञान (उ)	दर्शन (उ.)	ज्ञान (प.)	दर्शन (प)	योग	अगुरुलघु X 16	अनुपात	गुणनफल
एकेन्द्रिय	1	1	2	1	1	0	6	96	–	2
दो इंद्रिय	1	1	4	1	1	1	9	144	2	4
तीन इंद्रिय	1	1	4	1	1	1	9	144	2	4
चार इंद्रिय	1	1	4	2	2	1	11	176	2	16
पचेंद्रिय पशु	2	1	6	3	4	3	19	304	4	432
पचेंद्रिय मनुष्य	4	2	8	4	6	3	27	432	5	4608
नारकी	2	1	6	3	4	2	18	288	4	432
देव	2	1	6	3	4	2	18	188	4	432

सारणी 4 : जीवों की चैतन्य कोटि (आधार : लेखकीय विचार)

	सुख	वीर्य	ज्ञान (उ)	दर्शन (उ)	ज्ञान (प.)	दर्शन (प.)	योग	अगुरुलघु X 16	अनुपात	गुणनफल
एकेन्द्रिय	1	1	2	1	0	1	6	96	–	2
दो इंद्रिय	1	1	5	1	3	0	11	176	2	15
तीन इंद्रिय	1	1	5	1	3	0	11	176	2	15
चार इंद्रिय	1	1	5	3	3	2	15	240	2	90
पचेन्द्रिय पशु	3	1	9	6	7	5	31	496	5	5670
पचेन्द्रिय मनुष्य	10	2	18	11	16	9	66	1056	11	570240
नारकी	3	1	9	6	7	5	31	496	5	5670
छेव	3	1	9	6	7	5	31	496	5	5670

गणित की भाषा में उच्चतर आत्मिक विकासी मनुष्यो के चैतन्य की कोटि में एक्सपोनेन्टी वृद्धि सम्भावित है। इसलिए यह अनन्त पर स्थिर हो जाती है। यह धारणा डा. कछारा के मत से भी मेल खाती है।

यही नहीं, गुणों के गुणनफल के आधार पर पचेन्द्रिय पशुओं की भी चैतन्य कोटि का अनुपात 1 3 (4 5) से बढकर 1 2.8×10^3 हो जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि पचेन्द्रिय पशुओ का चैतन्य एक इन्द्रियों से प्राय एक हजार गुना अधिक होता है और पचेन्द्रिय मनुष्यो का चैतन्य एक लाख गुने से अधिक होता है। यह परिकलन यह सिद्ध करता है कि चैतन्य गुणों का प्रभाव योगात्मक नहीं, अपितु गुणात्मक होता है। इस मत को 'जैन सिस्टम इन नटशेल' (1998) मे भी व्यक्त किया गया है।

हमने हिसा के परिकलन में जीवो या जीवाणुओ की सख्या पर भी ध्यान दिया है। मनुष्यो स सम्बन्धित पुण्य या अहिसा/हिसा के परिकलन मे जीवो की सख्या क्या होगी ? सामान्यत मनुष्य तो एक ही व्यष्टि है, अत उसकी चैतन्य कोटि के उच्चतर होने के बावजूद भी उसकी पुण्यकर्मता का मान, हिसा के समान ही अल्पतर होगा। पर पुण्य राशि को 'बहु' कहा गया है। वस्तुत, पचेन्द्रियो की हिसा की कोटि उच्चतम मानी गई है, फलत उसके अहिसक कर्मों या पुण्य कर्मों की कोटि भी उच्चतर होनी चाहिये। यदि मनुष्यों की चैतन्य कोटि 10^5 मानी जाये और आत्मा एक मानी जाये, तो उनके पुण्य की कोटि $1 0 \times 10^5$ (अर्थात् एकेन्द्रिय जीवों की तुलना मे एक लाख गुनी) तो मानी ही जा सकती है। इस विषय मे ज्ञानीजनों के विचार अपेक्षित हैं।

●

अध्याय – 7

पुण्य और पाप का सम्बन्ध

पुण्य का अर्थ 'पवित्रता उत्पन्न करने वाला साधन या साध्य है। यह व्यक्ति को पवित्र कर सकता है, व्यक्ति–समूह को भी पवित्र कर सकता है। इस शब्द में कुछ 'पराप्राकृतिकता' का भी समाहरण होता है क्योंकि पुनर्जन्मवादियों के लिये यह परलोक सुधारक भी होता है। वस्तुतः, पुण्य पाप का विलोम है:

$$\text{पुण्य} \propto (1/\text{पाप}) \propto (1/\text{हिंसा})$$

हिंसा और उससे सम्बन्धित विविध रूपों से पाप–बन्ध होता है। फलत यदि हिसा = 0, तो पुण्य = (1/0) = अनन्त। इसलिये हिसा के अल्पीकरण या शून्यीकरण से पुण्य होता है। यदि हिंसा अल्पीकृत या शून्य होती है, तो पुण्य का अर्जन क्रमश वर्धमान होकर अनन्त भी हो सकता है, जो सिद्ध दशा का प्रतीक है। जैनों के पाच पाप हिंसा के ही विविध रूप ही तो हैं, अर्थात्

$$\text{हिंसा} \propto \text{पाप}$$

हम पुण्य और पाप के सम्बन्ध को एक अन्य रूप में भी व्यक्त कर सकते हैं। वस्तुत पुण्य, पाप का नकारात्मक रूप है, अर्थात्

$$\text{पुण्य} = -\text{पाप}$$

या $\text{पुण्य} + \text{पाप} = 0$

सिद्ध अवस्था मे, पाप = 0, फलत, पुण्य = 0.

सर्वोच्च विकास की अवस्था में पाप कर्म तो शून्य हो ही जाते हैं, पुण्य कर्म भी सम्पूर्ण कर्मक्षय के कारण शून्य हो जाते हैं। फलतः यदि पाप = 0, तो पुण्य भी शून्य हो जायेगा। यह सिद्धों की सर्वोच्च स्थिति है। इसीलिये निश्चयवादी यह कहते हैं कि उच्चतर आध्यात्मिक स्थिति में पुण्य भी हेय है (क्योंकि पुण्य भी तो कर्म है)। इस आधार पर पुण्य की इकाइयों का मान पाप की इकाइयों के समकक्ष पर ऋणात्मक होगा।

यद्यपि शास्त्रों में 'सावद्यलेशो, बहुपुण्यराशि' कहा गया है, पर वहा न तो 'लेश' शब्द की परिमाणात्मकता बताई गई है और न ही 'बहु' शब्द का लेश–मात्रा से सम्बन्ध बताया गया है। पर इस सम्बन्ध को परोक्षत भी अनुमानित किया जा सके, तो हमारे विवरण मे किंचित् वैज्ञानिकता आ सकती है। तथापि, पुण्य की मात्रा का परिकलन हिंसा की मात्रा के परिकलन के समान सरल नहीं है, क्योकि पुण्यार्जन में मानसिक विचार एव सकल्प एक अनिवार्य अग हैं। यहा हम कर्म–सिद्धान्त का उपयोग कर कुछ परिमाणात्मकता ला सकते हैं।

इसके अनुसार, पुण्य–प्रकृतिया 42 हैं और पाप प्रकृतिया 82 हैं। सामान्य गणित मे यह कहा जा सकता है कि एक पुण्य प्रकृति दो पाप प्रकृतियो को उदासीन करने में सक्षम है।

कर्म सिद्धान्त की एक अन्य धारणा के अनुसार, पुण्य हल्का होता है और पाप या हिसा भारी होती है। साथ ही, कर्म, पाप और पुण्य सभी सूक्ष्म कणिकामय हैं अर्थात् भौतिक हैं। इन्हे आधुनिक भौतिक कणो के लघुतम और अल्पतम दीर्घ रूपो मे व्यक्त करना तो कठिन ही है, फिर भी, जैनो के अनुसार, चरम परमाणु का विस्तार और घनत्व अल्पतम होता है। इसे हम एक (जैसे हाइड्रोजन) मान लें, तो भारी कण का भार या विस्तार ऐसा होना चाहिये जिसमे नीचे की ओर पतित होने की न्यूनतम क्षमता हो। यदि वाल्टर मूर के अनुसार, चरम परमाणु का विस्तार 10^{-12} से.मी. और द्रव्यमान 10^{-24} ग्रा भी माने, तब भी उसके घनत्व के मान को इकाई ही लेना होगा। इसका कारण यह है कि शास्त्रानुसार हिंसक नीचे नरक मे जाता है और अहिंसक ऊपर स्वर्ग या मोक्ष तक जाता है। इस दृष्टि से हम लघुतम ठोस परमाणु लीथियम के समकक्ष मान ले जिसका भार हाइड्रोजन की तुलना मे सात (या सात गुना भारी) होता है। इस आधार पर पुण्य और पाप का अनुपात 1 7 भी सम्भावित है अर्थात् एक पुण्य प्रकृति सात पाप प्रकृतियो को उदासीन करने मे सक्षम है। यह सकेत उपरोक्त कर्म प्रकृति पर आधारित निष्कर्ष के विपर्यास मे जाता है। फलत पुण्य और पाप का सम्बन्ध निम्न दो रूपों मे व्यक्त किया जा सकता है

1 पुण्य ≡ 2 पाप (कर्म सिद्धान्त)

1 पुण्य ≡ 7 पाप (घनत्व के आधार पर)

इन सम्बन्धों की यथार्थता का मूल्याकन करना कठिन है, फिर भी, हम औसतन यह मान लें कि

$$1 \text{ पुण्य} \equiv {}^{(7+2)}/_{2} \sim 5$$

फलतः यह माना जा सकता है कि एक पुण्यमय कार्य प्रायः पांच पापमय कार्यों को उदासीन कर सकता है। निश्चित रूप से, पाच की संख्या 'एक' की संख्या की तुलना में 'बहु' तो मानी जा सकती है। यदि इस सम्बन्ध में अन्य कोई शास्त्रीय आधार या धारणा उपलब्ध हो, तो ज्ञानीजन लेखक को सूचित करें।

यहा यह भी विचार किया जा सकता है कि गृहस्थों के (या साधुओ के) छह दैनिक आवश्यक कर्तव्य (देव पूजा; आधे घंटे; गुरु वन्दन; चौथाई घंटे; स्वाध्याय, आधा घण्टा, प्रतिक्रमण; लगभग डेढ घंटे, आरती आदि, चौथाई घंटे) प्रायः तीन घंटे प्रतिदिन के हिसाब से किये जाते हैं। ये धार्मिक या पुण्यमय या अहिंसक वृत्तियां हैं। इसके विपर्यास में सामान्य प्रवृत्तियां 24 घंटे चलती रहती हैं। इस प्रकार पुण्य प्रवृत्तियों के तीन घंटे सामान्य प्रवृत्तियों के 24 घंटे की हिंसावृत्ति को उदासीन करते होगे। फलत. पुण्य और पाप का सम्बन्ध 3 24 या 1 8 भी माना जा सकता है। चूंकि सभी लोग तीन घटे की धार्मिक प्रवृत्तियां नहीं करते इसलिये उनकी सामान्य प्रवृत्तियों की हिंसा की मात्रा निरन्तर वर्धमान होती रहती है। यह भी एक विचारणीय विषय है।

पर प्रश्न यह है कि पुण्य की परिमाणात्मकता का केवल यह अनुपात ही आधार है या अन्य भी कुछ हो सकता है ? साथ ही, विभिन्न पुण्य कार्यों की कोटि कैसे निर्धारित की जाये ? यह हिंसा की परिमाणात्मकता के समान सरल नहीं है। हमने हिसा की मात्रा के परिकलन मे विभिन्न जीवो की चैतन्य कोटि का आधार भी लिया है। सभी जीवो की आत्मा में समान–क्षमता होते हुये भी उनकी चैतन्य कोटि मे अन्तर होना ही चाहिये। यदि एक जीव मे एक आत्मा की धारणा ही सही मानी जाये, तो दो इन्द्रिय या पचेन्द्रिय जीव की हिंसा मे बराबर हिसा माननी होगी, जो सही नहीं लगता। इसलिये हिंसा का मान भी जीवों की चैतन्य कोटि पर आधारित मानना चाहिये।

यदि हम वर्तमान विज्ञान के अनुसार, जीव की कोशिकीय सरचना मानें, तो इन्द्रियों की वृद्धि के साथ सामान्यत स्थूलता भी बढती जाती है और उनमें कोशिकाओं की संख्या भी बढ़ती जाती है। कोशिकाओं का आकार, विस्तार एवं संख्या का मापन अनुमित किया जा सकता है। इस दृष्टि से मनुष्यों के जीव में सौ खरब (10^{13} कोशिकाये) पाई जाती हैं और बैक्टीरिया एक कोशिकीय होता है। फलतः एक बैक्टीरिया की तुलना में सामान्य पंचेन्द्रिय मनुष्य की हिंसा में 10^{13} गुनी हिंसा सम्भावित है। इस आधार पर उनका चैतन्य भी इनकी तुलना में एक खरब गुना होना चाहिये। इतनी

अधिक हिंसा की सम्भावना के कारण ही पचेन्द्रियों की हिंसा को उच्चतर नैतिक और धार्मिक अपराध माना गया है। पर यहां यह प्रश्न भी उठता है कि एक इन्द्रिय कोशिका के समूह की पंचेन्द्रियता कैसे स्थापित की जाय जिससे उसकी चैतन्य कोटि निर्धारित की जा सके। इस विषय में विचारणा चल रही है।

पुण्य के परिकलन मे चैतन्य की कोटि तो पचेन्द्रियो (पशु, मनुष्य, देव, नारक) के अनुरूप ही होगी क्योंकि विकलेन्द्रियो में शास्त्रानुसार मन नहीं पाया जाता। फलत उनके प्रकरण मे यह परिकलन यथार्थता से नहीं हो पायेगा। अतएव हमे और भी सूक्ष्मतम विश्लेषण एव विचारणा की आवश्यकता पडेगी। फलत हमारा पुण्य परिकलन पचेन्द्रियों तक ही सीमित होगा। इस समय चैतन्य कोटि का निर्धारण चल रहा है।

●

आत्मा और पुनर्जन्म

विचारों का विकास

किसी भी तन्त्र की जीवन्तता उसके यथास्थितिवादी स्वरूप से नहीं, अपितु विकासमान स्वरूप से आंकी जाती है। वस्तुतः विचारों, अवधारणाओं एवं प्रवृत्तियों का युगानुकूल विकास तन्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतीक है। आत्मा और पुनर्जन्म के सिद्धान्त हमारे धर्म को मनोवैज्ञानिकतः प्रबलित करते हैं, पर भौतिकतः इनकी स्थिति विचार–सरणि को उद्वेलित ही करती है। जैनों के दसवीं सदी तक के ग्रंथों में धर्म की परिभाषा 'हितय पयाणं' (प्रजा क हित) के उदारवाद से लेकर व्यक्ति/आत्महितं के व्यक्तिवाद के रूप में संकुचित हुई है। इससे धर्म की प्रभाविता कम ही हुई है। अब कुछ विद्वानों ने धर्म को समग्र सुखवर्धन का तन्त्र माना है, दुःखनिवारण की नकारात्मकता का नहीं। डॉ क्रामवेल क्राफोर्ड ने परोक्ष रूप से यह कहा है कि पार्श्व के युग में जहा धर्म को सामाजिक विकास के अनुकूलन से परिभाषित किया जाता था वहीं महावीर ने इसे व्यक्तिगत स्वायत्तता के कटघरे में डाल दिया।

धर्म की परिभाषा के समान अन्य अवधारणाओं ने भी विकास और सकुचन पाया है। प्रत्यक्ष के परस्पर विरोधी परिभाषा वाले अतीन्द्रिय और इन्द्रिय भेद, परमाणु के व्यवहार और निश्चय भेद, प्रमाण की परिभाषा का विस्तार, त्रियाम धर्म से पचयाम धर्म के विस्तार तथा तीन या आठ प्रकार की आत्मायें आदि अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं। सामान्य जन स्थूल से सूक्ष्म की ओर प्रवृत्त होता है, व्यवहार से निश्चय की ओर प्रवृत्त होता है, प्रवृत्ति–मार्ग से निवृत्ति–मार्ग की ओर बढता है। इस दृष्टि से यदि हम आत्मवाद के विकास पर ध्यान दें, तो हमें निम्न श्रृखला प्राप्त होती है :

अनात्मवाद / अनीश्वरवाद → जीववाद / भौतिक → प्राकृतिक जीववाद → आत्मवाद →

पुनर्जन्मवाद / कर्मवाद → मुक्तिवाद

इससे स्पष्ट है कि स्थूल जगत् सशरीरी चेतन जीव से प्रारम्भ होता है जिसमें प्राण होते हैं, आयु होती है। आत्मा की धारणा हमारे विचार–विकास का द्वितीय चरण है । यही कारण है कि हमारे आगम ग्रंथों में जहा जीव का विवरण लगभग 760 बार आया है, वहीं आत्मा का विवरण 460 बार ही आ पाया है ।

जीव और आत्मा

प्रारम्भ में मनुष्य प्रवृत्तिवादी/व्यवहारवादी रहा होगा। अतः उसने चार्वाक की अनीश्वरवादी तथा अनात्मवादी धारणा बनाई। फिर सर्वजीववाद आया, फिर जीव और अजीववाद आया। पहले अनीश्वरवाद था, बाद मे ईश्वरवाद आया। पहले अनात्मवाद था, बाद में आत्मवाद आया। उसके साथ कर्मवाद और पुनर्जन्मवाद आये। प्रवृत्तिवाद के समानान्तर निवृत्तिवाद चला, फिर व्यक्तिवाद एव यथास्थितिवाद या भक्तिवाद चला। यह स्पष्ट है कि चार्वाक के मत को सभी ने तिरस्कृत किया है क्योंकि वह विशुद्ध व्यवहारवादी एवं प्रत्यक्षवादी था। उसे अनुमान भी पसन्द नहीं था। जीववाद अनात्मवाद का उत्तरवर्ती चरण है।

जीववाद हमारे जीव का प्रथम व्यावहारिक रूप है जिसका अर्थ भौतिक रूप मे प्राण, आयु, जन्म, मरण आदि के माध्यम से किया गया। प्रारम्भिक जैन ग्रथो मे प्रमुखता से 'जीव' शब्द आता है। तत्त्वार्थसूत्र काल मे 'जीव' शब्द ही लोकप्रिय था। इस ग्रथ मे 'आत्मा' शब्द का कहीं नाम नहीं है। आगामो में 'जीव' और 'आत्मा' शब्द 3 2 के अनुपात में आये हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि 'आत्मा' शब्द भौतिक जगत् के अध्यात्मीकरण के युग मे आया है। गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी के समान विद्वानो का विचार है कि भारतीय विचारधारा के विकास मे अध्यात्मीकरण का एक युग (सम्भवत. उपनिषद् काल मे) आया जब प्रत्येक जीवनतत्त्व आध्यात्मार्थी हो गया। जीव बेचारा आत्मा बन गया। धर्म की परिभाषा भी आध्यात्मिक एव व्यक्तिवादी हो गई। आगमो मे जीव के 23 पर्यायवाची बताये गये हैं जिनमें केवल 4 ऐसे हैं जो आत्मिक गुण को निरूपित करते हैं। (सम्भवत ये उत्तरकाल में जोडे गये हों)। अन्य जीव के भौतिक स्वरूप को ही व्यक्त करते हैं। यह सचमुच आश्चर्य की बात है कि (सशरीरी) 'जीव' शब्द को आजकल 'Soul' शब्द के रूप मे अनुदित एवं व्यक्त करते हैं। जब तत्त्वार्थसूत्र की टीकायें बनीं, तब अध्यात्मवाद का साम्राज्य छा गया था और टीकाकारों ने जीव को आत्मा ही बना दिया।

अब 'जीव' और 'आत्मा' दो शब्द प्रचलित हैं जिनके निम्न सम्बन्ध हैं ·

जीव = शरीर + आत्मा

इनमें 'जीव' का अस्तित्व तो प्रत्यक्ष सिद्ध है। पर आत्मा के अमूर्त स्वरूप ने इसके अस्तित्व को विज्ञान से बाहर की सीमा में रख दिया है। 'आत्मा' व्यक्तिगत होती है जैसे 'चेतना' व्यक्तिगत होती है। आत्मा का शुद्धचैतन्य–स्वरूप नितान्त स्वानुभूतिगम्य 'व्यक्तिगत' होता है। वैज्ञानिक अभी यह अनुभूति नहीं कर पाये हैं। पर आत्मा के जो ज्ञान–दार्शनिक गुण हैं, उनकी व्याख्या वे 'मन' या 'मस्तिष्क' नामक नो–इंद्रिय तत्त्व से कर लेते हैं। छह प्रकार के आहारों के चयापचय से उत्पन्न ऊर्जा मस्तिष्क के विशिष्ट केन्द्रों को संवादी इंद्रियो के उत्तेजन के माध्यम से विभिन्न कार्य करती है और विद्युत संचार पथ बनाती है। यही नहीं, यह तो अब सुज्ञात है कि मन और मस्तिष्क, शरीर के भिन्न–भिन्न घटक हैं। इनमें मस्तिष्क का सभी को प्रत्यक्ष है और मन चेतना का प्रतीक (शक्त्यात्मक) माना जाता है। नयी खोजों से इसकी जीव–वैज्ञानिक तथा आणविक सरचना की सम्भावना बलवती हो रही है। फलत यदि चेतना भौतिक सिद्ध हुई, तो आत्मा की अमूर्तता किंचित् सदिग्ध हो जायेगी। जैन दार्शनिको ने 'आत्मा' को "मैं हूं", विरोधी के अस्तित्व (अजीव) आदि अनेक तार्किक युक्तियों से सिद्ध किया है। पर वैज्ञानिक इस विषय में अभी पूर्णत सकारात्मक नहीं हैं। प्रसिद्ध खगोलशास्त्री कार्ल सागन ने तो इसे मात्र उपकल्पना माना है। लेकिन धार्मिकजन शुद्ध आत्मा के अनन्त कोटि के गुणों से इतना आकृष्ट है कि वह जीव तत्त्व के बदले आत्मतत्त्व के प्रति अधिक आकृष्ट हो गया और भूतकाल से अपनी कर्मबन्ध की चोटी बाधली और भविष्यत् काल के लिये भी कर्म की बेडी बाध ली। फलतः उसने अपनी गतिशीलता को कुण्ठित कर लिया। राजकृष्ण ने एक शब्द दिया है–"हिन्दू रेट ऑफ ग्रोथ", उसका अर्थ है कि आत्मवादी मनोवृत्ति मे दार्शनिकता, संतोष तथा प्रतिद्वद्वीवृत्ति के अभाव में विकासदर नगण्य (3 प्रतिशत) ही होती है और वह यथास्थितिवादी बन जाता है।

तथापि, आत्मवाद की स्वीकृति में भयकर आकर्षण है । सम्पूर्ण दुःख निवृत्ति का, अनन्तसुख का आदि–आदि । कम से कम यह जीवन के आदर्श तो देता है, चाहे हम उसे प्राप्त कर सकें या नहीं । हमें कल्पनाओं के लोक में सैर कराकर वह हमें जागतिक समस्याओ की जटिलता से दूर रखता है। सम्भवतः इसीलिये हमारे ऊपर पलायनवादी तथा नकारात्मक होने का आरोप है। पर यह सही नहीं है। आत्मवाद हमें एक लक्ष्य प्रदान करता है, जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण देता है, हमारी ज्ञान पिपासा शान्त करता है और हमें अपने भाग्य का निर्माता बनने की प्रेरणा देता है। इस प्रेरणा से किंचित् हानि भी हुई है। हम मानसिकतः किंचित् अधिक स्वार्थी और

सामाजिकता से किंचित् विगलित हो गये। इसलिये हम पर यह भी आरोप है कि जैनधर्म असामाजिक धर्म है। उनके अर्हत् भी स्वार्थी हैं, वे स्वय निर्वाण प्राप्त कर लेते हैं और सामान्यजन को संसार मे ही छोड जाते हैं। हमारे आत्मवादी ने कभी यह प्रयत्न नहीं किया कि वह दूसरों के द्वारा लगाये गये आरोपों को पुष्टरूप से निराकृत कर सके। यदि आप जैनों का प्राचीन या अर्वाचीन इतिहास देखें, तो जैनेतरों ने ही अधिकांशत इसे सुरक्षित रखा है, ऐतिहासिक अस्तित्व मे बनाये रखा है। 'अप्पा अप्पम्मि रओ' के अनुयायियो का तो यही कथन है कि आत्मवादी को सख्या का महत्त्व नहीं है, अपनी गुणवत्ता का महत्त्व है। यह सही नहीं है, आज सख्या का भी महत्त्व है। आज के युग में "सभी आत्माये समान हैं" के सिद्धान्त को समस्थितिकता के रूप में परिवर्तित करने का प्रयास करना होगा। 'आत्मवाद' की समाजमुखी व्याख्या करनी होगी।

पुनर्जन्म

एल्गार नामक पादरी ने 1980 मे कहा था कि पुनर्जन्म का सिद्धान्त मानव–जीवन की अनेक समस्याओ का समाधान करता है। यह कर्मवाद के "जैसी करनी वैसी भरनी" के सिद्धान्त पर तथा आत्मा की नित्यता पर आधारित है। इस मान्यता ने हमे सहिष्णु बनाया है, आशावादी भी बनाया है। जैनों का यह सिद्धान्त सर्वज्ञ या विशिष्ट ज्ञानियो की अनुभूति से प्रतिफलित हुआ है। आत्मतत्त्व के विपर्यास मे पुनर्जन्म पर 1860 से ही अनुसधान चालू हो गये हैं और पुनर्जन्म सम्बन्धी प्रकरणो पर अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं। इयान स्टीवेसन मानते हैं कि उनके द्वारा अध्ययन किये गये प्रकरणो मे पुनर्जन्म की उपकल्पना सैद्धान्तिक दृष्टि से बनती तो है, पर इसके लिये अभी काफी ठोस प्रमाणो की आवश्यकता है। जाति–स्मरण, शरीर चिन्हो का पूर्व–स्थान मे होना, अतीद्रिय ज्ञान, परकाया–प्रवेश आदि की घटनाओ की प्रामाणिकता तथा उनके व्याख्यात्मक अध्ययन से इस उपकल्पना को बल मिल सकता है।

अस्तु, आत्मा एव पुनर्जन्म के सिद्धान्त को वैज्ञानिक मान्यता दे या न दे, पर ये मान्यतायें भारतीय जनमानस के विश्वास की कोटि मे आ गई हैं। मुनि महेन्द्र ने बताया है कि अनेक विद्वानों की नकारात्मक धारणा के बावजूद भी, वेदो, बाइबिल और कुरान मे इन धारणाओ के बीज पाये जाते हैं। अनेक पूर्ववर्ती विद्वान भी इस मान्यता मे आस्था रखते थे। पर इन मान्यताओ के जो रूप जैन और हिन्दू शास्त्रों मे मिलते हैं, इनकी मनोवैज्ञानिक प्रभाविता के जो निदर्शन हमारे शास्त्रों में हैं, वे अन्यत्र दुर्लभ ही हैं। कर्मवाद और पुनर्जन्म की धारणाओं मे हमारे वैचारिक विकास को, भले ही वह उत्तरवर्ती क्यों न हो, एक नया आयाम प्रदान किया है।

यदि इन धारणाओं को न मानें तो

अब हम एक कल्पना करे कि यदि आत्मा और पुनर्जन्म की धारणायें नहीं होतीं या उन्हे हम न मानें, तो क्या होगा ? क्या मनुष्य अपनी भौतिक और मानसिक सुख--प्राप्ति के ध्येय से वंचित रहेगा? क्या वर्तमान धर्मो के दर्शन, ज्ञान--चारित्र के विकास के नियम हमारे जीवन--विकास में सहायक नहीं होगें ? क्या जिन मान्यताओं में (बुद्ध (पुनर्जन्म मानते हैं), चार्वाक आदि) ये धारणाये नहीं हैं, वे हमसे दुर्बल स्थिति में हैं ? तुलनात्मकत अध्ययन करने पर हमें लगता है कि वे सभी हमारे समकक्ष स्थिति में ही हैं। यद्यपि बौद्धधर्म मूलत गृहस्थधर्म नहीं है, अत. वह भारत से बाहर विकसित हुआ, पर जैन धर्म गृहस्थ एवं मुनिधर्म होते हुए भी यहीं सिमटा रहा। हमारी ये धारणाये कि निरात्मवादी धारणायें उन्नति के उच्चतम शिखर पर नहीं पहुँचा सकतीं, उनमें अनेक प्रकार की मानसिक और शारीरिक जटिलताये हैं-- आदि वस्तुत सही नहीं लगतीं। ये सभी स्थितियां हमारे साथ भी हैं। यही नहीं, आज अनीश्वरवादी एव अनात्मवादी बौद्धो की सख्या ससार मे तीसरे नंबर पर आ गई है। उनकी तुलना मे हम कहा बैठते हैं ? पर हमारे पास ध्यान--योग, तपश्चर्या आदि उपाय हैं जिनसे हम उन स्थितियो पर शरीर--क्रियात्मक एव तन्त्रिका--वैज्ञानिकत नियन्त्रण पाते हैं। सम्भवत अधिक सुख--सतोष का अनुभव करते हैं। यह सौभाग्य की बात है कि ध्यान--योग के विविध रूप आज भारतेतर देशों में भी पहुँच रहे हैं और वहा के निवासी हमसे अधिक लाभान्वित हो रहे हैं ? तब फिर आत्मवाद एव पुनर्जन्मवाद के विश्वासो मे किंचित् अनास्था तो जन्म लेती ही है। यह अनास्था कैसे दूर हो, यह इक्कीसवीं सदी का यक्ष--प्रश्न है। सम्भवत हमारे साधुजनों के प्रयास इस अनास्था को निराकृत करने मे सहायक हो, यही हम सबकी कामना है।

●

अध्याय – 9

मन्त्र की साधकता : एक विश्लेषण

जैन शास्त्रों में मन्त्रविद्या विद्यानुप्रवाद एव प्राणावाय पूर्वों का महत्त्वपूर्ण अग रही है। इसका 72 कलाओ में भी उल्लेख है। इस विद्या के बल पर ही भूतकाल मे अनेक आचार्यों ने जैन तन्त्र को सुरक्षित, सरक्षित एव सवर्धित किया है। फलत यह एक प्राचीन विद्या है जो महावीर के युग से पूर्व भी लोकप्रिय रही होगी। शास्त्रो में इसका विवरण 11 दृष्टिकोणो और नौ अनुयोगद्वारो से किया गया है। इसका लक्ष्य आत्मकल्याण और इहलौकिक कल्याण--दोनो है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रारम्भ में यह विद्या गोपनीय रही होगी, इसमे गुरु का अपूर्व महत्त्व था। ऐतिहासिक दृष्टि से इस विद्या के उत्थान--पतन के युग आये। पर 7वीं सदी के बाद शक्तिवाद और तन्त्रविद्या के विकास के साथ इसको पुनर्जीवन मिला और अब यह विद्या वैज्ञानिक युग मे योग ध्यान के एक अग के रूप मे प्रतिष्ठित हो रही है और व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक कल्याण की वाहक बनती जा रही है।

'मन्त्र' शब्द के अनेक अर्थ हैं। मूलतः यह मन की प्रवृत्तियों को नियत्रित करता है, उन्हे बहुदिशी के बदले एकदिशी बनाता है। यह भौतिक और आध्यात्मिक– दोंनों उद्देश्यों की पूर्ति में, मनोकामना पूर्ति एव आत्मानुभूति के लिए अन्तःशक्ति जागरण में सहायक होता है। मन्त्रो का स्वरूप विशिष्ट अक्षर रचना, विन्यास एव विशिष्ट ध्वनि--समूह के रूप मे होता है जिसके बारम्बार उच्चारण से ऊर्जा का उद्भव और विकास होता है जो हमारे जीवन को सुख और शक्तिमय बनाता है। वस्तुतः, मन्त्रों की साधकता के अनेक आयाम होते हैं– (1) ये हमारे अशुभ एव ऋणात्मक कर्मो का नाश कर उन्हें सकारात्मक या आध्यात्मिक रूप प्रदान करते हैं, (2) ये हमारे भौतिक एव आध्यात्मिक पथ को प्रशस्त करते हैं, (3) ये हमारे व्यक्तित्व को विकसित करते हैं और हमारे चारों ओर के आभा--मण्डल या लेश्या रूपों को प्रशस्तता देते हैं और (4) ये हमारे लिये चिकित्सक का काम कर हमें स्वस्थ बनाते हैं।

कुछ प्रमुख मन्त्र

भारतीय धर्म परम्परा में मन्त्र–जप एक पुण्यकारी अनुष्ठान माना जाता है। यद्यपि इसका विकास मुख्यतः आध्यात्मिक और पारलौकिक उद्देश्य से हुआ होगा, पर इनसे आनुषंगिक फल के रूप में इहलौकिक उद्देश्य और भौतिक सिद्धिया भी प्राप्त होती हैं। फलत प्रमुख उद्देश्यों के अनुरूप मन्त्र भी अनेक प्रकार के होते हैं। कुछ मन्त्र आध्यात्मिक होते हैं, कुछ भौतिक कामनापरक होते हैं। और कुछ तांत्रिक (विष दूर करना आदि) होते हैं अनेक वर्णों के विशिष्ट सामर्थ्य से भी ये तथ्य प्रकट होते हैं। उदाहरणार्थ, 'म' में सिद्धि और सन्तान का सामर्थ्य होता है, 'ब एव 'ब' में रोगादि अनिष्ट–निवारण की क्षमता होती है और 'न' और 'द' आत्मशक्ति जागृत करते हैं। इन विशिष्ट उद्देश्य वाले मन्त्रों की तुलना में, कुछ मन्त्र ऐसे होते हैं जो सभी प्रकार के उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं। इन्हें हम मूल मन्त्र भी कह सकते हैं। हम इसी कोटि के केवल चार मन्त्रों की यहां चर्चा करेंगे।

ओम्

जैनो के अनुसार, यह सभी मन्त्रो का मूल है। यह पंच परमेष्ठियों के प्रथम अक्षरो के संयोग से बना है, अत. पूज्य पुरुषों और उनके गुणो का स्मरण कराता है। यह दर्शन, ज्ञान, चारित्र के त्रिरत्नों का भी प्रतीक है। इसमे तीन अक्षर हैं– अ, उ, और म्। ये क्रमश निर्माण, विकास एव सरक्षण तथा विनाश की प्रक्रियाओं के प्रतीक हैं। यह मन्त्र दिव्य ऊर्जा का प्रतीक है। इसे अन्य परम्पराओ में भी माना गया है। 'आमेन' इसका पश्चिमी रूप है। यह (1) तीन लोक, (2) सत्–चित्–आनन्द की त्रयी, (3) सत्व–रज–तम की त्रिगुणी, (4) वेदत्रयी, (5) देवत्रयी एव त्रि–ब्रह्मवाद (सर्वव्यापक) आदि का प्रतीक है। यह अनन्त और शून्य (वृत्त) का भी प्रतीक है। इसके विशिष्ट वर्णो का उच्चारण सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करता है और साध्य–सिद्धि मे उपयोगी होता है।

णमोकार मन्त्र

जैनों में यह मन्त्र महामन्त्र कहलाता है और इसके जप के प्रभावों से न केवल अनेक पौराणिक कथायें जुड़ी हैं, अपितु वर्तमान में भी इससे अनेक कथानक जुड़ते रहते हैं। यह मन्त्र अर्थतः अनादि है, पर शब्दत प्रथम–द्वितीय सदी में उद्घाटित हुआ है। यह खारवेल–युगीन द्विपदी से पचपदी में विकसित हुआ है। इसके विषय में अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं। 35 अक्षरों वाला यह मन्त्र निम्न है:

णमो अरिहंताणं — आई बो टू एनलाइटेन्ड्स
णमो सिद्धाणं — आई बो टू साल्वेटेड्स
णमो आयरियाण — आई बो टू मिनिस्टर्स

णमो उवज्झायाणं आई बो टू प्रीसेप्टर्स
णमो लोए सव्व साहूण आई बो टू सेन्ट्स आव आल दी वर्ल्ड

धवलाटीका के अनुसार, इनके निम्न अर्थ हैं

मैं लोक के सभी बोधि–प्राप्त पूज्य पुरुषों को नमस्कार करता हूं।

मैं लोक के सभी सिद्धि–प्राप्त सर्वज्ञों को नमस्कार करता हूं।

मैं लोक के सभी धर्माचार्यों को नमस्कार करता हूं।

मैं लोक के सभी उपाध्यायों (पाठकों) को नमस्कार करता हू।

मैं लोक के सभी साधुओ (अध्यात्ममार्ग के पथिकों) को नमस्कार करता हू।

ऐसा प्रतीत होता है कि प्राचीन काल में पांच की संख्या का बडा महत्त्व था। इसीलिए पचभूत, पचप्राण, पंचरग, पंच–आचार, पांच अणु–महाव्रत, पांच समिति और पांच आकृतियां स्वीकृत किये गये। इसमें से कुछ को णमोकार मन्त्र के विविध पदों से सह–सम्बन्धित किया गया है (सारणी 1)

सारणी 1 : णमोकार मन्त्र के पदों के अन्य पंचकों से सह–सम्बन्ध

क्र	पद	रग	भूत	प्राण	आकृति	प्रभाव
1	णमो अरिहताण	सफेद	जल	समान	अर्धचन्द्र	विनाशक
2	णमो सिद्धाण	लाल	अग्नि	उदान	त्रिकोण	सरक्षक
3	णमो आयरियाण	पीला	पृथ्वी	व्यान	वर्ग	विनाशक
4	णमो उवज्झायाण	नीला	वायु	प्राण	षट्कोण	निर्माणक
5	णमो लोए सव्वसाहूण	धूम्र/काला	आकाश	अपान	वृत्त	विनाशक

इस प्रकार इस मन्त्र में ऋणात्मक गुणों को नष्ट कर सकारात्मक गुणों के विकास का गुण है। यह स्पष्ट है कि इसमें नकारात्मक गुणों के नाश के प्रतीक तीन पद हैं। इसका अर्थ यह है कि इन गुणों के नाश मे बहुत अधिक ऊर्जा लगती है। नकारात्मक गुणों में राग, द्वेष, मोह, तनाव, व्याधियां, पाप आदि माने जाते हैं। सकारात्मक गुण इनके विपरीत और प्रशस्त होते हैं। इस मन्त्र की विशेषता यह है कि यह व्यक्ति या दिव्य शक्ति आधारित नहीं है, यह पुरुषार्थवादी मन्त्र है। यह गुण–विशेषित मन्त्र है। फलतः यह सार्वदेशिक एवं त्रैकालिक मन्त्र है। यह वैज्ञानिक युग के भी अनुरूप है। इस मन्त्र का अंग्रेजी अनुवाद भी ऊपर दिया गया है। इसके आधार पर अग्रेजी के णमोकार मन्त्र की साधकता भी विश्लेषित की गई है।

गायत्री मन्त्र

जैनों के णमोकार मन्त्र के समान हिन्दुओं में गायत्री मन्त्र का प्रचलन है। इस मन्त्र को माता मन्त्र कहा जाता है। यह भक्तिवादी मन्त्र है जिसमें परमात्मा से सद्बुद्धि देने एवं सन्मार्ग की ओर प्रेरित करने की प्रार्थना की गई

है। मुख्यतः पुनरावृत्ति छोड़कर 24 अक्षरों वाले इस मन्त्र में 29 वर्ण हैं जिनके आधार पर इसकी साधकता विश्लेषित की गई है। यह मन्त्र निम्न है.

ओम भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो।
देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।

मैं उस परमात्मा (शिव) को अन्तरंग में धारण करता हूँ जो भूलोक, भुवनलोक एवं स्वर्गलोक में व्याप्त है, जो सूर्य के समान तेजस्वी एव श्रेष्ठ है और जो देवता स्वरूप है। वह मेरी बुद्धि को सन्मार्ग में लगाये।

गायत्री परिवार ने युग निर्माण योजना के माध्यम से इस मन्त्र को अत्यन्त लोकप्रियता प्रदान की है। इसको जपनेवालों की सख्या 3 करोड़ तक बताई जाती है। इस परिवार का मुख्य कार्यालय शांतिकुंज, हरिद्वार में है, जहां मन्त्र–जप के प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है। नई पीढी के लिए यह बहुत बड़ा आकर्षण है। एक जैन साधु ने णमोकार मन्त्र से सम्बन्धित एक आन्दोलन एवं रतलाम के एक सज्जन ने उसके प्रचार का काम चालू किया था, पर उसकी सफलता के आंकडे प्रकाशित नहीं हुए हैं। मन्त्र जप की प्रक्रिया को वैज्ञानिकतः प्रभावी बनाने के लिए इन्होंने किसी प्रयोगशाला की स्थापना की हो यह नहीं ज्ञात नहीं है।

यह गायत्रीमन्त्र दिव्यशक्ति के अस्तित्व पर आधारित है जो मनोवैज्ञानिकतः सामान्यजन को प्रभावित करता है। इसके विपर्यास में, णमोकार मन्त्र अधिक वैज्ञानिक होने पर भी जैनों के क्षेत्र से आगे नहीं बढ पाया है।

त्रि–शरण मन्त्र

जैनों और हिन्दुओं के समान बौद्ध धर्म के अनुयायियों का भी एक मन्त्र है जिसे त्रिशरण मन्त्र कहते हैं। यह निम्न है :

बुद्ध शरण गच्छामि · मैं बुद्ध की शरण लेता हूँ।
धम्मं शरण गच्छामि : मैं 'बुद्ध के उपदेशित' धर्म की शरण लेता हूँ।
संघं शरणं गच्छामि : मैं बुद्ध संघ की शरण लेता हूँ ।

यह भी व्यक्ति–विशेषित भक्तिवादी मन्त्र है। बौद्धों की विशिष्ट विपश्यना ध्यान–पद्धति भी है जिसमें इस मन्त्र का पारायण होता है। बुद्ध को सामान्यतः यथार्थवादी एवं व्यवहारवादी माना जाता है और उन्होने भी पुरुषार्थ को महत्त्व दिया है। फिर भी, यह व्यक्ति–आधारित है और मनोवैज्ञानिकतः प्रभावी है। यहां बुद्ध को दिव्य शक्ति सम्पन्न मान लिया गया है। इसीलिए बौद्धधर्म भी संसार के अनेक भागों में फैला है और अनुयायियों की दृष्टि से यह विश्व में तीसरा धर्म माना जाता है जबकि हिन्दू धर्म अब चौथे स्थान पर चला गया है। इस मन्त्र में 24 वर्ण हैं जिनके आधार पर इसकी साधकता विश्लेषित की गई है।

मंत्रों की प्रभावकता की व्याख्या

मन्त्र विशिष्ट ध्वनियों एवं वर्णों के समूह हैं। इनके उच्चारण से ध्वनि शक्ति उत्पन्न होती है। बारम्बार उच्चारण से इस शक्ति मे तीव्रता आती है। यह तीव्रता ही अनेक प्रभाव उत्पन्न करती है। इसलिए मन्त्रों को ध्वनि–शक्ति की लीलास्थली ही कहना चाहिए। यह ध्वनि शरीर तत्र के अनेक अवयवों, स्वर तन्त्र एव मन के कार्यकारी होने पर कठ, तालु आदि मे होने वाले विशिष्ट कम्पनों के माध्यम से उत्पन्न होकर अभिव्यक्त होती है। अतएव ध्वनि को कम्पन ऊर्जा भी कहते हैं। जैन शास्त्रों के अनुसार, ध्वनि ऊर्जामय सूक्ष्म पौद्‌गलिक कण हैं जो अपने उच्चारण के समय तीव्रगामी मन और प्राण से सयोग कर उनकी ही गति प्राप्त कर और भी शक्ति–सम्पन्न हो जाते हैं एवं शरीर–विद्युत उत्पन्न करती है। यह धनात्मक होती है और तत्र में विद्यमान ऋणात्मक तत्त्वो को नष्ट कर प्रशस्तता प्रदान करती है

मन्त्र ध्वनि→ध्वनि ऊर्जा→(प्राण, मन)→

शरीर विद्युत→नकारात्मकता नाश→ प्रशस्तता

इनकी उच्चारण शक्ति से आकाश मे भी, वीची–तरग–न्याय से, कम्पन उत्पन्न होते हैं जहा इनका विस्तार एव सूक्ष्मीकरण होता है। इन ऊर्जीकृत कम्पनो का पुज अपने उद्‌भव केन्द्र पर लौटने तक पर्याप्त शक्तिशाली हो जाता है और यही शक्ति मन्त्र–साधक की शक्ति कहलाती है। हमारे शरीर तन्त्र मे इस शक्ति के अवशोषण, संग्रहण एवं सचारण की क्षमता होती है। यह शरीर तन्त्र की विद्युत ऊर्जा को प्रचालित करती है। यह शक्ति मनुष्य मे भूकम्प–सा ला देती है। इस शक्ति के अनेक रूप सम्भव हैं। योगीजन अपनी दृष्टि, मन्त्रोच्चारण, स्पर्श तथा विचारो के माध्यम से इस शक्ति को दूसरो के हिताहित–सम्पादन मे सचारित करते हैं।

ऊर्जा के कम्पनों के अनेक रूप होते हैं – (1) विद्युत (2) प्रकाश और रग (3) प्राण (4) नाडी एवं (5) ध्वनि आदि। इनका सामान्य गुण कम्पन होता है। कुछ कम्पन स्वैच्छिक होते हैं और कुछ उत्पन्न किये जाते हैं (वचन, यत्रवादन आदि)। कुछ सहज ही होते रहते हैं। इन कंपनों के विषय में भारतीय विद्याओं के 'नादयोग' तन्त्र में 'आहत और अनाहत' के रूप में विवरण मिलता है। इसके अनुसार 10 प्रकार (मेघ, घंटा, भ्रमरी, तंत्री आदि) की ध्वनिया होती हैं। ये ध्वनिकम्पन अपनी विशिष्ट तरग–दैर्घ्य एवं आवृत्तियों से पहचाने जाते हैं। ये कम्पन हमारे कान के माध्यम से मस्तिष्क तन्त्र में जाते हैं, वहां से सारे शरीर में फैलकर सारे वातावरण में विसरित होते रहते हैं। ये कम्पन हमारी मानसिक एव विद्युत ऊर्जा को भी प्रभावित करते हैं, मन्त्र के माध्यम से उसे संवर्धित एव एकदिशी बनाते रहते हैं। इन कम्पनों की ऊर्जा हमारी प्रसुप्त या कर्म–आवृत्त ऊर्जा को उत्तेजित करती है और उसे

अभिव्यक्त करने में सहायक होती है। कम्पन ऊर्जा का प्रहार जितना ही तीव्र होगा, हमारी आंतरिक ऊर्जा की अभिव्यक्ति भी उतनी ही उन्नतिमुखी होगी।

प्रत्येक वर्ण की ध्वनि विशिष्ट होती है, अतः उसके कम्पन भी विशिष्ट होते हैं। ये कम्पन ही वर्ण की ऊर्जा को निरूपित करते हैं क्योंकि कम्पन ऊर्जा के समानुपाती होते हैं। यही नहीं, मन्त्र शास्त्रियों ने वर्णों–स्वर (16), व्यजन (33) और अर्द्धस्वरों–को मातृकाक्षर (अ–क्ष) एवं बीजाक्षर (क–ह) के रूप में विभाजित किया है। प्रत्येक मन्त्र में इन दोनों के, पल्लव (लिग, नमः, स्वाहा आदि) शब्दों का भी समावेश होता है। इस प्रकार प्रत्येक मन्त्र इन तीनों प्रकार के घटकों का विशिष्ट समुच्चय होता है। प्रत्येक वर्ण की विशिष्ट, अपरिमित तथा दिव्य शक्ति होती है। यह प्रशस्त, अप्रशस्त एवं उदासीन–किसी भी कोटि की हो सकती है। इन वर्णध्वनियों की शक्ति ही मन्त्र मे काम आती है। इस शक्ति का पूर्ण साक्षात्कार ही मन्त्र–साधना का लक्ष्य होता है। यह ध्वनि शक्ति शरीर, मन, विश्व, ग्रह, तथा अग्नि से अन्योन्य रूप से सम्बन्धित है। यह शक्ति हमारे सात चक्रों (मूलाधार से सहस्रार तक) और चैतन्य के विविध स्तरों (चेतन, अवचेतन और अचेतन) को प्रभावित करती है। मन्त्र सम्बन्धी वर्णों के शक्ति–उद्घाटन के ज्ञान की प्रक्रिया– 'मातृका विज्ञान' कहलाती है।

'मातृका' शब्द वस्तुतः 'मात्रा' (उच्चारण के समय का परिमाण) शब्द का व्युत्पन्न है। यह पाया गया है कि यदि स्वर के उच्चारण मे 'अ' समय की मात्रा लगती है, तो व्यजन के उच्चारण में प्रायः 'अ / 2' समय की मात्रा लगती है (स्वरो से आधी)। इनके उच्चारण के समय घटाये–बढाये जा सकते हैं; ह्रस्वध्वनि, दीर्घध्वनि, प्लुतध्वनि, विस्तारित ध्वनि आदि। उच्चारण–समयो से कम्पनो की प्रकृति में अन्तर पडता है। इसी कारण अनेक धर्मशास्त्र शब्द–शक्ति को आदि शक्ति ही कहते हैं।

मन्त्र की शक्ति का निर्धारण

विशिष्ट वर्ण–समूहो से निर्मित मन्त्रों की ऊर्जा का गुणात्मक विवरण शास्त्रो मे पाया जाता है। इस ऊर्जा के अनेक भौतिक और आध्यात्मिक लाभ भी वहा बताये गये हैं। इस ऊर्जा को परिमाणात्मक रूप देना किचित दुरूह कार्य है। फिर भी, यह तो माना ही जा सकता है कि मौन या वाचिक मन्त्रोच्चारण के समय, ध्यान के समान, हमारे मस्तिष्क की तरंगों की प्रकृति में अन्तर पड़ता है। वे बीटा–रूप से एल्फा रूप में परिणित होने लगती हैं जो मानसिक स्थिरता की प्रतीक हैं। मस्तिष्क के तरंग रूप में परिवर्तन के साथ उसके चारों ओर विद्यमान आभामण्डल के रंग में भी परिवर्तन होता है जो काले से सफेद की ओर बढ़ता हुआ प्रशस्त मनोवृत्ति की ओर सूचना देता है। इन दोनों ही परिवर्तनों का ज्ञान प्रयोगगम्य है और ध्यान की

प्रयोगशालाओ मे अनुभव किया जा सकता है। वैज्ञानिक युग के पूर्व के शास्त्रो मे इन परिवर्तनो का (स्थिरता, भाव–शुद्धि एव शाति के प्रभावो के रूप में) परोक्षतः ही उल्लेख माना जा सकता है।

शास्त्रीय युग में मन्त्रो के प्रभावो के प्रति विश्वास एव आकर्षण उत्पन्न करने के लिए यह आवश्यक था कि उनकी समग्र शक्ति या प्रभाविता को उनमें विद्यमान वर्णों की समग्र शक्ति के रूप मे माना जाये। फलत प्रत्येक मन्त्र की शक्ति का निर्धारण उसमें विद्यमान वर्णों की शक्ति के आधार पर किया गया है। अनुभव के आधार पर प्रत्येक वर्ण की विशिष्ट शक्ति या सामर्थ्य निर्धारित किया गया है। यह सकलित शक्ति ही मन्त्र की साधक क्षमता एव उद्देश्य–पूरण क्षमता को व्यक्त करती है। फलतः

मन्त्र के प्रत्येक वर्ण की शक्ति का योग = मन्त्र की साधक क्षमता

इस लेख में वर्णों की शक्ति के आधार पर मन्त्रो की साधक क्षमता को विश्लेषित करने का प्रयत्न किया गया है। गोविन्दशास्त्री, नेमचन्द्र शास्त्री और सुशील मुनि ने विभिन्न वर्णों के सामर्थ्य का परम्परा प्राप्त संकलन दिया है। उसके आधार पर सारणी–2, 3 व 4 तैयार की गई हैं। इनका तुलनात्मक विश्लेषण सारणी 6 में दिया गया है। इन सारणियो मे जैनों के 'णमोकार मन्त्र,' हिन्दुओ के 'गायत्री मन्त्र' और बौद्धो के त्रि–शरण मन्त्र तथा ओम् मन्त्र को आधार बनाया गया है। साथ ही, यह विश्लेषण सभी मन्त्रो में 35 अक्षर मानकर किया गया है जिससे सार्थक तुलना हो सके। इस तुलना से एक रोचक और उत्साह–वर्धक यह तथ्य प्रकट होता है कि यदि पूर्वोक्त मन्त्रो मे 35 अक्षर मान लिये जाये, तो सभी की साधक क्षमता लगभग समान होती है। हा, ओम् नामक 'प्रणव' बीजमन्त्र इसका अपवाद होगा, पर उसकी क्षमता, उसकी जप सख्या बढाकर, सहज ही बढाई जा सकती है।

अग्रेजी में अनुदित मन्त्र की साधकता का विश्लेषण :

आजकल विभिन्न धर्मों के वैश्वीकरण की चर्चा जोरों पर है। इसके लिए सस्कृत–प्राकृत भाषा के मन्त्रों का अन्य भाषान्तरण आवश्यक है। इस हेतु अग्रेजी सर्वाधिक लोकप्रियता प्राप्त है। अनेक सूत्रों से णमोकार मन्त्र का अग्रेजी अनुवाद हुआ है पर वह मन्त्र में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दो के समरूप शब्दो की विविधता के कारण प्रामाणिक अग्रेजी–मन्त्र नहीं माना जा सकता। लेखक का विचार है कि जब मूल मन्त्र एक है, तो उसका भाषान्तरण भी एक ही शब्दावली में होना चाहिए। लेखक ने अग्रेजी की सरल शब्दावली का उपयोग कर इस प्रश्न का उत्तर देने का प्रयत्न किया है कि अग्रेजी मे मन्त्र की साधक–क्षमता कैसी होगी ? सारणी 5 से पता चलता है कि अंग्रेजी में अनुदित मन्त्र की सामर्थ्य संस्कृत–प्राकृत मन्त्रों की तुलना में प्रायः 60 प्रतिशत ही आता है। इसका कारण सम्भवत. यह है कि अंग्रेजी में

ट (टी), ओ आदि वर्णों के कारण तथा णकार के समान प्रशस्त वर्णों के अभाव के कारण उसमें व्यक्त मन्त्रों की वर्णित साधक-क्षमता में कमी होती है। इस अनुवाद में कुछ शब्दों को बदलकर (जैसे 'आई बो' के बदले 'बोइंग्स') साधक क्षमता में कुछ सुधार सभव है, पर इच्छित सामर्थ्य कठिन ही प्रतीत होता है। फलत यह कमी मन्त्र-जप की सख्या को बढाकर ही पूरी की जा सकती है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस मन्त्र के समान ही अन्य मन्त्रों के अंग्रेजी अनुवाद की साधक क्षमता भी इसी प्रकार की होगी।

सारणी 2 : णमोकार मन्त्र की साधकता का विवरण

ण	शान्ति, शक्ति	ण	शान्ति, शक्ति	ण	शान्ति शक्ति	ण	शान्ति, शक्ति	ण	शान्ति शक्ति
म	सिद्धि, सन्तान	म	सिद्धि, सन्तान	म	सिद्धि, सन्तान	म	सिद्धि, सन्तान	म	सिद्धि, सन्तान
ओ	अनुदात्त	ओ	अनुदात्त	ओ	अनुदात्त	ओ	अनुदात्त	ओ	अनुदात्त
अ	सर्व शक्ति	स	सर्वसाधक	आ	धन, आशा	उ	अदभुत शक्ति	ल	लक्ष्मी, कल्याण
र	शक्ति, वृद्धि	इ	मृदुकारी साधक	य	शाति, सिद्धि	व	विपत्ति निवारक	ओ	अनुदात्त
इ	मृदुकारीसाधक	द	आत्म शक्ति	र	शक्ति, वृद्धि	ज्	रोगनाश, सिद्धि	ए	निश्चल
ह	मगल साधक	घ	सहयोगी	इ	मृदु-कारी साधक	झ	शक्ति सचार	स	सर्वसाधक
न्	आत्म शक्ति	आ	धन, आशा	य	शान्ति सिद्धि	य	शान्ति, सिद्धि	व्	विपत्ति निवारक
त	सर्व सिद्धि	ण	शान्ति, शक्ति	आ	धन, आशा	आ	धन, आशा	ब	विपत्ति निवारक
आ	धन, आशा	म्	सिद्धि, सतान	ण	शान्ति शक्ति	ण	शान्ति, शक्ति	स	सर्वसाधक
ण	शान्ति, शक्ति	–	–	म्	सिद्धि, सतान	म्	सिद्धि, सतान	आ	धन, आशा
म्	सिद्धि सतान	–	–	–	–	–	–	ह	मगल साधक
								ऊ	विघटन
								ण	शान्ति, शक्ति
								म्	सिद्धि, सतान

सारणी 3 : गायत्री मन्त्र की साधकता का विवरण

ओ	अनुदात्त	ग	साधक
म्	सिद्धि, सन्तान	ओ	अनुदात
भ	सात्विक विरोधी	द	आत्म शक्ति
ऊ	विघटन	ए	निश्चल

र	शक्ति, वृद्धि
भ	सात्विक विरोधी
उ	अद्भुत शक्ति
व	विपत्ति निवारक
ह	मगल साधक
स्	सर्वसाधक
व	विपत्ति निवारक
हृ	मगल साधक
त	सर्व सिद्धि
त्	सर्व सिद्धि
स	सर्वसाधक
व	विपत्ति निवारक
इ	मृदुकारी साधक
त	सर्व सिद्धि
उ	अद्भुत शक्ति
र	शक्ति, वृद्धि
व	विपत्ति निवारक
र	शक्ति वृद्धि
ए	निश्चल
ण	शान्ति, शक्ति
य	शान्ति, सिद्धि
म्	सिद्धि, सन्तान
भ	सात्विक विरोधी
र	शक्ति वृद्धि

व	विपत्ति निवारक
स्	सर्वसाधक
य	शान्ति, सिद्धि
घ	मगल साधक
ई	अल्प शक्ति
म	सिद्धि, सन्तान
ह	मगल साधक
इ	मृदुकारी साधक
घ	मगल साधक
इ	मृदुकारी साधक
य	शान्ति, सिद्धि
ओ	अनुदात
य	शान्ति, सिद्धि
ओ	अनुदात
न	आत्म सिद्धि
ह	मगल साधक
प्	सहयोगी
र	शक्ति वृद्धि
च	खण्ड शक्ति
ओ	अनुदात
द	आत्मशक्ति
य	शान्ति, सिद्धि
आ	धन, आशा
त्	सर्वसिद्धि

सारणी 4 : त्रि–शरण मंत्र की साधकता का विवरण

ब	विपत्ति निवारक	ध	सहयोगी	स	सर्वसाधक
उ	अद्भुत शक्ति	म्	सिद्धि, सन्तान	म्	सिद्धि, सन्तान
द्	आत्मशक्ति	म	सिद्धि, सन्तान	घ	स्तम्भन
ध	सहयोगी	म्	सिद्धि, सन्तान	म्	सिद्धि, सतान
म्	सिद्धि,सन्तान	श	निरर्थक	श	निरर्थक
श	निरर्थक	र	शक्ति, वृद्धि	र	शक्ति, वृद्धि
र	शक्ति, वृद्धि	ण	शान्ति, शक्ति	ण	शान्ति, शक्ति
ण	शान्ति, शक्ति	म्	सिद्धि, सन्तान	म्	सिद्धि, सन्तान
म्	सिद्धि, सतान	ग	साधक	ग	साधक
ग	साधक	च्	खण्डशक्ति	च्	खण्डशक्ति
च्	खण्डशक्ति	छ	शक्ति, विध्वश	छ	शक्ति, विध्वश
छ	शक्ति, विध्वश	आ	धन, आशा	आ	धन, आशा
आ	धन, आशा	म	सिद्धि, सन्तान	म	सिद्धि, सन्तान
म	सिद्धि,सन्तान	इ	मृदुकारी साधक	इ	मृदुकारी साधक
इ	मृदुकारी साधक				

सारणी 5 : णमोकार मंत्र के अंग्रेजी अनुवाद की साधकता का विवरण

आ	धन, आशा	आ	धन, आशा	आ	धन, आशा	आ	धन, आशा	आ	धन, आशा
इ	मृदुकारी साधक	इ	मृदुकारी साधक	इ	मृदुकारी साधक	इ	मृदुकारी साधक	इ	मृदुकारी साधक
ब	विपत्ति निवारक	ब	विपत्ति निवारक	ब	विपत्ति निवारक	ब	विपत्ति निवारक	ब	विघ्नविनाश
ओ	अनुदात्त	ओ	अनुदात्त	ओ	अनुदात्त	ओ	अनुदात्त	ओ	अनुदात्त
ट	अशान्ति	ट	अशान्ति	ट	अशान्ति	ट	अशान्ति	ट	अशान्ति
ऊ	विघटन	ऊ	विघटन	ऊ	विघटन	ऊ	विघटन	ऊ	विघटन
ए	निश्चल	स	सर्वसाधक	म	सिद्धि, सतान	प	सहयोगी	आ	धन, आशा
न्	आत्मसिद्धि	आ	धन, आशा	इ	मृदुकारी साधक	र	शक्ति, वृद्धि	ल	लक्ष्मी, कल्याण
ल	लक्ष्मी, कल्याण	ल्	लक्ष्मी, कल्याण	न	आत्म–सिद्धि	ई	अल्पशक्ति	ब	विपत्ति निवारक
आ	धन, आशा	व	विघ्नविनाश	इ	मृदुकारी साधक	स	सर्वसाधक	र	शक्ति, वृद्धि
इ	मृदुकारी साधक	ए	निश्चल	स्	निश्चल	ए	सर्वसाधक	ल	लक्ष्मी, कल्याण
						प	संयोगी	ड	शान्ति विरोधी

ट	अशाति	ट	अशान्ति	ट	अशान्ति	ट	अशान्ति	स	सर्वसाधक
ए	निश्चल	ए	निश्चल	र	शक्ति वृद्धि	र	शक्ति, वृद्धि	ए	निश्चल
न्	आत्म सिद्धि	ड	शान्ति विरोधी	स	सर्वसाधक	स	सर्वसाधक	न्	आत्म सिद्धि
ड	शाति विरोधी	स	सर्वसाधक					ह	मृदुकारी साधक
स	सर्वसाधक							ट्	अशांति
								स	सर्वसाधक

सारणी 6 : विभिन्न मत्रों की साधकता का तुलनात्मक विवरण

क्र	फल	णमोकार मत्र		ओम् मत्र	गायत्री मत्र	त्रि–शरण मत्र	वर्ण
		प्राकृत	अग्रेजी				
अ	साधक फल						
1	शान्ति, शक्ति,सामर्थ्य	11	–	1	1	3	ण, अ
2	सर्वशक्ति	7	8	–	1	3	आ
3	सिद्धि, सतान	10	1	1	3	12	म
4	मगल साधक	2	–	–	7	–	ह, ग
5	लक्ष्मी, कल्याण	1	4	–	–	–	ल
6	विघ्न/ विपत्ति निवारक	3	7	–	5	1	व,ब
7	सर्वसिद्धि/ साधक	4	7	–	8	4	त, स
8	आत्म सिद्धि/ शक्ति	2	4	–	3	1	न, द
9	शक्ति वृद्धि/ सर्वशक्ति	2	4	–	5	3	र
10	शान्ति / सिद्धि	3	–	–	4	–	य

11	निश्चल	1	6	—	2	—	ए
12	शक्ति संचार/ अद्भुत शक्ति	2	—	1	2	1	उ, झ
13	धन, आशा	3	8	—	3	3	आ
14	मृदुशक्ति/सहयोग	1	2	—	1	2	प
15	शक्ति/ विध्वंस	—	—	—	—	3	छ
16	स्तम्भन	—	—	—	—	1	घ
	योग	52	51	3	45/ 50	37/ 55	
	मंत्राक्षर 35	35	—	36	34 5	36	
ब	विनाशक फल						
1	अनुदात्त	6	5	—	—	—	ओ
2	अशान्ति	—	10	—	—	—	ट
3	विघटन	1	5	—	1	—	ऊ
4	शान्ति विरोधी	—	2	—	—	—	ड
5	अल्पशक्ति	—	1	—	1	—	ई
6	खण्ड शक्ति	—	—	—	1	3	च
7	सात्विक विरोधी	—	—	—	3	—	भा
8	निरर्थक	—	—	—	—	3	श
	योग	7	23	—	6	6	
	मंत्राक्षर	35	36	34	35	36	
	साधकता	52–7 =45	51–23 = 28	55–6 = 49	54–6 = 48		

संदर्भ सामग्री

1 जैन, प्रकाशचन्द्र, जैन शास्त्रों मे मन्त्रवाद, ज मो ला शास्त्री साधुवाद ग्रन्थ, रीवा, 1989 पेज 198
2 शास्त्री, नेमचन्द्र, णमोकार मन्त्र· एक अनुशीलन, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1967 पे 8–12
3 शास्त्री, गोविद, मन्त्र–दर्शन, सर्वार्थ सिद्धि प्रकाशन, दिल्ली, 1980
4 सरस्वती, ब्रम्हानद, नादयोग, आनद आश्रम, मुनरो, अमरीका, 1989
5 ˊ गायत्री चालीसा, शाति कुज, हरिद्वार, 1990
6 मुनि, सुशील, साग आव दी सोल, सिद्धाचलम् पब्लिशर्स, ब्लेयर्स टाउन, अमरीका, 1987
7 योग विद्या, बिहार योग विद्यालय, मुगेर, 1982–83 के अनेक अक
8 जैन, मु शाता, लेश्या और मनोविज्ञान, जैन विश्वभारती, लाडनू, 1996
9 जैन, एन एल, ग्लासरी आव जैन टर्म्स, जैन इन्टरनेशनल, अहमदाबाद, 1995

●

हिंसा का समुद्र : अहिंसा की नाव

पश्चिम के अध्येताओं ने जब बीसवीं सदी के प्रारम्भ में जैनधर्म का अध्ययन कर उसके निवृत्तिमार्गी रूप का ज्ञान किया, तब उन्होंने यह अनुमान लगाया कि उसके सारे सिद्धान्त निवृत्तिमार्ग के पोषण के लिये, नकारात्मक या जगत् से पलायन के लिये, अकर्मता के प्रवर्तन के लिये विकसित किये गये हैं। फलत. जैनों का मूल सिद्धान्त दुःखमय ससार से निवृत्ति है, अहिंसा आदि सिद्धान्त तो इसके सहायक हैं। इसके विपर्यास में, जैन 'अहिसा परमो धर्म' मान कर उसके आधार पर निवृत्तिमार्ग विकसित करते हैं। इन दोनो मान्यताओ की मीमासा अपेक्षित है। 'अहिसा' शब्द हिंसा का नकारात्मक रूप है और प्रीति, स्नेह, करुणा एव विश्वबधुत्व का सकारात्मक रूप है। फलत अहिंसा को समझने के लिये 'हिंसा' के विषय में ज्ञान करना होगा। शास्त्रकारो के 'हिंसैव दुर्गतेर्द्वारं' के कथन के बावजूद भी इसका उल्लेखनीय विस्तार हो रहा है।

हिंसा के मूलभूत रूप

सामान्यत हमें 'हिसा' के दो रूप प्राप्त होते हैं (1) भावात्मक और (2) क्रियात्मक। इन्हे भाव और द्रव्य, निश्चय और व्यवहार या अन्तरग और बाह्य भी कहते हैं। इनमें मुख्य भावात्मक हिंसा बताई गई है क्योकि प्राय हिसा भावानुसारी होती है। साथ ही, भावविहीन और यतनाचारी व्यवहार हिसा को दुर्बल कहा गया है। जॉनसन[1] के अनुसार, प्रारम्भ में हिसा द्रव्यात्मक ही मानी जाती थी, भावात्मकता तो उसमें उत्तरकाल मे जुडी है। इससे विभिन्न प्रवृत्तियों की कोटि के वर्णनों में सहायता मिली है।

गुणधर और कुन्दकुन्द ने रागादि क्लेशयुक्त भावो की उत्पत्ति या अशुभ उपयोग को हिंसा (भाव) कहा है, जबकि प्रमाद या अयतना से की जाने वाली स्व–पर–पीड़ादि क्रियायें द्रव्य, व्यवहार या क्रियात्मक हिंसा है। प्रारम्भ में तो हिंसा का अर्थ प्राण–व्यपरोपण माना जाता था, पर अब स्वयं या अन्य को किसी भी प्रकार की मानसिक, वाचिक या कायिक पीडा उत्पन्न करना भी इसमें समाहित हुआ है जो अहिसा व्रत के अतिचारों के अवलोकन से

प्रकट होता है। यद्यपि ये अतिचार पशुओं के साथ किये जाने वाले व्यवहार से ही सम्बन्धित लगते हैं, पर इन्हे सभी कोटि के जीवों पर अनुप्रयुक्त करना चाहिये। इस तरह पीडा या मारण–दोनों ही हिसा के रूप हैं। रत्नकरंडश्रावकाचार[2], पुरुषार्थसिद्धयुपाय[3] एव सागारधर्मामृत[4] मे दी गई अहिसा की परिभाषा अति स्पष्ट और व्यापक है। इस आधार पर, मन–वचन–काय के कृत–कारित–अनुमोदित रूपो से राग–द्वेषादि–प्रेरित षट्काय के जीवों को, त्रस जीवो को या स्थूल जीवों को पीडा पहुँचाना या प्राण–हरण करना हिंसा है । वस्तुत इस प्रक्रिया मे दो चरण होते हैं

1 स्व–घात या परिणाम

2 पर–घात/परपीडन/स्वपीड़न

परपीडन के पूर्व स्वपीड़न/स्वहिसा (कषायभाव के कारण) लगभग स्वाभाविक है। परपीडन तो उत्तरवर्ती चरण है। फलत

प्रमाद भाव + द्रव्य (बाह्य) हिंसा→हिंसा की कोटि

यदि भाव हिंसा (परिणाम, संकल्प) तीव्र है, तो हिसा की कोटि उच्चतर होगी । यदि भाव (परिणाम) मृदु हैं और बाह्य हिसा अधिक है, तो हिसा की कोटि भी मृदु होगी। इससे प्रतीत होता है कि भाव हिसा और द्रव्य हिसा एक पूर्वापरवर्ती प्रक्रम है । इसके आधार पर हिसा का फल चार कोटियो मे हो सकता है

(1) हिसा के पूर्व (2) हिसा करते समय

(3) हिसा के बाद (4) द्रव्य–हिसा के आरम्भ (साधन)

इसका विवरण पुरुषार्थसिद्धयुपाय मे देखना चाहिये। चोर की फासी या राजा के युद्ध के समय का हिसा–फल–विवेक भी वहा बताया गया है। ये बडे व्यावहारिक निदर्शन हैं (देखिये श्लोक 54, 55, 56) ।

यद्यपि रत्नकरडश्रावकाचार मे त्रस–पीडन को हिसा कहा है (चर–सत्वान्), पर अन्य ग्रन्थो में स्थावर–कायपीडन भी हिसा में समाहित हुआ है। इसीलिये जिनेन्द्र वर्णी[5] ने 'षट्काय' शब्द का उपयोग किया है। ज्ञानीजन बताते हैं कि हिसा के मूल में अभाव, अतृप्ति या भोग (आवश्यकता पूर्ति ?) या अधिकता की भावना होती है। भय और अविश्वास की भावनायें भी हिसा की जनक हैं।

हिंसा के भेद और कोटि

सागारधर्मामृत की टीका में पं. देवकीनन्दन जी ने बताया है कि हिंसा के सामान्यतः 9 अंग होते हैं : 3 (योग) × 3 (कृत–कारितादि) = 9 पर यदि इनका विस्तार किया जाय, तो इसके 147 रूप हो सकते हैं .

(1) मन (2) वचन (3) काय
(4) मन–वचन (5) मन–काय (6) वचन–काय
(7) मन–वचन–काय के

(1) कृत (2) कारित एवं (3) अनुमोदित तथा
(4) कृत–कारित (5) कारित–अनुमोदित (6) कृत–अनुमोदित एवं
(7) कृत–कारित–अनुमोदित

के सात–सात रूपों से 7 × 7 = 49 भग हुए। इनको भूत, भविष्य और वर्तमान के तीन आधारों पर लेने से 49 × 3 = 147 रूप हो जाते हैं।

यहा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि सामान्यजन तो व्यावहारिक हिसा के रूप मे ही हिसा को मानता है। भावात्मक हिसा तो वह किंचित् गभीर चितन या उपदेश से ही समझ पाता है। अस्तु, हिसा या अहिसा के विवरण से ऐसा प्रतीत होता है कि शास्त्रों मे हिसा की कोटि या परिमाणात्मकता नहीं निरूपित की गई है। इस पर कुछ विचार यहा दिये जा रहे हैं। वस्तुतः, यह स्पष्ट है कि हिंसा की सपूर्ण प्रक्रिया में निम्न चरण सम्भव हैं

सारणी 1 : हिंसा की प्रक्रिया के चरण

	चरण	स्वैच्छिक मान
1	मन या भावो के दो स्तर होते हैं विचार और सकल्प	2 (1 + 1)
2	वचन का तो एक ही स्तर होता है	1
3	क्रिया का भी एक ही स्तर होता है	1
4	कृत तो स्वयकृत (मन + काय) होता है, अत उसके दो स्तर होते हैं ..	(2 + 1) = 3
5	कारित मे कम–से–कम दो व्यक्ति होते हैं (भाव–व्यक्ति, क्रिया–व्यक्ति)	(3 + 1) = 4
6	अनुमोदित मे सामान्यत तीन व्यक्ति होते हैं (भाव व्यक्ति + समर्थक व्यक्ति + क्रिया व्यक्ति)	(3 + 1 + 1) = 5

हम यह जानते हैं कि भावात्मक हिंसा के दो चरण होते हैं (1) विचार और (2) सकल्प। वचनात्मक और क्रियात्मक हिंसा का एक–एक ही चरण होता है (1) कथनी या (2) करनी। इसी प्रकार, सामान्यत. कृत का एक ही चरण होता है, पर वह भावात्मक प्रक्रिया पर भी निर्भर करता है। साधुओ के लिये कृत एकचरणी होता है। शास्त्रों के अनुसार, भावरहित 'कृत' अल्पपापबन्धी होता है। पर यह साधुओं या उत्कृष्ट श्रावक के लिये ही प्रयोगसाध्य है । हम यहां सामान्यजन की बात कर रहे हैं । कारित में कम से कम दो व्यक्ति होते हैं। उनमें से एक के भाव का चरण भी समाहित होता है। अत. इसमें एक का मन–वचन एवं दूसरे का काय समाहित होता है। इसी प्रकार, अनुमोदन में कम से कम तीन व्यक्ति समाहित होते हैं और उसमें पांच

चरण होते हैं। यदि हम विभिन्न चरणो के लिये, स्वैच्छिकत एक का मान मानले, तो हिसा के विविध चरणो को परिमाणात्मक रूप में व्यक्त कर कुछ निष्कर्ष प्राप्त कर सकते हैं। इस विवरण के आधार पर प्रत्येक चरण के मान ऊपर चरणो के सामने दिये गये हैं। इस आधार पर हम विभिन्न प्रकार से की जाने वाली हिंसाओ के मान भी ज्ञात कर सकते हैं (सारणी 2)।

सारणी 2 : विभिन्न प्रकार की हिंसाओं के मान

1	मन–कृत हिंसा	2 X 3 = 6	6	काय–कारित हिसा	1 X 4 = 4
2	वचन–कृत हिसा	1 X 3 = 3	7	मन–अनुमोदित हिंसा	2 X 5 = 10
3	काय–कृत हिसा	1 X 3 = 3	8	वचन–अनुमोदित हिसा	1 X 5 = 5
4	मन–कारित हिसा	2 X 4 = 8	9	काय–अनुमोदित हिसा	1 X 5 = 5
5	वचन–कारित हिसा	1 X 4 = 4			

इसी प्रकार, 49 भगो के रूप मे की जाने वाली हिसा का मान ज्ञात किया जा सकता है। उदाहरणार्थ, जटिलतम हिसा का मान ·

(मन–वचन–काय) x (कृत–कारित–अनुमोदित)
= (2x1x1) x (3x4x5) = 120

यह एक कालचरण का मान है। तीनो कालों के लिये, यह मान 120 x 3 = 360 होगा। इस प्रकार, एक व्यक्ति के द्वारा की गई, कराई गई तथा अनुमोदित हिसा का एक–कालिक अधिकतम मान 120 यूनिट होगा। लेकिन जब किसी प्रक्रिया मे एकाधिक व्यक्ति समाहित होते हैं, (जैसे अनेक गार्हस्थिक/आजीविका या धार्मिक क्रियायें), तो उनमे हिसा का मान ज्ञात किया जा सकता है। यही नही, हिसा का मान हिंसित जीवों की जीवन–इकाइयो या चैतन्य–स्तरो पर भी आधारित होता है। प्रोफेसर मरडिया[6] ने विभिन्न कोटि के जीवो के लिये जीवन–यूनिटो की स्वैच्छिक धारणा (सारणी 3) प्रस्तुत की है। इसके अनुसार, अजीव पदार्थों की जीवन–इकाई शून्य होती है और सिद्ध जीवों की चेतना का-

सारणी 3 : विभिन्न जीवों की चेतना का स्तर

1	अजीव पदार्थों की जीवन–इकाई			0
2	एकेन्द्रिय अतिसूक्ष्म जीवों की जीवन–इकाई			10^{-4}
3	पौधों की जीवन–इकाई			10^{-3}
4	कदमूलों की जीवन इकाई			10^{-2}
5	दो इद्रिय जीव	2	तीन इद्रिय जीव	3
6	चार इद्रिय जीव	4	पंचेद्रिय तिर्यच	5

7.	अपराधी मनुष्य	10	सामान्य मनुष्य	10^2
8.	साधु	10^3	उपाध्याय	10^5
9.	आचार्य	10^{10}	अरिहन्त	10^{100}
10.	सिद्ध	10^{∞}		

स्तर अनन्त होता है। यह धारणा विभिन्न कोटि के जीवों के भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास या चेतना–स्तर पर आधारित है। इस प्रकार, यह तो स्पष्ट ही है कि एकेन्द्रिय जीवों की हिंसा में यह मान कम होगा और उच्चतर जीवों की हिंसा में यह मान वर्धमान होगा। वनस्पति विज्ञानी यह बताते हैं कि साधारण अति–सूक्ष्म जीवों में चेतना का स्तर उच्च होता है (बेक्टीरिया, शैवाल आदि)। इनके विपर्यास में, वृक्षों की चेतना का स्तर कन्दमूलो से अधिक हेता है।[7]

पूर्वोक्त हिसा–रूपो के मानों से यह भी स्पष्ट है कि कृत की तुलना में कारित और उसकी तुलना में अनुमोदित्त हिंसा का मान अधिक होता है। आजकल धर्मक्षेत्र में मन–कृत हिंसा (6) कम और उसके दो अन्य रूप, मन–कारित (8) एवं मन–अनुमोदित (10) अधिक प्रयुक्त होते हैं। इनके मानो का अनुपात 6:8 10 होना चाहिये। ज्ञानीजन इस आकलन को और अधिक यथार्थ बना सकते हैं।

हिंसा के भेदों के विविध रूप

सागारधर्मामृत में हिंसा के, श्रावक एवं साधुओं को ध्यान मे रखकर, दो अन्य रूप भी बताये गये हैं :

(1) **आरम्भजा हिंसा** : गृहस्थी एव कृषि आदि के समान आजीविका के कार्यों में होने वाली हिसा, शौच, स्नान, निद्रादि की क्रियायें भी आरम्भजा हैं । शौच॰ मे तो एक–तिहाई बेक्टीरिया होते हैं, अन्य क्रियाओ में भी शरीर–कोशिकाओ का क्षरण एव पुनर्जनन होता रहता है। मल–मूत्र जब खुले भूतल पर पडते हैं, तब न केवल बेक्टीरिया नष्ट होते हैं, अपितु भूतल मे विद्यमान बड़े कृमि मी ऊष्मा के कारण हिंसित होते हैं।

(2) **अनारम्भजा हिंसा** : अन्य सामान्य कार्यों में होने वाली हिंसा . (उठना, बैठना, श्वास लेना, विहार आदि)।

गृहस्थ श्रावक अनारम्भजा हिसा को तो अल्पीकृत कर सकता है, लेकिन वह आरम्भजा हिंसा से विरत नहीं हो सकता। हा, उसे यत्नपूर्वक त्रस और स्थावर हिंसा मे सावधानी रखनी चाहिये।

गृहस्थ या सामान्यजन के लिये (1) रोटी (आहार), (2) कपडा (वस्त्र) (3) मकान (प्रत्येक कोटि के, देवालय भी इनमें समाहित होते हैं) और (4) आजीविका की आवश्यकता होती है। गृहस्थों के जीवन को ध्यान में रखकर उत्तरवर्ती आचार्यों ने उनकी, तीन प्रकार की ही हिंसा का सकेत किया है।

इसमें भी आरम्भजा हिसा प्रमुख है जो उपरोक्त चारों प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति में तथा शौचादि दैनिक क्रियाओ में भी अनिवार्य है। इनमे न केवल मुख्यत एकेन्द्रिय जीवो का हिसन है, अपितु उच्चतर कोटि के जीवो का हिसन भी, अल्पसख्या में (विशेषत कृषि के समान आजीविकाओं मे) समाहित है। इनमें सकल्पी हिसा भी पाई जाती है। इन प्रक्रियाओ मे पाच प्रकार की हिंसा के रूप समाहित हैं :[8]

1 क्रोधावेशित हिसा (प्रादोषिकी)
2 दुष्ट–आवेशयुक्त (कायिकी हिंसा)
3 हिसा के उपकरणो का प्रयोग (आधिकरणकी)
4 पीडा उत्पन्न करने वाली (पारितापिकी)
5 प्राण–वियोजनी (प्राणातिपातकी)

इन रूपो मे हिसा के तीन प्रकार समाहित होते हैं (1) आरम्भी (2) उद्योगी एव विरोधी और (3) सकल्पी। कहीं–कहीं उद्योगी और विरोधी को पृथक् गणित कर चार रूप भी बताये गये हैं।

आरम्भजा हिसा बहुरूपिणी होती है। यही नहीं, गृहस्थों की हिंसा को तीन अन्य रूपो मे भी व्यक्त किया जा सकता है

(1) **सामान्य हिंसा (या व्यक्तिगत या सामाजिक हिंसा)** : यह जीवन सचालन के लिये उपरोक्त तीनो कोटि के कार्यों मे होती है। इसमे शोषण, सग्रह आदि भी समाहित हैं।

(2) **धार्मिक हिंसा** यह आध्यात्मिक स्तर को उन्नत करने वाले कार्यों (आरती, धूप–हवन, पूजा–अभिषेक, विधान–प्रतिष्ठाये, पचकल्याणक, गजरथ आदि) मे जाने–अनजाने होती हैं। इन क्रियाओं मे भी चारों प्रकार की हिंसा सम्भावित है।

(3) **राजनीतिक हिंसा** युद्ध, कलह आदि।

हिंसा–विषयक अध्ययन

हिंसा के विषय मे जानकारी करने के लिये प्रश्नव्याकरण[9], सागारधर्मामृत एवं पुरुषार्थसिद्धियुपाय के विवरणो को समेकित करने पर छह बिन्दु प्राप्त होते हैं .

(1) हिसा की परिभाषा द्रव्य/भाव, प्राणपीडन/मारण
(2) हिंसक पापी प्राणी, जीव (प्रमत्त)
(3) हिस्य : द्रव्य एवं भाव प्राण
(4) हिसा–फल पाप–बध, चार गति के दुःख
(5) हिंसा के साधन : रागभाव, कषायभाव आदि, हिंसा के उपकरण और विधियाँ
(6) हिंसा के विविध रूप. हितकारी और अहितकारी हिंसा

वहां यह भी बताया गया है कि हिंसा को यथाशक्ति छोडना या अल्पीकृत करना चाहिये।

ऐसा प्रतीत होता है कि दिगम्बर ग्रंथों की तुलना में, प्रश्नव्याकरण में हिंसा-सम्बन्धी सूचनायें अधिक हैं। वहा हिंसा की परिभाषा और फल आदि के आधार पर हिंसा के 22 नाम दिये गये हैं। इसी प्रकार, 'प्राणिबध' रूप परिभाषा के आधार पर तीस अन्य नाम दिये गये हैं जिनमें शब्दभिन्नता अधिक है, अर्थभिन्नता कम है। संयमविहीन पापी, हिंसक प्राणी तत्कालीन ज्ञात निम्न प्रकार के जीवों का बध या पीड़न करते हैं :

1 15 प्रकार के जलचर
2 40 प्रकार के थलचर
3. 8 प्रकार के सर्पादि उर . परिसर्प
4. 14 प्रकार के भुज परिसर्प (गोंच, नेवला आदि)
5 61 प्रकार के नभचर जीव (तोता, मैना आदि)
6 अनेकानेक प्रकार के 2,3,4 इंद्रिय के जीव
7 अनेकानेक प्रकार के पचेन्द्रिय जीव
8. विभिन्न प्रकार के एकेन्द्रियजीव

उच्चतर कोटि के विभिन्न जीवों की हिंसा विभिन्न प्रकार की उपयोगी या अनुपयोगी 33 वस्तुओ (चमड़ा, चर्बी, दात, हड्डी, विष, विषाण, मधु, वस्त्र, शरीर-सुख आदि) को प्राप्त करने के लिये की जाती है। इनको पीडा पहुँचाने के साथ ही, मनुष्य जाने-अनजाने पाच प्रकार के एकेन्द्रिय जीवो को भी विभिन्न कारणो से पीड़ा पहुँचाते हैं। उदाहरणार्थ, पृथ्वीकायिक जीवो की हिंसा विभिन्न प्रकार के आवास-निवास, साधुओं के आराम और विहार, छतरी एव स्मारक, देवालय, मडप, विभिन्न प्रकार के पात्र आदि कम-से-कम 40 वस्तुओ के बनाने मे की जाती है। जलकायिक जीवों की हिंसा स्नान, पान, भोजन, वस्त्र-प्रक्षालन, शौच और शुद्धि आदि के लिये की जाती है। तेजस्कायिक जीवों की हिंसा भोजन पकाने-पकवाने, दीपादि जलाने तथा प्रकाश करने के लिये की जाती है। वायुकायिक जीवो की हिसा पखा झलने, धान्य फटकने आदि में की जाती है। वनस्पतिकायिक जीवो की हिसा सर्वाधिक 55 कारणों से की जाती है जिनकी निम्न कोटिया हैं :

(1) भवन-निर्माण (2) भोजन-प्राप्ति एवं पाक (3) कृषि-बखर आदि
(4) वाद्य-यंत्र (5) स्थल-यान-वाहन (6) देवालय आदि
(7) पुष्पमालायें (8) शयनासन एवं गृह-सज्जा
(9) साधुओं के लिये फलक आदि
(10) गृहस्थी के लिए अनेक उपकरण-मूसल आदि ।

विविध प्रकार की हिंसा ज्ञान, कषाय, मनोविनोद, शोक, धर्म, अर्थ, काम, आजीविका तथा स्वेच्छा या अनिच्छा से की जाती है। आचारांग[10] में भी हिसा के विषय मे कहा गया है कि मनुष्य

1 अपने वर्तमान जीवन के लिये
2 प्रशसा, सम्मान और पूजा के लिये,
3 जन्म, मरण और मोचन के लिये,
4 दु ख– प्रतिकार के लिये हिसा करता है।

उपरोक्त रूप इन्हीं के विस्तार मात्र हैं। प्रश्नव्याकरण मे आचार्य ने 54 हिसक जातियो का भी उल्लेख किया है जिनमें प्राय· सभी तत्कालीन अनार्य–देशी लोग हैं। ये सज्ञी, असज्ञी, पर्याप्त, अपर्याप्त–सभी जीवो की हिसा करते हैं। सभी हिसक जीव नरक और तिर्यंच योनि में कुमानुष अवस्था मे भटकते हुए अनन्त दु ख भोगते रहते हैं। इस ग्रथ मे विभिन्न गतियो मे होने वाले विभिन्न दु खो का भी वर्णन किया गया है। इसमे प्रतिष्ठा एव पचकल्याणकों का नाम नहीं है। सम्भवत इस ग्रथ की रचना के समय ये धार्मिक कार्य प्राय नहीं होते होगे। पर देवालय, विहार–निर्माण आदि मे विशिष्ट कोटि के जीवो की हिसा का सकेत तो वहा है ही।

हितकारी और अहितकारी हिंसा

स्वामी सत्यभक्त ने इस सम्बन्ध मे अनेक नये विचार दिये हैं और 'कल्याणवाद' की धारणा तथा अनेकान्त–दृष्टि के आधार पर बताया है कि हिंसा के प्रमुखत तीन भेद और पन्द्रह उपभेद हैं

1 **पुण्यघात** : (1) न्याय–रक्षक घात (2) वर्धक–घात (सुधारने के लिये कष्ट देना) तथा (3) स्वय कष्ट देना (दूसरों को सुधारने के लिये)
2 **निर्दोष घात** : सात प्रकार – (1) सहज (2) भाग्यज (3) भ्रमण (4) निर्वाहार्थक (आजीविकादि,) (5) स्वरक्षक (आत्मरक्षा, विरोधी हिंसा) (6) याचक (रोगी–सेवा, रक्तदान आदि) एव (7) विनिमयज ।
3 **पापघात** · पाच प्रकार (1) प्रमादज (2) अविवेकज अधविश्वास (पशु बलि, आदि) (3) बाधक (4) तक्षक (अभियानवश दूसरों को सताना) एव (5) भक्षक (मासाहार आदि),

इन भेदो मे केवल पापार्जनी अर्थात् प्रायः एक–तिहाई हिंसा ही त्याज्य है, अन्य दो कोटि की हिसाये, जीवनोपयोगी होने के कारण अनुमत मानी गई हैं। इनमें जैनशास्त्र वर्णित प्राय· चारों कोटि की हिंसायें समाहित हो जाती हैं। यद्यपि यहा सकल्पी हिसा का नामतः उल्लेख नहीं है, संकल्पनीय अनेक क्रियाकलापों का उल्लेख तो है ही।

इसी प्रकार, प्रेमज, अशक्तिक, निरपेक्ष, स्वार्थज एव मोहज अहिसा निदनीय नहीं मानी जाती, पर अविवेकज एवं कापटिक अहिंसा त्याज्य कोटि में आती है। वस्तुतः पूर्ण अहिंसा का पालन पूर्ण प्रलय में ही सम्भव है।

इस प्रकार, हिंसा और अहिंसा के हितकारी एव अहितकारी रूपों का ऐसा विस्तृत वर्णन जैन शास्त्रों में उपलब्ध नहीं होता।

गृहस्थों की हिंसा : (अ) कृषिजन्य हिंसा

अब हम गृहस्थ–जीवन के संचालन में होने वाली हिसा का संक्षेपण करें। भगवान ऋषभ ने भोगभूमि–समाप्ति के उत्तरकाल में गृहस्थों को षट्कर्मों का उपदेश दिया था । पता नहीं, उन दिनों अहिसा की कितनी प्रतिष्ठा थी, पर उन्होंने षट्कर्मों में विविध प्रकार की हिसा से समाहित चार व्यवसाय अर्थात् दो तिहाई (छह मे से चार व्यवसायों, असि, मसि, कृषि, शिल्प) से जीविका चलाने का उपदेश दिया था । इनके पुत्र भरत ने स्वयं दिग्विजय और बाहुबलि के युद्ध का क्षत्रियोचित असि–धर्म निभाया था। अब तो जैनी प्राय वणिक् हो गये हैं, अत असि–व्यवसाय तो छूटा हुआ–सा है, पर वे अन्य तीन व्यवसाय (कृषि, शिल्प, वाणिज्य, इनमे धातु एव खनिज व्यापार समाहित होता ही है) करते हैं। इस युग मे इन व्यवसायो की विविधता और बढ गई है। वे मसि–कर्म (लेखा–जोखा, आर्थिक क्षेत्र के अनेक व्यवसाय, एव विद्या का काम) तो करते ही हैं । कृषि से वे आहार और वस्त्र प्राप्त करते हैं, शिल्प और वाणिज्य से वे आजीविका प्राप्त करते हैं। इन व्यवसायो के साथ–साथ भगवान् ने धर्म–मार्ग का उपदेश भी अवश्य दिया होगा और उन्होंने हिंसा–समाहारी व्यवसायो के धर्म के साथ समन्वय के भी उपदेश दिये होंगे। ये आज उपलब्ध नहीं हैं।

महावीर के युग तक आते–आते निर्ग्रंथ धर्म अध्यात्म–प्रधान हो गया और विभिन्न व्यवसायों के प्रति किंचित् अन्यमनस्कता भी आई। साथ ही, हिसा–समाहारी व्यवसायों को असकल्पी घोषित कर इन्हें अबन्धी या अल्पबन्धी मान लिया गया। वस्तुतः निर्ग्रंथ समुदाय ने इस प्रकरण में बडी चतुरता प्रदर्शित की। उन्होने हिसा को पाप कहकर भी जीवन के लिये अनिवार्य कार्यों में होनेवाली एकेन्द्रिय या अल्प–उच्चतर कोटि की हिंसा को भी अबन्धी या अहिंसावत् मान लिया और इन कार्यो मे होने वाली हिसा को अनुमोदित किया । इसीलिये जहां वनस्पति–विशेषों की भक्ष्यता पर प्रश्न उठाया जाता है, वहीं कृषि आदि के लिये स्वतन्त्रता दी जाती है। कभी–कभी ऐसी मान्यतायें रोचकता की सीमा लांघ जाती हैं। वस्तुत, यदि जीविका के लिये या भोजन पकाने के लिये कार्य करना है, तो उसे करने या सुरुचि भोजन के लिये मानसिकता तो होगी ही। इसकी उपेक्षा किंचित् दुरूह–सी लगती है। कुछ लोग तो राजनीतिक युद्धों को भी धर्मयुद्ध बताकर

उन्हे भी अहिसा की कोटि मे रखते हैं।[11] यह हिसक वृत्ति की प्रेरणा ही कही जायेगी। वस्तुत जैनो ने स्व–व्यक्ति के जीवनरक्षण की स्वयंकृत या प्रकृत्या आपातित हिसा को हिसा के रूप में असकल्पी कहकर मान्य ही किया। उनकी हिसा की कार्य योजना परमुखी, परहिती ही लगती है।

उदाहरणार्थ, प्राचीन काल में खेती मुख्यत धान्य और कपास की और हरितकाय की भी होती थी। उसमे जमीन को हल–बैलो से जोतना, बीज–वपन एव निराई आदि क्रियाओ में एकेन्द्रिय एव उच्चतर जीवों का पीडन/मारण होता है। जमीन मे इनकी सत्ता प्रत्यक्ष सिद्ध है। मार्टिन अलैक्जेडर[12] ने बताया है कि कृषि–भूमि मे विभिन्न कोटि के सूक्ष्म और स्थूल एकेन्द्रिय जीवो की सख्या 10^8-10^{10} प्रति घन सेमी (एक अरब से दस अरब तक) होती है। इसमे उच्चतर कोटि के जीव भी होते हैं। लोढा[13] ने बताया है कि एकेन्द्रिय की तुलना मे वर्धमान कोटि के जीवो की प्राणशक्ति अनन्तगुनी होती है और उनका विस्तार भी चक्षुगम्य एव वृहत्तर होता जाता है। खेती के लिये सामान्य खाद या कंपोस्ट खाद तैयार करने मे कितनी हिसा होती है? गोबर–गैसवाली खाद की भी बात यही है। (यह प्राचीनकाल मे अज्ञात था) । पूर्वोक्त आधारों पर धान्य के कृषि योग्य क्षेत्र के विशिष्ट धनात्मक क्षेत्र मे कितनी हिंसा हो सकती है, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। यह अन्य व्यवसायो की तुलना मे पर्याप्त अधिक है, यह स्पष्ट है। कपास की कृषि मे कुछ कम हिसा होती है। सम्भवत इसीलिये उत्तरवर्ती काल मे कृषि–व्यवसाय के प्रति उदासीनता आई। यह 'कृत' के रूप मे आई, कारित या अनुमोदित रूप मे नहीं। यह इसी से प्रकट है कि महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश व देश के अनेक भागो मे जैन 'कारित' (उसके साथ अनुमोदित भी हो सकती है) के रूप मे कृषि करते हैं। यही नहीं, वे किसानो को कृषि हेतु ऋण भी देते हैं। इन दोनो ही विधियो मे, उपरोक्त आधारों पर, हिसा का मान अधिक होता है।

(ब) आहारजन्य हिंसा

हमारा आहार अशन, स्वाद्य, खाद्य तथा पान के रूप मे चतुर्विध होता है। इसके तीन घटक वनस्पतियो से ही प्राप्त होते हैं। यह बताया गया है कि वनस्पतिकाय या हरितकाय का हिंसन/पीडन, आहार के अतिरिक्त भी, सर्वाधिक कारणों से होता है। इस हिसन का मान न केवल विविध है, अपितु पर्याप्तत अधिक होना चाहिये क्योकि वनस्पति का प्रत्येक अश 10^{-4} सेमी की कोशिकाओं से बना होता है। फलत 1 वर्ग से.मी क्षेत्र में 10^8 (दस करोड़) कोशिकायें सम्भावित हैं। प्रो. मरडिया के अनुसार, यदि एकेन्द्रियजीवों की प्रति यूनिट कोशिका का जीवनमान $10^{-4} - 10^{-1}$ या औसत 10^{-3} यूनिट माना जाय, तो एक वर्ग सेमी की पत्ती के उपयोग मे ही $10^8 x 10^{-3} = 10^5$ यूनिट हिंसा

होगी। हम लोग अपने आहार में ही प्रतिदिन लगभग 50–60 वर्ग सेमी हरी पत्तियों या सब्जियों का उपयोग करते हैं। इसमे ही 5 x 10^6 (50 लाख) यूनिट हिंसा करते हैं। सम्भवतः इसीलिये जैन आहार–विज्ञान में हरितकाय के भक्षण का साधारणतः निषेध किया गया है। इसके विपर्यास में, प्रत्येक शरीरी खाद्यों के उपयोग में हिंसा कम होती है। उसमें कोशिकायें तो अनेक होती हैं, पर वर्धी कोशिका एक ही होती है। इसीलिये एक दाने से एक ही एकबीजी या बहुबीजी पौधा उगता है। इसलिये इसका जीवनमान 1 ही माना गया है । यदि हम एक सामान्य व्यक्ति के भोजन मे 500 ग्राम अनाज व दालें (लगभग 12,500 दाने), 250 ग्राम फल व शाक–सब्जी, 25 ग्राम तेल–घी, (700 तिल–दाने) तथा 25 ग्राम गुड और शक्कर (200 ग्राम ग्रन्ना) माने, तो इस आहार का जीवनमान निम्न होगा :

(1)	अनाज व दाले	12,500 दाने	: 12,500 यूनिट
(2)	तेल और घी	700 तिल	700 यूनिट
(3)	शक्कर और गुड़	200 ग्राम गन्ना	3X10^5 यूनिट (अनु. 3 वर्ग सेमी)
(4)	शाक–सब्जी	60 वर्ग सेमी	6X10^6 यूनिट (प्रत्येक वनस्पति)
			63,13,200 यूनिट
(5)	विविध अन्य, 10 प्रतिशत	6,31,320 यूनिट	
	योग		69,44,520 = 69 X 10^6 यूनिट

इस परिकलन से यह स्पष्ट है कि हिंसा–अहिंसा की दृष्टि से प्रत्येक शरीरी एकबीजी (एक शरीर–एक आत्मा वाले) खाद्यो में, हरित वनस्पतियो (एक–शरीर अनन्त आत्मावाले) की तुलना मे, हिसन बहुत कम होता है। इसीलिये साधुओ के आहार मे हरितकाय कम ही होता है। हां, फल अवश्य होते हैं जो प्रत्येक शरीरी खाद्यों के समकक्ष होते हैं। बहुबीजी फलों का गूदा निकाल लिया जाता है। गृहस्थो के आहार मे ऐसा कोई विशेष प्रतिबन्ध नहीं होता। यही नहीं, श्वेताम्बरो की तुलना में, दिगम्बरो मे भक्ष्याभक्ष्य–सम्बन्धी हिंसा की पर्याप्त तीक्ष्णता प्रकट होती है। यह कितनी व्यावहारिक है, यह बात अलग है। यह परिकलन शास्त्रीय धारणा पर आधारित है। वैज्ञानिक दृष्टि से, कोशिकीय सिद्धान्त के आधार पर यह परिकलन भिन्न ही होगा। सजीव एकेन्द्रिय कोशिकाओं की संख्या वनस्पति के आकार–विस्तार पर निर्भर करती है। हा, वर्धी कोशिका की बात ही अलग है।

(स) आहार–भिन्न हिंसा : (1) सामान्य हिंसा

धार्मिक दृष्टि से भक्ष्यता सम्बन्धी मान्यता सही भी हो, पर संसार के प्राणियों में केवल धर्म ही नहीं, आहार, निद्रा, भय, मैथुन, आवेग आदि की संज्ञायें भी होती हैं। इनके कारण भी अनेक प्रकार की अनिवार्य हिंसा होती है। इसी प्रकार, कृषि, एवं शिल्प आदि में भी हिंसा के अनेक रूप अनिवार्यतः समाहित होते हैं। 'विश्वग् जीवचिते लोके' की धारणा से हमारी

हिसावृत्ति कितने परिमाण मे होती है, यह परिकलित करना बडा कठिन है। फिर भी, यह अनन्त तो मानी ही जा सकती है। यदि अनन्त का न्यूनतम मान उत्कृष्ट असंख्यात + 1 मान लिया जाय और उत्कृष्ट असंख्यात का न्यूनतम $10^{51} \times 10^{216}$ (उत्कृष्ट सख्यात) मान लिया जाय[14] तो प्रत्येक व्यक्ति की औसत हिंसा का मान

$10^{51} \times 10^{216} \times 120 \times 5 \times 10^{5} = 10^{274}$ यूनिट होगा।

यह न्यूनतम सख्या सामान्य दैनिक जीवन की हिसा का अनुमान देती है। हम आलू आदि कन्दमूलों की हिसा का भी परिकलन कर सकते हैं। उदाहरणार्थ, कन्दमूल आदि आहार के अल्पमात्रिक घटक ही होते हैं और इनकी सामान्य आहार–मात्रा (जैनों के लिये ?) प्याज का एक चौथाई गठिया (2 वर्ग सेमी) और एक अच्छा आलू (50 ग्राम, 6 वर्ग सेमी) मानी जाय, और ये साधारण वनस्पति तो हैं ही, फलत इनके कारण होने वाली हिसा,

$8 \times 10^{6} \times 120 \sim 10^{8}$ यूनिट होगी

अनेक विद्वानो का कथन है कि कन्दमूलो के भक्षण मे नहीं, इनके खोदने मे पर्याप्त हिसा होती है क्योकि उनके आश्रित अनेक जीव होते हैं जो इन्हे खोदने पर निराश्रित होकर निर्जीव हो जाते हैं? वैसे यह माना जा सकता है कि इनमे कम–से–कम आधे जीवो को पृथ्वी ही, या पास–पडोस के वनस्पति ही आश्रय देगे। इस प्रकार, इनके क्षेत्रफल के आधार पर इनसे आश्रित एकेन्द्रिय जीवो की सख्या सख्यात (अचलात्म) ही माननी चाहिये जिसका मान त्रिलोकप्रज्ञप्ति के अनुसार[14] 10^{122} है। फलत इन जीवों पर आधारित हिसा

$10^{122} \times 14$ (पूरे प्याज का गठिया + एक आलू) $\times 10^{5} \times 3$ (कृत हिसा) = 42×10^{128} होगी । फलत, सामान्य आहार मे होने वाली कुल हिसा, = $10^{8} + 42 \times 10^{128} \sim 42 \times 10^{136}$ यूनिट होगी ।

हम यह बता चुके हैं कि हमारे सामान्य आहार मे 69×10^{6} यूनिट हिसा होती है। इसके विपर्यास मे, यह हिसा अनेकगुनी लगती है। पर यह 10^{274} के मान से कितनी कम है ? फिर भी, हमने यह परिकलन केवल पदार्थों के अन्तर्ग्रहण के आधार पर किया है, उनके उत्पादन में जो कृषिजन्य हिसा होती है, उसपर विचार नहीं किया है। यह माना जा सकता है कि हमारे एक आहार के लिये उपयोगी कृषि–भूमि का क्षेत्रफल 1620 वर्गसेमी (1 80 वर्ग मीटर) होता है जिसमें हिसा का मान $1620 \times 10^{6} = 1 62 \times 10^{11}$ यूनिट होता है । हमारे आहार मे जल की भी पर्याप्त मात्रा होती है, श्वासोच्छ्वासीय वायु तो सदैव रहता है। भोजनालय एव पचन–पाचन मे अग्निकायिको का भी उपयोग होता है। इनकी प्राणशक्ति द्वीन्द्रियों की

तुलना में षट्गुणपतित हानि–वृद्धि–मय होती है।[15] इसे हम न्यूनतम रूप मे इनका अनन्तवां भाग मान सकते हैं। यदि हम अनन्त का मान,

अनन्त = उत्कृष्ट असंख्यात + 1

मानें, तो इसका औसत मान = $4.13 \times 10^{51} \times 10^{210}$ यूनिट होगा। फलतः चार कोटि के एकेन्द्रियजीवों की प्रतिसमय होने वाली हिंसा $4 \times 4.13 \times 10^{267} \sim 10^{268}$ यूनिट होगी। यहां 1 का मान नगण्य मान लिया गया है। यदि इस हिंसा का 24 घंटे का मान 'समय' के व्यावहारिक मान 10^{-4} सेकंड के आधार पर परिकलित किया जाय, तो दैनिक सामान्य और अनिवार्य हिंसा निम्न होगी :

$$4 \times 4.13 \times 10^{267} \times 8.6 \times 10^{8} = 1.35 \times 10^{277} \text{ यूनिट}$$

(अग्नि और जल हमारे आहार के पाचन मे सदैव कार्यकारी रहते हैं)।

(2) मल–विसर्जन–जन्य हिंसा[16]

गृहस्थों की दैनिक क्रियाओं में मल–मूत्र–विसर्जन, स्नान, निद्रा प्रमुख हैं। इनमे स्नान, निद्रा या विश्राम अवस्था में तो केवल जल एव वायुकायिक जीवों की ही विराधना होती है। इसका परिमाण तो चौबीस घटे के आधार पर आगे परिकलित किया गया है। मल–मूत्र विसर्जन में सम्भावित हिसा किचित् चर्चा करने योग्य है। बैस्ट और टेलर ने बताया है कि सामान्य व्यक्ति के मल की मात्रा लगभग 170–250 ग्राम होती है, जिसमें प्राय. एक चौथाई ठोस होते हैं। इस ठोस मल में एक तिहाई अर्थात् ($200 \times 0.25 \times 33$) = 15-17 ग्राम बेक्टीरिया होते हैं। यह बताया गया है कि एक ग्राम में लगभग 10^{9} बेक्टीरिया होते हैं। फलत. मल–विसर्जन मे 1.5×10^{9} बेक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। फलतः इस कार्य में होने वाली हिसा जीवन इकाइयों के रूप में $1.5 \times 10^{10} \times 10^{-4} = 1.5 \times 10^{6}$ यूनिट होगी। जैन शास्त्रो मे सूक्ष्म जीवो का उल्लेख मात्र है। उसके वर्तमान विज्ञान द्वारा प्रयोग सिद्ध अनेक भेदों का वर्णन नहीं है। इन सूक्ष्म जीवों की इद्रियता भी स्पष्ट नहीं है। वैज्ञानिक इन्हें एकेन्द्रिय मानते हैं। 'सेंटर आफ साइस आफ विलेजेज' के तत्कालीन निदेशक श्री डी.के गुप्ता का मत है कि ये बैक्टीरिया एकेन्द्रिय ही होते हैं। यदि मल–विसर्जन खुले मैदान या स्थंडिल जमीन में किया जाय, तो वह 'वायुजीवी प्रक्रिया संपन्न कर स्थूल कृमियो को भी उत्पन्न कर सकता है जो नष्ट हो जाते हैं और इस रूप में अधिक हिसा होती है। मल के भूमिपात के क्षेत्रफल को 10 सेमी. भी माना जाय, तो भूमिगत जीवों की निम्न विराधना होगी .

$$1.5 \times 10^{6} \times 10 \times 10^{9} = 1.5 \times 10^{16}$$

मल के तापमान से इस मात्रा में कुछ वृद्धि भी हो सकती है।

इसके विपर्यास में, यदि स्वचालित सुलभ या अन्य शौचालय के रूप मे सेप्टिक या अन्य कपोजिंग विधि से मल–विसर्जन किया जाय, तो शीतलन, तनुकरण तथा अवायुजीवी प्रक्रिया के कारण मल मे उच्चतर कृमि नहीं बनते, वह उपयुक्त खाद में भी परिणत हो जाता है एव उसके जीवाणु और भी अधिक सूक्ष्म जाति के होते हैं। फलतः स्वचालित या सुलभ शौचालय अहिंसा की दृष्टि से अधिक स्वीकार्य होने चाहिये। इस आधार पर इस प्रक्रिया मे हिंसामान भी अल्प होगा। सामान्यत साधुत्व की ओर बढने वाले व्यक्ति इस मत से सहमत नहीं दिखते, और वे बेक्टीरिया को दो इंद्रिय तथा प्रतिरोधी शौचालयो मे सूर्य–रश्मियों के अन्तगर्मन न होने के कारण अधिक बेक्टीरिया होने तथा उनकी विराधना का तर्क देते हैं। श्री डी के गुप्ता और अन्य जैन वैज्ञानिकों ने प्रयोगसिद्ध मत की उपेक्षा परीक्षा–प्रधानी जैनत्व के लिये रुचिकर प्रतीत नहीं होती। डा ए के जैन के अनुसार, नलकूप के जल में भी, सामान्य कूपजल की तुलना में कम बेक्टीरिया होते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह अधिक सुपेय है। उबले हुए या उष्ण जल की बात अलग है। इस विवेचन से यह तो स्पष्ट होता है कि वायुरोधी वातावरण मल–विसर्जन के लिये अधिक अहिंसक है। यह सम्भव है कि अहमदाबाद में स्थापित होने वाली एक जैन सस्था इसी विषय पर अन्वेषण कर सही तथ्य बताये।

(3) मूत्र–विसर्जन जन्य हिंसा

मल के समान मूत्र–विसर्जन के सम्बन्ध मे भी सूचनाये अपेक्षित हैं। यह माना जाता है कि मूत्र का परिमाण हमारे आहार की प्रोटीनी कोटि पर निर्भर करता है। इसका दैनिक उत्सर्जन प्राय 1200 मिली होता है। उत्सर्जन के समय इसका तापमान शरीर तापमान के समान, 30° से. होता है जो वातावरणीय तापमान से उच्चतर होता है। इसकी संरचना में विविध कोटि के नाइट्रोजन के अतिरिक्त कुछ गधक (कीटाणुनाशी) भी होता है। खुली भूमि मे उत्सर्जन करने पर यह भूमि की विभिन्न पर्तों में अवशोषित होता है और अम्लता, तापमान तथा गंधक के कारण भूमि में विद्यमान जीवाणुओ तथा अन्य जीवो की विराधना करता है। इसमें लगभग तीन प्रतिशत ठोस होते हैं। यदि 1 मिली. मूत्र न्यूनतम 1 घन सेमी. भूमि मे अवशोषित होता है, तो मूत्र के माध्यम से–

$$1200 \times 10^9 = 1.2 \times 10^{12}$$

जीवाणुओ का पीड़न सम्मावित है। इसके विपर्यास में, यदि हम स्वचालित शौचालयों में मूत्र उत्सर्जन करें, तो शीतलन एवं तनुकरण के कारण जीवाणु–विराधना कितनी होगी, यह परिकलन तो नहीं किया गया है पर यह उक्त परिमाण से 50 प्रतिशत कम होगी, ऐसा अनुमान है।

(4) आरती, धूपज्वलन एवं हवन आदि धार्मिक कार्यों में हिंसा

सामान्य जैन गृहस्थों के छह आवश्यक कर्तव्य बताये गये हैं : (1) देवपूजा (2) गुरुवंदना (3) स्वाध्याय (4) संयम (5) तप (6) दान। इनमें देवपूजा प्रथम कर्तव्य है। पूजा के अष्टप्रकारी सामान्य कर्म के अतिरिक्त अन्य विविध रूप भी होते हैं। इनमें आरती, धूपज्वलन, विविध प्रकार के हवन और विधान आदि समाहित हैं। इन तीनों ही उपक्रमों में अग्नि और उसकी ज्वाला तथा उससे उत्पन्न उष्ण धूम्र का आकाश में प्रसरण और विसरण होता है। हवन में विभिन्न प्रकार की लकडियो एवं द्रव्यो का ज्वलन किया जाता है। इनकी ज्वाला से उत्पन्न धूम्र में विशिष्ट घटक होते हैं जिनसे वायुमडल मे विद्यमान बेक्टीरिया, फजाई तथा अन्य उडनशील जीवाणुओं तथा जीवो का नाश होता है। इसके साथ ही, यह भी माना जाता है कि इस ज्वलन से उत्पन्न द्रव्यों की वाष्पों से (हानिकारक जीवाणुओं एव द्रव्यों के नाशन के कारण) वायुमडल एव पर्यावरण स्वच्छ और हितकारी बनता है। फलत जैनों मे इन प्रक्रियाओं के प्रति आर्कषण स्वाभाविक है, क्योंकि

हवन–विधान आदि की संख्या α वातावरण–स्वच्छता / स्वस्थता

इसी आधार पर अन्य धर्मी यज्ञादि की उपयोगिता भी प्रसारित करते हैं। तथापि, अब अहिंसा की सूक्ष्म अवधारणा भी सामने आने लगी है। फलत इन उपक्रमों से होने वाली हिंसा से बचने के लिये आरती या दीप–प्रज्वलन में विद्युत–बल्बों का उपयोग होने लगा है। सुगन्ध–दशमी के दिन धूप खेने की प्रक्रिया भी अनेक स्थानो पर बन्द हो रही है। इसके साथ ही, हवन आदि मे भी हिंसा के अल्पीकरण के उपाय अपनाये जा रहे हैं। फिर भी, इन प्रक्रियाओं मे अग्निकायिक के अतिरिक्त छोटे–बडे जीवाणुओ की हिसा तो होती ही है। इसका अनुमानित परिकलन भी किया जा सकता है। उदाहरणार्थ– आरती लगभग आधे घटे की होती है, यह एक–ज्वाली भी होती है, अनेक –ज्वाली भी होती है। इसमें अनेक लोग भी भाग लेते हैं। आजकल तो विशिष्ट अवसरो पर साधुओं की भी आरती उतारी जाती है। सामान्यत, एक आरती के दीप की ज्वाला 3–4 सेमी ऊची होती है । इसमे जलने वाले ईंधन (तेल) का धुवा सामान्यतः 30–40 सेमी. की ऊचाई तक जाता है । ज्वाला की चौडाई 0 5 सेमी. से भी कम होती है। अतः ज्वाला का क्षेत्रफल औसतन 35X0 5 = 17 55 वर्ग सेमी. होगा । इतने वायुमडल में 10^{13} तक जीवाणु रह सकते हैं। इनमे $10^{13} \times 10^{-3} = 10^{10}$ यूनिट हिंसा सम्भावित है। इसके विपर्यास में, धूम–ज्वलन में किंचित् अधिक हिंसा सम्भावित है एवं हवन की ज्वाला से तो ½ –1 घंटे के हवन में कम से कम $10^{5} \times 10^{8}$ यूनिट हिंसा होती है। सामान्यतः हवन के समय मंत्रपाठ, स्वाहापाठ भी किया जाता है जिसका वायुकायिक जीव–विराधना के साथ मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पडता

है। इन प्रक्रियाओं से लगता है कि हिंसा तो होती ही है, पर वह कभी—कभी लाभकारी (या पुण्यकारी) होती है। अत इसे ऋणात्मक हिंसा कहना चाहिये। हिंसा कभी—कभी पापफली के साथ पुण्यफली भी हो सकती है। फलतः हमारी दैनिक हिंसा का मान निम्न होगा

दैनिक क्रियाओं में हिंसा

1. शौच	15×10^{15}
2 मूत्र—उत्सर्जन में	12×10^{12}
3 कृषिजन्य हिंसा	58×10^{6}
4 जल, तेज, वायु पृथ्वीजन्य हिंसा	162×10^{11}
5 मैथुनी हिसा	135×10^{217}
6. उद्योगी हिसा	6×10^{27}
7 धार्मिक कार्यों मे हिसा	तुलनात्मक रूप से विचारणीय

यह मान 'विश्वग्जीवचिते लोके' की धारणा के रूप मे कम लग सकता है, पर यह असख्यात की कोटि में तो आता ही है। इस प्रकार, यह देखते हैं कि हम सासारिक जीवन मे हिंसा के महासमुद्र मे रहते हैं और अहिसा की नाव से उसे पार करना चाहते हैं। यह कथन एक पश्चिमी विचारक के अनुरूप है कि हम अज्ञान के समुद्र को ज्ञान की नौका से पार करना चाहते हैं। हम हिंसा की अमावस के गहन अधकार को अहिसा की टार्च से प्रकाशित करना चाहते हैं। यह कितना सम्भव है? यह हमारे व्रत, उपवास, ध्यान आदि से उत्पन्न अहिसात्मक सक्रियता पर निर्भर करता है। इस परिकलन से यह भी स्पष्ट है कि कन्दमूलो के आहारजन्य हिंसा—मान, हमारे कुल हिसा—मान से तुलनात्मकत, कितने अल्प हैं ?

गृहस्थो के (या साधुओं के) अहिसार्जक षट्—आवश्यकों के दैनिक परिपालन मे प्राय 3 घटे (देवपूजाः 1/2 घन्टे, गुरूपास्ति 1/4 घंटे, स्वाध्याय, 1/4 घटे, सामायिक—प्रतिक्रमण, प्राय 1½ घटा (दो बार), आरती आदि 1/4 घटे) का दैनिक समय काम आना चाहिये। इससे क्या यह अर्थ लिया जा सकता है कि तीन घटे की अहिंसक या निवृत्तिमार्गी प्रक्रियाये 24 घटे की हिसामय क्रियाओं को उदासीन करती हैं ? अर्थात् एक घंटे का धर्म आठ घटे के अधर्म को उदासीन करता है? यदि धर्म को पुण्य[17] और अधर्म को पाप कहे, तो क्या यह समीकरण उचित होगा।

$$1 \text{ पुण्य कर्म} \sim 8 \text{ पाप कर्म}$$

इस सम्बन्ध में अन्यत्र विचार किया गया है। ज्ञानीजन इस पर और भी मार्गदर्शन कर सकते हैं। कर्म—सिद्धात के अनुसार भी, यह अनुपात 1 . 2 और 1 7 के बीच आता है।

साधु

जैन परम्परा श्रमण परम्परा कहलाती है। इसमें साधु–संस्था का सस्कृति के परिरक्षण एवं सवर्धन में महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह संस्था केवल आत्मकल्याणी ही नहीं है, सर्वजनकल्याणी भी है। सामान्यतः साधु तो निर्ग्रंथ ही माना गया है, पर उसके पूर्व भी यह प्रतिमाओं के पालन द्वारा साधुत्व की दिशा में क्रमशः बढ़ता रहता है। मूलाचार के अनुसार, छठें गुणस्थान से लेकर चौदहवें गुणस्थान तक के सभी साधु व्रती या देशसयत होते हैं। फलत, साधुत्व तप और साधना का, सच्चरित्र का, सद्गुणों का और आत्मिक परमकल्याण के मार्ग का प्रतीक है। 'साधु' शब्द 'साध्' धातु से बनता है। कोशकारो के अनुसार इसके 18 अर्थ होते हैं जिनमे साधु का (1) विशिष्ट गुण (2) उत्तम चारित्री (3) सम्यक् प्रवर्तनी (4) सम्यक्त्वी (5) दयालु (6) प्रसन्न–व्यक्तित्वी (7) भद्र परिणामी (8) करुणा–पूर्ण (9) अध्यात्म–व्यापारी जैन सन्त (10) कषायवशी (11) पाप–वृत्तिनाशी (12) सत्वगुण प्राप्त (13) स्व–पर–पुण्य सवर्धक (14) शिशिक्षु एव मुमुक्षु (15) आत्मगुण–प्रकाशी (16) लक्ष्य–प्रापक (17) लक्ष्य–पूर्णी एव (18) फलीभूत साधक कहा गया है। उत्तम साधु तो वह होता है जो चरम आध्यात्मिक उत्कर्ष प्राप्त कर अजन्मा हो जाता है।

जैनो के अनुसार, साधुत्व की अवस्था से ही जन्म–मरण प्रक्रिया विराम पाती है और स्थायी अनन्त–चतुष्टय विकसित होता है। प्रत्येक गृहस्थ या श्रावक का चरम लक्ष्य साधुता को ग्रहण कर इस चरम लक्ष्य को प्राप्त करना है । इसे प्राप्त करने के पूर्व वह ससारी जीव ही बना रहता है। तथापि, उसकी कोटि क्रमश उच्चतर होती जाती है। इसलिये साधु की भी सामान्य गृहस्थ के समान कुछ जीवन–सम्बन्धी अनिवार्य आवश्यकतायें (आहार एवं नित्य–क्रियायें आदि) तो होती ही हैं, कुछ साधना की चर्यायें (तप, साधना, व्रतपालन आदि) भी होती हैं। शास्त्रों में साधुओ की इन चर्याओ को 18, 25, 27 या 28 मूलगुण (अनेक प्रकरणों मे 36) तथा 34 उत्तरगुणों के रूप में बताया गया है।

	28 मूलगुण		34 उत्तरगुण
1–5	महाव्रत	1–22	22 परीषह–सहन
6–10	5 समिति	23–28	06 बाह्य–तप अभ्यास
11–15	5 इंद्रिय–निग्रह	29–34	06 अंतरग तप–अभ्यास
16–21	6 आवश्यक (सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण (भूत), प्रत्याख्यान, कायोत्सर्ग–गृहस्थों के लिये ये भिन्न हैं)		
22	अचेलकता		
23	अस्नान		

24 अदन्त धावन
25 केश लुचन
26 भूमिशयन
27 एक–भक्त भोजन
28 एक–स्थित भोजन
29–36 आचारवत्व आदि 8 (आशाधर)

यह सभी लोग मानते हैं कि साधु की ये दोनो ही मूलगुण, उत्तरगुण–प्रवृत्तिया निवृत्तिमुखी होती हैं, अत इनमे श्रावक की तुलना मे हिसा की मात्रा अल्प होगी। फलत साधुओ मे व्यक्तिगत रूप मे अहिसकता अधिक होती है। हम ससारी साधु (दि / श्वे) की अहिसात्मकता पर किचित् विशिष्ट चर्चा करेगे।

साधु की छह प्रमुख भौतिक आवश्यकताये होती है–

1 आहार
2 खाद्य–पदार्थ तैयार करना तथा खाद्य पदार्थ उत्पन्न करना (कृषि) तथा खाद्यो का अतर्ग्रहण करना
3 पान
4 वस्त्र
5 निवास एव आजीविका
6 शयन

(1) आहार साधु भोज्य पदार्थ न तो उत्पन्न करते हैं और न ही तैयार करते हैं। वे केवल श्रावको के द्वारा बनाये गये आहार को अपने नियमो के अनुरूप ग्रहण करते हैं। यही नहीं, वे केवल एक बार और खडे होकर ही आहार लेते हैं। हा, आर्यिकाये बैठकर आहार लेती हैं। इसके विपर्यास मे श्वेताम्बर साधु विभिन्न श्रावको के घरो से आवश्यक आहार एकत्र कर उपाश्रय मे ही सघरूप मे आहार लेते हैं। दोनो ही कोटि के साधुओ को आहार हेतु श्रावको के घरो की ओर विहार करना पड़ता है। दिगम्बर साधुओ का जहा अभिग्रह पूरा होता है, वहा उनका आमंत्रण, पूजार्चन एव मन–वचन–काय शुद्धि के आश्वासन के साथ करपात्री आहार होता है। उसके बाद कुछ उपदेश होता है। श्रावक इसे पुण्य कार्य मानते हैं और इस अवसर पर विभिन्न कोटि के दान का उद्घोष करते हैं। इस प्रकार, निर्दोष आहार मे अहिसकता का प्राधान्य होता है। पान तो प्राय. आहार के अन्तर्गत ही आ जाता है। प्रासुक या उष्ण जल पेय लेने के कारण इस क्रिया मे अहिसकता तो है ही।

इस पेय जल के सम्बन्ध मे भी किचित् चर्चा चलती है। प्रायः परम्परावादी साधुजन कूपजल को, ग्राम्य जीवन को प्रतिष्ठित बनाये रखने

के लिये, अधिक अहिंसक मानते हैं। पर ए. के. जैन के समान वैज्ञानिक एवं गणिनीजी के समान साध्वियों को नलकूप जल भी स्वास्थ्य तथा अल्प कीटाणुकता के कारण स्वीकार्य है। नलकूप से जलकर्षण में हिंसा की बात तो वैज्ञानिकत अजीव (हाइड्रोजन–ऑक्सीजन के यौगिक) होने से तर्क सगत नहीं लगती क्योंकि अजीव मे चैतन्य शून्य होता है। जलीय जीव भी अपनी सूक्ष्मता के कारण प्राय अप्रतिघाती ही माने जा सकते हैं।

(2) वस्त्र : जैसे–जैसे श्रावक की साधुता की प्रतिमायें उच्चतर होती जाती हैं, उनके वस्त्रों की सीमा भी घटती जाती है और वह चादर और लंगोटी तक पहुंचने के बाद शून्य हो जाती है। इस प्रकार, साधुता की ओर बढ़ने वाले श्रावकों की वस्त्र की आवश्यकतायें क्रमश हीयमान होती हैं एव सामान्य श्रावको की तुलना मे तो सदैव ही अल्पतर होती हैं। यही नहीं, उनके वेश की आवश्यकतायें श्रावक ही पूरी करते हैं।

श्वेताम्बर साधुओ मे भी अनिवार्यत. पाच या सात वस्त्रो की सीमा होती है, जो श्रावक ही पूरा करते हैं।

(3) निवास साधुओ के निवास की आवश्यकता भी क्रमश अल्पतर होती जाती है और अन्त मे वह देवालय, धर्मशाला, उपाश्रय या (प्राचीन काल में) वन–उपत्यकाओ के रूप में हो जाती है। उसे स्वय अपना निवास बनाने की आवश्यकता ही नहीं है।

(4) आजीविका . साधु–दीक्षा के बाद तो उन्हे आजीविका का कोई प्रश्न ही नहीं रहता, उनकी सारी व्यवस्थाओ का दायित्व समाज वहन करता है। इसी कारण, उनका शास्त्रों को छोड, परिग्रह भी नगण्य होता है।

फलत साधुओ की हिंसा मुख्यत. निम्न रूपो में दृष्टिगोचर होती है

1 आहार–मूलक $6-9 \times 10^{6}$

2 आहार–उपदेश–विहार–मूलक $9 \times 10^{4} \times 10^{9}$ (सामान्य) = 9×10^{13}/किमी
(सामान्यत एक पद का क्षेत्रफल 9"X4"=36 वर्ग इच, 253 वर्ग सेमी. होता है।)

3 सामायिकादि–चर्यामूलक यह सामान्य में परिगणित हो जाती है ।

4 धार्मिक कार्यों के लिये अनुमोदन मूलक – 6.93×10^{129}

साधु की दिनचर्या

साधु के आचार की हिसात्मकता या अहिंसात्मकता पर विवेचन करने के पूर्व हमें उसकी दिनचर्या का ज्ञान होना चाहिये। इसका अच्छा विवरण अनगारधर्मामृत में मिलता है। मूलाचार में बताया गया है कि साधु की सामाचारी दो प्रकार की होती है– (1) सामान्य और (2) विशेष या दैनिक–चर्या। सामान्य सामाचारी गुरु एवं शिष्य से सम्बन्धित सदाचार है।

वास्तविक सामाचार तो दैनिक चर्या ही है। इसके अतिरिक्त, विशिष्ट पर्वों के समय भक्तिपाठ या वर्षायोग के समान नैमित्तिक क्रियायें भी होती हैं। यहां हम पहले साधु की सामान्य दिनचर्या पर विचार करेंगे।

जैनेन्द्र सिद्धान्त कोष –2[21] के कृतिकर्म प्रकरण में साधुचर्या (सारणी 2) दी गई है। इसके दो रूप हैं (1) निवृत्तिमार्गी क्रियायें और प्रवृत्तिमार्गी क्रियाये।

सामान्यत एक दिन मे सूर्योदय से सूर्यास्त तक 60 घडी या 24 घंटे होते हैं। यद्यपि सूर्योदय या सूर्यास्त के समय विभिन्न ऋतुओं पर आधारित हैं और भारत मे इस प्रक्रिया मे दो घटे तक का अन्तर पडता है, फिर भी हम अपनी सरलता के लिये सूर्योदय और सूर्यास्त के बीच 12 घटे का समय मान सकते हैं और सूर्योदय का समय भी 600 बजे प्रात का मान सकते हैं। इस आधार पर शास्त्रीय मत के अनुसार साधु को प्रात 2 बजकर 48 मिनट पर निद्रा त्याग करना चाहिये एव अपनी निवृत्ति एव प्रवृत्तिमार्गी चर्या का प्रारम्भ और पालन करना चाहिये। इस शास्त्रोक्त चर्या पर ध्यान देने से ज्ञात होता है कि साधुओ की चर्या के विभिन्न अंशो का परिमाण निम्न है

	समय		घंटे	प्रतिशत
	घटे	मिनट		
स्वाध्याय	17	36	17 60	73 13
वन्दना/भक्ति	01	36	01 60	6 66
दाष परिहार/प्रतिक्रमण	1	36	1 60	6 66
प्रवृत्तिमूलक क्रियाये	3	12	3 20	13 33
योग –	24 घटे		24 00	99 98

इनमे स्वाध्याय का प्रतिशत सर्वाधिक है। इसके अन्तर्गत, निश्चय से ज्ञान की आराधना एव आत्महितार्थ अध्ययन समाहित होता है और व्यवहार से अग और अगबाह्य ग्रथो की वाचना, पृच्छना, अनुप्रेक्षा, आम्नाय और धर्मोपदेश समाहित हैं। धर्मग्रन्थो का पढना और पढाना भी स्वाध्याय ही है। इसे अन्तरग तप भी कहा गया है। इसके प्रारम्भ और अन्त करने की एक निश्चित विधि है जिसमे प्रत्येक स्वाध्याय में 3 कायोत्सर्ग या क्रियाकर्म होते हैं। जिनेन्द्र वर्णी ने बताया है कि स्वाध्याय आदि क्रियायें अन्तरंग और बाह्य– दो प्रकार की होती हैं। इनमे अन्तरग क्रियाये तो वीतरागता या समता के पेट में समा जाती हैं। फलत यहां वाचिक और कायिक क्रियाओ की अपेक्षा से ही वर्णन है जिसमें पाठ आदि का उच्चारण और शारीरिक कृतिकर्म किये जाते हैं। यही बात देववन्दना और प्रतिक्रमण पर भी लागू होती है। इन सभी मे कुल मिलाकर यथाविधि 19 भक्तिपाठ किये जाते हैं।

सारणी 2 : साधु की दिनचर्या

क्रिया	समय	घड़ी	अवधि
निवृत्तिमार्गी क्रियायें			
अ · चार बार स्वाध्याय :	**11 घड़ी प्रत्येक**		
1 पूर्वाह्निक स्वाध्याय .	6 48– 11.12 पू.	11 घडी	4 घं 24 मि
2. अपराह्निक स्वाध्याय	12.48– 5 12 अ.	11 घड़ी	4 घं 24 मि
3 पूर्वरात्रिक स्वाध्याय	6 48 – 11 12 रात्रि	11 घड़ी	4 घ. 24 मि
4. अपररात्रिक स्वाध्याय ·	12 48 प्रात–5 12पू.	11 घड़ी	4 घं. 24 मि
			17 36
ब दो बार प्रतिक्रमण : 2 घड़ी प्रत्येक			
1 रात्रिक प्रतिक्रमण	5 12 प्रात – 6 00 प्रात	2 घड़ी	48 मि
2. दैवसिक प्रतिक्रमण .	6.00 सायं – 6.48 साय	2 घड़ी	48 मि
			1 36
स दो बार देववन्दना, आचार्यभक्ति और मनन : 2 घड़ी प्रत्येक			
1 प्रात कालीन	6.00 – 6 48 प्रा	2 घडी	48 मि
2 सायकालीन	5 12 – 6 00 सा	2 घडी	48 मि
			1.36
प्रवृत्तिमार्गी क्रियायें			
1 शौचादि नित्य क्रिया –			
2 आहार चर्या एक बार	11 12 – 12.48	4 घडी	1 घ. 36 मि
3 निद्रा	12 48 – 2 24	4 घडी	1 घ 36 मि
			3 12

4 सामान्य विहार और वर्षायोग नैमित्तिक क्रियाये हैं।

यह कहा जा चुका है कि स्वाध्याय के अनेक रूप हैं। भक्तो की धार्मिक या सामाजिक समस्याओ का समाधान भी उसका एक रूप है । अनेक प्रकार की सुझाई गई अहिंसक या हिंसागर्भी योजनाओ पर चर्चा, अनुमोदन एवं आर्शीवाद देना भी इसमे सभवतः, समाहित है। इसीलिये मुनि सरलसागर जी के अनुसार, अनेक एकेन्द्रिय से लेकर सभावित पंचेद्रिय कोटि तक के जीवो के पीडन से भरे अनेक आयोजन और निर्माण कार्य आशीर्वादित होते है और साधु–गणो का सान्निध्य प्राप्त करते हैं। इनमें से अनेक मे सामाजिक विघटन या आक्रोश भी जन्म लेते हैं। इससे मानसिक दृष्ट्या आघातित होकर पशु–सेवा की ओर भी गति होने लगी है। कम से कम उनकी मूकता के कारण आक्रोश आदि का सामना तो नहीं करना पडता। हा, इन सेवाओ मे सचालन की मानवजनित समस्याये अलग ही होती हैं। सामान्यत इन

---

* ग्रथों में इसके लिये समय नहीं दिया गया है, पर यह मुख्यत प्रातःकालीन देव–वदना आदि के बाद 6 48 से 7 36 प्राय दो घड़ी तक मानना चाहिये। इस क्रिया को कायशुद्धि का एक अग मानना चाहिये। इस क्रिया से शुद्धि के पश्चात् ही पूर्वान्हिक स्वाध्याय होता है, ऐसा अनुमान है। तदनुसार, पूर्वान्हिक स्वाध्याय का समय कुछ कम हो जायेगा। यहा एक घड़ी को 24 मिनट के बराबर लिया गया है।

कार्यों मे सामान्य हिसा का अनुमापन तो किया जा सकता है, पर मनोभावात्मक पीडन का मापन कैसे हो, यह एक प्रश्न है।

लेखक ने यह भी बताया है कि देववन्दना, प्रत्याख्यान, स्वाध्याय तथा प्रतिक्रमण मुख्य क्रियाये हैं, अन्य तो इन्हीं के प्रत्यंग के रूप में मानी जाती हैं। इन क्रियाओ के विवरण से इन्हे आत्ममुखी माना जाता है, पर स्वाध्याय का विवरण तो धर्मोपदेश, पठन–पाठन आदि के माध्यम से परहितकारी भी कहा जा सकता है। इससे नवदीक्षित साधुजन तथा सभी कोटि के श्रावकगण लाभान्वित होते हैं। फलत साधु आत्मकल्याणी तो होता ही है, वह परकल्याणी भी होता है। साधु की सामान्य दिनचर्या पर व्यक्तिवादी या स्वार्थी होने का आरोप लगाया जाता है, पर आचार्य महाप्रज्ञ ने बताया है कि स्वार्थ एव आत्मसाक्षात्कार मे विलोम–सम्बन्ध है। आत्महितैषी प्राणी कभी स्वार्थी नही हो सकता क्योकि उसके लिये सभी आत्माओ मे समान क्षमता होती है। यद्यपि स्वाध्याय– सम्बन्धी निवृत्तिमार्गी क्रियायें मुख्यत अहिसापरक मानी गई हैं, फिर भी इनमे वचनो को प्रेरित करने वाले कर्मो एव कृतिकर्मो मे शारीरिक हलन–चलन के कारण भी वायुकायिकों को किंचित् सामान्य से अधिक पीडा तो पहुचती ही है।

धर्मोपदेशमूलक हिंसा

श्रावक और जनसामान्य के मार्गदर्शक के रूप मे तीर्थंकरो ने भी समवसरण मे धर्मोपदेश दिये थे। आज हमारा साधुवर्ग तो नगरीय मंदिर या उपाश्रयो मे आवास कर वहीं धर्मोपदेश करता है जो अधिकाधिक जनों को लाभकारी या पुण्यकारी होता है। अनेक साधु नगरीय स्थानो से दूरवर्ती स्थानो मे, प्राकृतिक छटायुक्त तीर्थ–स्थानों में, आवास कर वहीं धर्मोपदेश करते हैं । यह स्पष्ट है कि इन स्थानो में धर्मलाभ हेतु उतने लोग नहीं पहुँच पाते, जितने नगरीय स्थानों पर पहुँचते हैं। इन स्थानो पर पहुँचने के लिये यात्रा करनी पडती है, कुछ अधिक समय भी लगता है। हा, धर्मलाभ हेतु धन–त्याग का फल अवश्य मिलता होगा। पर पद यात्रा, द्विचक्री या चतुष्चक्री वाहन–यात्रा तो जमीन पर ही होती है। यह तो अच्छा है कि आजकल सडकें–कच्ची या पक्की बन गई हैं, नहीं तो यात्रा में विविध कोटि के जीवो को कितनी पीडा हमारे पदचापों या चक्र–भ्रमण से होती, इसका अनुमान करना किंचित् कठिन है। फिर भी, यात्राओं में मिट्टी के जीवाणुओं तथा इसकी सतहो पर विद्यमान अनेक उच्चतर कोटि के सूक्ष्म जीवो (कभी–कभी स्थूल भी चींटी आदि) का पीडन या हनन तो होता ही है।

यदि हम यह माने कि साधु नगर से 10 कि.मी. दूर वर्षायोग में है, और वहा प्राय 10,000 जन धर्मोपदेश सुनने हेतु जाते हैं, तो यात्रा में ही 35000

डग (3500 डग/किमी) चलने पड़ते है। यदि व्यक्ति के औसत पैर का क्षेत्रफल 337.5 वर्ग सेमी. हो, तो क्षेत्रफल का कुल मान

$3500 \times 337.5 = 11712.5 \times 10^3 \times 10^4 = 1.17 \times 10^7$ वर्ग सेमी. होगा।

(एक पाद की लम्बाई–चौड़ाई औसतन 9" x 6" ~22.5 x 15 सेमी. मान लीजिये)। यदि यूनिट क्षेत्रफल में, अलेक्जेंडर के अनुसार 10^8/वर्ग सेमी सूक्ष्म जीवाणु या कभी–कभी उच्चतर जीवाणु माने जाय, तो इन जीवाणुओं के पीडन की न्यूनतम हिंसा

$1\ 17125 \times 10^7 \times 10^8 \times 10^{-3} \sim 10^{12}$ यूनिट होगी

10,000 श्रोताओं के लिये यह 10^{16} यूनिट होगी। इसके विपर्यास में, यदि धर्मोपदेश नगरीय क्षेत्र या उपाश्रय में हो, तो न केवल श्रोता ही अधिक होगें (प्राय 20 प्रतिशत अधिक), अपितु उनके द्वारा सम्पन्न हिंसा का मान भी निम्न प्रकार से कम होगा।

सामान्यत नगरों में धर्मोपदेश स्थान की अधिकतम दूरी 3–4 किमी होती है और यदि वहां श्रोताओं की सख्या 12,500 है, तो 3500/कि.मी. के आधार पर 3–4 कि.मी (औसतन 2 कि.मी., क्योकि बहुतेरे लोग तो पदयात्रिक दूरी पर ही होंगे) की दूरी के लिये जीवाणु–हिंसन का मान,

क्षेत्रफल : $3500 \times 2 \times 337\ 5 = 2\ 36 \times 10^6$ वर्ग सेमी

फलत हिंसन–यूनिटों का मान

$2\ 36 \times 10^6 \times 108 \times 10^{-3} = 2\ 36 \times 10^{11}$ यूनिट और, 12,500 व्यक्तियों के लिये, हिंसन –यूनिटों का मान,

$= 12{,}500 \times 2\ 36 \times 10^{11} = 2\ 95 \times 10^{13}$ यूनिट

फलत यह स्पष्ट है कि यह मान दूरवर्ती धर्मोपदेश स्थान की तुलना मे लगभग सहस्रांश ($10^{13} \cdot 10^{16}$) ही हागा । इस प्रकार धर्मोपदेश–स्थल की दूरी के कारण श्रोताओं को सहस्र–गुणित हिंसा करनी पड़ती है। इसे अल्पीकृत करने के उपाय करने चाहिये। आजकल नगरों में ऐसे भवन या सार्वजनिक स्थान उपलब्ध हैं जिनके उपयोग से यह प्रयत्न सम्भव है।

दूरस्थ उपदेश–स्थल के तीन लाभ तो स्पष्ट हैं ही :

1 प्राय. एकाधिक कि.मी. के आवागमनजन्य श्रम से एवं तीर्थाटन से प्राकृतिक स्वास्थ्य लाभ।
2 आगमविहित वातावरण में उच्चार–प्रस्रवणादि क्रियायें कृषि के लिये खाद का काम करती हैं।
3. तीसरा लाभ धर्म एवं पुण्य लाभ है।

ये लाभ वन्य, ग्रामीण या अर्धनगरीय युग के तो अनुरूप हैं, पर आज के औद्योगिक एवं महानगरीय संस्कृति के युग में कितने उपयोगी एवं

व्यावहारिक हैं, यह विचारणीय है। उदाहरणार्थ, बबई, दिल्ली, न्यूयार्क और लदन के समान नगरो मे क्या ये लाभ मिल सकते हैं ?

शौच और शौचालयमूलक हिंसा : पश्चिमगामी कुछ श्वेताम्बर साधु एवं दिगम्बर भट्टारक न केवल स्वक्षालित शौचालयो के उपयोग करने का अपवाद–मार्ग अपनाते हैं, अपितु वे वाहनो का उपयोग भी करते हैं। इस कारण कुछ श्वेताम्बर साधुओं को सघ से बहिष्कृत भी किया गया। धर्म–सवर्धन के पुण्य की तुलना में इस दड को उन्होने नगण्य ही माना। (अन्य धर्मावलम्बी समकक्षजनो के लिये इसे बहुत आपत्ति–जनक नहीं माना जाता) । वस्तुत विलियम[22] ने इस विषय मे एक अच्छा वाक्य लिखा है कि जैनो के प्राय सभी आचार अन्य धर्मियो के आचार के विरोध में विकसित हुए लगते हैं। इसीलिये जैनधर्म लोकप्रिय नहीं हो सका पूना मे सम्भवत 1967 मे सम्पन्न श्वेताम्बर साधु–सम्मेलन मे इस विषय मे स्वविवेक से निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित कर अपवाद–मार्ग पर अपनी मौन स्वीकृति दी थी। पर दिगम्बर साधु इस विषय मे यथार्थता को नकारते हुए अपने समय मे परम्परावाद का ही समर्थन करते हैं, यद्यपि इसके कुछ–एक अपवाद भी हैं।

स्वक्षालित शौचालयो के उपयोग को नगरीय स्थितियो के अनुरूप स्वीकृत करने मे अनेक दिगम्बर साधु दो तर्क देते हैं :[23]

1 स्वक्षालित शौचालयो मे सूर्य–किरणे नही प्रवेश कर पातीं, अत उनकी मल–वियोजन या निस्तारण–क्षमता उच्च नहीं होती।
2 ऐसे शौचालयो मे उत्पन्न अवायुजीवी बेक्टीरिया एकेन्द्रिय नहीं, दो इद्रिय हैं। इनका पीडन अधिक हिसामय होता है।

ये दोनो ही तर्क वैज्ञानिक दृष्टि से पूर्णत सही नहीं हैं। यह सही है कि खुले शौचालय मे बेक्टीरिया वृद्धि अधिक होती है और मिट्टी के जीवाणुओ से मिलने पर तो यह और भी अधिक होती है। अत मल–वियोजन क्षमता उच्च होती है। लेकिन उसमें सूर्य किरणों की ऊर्जा अवायुजीवी तत्र की तुलना मे उच्चतर जीवन–क्षमता की कोटि के जीवाणुओ को भी अधिक मात्रा मे उत्पन्न करती है। फलत इसमे दोनों कोटि के जीवो का (एकेन्द्रिय एव उच्चतर) पीडन अधिक होगा। यदि एकेन्द्रियो के पीडन को विहित भी माना जाय, तो उच्चतर कोटि के जीवों के पीड़न को तो महत्त्वपूर्ण मानना ही चाहिये। यही नहीं, मल–मूत्र के अर्ध–ठोस होने से उसका मिट्टी मे पारगमन भी होता है, जिससे उसमें विद्यमान उच्चतर कोटि के जीवो का भी हिसन होता है। यह अविहित है। यहां एकेन्द्रिय और उच्चतर कोटि के जीवों का अनुपात क्या है, यह अनुमानित ही है, पर यदि उच्चतर इंद्रिय के जीवो की चेतना एकेन्द्रियों की तुलना में षट्स्थानपतित हो तो भी वह औसतन सख्यातगुनी तो मानी ही जा सकती है। इस प्रकार,

यदि एक भी उच्चतर कोटि का जीव हिंसित हुआ, तो संख्यात एकेंद्रिय जीवो के हिंसन के समकक्ष होगा। इसके विपर्यास में, डा. पी.डी.शर्मा और डा डी.के.गुप्ता[24] के अनुसार अवायुजीवी शौचालयों मे चयापचयी विमवान्तर के अल्पतर होने से जीवाणुओ का वर्धन न केवल अल्पतर होता है, अपितु उनकी सूक्ष्मता भी सूक्ष्मतर होती है। फलत इसमें हिंसन भी अल्पतर होता है। साथ ही, इस तत्र में उच्चतर कोटि के जीव भी प्राय. उत्पन्न नहीं होते। यही नहीं, इसके उत्पादों की उपयोगिता कृषि योग्य खाद के रूप मे तथा प्राकृतिक चक्रों के परिरक्षण मे अधिक होती है। ये सभी तथ्य सारणी 3 से स्पष्ट हो जाते हैं।

वैज्ञानिको के अनुसार, बेक्टीरिया एकेन्द्रिय ही होते हैं। इनमें कुछ गति-त्रस भी होते हैं, पर वे एकेन्द्रिय ही हैं क्योंकि वे त्रस नामकर्म के उदय से उत्पन्न त्रस नहीं हैं। यह सूक्ष्मदर्शीय निरीक्षणों से स्पष्ट है। इनका अध्ययन भी वनस्पति शास्त्र के अन्तर्गत ही किया जाता है। इस तथ्य को अनेक जैन वैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं ।[25]

वस्तुत जैन प्रारम्भ से ही दो प्रकार के प्राणी मानते रहे हैं (1) स्थावर (वनस्पति भी 'एकेन्द्रिय है) और (2) त्रस या जन्तु (उच्चतर इन्द्रिय के जीव, पशु, पक्षी, मनुष्य, देव, नारकी आदि)। यद्यपि जैन शास्त्रों में वनस्पति के भेदो में सर्वत्र पाये जाने वाले निगोदिया या साधारण वनस्पति (सूक्ष्म या बादर) जीवों का नाम्ना उल्लेख है, पर उनका विशेष विवेचन नहीं है। पर वे सूक्ष्म जीव पचविध एकेन्द्रिय कोटि के वनस्पति वर्ग मे समाहित किये गये हैं। इनका अधिकतम विस्तार धनागुल का असंख्यातवां भाग माना जाता है। यदि मुनि महेन्द्र[26] के अनुसार उत्सेधागुल का मान 1 07 सेमी माना जाये, तो धनागुल भी प्राय 1 सेमी^{3} होगा, और असख्यात को वर्तमान व्यावहारिक महासख (10^{21}) से कम-से-कम एक अधिक माना जाये, तो जैन शास्त्रानुसार सूक्ष्म जीव का अधिकतम विस्तार 10^{-21} सेमी होगा। इनकी जघन्य अवगाहना तो अंगुल के अनन्तवें भाग तक मानी जा सकती है। इनका आकार चतुरस्र या गोल बताया गया है। इसके विपर्यास में आज के बेक्टीरिया-जैसे सूक्ष्म जीवाणुओं का विस्तार तो बहुत ही अधिक है

बेक्टीरिया	10^{-6} सेमी	यीस्ट	10^{-6} सेमी
वायरस	10^{-8} सेमी.	प्रोटोजोआ	10^{-5} सेमी

फलत इन्हे जैन शास्त्रानुसार, सूक्ष्म कैसे कहा जाय ? अतएव शास्त्रीय सूक्ष्म निगोदिया तथा वैज्ञानिकों द्वारा अध्ययनित सूक्ष्म बेक्टीरिया आदि प्रोटिस्ट जीवों की तुलना भी नहीं हो सकती। फिर भी, इनके अनेक गुण समान हैं जैसा ए.के.जैन[25] ने बताया है (सारणी 3)।

सारणी 3 : निगोदिया जीव और बेक्टीरिया की तुलना

	निगोदिया जीव (शास्त्रीय)	सूक्ष्म बेक्टीरिया (बेक्टीरिया, वैज्ञानिक
1	एकेन्द्रिद्रिय	एकेद्रिय
2	तन्त्रिका तन्त्र का अभाव	तन्त्रिका तन्त्र का अभाव
3	सर्वलोक व्याप्त	लोक व्याप्त
4	परजीवी	परजीवी
5	सम्मूर्च्छन जन्म	अधिकाश का अलैंगिक, कुछ का लैंगिक जन्म
6	साधारण वनस्पति	प्रजीव वनस्पति
7	सूक्ष्म और बादर	वैज्ञानिकत सूक्ष्म
8	$10^{-\infty}$ से 10^{-21} सेमी विस्तार (धनागुल का असख्यतवा भाग)	10^{-4} – 10^{-6} सेमी विस्तार
9	अव्याबाध, बादरों में व्याघात भी सम्भव	बाधित ही होते हैं ।
10	गोलाकार, आयताकार	अनेक आकार
11	एक शरीर मे अनन्त–जीव	वायरस बेक्टीरिया में पहुँचकर अनन्त हो जाते हैं ।
12	एक श्वास मे 18 बार जन्म–मरण	तीव्रगति से वृद्धि करते हैं
13	जघन्य आयु आवलि का असख्यतवा भाग	अनिश्चित

फलत यह मानना अस्वामाविक नहीं होगा कि संख्यात्मक रूप से निगोदिया जीवो की तुलना में बेक्टीरिया के समान वैज्ञानिको द्वारा मान्य सूक्ष्म जीवो का पीडन एवं हिंसन भी उच्चतर होना चाहिये। तथापि, ये दोनो ही एकेन्द्रिय जाति के हैं, और इनकी चैतन्य कोटि प्राय समान है। निगोदिया जीवो को कोशिका या वायरस की समकक्षता नहीं दी जानी चाहिये। इनके आकार आदि गुणों में भारी विषमता है।[26]

इस आधार पर स्वक्षालित–शौचालयों में हिंसन अल्पीकृत होता है और इनका उपयोग वर्तमान, में वन्य–संस्कृति की परम्परा के विपर्यास में, अधिक विवेकपूर्ण माना जाना चाहिये (सारणी 4)। हा, जहां प्राचीन परम्परानुसार सुविधा हो, वहां स्वविवेक से काम लेना चाहिये। प्राचीन परम्परा मे भी अपवाद मार्ग के लिये प्रायश्चित्त का विधान है। फलत युगानुकूलन आवश्यक है। इस विषय में जमुना लाल जैन ने भी चर्चा की है।[27]

सारणी 4 : खुले और स्व–क्षालन शौचालयों की तुलना

	खुले शौचालय	स्वक्षालित शौचालय
	मल में 25–30 % ठोस, बांकी पानी	एक कोशिकीय प्रोटीन/ जैव खाद, मल में प्राय: 10–15 ग्राम ठोस
1	वायुजीवी प्रक्रम	भौतिक अवायुजीवी प्रक्रम
2	सूर्य रश्मि के कारण वैक्टीरियाई वृद्धि अधिक	बेक्टीरियाई वृद्धि कम

3	उच्चतर कोटि के जीवाणुओं का अस्तित्व और पीड़न	सूक्ष्मतर कोटि के जीवाणुओं का पीड़न
4	विविधता	जीवाणुओं की एकरूपता
5	मिट्टी के जीवाणुओं के सयोग से अधिकाधिकवृद्धि	मिट्टी से सम्पर्क नहीं
6	मिट्टी के तल पर जीवाणुओं की सख्या 10^7/ ग्राम मिट्टी	—
7	मल–विमलन क्षमता उच्च	मल–विमलन–क्षमता उच्चतर
8	अर्ध–ठोस मल का मिट्टी में पर्याप्त पारगमन, फलत अधिक पीडन	अर्ध–ठोस मल का जल में मिश्रण और जीवाणुओं का तनुकरण और अल्पपीड़न
9	मीथेन गैस उपभोक्ता बेक्टीरिया	मीथेन–गैस उत्पादी बेक्टीरिया
10	बीओडी पर्याप्त	बीओडी अल्पीकृत होता है
11	खाद के रूप मे कम उपयोगी	खाद के रूप में अधिक उपयोगी
12	प्राकृतिक चक्र परिवर्धित नहीं होते हैं	प्राकृतिक चक्र परिवर्धित होते है।

अब हम यहा सामान्य परम्परावादी शौच–क्रिया मे सम्भावित हिसा के यूनिटो का परिकलन करे।

यदि हम खुले शौच के विषय में चर्चा करें, तो शौच खेतों मे स्थंडिल भूमि मे किया जाता है। यह पाया गया है कि मिट्टी की सतह पर 10^7/ग्राम या 10^9/घन सेमी बेक्टीरिया या अन्य सूक्ष्म जीवाणु होते हैं। यदि मलत्याग स्थल औसतन 9 सेमी X 6 सेमी. माना जाय और अर्ध–ठोस होने के कारण उसकी मिट्टी प्रवेश्यता 3 सेमी मानी जाय, तो मलत्याग का स्थल–आयतन 9 x 6 x 3 = 162 घन सेमी होगा। इस प्रकार, खुले शौचालय मे मल–त्याग के समय 1.62×10^{11} सूक्ष्म जीवाणुओ का पीडन होता है जिसमें $10^{11} \times 10^{-3} = 1.62 \times 10^8$ यूनिट हिंसा होती है। यदि इसमे मूत्र का फैलाव लगभग 100 सेमी और जोडा जाय तो लगभग 900 घनसेमी मे और भी पीडन होगा, जो $900 \times 10^{11} \times 10^{-3} = 9 \times 10^{10}$ यूनिट हिसा के बराबर होगा । इस प्रकार, मिट्टी की सतह पर ही $1.62 \times 10^8 + 9 \times 10^{10} = 1.62 \times 10^{11}$ यूनिट हिंसा होगी।

अब हम उस हिंसा पर भी विचार करें जो मल मे विद्यमान बेक्टीरियाओ के कारण होती है। बेस्ट ऐंड टेलर[28] ने बताया है कि औसतन एक व्यक्ति 170–250 ग्राम मल और 1100 ग्राम मूत्र उत्सर्जित करता है। मल मे 30 प्रतिशत ठोस होते हैं जिनमें एक तिहाई बेक्टीरिया एवं अन्य सूक्ष्म जीवाणु या आद्य जीव होते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि मल में प्रायः 20–25 ग्राम सूक्ष्म जीवाणु (अर्थात् 25 X 10^8 बेक्टीरिया) रहते हैं । परिस्थितिजन्य विविधताओं के कारण इनमें कुछ हानिकारक होते हैं और कुछ उपकारक भी होते हैं। मल पर सूर्य रश्मियों की विश्वीय या पराबैंगनी किरणें भी पडती हैं जो अपनी तीव्रता के अनुसार, उनको हानि पहुँचाती हैं या उन्हें विनष्ट कर

देती हैं। इनमें वृद्धि अल्प होती है। यह पाया गया है कि ये किरणे प्राय 80 प्रतिशत जीवाणुओ का अपह्रासन करती हैं । फलत वे

$$2\ 5 \times 0\ 8 \times 10^{8} \times 10^{-3} = 2 \times 10^{5}$$ यूनिट

हिसा को फलित करती हैं । इस प्रकार, खुले शौचालय में मलत्याग की क्रिया में,

$$1\ 62 \times 10^{11} + 2 \times 10^{5} = 3\ 62 \times 10^{11}$$ यूनिट हिंसा होती है।

यह प्रक्रिया वायुजीवी होती है। अतः वायु के ऑक्सीजन के कारण इसमें कुछ उच्चतर कोटि के स्थूल जीवाणु भी उत्पन्न होते हैं। इनमें से कुछ नष्ट होते हैं और कुछ मिट्टी के लिये लाभकारी होते हैं। इनके हिसन से कुछ अतिरिक्त हिंसा–यूनिट भी अर्जित होते हैं। यदि हम सूक्ष्म का मान 10^{-21} माने और स्थूल का मान (वर्तमान सूक्ष्मदर्शी की दृश्यता के आधार पर) 10^{-10} माने, तो उनके हिसन मे निगोदिया के समान सूक्ष्म जीवाणुओ की सख्या, तुलनात्मकत 10^{11} गुनी अधिक होगी। तथापि, इनकी सख्या निश्चित नहीं होती । इनपर प्रयोग भी नहीं किया गया है। फिर भी, उन्हे सख्यात के रूप मे तो माना ही जा सकता है।

$$10^{11} \times 10^{21} \text{ (संख्यात)} \times 10^{-3} \sim 10^{29}$$

इसके विपर्यास मे, यदि मलत्याग–क्रिया स्वक्षालित शौचालय मे की जाय, तो वहा मल, जल–तल पर गिरता है और उसे प्राय. अवायुजीवी वातावरण मे जल क्षालित किया जाता है। इससे वह तनुकृत हो जाता है और उसमे विद्यमान 2.5×10^{8} बेक्टीरिया, मल को अपघटित कर वृद्धि को प्राप्त होते हैं। जब तक मल उन्हें खाद्य देता है, वे बढते हैं और जीवित रहते हैं। मल–विघटन के बाद,

1 अपने पोषक तत्त्वो के अभाव से
2 सैप्टिक टैंक मे वातावरण के परिवर्तन से
3 विषाक्त या सक्रामक घटको की उपस्थिति से

उनकी वृद्धि क्षीण होने लगती है एव वे या तो निर्जीव हो जाते हैं या बहिःप्रवाह मे चले जाते हैं। यह पाया गया है कि इस प्रक्रिया मे समवातावरण के कारण उच्चतर कोटि के जीवाणु पैदा नहीं होते और मलगत अपह्रासन भी प्रायः 50 प्रतिशत होता है। निर्जीवन की क्रिया उपरोक्त कारणों से तो होती ही है, प्रबल कम्पनो या उबालने से भी होती है।

इस प्रक्रिया मे बैक्टीरियाओं की कोशिकीय दीवार भग्न हो जाती है और साइटोप्लाज्मिक अश भी अपघटित होकर माध्यम में ही विलयित हो जाता है। फलत समग्र बेक्टीरिया की हानिकारिता समाप्त हो जाती है। स्वक्षालित शौचालय मे बैक्टीरियाओ का इस प्रकार निर्जीवन अल्पमात्रा में ही होता है।

फलतः इस प्रक्रिया में जीवाणुपीड़न भी अल्प होता है । यही नहीं, ये जीवित परजीवी बैक्टीरिया अवायुजीवी वातावरण में वर्धित होकर मल को पूर्णतः अपघटित कर उसे खाद–उपयोगी पदार्थों मे भी परिणत करते हैं और स्वय निस्तारण–जल के साथ प्रवाहित हो जाते हैं। इस प्रक्रिया में यदि यह माना जाय कि 50 प्रतिशत एक ही जाति के बेक्टीरिया निर्जीवित होते हैं। अत मलगत जीवाणुओं का 50 प्रतिशत ही यहां हिसन सम्भावित है। फलतः इसका हिंसा–यूनिट मान निम्न होगा :

$2.5 \times 10^{8} \times 0.5 \times 10^{-3} = 1.25 \times 10^{5}$ यूनिट

इसके जलगत जीवाणुओं का तो वर्धन ही यहा होता है। उनकी सख्या भी भूमि की अपेक्षा जल (सेप्टिक टैंक) मे कम रहती है। डा. चौहान के अनुसार सैप्टिक टैंक मे जीवाणुओं की सख्या 10^{10}/लीटर और लगभग स्थिर होती है। जब मल इस टैंक में जाता है, तो ये जीवाणु भी इसके अपघटन मे सहायक होते हैं। एक व्यक्ति के मल हेतु प्रायः 30 लीटर टैंक–जल का अनुमान है। इस प्रकार, टैंक में $30 \times 10^{10} = 3 \times 10^{11}$ बेक्टीरिया का औसत होता है। यदि कुछ समय बाद उपरोक्त कारणों से इनका 50 प्रतिशत भी हिंसन होता है, तो इस प्रक्रिया मे हिसा– यूनिटों का मान निम्न होगा

$3 \times 10^{11} \times 0.5 = 1.5 \times 10^{11} \times 10^{-3} = 1.5 \times 10^{8}$

इस प्रकार, स्वक्षालित शौचालय के उपयोग मे हिसा के यूनिटो का सम्भावित अर्जन = मल–गत बैक्टीरियाओं की हिसा + जलगत बेक्टीरियाओ की हिसा = $1.25 \times 10^{5} + 1.50 \times 10^{8} = 2.75 \times 10^{8}$ यूनिट।

यह स्पष्ट है कि स्वक्षालित शौचालय के उपयोग में हिसन प्रक्रिया, खुले शौचालयों की तुलना में 10^{8}/ 10^{11} = एक हजारगुनी कम होती है। इस अनुमानित परिकलन से हिसा–अहिसा सम्बन्धी कुछ विवेक जागृत होगा, ऐसी आशा है।

विहार और आमन्त्रणजन्य पीड़न

साधु की चर्या में यह सामान्य परम्परा है कि वह चातुर्मास के अतिरिक्त कभी भी एक स्थान पर बहुत दिनो तक नहीं रहता और ग्रामानुग्राम (पुराने समय में, अब नगरानुगर) विहार करता रहता है और सीमित दिनों तक वहा रहकर धर्मोपदेश के माध्यम से और अपनी चारित्र–चर्या से धार्मिकता का सवर्धन करता है। इस विहरण कार्य में दो प्रकार की प्रवृत्तियां होती हैं जिनमें सूक्ष्म–स्थूल जीव–हिंसन सम्भावित है।

1 साधु का स्वयंकृत विहार :

इसमें विहार क्रिया के कारण मार्ग पर चलने में सूक्ष्म–स्थूल जीवाणुओं का पीडन होता है। साधुओं की चर्या में चार हाथ आगे देखकर तथा पीछी

से मार्ग साफ करते रहने पर भी मार्गस्थ पीड़न पूर्णत. निराकृत नहीं होता। इसे 50 प्रतिशत की सीमा मे ही मानना चाहिये । इस प्रकार, पूर्वोक्त परिकलन के अनुसार

1 किमी के लिये हिंसा–यूनिट
$= 0\ 5 \times 1\ 17 \times 10^{12} = 0.58 \times 10^{11} = 5\ 8 \times 10^{11}$ ।

साधु सामान्यत· वर्ष के 365 दिनों मे से लगभग 63 दिन विहार करते हैं क्योकि 120 दिन चातुर्मास के निकालने पर बाकी के 245 दिनो में वे 4 दिन में एक दिन के हिसाब से चलते हैं । प्राय· वे प्रतिदिन औसतन 10 किलोमीटर चलते हैं। इस प्रकार, 63 दिन 10 किमी के हिसाब से चलन पर सम्भावित हिसन के यूनिट

$0\ 58 \times 10^{12} \times 10$(किमी) $\times 63 = 3\ 59 \times 10^{12}$

2 **साधु–विहार–सहचारी धार्मिकों का विहार.**

साधुओ के विहार के समय कुछ संघ के साधु–साध्वीगण तथा धार्मिक व्यक्ति सदैव उनके साथ विहार करते हैं। (कभी–कभी साधु–सघों का आकार काफी बडा होता है और धार्मिकों सहित 700–800 तक विहारी हो जाते हैं । उनके साथ वाहन एव पूरी गृहस्थी रहती है। इन्हे अपवाद मानना चाहिये)। इनकी सख्या 8–10 तो होती ही है। ये धार्मिक व्यक्ति साधु की ईर्या समिति एव पीछी परिहार के पालक भी नहीं होते। फलत इनके विहार मे सामान्य हिसन होता है, जैसा पहले बताया गया है ।

10 किमी के लिये $= 1.179 \times 10^{11}$

63 दिन के लिये $= 1\ 179 \times 10^{11} \times 63 = 7\ 31 \times 10^{13}$

वाहन–सम्बन्धी हिसा भी इतनी ही मान लेनी चाहिये

फलत $= 14.62 \times 10^{15} \equiv 1\ 462 \times 10^{14}$

3 **आमत्रणजन्य पीड़न**

साधुओ के प्रति गृहस्थो और श्रावको के अनेक प्रकार के कर्तव्य हैं। वे त्याग और धार्मिकता–सवर्धक हैं। उनके आहार–विहार का प्रबन्ध करना उनका कर्तव्य है। प्रत्येक श्रावक उन्हें अपने ग्राम आने के लिये निमन्त्रित करता है। यह व्यक्तिगत निमन्त्रण का युग नहीं रहा, समूहगत निमत्रणों एव बार–बार एक ही स्थान के लिये निमन्त्रणों का युग है। एतदर्थ श्रावकगण कार, जीप या बसों द्वारा अपने–अपने स्थानों से विहार के निमन्त्रण हेतु साधु–वास जाते हैं, एक बार नहीं, अनेक बार। ऐसा अनुमान है कि प्रत्येक साधु–सघ को लगभग दस जगह के निमंत्रण आते हैं। एक ही स्थान के लोग लगभग 3–4 बार आते हैं। उनके द्वारा की गई वाहन–यात्रा में मार्गगत जीवाणु–हिंसा तो होती ही है। साथ ही, निमन्त्रण–स्वीकृति के

अनिश्चय की दिशा में निमन्त्रकों को मानसिक संताप भी होता होगा। हम यह मान लें कि निमन्त्रक श्रावकों की टोली का कम–से–कम एक वाहन तीन–बार निमन्त्रण हेतु जाता है और औसतन 50 कि.मी. की यात्रा करता है। इस वाहन द्वारा की गई हिंसा श्रावकों की हिसा मानी जायेगी। चूँकि वाहन एक ही माना गया है, अत उसके द्वारा हुई हिंसा एक व्यक्ति के समकक्ष मानी जायेगी। फलत 10 स्थानों के निमन्त्रकों की तीन–तीन बार 50 किमी की यात्रा मे निम्न हिसा सम्भावित है :

$$9\,179 \times 1012 \times 50 \times 30 \sim 1.8 \times 10^{15} \text{ यूनिट}$$

इस प्रकार, विहार–जन्य कुल हिंसा

= स्वयकृत हिसा + विहित हिसा + आमन्त्रण–जन्य हिसा

$= 3\,5 \times 10^{15} + (1\,462 \times 10^{14} + 1\,8 \times 10^{15}) = 6.76 \times 10^{15}$ यूनिट

यद्यपि विहित हिसा साधुकृत नहीं होती, पर वह गृहस्थो के लिये साधु हेतु विहित है। अत इसे साधुमूलक तो माना ही जाना चाहिये।

धार्मिक क्रियाओं/उत्सवों के लिये अनुमोदित हिंसा

विभिन्न प्रकार के विधि–विधान एवं प्रतिष्ठाये धार्मिकवृत्ति को रसमय बनाने, संरक्षित रखने, प्रोत्साहित करने तथा सवर्धन करने के महत्त्वपूर्ण उपक्रम हैं। प्राचीनकाल मे सामाजिक एव राजकीय उत्सव अधिक मनाये जाते थे। इनका वर्णन अनेक प्राचीन ग्रन्थो में मिलता है। इनका आयोजन समाज या राजतन्त्र के राजा करते थे। धार्मिकता की जागरूकता के लिये समयानुसार धार्मिक विधि–विधानों की परम्परा भी चली। पाश्चात्य विद्वान तो यह मानते हैं कि विभिन्न उत्सव धर्म–संस्था के पूर्ववर्ती हैं। इन आयोजनो ने ही धर्म–संस्था को विकसित किया है एव जीवित रखा है। प्रारम्भ मे, धार्मिक विधि–विधानो मे यति, भट्टारक और गृहस्थो का ही योगदान रहा है, पर अब विधानो मे साधुजन का सान्निध्य एव उनके माध्यम से मूर्ति प्रतिष्ठाओ मे सूर्यमंत्र का अकन एक अनिवार्य–सी परम्परा बन गई है। फलत इन प्रतिष्ठादि आयोजनो के लिये साधुजनों का अनुमोदन आवश्यक होता है । प्राय सभी धार्मिक क्रियाओ मे विविध रूप मे अनेक प्रकार की हिंसा होती है जिसका परिकलन सरल नहीं है। विशेषत विधान, वेदी–प्रतिष्ठा, गजरथ तो इनसे अछूते नहीं हैं। इनमें सर्वाधिक हिसन–पीडन तो गजरथों में होता है जहा अनेक किलोमीटर भूमि का समतलीकरण, धार्मिक जनों के सहभाजन, सम्मिलित होने वाले लोगो की यात्राये और उनसे सम्बन्धित व्यवस्थाओं में अनन्त नहीं, तो असंख्यात एकेन्द्रिय से लेकर पचेन्द्रिय कोटि तक के जीवों का पीडन होता है। उसका कुछ विवरण मुनि सरल सागर जी ने दिया है। यदि हम इनसे से किसी भी प्रकिया में विभिन्न कोटि के असंख्यात जीवों का पीडन मानें (वस्तुतः यह संख्या अनन्त भी हो

सकती है), तो कम से कम गृहस्थ लोग ही प्रति व्यक्ति 4.2×10^{127} यूनिट हिंसा करते हैं। यदि हम यह मानें कि एकेन्द्रिय जीवों की तुलना में उच्चतर जीवों का चैतन्य, मरडिया के अनुसार, दुगुना, तिगुना, चौगुना और पंचगुना तथा मनुष्यो के लिये न्यूनतम दस गुना या उच्चतर गुणित मानें, और यदि हम एकेन्द्रिय जीवों की तुलना मे इन सभी उच्चतर कोटि के जीवों का मान संख्यात ही मान ले, तो इनसे सम्बन्धित हिसा का मान निम्न होगा

$$(2+3+4+5+10) \times 4.2 \times 10^{127} = 9.66 \times 10^{129} \text{ यूनिट}$$

इस तरह गृहस्थो द्वारा अर्जित हिंसा का मान

$$4.2 \times 10^{127} + 9.66 \times 10^{129} = 13.86 \times 10^{129} \text{ यूनिट}$$

यह पहले बताया जा चुका है कि अनुमोदन की प्रक्रिया मे हिसा का मान पाचगुना होता है, फलत. इस प्रक्रिया मे अनुमोदित हिसा का मान

$$69.30 \times 10^{129} \text{ यूनिट होगा।}$$

निवृत्ति–प्रेरक क्रियायें : स्वाध्याय (धर्मोपदेश/चर्चाओं को छोड़कर), प्रतिक्रमण एवं देव–वन्दना आदि में हिंसा

साधुओ की दिनचर्या में इन तीनों ही प्रक्रियाओं का महत्त्वपूर्ण स्थान है। ये क्रियाये साधुओं की 83 प्रतिशत दिनचर्या का अग हैं। सामान्यत ये निवृत्ति–प्रेरक क्रियायें हैं। स्वाध्याय की 44 घडियों मे से धर्मोपदेश और सामाजिक, धार्मिक एव आयोजन–सम्बन्धी चर्चाओं की प्राय 8 घडी (प्राय. 3½ घटे) छोडकर बाकी 36 घडी का समय स्वाध्याय या मनन–चितन में ही व्यतीत होना चाहिये। तुलनात्मकत· यह प्राय 86 प्रतिशत (या 14 प्रतिशत कम) होता है। वैसे सामान्यत. साधु अपनी व्यस्तता के कारण 4 घडी के बदले 8–10 घडी (लगभग 4–5 घंटे की) निद्रा लेते हैं, फलत उनके स्वाध्याय का समय 24–26 घडी और अन्य क्रियाओ का समय 10 घडी होता है। इन प्रवृत्तियों में सामान्य एकेन्द्रियों का ही पीडन होता है जिसका समाहरण स्वाश्वोच्छ्वासादि प्रवृत्तियों में ही हो जाता है। अतः इसमे अतिरिक्त हिसन नहीं मानना चाहिये। फिर भी, वचन–उच्चारण आदि विशिष्ट क्रियाओं के कारण कुछ अधिक हिंसन तो मानना ही चाहिये। ये निवृत्तिमूलक प्रवृत्तियां आत्मशोधन एवं पुण्यसंवर्धन की प्रतीक हैं।

गृहस्थ एवं साधुओं की प्रवृत्तियों में होने वाली हिंसा को सारणी 5 मे दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि आज के साधुवर्ग की प्रवृत्तियों में गृहस्थों की तुलना में हिंसा के अर्जन में अधिक अन्तर नहीं होता। यह मात्र 20 प्रतिशत ही कम होता है। इनकी अहिंसक प्रवृत्तियों का मूल्यांकन अपेक्षित है। इस हिंसार्जन को उदासीन करने के लिये ज्ञानीजनों का मार्ग दर्शन आवश्यक है।

सारणी 5: गृहस्थ एवं साधु की प्रवृत्तियों में हिंसा का आनुभविक मान

	प्रवृत्तियां	गृहस्थ–जगत् में हिंसन	साधु–जगत् में हिंसन
1	आहार	8.90×10^{6}	6.90×10^{6}
2	श्वासोच्छ्वासादि	1.35×10^{277}	1.35×10^{277}
3	शौचादि क्रियायें	1.0×10^{29}	1.0×10^{29}
		3.62×10^{11}	3.62×10^{11}
4	सभोगमूलक क्रिया	1.0×10^{11}	–
5	कृषि / आजीविका	1.62×10^{11}	–
6	विहारमूलक हिंसा	3.26×10^{14}	3.50×10^{14}
7	आमत्रणजन्य हिंसा	6.76×10^{16}	–
8	अनुमोदित हिंसा	–	6.93×10^{129}
9	हवन आदि में हिंसा	$1.0 \times 10^{12-20}$	–
10	धर्मोपदेश श्रवण जन्य हिंसा	2.95×10^{13}	–
11	धार्मिक क्रियामूलक हिंसा	1.36×10^{129}	–
12	स्वाध्यायादिजन्य हिंसा	–	1.10×10^{277}
13	आरम्भजा हिसा	अपरिमित	–
	योग :–	30.84×10^{277}	24.40×10^{277}

सन्दर्भ :

1. जॉनसन, डब्लू, जे., हार्मलैस सोल्स, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1995 पेज 45–83
2. स्वामी समन्त्रभद्र, रत्नकरडश्रावकाचार, सरल जैन ग्रथमाला, जबलपुर 1938 पेज 49
3. आचार्य, अमृतचन्द्र, पुरुषार्थसिद्धियुपाय, स्वाध्याय मदिर ट्रस्ट, सोनगढ 1978 पेज 42–77
4. पडित, आशाधर, सागारधर्मामृत (टी प देवकीनदन), श्लोक 4 5
5. वर्णी, जिनेन्द्र, जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश–4, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1988 पेज 31
6. मरडिया, के वी, सांइटिफिक फाउडेशन आव जैनीज्म, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली 1996 पेज 22
7. जैन, ए के, व्यक्तिगत पत्राचार
8. आचार्य, शिवार्य, भगवतीआराधना–1, जैन सस्कृति सरक्षक सघ, शोलापुर, 1978, पेज 490
9. प्रश्न व्याकरण, आगम प्रकाशन समिति ब्यावर, 1983 पेज 5–28
10. सुधर्मा स्वामी,, आचारांग–1, वही, 1980 पेज 7
11. नरेन्द्र प्रकाश; चिन्तन–प्रवाह, दि. जैन महासभा, लखनऊ, 2001 पेज–24
12. अलेक्जेंडर, मार्टिन; स्वाइस्स, लंदन, 1966 पेज 15
13. लोढा के. एल; मधुकर केसरी अभि.ग्रंथ, बीकानेर, 1970 पेज 163.

14 जैन, एन एल., साइंटिफिक कटेंट्स इन प्राकृत केनन्स, पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी, 1996 पेज 289
15 आर्य, श्याम,; प्रज्ञापना–1, आ प्र स ब्यावर, 1983 पेज 372–73
16 आचार्य कुन्दकुन्द, सूत्रप्राभृत (टी श्रुतसागर), शांतिवीर सस्थान, महावीर जी, 1967 पेज 112
17 जैन, एन एल, पुण्य और पाप का सम्बन्ध (प्रकाशनाधीन)
18 बेस्ट, सी एच एव टेलर, एन बी, दी फिजियोलोजिकल बेसिस आव मेडिकल प्रेक्टिस, साइस बुक एजेन्सी, कलकत्ता, 1967 पेज 1236, 1306
19 आचार्य, बट्टकेर, मूलाचार, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1984
20 आप्टे, व्ही एस, सस्कृत–इग्लिश–डिक्शेनरी, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली 2000, पेज 597
21 वर्णी, जिनेन्द्र,,जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश–2, भारतीय ज्ञानपीठ, 1944, पेज 137
22 विलियम्स, आर , जैन योगा, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1998 पेज–52
23 आचार्य, भरतसागर जी, व्यक्तिगत चर्चा
24 गुप्ता, डी के, व्यक्तिगत पत्राचार
25 (अ) जैन ए के , आस्था और चिन्तन में, ज्ञानोदय विद्यापीठ, भोपाल, 1999 पेज 11–16,
26 (ब) जैन, ए के, जीवन क्या है ? विद्या प्रकाशन मदिर, दिल्ली 2002 पेज 45–59
26 मुनि, महेन्द्र कुमार,, विश्व प्रहेलिका, जवेरी प्रकाशन, बबई, 1969 पेज 236
27 जैन, जमनालाल ,श्रमणो की ज्वलत समस्या, तीर्थंकर, इदौर, जुलाई 1995

कर्मवाद का वैज्ञानिक पक्ष

विश्वीय घटनाओ और लौकिक जीवन के स्वरूप के निर्णय मे कर्मवाद का महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्रारम्भ में यह व्यक्ति–कर्मता, व्यक्त्यंतर–कर्मता, कर्म–स्थानान्तर एव समूह–कर्मता के रूप में माना गया था, पर उत्तरवर्ती काल में यह व्यक्ति–विशेषित अधिक हो गया। जैन व्यक्ति–प्रधान कर्मवाद को ही मानते हैं जबकि आज का विज्ञान व्यक्त्यंतर, समूह एव विश्वीय अन्योन्य–सम्बद्ध कर्म–व्यवस्था का पक्षधर हो रहा है। स्थानाग में भी इसके सकेत हैं। क्या कर्मवाद की मुख्य मान्यताओं को वैज्ञानिक रूप मे अभिव्यक्त किया जा सकता है ? बुद्ध के आर्य–चतुष्टय के समान कर्म का भी चतुष्क है 1 प्रकृति 2 कारण, 3 बन्ध और 4 बन्ध–व्युच्छित्ति।

प्रकृति

कर्म शब्द 'कृ' धातु से बना है जिससे विभिन्न प्रकार की गतियों, परिवर्तनों, स्थानान्तर तथा क्रियाओ और उनके फल (विपाक) का बोध होता है। अनेक दर्शन इसे अभौतिक मानते हैं, पर जैन इसे सूक्ष्म, भौतिक एव ऊर्जामय मानते हैं। सामान्य प्राणियों के लिये कर्म का अर्थ है– उनके भौतिक रूप, भावात्मक रूप, क्षमतायें तथा आचरण और व्यवहार आदि। महावीर के समय मे 180 क्रियावादी मत थे। दीक्षित और ओहीरा कर्मवाद का विकास आहार/आस्रव कर्म, कृषि कर्म एव मैथुन कर्म के समान भौतिक क्रियाओ से मानते हैं जहा क्रिया और क्रियाफल का सम्बन्ध स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। यह बुद्धिवाद के विकास के समय उत्तरवर्ती काल मे आध्यात्मिक हो गया। इसके पाच गहन आधार बने :

1 आत्मवाद, 2 परलोकवाद, 3 क्रियाफलवाद या कार्यकारणवाद
4 स्वकर्तृत्व–मोक्तृत्ववाद 5. परिवर्तन और प्रकृतिवाद

कर्म की क्रियाविधि इन्हीं आधारो पर व्याख्यायित की जाती रही है, परन्तु आजकल विज्ञान की कुछ शाखाओं से इसे समझने में काफी सरलता आ गई है।

पं. दलसुख मालवणिया तो इसे ईश्वरवाद के विरोध मे विकसित निरीश्वरवादी सिद्धान्त मानते हैं। यह मनोवैज्ञानिकतः सतोषप्रद है और

नैतिकता–संवर्धक है। भारतीय मानस में यह सिद्धान्त इतना लोकप्रिय हो गया है कि इसे सभी समस्याओ का समाधान माना जाने लगा है और इसकी वैज्ञानिक विवेचना की आवश्यकता नहीं समझी जाती। यह एक विश्वास बन गया है, यहा बुद्धि कम ही काम करती है। जैनों ने इसे भौतिक स्वरूप देकर इसे वैज्ञानिक विचार की कोटि मे ला दिया है। कर्मवाद से सम्बन्धित जैनों की मुख्य अभिगृहीतिया निम्न हैं

1 कर्म सूक्ष्मतर भौतिक कणों–ऊर्जाओ से निष्पन्न स्कध होता है जो दो से अधिक चरम परमाणुओं से बना है। यह अदृश्य, इद्रिय–अग्राह्य एवं सूक्ष्म है। ये स्कध कर्मवर्गणा कहलाते हैं। ये चतुस्पर्शी होते हैं।

2 विश्व सर्वत क्रियाओं, विचारो, वाणी, वर्ण आदि के अदृश्य कर्म–परमाणुओ/स्कंधों से व्याप्त है।

3 विश्व में व्याप्त सभी परमाणु कर्म नहीं कहलाते। केवल वे ही कण कर्म कहलाते हैं जिनमे जीव के साथ सलग्न होने की क्षमता होती है। जीव के साथ के इनके सलग्न होने के परिमाण एव तीव्रता क्रियाओं की प्रकृति के अनुपात में होती है जो चुम्बक, रक्त–तप्त कन्दुक या आर्द्रवस्त्र के समान कर्मों को आकृष्ट करती हैं।

4 कर्मों की प्रकृति 'कुमार' द्वारा दिये गये अनेक उपमानो से समझी जा सकती है। कर्म राजा है, शत्रु है, बिजली है, पर्वत है, काजल है, ईंधन है, बीज है, रज है, मल है, चक्र है, विष है, बेडी है, और अपशिष्ट है। इसके लिये अपरिष्कृत पेट्रोल तथा कोषागार आदि के, कुछ नये उपमान भी दिये जाते हैं।

5 जीव के अनेक भौतिक और आध्यात्मिक गुण होते हैं। उसमे दस संज्ञायें होती हैं, ज्ञान, दर्शन, सुख, और वीर्य की उच्चतम सीमा होती है। कर्म–कण जीव की इन क्षमताओ को, उनके उपयोग को पाच प्रकार से प्रभावित करते हैं

(अ) वे इन गुणो को सूर्य के आवरण और मादकता–उत्पादी द्रव्य के समान आवरित करते हैं।

(ब) वे इन गुणों को विकृत करते हैं।

(स) वे अध्यात्म–पथ के विरोधक होते हैं।

(द) वे राग–द्वेष उत्पन्न कर बेडी के समान होते हैं।

(इ) वे भूत और भविष्य को वर्तमान से जोडते हैं।

6. ये दो प्रकार के होते हैं (1) द्रव्यकर्म, (2) भाव कर्म। ये एक–दूसरे से कार्यकारण के चक्र से सह–सम्बन्धित हैं :

द्रव्यकर्म ⇌ भावकर्म

ये एक अन्य रूप में भी दो प्रकार के होते हैं (1) शुभ या पुण्य कर्म और (2) अशुभ या पापकर्म अथवा (1) सामान्य कर्म और (2) नोकर्म (कर्म–प्रेरक)

7. यद्यपि भाव और क्रियायें अनन्त प्रकार की होती हैं, पर उनके आठ प्रमुख वर्ग हैं जो सभी को सुज्ञात हैं। इनमे मोहनीय कर्म सबसे प्रबल है। हमारी विभिन्न क्रियाओं और भावों की प्रकृति एवं प्रबलता उन्हें इन आठ वर्गों में परिवर्तित करती है। इन कर्मों की वर्गणायें परमाणुओं की विभिन्न संख्याओं से निर्मित होती हैं। इन कर्मों के 148 उपभेद होते हैं।
8 इन कर्मों का अस्तित्व ज्ञान, सुख, दुःख, पद आदि की विभिन्नताओ से सिद्ध होता है।
9 कर्मों की कणमयता (1) इनमें रूप, रसादि होने, (2) शरीर और भावो के उत्पन्न होने और (3) दवाओं आदि से सुख–दुःख की कोटि में होने वाले परिवर्तनो से सिद्ध की जा सकती है।
10 कर्मवाद का सिद्धान्त एकेन्द्रिय से लेकर पचेन्द्रिय तक के सभी जीवो पर लागू होता है। इसका अर्थ यह है कि कर्मवाद केवल संसारी या मूर्त जीवों पर ही लागू होता है। पर इसके दो प्रमुख अपवाद हैं . 1. सिद्ध जीव 2. नित्य निगोदी जीव। ईश्वर और भक्तिवाद पर भी यह लागू नहीं होता।
11 राग–द्वेष एव कषाय आदि अनेक कारणों से कर्म जीव के साथ अन्योन्य–प्रवेशी एव एक–क्षेत्रावगाही बन्ध करते हैं। यह सजातीय तथा रक्ततप्त गोले के समान माना जाता है। कर्म बन्ध की एक चक्रीय प्रक्रिया है जो कषाय, द्रव्यकर्म, भावकर्म के माध्यम से अविरत चलती है.

(पूर्वार्जित) कषाय → वर्तमान भाव कर्म → वर्तमान द्रव्य कर्म

↑ ↓

——————————— भावकर्म (भावी)

12 भगवती मे कर्मो के बन्ध का परिमाण भी बताया गया है :

कर्म– बन्ध का परिमाण = आस्रव – निर्जरा

= आसव (1/असख्य – 1/अनत)

इस समीकरण की परीक्षणीयता असख्य और अनन्त के मानो की जटिलता से सम्भव नहीं दिखती, फिर भी, यह सूत्र सही है। निर्जरा सदैव अल्प होती है, अत कर्म बन्ध होता रहता है। जब

आस्रव = निर्जरा

तब कर्म बन्ध शून्य हो जाता है और निर्वाण प्राप्त होता है।
13 प्रत्येक कर्म और उसके उपभेदो के बन्ध की न्यूनतम और अधिकतम स्थिति होती है। जब उसका उदय या विपाक होता है, तब यह निर्जरित होकर वातावरण में व्याप्त कर्म–परमाणुओं में मिल जाता है। यह निर्जरा तप और ध्यान आदि से द्रुततर हो जाती है।

अब हम उपरोक्त मान्यताओ के परिप्रेक्ष्य मे कर्मवाद के वैज्ञानिक पक्षों पर चर्चा करेगे।

कर्मवाद का वैज्ञानिक निरूपण : (1) विश्व के घटक

जैन धर्म के अनुसार, विश्व के दो रूप हैं (1) भौतिक और (2) आध्यात्मिक। दोनों में ही जीव और अजीव विश्व के प्रमुख घटक हैं। जीव की परिभाषा विचार–विकास के साथ बदली है .

1 चेतन या ससारी जीव ≡ शरीरी जीव

2 चेतन जीव ≡ आत्मा + शरीर (कर्म)

या, कर्म ≡ चेतन जीव – आत्मा, मूर्त – अमूर्त

वर्तमान धारणा के अनुसार, हमारा व्यक्तित्व या जीवत्व मूर्तकर्म और अमूर्त आत्मा के सयोग का फल है। अमूर्त आत्मा के विषय मे विज्ञान अभी मौन है, पर कर्म की शास्त्रीय परिभाषाओ का वह परीक्षण कर सकता है।

(2) कर्म की परमाणुमयता : कर्म–यूनिट का विस्तार .

कर्म के भौतिक सूक्ष्म कणमय स्वरूप के विषय मे राजवार्तिक मे बताया गया है कि अनन्तानन्त चरम परमाणु (निश्चय परमाणु) मिलकर कर्म–वर्गणाओ का निर्माण करते हैं और कर्म का रूप अनन्तानन्त कर्म–परमाणुओं से मिलकर बनी अनन्तानन्त कर्म–वर्गणाओ से बनता है, अर्थात्:

1 कर्म यूनिट = अनन्तानन्त परमाणु × अनन्तानन्त वर्गणा

= $(\text{अनन्त})^4$ परमाणु वर्गणा

शास्त्रो के अनुसार, वर्गणाओ की उत्तरोत्तर स्थूलता के आधार पर

अ तैजस शरीर वर्गणा = $(\text{अनन्त})^4$ परमाणु

ब कार्मण शरीर वर्गणा = $(\text{अनन्त})^{10}$ परमाणु

फलत किसी भी कर्म–यूनिट मे अनन्त परमाणु–समुच्चय होते हैं, फिर भी वे अदृश्य होते हैं। इससे उनकी सूक्ष्मता का अनुमान लगाया जा सकता है। यह सूक्ष्मता उनकी ऊर्जामयता – चतुस्पर्शी स्वरूप को व्यक्त करती है। जितनी अधिक सूक्ष्मता होगी, ऊर्जा–क्षमता भी उतनी ही अधिक होगी। कर्म–यूनिटो की यह साइज उन्हे ग्रथिस्राव एव जीनो से भी पर्याप्त सूक्ष्मतर बनाती है।

कर्म यूनिटो के विस्तार के आधार पर परमाणुओ की सूक्ष्मता का भी अनुमान लगाया जा सकता है। यदि अनन्त की परिभाषा उत्कृष्ट असख्यात + 1 मान ली जाय, तो

अनन्त (न्यूनतम मान) = उत्कृष्ट असख्यात + 1

या, कर्म–यूनिट = $1/(\text{अनन्त})^4 = (1/\text{उत्कृष्ट असंख्यात} + 1)^4$

असंख्यात के अनेक भेदों के कारण उच्चतम या मध्यम मानवाल उत्कृष्ट असख्यात ग्रहण करते हैं। इसका मान भी प्राप्त किया गया है, पर यह इस लेख की सीमा में नहीं आता। फिर भी, यह स्पष्ट है कि कर्म–यूनिट की सूक्ष्मता की धारणा तो इसमें प्रतिफलित होती ही है।

3. कार्मिक घनत्व की धारणा

यह माना जाता है कि कर्म भारी भी होते हैं और हल्के भी होते हैं। भारी कर्म पापात्मक होते हैं और हल्के कर्म पुण्यात्मक होते हैं। किसी भी पदार्थ का हल्कापन या भारीपन उसके विशिष्ट आयतन में विद्यमान द्रव्यमान या मात्रा पर निर्भर करता है, अर्थात्

हल्कापन / भारीपन = घनत्व, D = पदार्थ की मात्रा / आयतन

हल्केपन और भारीपन का अर्थ घनत्व गुण का द्योतक है। जब जीव प्रदेशो मे कर्म–यूनिटो की मात्रा अधिक होती है तब ये भारी कहलाते हैं। हल्के कर्म इसके उल्टे होते हैं। कर्मों का घनत्व, Dk भावात्मक शुद्धता, Vp, पुनर्जन्म, Dy सतोष / असंतोष, S एवं सुख–दुःख, H को निर्धारित करता है। यह पाया गया है कि सभी अच्छे गुण और आचरण कर्मों के घनत्व के व्युत्क्रम अनुपात मे होते हैं, अर्थात्

$1/D_K = V_P$ या, D_Y (गति), या, S या, H

इसका अर्थ कर्मों का घनत्व जितना ही कम होगा, वे जितने ही हल्के होगे, उतने ही भाव शुद्ध होंगे, गति अच्छी होगी, संतोष और सुख भी उतनी ही मात्रा मे अधिक होगा। फलत, कर्मवाद के सिद्धान्त का प्रतिफल उसके घनत्व पर निर्भर करता है।

वस्तुत हमारे सुख और सतोष हमारी इच्छाओ या आवश्यकताओ की पूर्ति के अनुपात पर निर्भर करते हैं क्योकि वे अनन्त होती हैं

S or H = (इच्छा / आवश्यकता पूर्ति) / (कुल इच्छा / आवश्यकता)
= (इच्छा / आवश्यकता पूर्ति) / अनन्त

हमे इस अनुपात को बढ़ाने के लिये अच्छे कर्म करने चाहिये, सयम पालना चाहिये और इच्छाओ तथा आवश्यकताओं का अधिकतम अल्पीकरण करना चाहिये।

प्रो मरडिया ने कर्म के आश्रव द्वारो के आनुभविक मानों के आधार पर यह बताया है कि मिथ्यात्व गुणस्थान मे कर्म–घनत्व सर्वाधिक 36 होता है जो क्रमशः घटते–घटते 14 वें गुणस्थान में प्रायः शून्य हो जाता है।

4. कर्मवाद और कार्यकारणवाद : बीवर–फ्रेशनर समीकरण

कर्मवाद सामान्यतः उत्परिवर्ती कार्य–कारणवाद के नियम का प्रतीक है। यह भौतिकतः यंत्रवादी या नियतिवादी नहीं है। यह तनाव सहने, पीड़ा की तीव्रता कम करने और सुंदर भविष्य के निर्माण की प्रेरणा देता है। यह

मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त है। वीवर और फ्रेशनर ने भौतिक अवस्थाओं का अध्ययन कर पाया कि विभिन्न प्रकार के प्रेरकों, S (कर्मों) का भौतिक प्रभाव R एक गणितीय समीकरण के द्वारा व्यक्त किया जा सकता है

$$S = K \ln R$$

इसका अर्थ यह है कि विभिन्न क्रियाये विशिष्ट प्रकार के आन्तरिक या बाह्य प्रभाव उत्पन्न करती हैं। इस समीकरण मे कुछ संशोधन भी हुए हैं। इस समीकरण को कर्मवाद पर अनुप्रयुक्त कर कर्मबन्ध (प्रेरक) और उसके प्रभाव (उदय) का मूल्याकन किया जा सकता है।

5. कर्म और जीव का बन्ध

यह बताया जा चुका है कि कर्म कणमय है और ससारी जीव भी मूर्त समुच्चय हैं। फलत:, दो मूर्त द्रव्यों के बीच बन्ध हो सकता है। कर्म अमूर्त आत्मा से नहीं बधते। मूर्त–मूर्त द्रव्यों मे बन्ध के लिये कुछ अनुबन्ध होते हैं उनमे विरोधी आवेश होने चाहिये। भगवती आदि ग्रथो मे यह बताया गया है कि

(1) मोह एव द्वेष, अशुभ और भारी होते हैं, उन पर ऋणात्मक आवेश होता है।

(2) रागभाव शुभ–अशुभ, हल्के–भारी होते हैं। उन पर ऋण या धन– कोई भी आवेश हो सकता है।

(3) अनन्त सुख आदि शुभ और हल्के कर्म होते हैं। उन पर धनावेश होता है। ये प्रवृत्तिया कर्ममय होती हैं। अत कर्म भी आविष्ट हुए। कर्माविष्ट ससारी जीव तो आविष्ट होता ही है। फलत, संसारी जीव और कर्मों का बन्ध सम्भव है

ससारी जीव + कर्म → ऊर्जा → नया बन्ध जीव – कर्म

इस बन्ध के लिये आवश्यक ऊर्जा संसारी जीव में स्वयं होती है। इस बन्ध की प्रकृति क्या है, यह कहना किंचित् कठिन है क्योंकि यह भौतिक तपो एव ध्यान आदि के प्रक्रम से निर्जरित हो जाता है। इसलिये यह बन्ध भौतिक प्रकृति का अधिक प्रतीत होता है। हॉ, इस बन्ध मे आन्तरिक ऊर्जा में जो भी परिवर्तन होता हो, शरीर–तत्र के तापमान में कोई परिवर्तन नहीं होता। अत यह समतापीय भौतिक क्रिया है। लेकिन यह क्रिया जीवित और निर्जीव तत्रो के सयोग से ही होती है, अत वैज्ञानिक इसकी परिमाणात्मकत पूर्ण व्याख्या नहीं कर सकते। फिर भी, कर्म बन्ध का परिमाण शास्त्रों में दिया गया है।

6. कर्मों के प्रबलतांक

जैन शास्त्रों मे अनेक स्थलो पर परिमाणात्मक वैज्ञानिकता व्यक्त हुई है। आठ कर्मों की आपेक्षिक प्रबलता इसका प्रमाण है। यह बताया गया है कि सभी कर्मों में मोहनीय कर्म प्रबलतम है, उसका प्रबलतांक 7 है और सबसे दुर्बल गोत्र कर्म है जिसका प्रबलतांक 1 है। वेदनीय कर्म का प्रबलतांक 10 है जो अपवाद है। अन्य कर्मों के प्रबलताक 2 और 3 के बीच परवर्ती होते हैं। ये प्रबलतांक प्रायः कर्मों की स्थिति पर निर्भर करते हैं।

7. कर्मों की स्थिति

जीव के साथ बन्धे हुए कर्मों की स्थिति (उदयकाल तक) तीन प्रकार की होती है जो कषाय की तरतमता पर निर्भर करती है : उत्तम, मध्यम, जघन्य। सामान्यत: कर्मस्थिति में आबाधाकाल भी समाहित होता है। फलतः,

कर्म स्थिति = आबाधाकला + वेदक स्थिति

मध्यम स्थिति = [(उत्कृष्ट–जघन्य) स्थिति – 1 समय]

कर्मग्रथ और अन्य ग्रंथो मे कर्मों और उनके उपभेदों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति दी गई है।

8. कर्म प्रदेशों की संख्या

यह बताया जा चुका है कि कर्म–प्रायोग्य कर्म परमाणु विश्व में सर्वत्र व्याप्त हैं। जब वे कर्म का रूप धारण करते हैं (जीव के साथ संयोग होने पर), तब उनका एक यूनिट एक प्रदेश कहलाता है। सभी कर्मों के प्रदेशो की सख्या अनन्तानन्त है। इनका संख्यात्मक मान सिद्ध राशि और अभव्य राशि के आधार पर बताया गया है :

कर्म–प्रदेश सख्या = $\infty \times$ अभव्यो की संख्या

= $1/\infty \times$ सिद्धों की संख्या

अर्थात्

$\infty \times$ अभव्यों की संख्या = $1/\infty$ सिद्ध की संख्या

या,

सिद्धो की संख्या = ∞^2 अभव्यो की संख्या

इस समीकरण की प्रामाणिकता विचारणीय है। फिर भी, यह तो स्पष्ट है कि अभव्यों की सख्या अत्यल्प हो गई है।

9 कर्मों का चित्रात्मक विवेचन

शास्त्रीय विवेचन की तुलना मे, मरडिया ने अपनी पुस्तक मे कर्म–प्रक्रिया को चित्रात्मक रूप में प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार, कर्मबद्ध ससारी जीव एक चुम्बक के समान है जिसके चारों ओर एक बल–क्षेत्र होता है। हमारी विभिन्न प्रवृत्तियों से वातावरण में व्याप्त कार्मन–परमाणु इस क्षेत्र में आकृष्ट होते हैं और कर्म–बन्ध की वर्तमान दशा में परिवर्तन करते हैं। तप आदि के द्वारा निर्जरित होने पर शुद्ध आत्मा और कर्म–कण पृथक्–पृथक् हो जाते हैं। इसका चित्रण चित्र– 1 में दिया गया है।

10. महेन्द्र मुनि और आचार्य महाप्रज्ञ के विचार

उपरोक्त वैज्ञानिक समीकरणों एवं व्याख्याओं के आधार पर महेन्द्र मुनि और आचार्य महाप्रज्ञ ने कहा है कि वैज्ञानिक अनुसंधानों से शास्त्रीय कर्मवाद के अनेक अव्याख्यात बिन्दु एवं रहस्य स्पष्ट हुए हैं। वैज्ञानिक यह

बताते हैं कि हमारे आचरण एव व्यवहारों के मूल कारण कर्म के अतिरिक्त अन्य कारक भी हैं :

1 शरीर तंत्र में होने वाली रासायनिक एवं जीव–रासायनिक क्रियायें
2 जीव–वैद्युत प्रकृति मे परिवर्तन
3 ग्रथियो के स्राव एव नाडी तंत्र
4 अनुवाशिकता (जीन) और महत्त्वाकांक्षायें
5 आन्तरिक एव बाह्य परिवेश आदि

वैज्ञानिक, इसीलिये, हमारे व्यवहारों या वर्तमान की व्याख्या भौतिक जीवन के आधार पर करते हैं जबकि कर्मवाद आध्यात्मिक जीवन–पूर्वजन्म और भावीजन्म के आधार पर करता है। इस सदर्भ में कर्मवाद से सम्बन्धित शास्त्रीय एव वैज्ञानिक मान्यताओं की तुलना उपयोगी होगी।

चित्र 1 : कर्मों का चित्रात्मक रूप

11. कर्म की प्रभावकता

व्यक्ति–प्रधान कर्मवाद विभिन्न प्रवृत्तियों से अर्जित कर्मों एवं उनके प्रभाव को निरूपित करता है जिससे व्यक्ति का व्यक्तित्व, चरित्र, आदतें, विकास, व्यवहार, मनोभाव तथा भावी जीवन निर्धारित होता है। इसका कारण हमारे भारी (प्रतिकूल) और हल्के (अनुकूल) या पुण्य और पाप कर्म तथा प्रारब्ध कर्म हैं। डॉ. अनिल कुमार जैन ने कर्मों के उत्तम प्रभाव को निरूपित करने वाला एक गणितीय समीकरण बनाया है

उत्तम प्रभाव · (भूत+वर्तमान) अनुकूल कर्म > प्रतिकूल कर्म (भू. + व.)

जघन्य प्रभाव (भू. + व.) अनुकूल कर्म < (भू. + व.) प्रतिकूल कर्म

जिसके अनुसार, यदि अच्छे कर्म, प्रतिकूल कर्मों की तुलना मे अधिक हैं, तो उत्तम प्रभाव होगा। इसके विपरीत स्थिति में जघन्य प्रभाव होगा।

12. कर्मों के क्षयोपशम या धार्मिकता में वृद्धि

वर्तमान मे समाचार पत्रों के लेखों, विद्वानों और धर्माचार्यों के भाषणो मे विज्ञान के लाभों का सकेत करते हुए उससे हो रही हानियों का विशेष वर्णन होता है जिससे ऐसा लगता है कि हमें विज्ञान–पूर्व के युग मे चले जाना चाहिये। पर यह प्रलय आने तक तो सम्भव नहीं दिखता। इसके विपर्यास में, विज्ञान से, हानि की तुलना में लाभ अनेक हुए हैं। कर्मवाद का सिद्धान्त इससे अधिक प्रभावित हुआ है। सारणी 1 से स्पष्ट है कि इस सदी में आठों की कर्मों के क्षयोपशम मे वृद्धि हुई है और, फलत, हमारी धार्मिकता मे वृद्धि हुई है। विज्ञान के अन्वेषणों से हम अच्छे शाकाहारी और अहिंसक बनने की दिशा मे आगे बढ रहे हैं। ऐसा लगने लगा है जैसे हमारे पूर्वज हमारी तुलना मे उतने धार्मिक नहीं थे (कम उम्र, चमडे, सिल्क और बरक आदि का उपयोग आदि)।

सारणी 1 : कर्मों के क्षयोपशम या धार्मिकता में वृद्धि : समग्र धार्मिकता में वृद्धि

क्र	कर्म	क्षयोपशम के प्रभाव
1	ज्ञानावरणीय कर्म	ज्ञान के क्षितिजों का विस्तारण, (कृषि, जीव–विज्ञान, चिकित्सा, विश्व–विज्ञान, कोशिकाओ तथा प्राकृतिक उत्पादों का सश्लेषण, परा–इंद्रियबोध, मन का अध्ययन, विचार–सप्रेषण योग एव ध्यान के प्रभावो की व्याख्या, अवधिज्ञान, वायुयान एव विस्फोटक आदि)
2	दर्शनावरणीय कर्म	सूक्ष्म एव इलेक्ट्रान सूक्ष्मवीक्षण यत्र द्वारा इद्रियो एव आतरिक संरचनाओं के क्षेत्रों का विस्तारण, दूरवीक्षण यंत्र, सूक्ष्म–मापन यत्र
3	वेदनीय कर्म	भोग भूमि से समान सुविधा–भोगों में वृद्धि, श्रम–विहीन जीवन की संभावना, सामाजिक प्रवृत्तियों में वृद्धि, दीर्घायुष्य, प्राकृतिक या आकस्मिक विपदाओं के समय अन्तर्राष्ट्रीय करुणा एवं सहायता के कार्य, चिकित्सा क्षेत्र के विकास के कारण नीरोगता में वृद्धि
4	मोहनीय कर्म	धर्म की समाज–सापेक्ष परिभाषा, विभक्त परिवार एवं परिवार–नियत्रण। धार्मिक विधि–विधानों में वृद्धि, सतों की सख्या में वृद्धि, मनोविकारों एव दुष्प्रवृत्तियों पर विजय के प्रयोग

5	आयु कर्म	दीर्घायुष्य, मानव जनसख्या में ज्यामितीय वृद्धि, अधस्तन कोटि के जीवों की मानव गति
6	नाम कर्म	दुर्लभ मनुष्यगति की जनसंख्या में वृद्धि, शरीर के विविध अवयवो का प्रतिरोपण, हृदय–धमनियों का उपमार्गण, मनोदैहिक एव देह–मानसिक विज्ञान का विकास, मनुष्यों की मानसिक एव शारीरिक क्षमताओं मे वृद्धि, सामान्य मनोविज्ञान एव परामनोविज्ञान का विकास
7	गोत्र कर्म	अनुसूचित/परिगणित जातियों का राजनीतिक उत्परिवर्तन, सेवा तथा शिक्षा आदि क्षेत्र में आरक्षण, व्यावसायिक अवसरों की वृद्धि के साथ जीवन के उच्चतर स्तर के विविध अवसर।
8	अन्तराय कर्म	समाज एव व्यक्ति के भौतिक एव मानसिक विकास में आने वाली बाधाओ का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निराकरण, राजनीति या धार्मिक नेताओं की विविध प्रवृत्तिया।

13. विभिन्न कर्मों का विज्ञान की अन्य शाखाओं से सम्बन्ध

आठों कर्मों के उद्देश्य और प्रभावों का अध्ययन करने पर हमे प्रतीत होता है कि कर्मवाद विज्ञान की अनेक शाखाओं से सम्बन्धित है

1–2	ज्ञानावरण और दर्शनावरण	मनोविज्ञान, तत्रिका विज्ञान
3	वेदनीय कर्म	मनोविज्ञान
4	मोहनीय कर्म	मनोविज्ञान
5	अन्तराय कर्म	मनोविज्ञान
6	आयु कर्म	शरीर–क्रिया एव स्वास्थ्य विज्ञान
7	नाम कर्म	शरीर–रचना, शरीर–क्रिया और मनोविज्ञान
8	गोत्रकर्म	समाजशास्त्र, मनोविज्ञान और अर्थशास्त्र

इस सम्बन्ध को तत्त्वार्थसूत्र के छठे अध्याय में वर्णित विभिन्न कर्मों के आस्रव–द्वारो के माध्यम से अच्छी तरह समझा जा सकता है। इनसे यह भी पता चलता है कि कर्म भौतिक और मनोवैज्ञानिक–दोनो ही रूपों मे पाये जाते हैं। इन्हीं आस्रव–द्वारो के अध्ययन से बीवर–फ्रेशनर समीकरण को कर्मवाद पर लागू किया जा सकता है।

14. कर्मवाद पर विज्ञान के अन्वेषणों का प्रभाव

विज्ञान के अनेक प्रकार के अन्वेषणों के माध्यम से कर्मवाद को प्रचण्ड भौतिक आधार मिला है। इस कारण अनेक भौतिक एवं व्यवहार सम्बन्धी घटनाओं की ग्रंथि–स्राव, मस्तिष्क के सक्रिय केन्द्र, आनुवाशिक अपूर्णताये एवं विकास, आहार परिवर्तन, औषध एवं ध्यान आदि के माध्यम से व्याख्या की जा सकी है, जैसा सारणी 2 से प्रकट है। पहले इन घटनाओं की व्याख्या कर्मवादी मनोविज्ञान से की जाती थी। विज्ञान के विकास के पूर्व ये घटनायें वैज्ञानिक क्षेत्र से बाहर की मानी जाती थीं। अब नई खोजों से नई दृष्टि मिली हैं और कर्मवाद के सिद्धान्त के इहलौकिक प्रभावों में काफी

कमी आई है। इस आधार पर कर्मों के क्षयोपशम में वृद्धि हुई है। इससे हम यह भी अनुमान लगा सकते हैं कि विज्ञान कर्मों के विनाश में भी (ध्यान आदि के माध्यम से) हमारा सहायक होगा।

सारणी 2 : चेतना की आवरक कुछ घटनाएं और उनके उपचार

क्र.	घटना	कारणभूत–कर्म	निदान	उपचार
1	मदबुद्धिता	ज्ञानावरण कर्म का उदय	आनुवंशिक, परिवेशी, ऑक्सीजन– उपभोग में कमी, फेनिल पायरुविक अम्ल की मात्रा	ग्लूटैमिक अम्ल
2	अल्प–स्मृति	ज्ञानावरण कर्म का उदय	न्यूरान–प्रेरित RNA में उत्परिवर्तन	ब्राह्मी, शखपुष्पी का सेवन
3	बौनापन	नामकर्म का उदय	थायरायड हार्मोन की कमी	थायरोक्सिन
4	मिर्गी	वेदनीय, अन्तराय और ज्ञानावरणीय कर्म	मस्तिष्क के गोलक में आकस्मिक विक्षोभ	गोर्डिनोल, डाइलेन्टीन, अपस्मार वटी
5	मादकता	मोहनीय, ज्ञानावरण, दर्शनावरण कर्म	मस्तिष्क तन्त्रिकायें, सगति, परिवेश, अनुवाशिकता	एन्टाब्यूज आदि
6	क्षय, कैंसर, हृदय, मधुमेह आदि रोग	असातावेदनीय कर्म/अन्तराय कर्म	चिन्ता, खानपान की आदतें, अतिश्रम आदि	विभिन्न औषधिया, शल्य क्रिया, विद्युत–प्रवाह, हृदय प्रतिरोपण आदि
7	हिसक वृत्ति, क्रोध आदि	मोहनीय कर्म	एड्रीनल हार्मोन में न्यूनाधिकता, नोरएड्रेनलीन, डोपामीन आदि	समुचित आहार द्वारा स्राव नियत्रण, ध्यान, सेरोटोनिन
8	भ्रष्टाचार	पुण्य/पाप कर्म	सामाजिक/ राजनीतिक परिवेश	प्रारम्भ से नैतिक शिक्षा, अपराध पर दंड निश्चित देना
9	लम्बे उपवास/ समाधि की प्रवृत्ति	पुण्य कर्म/नाम कर्म	आनुवांशिक, उपदेश–प्रेरणा, आदर्श उदाहरण	ध्यान आदि द्वारा अधिकाधिक आंतरिक ऊर्जा सचय
10	वर्ण–व्यवस्था	गोत्र कर्मोदय	सामाजिक/धार्मिक संतों की व्यवस्था, स्वार्थ साधन	उन्नति के लिए समुचित सुविधाएं परिग्रह त्यागवृत्ति

15. कर्म और पुण्य–पाप का सम्बन्ध

कर्म–सिद्धान्त के आधार पर पुण्य और पाप के बीच एक परिमाणात्मक सम्बन्ध स्थापित करने की बात सोची जा सकती है। हमें ज्ञात है कि पाप (या हिंसा), पुण्य (सुख) का विलोम होता है और कार्मिक घनत्व भी पुण्य का विलोम होता है। फलत., यह पाप का समानुपाती होगा, अर्थात्

कर्म–घनत्व (कर्म) $\propto$ पाप $\propto$ हिसा

और, पुण्य $\propto$ 1/पाप

या, पुण्य = – पाप

या, पुण्य + पाप = 0

चूकि सिद्ध अवस्था मे पाप = 0, फलत. पुण्य भी 0 होगा। इस आधार पर, पुण्य की इकाइयों का मान पाप की इकाइयों के समकक्ष पर ऋणात्मक होगा॥

यद्यपि शास्त्रो मे धार्मिक कार्यों मे होने वाले हिसात्मक पाप को 'सावद्यलेशो बहुपुण्य राशि.' कहकर पुण्यार्जक कहा गया है, पर वहा न तो 'लेश' और 'बहु' शब्द की परिमाणात्मकता बताई गई है और न ही उनका सम्बन्ध । पर इस सम्बन्ध को परोक्षत भी अनुमानित किया जा सके, तो भी इस प्रकरण किंचित् वैज्ञानिकता भी आ सकती है।

इसके अनुसार, पुण्य–प्रकृतिया 42 हैं और पाप प्रकृतिया 82 हैं। सामान्य गणित मे यह कहा जा सकता है कि एक पुण्य प्रकृति दो पाप प्रकृतियो को उदासीन करने मे सक्षम हैं।

कर्म–सिद्धान्त की एक अन्य धारणा के अनुसार, पुण्य हल्का होता है और पाप या हिसा भारी होती है। साथ ही, कर्म, पाप और पुण्य–सभी सूक्ष्म कणिकामय हैं अर्थात् भौतिक हैं। इन्हे आधुनिक भौतिक कणों के लघुतम और अल्पतम दीर्घ रूपो में व्यक्त करना तो कठिन ही है, फिर भी जैनों के अनुसार, चरम परमाणु का विस्तार और घनत्व अल्पतम होता है। इसे हम एक (जैसे हाइड्रोहन) मान लें, तो भारी कण का भार या विस्तार ऐसा होना चाहिये जिससे नीचे की ओर पतित होने की न्यूनतम क्षमता हो। यदि वाल्टर मूर के अनुसार, चरम परमाणु का विस्तार 10^{-13} सेमी, और द्रव्यमान 10^{-24} ग्रा. भी मानें, तब भी उसके घनत्व के मान को इकाई ही लेना होगा। इसका कारण यह है कि शास्त्रानुसार हिसक नीचे नरक मे जाता है और अहिंसक ऊपर स्वर्ग या मोक्ष तक जाता है। इस दृष्टि से हम लघुतम ठोस परमाणु लीथियम के समकक्ष मान लें जिसका भार हाइड्रोजन की तुलना में सात (या सातगुना भारी) होता है। इस आधार पर पुण्य और पाप का अनुपात 1 : 7 भी सम्भावित है अर्थात् एक पुण्य प्रकृति सात पाप प्रकृतियो को उदासीन करने में सक्षम है। यह संकेत उपरोक्त कर्मप्रकृति पर आधारित

निष्कर्ष के विपर्यास में जाता है। फलत, पुण्य और पाप का सम्बन्ध निम्न दो रूपों मे व्यक्त किया जा सकता है ·

1 पुण्य ≡ 2 पाप (कर्म सिद्धान्त)

1 पुण्य ≡ 7 पाप (घनत्व के आधार पर)

इन सम्बन्धों की यथार्थता का मूल्यांकन करना कठिन है, फिर भी, हम औसतन यह मान लें कि–

1 पुण्य कर्म ≡ (7 + 2) / 2 पाप कर्म ≡ 5 पाप कर्म

फलत यह माना जा सकता है कि एक पुण्यमय कार्य प्राय. पांच पापमय कार्यो को उदासीन कर सकता है। निश्चित रूप से, पाच की सख्या 'एक' की सख्या की तुलना में 'बहु' तो मानी ही जा सकती है। यदि इस सम्बन्ध में अन्य कोई शास्त्रीय आधार या धारणा उपलब्ध हो, तो ज्ञानीजन लेखक को सूचित करे।

यहा यह भी विचार किया जा सकता है कि गृहस्थो के (या साधुओ के) छह दैनिक आवश्यक कर्तव्य (देव पूजा, आधे घटे; गुरु वन्दन; चौथाई घटे, स्वाध्याय, आधा घण्टा, प्रतिक्रमण; लगभग डेढ घटे; आरती आदि; चौथाई घटे) प्राय तीन घटे प्रतिदिन के हिसाब से किये जाते हैं। ये धार्मिक या पुण्यमय या अहिसक वृत्तिया हैं। इनके विपर्यास में, सामान्य प्रवृत्तिया चौबीस घटे चलती रहती हैं। इस प्रकार, पुण्य प्रवृत्तियो के तीन घटे सामान्य प्रवृत्तियो के 24 घटे की हिंसावृत्ति को उदासीन करते होंगे। इस प्रकार पुण्य और पाप का सम्बन्ध 3 24 या, 1 . 8 भी माना जा सकता है। चूंकि सभी लोग तीन घटे की धार्मिक प्रवृत्तिया नहीं करते, इसलिये उनकी सामान्य प्रवृत्तियो की हिसा की मात्रा निरन्तर वर्धमान होती रहती है। यह भी एक विचारणीय विषय है। इस प्रकार, पुण्य और पाप का सम्बन्ध 1 . 2, 1 ' 5 या 1 8 आता है। इसका सूक्ष्म समीक्षण ज्ञानीजनगम्य है।

16. पश्चिमी विचारक और कर्मवाद

अनेक पश्चिमी कर्मवादी को पलायनवादी एवं निराशावादी मानते हैं। लेकिन शुभ कर्मो, शुभ गति एवं समृद्धि की धारणा इसे सदैव आशावादी, प्रगतिशील तथा उत्परिवर्तनशील बनाये रखती है। यह किसी राजनीतिक तत्र से भी प्रभावित नहीं होती। यह व्यक्ति एवं समाज को आन्तरिक रूप से और भौतिक रूप से अच्छा समाजवादी और साम्यवादी बनाती है। महाप्रज्ञ के अनुसार, जीवविज्ञान, मनोविज्ञान, स्वास्थ्य विज्ञान आदि के अनुसंधानों से भी इसकी महत्ता पर प्रभाव नहीं पड़ता, क्योंकि ये बाह्य घटको को ही प्रभावित करते हैं जबकि कर्मवाद का क्षेत्र आंतरिक शोधन भी है। मनुष्य की भौतिक एव मानसिक प्रवृत्तियां कर्मवाद से परिशुद्ध होती हैं। लेकिन नये युग में यह

स्पष्ट है कि वैज्ञानिक अन्वेषणो के कारण कर्मवाद की वैसी महत्ता मे कमी आई है जो शास्त्रीय युग में रही है, क्योंकि हमारे निर्माण एव विकास मे इस अध्याय के खंड 10 मे प्रस्तुत अनेक अतिरिक्त कारक समाहित हो गये हैं।

17. बीसवीं सदी में कर्मवाद के लिये कुछ प्रश्न

बीसवीं सदी को वैज्ञानिक प्रगति की सदी माना जाता है। इसके अतर्गत, भौतिक विज्ञान की तो प्रगति हुई ही है, जीव–विज्ञान के क्षेत्र मे भी काफी प्रगति हुई है 1 डार्विन का विकासवाद, 2 लिग–परिवर्तन, 3 टेस्ट–ट्यूब बेबी और 4 अब क्लोनिग की प्रक्रिया, 5 और फलत पुरुष के गर्भधारण की क्षमता की सम्भावना तथा 6 अनुवांशिकी प्रौद्योगिकी। जैन धर्म के अनुसार, चेतना का विकास एकेन्द्रिय से लेकर पचेन्द्रिय तक क्रमिक एवं पूर्वबद्ध कर्म पर आधारित होता है। एक ओर जहा विकासवाद भौतिक जीव (कर्म–आत्मा) के क्रमिक विकास को अनेक आधारों पर मान्यता देता है, वहीं वह कर्म की उत्परिवर्तनीयता पर मौन रखता है। थियोसोफी की विचारधारा भी मनुष्य को विकास का चरम बिन्दु मानती है, पर वह भी उसे निम्नतर कोटि में पुन परिवर्तनीय नहीं मानती। फलत विकासवाद जीवन के उत्परिवर्तनीयता की दृष्टि से जैन धर्म की तुलना मे कुछ कमजोर लगता है। सम्भवत डार्विन अध्यात्मवादी न रहा हो।

अन्य पाच प्रकरण भौतिक दृष्टि से नाम कर्म या अन्य कर्मों के सक्रमण से सम्बन्धित हैं जिसे जैनों ने कर्म की एक अवस्था माना ही है। पर टेस्ट–ट्यूब बेबी एव क्लोनिग के जन्म को क्या कहेंगे ? यह प्रश्न है। टेस्ट–ट्यूब बेबी को हम प्रच्छन्न या परोक्ष गर्भ जन्म मान भी लें, तो भी क्लोनिग को जन्म की प्रक्रिया को क्या कहेंगे ? जलज ने इसे संमूर्च्छन जन्म माना है जबकि ए के. जैन इसे गर्भ जन्म मानकर गर्भ जन्म की परिभाषा को किंचित् परिवर्तित करने के पक्ष मे हैं। ये प्रश्न विचारणीय हैं।

●

अवग्रहेहावायधारणा

सामान्य जनता में धार्मिकवृत्ति को जगाये रखने के लिये अनेक पुरातन आचार्यों ने समय–समय पर उपयोगी ग्रन्थों की रचना की है। इनका मुख्य विषय 'सम्यक्–दर्शन–ज्ञान–चारित्राणि मोक्षमार्ग' ही होता है। वस्तुत. मोक्ष और मार्ग साधुजन सुलभ होता है, सामान्य जन के लिये तो गृहस्थ मार्ग ही प्रमुख है। जिन गृहस्थो के ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अन्य कर्मों का जितना अल्प बन्ध या उदय होता है, वे उतना ही मोक्षमार्ग की ओर प्रवृत्त होते हैं। यद्यपि 'निर्वाणकाड' मे मुक्तो की अपरमेय संख्यायें निरूपित की गई हैं, फिर भी पिछले पच्चीस –सौ वर्षों में कितने मोक्षागामी हुए हैं, इसका कोई विवरण उपलब्ध नही है। फिर भी, मुक्ति में एक मनावैज्ञानिक आकर्षण है, शुभत्व की ओर बढने की प्रेरणा है। यह मार्ग निसर्गज भी बताया गया है और अधिगमज भी। निसर्गज मार्ग भी विरल ही दृष्टिगोचर हुआ है। इसलिये इसके अधिगम के विषय में शास्त्रों में पर्याप्त वर्णन आया है। इसके एक लघु अंश पर ही यहां विचार किया जा रहा है।

अधिगम के लिये विषय–वस्तु के रूप मे सात तत्त्व और नव पदार्थों का निरूपण किया गया है। इनका अधिगम प्रमाण और नयो से किया जाता है। इनका विवरण अनुयोगद्वार मे विशेष रूप से दिया जाता है। पदार्थों का अध्ययन सामान्य या विशेष अपेक्षाओ से छह या आठ अनुयोगद्वारो के रूप में किया जाता है। यह अध्ययन ही ज्ञान कहलाता है। यह ज्ञान सामान्य जन को इन्द्रिय, मन और पदार्थ की सहायता से होता है। योगि जन अथवा महात्माओं को यह ज्ञान अत्मानुभूति के माध्यम से प्राप्त हो सकता है। जहां उन्हें बाह्य साधनों की आवश्यकता नहीं पड़ती। संसारी जीव ही क्रमिक विकास करते हुऐ योगी होता है, फलतः उसका ज्ञान–विकास भी बाह्य–साधना–प्रमुख विधि से आगे चल कर अन्तर्मुखी हो जाता है, ऐसा मानना चाहिये। सामान्यजन की ज्ञान–प्राप्ति के लौकिक साधनों के रूप में इन्द्रिया और मन सुज्ञात हैं। इनकी सहायता से प्राप्त ज्ञान को मतिज्ञान कहते हैं। इस प्रकार, सामान्य जन मति और श्रुत–दो ज्ञानों से ही आगे

बढता है। श्रुतज्ञान स्वय या दूसरों के, मतिज्ञान स्वय का अपना प्रयोग और दर्शनजन्य ज्ञान है। एक वैज्ञानिक भी इन्हीं दो ज्ञानो से वैज्ञानिक प्रक्रिया का प्रारम्भ, विकास और पुनर्निर्माण करता है। श्रुतसागर सूरि ने बताया है कि यह ज्ञानमार्ग ही हमारे लिये सरल, परिचित और अनुभवगम्य है।

मतिज्ञान के नाम

मैं सर्वप्रथम अपने द्वारा प्राप्त ज्ञान–मतिज्ञान की बात करूं। उमास्वामी ने इसके अनेक नाम बताये हैं– स्मृति, सज्ञा, चिन्ता और अभिनिबोध आदि। आगम ग्रन्थो में मति के बदले अभिनिबोध का ही नाम आता है, कुन्दकुन्द ने सर्वप्रथम मतिज्ञान के नाम से इसका निरूपण किया। उमास्वामी के अनुसार इसके अतर्गत अनेक मनोप्रधान या बुद्धिप्रधान प्रवृत्तिया भी मति मे ही समाहित होती हैं। यह वर्तमान को ग्रहण करता है। इस आधार पर स्मृति आदि को मतिज्ञान नहीं माना जाना चाहियै था। क्योंकि इनमें अतीत का भी सम्बन्ध रहता है। अकलक ने इन्हें मनोमति मान कर सामान्य मतिज्ञान के रूप मे ही बताया है। वस्तुत इस आधार पर स्मृति, संज्ञा (प्रत्यभिज्ञान), चिन्ता (तर्क, कार्यकारण–भाव), और अभिनिबोध (अनुमान व्याप्ति–ज्ञान) को जिन दार्शनिको ने पृथक् प्रमाण माना है, उसका निरसन कर जैनों ने इन सभी को मतिज्ञान मे समाहित कर लिया। भट्टाचार्य ने चिन्ता और अभिनिबोध को वर्तमान आगमन और निगमन तर्कशास्त्र के समरूप बताकर पाश्चात्य तर्कशास्त्र की मैालिकता पर प्रश्नचिह्न लगाया है।

उमास्वामी ने मतिज्ञान के अनर्थान्तरो के दिग्दर्शक सूत्र की टीकाओं में अनर्थन्तरत्व (पर्यायवाची) पद पर अनेक प्रकार के प्रश्नोत्तर किये हैं। वे इसी सूत्र मे वर्णित 'इति' शब्द को इत्यादि वाचक मानते हैं, और मतिज्ञान के कुछ अन्य पर्यायवाची भी बताये हैं– इनमे प्रतिभा, मेधा, प्रज्ञा समाहित हैं। इन सभी पर्यायवाचियो के विशेष लक्षण पूज्यपाद ने तो नहीं दिये हैं। अकलक और श्रुतसागर ने दिये हैं। इनके अनुसार, मतिज्ञान के इन विभिन्न नामरूपो से उसकी व्यापकता तथा क्षेत्रीय विविधता का स्पष्ट आभास होता है क्योकि प्रत्येक नाम एक विशिष्ट अर्थ और वृत्ति को प्रकट करता है।

मतिज्ञान की प्राप्ति के चरण

सामान्यजन को मतिज्ञान कैसे उपलब्ध होता है ? इस विषय पर ध्यान जाते ही दूसरी सदी के उमास्वामीकृत 'तत्त्वार्थसूत्र' का 'अवग्रहेहावायधारणाः' (1,15) सूत्र स्मरण हो आता है। यद्यपि आगम ग्रन्थों मे भी इनका उल्लेख पाया जाता है, (इससे इसकी पर्याप्त प्राचीनता सिद्ध होती है,) पर साधारणजन के लिये तो' तत्त्वार्थसूत्र' ही आगम रहा है। सचमुच में, सैद्धान्तिक आधार पर यह सूत्र एवं इसकी मान्यता सर्वाधिक वैज्ञानिक है। इस मान्यता मे ज्ञान प्राप्ति के वे ही चरण बताये गये हैं जो आज के

वैज्ञानिक चौदहवीं सदी में हमारे अपने प्रयोग और अनुभव से बता सके। काश, इन्हें हमारे आगम और तत्त्वार्थसूत्र मिले होते ?

इस सूत्र के अनुसार, मतिज्ञान प्राप्ति के पांच चरण होते हैं– प्रथम इद्रिय और पदार्थों के प्रत्यक्ष या परोक्ष सम्पर्क से निराकार दर्शन, फिर साकार सामान्य ज्ञानात्मक अवग्रह, फिर किंचित् मन का उपयोग कर विचार परीक्षण करने से वस्तु विशेष का अनुमान–ईहा, इन्द्रिय सम्बद्ध वस्तु विशेष का उपलब्ध तथ्यों और विचारों के आधार पर निर्णय – अवाय या अपाय, और तब उसे भावी उपयोग के लिये ध्यान स्मरण में रखना – धारणा ये क्रमिक चरण हैं, पूर्वोत्तरवर्ती हैं। इन्हीं चरणों को वैज्ञानिक जगत् अपनी स्वय की पारिभाषिक शब्दावली में निम्न प्रकार से व्यक्त करता है

1 प्रयोग और निरीक्षण	दर्शन और अवग्रह
2. वर्गीकरण	ईहा
3. परिणाम निष्कर्ष,	उपपत्ति, अवाय
4. नियम / सिद्धान्त	धारणा

इनमें से प्रथम चरण को छोड अन्य चरणो में मन और बुद्धि की प्रमुखता बढती जाती है। तुलनात्मक दृष्टि से ऐसा प्रतीत होता है कि हमारे यहा 'धारणा' शब्द का अर्थ कुछ सीमित अर्थों में किया गया है। वस्तुत यह शब्द अनेकार्थक है और इसे उपरोक्त चार चरणों से प्राप्त इन्द्रिय और मन के उपयोग से निष्कर्षित एवं श्रुत के आधार के रूप में मानना चाहिऐ। यही परिभाषा इसे नियम या सिद्धान्त के समकक्ष ला देती है। इस प्रकार ज्ञानप्राप्ति की वर्तमान चतुश्चरणी वैज्ञानिक पद्धति अवग्रहेहावायधारणा का नवीन सस्करण ही है। इस पर आधारित धर्म या दर्शन को वैज्ञानिकता प्राप्त हो, इसमें आश्चर्य नहीं करना चाहिये।

मतिज्ञान के भेद और सीमायें

शास्त्रों में अवग्रह आदि को भेद के रूप मे माना गया है। इसमें अवग्रह का विशेष वर्णन है क्योंकि यह हमारे ज्ञान का प्रथम और मूलभूत चरण है। यह श्रुत–निःसृत और अश्रुत–अनिःसृत के रूप में दो प्रकार से उत्पन्न हो सकता है। यह व्यक्त रूप से होता है और अव्यक्त अवग्रह चक्षु और मन को छोड कर शेष चार इन्द्रियों के कारण ही होता है। अव्यक्त अवग्रह दर्शन की समतुल्यता प्राप्त कर सकता है, ऐसा भी कहा गया है। अवग्रह के विपर्यास में ईहादिक चरण व्यक्त रूप में ही होते हैं। मतिज्ञान से पदार्थों की जिन विशेषताओं का अध्ययन किया जाता है, उनकी सख्या 12 बताई गई है

1–2	बहु और एक	संख्या तथा परिमाण (भार) द्योतक
3–4	बहुविध और एकविध	पदार्थों के विविध जातीय रूपों की संख्या तथा परिमाण

5–6	क्षिप्र और अक्षिप्र	वेग शील और मन्द पदार्थों का बोधक
7–8	अनिःसृत और निःसृत	अप्रकट या ईषत् प्रकट और प्रकट पदार्थ बोधक
9–10	अनुक्त और उक्त	अभिप्रेत या कथित पदार्थ बोधक
11–12	ध्रुव और अध्रुव	पदार्थ की एक रूपता व परिवर्तनीयता का द्योतक

इन विशेषताओ को देखने से पता चलता है कि मतिज्ञान से पदार्थ के केवल स्थूल गुणों का ही ज्ञान होता है, आन्तरिक संघटन या अन्य नैमित्तिक गुणो का नहीं। इससे हमें प्राचीन मतिज्ञान की सीमा का भी ज्ञान होता है। यही नहीं, उपरोक्त बारह विशेषताओं मे अनेक मे पुनरुक्ति प्रतीत होती है, जिनका सतोषजनक समाधान शास्त्रीय भाषा से नही मिलता। फिर भी, मतिज्ञान के 12 × 4 × 6 (5 इन्द्रिय + 1 मन) = 288 और व्यजनावग्रह के 12×4 (चार इद्रिय) =48=336 भेद शास्त्रो मे पाये गये हैं। इससे सीमित मतिज्ञान की पर्याप्त असीमता का पता चलता है। इसकी तुलना में, यह कहा जा सकता है कि सूक्ष्मतर निरीक्षण क्षमता के इस उपकरण प्रधान युग में मतिज्ञान की सीमा में काफी वृद्धि हो चुकी है। अब इससे बहिरग के अवग्रहादिक के साथ अतग्रहादिक भी सम्भव हो गये हैं। मतिज्ञान के क्षेत्र मे पिछले दो सौ वर्षों के विकास ने हमारे पदार्थ विषयक शास्त्रीय विवरणो को काफी पीछे कर दिया है।

ज्ञान के क्षितिजों एवं सीमाओं का विकास

यह बताया जा चुका है कि सामान्यजन की ज्ञान–प्राप्ति दो प्रकार के ज्ञानो से होती है– मतिज्ञान और श्रुतज्ञान। श्रुतज्ञान की परिभाषा शास्त्रो मे अनेक प्रकार से की गई है। कुछ लोग श्रवणेन्द्रिय प्रधानता के आधार पर श्रुत को मतिज्ञान मानना चाहते हैं, पर यह सही नहीं है। अकलक ने साहचर्य, एकत्रावस्थान, एकनिमित्तता, विषय साधारणता तथा कारण–कार्य सदृशता के आधार पर मति–श्रुत की एकता का खडन करते हुए बताया है कि श्रुतज्ञान मनोप्रधान है, इन्द्रियप्रधान नहीं। वह त्रिकालवर्ती तथा अपूर्व विषयों का भी ज्ञान कराता है। उसमे बुद्धिप्रयोग के कारण पदार्थों की विशेषताओं, समानताओ एव विषमताओ के अपूर्व ज्ञान की भी क्षमता है। यह सही है कि श्रुतज्ञान का आधार मतिज्ञान ही है, लेकिन यह देखा गया है कि श्रुतज्ञान भी मतिज्ञान की सीमाये बढाने मे सहायक होता है। शास्त्री ने श्रुतज्ञान से भी श्रुतज्ञान की भी औपचारिक उत्पत्ति मानी है। इसीलिये जो सुना जाय, जिस साधन से सुना जाय या श्रवण किया जाय मात्र को पूज्यपाद और श्रुतसागर ने श्रुत कहा है। अकलंक ने इस परिभाषा में एक पद और रखा –श्रूयते स्मेति, जो सुना गया हो, वह भी श्रुत है।

यह ज्ञान दो प्रकार का होता है – अक्षरात्मक और अनक्षरात्मक। साधारणतः श्रुत को अक्षरात्मक एवं भाषा रूप माना जाता है। प्रारम्भ में यह कण्ठगत ही विकसित हुआ पर समय–समय पर लिखित और मुद्रित रूप मे प्रकट होता रहा है। वस्तुतः आज की भाषा में अक्षरात्मक श्रुत विभिन्न प्रकार के मतिज्ञानों से उत्पन्न धारणाओं का रिकार्ड है जिससे मानव के ज्ञान के क्षितिजों के विकास में सहायता मिले। वर्तमान विज्ञान में ज्ञानार्जन के साथ उसके संप्रसारण का भी लक्ष्य रहता है। विज्ञान की मान्यता है कि ज्ञान का विकास पूर्वज्ञात ज्ञान के आधार पर ही हो सकता है। इसलिये मति से प्राप्त ज्ञान को श्रुत के रूप मे निबद्ध किया जाता है। विज्ञान का यह संप्रसारण चरण ही अक्षरात्मक श्रुत मानना चाहिये। इसकी प्रामाणिकता इसके कर्ताओ पर निर्भर करती है . उसकी निरीक्षण–परीक्षण पद्धति से प्राप्त निष्कर्षों की यथार्थता पर निर्भर करती है। अकलक ने श्रुत की प्रमाणिकता के लिये अविसवादकता तथा अवंचकता के गुण माने हैं। इस आधार पर उन्होने 'आप्त' की बडी ही व्यापक परिभाषा दी है और आचार्यों के रचित ग्रन्थों और उनके अर्थबोधो को भी प्रामाणिकता की कोटि में ला दिया है। यही नहीं, 'यो यत्र अविसवादक स तत्र आप्त'। तत परोऽनाप्तः। तत्त्वप्रतिपा–दनमविसवादः, तदर्थज्ञानात्' के अनुसार वर्तमान वैज्ञानिकों द्वारा लिखित श्रुतो को भी प्रामाणिकता प्राप्त होती है। फलतः नवीन श्रुत में नये अवाप्त ज्ञानक्षितिजों का समाहरण किया जाना चाहिये। यह आज के युग की एक अनिवार्य आवश्यकता है। वर्तमान प्राचीन श्रुत की प्रामाणिकता पर अकलंक के मत का विशेष प्रभाव नहीं पडता। उनके प्रणेताओ ने परम्परा प्राप्त ज्ञान को स्मरण, मनन और निदिध्यासन के आधार पर लिखा है। यही नहीं, उन्होने विभिन्न युगों मे उत्पन्न सैद्धान्तिक एव तार्किक समस्याओ के लिये परिवर्धित एवं योगशील व्याख्याये दी हैं जो उनके मनन और अनुभूति के परिणाम हैं। इनसे अनेक भ्रान्तिया भी दूर हुई हैं। विशेषावश्यकभाष्य और लघीयस्त्रय में इन्द्रिय ज्ञान को लौकिक प्रत्यक्ष के रूप मे स्वीकृति, वीरसेन द्वारा स्पर्शनादि इन्द्रियो की प्राप्यकारिता–अप्राप्यकारिता की मान्यता, अष्टमूल गुणो के दो प्रकार, प्रमाण के लक्षण का क्रमिक विकास, काल की द्रव्यता आदि तथ्य वस्तुतत्त्व निर्णय मे जैनाचार्यों द्वारा परीक्षण और चिन्तन की प्रवृत्ति की प्रधानता के प्रतीक हैं। इसीलिये आचार्य समन्त्रभद्र को 'परीक्षा प्रधानी' कहा जाता है। इस प्रक्रिया में इन्द्रिय और बुद्धि का क्रमश अधिकाधिक उपयोग किया जाता है इस प्रकार हमारे विद्यमान श्रुत परीक्षण प्रधान हैं, वैज्ञानिक हैं।

वैज्ञानिक ज्ञानप्राप्ति की प्रक्रिया की एक और विशेषता होती है। यद्यपि यह पूर्वज्ञात ज्ञान या श्रुत से विकसित होती है, पर यह पूर्वज्ञात ज्ञान की वैधता का परीक्षण भी करती है। उसकी वैधता का पुनर्मूल्यांकन करती है।

सामान्यत वैज्ञानिक ज्ञान का प्रामाण्य परत ही अधिक समीचीन माना जाता है। हमारे शास्त्रों में ज्ञान की उत्पत्ति और ज्ञप्ति की दशाओं के प्रामाण्य के स्वत परत के सम्बन्ध में पर्याप्त चर्चा पाई जाती है। हिरोशिमा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ए यूनो इस विषय पर विशेष अनुसधान कर रहे हैं। यह स्पष्ट है कि सर्वज्ञ और स्वानुभूति के ज्ञान को छोड कर ज्ञान का प्रामाण्य परत ही माना जाता है। इस प्रकार हमारा श्रुतनिबद्ध ज्ञान वर्तमान सदी की विश्लेषणात्मक धारा के निकष पर कसा जा सकता है। यह प्रसन्नता की बात है कि जैन दर्शन की अनेक पुरातन मान्यताये, विशेषत पदार्थ की परिभाषा, परमाणुवाद की मान्यतायें, ऊर्जा और द्रव्य की एकरूपता आदि – इस निकष पर कसे जाने पर पर्याप्त मात्रा मे खरी उतरी हैं। यही कारण है कि आज अनेक विद्वान जैन दर्शन के तुलनात्मक अध्ययन की ओर प्रेरित हो रहे हैं और जैन विद्या के अनेक अज्ञात पक्षों को उद्घाटित कर रहे हैं।

श्रुतज्ञान का अनक्षरात्मक रूप भी हमारे ज्ञानार्जन मे सहायक है। इसके असख्यात भेद होते हैं।[19] सकेत दर्शन, मानसिक चिन्तन तथा ऐसे ही अन्य प्रक्रमो से ज्ञान होता है। वह अनक्षरश्रुतात्मक होता है। आज जो श्रुत विद्यमान है, उसके विविध रूपो का विवरण गोम्मटसार, सर्वार्थसिद्धि आदि मे दिया गया है। वस्तुत विभिन्न श्रुत श्रुतज्ञान के साधन हैं। ज्ञान के रूप मे श्रुतज्ञान, मतिज्ञान की सीमा का विस्तार करता है, उसमे बौद्धिक नवीनता लाता है।

इस प्रकार सामान्यजन का वर्तमान ज्ञान "अवग्रहेहवायधारणा" की प्रक्रिया पर आधारित है। यह प्रक्रिया जितनी ही सूक्ष्म, तीक्ष्ण और यथार्थ होगी, हमारा ज्ञान उतना ही प्रमाण होगा। आज उपकरणो ने अवग्रह की प्रक्रिया मे अपार सूक्ष्मता तथा विस्तार ला दिया है। लेकिन दुर्भाग्य से हमारे यहॉं आचार्य नहीं हैं जो इस क्षमता का उपयोग कर नये श्रुत का उद्घाटन कर सकें।

सन्दर्भ

1 उमास्वामि, आचार्य, (तत्त्वार्थसूत्र, 1–3, वर्णी ग्रन्थमाला, काशी, 1950
2 उमास्वामि, आचार्य, पूर्वोक्त, 1–6
3 उमास्वामि, आचार्य, पूर्वोक्त, 1–7, 8
4 श्रुतसागर सूरि, तत्त्वार्थवृति 1,9 भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली1946
5. फूलचद्र सिद्धान्तशास्त्री (वि0 क0); (तत्त्वार्थसूत्र) 1–13, वर्णी ग्रन्थमाला,1950.
6. अकलक देव, लघीयस्त्रय, श्लोक 66–67
7 भट्टाचार्य, हरिसत्य, जैन विज्ञान, (अनेकान्त)
8 शास्त्री, ए शान्तिराज (स), तत्त्वार्थसूत्र (1–13), (भास्करनंदि टीका), मैसूर विश्वविद्यालय 1934

9. भगवतीसूत्र (88, 2, 317)
10 पीमेन्टैल, जार्ज, रसायन एक प्रयोगात्मक विज्ञान, 1–10 म हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 1973.
11 मालवणिया, दलसुख , आगमयुग का जैन दर्शन, पु. 129–35, सन्मति ज्ञानपीठ, आगरा, 1936।
12. उमास्वामि, आचार्य, तत्त्वार्थसूत्र 1–15,16, 1936
13 अकलंकदेव, तत्त्वार्थराजवार्तिक, 1–16, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1944
14 अकलंकदेव, पूर्वोक्त, 1–9
15 प फूलचद शास्त्री (वि क9), सन्दर्भ 4, सूत्र 1–20
16 अकलंकदेव, पूर्वोक्त, 1–9.
17 महेन्द्र कुमार न्यायाचार्य, जैन दर्शन, पृष्ठ 353 वर्णीग्रन्थमाला, काशी, 1966
18 ए यूनो, जैन प्रामाण्यवाद पर एक टिप्पणी, कैलाशचन्द्र शास्त्री अभिनन्दन ग्रन्थ, पृष्ठ 548, 1980
19 नेमचन्द सिद्धात चक्रवर्ती, गोमटसार जीवकाड तथा गाथा 316, परमश्रुत प्रभावक मडल, आगरा, 1972

●

वनस्पति और जैन आहार शास्त्र

वनस्पति हमारे आहार के प्रमुख स्रोत हैं। ये हमे 1 अशन (अन्न और दाले), 2 पान (दुग्ध, घृत, जल, व फल आदि), 3 खाद्य (मिठाई, पौष्टिक खाद्य) एव 4 स्वाद्य (लोग, इलायची आदि) अनेक कोटि के पदार्थो को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रदान करते हैं। इनके अनेक प्राकृतिक रूप होते हैं– 1 कच्चे या अपक्व, 2 कालपक्व, 3 अनग्निपक्व या 4 अशस्त्र परिणत। ये प्राकृतिक रूप मे पाये जाते हैं। शास्त्रो मे कहा गया है कि इन्हे प्राकृतिक रूप में साधुओ और उच्चतर कोटि के श्रावकों को नही खाना चाहिये, पर सामान्यजन और पाक्षिक श्रावक इनका प्राकृतिक और परिवर्तित रूप मे भी अपने आहार मे उपयोग करते है। शास्त्रो मे प्राकृतिक आहार्य वनस्पतियो के लिये आम, आमक, आर्द्र, सचित्त और अनग्निपक्व आदि अनेक शब्द आये हैं जिनका अर्थ प्राय एक–सा ही है। तथापि, क्षु ज्ञानभूषण जी[1] ने सामान्यत इनको सचित्त एकेन्द्रिय जीव कहा है। प आशाधर [2] ने भी इन हरितकायो को सचित्त ही कहा है। साथ ही, उन्होने 'सचित्त' शब्द को 'अभक्ष्य' शब्द से भिन्न अर्थयुक्त माना है। अभक्ष्य केवल वे पदार्थ माने हैं जो त्रसघात–समाहारी हो। श्वेताम्बर ग्रथो में[3], 'अशस्त्र–परिणत' शब्द भी आया है जिससे सचित्त का ही बोध होता है।

वनस्पतियों के भेद–प्रभेद

शास्त्रो मे, सामान्यत वनस्पति के दो प्रकार बताये गये हैं 1. प्रत्येक शरीरी (एक–शरीर–एकजीव) और 2 साधारण शरीरी (एक–शरीर–अनेक जीव)। इनमे प्रत्येक को 1 सप्रतिष्ठित (जीव–आधारित, सामान्यत परजीवी) और 2 अप्रतिष्ठित के रूप मे पुन द्विधा वर्गीकृत किया है । इनमे से धवला के अनुसार, बादर–निगोद–प्रतिष्ठित योनिभूत वनस्पति मूली, अदरक, सूरण, थूहर आदि हैं और बादर–निगोद–अयोनिभूत–प्रतिष्ठित प्रत्येक शरीरी वनस्पति मे निगोद तो रहते हैं, पर इनका विकास नहीं होता। इसके विपर्यास मे बादर–निगोद–अप्रतिष्ठित–प्रत्येक शरीर वनस्पति शुद्ध प्रत्येक शरीरी हैं[4]।

हमारे आहार में, सामान्यतः, दोनों प्रकार के प्रत्येक शरीरी वनस्पति होते हैं। धवला 2:1,87 मे मूली, अदरक (कन्दमूल) आदि को बादर–निगोद योनिभूत प्रतिष्ठित प्रत्येक शरीरी ही बताया है। इसे धवला के ही 1.1.41 में भी पूर्व मे बताया गया है। दिगम्बर ग्रथों मे प्रतिष्ठित या अप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीरी वनस्पतियो के कुछ उदाहरणो को छोड़कर, अनेक नाम नहीं मिलते। इसके विपर्यास मे, प्रज्ञापना[5] एव जीवाभिगम आदि मे प्रत्येक शरीरी बादर वनस्पतियो के बारह प्रकार बताकर उनके प्रायः 350 नाम गिनाये हैं। इनमे से अनेक–हरित, औषधि, धान्य, शाक आदि के फल, पर्व, बीज आदि हम आहार एवं औषधि मे काम मे लेते हैं। ये सभी वनस्पति प्रकृति में कच्चे या कालपक्व रूप मे पाये जाते हैं। इन्हे 'आम' शब्द से निरूपित किया जाता है। फलत. 'आम' शब्द का अर्थ केवल सचित्त सप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति मात्र नहीं लेना चाहिये। आम या अन्य समानार्थी शब्दो से सभी प्रकार के हरे या कच्चे वनस्पतियो (चाहे वे साधारण कोटि के हो या प्रत्येक के) को लेना चाहिये।

दिगम्बर ग्रंथो की तुलना में, प्रज्ञापना[6] आदि ग्रंथों में साधारण वनस्पतियो के प्रायः 100 नाम दिये गये हैं जिनमे अनेक कन्द और मूल आते हैं। इन्हें बादर निगोद कहा जाता है। साधारण जैन इन्हें भूमिगत तने वाले पौधे कहते हैं। इनके अतर्गत, वनस्पति शास्त्रियो के अनुसार, निम्न कोटिया आती हैं[7]

1 प्रकन्द (रि–जोम) हल्दी, अदरक आदि
2 कन्द (टयूबर) आलू आदि
3 शल्क कन्द (बल्ब्स) प्याज, लहसुन आदि
4 घन कन्द (कौर्म) . क्रोकस आदि

इनके अनुसार, जैनो द्वारा स्वीकृत कन्दमूल या गढत वनस्पतिया इन चार कोटियो मे समाहित हो जाती हैं। इन वनस्पतियो का तना जमीन के अदर मूर्तरूप लेता है और अपने ऊपरी अश को पोषण देता है। यहां यह ध्यान दीजिये कि वनस्पति शास्त्री हल्दी और अदरक की कोटि को लहसुन और प्याज तथा आलू की कोटि से भिन्न मानते हैं। शायद ये धूप में सुखाये या परिवर्तित किये जा सकते हैं, फलतः इनकी भक्ष्यता उतनी जड़मूल नहीं है जितनी आलू आदि की है क्योंकि वे धूप द्वारा सुखाये नहीं जा सकते, वे केवल अग्निपक्वन से परिवर्तित किये जा सकते हैं। यहां अग्नि से पारम्परिक अग्नि के अतिरिक्त विद्युत–भट्टी, माइक्रोवेव या अन्य आधुनिक तेजस्कायिक उत्पादी उपकरण भी लेने चाहिये। साधारणतः सामान्यत. प्रयोग में आने वाले इस कोटि के वनस्पति निम्न हैं: 1. अदरक 2 हल्दी 3. मूली 4. गाजर 5. प्याज 6. लहसुन 7 आलू 8. घुइयां 9. शकरकन्द 10. जमीकन्द 11 सूरणकन्द 12 शलजम आदि। इन कन्दमूलों का पत्तेवाला भाग जमीन

के ऊपर रहता है। यह माना जाता है कि पत्तीवाला भाग भूतलीय अश है और भक्ष्य है, और भूमिगत अंश भक्ष्य नहीं है। प्रकृति में ये 'आम' या 'सचित्त' अवस्था में पाये जाते हैं और इनका अग्निपक्वन या शस्त्र–परिणमन किया जा सकता है।

इन वनस्पतियों की स्थूलता के कारण इनमे अनन्त सूक्ष्मजीव, सम्भवत निगोदिया जीव, होते होगे। ये वनस्पति भी प्रकृति में पाये जाते हैं और ये 'हरित' या 'आम' होते हैं। लेकिन ये साधारण वनस्पति प्रत्येक कोटि से भिन्न हैं क्योंकि इनमे एक ही शरीर में अनेक से लेकर अनन्त तक जीव रहते हैं। सूक्ष्म अवस्था मे इन्हें निगोदिया (अनन्त जीवो को स्थान देने वाले) या निगोद कहते हैं। ऐसा माना जाता है कि सुई की एक नोंक के बराबर स्थान मे असख्यात निगोद जीव होते हैं। यदि हम सुई की नोक की साइज 10^{-4} सेमी माने, और असख्यात का मान सामान्य गणना के अनुसार महासख के समकक्ष 10^{20} या महाक्षोभ, 10^{24} के समकक्ष (गणित सार सग्रह) माने (यह मान जैन मान्यतानुसार, सही नही है) तो एक सूक्ष्म निगोदिया जीव 10^{-24} या 10^{-28} सेमी साइज का गोलाकार या अन्य आकार का होगा। इस तरह एक सेमी विस्तार में कम से कम 10^{24} या 10^{28} निगोदिया जीव हो सकते हैं (अनन्त न भी मानें, तो) । आज के वनस्पति–विज्ञानी की सजीव कोशिका की साइज 10^{-4}–10^{-6} सेमी के लगभग होती है। अत आधुनिक वनस्पति विज्ञान में इन जीवों की समकक्षता पाना कठिन ही है। इतने सूक्ष्म जीवो का अस्तित्व तो केवलज्ञानगम्य है। पर आधुनिक वैज्ञानिको के लिये साधारण वनस्पतियो की अनन्त जीवकायता किंचित् विचारणीय है। अनन्तो की एककायता, अनेकों की एककायता के रूप मे मानें जानें पर ये वैज्ञानिको के परजीवी वनस्पति के समकक्ष माने जा सकते हैं। धवला 3 2 1 87 मे इन्हे 'एक–शरीर–द्वियबहूहि जीवेहि सह' के रूप मे बताया है। 'बहु' शब्द अनन्तार्थक कब हो गया, यह अनुसंधेय है। फिर भी, इतने छोटे–से विस्तार मे इतने अधिक जीवो के कारण, धार्मिक दृष्टि से, इनकी सचित्त या अचित्त भक्ष्यता विचारणीय हो गई है। यही नहीं, साधारण–वनस्पति की परिभाषा बहुत जटिल है, सामान्यजनों के लिये बोधगम्य भी नहीं है। पौधो के विभिन्न भागो में विविध कोटि की वनस्पति के उल्लेख प्रज्ञापना[8] में दिये गये हैं।

आहार की आवश्यकता

प्राय सभी जीव आहार के बिना अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकते, चाहे वे पारमार्थिक ससारी जीव हों या व्यावहारिक संसारी जीव हों। दोनों को ही आहार अनिवार्य है। वस्तुत व्यावहारिक संसारी ही व्यवहार–मार्ग अपनाकर परमार्थिकता की ओर अग्रसर होकर जीवन का

चरम लक्ष्य प्राप्त करता है। व्यावहारिक संसारी जीव अपने स्वास्थ्य–रक्षण एवं रोगमोक्षण के माध्यम से समुचित आहार–विहार ग्रहण कर धर्म–साधन कर पारमार्थिक जीव बन सकता है। जन्म से कोई पारमार्थिक नहीं होता। मूलाचार 479 में भी आहार के अनेक उद्देश्यों में आवश्यक क्रियाओं, संयम और धर्म के पालन के उद्‌देश्य बताये गये हैं[9]। इसीलिये 'शरीरमाद्य खलु धर्म साधनं' की उक्ति बलवती हो गयी है। यह कितना मनोरजक एवं हास्यास्पद मत है कि धर्म और शरीर स्वास्थ्य परस्परत. असम्बद्ध हैं। यदि ऐसा ही होता, तो आयुर्वेद ग्रथ क्यो लिखे जाते और नैपुणिकों की गणना में चिकित्सक का समाहरण क्यों किया जाता, जबकि यह आगमिक परम्परा में पापश्रुत माना जाता है (स्थानांग, स्थान 9)[11]? क्या इनके लेखक आचार्य परमार्थी नहीं थे ? वस्तुत. आहार एवं स्वास्थ्य अन्योन्य–सम्बद्ध हैं। समुचित पोषक आहार ही स्वास्थ्य और धर्म का पालक–रक्षक होता है। अतः आहार की गुणवत्ता पर सामान्य जन की ये क्रियाये निर्भर करती हैं। इस तथ्य की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

आहार–विज्ञानी बताते हैं कि हमारे लिये समुचित मात्रक सप्त–घटकी आहार होना चाहिये जिसमें (1) शर्करा, (2) बसा (3) प्रोटीन (4) खनिज (5) विटेमिन (6) हार्मोन और (7) जल होना चाहिए।[12] इनमें कुछ घटक प्रत्येक वनस्पतियो से प्राप्त होते हैं और कुछ साधारण वनस्पतियो से प्राप्त होते हैं।

दिगम्बर आम्नाय वर्तमान मे यह मानता है कि साधारण वनस्पतियो को किसी भी रूप मे किसी को भी आहार में नहीं लेना चाहिये । इसके विपर्यास मे, श्वेताम्बर आम्नाय मे इस पर किंचित् स्वैच्छिकता है।

वनस्पतियो की भक्ष्यता : किसके लिये ?

क्षु. ज्ञानभूषण जी ने अपने 'सचित्त विचार' मे इन वनस्पतियो की भक्ष्यता पर प्रकाश डाला है। ये विचार बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध मे व्यक्त किये गये थे। इस पुस्तक का दूसरा सस्करण 1994 में दिगम्बर सम्प्रदाय की विश्रुत सस्था वीर सेवा मदिर ट्रस्ट, जयपुर से अजमेर जैन समाज के सौजन्य से प्रकाशित हुआ है। इसमें साधारण वनस्पतियो की भक्ष्यता का आगम से और व्यावहारिकतः समर्थन किया गया है। इसके विवरणो पर कोई समीक्षा देखने में नहीं आयी और उनकी शिष्य मडली भी इस विषय में मौन है। इससे यह अनुमान तो लगाया ही जा सकता है कि प्राचीन परम्परावादियों में तथा इस युग के विचारकों में आहार के हरित या साधारण वनस्पति अंश के प्रति विसंवादिता है। शास्त्रीय गाथाओं/शब्दों की व्याकरण–सम्मत, ऐकान्तिकतः अर्थापतित एवं सकारात्मक व्याख्या की भिन्नता ही इसका कारण है।

पूज्य क्षुल्लकजी (उत्तरवर्ती आ. ज्ञानसागर जी) ने यह बताया है कि अभक्ष्यता का सम्बन्ध त्रस–घाती खाद्यों से है। स्थावरों की अभक्ष्यता उनके

चार रूपों में से केवल तीन रूपों (वनस्पति, वनस्पतिकायिक एव वनस्पति जीव) के कारण है जिनमे सजीवता या सचित्तता होती है। यदि साधारण वनस्पति, वनस्पतिकाय (दूसरा भेद) के रूप मे हो, तो वह भक्ष्य है । वनस्पति का यह रूप अचित्त या निर्जीव होता है। सचित्ताहार त्याग जीवन के उच्चतर स्तर (शिक्षाव्रत या पाचवीं प्रतिमा) पर ही नियमित होता है। इसे सामान्य जन या पाक्षिक श्रावक पर लागू करना सही नहीं है।

संसारी जीव (विशेषत जिनके मुनि होने या मोक्ष जाने की सम्भावना है) चार प्रकार के माने जाते हैं 1 सामान्य जन, 2. श्रावक जन (तीन प्रकार के) 3 साधुजन एव 4 अभव्य जन। पहली तीन कोटियां भव्य भी कहलाती हैं। इनमे साधुजन तो अल्पसख्यक ही होते हैं –प्राय· पैंतीस सौ में एक (सम्पर्क 2000 के अनुसार दिगम्बरो मे सभी कोटि के त्यागीजनो की सख्या 818 है और दिगम्बर प्राय 50 लाख तक माने जा सकते हैं)[13]। इनकी आहार–विहार सहिता परमार्थमुखी हो सकती है। साथ ही, नैष्ठिक एवं सल्लेखनामुखी साधक श्रावको की सख्या भी अल्प ही होगी – मान लीजिये त्यागियो से दुगुनी अर्थात् एक हजार मे एक के लगभग होगी। प्राचीन जैन शास्त्रो मे इन्हीं से सम्बन्धित आहार–विहार का वर्णन है । इसका अर्थ यह हुआ कि प्राचीन जैन आहार–विहार केवल 3 प्रतिशत जनो के लिये ही है[14]। इसीलिये पश्चिमी विचारक जैन धर्म को अल्पसख्यको के धर्म होने का आरोप लगाते हैं। इस आरोप का निराकरण आवश्यक है। क्षु–ज्ञानभूषण जी ने सही लिखा है कि पारमार्थिक या सयमी जीवो का मार्ग, गृहस्थो की तुलना मे, उल्टा ही होता है। कहा इद्रिय–दमन और कहा इद्रिय–पोषण, कहा स्थूल हिसा का त्याग और कहा सूक्ष्म हिसा का भी त्याग ? दोनो के लिये एक–सी आचार संहिता कैसे बन सकती है ? प आशाधर जी ने सही लिखा है कि गृहस्थजन चारित्रमोही होते हैं, अत· उनके लिये त्यागियों का नहीं, गृहस्थधर्म ही श्रेयस्कर है। हमे जैन मान्यताओ को बहुसख्यक–पालनीय बनाना होगा। फलत· पाक्षिक श्रावक एवं सामान्यजन की बहुसख्यक कोटि और गृहस्थी एव व्यवसाय भरे जीवन के लिये शुद्ध पारमार्थिक संहिता लाभकारी नहीं है। वस्तुतः गृहस्थों को आचार–विचार से सम्बन्धित अष्ट मूलगुण, सात व्यसन या बाईस अभक्ष्य की धारणा उत्तरवर्ती है जो मध्ययुग में उनके जीवन को धर्ममुखी बनाने के लिऐ विकसित की गई होगी। यह प्राचीन आचार्यों के शास्त्रीय युगानुकूलन का एक उदाहरण है। यद्यपि कार्तिकेयानुप्रेक्षा, 328 की शुभचंद्री टीका (सोलहवीं सदी) में दर्शन प्रतिमा में अनेक वस्तुओं के न खाने की बात कही गई है, पर कन्दमूल न खाने का संकेत वहां नहीं है[15]। हां, चारित्रपाहुड़ 21 की श्रुतसागरी टीका (सोलहवीं सदी) में कन्दमूलों के त्याग का सकेत है,[16] पर उन्हें अभक्ष्य नहीं कहा गया है। इनकी अभक्ष्यता के रूप में गणना सम्भवतः उत्तरवर्ती

'व्रत-विधान संग्रह', 'धर्मसंग्रह' या 'पंचसंग्रह' के युग से प्रारम्भ हुई होगी । इसीलिये प्राचीन ग्रंथों में इस रूप में इनका उल्लेख नहीं पाया जाता। फिर भी, अभक्ष्य (या त्रसघात) त्याग पहले होता है और सचित्त त्याग उसका पर्याप्त उत्तरवर्ती चरण है।

केवल धार्मिक दृष्टि से यह धारणा सही हो सकती है कि हिंसा-अहिंसा की दृष्टि से प्रत्येक शरीरी वनस्पतियों के सचित्त या अचित्त रूप में आहरण में हिंसा अल्प होगी । क्षु. ज्ञानभूषण जी ने भी यही कहा है कि हरित या सचित्त वनस्पतियां शुष्क, निर्जीव और अग्निपक्व अचित्त वनस्पतियों की अपेक्षा अधिक सदोष हैं। पर संसार में प्राणियों में केवल धर्म-संज्ञा ही नहीं होती, उनमें आहार, निद्रा, भय, मैथुन और आवेगों की संज्ञायें भी होती हैं। इनके लिये आवश्यक स्वस्थवृत्त भी धार्मिक दृष्टि से स्वीकृत होना चाहिये। इन सज्ञाओ के कारण भी अनेक प्रकार की अनिवार्य हिंसा होती है। इसी प्रकार, कृषि, व्यवसाय, शिल्प आदि मे भी हिंसा के अनेक रूप अनिवार्यत. समाहित होते हैं। इस प्रकार की हिसा, कन्दमूल-भक्षण-जन्य हिंसा की तुलना मे पर्याप्त बहुमानी होती है।

वस्तुत. साधारण वनस्पतियों की दो कोटियां हैं : 1 शर्करीय या कार्बोहाइड्रेटी (धान्यों के समान आलू, घुइयाँ और कन्द आदि) और 2. अशर्करीय (हल्दी, अदरख आदि)। इनमें से अधिकांश का रासायनिक सघटन ज्ञात हो चुका है। इनमे शाकों की अपेक्षा जलाश कम होता है। इनकी खाद्य-घटकीयता बहुमूल्य है। प्रथम कोटि के पदार्थों मे सुपाच्य शर्करायें होती हैं जो स्वास्थ्य लाभ मे सहायक होती हैं और दूसरी कोटि में रोग-प्रतिकार-क्षमता तथा क्षारकता के घटक होते हैं। इसीलिये प्राचीन ग्रथो मे इन्हें साधुओ के लिये भी अग्निपक्व कर खाने का उल्लेख है। यह भी विचारणीय है कि भगवती 23.1 में साधारण वनस्पतियों की उत्कृष्ट एव जघन्य आयु मात्र अन्तर्मुहूर्त ही बताई गई है[17]। इससे क्या यह फलित होता है कि वे अन्तर्मुहूर्त के बाद प्रत्येक वनस्पति के रूप में परिवर्तित हो जाते होगे ? यह उनके बहुकोशिकीय रूप ग्रहण करने से ही सम्भव है। इनमें अनेक कोशिकाओं के तिल-पपड़ी में तिलों या लड्डू में कणों के बन्ध के समान श्लेष होने में पर्याप्त ऊर्जा व्ययित होती है, फलतः इनकी प्रति कोशिका प्राणशक्ति कम हो जाती है। इसीलिये सम्भवतः प्रज्ञापना 1.49 में अनेक पत्तेवाली भाजियां व मूली आदि प्रत्येक-वनस्पति में गिनाई गई हैं[18]।

जीवों की कोशिकीय संरचना के आधार पर वनस्पतियों का प्रत्येक एवं साधारण रूप मे वर्गीकरण अब एक ऐतिहासिक तथ्य है[19]। दोनों प्रकार के बादर वनस्पति बहुकोशिकीय पाये गये हैं जो अपने विकास के समय नितनयी कोशिकाओं का सर्जन एवं विनाशन करते रहते हैं। अनन्तकायिक

को बहुकोशिकीय वनस्पति मानने पर उनसे सम्बन्धित धार्मिक एव भक्ष्याभक्ष्य सम्बन्धी समस्यायें भी पर्याप्त समाधान पा सकती हैं।

कन्दमूलों की अभक्ष्यता के तर्कों की समीक्षा

अनेक जैन वनस्पतिशास्त्री यह मानते हैं कि साधारण वनस्पति के कच्चे या अग्निपक्व आहरण मे धार्मिक दृष्टि से निम्न दोष हैं[20,21] .

अ. भूमिगत कन्दों को उखाड़ने के कारण पौधे का जीवनचक्र पूर्ण नहीं हो पाता है और यह नष्ट हो जाता है। इससे उसके अवयवी जीवों या कोशिकाओ की हिंसा होती है।

ब भूमिगत कन्दमूलों को उखाडने पर उनसे भूमि मे चहुओर और सम्पर्कित सूक्ष्म जीवों का जीवनचक्र भी नष्ट हो जाता है।

स कन्दमूलो मे सादित जीवन होता है।

द भूमिगत कन्दमूलों को आहरण के लिये उखाडने पर भूमिगत और भूमितलीय पर्यावरण सतुलन प्रभावित होता है।

इ. धार्मिक ग्रन्थो में कन्दमूलों का आहरण अनिन्दित नहीं है।

(अ) यह सुज्ञात है कि भूमितलीय पौधे, फल एव शाक भी हम प्राय: कच्चे या अग्निपक्व ही खाते हैं। इनकी पूर्णपक्वता इनके सूखने के समय ही आती है जब ये प्राय अखाद्य और अरुचिकर हो जाते हैं। ककडी, कुम्हडा, परवल, भिडी आदि सभी बहुबीजक कौन पूर्णपक्व होने पर खाता है? बहुबीजकीय अभक्ष्यता के साथ क्या प्रत्येक शरीरी वनस्पति सचित्त नहीं होते? क्या इनकी जीव–कोशिकीय रचना के आधार पर इनके आहरण में बहुघात नहीं होता ? भूतल पर भी इनको मूल पौधो से तोडने और खाने मे एक या अनेक पौधो का जीवनचक्र नष्ट होता है। इनमे भी अगणित एकेन्द्रिय सूक्ष्म कोशिकाये होती हैं। हॉ, इनमे सामान्यत न तो त्रसजीव होते हैं और न ही ये मद्य, भाग आदि के समान कोई हानि उत्पन्न करते हैं। अत. इन्हे भी क्यो न अभक्ष्य माना जाये ? हॉ, कुछ लोग इन्हे कच्चा तोड़कर सुखाते हैं और फिर सूखे की ही सब्जी खाते हैं। पर इसमें भी सुखाने से जीवनचक्र तो नष्ट होता ही है। भूमिगत तनो के रूप में उपलब्ध कन्दमूलों को भी लोग खाने योग्य या समुचितत पक्व होने पर ही भूमितलीय फल–फूलों के समान सचित्त अवस्था में खाते हैं। फलतः उनके आहरण में दोष मानना समुचित प्रतीत नहीं होता क्योंकि ये भी कोशिकीय ही होते हैं। इस मत का समर्थन अनेक जैन वनस्पति शास्त्रियों ने किया है। रही बात, अधिक स्थावर हिंसा की, तो सामान्यजन सूक्ष्म हिंसा के त्यागी नहीं होते और ये आहार के अल्पमात्रिक घटक हैं। अनेक कन्दमूल तो विशेष परिस्थितियों में ही खाये जाते हैं। फलतः इनके आहरण में भी हिंसा अल्प ही होती है। इसलिये बहुघात का दोष उचित नहीं है।

(ब) कन्दमूल के आहार के रूप में ग्रहण करने के विपक्ष में प्रबलतर तर्क उनके उखाड़ने के समय उनके चहुंओर पाये जाने वाले सूक्ष्म जीवाणुओं के पीड़न–हिंसन–जन्य सम्भावित पापबन्ध से सम्बन्धित है। इस विषय में भी यह तथ्य मनोरंजक है कि फूलों की शोभा और उपयोगिता उनके माध्यम से प्रभुपूजन–जन्य पुण्यार्जन, पुष्पहारों के माध्यम से स्वयं तथा अन्यों को सुवासित एवं सम्मानित करने तथा महिलाओं की सुषमा हेतु वेणी बनाने आदि में मानी जाती है । यद्यपि शुद्ध अहिंसकजन इसके समर्थक नहीं हैं, वे तो निर्जीव सूत्र–गुच्छ और अब तो प्लास्टिक गुच्छादि का, दीप–ज्वलन की प्रक्रिया मे विद्युत बल्ब जलन के समान, उपयोग करते हैं। वे तो दूध के उपयोग का भी विरोध करते हैं– वेगन, सोसायटी इसका उदाहरण है। ये पुष्पादि विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में गरिमा लाते हैं। इनके सुवासित अवस्था मे तोड़ने में भी हिंसा तो होती ही है। इनके समान ही, कन्दमूल पदार्थों की उपयोगिता भी शारीरिक स्वास्थ्य–संरक्षण और संवर्धन में विशेष है क्योकि इनमे ऐसे घटक होते हैं जो शरीर की रोग–प्रतिकार क्षमता बढाते हैं और रुग्ण को नीरोग बनाने में सहायक होते हैं, विषमय कृमियो एव जीवाणुओ को नष्ट करते हैं। उदाहरणार्थ, प्याज में एलिल–प्रोपिल डाइसल्फाइड, अनेक लवण एवं विटामिन, लहसुन मे डाइ–एलिल एवं एलिल–प्रोपिल सल्फाइड, अदरक–सोंठ मे अनेक खनिज तथा औषधीय तैल, हल्दी में कर्क्युमिन तथा सूरणकन्द में कैलसियम ऑक्जेलेट तथा आलू मे सुपाच्य शर्करा के समान अनेक दोषनिवारक घटक होते हैं।[22] यदि जीवन एव स्वास्थ्य रक्षण के प्रक्रमो के निमित्त किये जाने वाले अल्पमात्रिक हिंसन को मान्यता न दी जाये, तो कृषि कर्म, और उसके अधिहिंसा–मूलक उत्पादो का आहरण–उपभोग भी सर्वाधिक प्रतिबन्धित होना चाहिये। यही नहीं,, प्रत्येक सांसारिक प्राणी के श्वासोच्छ्वास, भोजन का चयापचय, आहार, सभोग आदि सभी कार्यों में असंख्यात करोड़ सूक्ष्म जीवों (सूत्रप्राभृत, गाथा 24) पर्याप्त स्थावर और अन्य जीवों की हिंसा होती है।[23] इसीलिये पुरुषार्थसिद्धियुपाय श्लोक 76–77 मे कहा गया है कि गृहस्थ को अपने जीवन में त्रस–हिंसा का त्याग अवश्य करना चाहिये, स्थावर हिंसा छोड़ने में तो वह असमर्थ ही होगा।[24] वह उसके लिये अनिवार्य है। साधु भी इससे नहीं बच सकते। हॉं, स्थावर हिंसा का भी अल्पीकरण करने का प्रयत्न करना चाहिये। वस्तुतः सचित्त के अचित्तीकंरण में हिंसा है, फिर भी आत्महित एवं परहित की दृष्टि से उसे उपेक्षणीय माना गया है और ऐसे व्यक्ति को दयालु तक कह दिया गया है।[25]

इस दृष्टि से कन्द–मूलों के उखाड़ते समय उनके चहुओर सहचरित सूक्ष्म या स्थूल जीवों के हिंसन की पाप–बन्धकता पर विचार करना चाहिये। इस सम्बन्ध में यह अनुमान करना चाहिये कि ये जीव भूतल में ही रहते हैं

और भूतल का वातावरण भी उनकी सजीवता में सहायक बना रहता है एवं कन्दमूलों को उखाड़ने के बाद भी बना रहेगा। फलतः इस आधार पर जितनी हिंसा की बात की जाती है, उससे आधी भी होगी, यह विचारणीय है। वैसे तो जैन आचार्य अपने वर्गीकरण–विशेषज्ञता एवं गणितीय प्ररूपणों के लिये प्रसिद्ध हैं, पर हिंसा–अहिंसा की चर्चा करते समय वे उसकी परिमाणात्मकता के प्रति मौन ही रहे। सम्भवतः वे भावों या परिणामों की गणितीयता में निष्णात न हो पाये हों। फिर भी, वे अत्यन्त चतुर थे, जीवन के रक्षण और धार्मिक कार्यों के लिये उन्होने 'सावद्यलेशो बहुपुण्यराशि'[26] कहकर तीन प्रकार की हिंसाओं के पाप को, आत्महित तथा परहित साधन के लिये, दुर्बल बना दिया। आत्मरक्षण या परहित की इच्छा में सकल्प का अभाव–सा मानकर उसके कारण होने वाली तीन हिंसाओं को असंकल्पी बताकर उपेक्षणीय बता दिया। कन्दमूल सम्बन्धी हिंसा की कोटि भी इसी दुर्बल कोटि में आती है। 'विश्वग्–जीवचिते लोके' की धारणा से अनेक प्रकार की संज्ञाओं एवं व्यवसायो के कारण पाच स्थावर एकेन्द्रियों से ही सम्बन्धित हमारी दैनिक हिंसावृत्ति कितने परिमाण मे होगी, यह परिकलित करना बडा कठिन है। फिर भी, यह अनन्त मानी जा सकती है। यदि अनन्त का मान उत्कृष्ट असंख्यात +1 मान लिया जाय और 'उत्कृष्ट असंख्यात का न्यूनतम मान उत्कृष्ट–संख्यात + 1 अर्थात् 10^{51} X 10^{216} (साइंटिफिक कटेंट्स इन प्राकृत कैनन्स, पेज 289–90) मान लिया जाय, तो प्रत्येक व्यक्ति की दैनिक औसत हिंसा का मान

10^{51}X10^{216}X 120 (समग्र हिंसा के यूनिट) X 5 X 10^{5} = 6 X 10^{274}

यूनिट होगा । इसी प्रकार हम सामान्यतः 8 वर्ग सेमी. कन्दमूलों (जैसे आलू–यह उन सभी कन्दमूलों का प्रतिनिधि है जिन्हे हम न्यूनाधिक मात्रा मे आहार में लेते हैं) का अपने आहार मे प्रयोग करते हैं । कृषि विज्ञानियों एव मार्डिया ने इसमें विद्यमान साधारण जीवो (सूक्ष्म जीव, कोशिकायें, जिन्हें वैज्ञानिक देख सकते हैं) की सख्या 10^{8} प्रति वर्ग सेमी. और सजीवता 10^{-3} यूनिट मानी जाती है। इस आधार पर दैनिक भोजन में कन्दमूलजन्य हिंसा 8 X 10^{8} X 10^{-3} X 120 ~ 10^{8} यूनिट होगी। यदि इसके खोदने आदि की एवं आश्रित एकेन्द्रिय जीवों के हिंसन की बात भी जोड़ी जाय, तो यह संख्यात के आधार पर (संख्यात–अचलात्म, 10^{122}, त्रिलोकप्रज्ञप्ति) निम्न होगी :

10^{122} X 10^{8} X 10^{-3} X 3 (कृत हिंसा) X 8 वर्ग सेमी

= 2.4 X 10^{127} यूनिट

फलतः कन्दमूल के उखाड़ने एवं भक्षण में होने वाली कुल हिंसा 10^{8} + 2.4 × 10^{127} ~ 2.4 X 10^{127} यूनिट होगी । यह हमारी दैनिक हिंसा, 10^{274} के

मान की तुलना में नगण्य ही होगी (10^{-144})। इस प्रकार, कन्दमूल के आहार से सम्बन्धित हिंसा हमारी समग्र दैनिक हिंसा का नगण्य भाग है। इसके लिये इतना आग्रह समुचित नहीं लगता। आचार्य चंदना जी भी यह मानती हैं कि दुग्ध–उत्पादों का उपयोग, सिल्क की वेशभूषा तथा कृषि–कर्म और उसके उत्पादों के उपयोग से सम्बन्धित हिंसा की तुलना में कन्दमूलों के उत्पादन एवं भक्षण–जन्य हिंसा नगण्य है (जैन स्पिरिट, अक्टूबर, 99 पेज 18)।

शास्त्र बताते हैं कि हमारे आहार का हमारी मानसिकता एवं व्यवहार पर प्रभाव पड़ता है। फलतः हमारा आहार सात्विक होना चाहिये। इसके अन्तर्गत स्वास्थ्य के लिये उपयोगी कन्दमूलो के प्रभाव की दृष्टि से उनकी अल्पमात्रिक घटकता के आधार पर डां. राजकुमार जैन एव 'तीर्थंकर' ने भी विचार किया है और कहा है कि इससे आचारगत पवित्रता खंडित नहीं होती और स्वस्थता तथा दीर्घजीविता भी प्राप्त होती है। यह पवित्रता या सात्विकता देश–काल–सापेक्ष होती है और खाद्यों की उपलब्धता पर भी निर्भर करती है। यही नहीं, ललवानी ने तो यह भी कहा है कि जो वस्तु हिसा से उत्पन्न होती है, उसका उपयोग या उपभोग कर हम हिंसा से किसी प्रकार भी नहीं बच सकते। कृत, कारित, अनुमोदन के सिद्धान्त के प्रचालन में हिंसा से उत्पन्न पदार्थों के उपयोग में हिंसा कैसे न मानी जाय ? सचित्त को अचित्त करने में भी तो जीवघात होता है। यह तो अच्छा है कि सारा ससार जैन नहीं है, नहीं तो उसे सिवाय सल्लेखना के कोई चारा ही न रहता। वस्तुतः अहिसा की इतनी सूक्ष्म व्याख्या उत्तरवर्ती आचार्यों की देन है जिससे उसमें व्यावहारिकता का भी लोप हो गया लगता है। अतः इस कोटि के पदार्थों की आत्यन्तिक अभक्ष्यता वर्तमान पोषाहार के वैज्ञानिक युग में प्रचण्ड विचार के घेरे में आ गई है। इसका आधार, जैसा पहले कहा है, हिंसा–अहिंसा के अतिरिक्त संज्ञाओं पर भी वैज्ञानिकतः आधारित होना चाहिये।

स. कन्दमूलों में सांद्रित जीवन होने की बात इसलिये कही जाती है कि इनमें प्रत्येक वनस्पतियों की तुलना मे जलाश कम होता है। फलत इनके यूनिट क्षेत्रफल में सजीव या प्रसुप्त कोशिकाओं की सख्या अधिक होगी। चूँकि प्रसुप्त कोशिकाओं में चैतन्य (जो जीवन का लक्षण है और हिंसा का आधार है) की सामान्य मात्रा हरितकायों की तुलना में अल्प होती है, अतः उनकी हिंसा का मान अल्प ही होता है। वैसे भी भाव प्राणों या चैतन्य गुण का विनाश ही हिंसा माना जाता है। मात्र शरीर विनाश हिंसा नहीं है।

द. कन्दमूल के आहरण से भूमिगत पर्यावरण के असन्तुलित होने की युक्ति में हिंसा पर आधारित विशेष महत्त्व नहीं है। यह तो प्रकृति स्वयं संतुलित करती रहती है। वस्तुतः पर्यावरण का असन्तुलन हमारी जनसख्या वृद्धि एवं आवश्यकता वृद्धि पर निर्भर करता है। इसके कारण हम प्रकृति से

अधिक लेते हैं, फलतः वह असन्तुलित होती है। इसके लिये जनसंख्या के साथ आवश्यकताओं या इच्छाओं के नियमन की आवश्यकता है । इस विषय में हमारे साधु–सन्तों एवं नेताओ को जनता जर्नादन को सजग करना चाहिये। केवल ईश्वर और भक्ति की महिमा इस दिशा मे काम न करेगी ।

इ वर्तमान आगमकल्प ग्रंथ जिनवाणी या आचार्य वाणी 'सुत्तेण अणिंदित' के विषय में भी यह प्रश्न विचारणीय है कि हम 'सुत्त' या 'आगम' किसे माने ? आगमों के विभिन्न कोटि के मंतव्यों मे युगानुकूलन होता रहा है। इसमे द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव के अनुसार परिवर्धनीयता या वर्णनात्मकता रही है। यही जैन धर्म की दीर्घजीविता का मुख्य कारण है। उनकी प्रामाणिकता ऐतिहासिक दृष्टिकोण से ही माननी चाहिये और ज्ञान विज्ञान के इस युग में उनकी त्रैकालिक प्रामाणिकता की धारणा का मूल्याकन करना चाहिये। आपवादिक स्थितियो के निर्देश के आधार पर कुछ प्राचीन ग्रथो को पूर्णतः अप्रामाणिक मान लेना उदार दृष्टिकोण नहीं है। इन निर्देशों से ही संकेत मिलता है कि प्राचीन ग्रंथों के वर्णन द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव–सापेक्ष होते हैं। उन्हें उसी रूप मे देखना चाहिये। वैसे भी, आज के उपलब्ध आगम–कल्प ग्रथ तो त्रिकालव्यापिनी जिनवाणी नहीं हैं, वे सदियो बाद उत्पन्न आचार्यों की वाणी हैं जिन्होने अपने विचारो को प्रामाणिक मानने के लिये जिनवाणी का आधार लिया है। इनके कथनो मे विरोध भी देखा जाता है। इस अर्थ भिन्नता की ओर परम्परावादी ध्यान नहीं देते हैं। नेमचन्द्र शास्त्री ने अपने ग्रथ[32] और एन एल. जैन[33] ने एक लेख में आन्तर और अन्तर्विरोधो की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। प्रस्तुत प्रकरण से सम्बन्धित सारणी – 1 से भी उक्त तथ्य समर्थित होता है।

1. जहा भावप्राभृत के टीकाकार श्रुतसागर आदि विभिन्न कन्दों तथा प्याज, लहसुन, अदरक, हल्दी आदि को कन्द कहते हैं, मूली गाजर आदि को मूल कहते हैं, वहीं मूलाचार का मत इससे कुछ पृथक् है।
2. धवला 1.1.41 में आर्द्रक, मूलक, स्नुग (थूहर) आदि को प्रत्येक कोटि का बताया गया है (इस प्रकार इन्हीं की आर्द्ररूप में भी भक्ष्यता सिद्ध होती है) जबकि मूलाचार में इन्हें अनन्तकाय माना है। धवला का मत ही प्रज्ञापना में है।
3 अनेक कोटि के वनस्पतियों को दोनों ही कोटि में बताया गया है (शायक विभिन्न अवस्थाओं में)। फलतः उनकी भक्ष्यता की परिस्थितियां विचारणीय हो गई हैं। वस्तुत प्रतिष्ठित/अप्रतिष्ठित/साधारण वनस्पति की परिभाषाओं के बावजूद भी व्यक्तिगत वनस्पतियों के विभिन्न अवयवों के और उनके भी विविध अंशों के स्वरूप निर्धारण में अस्पष्टता इतनी

है कि वह केवल विद्वज्जन के लिये ही बोधगम्य है। सामान्यजन न तो इस कोटि में आते हैं और न ही वे त्यागी हो सकते हैं।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि आगमों की समयानुकूलन की प्रवृत्ति के कारण इनमें परिवर्तन/परिवर्धन होता रहा है। इसलिये मध्ययुग की अभक्ष्यता के आधार पुनर्विचारणीय हैं । उनके निन्दित या अनिन्दित वक्तव्य आज के संवर्धित ज्ञान की दृष्टि से परीक्षणीय हैं।

अब प्रश्न केवल यह रह जाता है कि कन्दमूलों की भक्ष्यता सचित्त रूप में हो, 'आम' रूप में हो या इससे भिन्न रूप में हो। इस पर विचार अपेक्षित है।

अर्थापतित या निषेधपरक अर्थ की द्वितःप्रवृत्ति

ऐसा प्रतीत होता है कि समन्तभद्र, बट्टकेर या कुन्दकुन्द के समान प्राचीन आचार्यों की प्राकृत गाथाओं में प्रयुक्त 'आम', 'आमक' या 'सचित्त' शब्द का कोशीय अर्थ प्रकृत्या अपक्व, अनग्निपक्व, कच्चा या सजीव ही है जैसा मुनि रत्नचंद्र जी ने पंचभाषीय अर्धमागधी कोश[34] में या आप्टे ने संस्कृत–अंग्रेजी कोश[35] में दिया है। कोशकारों के अर्थ को अनुचित कहने का अर्थ उनकी विद्वत्ता के प्रति अन्याय ही कहा जाएगा। व्युत्पत्तिजन्य या रूढ अर्थों का उल्लेख भी वहां किया जाता है। इसी प्रकार 'सचित्त' शब्द भी है। यह 'आम' का समानार्थी भी माना जा सकता है। यदि व्युत्पत्तिजन्य या रूढ अर्थ को शास्त्रानुसार व्यक्त करने में एक ओर अर्थापत्ति (सम्यकत्व च, न देवाः आदि) का उपयोग किया जा सकता है, तो अन्य प्रकरणों में उसकी उपयोगिता क्यों नहीं मानी जाती[36] ? वस्तुतः 'आम' शब्द सामान्य वनस्पति के विशिष्ट प्राकृतिक रूप का द्योतक है, सप्रतिष्ठित प्रत्येक या साधारण वनस्पति मात्र का नहीं। इसी प्रकार, अर्थापत्ति के समान ही निषेध के आधार पर विधि भी अर्थापतित हो जाती है, अनुमानित हो जाती है। जैनधर्म को वैसे ही निषेध–प्रधान या नकारात्मक माना जाता है, तो क्या उसका सकारात्मक पक्ष ही कोई नहीं होगा? नकारात्मक अहिंसा, करुणा, प्रेम और भाई–चारे का प्रतीक है। फलतः निषेध के आधार पर विधि का अनुमान सहज ही लग जाता है। यह सामान्य प्रवृत्ति है। इसका एक उदाहरण मूलाचार, 473(पेज 366) की टीका में दिये गये 'परिणतानि ग्राह्यानि' के रूप में दिया गया है।

शास्त्रों में आम और सचित्त कन्दमूलों की स्थिति

विभिन्न ग्रंथों में आहार और उसके घटकों या उनके त्याग के सम्बन्ध में दो प्रकरणों में विवरण पाया जाता है : 1. भोगोपभोग–परिमाणव्रत और 2. सचित्तत्याग–प्रतिमा जिसकी कोटि व्रत से उच्चतर होती है। इस प्रतिमाधारी के आहार में सचित्त वनस्पतियों का प्रायः आजन्म और सम्पूर्ण

त्याग किया जाता है। इसके विपर्यास में, भोगोपभोग परिमाणव्रत में भोजन–घटकों का परिमाण, कुछ का त्याग तथा त्याग–काल परिमाण भी समाहित होता है। सामान्यजन इन दोनों ही कोटियों में नहीं आते। अतः इनसे सम्बन्धित आहार नियम उन पर अनिवार्यतः लागू नहीं किये जा सकते। हा, यदि कोई इच्छुक है, तो वह इन नियमों के पालन का अभ्यास कर सकता है। इस सम्बन्ध मे हम यहां कुछ शास्त्रों मे विद्यमान विवरणों पर प्रकाश डालेंगे। इनके आधार पर शास्त्रीय विद्वज्जन इस चर्चा को निषेधात्मक रूप मे प्रस्तुत करते हैं। हम निषेध से अर्थापतित विधि रूप में प्रस्तुत करेगे।

अ. भोगोपभोग परिमाणव्रत

भोगोपभोग परिमाणव्रत से सम्बन्धित रत्नकरंडश्रावकाचार के श्लोक 85 मे अल्पफल बहुविघात के रूप में आर्द्र अदरक व मूली (कुछ फूल) के अनाहरण का सकेत है। यदि इन्हे कन्दमूल का प्रतिनिधि माना जाय, तो केवल आर्द्र या सचित्त साधारण वनस्पति का निषेध प्राप्त होता है, अचित्त या शस्त्रपरिणत अनन्तकाय का नहीं। वस्तुत इस व्रत में सपूर्ण त्याग नहीं, अपितु एकाधिक वनस्पतियो के रूप में परिमित काल के लिये त्याग किया जाता है। यह तो सचित्त त्याग प्रतिमा है जहां सचित्तो के त्याग की पूर्णता होती है। कार्तिकेयानुप्रेक्षा की गाथा 350 मे तो केवल तांबूल (पत्र–शाक का प्रतिनिधि) के परिमित त्याग की बात कही गई है। इसके विपर्यास मे, गाथा 379 मे भी सात के बदले पाच सचित्तो के खाने का निषेध है। गाथा 350 में 'आदि' शब्द भी नहीं है जिससे गाजर आदि कन्दमूलों का समावेश हो। (शायद ये उस युग मे ज्ञात न हो ?) ये गाथायें स्थावर–हिंसा की अधिकता के किंचित् नियमन की प्रतीक हैं। इसके साथ ही, यह व्रत भी उच्चतर श्रेणी का है। कितने लोग इस श्रेणी मे आते हैं ?

श्रावक के आठ मूलगुणो मे भी कन्दमूल समाहित नहीं है। अहिंसा व्रत के अतिचारो और भावनाओ में भी इनका नाम नहीं है। हां, वहा आलोकितपान–भोजन अवश्य है जो सभी का कर्तव्य है।

सागारधर्मामृत (5 20) मे भोगोपभोग परिमाणव्रत के अतिचारों मे सचित्ताहार का नाम है, अचित्ताहार का नहीं। साथ ही, न सेवन करने योग्य पदार्थों में अनिष्ट और अनुपसेव्य की चर्चा है जो अभक्ष्यता की कोटियों के अपवाद मार्ग है। वहा कलींदा, सूरणकद एवं द्रोणपुष्प के परिमित काल तक न खाने का उल्लेख है। वस्तुत. अचित्ताहार को कहीं भी दोष नहीं बताया गया है। यह सर्वत्र, अर्थापतित एव विधिरूप में अनुमत माना जाता है। इसमें स्वामिप्राय–पोषण या अविचारण का कोई प्रश्न नहीं है।

सारणी 1: विभिन्न ग्रंथों में वनस्पतियों की कोटि और उदाहरण

क्र.	वनस्पति वाचक शब्द	भावपाहुड़ (101)	कोटि	मू.213*	मू.214*	धवला पे. 273
1	कन्द*	सूरण, प्याज, लहसुन, अदरक, हल्दी आदि	अनन्तकाय	कदली, पिंडालु	सूरण, पद्मकन्द	–
2.	मूल (बीज)*	मूली,,गाजर, आदि	अनन्तकाय	हल्दी, अदरख आदि	हल्दी, अदरक	–
3	बीज / बीज–बीज*	गेहूँ आदि धान्य	प्रत्येक / सचित्त	गेहूँ आदि धान्य	–	–
4	पुष्प	विभिन्न फूल	प्रत्येक / अनन्तकाय	–	पुष्प	–
5	पत्र	पान आदि का पत्ता	प्रत्येक / अनन्तकाय	–	पत्र	–
6	यत्किमपि	विशिष्ट ककड़ी आदि	प्रत्येक	नारियल, सुपाड़ी	–	–
7	अग्रबीज*x	–	प्रत्येक / अनन्तकाय*	कोरटक / मल्लिकादि	मल्लिकादि	–
8.	पर्वबीज*x	–	प्रत्येक / अनन्तकाय	गन्ना, बेत आदि	गन्ना, बेत आदि	–
9	स्कंध*	–	प्रत्येक / अनन्तकाय	गन्ना, बेंत आदि	मल्लिकी, पलिमाद्रादि	–
10	–	–	अनन्तकाय	स्नुही, गिलोय आदि	मल्लिका-करजकादि	–
11	छाल / गुच्छ / गुल्म	–	प्रत्येक	–	सुपाड़ी आदि	–
12	फल	–	प्रत्येक	–	फल	आर्द्रक मूलक, स्नुगादि
13	वल्ली x	–	प्रत्येक	–	फल	–
14.	तृण x	–	प्रत्येक / अनन्तकाय x	–	विभिन्न तृण	–
15.	वृक्ष x	–	प्रत्येक / अनन्तकाय x	–	वृक्ष (217)	

ब. सचित्तत्याग प्रतिमा

रत्नकरंडश्रावकाचार का श्लोक 141 पाचवीं सचित्त–त्यागप्रतिमा के लिये है। यहां सात प्रकार की 'आम' अर्थात् अपक्व, हरित या सचित्त वनस्पतियों या उनके अवयवों के आहरण का निषेध है। इससे अर्थापतित अचित्त या अचित्तीकृत रूप में ग्रहण करने की विधि प्राप्त होती है। जब पांचवीं प्रतिमा के लिये अचित्त आहरण अर्थापतित है, तो प्रतिमाविहीन श्रावक की तो बात ही क्या? इस श्लोक का 'आम' शब्द भी वनस्पति के सभी रूपों का विशेषण है। इसे विशिष्ट वनस्पति के रूप मे विशेष्य नहीं माना जा सकता। मूल–फल–शाक–आदि मे अचित्तता लाकर ही उन्हें भक्ष्य बनाया जा सकता है। कार्तिकेयानुप्रेक्षा मे भी गाथा 379 मे सात के स्थान पर पांच सचित्तों के त्याग की बात कही गई है।

भावपाहुड, गाथा 100 भी मुनिचर्या से सम्बन्धित है। इसमें भी सचित्त भक्त–पान से ससार–भ्रमण की बात कही है। आगे की गाथा 101 में सचित्त श्रेणी के कुछ पदार्थों का नाम है जिसकी टीकाकार ने व्याख्या की है। सचित्त न खाये, तो क्या खाये ? फलत यहा भी अचित्ताहार के विषय में, रत्नकरडश्रावकाचार के समान ही, विधि आपतित होती है। यदि ऐसा न होता, तो श्रुतसागर के प्राय समकालीन शुभचद्र ने अचित्तीकरण की विधिया या श्वेताम्बर आगमो के वृत्तिकारो ने शस्त्र–परिणमन के अनेक उपाय क्यों बताये होते ? क्या सचित्त और 'हरित' शब्द मे केवल प्रत्येक वनस्पति ही आते हैं? यहा भी 'सचित्त' शब्द विशेषण है और 'किचि' शब्द से कन्दमूलादि के अतिरिक्त अन्य कोई भी ऐसी कोटि के पदार्थों (जैसे विशिष्ट ककडी आदि) का अर्थ लिया गया है। गाथा के अनुसार, सभी कन्दमूल आदि अपनी प्राकृतिक अवस्था मे सचित्त हैं। साहित्याचार्य ने तो इस गाथा के अनुवाद में गेहूँ आदि धान्यो के सूखे बीजो को योनिभूत मानकर सचित्त बताया है। तो क्या अन्न भी नहीं खाना चाहिये? अचित्तीकरण की विधियां साधारण और प्रत्येक–दोनों कोटि की वनस्पतियो पर लागू होती हैं। यह मान्यता सही नहीं लगती कि साधारण कोटि के वनस्पति अचित्तीकृत नहीं होते या वे अनन्तकायिक अवस्था में ही बने रहते हैं। वे अनन्तकाय ही रहते हैं, फलत. अभक्ष्य हैं।

सागारधर्मामृत के श्लोक 7.8 में सचित्तविरत के विवरण में भी, अप्रासुक हरित, अकुर एव बीज के त्याग एव सचित्त भोजन के त्याग का ही संकेत है। इसका भी विधिपरक अर्थ ही लेना चाहिये।

इसी प्रकार, मूलाचार एक श्रमणाचार ग्रंथ है। उसकी गाथा 827 में अनग्निपक्व विशेषण ही है, विशेष्य नहीं। यह तथ्य उत्तरवर्ती गाथा 828 से स्पष्ट हो जाता है जहा मुनि के लिये बीजरहित, गूदा निकला हुआ, अग्निपक्व या प्रासुक आहार कल्पनीय बताया गया है। ये सब अचित्तीकरण

के रूप ही हैं । यहां तो कन्दमूल विशेष का कोई उल्लेख ही नहीं है। यदि वे अग्निपक्व के रूप में भी निषिद्ध होते, तो इस गाथा में उनका उल्लेख अवश्य होता। भला, जैनाचार्य निषेधवाक्य की उपेक्षा कैसे करते? मूलाचार के आचार्य को प्रणाम जिसने एक गाथा सकारात्मक तो लिखी। इसी ग्रंथ की गाथा 484 में भी बीज, फल और कन्दमूल को स्वल्पमल कहा है। इससे भी इनकी आंशिक अभक्ष्यता (अपक्व अवस्था मे?) ही व्यक्त होती है। इस प्रकार, जहा सामान्य 'अनन्तकाय' शब्द आया है, वहां उन्हें अपक्व और अशस्त्र–परिणत के रूप मे ही त्याज्य मानना चाहिये। श्री जिनेन्द्र वर्णी (जै. सि.कोष–3, पेज 204)[37] और अन्य विद्वानों ने भी गाथा 827 के अनग्निपक्व शब्द का विशेषण के रूप मे ही अर्थ किया है। फलतः मूलाचार की गाथा 827–28 को कन्दमूलों की भक्ष्यता के सम्बन्ध में प्रामाणिक मानना और उसके अर्थ को सही रूप में लेना चाहिये। गणिनी ज्ञानमती जी ने मूलाचार की हिन्दी टीका में पहले यही अर्थ लगाया था, पर अब गाथा 213–217 का उदाहरण देकर अपने अर्थ को परिवर्धित किया है। इन गाथाओं में प्रत्येक और संमूर्छिम वनस्पतियो के उदाहरण हैं। इन्हें 'हरितकाय' कहते हुए उनके परिहार की सूचना दी है। उपरोक्त चर्चा के आधार पर उनका भी परिवर्धित मत पुनर्विचारणीय है।[38]

मूलाचार को दिगम्बर जैनों का आचाराग कहा जाता है। उसमें श्वेताम्बर आगमों के अनेक मत पाये जाते हैं। गाथा 827–28 भी दशवैकालिक, गाथा 5.1.70 एव आचाराग 2.1.325 के साथ स्वर मिलाती है। यह आचार मुनियो या शिक्षाव्रत पालकों के लिये है। ये कन्दमूलों को अपक्व रूप में अग्राह्य मानते हैं, अग्निपक्व, निर्जीव या शस्त्रपरिणत के रूप मे नहीं। यह अर्थ आचार्य वसुनंदि, आचार्य महाप्रज्ञ और मुनि मधुकर ने लगाया है। इस अर्थ को भूल कहना सही नहीं लगता। इन शास्त्रों के मंतव्यों को सारणी–2 में दिया गया है। मूलाचार, 473 मे भी 'अपरिणद णेव गेहज्जो' का कथन है। भगवतीआराधना 1206 में अन्दारित फल, मूल, पत्र, अकुर एवं कन्द के त्याग की ही चर्चा है।

इस युग में भी पं. देवकीनंदन जी ने 'सागार धर्मामृत' के श्लोक 7.7–8 मे 'हरित' का अर्थ हरी वनस्पति या अप्रासुक बीजादि किया है। यह श्लोक भी यही कहता है कि हरितांकुर–बीज अप्रासुक अवस्था में न खाये। क्षु. ज्ञानभूषण जी ने अपने 'सचित्त विचार' पुस्तक में अनेक विद्वानों (पं.बुलाकी दास आदि) के मंतव्य दिये हैं। लाटी संहिता तो यहां तक कहती है कि पाचवी प्रतिमाधारी स्वयं भी सचित्त को अचित्त कर सकता है। इतना अवश्य है कि उन्होंने कालपक्वन या अन्य विधियों की अपेक्षा अग्निपक्वन को अचित्तता का आधार माना है। आचार्य चंदना जी भी सचित्ताहारजन्य हिंसा को तुलनात्मकतः क्षुद्र ही मानती हैं।

सारणी–2 : विभिन्न शास्त्रों में भोगोपभोग परिमाणव्रती एवं सचित्तत्याग प्रतिमाधारी के आहार में सचित्त वनस्पति

क्र	ग्रन्थनाम	समय	भोगोपभोग परिमाण	सचित्त त्याग
1.	रत्नकरंड श्रावकाचार	2–3री सदी	आर्द्र मूलक, अदरक, मक्खन, नीम और केतकी के फूल (85)	कच्चे (सचित्त) मूल, फल, शाक, शाखा,कोंपल, कन्द, प्रसून, बीज का त्याग (141)
2	चरित्तपाहुड़	2–3री सदी	भोजन का परिमाण 24 / 74	सचित्त कन्दादि का अभक्षण
3	भावपाहुड़	2–3री सदी	–	कन्द, मूल,बीज, पुष्प पत्रादि किंचि से संसार भ्रमण
4	मूलाचार–1	2–3री सदी	–	वल्ली, वृक्ष, तृण आदि वनस्पतियों का परिहार करना चाहिये। (साधु के लिये, 217)
5	मूलाचार–2	2–3री सदी	–	अनिर्बीज, मध्यसार–रहित, प्रासुक कल्पनीय है। (826) सचित्त, आम या अनग्निपक्व, कन्द, मूल, बीज, पुष्प, पत्रादि किंचि, भक्षण का त्याग (827)
6	कार्तिकेयानुप्रेक्षा	10वीं सदी	ताबूलादि (स्वाद्य) का परिमाण, भोजन का परिमाण (350)	सचित्त पत्ते, फल, छाल, किसलय एवं बीज के भक्षण का त्याग (379)
7	वसुनदिश्रावकाचार	10वीं सदी	–	हरित या आर्द्र, छाल, पत्र, प्रवाल, कन्द मूल और अप्रासुक जल का त्याग
8	सागारधर्मामृत	13वीं सदी	त्रसघात, बहुघात, प्रमाद, अनिष्ट, अनुपसेव्य, कद, कलींदा, द्रोणपुष्प आदि का सीमित काल / आजन्म त्याग	अप्रासुक हरित अकुर, बीज, कच्चा जल, हरित वनस्पति का त्याग (7.8)
9	चरित्र प्राभृत टीका	16वीं सदी	कन्द, शाक, पुष्प व अनेक वनस्पतियां, फल आदि का त्याग (23)	सचित्त का अभक्षण
10	सचित्त विवेचन	20वीं सदी	सचित्त और अचित्त–दोनों भक्ष्य	सचित्त को अचित्त करने पर भक्ष्य है।

वस्तुतः सचित्ताहार से सम्बन्धित मध्ययुगी विचारधारा के समान अन्य मान्यताओं के कारण ही नई पीढ़ी धर्म से उपेक्षित होने लगी है। उनकी आस्था को बलवती बनाने के लिये हमें वर्तमान में उपलब्ध वैज्ञानिक जानकारी का उपयोग कर स्वास्थ्य एवं धर्मसंरक्षण को प्रोत्साहित करना चाहिये।. उपरोक्त चर्चा के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि

1. सचित्त/आम शब्द प्रत्येक और साधारण–दोनों कोटि की वनस्पतियों के लिये प्रयुक्त होता है।
2 हमारे सामान्य आहार में प्रत्येक वनस्पति की तुलना मे साधारण वनस्पति का अंश अल्प होता है, अत उसे बहुघाती हिंसा का स्रोत नहीं माना जाना चाहिये ।
3 भोगोपभोग परिमाण व्रत में कुछ ही सचित्त वस्तुओ का परिमित काल के लिये त्याग किया जाता है। उन्हें अचित्त कर खाया जा सकता है।
4 सचित्त त्याग प्रतिमा के स्तर पर सभी प्रकार की सचित्त वस्तुओ का आजन्म त्याग किया जाता है। हां, उन्हें स्वय या अन्य के द्वारा अचित्तीकृत कर आहार के घटक के रूप में काम में लिया जा सकता है।
5 शिक्षाव्रती एवं सचित्त त्याग प्रतिमाधारी के विपर्यास मे, सामान्य जन या पाक्षिक श्रावक पर उपरोक्त आहार नियम प्रयुक्त नहीं करने चाहिये क्योंकि उनका जीवन क्रम इनसे विपरीत दिशा में गतिशील होता है। अतः वे सचित्त और अचित्त–दोनो कोटि के प्रत्येक और साधारण वनस्पतियों को अपने आहार में ले सकते हैं। तथापि, धर्ममुखी होने के लिये उन्हे अपने व्यवसायों, संज्ञानों तथा आहार मे जहां तक समझ में आये, हिसा के अल्पीकरण का प्रयत्न करना चाहिये। सामान्य जन के लिये यही कर्म है, यही धर्म है।

वर्तमान वैज्ञानिक युग में हमे अपने प्राचीन या मध्ययुगीन आचार्यों के द्वारा रचित शास्त्रों की सार्वकालिकता के लिये 'पण्णा सम्मिक्खए धम्मं' की उत्तराध्ययन की उक्ति के अनुरूप समीक्षण करते रहना चाहिये जिससे हमारा जीवन प्रशस्ततर बन सके और वैज्ञानिक बुद्धिवाद के माध्यम से हम अपने विश्वास एवं भक्तिवाद को प्रबलतर बना सकें।

सन्दर्भ पाठ

1 आचारांग–2 : से भिक्खू भिक्खुणी वा गाहावती जाव पविट्ठे समाणे सेज्जाओ पुण ओसहीओ जाणेज्जा कसिणाओ, सासियाओ, अविदलकडाओ, अतिरिच्छच्छिण्णाओ, अव्वोच्छिण्णाओ तरुणिय वा छिवाडिं अणभिक्कताभज्जित पेहाए अफासुयं अणेसणिज्ज ति मण्णमाणे लामे सते णो पडिगाहेज्जा ।

2. प्रज्ञापना–1 . (अ) पत्तेयसरीर–बादर–वणफ्फइकाइया दुवालसविहा पण्णत्ता । त जहा रुक्खा 32, 33, गुच्छा 52, गुम्मा 24, लता 10, बल्ली 46, पव्वग 22, तण 22, वलय 17, हरित 30, ओसहि 26, जलरुह 28, कुहण 11
(ब) से किं साहारणसरीर–बादर–वणप्फइकाइया ?
साहारण–शरीर–बादर–वणफ्फइकाइया अणेगविहा पण्णत्ता। तं जहा (53 नाम)

3. मूलाचार–1. 217 : होदि वणप्फदि वल्ली, रुक्खतणादी तहेव एइंदी।
ते जाण हरितजीवा जाणित्ता परिहरेदव्वा ।।

4 मूलाचार–1473 . तिलचाउणउसणोदय–चणोदय–तुसोदय अविद्धुत्थ।
अण्ण पि य असणादी अपरिणद णेव गेण्हेज्जो ।।

5 मूलाचार–9.827–28 :
फल कद मूल बीय अणग्गिपक्क तु आमय किंचि।
णच्चा अणेसणीय ण वि य पडिच्छदि ते धीरा ।।
ज हवदि अणिव्वीय, णिवट्टिम, फासुय कयं चेव ।
णाऊण एसणीय त भिक्ख मुणी पडिच्छति ।।

सचित्तविरत

6 रत्नकरण्डश्रावकाचार
मूल, फल, शाक, शाखा, करीर, कद, प्रसून बीजानि।
नामानि, योत्ति सोऽय, सचित्त – विरतो दयामूर्ति ।।

7 कार्तिकेयानुप्रेक्षा सच्चित फल पत्ती छल्ली मूल व किसलय बीय ।
जो णय भक्खदि णाणी सचित्त विरदो हवे सोदु।।

8. वसुनंदिश्रावकाचार :
जवज्जिज्जदि हरिद–तय–पत्त–पवाल–कद–फल–बीय
अफासुय च सलिल सचित्त–णिवत्ति–मठाण ।।

9. सागारधर्मामृत हरिताकुर–बीजाबुलवणादि–अप्रासुक त्यजन् ।
जागृत्–कृप चतुर्निष्ठ सचित्तविरत स्मृत।

10 लाटी संहिता : भक्षणेऽत्र सचित्तस्य नियमो, न तु स्पर्शने ।
तत्स्वहस्तादिना कृत्वा प्रासुक चात्र खादति ।।

भोगोपभोगपरिमाण व्रत

11 रत्नकरडश्रावकाचार अल्प–फल–बहु विघातात्–मूलकमार्द्राणि श्रृगवेराणि।
नवनीत–निब–कुसुम, कैतकमित्येव–मवहेयम्।।

12. कार्तिकेयानुप्रेक्षा जाणित्ता सपत्ती, भोयण, तबूल, वत्थमादीणं।
ज परिमाण कीरदि, भोउवभोय वयं तस्स ।।

13 सागारधर्मामृत : नाली सूरण कालिद द्रोणपुष्पादि वर्जयेत्।
आजन्म तद्भुजा हि अल्प फल घातश्च भूयसाम्।।

प्रत्येक वनस्पति

14 षट्खंडागम, धवला 1.1.41
बादरनिगोद प्रतिष्ठिताश्चार्षान्तरेषु श्रूयते। क्व तेषामन्तर्भावश्चेत्?
प्रत्येक शरीरेषु इति ब्रूम। के ते ?स्नुग–आर्द्रक–मूलकादयः।

15. षट्खंडागम, धवला 3.1.2.87 :
के ते ? (बादरणिगोदपदिट्ठिदा)
मूलयद्दु--मल्लक--सूरण--गलोइ--लोगेसार--पमादओ।
सुत्ते बादर--वणफ्फदि पत्तेय सरीराणमेव गहण कद, ण तब्भेदाण?
ण, बादर-- वणफ्फदिकाइयपत्तेयसरीरेसु चेव तेसिं अतब्भावादो।

सन्दर्भ

1 क्षु. ज्ञान भूषण, सचित विचार, वीर सेवा मंदिर ट्रस्ट, जयपुर, 1994
2 आशाधर, सागारधर्मामृत (टीका पं देवकी नदन शास्त्री), पेज 236--37, 176--77
3. सुधर्मा, स्वामी, आचारांग--2, सूत्र 375, आ. प्र स., ब्यावर, 1980, पेज 82
4. आचार्य, वीरसेन, अ धवला--1, जै, स, स, सघ, सोलापुर, 1973, पेज 273
ब धवला--3, एल एस. जैन ट्रस्ट, अमरावती, 1941 पेज 348, 232.
5 आर्य, श्याम, प्रज्ञापना--1, आ प्र स, ब्यावर, 1982, पेज 49--53, 57.
6 शाति सूरीश्वर, जीव विचार प्रकरण, जैन सिद्धान्त सोसायटी, अहमदाबाद, 1950 पेज 53, 56
7 बेन्द्रे, अशोक एव कुमार, अशोक, वनस्पति विज्ञान, रस्तोगी प्रकाशन, मेरठ, 1999, पेज 507
8 देखिये, सदर्भ 5, पेज 67
9 आचार्य, बट्टकेर, मूलाचार--1, भारतीय ज्ञानपीठ, 1984, पेज 369
10 नाथूलाल शास्त्री, व्यक्तिगत पत्राचार
11 सुधर्मा स्वामी, स्थानाग, जै वि भा, लाडनू, 1976 पेज 850,
12 पाइक, आर एल एव ब्राउन, पिरटिल, न्यूट्रीशन, वाईली इस्टर्न, दिल्ली, 1970 पे 2--4
13 'सपर्क' 2000, ऋषभ विद्वत् महासघ, इन्दौर
14 जैन, एन एल, पश्चिम में सन्मति का समुचित समाहार, जैन प्रचारक, दिल्ली, नवम्बर 1999
15 स्वामी कुमार, कार्तिकेयानुप्रेक्षा, प. प्र मडल, अगास, 1978 पेज 239,
16 आचार्य कुन्दकुन्द, अष्टपाहुड, महावीर जी, 1967, पेज 71
17 सुधर्मा स्वामी, भगवती--3, आ.प्र.स व्यावर, 1994, पेज 116
18 देखिये सदर्भ--5, पेज 54
19 जैन, अशोक, व्यक्तिगत पत्राचार
20 जैन, पी सी, तीर्थंकर वाणी, जून 1996, पेज 10
21 मरडिया, के वी., साइन्टिफिक फाउडेशन ऑफ जैनिज्म, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, 1996.
22. शर्मा, प्रियव्रत, द्रव्य गुण विज्ञान, चौखम्बा, वाराणसी, 1996. (सबधित पेज)
23 देखिये सदर्भ--16, पेज 112.
24. आचार्य, अमितगति, पुरुषार्थसिद्धियुपाय, सोनगढ़ ट्रस्ट, सोनगढ़, 1978 पे 68--69
25 स्वामी, समन्तभद्र; रत्नकरडश्रावकाचार, पोतदार ट्रस्ट, टीकमगढ़, 1995, पे 85 / 141

26 स्वामी, समन्तभद्र, वासुपुज्य स्तवन, 58, प्रतिष्ठा रत्नाकर में उद्धृत, पेज 64
27. जैन. एन. एल., साइंटिफिक कंटेंट्स इन प्राकृत केनन्स, पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी, 1996, पेज 289–90
28. – वही – हिंसा का समुद्र अहिंसा की नाव (प्रकाशनाधीन)
29. आचार्य, चन्दना, जैन स्पिरिट, अक्टूबर, 1999, पेज 18
30 जैन, राजकुमार, प जमोला शास्त्री, साधुवाद ग्रंथ, जैन केन्द्र, रीवा, 1989, पे 293
31 ललवानी, गणेश, तीर्थंकर, इदौर, जनवरी, 1986, पेज 32
32. शास्त्री, नेमिचद्र, महावीर और उनकी आचार्य परम्परा, दि जैन विद्वत् परिषद, सागर, 1974, पे 296
33- देखिये, सदर्भ–27, पेज VII-IX
34 मुनि, रत्नचद्र, *अर्धमागधी कोश–4, मोतीलाल बनारसीदास दिल्ली–7*, पेज 579
35 आप्टे, व्ही एस , सस्कृत अग्रेजी शब्दकोश, वही, 2000, पेज 83
36 शास्त्री नाथूलाल, व्यक्तिगत पत्राचार
37 वर्णी जिनेन्द्र, जैनेन्द्र सिद्धात कोष–3, भारतीय ज्ञानपीठ, 1975, पेज 204
38 गणिनी, ज्ञानमती, व्यक्तिगत पत्राचार

●

अध्याय – 14

जैन शास्त्रों में भक्ष्याभक्ष्य विचार

अभक्ष्यता के आधार

जैन शास्त्रों में अशन, पान, खाद्य एवं स्वाद्य के रूप में भक्ष्य पदार्थों के चार वर्गों के निरूपण के साथ सामान्यजन और साधुओं को कौन–से पदार्थ आहार के रूप में ग्रहण करने चाहिये, इस पर चर्चा अपेक्षया कम है, पर कौन–से खाद्य ग्रहण नहीं करने चाहिये, इस पर विस्तृत विवरण पाया जाता है। आचारांग[1] में साधुओं को अपक्व, अशस्त्र–परिणत तथा अल्पफल–बहुउज्झयणीय वनस्पति या तज्जन्य खाद्यों का, अप्रासुक होने के कारण निषेध किया गया है। वहा अर्धपक्व, अयौनिबीज–विध्वस्त एवं किण्वित (बासी, सड़े) पदार्थों के भक्षण का भी निषेध है। इस निषेध का मूल कारण जीवरक्षा की भावना एवं अहिंसक दृष्टि ही माना जाता है। सामान्यतः इस प्रकार का निषेध श्रावकों पर भी लागू होना चाहिये। इस दृष्टि का स्पष्टीकरण समन्तभद्र, वट्टकेर, पूज्यपाद, अकलक तथा अन्य आचार्यों ने भी किया है। उन्होंने खाद्यो की अभक्ष्यता के आधार के रूप में (1) त्रस–जीव–घात (2) प्रमाद परिहार (3) अनिष्टता और (4) अनुपसेव्यता को माना है।[2] इसके बहुफल–अल्पघाती पदार्थों की आंशिक भक्ष्यता सम्भव लगती है। भास्कर नंदि और आशाधर आदि उत्तरवर्ती आचार्य एवं पंडित भी इन्ही पांचों कोटियों को अभक्ष्यता का आधार मानते हैं। इनसे स्पष्ट है कि अभक्ष्यता का आधार केवल अहिंसक नहीं है, अपितु मादकता, रोगोत्पादकता एवं अनुपसेव्यता भी है जो स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए हानिकारक हैं। शास्त्री[3] ने उपरोक्त मतों के समन्वय से खाद्यों की अभक्ष्यता के पांच आधार बताये हैं। इनमें लोक विरुद्धता के आधार को पूर्वाचार्यों ने अनुपसेव्यता की कोटि में माना है। अकलंक ने तो अखाद्य वस्तुओं को ही अनुपसेव्य कोटि में माना है। इन आधारों की सारणी 1 में संक्षेपित किया गया है। इस सारणी में आधारों की संख्या अधिक है, फिर भी, चूंकि बिन्दु 6 व 7 वनस्पतियों से सम्बन्धित हैं, अतः इन्हें कोटि–2 में ही समाहित करने पर अभक्ष्यता के मुख्य आधार पांच ही मननीय हैं। अनेक ग्रथों में विभिन्न कोटियों के कुछ उदाहरण भी दिये गये हैं। कुछ उदाहरण अनेक कोटियों में आते हैं। आगमकाल में

अनेक अपक्व, अशस्त्र–परिणत एव अप्रासुक वस्तुओं के अनेषणीय मानने का उल्लेख मिलता है, पर दिगम्बर ग्रथो मे मूलाचार के उत्तरवर्ती काल में इस मान्यता के उल्लेख नहीं हैं। इसका कारण अन्वेषणीय है। सभी प्रकार की कोटियो के अन्तर्गत विभिन्न पदार्थो का पहले श्रावक के बारह व्रतो के आधार पर भोगोपमोग परिमाण एव प्रोषधोपवास आदि के रूप मे और बाद मे अष्टमूलगुण और बाइस अभक्ष्यो के रूप मे वर्गीकरण किया गया है।

सारणी 1 : अभक्ष्यता के आधार

	आधार	हेतु	उदाहरण
1	त्रसजीव घात, बहुघात / बहुबध, बहु–जतु योनि–स्थान	दो या अधिकेन्द्रिय जीवो की उत्पत्ति, उपस्थिति से हिसा, त्रस जीवो की हिसा	पच उदुबर फल, अचार / मुरब्बा आदि, द्विदल, चलितरस, रात्रि भोजन, मधु–मासादि
2	स्थावर जीव घात (अनन्तकायिक)	प्रत्येक / अनन्तकाल जीवों की हिसा	कन्दमूल, बहुबीजक, कोंपल, अदरक, मूली, कच्चेफल, आर्द्र हरिद्रा
3	प्रमाद / मादकतावर्धक पदार्थ	आलस्य, उन्मत्तता, चित्त विभ्रम	मद्य, गाजा, भाग, अफीम, चरस, तबाकू आदि नशीले पदार्थ
4	रोगोप्पादक / अनिष्ट पदार्थ	स्वास्थ्य के लिये अहितकर	–
5	अनुपसेव्यता / लोकवि रुद्धता	–	प्याज, लहसुन आदि
6	अल्पकल–बहुविघात	त्रस–स्थावर जीव हिसा	गन्ने की गडेरी, तेंदू, कलींदा, काटे एव गूदेदार पदार्थ
7	अपक्वता / अशस्त्र प्रति–हतता / अनग्नि पक्वता	इनके कारण सभी वनस्पति सजीव एव अप्रासुक रहते हैं	जल आदि

वनस्पति–हमारे प्रमुख खाद्य

सामान्यत हमारे खाद्य पदार्थों मे कुछ जनित (दूध, दही, घृत आदि) तथा कुछ सगृहीत (मधु आदि) को छोडकर अधिकाश वनस्पति या वनस्पतिज ही होते हैं। आचाराग[4] और दशवैकालिक[5] में मूल, कन्द, पत्र, फल, पुष्प, बीज, प्रवाल, त्वचा, शाखा तथा स्कध के रूप में वनस्पति की दस प्रकार की अवस्थाये बताई गई हैं। उनका रूढ़, बहुसंभूत, स्थिर, उत्सृत, गर्भित, प्रसूत एव ससार चरणो में क्रमिक विकास होता है। आगमो एव शास्त्रो मे इन्हें प्रत्येक काय एव अनन्तकाल (साधारण, निगोद) के रूप में वर्गीकृत किया है।[6] इनके अन्य नाम भी हैं। इनसे कभी–कभी साधारणजन को भ्राति भी हो जाती है। प्रत्येक काय के वनस्पतियों में एक पूर्ण शरीर मे एक–जीवता पाई जाती है, जबकि अनन्तकाय कोटि में एक शरीर में अनेक–जीवता पाई जाती है। इनके शरीर के विभिन्न अगों से नया प्रजनन

हो सकता है। इसलिये शास्त्रों में इन्हें सामान्यतः अभक्ष्य ही, अहिंसक दृष्टि से, बताया है। सरस[7] ने सभी वनस्पतियों को चौदह रूपों में बताया है। जीव विचार प्रकरण[8] के अनुसार, प्रत्येक वनस्पति फल, फूल, त्वचा, मूल, पत्र और बीज के रूप में पाई जाती है और इसका भक्ष्यभाग प्रायः पृथ्वी, मिट्टी, भूमि या जल–तल के ऊपर ही होता है। ये 12 प्रकार की होती है। इसके विपर्यास में, प्राय अनन्तकाय वनस्पति मिट्टी के अन्दर उत्पन्न होते हैं, कन्द रूप में होते हैं। इनके 20 भेद हैं। इसके नाम व उदाहरण सारणी 2 में दिये गये हैं। इससे पता चलता है कि सामान्यत प्रत्येक वनस्पति की 1, 2, 6, 7, 9 एव 12 कोटियों के 213 वनस्पतियों के विभिन्न अवयव हमारे लिये भक्ष्य माने जा सकते हैं। पर इनमें से बहुबीजी 33 प्रकारों को दसवीं सदी के बाद अभक्ष्य ही बताया गया है। इनमे तेंदू, कैंथा, बेल, बिजौरा, आवला, फनस, अनार, पचोदुंबर, पीपर, सरसो, नीम और अनेक अप्रचलित वनस्पतिया समाहित हैं। अनेक वृक्षो की त्वचादि खाद्य के रूप में तो नहीं, पर औषधों के काम आती है। इनमें कुछ (उदुंबर) की अभक्ष्यता तो अनेक कारणों से मानी गई है, पर अनेकों के उपयोग सामान्य हैं चाहे वे सैद्धान्तिक दृष्टि से अभक्ष्य ही क्यों न हों । थैकर ने बताया है कि अनन्तकायों के 49 भेंदों के बावजूद, इस कोटि की 32 सुज्ञात वनस्पतियां हैं जो सैद्धान्तिक दृष्टि से अभक्ष्य हैं। इनमें कुछ ऐसे पदार्थ और कोटियां हैं जो दोनों भेदों में आती हैं। उदाहरणार्थ – विभिन्न पत्र रूप में शाक या भाजियां प्रत्येक वनस्पति की हरित कोटि में आती हैं। इनका अनन्तकायों में अनेक नामों से समाहरण है। मूली, हरित और कन्द – दोनों में है। बेल की कोटि दोनों ओर है। पर इनके अन्तर्गत वनस्पतियों के नाम भिन्न हैं।

सारणी 2: प्रत्येक और साधारण वनस्पतियां[9]

	अ. प्रत्येक वनस्पति . 12			ब. अनन्तकाय वनस्पति : 20	
1	वृक्ष		1	कन्द	प्याज, लहसुन, आलू आदि
	(अ) एकबीजी–आम आदि	30	2	अकुर	अकुरित दालें
2	गुच्छ बैंगन, अरहर आदि	33	3	किसलय	नई रक्तिम पत्तिया
3	गुल्म (झाड़ीदार) : गुलाब, मोगरादि	24	4	भूमिस्फोट	कुकुरमुत्ता
4	वलय (गोलाकार) : ताड़, चीड़ आदि	16	5.	आर्द्रकत्रिक	अदरख, हल्दी, कचूर
5	लता . पद्म, नाग आदि	10	6.	गाजर	गाजर
6	बेल (वल्ली) : पान, तरबूज, जटामासी आदि	41	7.	मौथा	मौथा, नागर मौथा
7	गाठ : गन्ना, वेत्र, वंशादि	19	8	बथुआ की भाजी	बथुआ, पालक आदि
8.	तृण : दर्भ, कुश, अर्जुन आदि	18	9	थेग	भाजीदार कन्द

9	हरित (पत्र शाक)	बथुआ आदि	28	10	पल्लक	विशिष्ट शाक
10.	जलरुह : काई, कुमुद आदि		27	11	गडूची	गिलोय (औषधि)
11	कुहण (अंकुरित)	कुकुरमुत्ता, कुणक आदि	10	12.	गुग्गुल	औषधि
12	औषधि (अन्न)	गेहू, धान, मूगादि	26	13.	छिन्नरुह	खल्लड़, खरसान
				14	थोर	कांटेदार औषधि वृक्ष
				15.	कुमारी पौधे	—
				16	बेल	शतावरी, सुआवेल
				17.	पणक	फगस
				18	शैवाल	काई
				19	कोमल फल	कच्चे फल
				20	गूढ़ शिर	जूट, सन आदि

आगमो के अनुसार अर्धपक्व, अनग्निक्व, अशस्त्रप्रतिहत वनस्पति, चाहे वे किसी कोटि के हों, अमक्ष्य माने गये हैं, अन्य दशाओं में वे भक्ष्य हैं। मूलाचार में भी इनके अनग्निपक्वता की दशा में अनेषणीयता की चर्चा है। आचारांग और दशवैकालिक में जल और उसके विभिन्न धोवनो के अतिरिक्त, लगभग तत्कालीन प्रचलित 100 वनस्पतियों के नाम दिये हैं। निशीथचूर्णि मे भी तत्कालीन भक्ष्यों के रूप में प्रयुक्त होनेवाली 72 वनस्पतियों के नाम हैं। यह मत समीचीन नहीं लगता कि सामान्यजनों के लिये वर्णित अभक्ष्यता के सिद्धान्त श्रमणो पर लागू नहीं होते।[10]

अभक्ष्यों की धारणा का विकास

ऐसा प्रतीत होता है कि आगमोत्तर काल में भक्ष्याभक्ष्य विचार मे अपक्वता एव अशस्त्र–प्रतिहतता की धारणा मे परिवर्तन हुआ। जब उत्तरकाल में वनस्पतियो का वर्गीकरण हुआ, तब प्रत्येक कोटि की तुलना मे अनन्तकायिक कोटि का, अहिसक दृष्टि से, सापेक्ष अभक्ष्यता का मत प्रस्तुत किया गया। इस दिशा में दिगम्बराचार्यों का अधिक योगदान रहा। उनके विवरण पर्याप्त निरीक्षण–क्षमता और उसकी तीक्ष्णता को व्यक्त करते हैं। शातिसूरि ने भी ग्यारहवीं सदी में इसी मत का अनुकरण किया है। समय के साथ उत्तरवर्ती आचार्यों ने यह सोचा कि सामान्यजन का आहार साधु के समान प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। अतः उन्होंने अहिंसक व्रतों की धारणा प्रस्तुत की। इसके अतर्गत आहार को नियंत्रित करनेवाली भोगोपभोग परिमाण एव प्रोषधोपवास आदि की प्रवृत्तियां विकसित हुई। प्रवचनसार[11] में तो केवल अरस, मधु और मांस रहित आहार को ही युक्ताहारी बताया है। समय के साथ, इनमें पर्याप्त कठोरता आने लगी। तब सरलता की दृष्टि से, अहिंसक दृष्टि के विकास एवं व्यवहार के लिये, हिंसामय/हिंसाजन्य खाद्यो

के निषेध के लिये मूलगुणों या सार्वकालिक व्रतों की धारणा प्रतिपादित की गई। यह प्राचीन दिगम्बर या श्वेताम्बर ग्रंथों में नहीं देखी जाती। पांचवीं सदी के समन्तभद्र के मिश्र वर्गीकरण (अभक्ष्य त्याग, व्रतपालन) की तुलना में आठवीं सदी के जिनसेन ने अष्ट सार्वकालिक व्रतों में केवल आठ अभक्ष्य पदार्थों को ही रखा – (1–3) मद्य, मांस, मधु का त्याग (ये जैवी क्रिया से प्राप्त होते हैं या इनमें सूक्ष्म एवं त्रस जीव दृष्टिगोचर होते हैं) और (4–8) पंचोदुंबर फल त्याग (इनमें भी सूक्ष्म जीव होते हैं)। फलतः प्रारम्भ में मूलतः आठ पदार्थ ही अभक्ष्य माने जाते थे।[12] इन्हें सोमदेव, चामुंडराय, देवसेन, पद्मनंदि, आशाधर पडित, राजमल, मेधावी और कुंथुसागर ने भी स्वीकृत किया है। शिवकोटि ने अपनी रत्नमाला में इन आठ मूलगुणों को बाह्य मूलगुण कहा है और वास्तविक मूलगुण समन्तभद्र के ही माने हैं। कहीं–कहीं मधु के स्थान पर द्यूत त्याग मूलगुण कहा गया है। यह तो निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि सप्त व्यसनों की परम्परा कब से चालू हुई, पर इनमे भी मद्य–मास को व्यसन (अभक्ष्य, त्याग) माना है। मधु यहां भी छूट गया लगता है। कुन्दकुन्द ने भी मद्य को अयुक्ताहार मे सम्मिलित नहीं किया है। इससे प्रतीत होता है कि मधु और मद्य की तर्कसगत अभक्ष्यता विवाद का विषय रही है। आजकल अडे को मासाहार के रूप में मानने और उसकी अभक्ष्यता के वैज्ञानिक कारण उपलब्ध हैं, पर शास्त्रों में वर्णित मूलगुणो की किसी सूची मे इनका नाम नहीं है। इसके विपर्यास में, औपपातिक सूत्र मे इसे आहार–ग्रास का मानक बताया गया है। क्या सूत्रकाल में बिहार में अण्डे का इतना प्रचलन था कि वह मानक बन सके ? दिगम्बरो ने अच्छा किया कि 1000 चावलों के दानों को ग्रास का मानक बताया। समय की माग है कि इनकी अभक्ष्यता को कहीं न कहीं धार्मिक मान्यता अवश्य दी जाये, चाहे आठ की नौ या दस मूलगुण ही क्यों न हो जायें ? आशाधर ने तो सभी मान्यताओं का समाहार कर नये रूप में आठ मूलगुण बताये हैं। इनमें उपरोक्त अभक्ष्यो के अतिरिक्त अन्य गुण भी सम्मिलित किये गये हैं।

अमितगति ने रात्रिभोजन–त्याग मिलाकर मूलगुणों की संख्या 9 कर दी। अमृतचंद्र[13] ने मक्खन, अनन्तकाय एवं रात्रि भोजन की अभक्ष्यता बताकर इनकी संख्या 11 कर दी। उत्तरवर्ती समयों में अभक्ष्य पदार्थों की संख्या बढ़ती गई। समन्तभद्र एवं पूज्यपाद ने मूली, अदरक, मक्खन, नीम व केतकी के फूलों को अभक्ष्य बताया था। हेमचन्द्राचार्य ने द्विदल को सर्वप्रथम अभक्ष्यों में गिनाया। आगमों के अनुरूप, आशाधर ने भी नाली, सूरण (कन्दमूल), द्रोण पुष्प आदि सभी प्रकार के अनन्तकायों को अभक्ष्य बताया। सोमदेव ने प्याज को उसी कोटि मे रखा। उन्होंने कच्चे दूध से बने दही आदि के नये व पुराने द्विदल को अभक्ष्य बताते हुए कलींदा न खाने का भी

उल्लेख किया है। वर्षा ऋतु में अदलित द्विदल धान्य व पत्रशाक नहीं खाना चाहिये। सात प्रकार की अनन्तकाय वनस्पतियों में बीजोत्पन्न गेहूं आदि धान्य भी समाहित किये जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि यह वर्णन एक अतिरेक है। इसका समाहार नेमचद्राचार्य[14] ने पहले ही यह कह कर दिया था कि सभी वनस्पतियां दोनों प्रकार की होती हैं। अपने जन्म से अन्तर्मुहूर्त तक वे अनन्तकाय ही होते हैं, उत्तरवर्ती समय मे इनमे विशेष भेद हो जाता है। आजकल यह भी माना जाता है कि ये सभी वनस्पति सक्रमित या रोगाक्रात होने पर दूसरे सूक्ष्म जीवो का आधार बन जाते हैं। अत· आश्रयाश्रयी भाव से भी ये अभक्ष्यता की कोटि में आ सकते हैं।

ऐसा सम्भव है कि आशाधर के उत्तरवर्ती समय मे जैसे–जैसे नये वनस्पतियों एव खाद्यो का ज्ञान होता गया, उनकी भक्ष्याभक्ष्य कोटि पर विचार किया जाने लगा। आजकल इनके समेकीकृत वर्गीकरण के रूप मे 22 अभक्ष्य माने जाते हैं। साध्वी मजुला[15] के अनुसार इनका सर्वप्रथम उल्लेख धर्मसग्रह नामक ग्रथ मे मिलता है। दौलतराम[16] के जैन क्रिया कोष मे भी इनका नाम है। इन नामों को सारणी 3 मे दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि प्रत्येक सूची मे कुछ अन्तर है। जीवविचारप्रकरण मे द्विदल का नाम नहीं है, इसके बदले कच्चे नमक का नाम है। इसी प्रकार, दौलतराम ने हिम तथा मृत्तिका जाति के पदार्थ छोड दिये हैं। इसके बदले 'धोल बडा' लिया है जो द्विदल या चलितरस का ही एक रूप है। इन अभक्ष्यों की जैन सम्प्रदाय मे पर्याप्त मान्यता है। इनका आधार उपरोक्त पाच आधारों मे से एकाधिक है। यहा यह भी स्पष्ट करना चाहिये कि दिगम्बर ग्रन्थो में अनेक कोटियो के पर्याप्त उदाहरण नहीं पाये जाते। साथ ही, इनके अनेक नामो से ऐसा लगता है कि ये समय–समय पर जोडे गये हैं। यही कारण है कि अनेक नामो से पुनरावृत्ति दोष का आभास होता है।

सारणी 3 : विभिन्न ग्रन्थों में अभक्ष्यों के रूप

1	धर्मसग्रह[17]	जीव विचार प्रकरण[18]	दौलतराम[19]	अनन्तकाय विचार
1–4	चार विकृतिया	चार विकृतियां	चार विकृतियां	चार विकृतियां
	मद्य	मद्य	मद्य	मद्य
	मस	मास	मास	मांस
	मधु	मधु	मधु	मधु
	मक्खन	मक्खन	मक्खन	मक्खन
5–9	पाच उदुबर फल	पाच उदुंबर फल	पाच उदुबर फल	पाच उदुंबर फल
10	बर्फ	बर्फ	बर्फ	बर्फ
11	ओला	ओला	ओला	ओला
12	विष	विष	विष	विष
13	रात्रि भोजन	रात्रि भोजन	रात्रि भोजन	रात्रि भोजन

14. बहुबीजक	बहुबीजक	बहुबीजक	बहुबीजक
15. अज्ञात फल	अज्ञात फल	अज्ञात फल	अज्ञात फल
16. अचार मुरब्बा	अचार मुरब्बा	अचार मुरब्बा	अचार मुरब्बा
17. अनन्तकायिक	अनन्तकायिक	अनन्तकायिक	अनन्तकायिक
18. बैंगन	बैंगन	बैंगन	बैंगन
19 चलित रस	चलित रस	चलित रस	चलित रस
20. आमगोरस—सपृक्त द्विदल	—	द्विदल	—
21 तुच्छ फल	तुच्छ फल	तुच्छ फल	तुच्छ फल
22 मृत्‌जाति	कच्ची मिट्टी	—	मृत्‌जाति
23 —	अपक्व लवण	—	—
24 —	—	घोलबड़ा	घोलबड़ा
25 —	—	गारी	—

उदाहरणार्थ, चलितरस कोटि में मद्य, मक्खन, अचार—मुरब्बा एवं द्विदल की कोटियां समाहित हो जाती हैं। बहुबीजक में बैंगन आ जाता है। ये पुनरावृत्तियां सुधारी जानी चाहिये। वर्तमान युग में इन अभक्ष्यों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। नवयुग में अभक्ष्यों को कुल चार कोटियों में वर्गीकृत किया जा सकता है

1 किण्वित	2 परिरक्षित	3 त्रस/स्थावर जीवघात	4 विविध
मद्य	अचार—मुरब्बा	मांस	विष
मक्खन		मधु	बर्फ
चलितरस		पंचोदुंबर	ओला
द्विदल		अनन्तकाय	तुच्छ फल
घोलबड़ा		बहुबीजक	अज्ञात फल
		बैंगन	मृतजाति
			रात्रिभोजन
			अपक्व लवण

इनकी अभक्ष्यता के सम्बन्ध में शास्त्रीय एव वैज्ञानिक चर्चा आगे की जा रही है।

किण्वित अभक्ष्य पदार्थ : (1) मद्य एवं मादक पदार्थ

वर्तमान में प्रचलित बाइस अभक्ष्यो में प्रायः सभी प्रकार के किण्वित एवं विकृत पदार्थ समाहित होते हैं। इनमें चार महा विकृतिया मुख्य हैं : मद्य, मक्खन, मधु और मांस। इनमें से प्रथम दो — मद्य और मक्खन किण्वन से उत्पन्न होते हैं। इनके अतिरिक्त, 'नव पदार्थ' में दूध, दही, घृत, गुड़, मिठाई और तैल को भी विकृतियां ही माना है।[20] इनमें भी दही और घृत किण्वन उत्पाद हैं। अन्यों की विकृतिता विचारणीय हैं। इन छहों को समय—सीमा में अभक्ष्य नहीं माना जाता। यहां केवल अभक्ष्य विकृतियों पर ही विचार किया जाएगा। इनमें पहला स्थान मद्य का है।

वस्तुतः 'मद्य' शब्द से वे सभी पदार्थ ग्रहण किये जाने चाहिए जो उसके समान मादक प्रभाव उत्पन्न करते हैं। इनके अन्तर्गत गांजा, अफीम, चरस तथा एल.एस.डी., हीरोइन आदि नये संश्लेषित पदार्थ भी समाहित होने चाहिए। पुराने समय में इनका समुचित ज्ञान–प्रचार न होने से, सम्भवतः इनका उल्लेख न हो पाया हो, पर ये सभी मादक और नशीले पदार्थ हैं। शास्त्री[21] ने इन सभी का अभक्ष्यों की मादक कोटि में समाहार किया है। फिर भी, मद्य मे यह विशेषता तो है ही कि यह किण्वन या चलित–रसन की किया से प्राप्त होता है जबकि अन्य अनेक मादक पदार्थों के निर्माण में यह क्रिया समाहित नहीं हैं। मद्य या उसके विविध रूपों के विषय मे शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक जानकारी सारणी 4 में दी गई है। इससे एतद्विषयक प्राचीन एवं नवीन तथ्यो के ज्ञान की तुलना की जा सकती है। मद्य के निर्माण और प्रभावो का शास्त्रीय विवरण उपासकाध्ययन, सागारधर्मामृत, पुरुषार्थसिद्धियुपाय तथा श्रावक– धर्म–प्रदीप आदि मे पाया जाता है। वैज्ञानिकों ने भी इस सम्बन्ध में पर्याप्त अध्ययन किया है। इससे पता चलता है कि विभिन्न प्रकार के मद्यों का निर्माण कुछ विशिष्ट परजीवी वनस्पतियो की कोशिकाओ की विकास प्रक्रिया के फलस्वरूप होता है। यह विकास प्रक्रिया एक रासायनिक क्रिया है जिसके कारण ये कोशिकाये अपने विकास हेतु शर्करामय पदार्थों को विगलित करती हैं। इसके फलस्वरूप मद्य द्वितीयक उत्पाद के रूप में प्राप्त होता है। इस प्रक्रिया मे ऊष्मा निकलती है, साथ ही जल की वाष्प एव कार्बन डाइ–ऑक्साइड प्राप्त होते हैं। इनसे उपकरण में पर्याप्त फेंन बनता है और उफान जैसा आता दिखता है। उपकरण भी गरम हो जाता है। आयुर्वेद में भी आसव–अरिष्ट बनाते समय ऐसी ही स्थितियों को नियत्रित करने के लिये स्थूल उपाय किये जाते हैं। सम्भवतः इसी प्रकार के निरीक्षणों के कारण मद्य–निर्माण के समय जीवोत्पत्ति या मद्य के बिन्दुओ मे जीवो के अस्तित्व का मत आचार्यों ने प्रस्तुत किया। यद्यपि इस प्रक्रिया में सूक्ष्म जीवों के अस्तित्व से सम्बन्धित यह निरीक्षण महत्त्वपूर्ण है पर उसकी भूमिका की चर्चा आधुनिक दृष्टि से मेल नहीं खाती।

सारणी 4 · मद्य–सम्बन्धी प्राचीन एवं नवीन तथ्य

प्राचीन	नवीन
1 उत्पादन	
(1) मद्य सुराबीज, गुड़ आदि को सड़ाकर (किण्वितकर) बनाया जाता है।	(1) विभिन्न प्रकार के मद्य शर्करा युक्त (महुआ, गुड़, धान्यादि) पदार्थों के यीस्ट – कोशिकीय किण्वन से प्राप्त होते हैं।
(2) इसके निर्माण के समय अनेक रसज/ त्रस जीव उत्पन्न होते हैं।	(2) ये कोशिकायें परजीवी वनस्पति हैं। ये अपने विकास के लिये शर्कराओं को विह्नेलित करती हैं और मद्य बनता है।

(3) मद्य के रस में भी जीव उत्पन्न होते हैं।	(3) जब इस क्रिया में मद्य की मात्रा 10–15% से अधिक हो जाती है, तब इनकी सक्रियता स्वयमेव समाप्त हो जाती है और मद्य निर्माण बंद हो जाता है।
(4) मद्य की एक बूंद में अनेक जीव उत्पन्न होते हैं। यदि वे बाहर फैलें, तो पूरा संसार उनसे भर जाएगा।	(4) शुद्ध मद्य एथिल ऐल्कोहल नामक यौगिक है। विभिन्न पेय मदिराओं में तथा आसव–अरिष्टादि औषधों में इसकी मात्रा भिन्न–भिन्न होती है।
	(5) किण्वन की क्रिया से आजकल बहुतेरे खाद्य, औषधि और औद्योगिक पदार्थ बनाये जाते हैं। इस क्रिया से निर्मित लगभग 84 पदार्थों की सूची श्रीम और ब्रिंक ने अपनी पुस्तक में दी है।

2. प्रभाव

(1) मद्यपान से रसज/त्रस जीवों की हिंसा होती है।	(1) यह वाष्पशील पदार्थ है और त्वचा पर पड़ने पर यह शीघ्र वाष्पित होता है जिससे त्वचा का तापमान कम होता है और ताजगी का अनुभव होता है।
	(2) उच्च सांद्रण मे यह कोशिकाओं से जल खींचकर उन्हें अक्रिय बना देता है, विकृत कर देता है। इससे यह कीटाणु–नाशक एवं प्रतिरोधी होता है।
	(3) तनु मद्य क्षुधावर्धक होता है। यह पेट की आंतों में हिस्टैमीन एवं गैस्ट्रीन विमोचित कर स्रावों को बढ़ाता है। यह मनोवैज्ञानिकत उत्तेजक एवं ऊष्मादायी होता है। 15% से उच्च सांद्रण का मद्य स्रावों की गतिशीलता को रुद्ध करता है, श्लेष्मा–झिल्ली को उत्तेजित करता है, गैस, वमन एवं मितली लाता है तथा पेट और आंतों की एन्जाइमी क्रिया को प्रतिबंधित करता है।
(2) मद्य मन को मोहित करता है। मद्यपान से अभिमान, भय, क्रोध आदि हिंसक वृत्तियां उदित होती हैं। मद्यपान धार्मिक गुणों को नष्ट करता है। यह उन्माद, मूर्च्छा, मिर्गी एवं मृत्यु तक का कारण होता है।	(4) यह केन्द्रीय नाड़ी तंत्र को अवनत कर सुखाभास या तनाव–शैथिल्य का आभास देता है। इस कारण ही मद्यपायी व्यक्ति समस्त प्रतिबंधों से मुक्त होकर निंदनीय या असामाजिक व्यवहार करता है।

मद्य दुर्गति का कारण है। मद्य चित्त–विभ्रम उत्पन्न करता है। मद्य कुयोनिज भोजन है। मद्यपायियों की संगति भी दोष जनक है।	(5) मद्य मस्तिष्क के जालकों एवं सक्रियता नियत्रक केन्द्रों को प्रभावित कर उन्हें अक्रिय करता है। यह दृष्टि की तीक्ष्णता एवं मस्तिष्क व मासपेशियों की समन्वय–क्षमता कम करता है।
	(6) यह वेदनाहर नहीं है, फिर भी यह वेदना की अनुभूतिगम्यता की सीमा को बढ़ाता है और सुखाभास देता है।
	(7) 5–6 ग्राम से अधिक मद्य पीने पर मात्रानुसार प्रभाव बढ़ते हैं और बेहोशी तक आ जाती है। इसकी अधिक मात्रा सुषुम्ना को प्रभावित करती है, ह्रदय की कपन बढ़ाती है, रक्तचाप बढ़ाती है एव ह्रदय–पेशियों को हानि पहुचाती है।
	(8) मद्य के प्रभाव से यकृत वसीय अम्लों का सश्लेषण एव सचय अधिक करने लगता है। इससे भूख कम होती है और गैस बनता है। मद्यपान से मूत्रलता बढ़ती है और मूत्र–नियत्रक हार्मोन का उत्पादन कम होता है। मद्य वासना का उत्तेजक है।
	(9) शरीर–तत्र में मद्य का अधिकाश यकृत में चयापचित होकर ऊष्मा उत्पन्न करता है। लगभग 06 लीटर मद्य मारक हो सकता है।
3 उपचार	मद्य के व्यसन को दूर करने में मनोवैज्ञानिक विधियों, योग, खानपान–परिवर्तन तथा डाइ–सल्फिराम–जैसी औषधियां सहायक होती हैं।

सारणी 4 से यह स्पष्ट है कि मद्य निर्माण के समय वनस्पति कोशिकायें बाहर से डाली जाती हैं। वे विकसित होती हैं और अपनी जनसंख्या में अल्प काल में ही अपार वृद्धि कर लेती हैं। मद्य के किंचित् अधिक सांद्रण होने पर ये कोशिकायें विकृत होकर अक्रिय हो जाती हैं, अधिकांश अवक्षेपित हो जाती है। इसलिए मद्य से और मद्य में जीवोत्पत्ति की बात वैज्ञानिक दृष्टि से तथ्यपूर्ण नहीं है। हा, यह अवश्य है कि आसव, अरिष्ट या अनेक मदिराओं का आसवन नही किया जाता, अतः उनमें एकेन्द्रिय तथा अक्रियकृत वनस्पति कोशिकायें विलयन, कोलायड या निलम्बन के रूप में बनी रहती हैं। लेकिन उत्तम कोटि की मदिराओं के आसवन होने से उनमें यह दोष नहीं पाया जाता। ऐसा प्रतीत होता है कि यह शास्त्रीय विवरण अनासवित मद्यों के आधार पर किया गया है क्योंकि सामान्यजन इनका ही

उपयोग करते हैं। मद्योत्पादी वनस्पति की ये कोशिकायें त्रस हैं या स्थावर–इस पर पिछली सदी के वैज्ञानिकों में विवाद रहा है। इन्हें स्थावर और त्रसों से एक पृथक् जीव श्रेणी में ही लिया जाता है। फलतः त्रस जीवघात का सिद्धांत मद्य की अभक्ष्यता को पुष्ट नहीं करता है।

शास्त्रों में मद्य की अभक्ष्यता के कारणों में उसके व्यक्तिगत व सामाजिक कुप्रभावों को निरूपित किया गया है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह माना जाता है कि मद्य की अल्पमात्रा (6–10 मिली.) औषध, ताजगी, ज्वर–शमन आदि अनेक कारणों से लाभदायी हो सकती है पर अधिक मात्रा हृदय, यकृत, वृक्क तथा मस्तिष्क के कुछ सक्रिय भागों को प्रभावित करती है। इस कारण ही सुखाभास, मोहकता एवं असामाजिकता के लक्षण प्रकट होते हैं। यह सुखाभास की अनुभूति ही इसके व्यसन का कारण बनती है। शास्त्रों मे मद्य के जिन प्रभावों के वर्णन हैं, वे अधिक मात्रा में मद्यपान से शरीर–तंत्र के विभिन्न घटकों पर होने वाले प्रभावों के निरूपक हैं। वैज्ञानिकों ने इन दृष्ट प्रभावों के अन्तरंग कारणो का भी ज्ञान किया है। उनकी शोधो ने यह भी बताया है कि अफीम मे विद्यमान कोडीन–मोर्फीन, गाजे–चरस–भाग में विद्यमान कैनोविनोल की क्रिया भी, सरचनात्मक भिन्नता के बावजूद भी, शरीर–तंत्र के सक्रिय अवयवों पर मद्य के समान ही होती है। एल. एस. डी., हीरोइन और वर्तमान स्मैक के भी समरूप प्रभाव होते हैं। ये मद, मोह एवं विभ्रम उत्पन्न करते हैं। वैज्ञानिक मद्यपायी की विभिन्न निन्दनीय एवं असामाजिक प्रवृत्तियो की भली–भांति व्याख्या कर सकता है। अतः औषधीय या बाह्यतः सम्पर्कित (मर्दनादि) मद्यमात्रा से अधिक मद्यपान हमारे लिये हानिकारक है। इस प्रकार, स्थावर–जीवघात, मादकता, विकृति एवं अनुपसेव्यता (लोक विरुद्धता) के कारणों से मद्य की अभक्ष्यता और भी प्रयोगसिद्ध रूप से पुष्ट हुई है। इसमें उत्पाद दोष भी है और प्रभाव दोष भी। उनमें उत्पाद दोष चाहे न भी हो, प्रभाव दोष तो है ही। इससे भारत सरकार तक चिन्तित है। सरकार दृश्य–श्रव्य एवं दूरदर्शन के माध्यम से इनके कुप्रभावों के प्रति जनजागरण कर रही है। जैनों के लिये यह प्रसन्नता की बात है।

(2) मक्खन

मद्य के समान मक्खन को भी विकृति माना गया है। पर यह मान्यता कब प्रचलित हुई, यह स्पष्टतः ज्ञात नहीं क्योंकि इसका उल्लेख अनेक आगमों में भी है। आ. हरिभद्र, अमृतचंद्र, अमितगति, आशाधर तथा दौलतराम कासलीवाल[22] ने बताया है कि दूध से बने दही को मथकर मक्खन निकालने के बाद उसे एक–दो मुहूर्त (1–$1\frac{1}{2}$ घंटे) में तपाकर घृत के रूप में परिणित कर लेना चाहिए। इसके बाद मक्खन में उसी वर्ग के असंख्यात संम्मूर्छन जीव उत्पन्न होते रहते हैं। इसके खाने से मधु और मांस के समान दोष

होता है। वस्तुतः मक्खन दूध या मलाई के आंशिक किण्वन से प्राप्त होता है। उग्रादित्य ने बताया है कि इसके गुण दूध से मिलते–जुलते हैं।[23]

1. दूध : शीत, मधुर, चिक्कण, हितकर, रोगनाशक, कामवर्धक, पुष्टिकर, अमृत
2. मक्खन : शीत, मधुर–अम्ल, पथ्य, हितकर, रोगनाशक, अतिवृष्य
3. घृत : शीत, पाचक, दृष्टिवर्धक, रोगनाशक मेध्य, पुष्टिकर, रसायन
4. दही . उष्ण, अम्ल, चिक्कण, मलावरोधी, वातनाशक, वृष्य, विषहर, गुरु
5. तक्र : उष्ण, अम्ल, रूक्ष, कषाय, मलशोधक, कफनाशक–अग्निवर्धक, लघु

दूध और मक्खन में यह अन्तर है कि दूध मे पानी अधिक, वसा कम होता है और मक्खन में वसा अधिक (85%) और जल तथा अन्य पदार्थ कम (15%) होते हैं। वस्तुत मक्खन बनाने की प्रक्रिया दूध के तैल–जल इमल्शन को जल–तैल इमल्शन मे परिवर्तन करने की प्रकिया है। इसे सरल करने के लिये यह पाया गया कि यदि प्रासुक या पैस्चुरीकृत दूध या मलाई को लैक्टिक एसिड बैसिली नामक बैक्टीरियाई किण्व या तद्युक्त दही, तक्र या अम्ल पदार्थों से ऋतु व तापमान के अनुसार 10–18 घटे तक उपचारित किया जाए, तो दूध का वसीय भाग किंचित् किण्वित होने के कारण सरलता से पृथक किया जा सकता है। इस क्रिया में दूध के कुछ विलेय अश खट्टे लैक्टिक अम्ल या दही में परिणत होकर मक्खन में कुछ खटास पैदा करते हैं और उसे लैक्टिक स्वाद व गन्ध देते हैं। फलतः मक्खन में न केवल दूध की वसा ही रहती है, अपितु उसमें विद्यमान कैल्सियम आदि प्रोटीन भी रहते हैं।

इस प्रकार, हम देखते हैं कि मक्खन प्राप्त करने में बैक्टीरियाई परिवर्तन होता है। ये बैक्टीरिया एक–कोशिकीय सूक्ष्म जीवाणु माने जाते हैं और अपने विकास के समय दूध के वसाविहीन कुछ अवयवों को लैक्टिक अम्ल जैसे पाचक घटकों में परिणत कर उसे और भी उपयोगी बनाते हैं। इसी आधार पर दही और मटठे को स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम खाद्य माना गया है। वस्तुत. दही, तक्र और मक्खन : सभी दूध की विकृतियां हैं। इसीलिए आज इन्हें भोजन का अनिवार्य घटक माना जाता है। फलतः यह स्पष्ट है कि मक्खन का प्रभाव उत्तम है। सम्भवतः यही कारण है कि पहले इसे अभक्ष्य नहीं माना जाता था। इसकी अभक्ष्यता की मान्यता उत्तरवर्ती है। इसमें शास्त्रीय दृष्टि से उत्पाद दोष माना जाता है, परन्तु प्रभाव दोष नहीं। अतः मद्य के विपर्यास में, यह बहुफल–अल्पघाती है और मद्य निषेध की तुलना में, इसके विषय में अल्प विवरण ही मिलता है। यदि बुद्धि एवं वीर्य–वर्धकता कोई दोष है, तो मक्खन निश्चित रूप से इस दोष से दूषित

है। वैज्ञानिक दृष्टि से, मक्खन वसीय होने से उसमें शरीर तंत्र के चालन के लिये अन्न की तुलना में दुगुनी ऊर्जा प्रदान करता है, अनेक विटैमिन और लवण प्रदान करता है। इस आधार पर मक्खन की अभक्ष्यता गृहस्थों के लिये उतनी महत्त्वपूर्ण न हो जितनी साधु के लिये, सम्भावित है।

(3-4) चलितरस और द्विदल

'चलितरस' शब्द से ऐसे खाद्य पदार्थों का बोध होता है जिनके प्राकृतिक रस या स्वाद में कुछ दिनो रखे रहने पर, किण्वित होने पर और सम्भवत: संघनित करने पर परिवर्तन आ गया हो। वैज्ञानिक दृष्टि से तो दूध को भी चलितरस मानना चाहिये, क्योंकि यह अनेक प्रकार के आहार-घटकों के जीव-रासायनिक परिवर्तन के फलस्वरूप स्रवित होता है। पर यह खट्टा नहीं होता, अतः इसे चलितरस या विकृति नहीं माना जाता। इसीलिये इसके उपयोग में धार्मिक प्रतिबन्ध नहीं है। पर इसके किण्वन से उत्पन्न सभी उत्पाद चलितरस होते हैं। सम्भवतः घी चलितरस इसलिये नहीं माना जाता कि वह भी खट्टा नहीं होता। यह सामान्य धारणा है कि जल युक्त, बासी खाद्य पदार्थ (इन्हें वायुजीवी जीवाणु अपना घर बनाकर, विकसित होते समय अंशतः विदलित करके उनमें खटास ला देते हैं) अथवा किण्वन क्रिया से तैयार किये पदार्थों में विकृति के कारण खटास आ जाती है और वे विकारी हो जाते हैं। इस दृष्टि से सभी दक्षिण भारतीय प्रमुख खाद्य (इडली, डोसा, उत्तपम्, ढोकला, मट्ठा आदि) अभक्ष्यता की कोटि में आते हैं। उत्तर भारत की जलेबी, बड़ा, छोले-भटूरे, दहीबडा, आधुनिक युग की ब्रेड-बिस्किट आदि और नान, खमीर का चूर्ण, बासी रोटी और भात, नीबू का सिरका आदि भी चलितरस मे ही समाहित होते हैं, क्योकि उपरोक्त सभी पदार्थ मूल खाद्यों के किण्वन से तैयार किये जाते हैं। सम्भवतः इस प्रक्रम से बननेवाला सर्वप्रथम खाद्य 'मदिरा' ही होगी, चलितरसों के भक्षण में भी मदिरा के समान दोष माना गया है।

अहिंसा की सूक्ष्म धारणा एवं प्राकृतिक चिकित्सको के मत से हमारे आदर्श आहार में प्राकृतिक पदार्थों के सामान्य या उबले हुए रूप, उनके पीसने या उबालने से प्राप्त चूर्ण या रस एवं दूध-फल ही होना चाहिये। परन्तु मानव ने यथासमय आकस्मिक रूप से अनुभव किया कि खाद्यों को अग्नि पर पकाने से या किण्वित कर उपयोग करने से उनकी सुपाच्यता एवं रसमयता अधिक रुचिकर हो जाती है। इन क्रियाओ में खाद्यों के दीर्घाणु किंचित् वियोजित होकर लघु हो जाते हैं, जिससे उनके स्वांगीकरण में पाचनतंत्र को भी कम मेहनत करनी पड़ती है। इसलिये कच्चे, उबले या अकिण्वित खाद्यों की तुलना में सामान्य आहार में अन्य प्रकार के खाद्य अधिक होते हैं। इनकी अभक्ष्यता का आधार इनमे जीवाणुओं (यीस्ट,

बेक्टीरिया, फंजाई) की उत्पत्ति माना जाता है जो अहिंसक दृष्टि का निरूपक है। पर ये सभी जीवाणु अब वनस्पति कोटि के ही माने जाते हैं और ये ही किसी न किसी रूप में हमारे आहार के घटक हैं। इन जीवाणुओं की एक विशेषता यह भी है कि ये प्रायः एककोशिकीय हैं और जीवन तत्त्व के निम्नतम स्तर के निरूपक हैं। इनकी तुलना में, अन्य् वनस्पतियां बहुकोशिकीय होती हैं। वस्तुतः 'विश्वग् जीवचिते लोके' में शरीर और परिवेश में व्याप्त इन्हीं सूक्ष्म जीवाणुओं का उल्लेख है। इनके बिना हम जीवित ही कैसे रह सकते हैं? यहां यह सूचना भी मनोरजक होगी कि आचाराग–चूला में अनेक प्रकार के धोवनों (आटा, तिल, तुष, चावल, माड आदि) की भक्ष्यता चलित–रस (खट्टे) होने पर ही मानी गई है। आगमो मे अन्यत्र भी ऐसे खट्टे पान–भोजनों का उल्लेख है। यद्यपि यह विवरण श्रमणों के लिये है, फिर भी यह तो स्पष्ट है कि यह चलितरसता किण्वन या विकृति के बिना नहीं हो सकती है। स्वास्थ्य की दृष्टि से ऐसे धोवन सुपाच्य एव पाचक होते हैं। फलतः चलितरसी पदार्थों की अभक्ष्यता की समग्र धारणा पुनर्विचार चाहती है। इसका आधार उत्पाद दोष न होकर शरीर एव मन पर होनेवाला शुभाशुभ प्रभाव माना जाना चाहिये।

हेमचन्द्राचार्य और सोमदेव ने द्विदल को अभक्ष्य बताया है। इसका सामान्य अर्थ ऐसे अन्नों से है जिनके दो समान टुकड़े किये जा सकते हैं। प्रायः सभी दलहन द्विदल होते हैं। शास्त्रों में पुराने द्विदल को अभक्ष्य कहा है क्योंकि बरसात मे, पुराने हो जाने पर या अन्य परिस्थितियों मे वे घुन जाते हैं, उनमे जीवाणु तो क्या, त्रस जीव भी पाये जाते हैं। यह सामान्य अनुभव की बात है। इससे पुराने द्विदल चलित रस भी हो जाते हैं। अतः जीवघात की दृष्टि से इनकी अभक्ष्यता निर्विवाद है। यही नहीं, यह भी बताया गया है कि द्विदलों को कच्चे दूध या उससे बने दही–मट्ठे के साथ नहीं खाना चाहिये। इससे बूंदी का रायता, बड़े, धोल बड़े आदि सभी अभक्ष्यता की कोटि मे आ जाते हैं। द्विदलों की अभक्ष्यता से हमारे आहार का एक प्रमुख प्रोटीनी घटक ही समाप्त हो जायेगा। शास्त्रीय दृष्टि से, ऐसे खाद्यों में सूक्ष्म जीवाणु उत्पन्न हो जाते हैं। यह तो वातावरण एवं किण्वन का प्रभाव है। आशाधर ने इस विषय में कुछ उदारता दिखाई है। वे पकाये हुए दूध से बने दही–मट्ठे से मिश्रित द्विदल को भक्ष्य मानते हैं। फलतः द्विदल एवं दही–मट्ठा मिश्रित द्विदल खाद्यों की अभक्ष्यता पुराने या विकृत द्विदलों पर ही लागू माननी चाहिये, नये द्विदलों पर नहीं। अतः द्विदल के बदले विकृत या पुराने 'द्विदल' शब्द का उपयोग करना चाहिये। फिर भी, यदि चलितरस की अभक्ष्यता है, तो आशाधर का मत खंडित ही रहेगा। यदि किण्वन से प्राप्त पदार्थों की कोटि एक ही बनाई जाती, तो अधिक अच्छा था। इससे अभक्ष्यों की संख्या कम होगी।

2. परिरक्षित खाद्य : (5) अचार–मुरब्बा

वर्तमान युग में अचार–मुरब्बा या संधानित खाद्यों को परिरक्षित खाद्यों की कोटि का प्रतिनिधि मानना चाहिए। सम्भवतः सर्वप्रथम बाईस अभक्ष्यों की धारणा के विकास के समय ही इन खाद्यों को अभक्ष्यता की कोटि में विशिष्ट नाम देकर रखा गया। यही कारण है कि प्राचीन ग्रन्थों में इनका नाम नहीं मिलता। धर्मसंग्रह में संधानों की अभक्ष्यता का कोई कारण नहीं बताया गया है, पर जैन–क्रिया–कोश में कहा गया है कि जब आम, नींबू आदि में राई, कलौंजी आदि मिला कर तैल मिलाया जाता है, तब उनमें अनके त्रसजीव उत्पन्न होते हैं। अतः इनके खाने से मांस–दोष लगता हैं। सम्भवत. आज का सामान्य शिक्षित व्यक्ति इस कथन को नहीं मान सकेगा। यही कारण है कि अचार–मुरब्बा आदि परिरक्षित पदार्थों का सेवन स्वाद, स्वास्थ्य एवं रसमयता के कारण दिनोंदिन बढ़ रहा है।

वस्तुतः प्रत्येक व्यक्ति इस तथ्य से परिचित है कि सामान्य हरे फल या भोज्य पदार्थ विशिष्ट ऋतुओं में पैदा होते हैं और वे कुछ समय बाद आन्तरिक एव बाह्य जीवाणुओं के प्रभाव से विकृत होने लगते हैं। उनकी बहुत दिनों तक उपयोगिता बनाये रखने के लिये यह आवश्यक है कि उनमे विकारोत्पादी घटकों की सक्रियता को समाप्त कर दिया जाए। नमक, तेल, शक्कर, सिरका आदि पदार्थ यह काम सरलता से करते हैं। आजकल सोडियम बेन्जोएट के समान अनेक रासायनिक पदार्थ भी इस काम आते हैं। अचार प्रायः खट्टे माने जाते हैं और मुरब्बे मीठे। पर आजकल मीठे अचार भी बनने लगे हैं। इसमें परिरक्षकों के अतिरिक्त अन्य घटकों को मिलाने से उनकी उपयोगिता औषधीय दृष्टि से भी बढ जाती है। यही नहीं, उनकी विकृति रुक जाने से परिरक्षित पदार्थों को वर्ष की सभी ऋतुओ में काम में लिया जा सकता है। तकनीकी दृष्टि से अचार–मुरब्बे बनाने की इस क्रिया को ही 'परिरक्षण' कहते हैं। इस विधि के विकास से अब आम–नींबू की तो बात ही क्या, गाजर, मूली, अदरक, मिर्च, गोभी, करेला आदि अनेक शाक–भाजियों के अचार–मुरब्बे बनाये जाने लगे हैं। यद्यपि ये खाद्य हमारे आहार के अल्पमात्रिक घटक हैं और खाद्य कोटि में आते हैं, फिर भी इनके उपयोग से भोजन का पाचन और उद्दीपन सरल हो जाता है। इनमें विद्यमान घटक स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। आंवले के मुरब्बे से कौन परिचित नहीं है ? यह तो औषधिक भी है। आंवले और आयुर्वेद का अविनाभाव सम्बन्ध है।

आज के युग में अचार–मुरब्बों की कोटि के पदार्थों की विविधता बढ़ी है। इनमें टमाटर आदि के सांद्रित रसों से कैचप, सॉस, स्क्वैश आदि समाहित हैं। ये परिरक्षित कर वर्ष भर मिलते रहते हैं। अनेक फलों के रसों व खंडों से बने हुए जैम और जैली भी परिरक्षित पदार्थ हैं। वस्तुतः आजकल

खाद्य–बाजार में जाने पर ऐसा लगता है कि अब परिरक्षित खाद्यों एव पेयों का ही युग आ गया है। अंब्रोशिया की डिब्बे बन्द स्वादिष्ट खीर तो हमारे घरों में भी नहीं बनती।

जनसंख्या की वृद्धि एवं जीवन की जटिलता एवं व्यस्तता ने मानव को इतना विवश कर दिया है कि वह परिरक्षित खाद्यों पर ही निर्भर रहने लगा है। इसीलिये अब प्रत्येक खाद्य के परिरक्षित रूप में मिलने की योजनायें चलने लगी हैं। भारत में भी यह प्रक्रिया तेजी से विकसित हो रही है। परिरक्षण की भी अनेक भौतिक एवं रासायनिक विधियों का विकास हुआ है। प्रशीतन और वायुरोधी डिब्बाबन्दी ऐसी ही विधियां हैं। घरों में रेफ्रीजरेटर और बाजारों में प्रशीतन भंडारों में सब्जियों को प्रशीतित कर रखा जाने लगा है। बर्फ के तापमान पर जीवाणु खाद्यों को विकृत नहीं कर पाते। वायुरोधी डब्बाबंदी भी प्रशीतन के सहयोग से काम करती है। इससे दो लाभ होते हैं– वायु के जीवाणु एवं ऑक्सीजन से पदार्थों का विकृतिकरण रुक जाता है और प्रशीतन से विकृतिकरण की समय–सीमा में वृद्धि हो जाती है। अनेक लेखक इन विधियों के कुछ दुष्प्रभावों की ओर सकेत देते दिखते हैं, पर यह तो 'अति सर्वत्र वर्जयेत्', की उक्ति को ही चरितार्थ करता है। प्रत्येक प्रक्रिया की अपनी सीमा और सावधानी तो ध्यान में रखनी ही चाहिये। यदि इन सकेतों का पालन न किया जाए, तो शायद ही किसी खाद्य का उत्पादन उसे विकृत दिखे। प्राकृतिक खादो के बदले कृत्रिम खादों का उपयोग, कीटमार दवाओ का प्रयोग आदि विकृति के कारण बताये जा रहे हैं।

परम्परागत श्रावकों के घरों में विभिन्न ऋतुओं की हरी सब्जियो और भाजियों को सुखाकर और यथावश्यकता खाने का रिवाज है। इस प्रक्रिया में, यदि गृहणियां खाद्यों को सुखाने से पूर्व उन्हें अच्छी तरह जीवाणुनाशी रसायनों के घोल में धोकर साफ कर लें, तो ज्यादा लाभ रहता है। सूखने से सब्जियों का जलांश काफी कम हो जाता है और उनमें विद्यमान प्राकृतिक परिरक्षकों की मात्रा बढ़ जाती है। दोनों ही स्थितियां जीवाणुओं या वायु द्वारा उनके विकृतिकरण को रोकती हैं।

इस विवरण से स्पष्ट है कि परिरक्षित खाद्यों में जीवघात, अतएव अभक्ष्यता का प्रश्न विचारणीय है। हां, यह बात अलग है कि परिरक्षण के लिये आवश्यक प्रक्रिया एवं सावधानियों में प्रमाद किया गया हो। ऐसी स्थिति में खाद्य विकृत, फलतः अभक्ष्य हो जाएंगे।

3. त्रस/स्थावर जीवघात : (6) मधु या शहद

शास्त्रों में तीन मकारों की अभक्ष्यता में मधु का नाम भी समाहित है[24]। निशीथचूर्णि में कौंतिय, माक्षिक एवं भ्रामर – तीन प्रकार का मधु बताया

गया है। इस युग में भी दूध, दही, घी और मक्खन भोजन के सामान्य घटक थे। साधुओं के लिये भी ये ग्राह्य थे। कौंतिय मधु तो आम्र-लतिकाओं से प्राप्त होता है। माक्षिक एवं भ्रामर के नाम ही उनके स्रोतों को व्यक्त करते हैं। मधु को अप्रशस्त विकृति का पदार्थ माना गया है। यह विकृति इसलिये है कि यह मधुमक्खियों या प्राणियों के संघात से उत्पन्न होता है और उनके लार से संपृक्त होने से अशुचि कहा जाता है। इसके खाने से सात गावो के जलाने के बराबर पाप लगता है। मधुमक्खिया पुष्पों के रसों को पीकर उसका वमन करती हैं, अतः यह उच्छिष्ट है। इसे हिंसक पुरुष ही खाते हैं। इसे औषधि के रूप में खाने पर भी दुःख होता है।

मधु में उत्कृष्ट कोटि की मधुरता होती है, इसलिये इसे मधु कहा गया है। रासायनिक दृष्टि से यह ग्लूकोस और फ्रक्टोस का समपरिमाणी मिश्रण होता है। उसे खाने पर ऊर्जा एवं ताजगी मिलती है। उग्रादित्य ने इसे रसायन माना है। इसे दूध के साथ लेने पर पीलिया दूर होता है। प्राचीन समय में इसे प्राप्त करने में निश्चित रूप से पर्याप्त त्रसघात होता था, पर नये युग में स्थिति बदल गई है। अब मधु संश्लेषित रूप में भी आता है। यह आहार का सामान्य घटक भी नहीं है। यह प्रायः औषधों में लेह्य या विपरिवर्तित होकर मधु के समकक्ष हो जाता है। प्राकृतिक मधु उत्पादन दोष से अभक्ष्य माना जाता है, प्रभाव दोष से नहीं। इसका उत्पादन-दोष मक्खन से उच्चतर जीवघात की कोटि का है।

(7) मांस

अहिंसक जैनाचार में मांस और उसके विविध रूपों एवं उत्पादो को नितान्त अभक्ष्य माना गया है। अभक्ष्यता के अनेक आधारो मे त्रस और स्थावर जीवघात इसके लिये उत्तरदायी हैं। इस विषय में शास्त्रों में दिये गये तथ्य सारणी 5 में प्रस्तुत किये गये हैं जहां एतत् सम्बन्धी वैज्ञानिक मान्यताऐं भी दी गई हैं। इससे स्पष्ट है कि जहा मांसप्रेमी पूर्वी संस्कृतियो में इसे धार्मिक या अन्य रूप से परोक्ष मान्यता दी गई है, वहीं पश्चिमी जगत् ने कुछ वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर इस दिशा में अपना पक्ष प्रबल किया है। पर बीसवीं सदी के मध्य से इसके ऐसे अनेक दोष सामने आते हैं कि सामान्य विवेकशीलजन इस ओर अरुचि प्रदर्शित करता दिखता है। दिल्ली में आयोजित शाकाहार सम्मेलनों में विभिन्न आहार विशेषज्ञों ने मांस भक्षण से होने वाली अनेक शारीरिक और मनोवैज्ञानिक हानियों का प्रयोगसिद्ध विश्लेषण कर हमें जागरुक बनाया है और जैन मान्यता की पुष्ट किया है। यद्यपि वैज्ञानिकों ने हमारे शास्त्रीय तर्कों को स्थूल माना, और योग साधक[25] भी आहार की प्रकृति का प्रारम्भिक महत्त्व नहीं मानते, फिर

भी वे यह कहते हैं कि सच्चा योगी शाकाहारी होकर ही रहेगा। शाकाहार सात्विक है और अशाकाहार राजसिक या तामसिक है। वैज्ञानिक अध्ययनों से एक ओर मांसाहार की अनेक हानियां सामने आई हैं, वहीं शाकाहार के गुणों का भी निदर्शन हुआ है। अतः मांस की शास्त्रीय अभक्ष्यता उत्पादन और प्रभाव दोषों के आधार पर और भी परिपुष्ट हुई है।

सारणी 5 – मांस सम्बन्धी शास्त्रीय और वैज्ञानिक सूचनाएं

शास्त्रीय सूचनाएं		वैज्ञानिक सूचनाएं	
1. उत्पादन			
(1)	जीवों के शरीर में मास का निर्माण आहार के सप्त धातुमय परिवर्तन से होता है।	(1)	जीवों के शरीर में मांस का निर्माण आहार के सप्त धातुमय परिवर्तन से होता है।
(2)	यह प्राणियों के घात से उत्पन्न होता है।	(2)	यह उच्चतर कोटि के प्राणियों के घात के उत्पन्न होता है। वैज्ञानिक विधियों ने इस प्रक्रिया को प्रतिरोधी एव अ–जुगुप्सनीय बना दिया है।
(3)	मास में सदैव सूक्ष्म जीवाणु रहते हैं।	(3अ)	इसमें सदैव सूक्ष्म जीवाणु उत्पन्न होते रहते हैं। हिमीकरण से यह प्रक्रिया निरुद्ध होती है।
		(3ब)	सूक्ष्मदर्शी से ज्ञात होता है कि मास सूक्ष्म रेशों के बंडलों एव ऊतकों का समुदाय होता है। इसमें जल, वसा, प्रोटीन, खनिज लवण तथा विटामिन होते हैं। इसके प्रोटीन की कोटि उत्तम होती है।
(4)	मास में अरुचिकर गंध होती है।	(4)	इसके गध की अरुचिकता व्यक्तिगत रुचियों पर निर्भर करती है।
(5)	मास क्षुद्र पशुओं के लार के समान अपवित्र है।	(5)	मास की अपवित्रता विज्ञानसम्मत नहीं है। यह व्यक्तिगत रुचि का विषय है।
2 तर्क सगति			
(1)	अन्न की तरह मांस की भक्ष्यता की धारणा स्त्री एव माता की भोग्या–भोग्यता की मनोवृत्ति के समान है।	(1)	इससे शरीर तंत्र को वसा एव प्रोटीन की उच्च या अधिक मात्रा मिलती है। इससे शरीर को ऊर्जा अधिक प्राप्त होती है।
(2)	–	(2)	इसमें विद्यमान आहार–घटक सुपाच्य होते हैं और उनका जैवमान उच्च होता है।
(3)	आहार–घटकों की लोक मर्यादा होती है। गाय का दूध भक्ष्य है, पर उसी से उत्पन्न मांस अभक्ष्य है। लोक मर्यादा मांस की अभक्ष्यता का समर्थन करती है।	(3)	विश्व की अधिकांश जनसख्या इसे आहार–घटक के रूप में ग्रहण करती है। अतः लोक मर्यादा का प्रश्न नहीं है।

(4)	मांस जीव के शरीर से प्राप्त होता है, पर प्रत्येक जीव (वनस्पति) का शरीर मासमय नहीं होता।	(4)	–
(5)	यह तामसिक प्रवृत्ति को जन्म देता है।	(5)	मासाहार और तामसिक प्रवृत्ति का कोई सरल सम्बन्ध नहीं है। पर योगी ऐसा नहीं मानते।
	3. प्रभाव दोष		
(1)	मास भक्षण में द्रव्यहिसा और भावहिंसा – दोनो होती है।	(1)	मास भक्षण हिंसा–पूर्वक होता है।
(2)	मांस भक्षण से इन्द्रियों मे मादकता आती है	(2)	शाकाहार की तुलना मे यह दुष्पाच्य है, अत. गरिष्टता का अनुभव होता है।
(3)	मास भक्षण न करने का महाफल होता है। यह न करना चाहिये, न कराना चाहिये और न ही इसकी अनुमोदना करनी चाहिये।	(3)	–
		(4)	इससे शरीर तंत्र में कोलस्टेरोल एव संतृप्त वसीय अम्लों की मात्रा अधिक पहुचती है। इससे रक्तचाप, हृदयरोग, कैंसर, अस्थिरोग, मधुमेह आदि रोगों की बहुत सम्भावना होती है।
		(5)	इससे विषाक्तता की सम्भावना रहती है।
		(6)	इसमें रेशे कम होने के कारण मधुमेह नियत्रण क्षमता नहीं होती।
		(7)	इसका मूल्य भी अधिक होता है।

मास की अभक्ष्यता की चर्चा में इस शब्द को व्यापक अर्थ में लेना चाहिये। फलत इसके अन्तर्गत मछली, अंडे आदि सभी उच्चतर कोटि के जीवों या उनसे निष्पन्न पदार्थों को मानना चाहिये। इस प्रकार व्यापक रूप से सभी मांसीय पदार्थ अभक्ष्यता की कोटि में समाहित होते हैं।

(8–12) पंच उदुम्बर फल

पच उदुम्बर फलों (बड़, ,पीपल, पाकर, ऊमर, कठूमर) की अभक्ष्यता का कारण स्पष्ट है। ये क्षौरी वृक्षों के फल हैं। इन फलों को तोड़ने पर दुग्धसम द्रव स्रवित होता है। इन फलों में अनेक प्रकार के जीव आंखों से ही देखे जा सकते हैं। इनमें इनके अतिरिक्त अन्य प्रकार के सूक्ष्म जीव भी सम्भावित हैं। इन्हें पूर्णतः पृथक् कर साफ भी नहीं किया जा सकता। फिर भी कटु, रुक्ष, कषाय एवं शीतवीर्य होने के कारण द्रव्य–गुण विज्ञानी इनका अनेक औषधियों में प्रयोग करते हैं। सामान्य जैन गृहस्थों में इनका इस रूप में भी उपयोग नहीं किया जाता।

(13) अनन्तकायिक या कन्दमूल वनस्पति

सामान्यतः ये वे वनस्पति हैं जिनके खाद्य–अंश मुख्यतः जमीन के अन्दर पैदा हाते हैं, पर इनके पौधे जमीन के ऊपर रहते हैं। इसीलिये इन्हें गढ़न्त भी कहते हैं। इन्हें अनन्तकायिक इसलिये कहते हैं कि इनके अनेक भागों से तज्जातीय नये पौधे जन्म ले सकते हैं। इनका प्रत्येक फल अनेक जीवयोनि–स्थान माना जाता है। इनके भक्षण से, प्रत्येक वनस्पति की तुलना में, अधिक हिंसा सम्भावित है, अतः इन्हें अभक्ष्य कोटि में माना गया है। सामान्यतः इनमें बाहरी जीवाणु नहीं होते, लेकिन वे परिवेश की विकृति से उत्पन्न हो सकते हैं। इस श्रेणी के खाद्यों में मूली, गाजर, अदरक, हल्दी, मूगफली, आलू, घुइयां, शकरकन्द, जमीकन्द, चुकन्दर, सूरण, शलजम, मुरार, लहसुन और प्याज आदि समाहित होते हैं। इनमें प्याज, लहसुन, प्रकृत्या हरी और शुष्क दोनों प्रकार की मिलती हैं। हल्दी और अदरक को सुखाकर रखा जा सकता है। मूली–गाजर नहीं सुखाये जाते, पर उनको अचार बनाकर परिरक्षित किया जा सकता है। मूगफली सवल्कल होने के कारण भक्ष्यता की दृष्टि से कभी विवादग्रस्त नहीं रही। शाक–भाजियों के सम्बन्ध में तो सचित्त–अचित्त का विचार भी किया गया है, पर कन्दमूलो के सम्बन्ध में यह चर्चा नहीं मिलती। आगमकाल से साधु के लिये और बाद में गृहस्थ के लिये इनकी अभक्ष्यता का विधान है। साध्वी मजुला ने अचित्त करने पर इनकी सामान्य भक्ष्यता प्रतिपादित की है।

इस कोटि के पदार्थों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है . (1) शर्करा या कार्बोहाइड्रैटी (धान्यों के समान आलू, घुइया, विभिन्न कन्द आदि) और (2) अ–कार्बोहाइड्रेटी (मूंगफली, अदरक, हल्दी आदि)। इनमें से अधिकाश का रासायनिक सघटन ज्ञात किया जा चुका है। इनमें शाकों की तुलना में जलाश कम होता है। इनकी सैद्धान्तिक अनन्तकायता के बावजूद भी, खाद्य–घटकीय उपयोगिताए बहुमूल्य हैं। एक ओर मूली, गाजर, अदरक, प्याज, लहसुन, हल्दी आदि हमारे शरीर के लिये आवश्यक खनिज, विटामिन एव रोग–प्रतिरोध क्षमताजनक घटक प्रदान करते हैं, वहीं दूसरी ओर आलू, शकरकन्द, चुकन्दर आदि सरलतः सुपाच्य शर्करायें प्रदान करते हैं। इसीलिये आगमों में इन्हें कच्चा खाने का निषेध तो है, पर पकाकर, तलकर (निर्जीवीकरण, अचित्त) खाने का निषेध नहीं है। रोगी को स्वस्थ होने के लिये डॉक्टर आलू खाने का निर्देश देते हैं। लू लगने से बचने के लिये महिलायें अभी भी यात्रा के समय गांठ में कुछ पैसों के साथ प्याज की गांठ बाधती हैं। लहसुन तो रक्तचाप, गैस आदि अनेक बीमारियां दूर करता है। उसके सत्व से निर्मित बिस्किटें आज बाजार में खूब मिलती हैं। हल्दी की उपयोगिता प्रसवोत्तरा महिला से पूछिये।

जीव की संरचना के कोशिकीय संघटन के आधार पर वनस्पतियों का प्रत्येक और अनन्तकायिक रूप में वर्गीकरण अब एक ऐतिहासिक तथ्य है। दोनों प्रकार के वनस्पति बहुकोशिकीय पाये गये हैं और प्रत्येक जीव अपने विकास के समय नित नयी सजीव कोशिकायें बनाता और नष्ट करता रहता है। यही नहीं, शास्त्रीय परिभाषानुसार गन्ना आदि की अनन्तकायिकता स्वय आपतित है जिसके प्रत्येक पर्व से पृथक्–पृथक् इक्षु वृक्ष उत्पन्न होते हैं। इसकी तो भक्ष्यता ही प्रचलित है। इसी प्रकार बहुबीजक भी अनन्तकायिक ही माने जाएंगें। इनकी अलग कोटि क्यों बनाई गई, यह अन्वेषणीय है।

शरीर के स्वास्थ्य की अनुकूलता एवं विशिष्ट आहार–घटकों की पूर्ति के आधार पर भक्ष्याभक्ष्यता को निरूपित करने में अनेक लोग इनकी गध के कारण इन्हें नहीं खाते। तामसिकता उत्पन्न करने की बात कहकर लोक–रुचि–विरुद्धता के कारण भी लोग इन्हें नहीं खाते। यह सम्भव है कि इन्हें आहार का चावल–दाल के समान बहुमात्रिक घटक मानने पर यह सत्य हो, पर अल्पमात्रिक घटक (मसाले व चटनी के समान) के रूप में इन्हें लेने पर यह दुर्गुण उत्पन्न नहीं करता और रोग–प्रतिकार–क्षमता बढती है। आचार्य जैन[26] ने इस सम्बन्ध मे धर्म एवं स्वास्थ्य की मान्यताओं के इस अन्योन्य–विरोध पर किंचित् विचार किया है। फलतः इस कोटि के पदार्थों को अभक्ष्यता की कोटि में सम्मिलित करने में कोई आचारगत पवित्रता का उद्देश्य प्राप्त होता हो, ऐसा नहीं लगता। इनका उपयोग न करने वाले लोगों में भी वे सभी गुणावगुण पाये जाते हैं जो अन्यों में होते हैं। कभी–कभी तो उनके अवगुणों की तीक्ष्णता परेशान कर देती है। अभी एक प्रमुख मासिक[27] के अनुसार एक डाक्टर से शाकाहार के सम्बन्ध में प्रचलित कुछ लोकोक्तियों की वैधता की बात पूछी गई, तो उन्होंने इसे स्पष्ट रूप से अमान्य किया। सम्भवतः उनका आशय था कि लोकोक्तिया देश–काल सापेक्ष धारणाओं पर चल पडती हैं। आज के विस्तारवान विश्व के युग में उनकी व्यापकता का मूल्याकन किये बिना उन्हें सार्वत्रिकता का रूप कैसे दिया जा सकता है ? क्या हम संत ईसा, मूसा या जरथुस्त के योगदानों को नकार सकते हैं। ललवानी ने सही प्रश्न किया है–जो वस्तु हिसा से उत्पन्न होती है, उसका उपयोग या उपभोग कर हम हिंसा से कैसे बच सकते हैं ? हमारे यहां कृत, कारित और अनुमोदन का सिद्धान्त प्रचलित है, तब हिंसा से उत्पन्न द्रव्य को उपयोग में लेना हिंसा कैसे नहीं है ? सचित्त को अचित्त बनाने में भी तो जीवघात होता है ? यह तो अच्छा है कि सारा संसार जैन नहीं है, नहीं तो उसके पास सिवाय संल्लेखना के अवलम्बन के बिना कोई रास्ता ही नहीं रहता। अहिंसा की इतनी सूक्ष्म विचारणा उत्तरवर्ती आचार्यों की देन है और उसमें व्यावहारिकता का भी लोप हो गया लगता है। अतः कन्दमूल और अन्य खाद्यों की अत्यधिक अभक्ष्यता पर वर्तमान युग में

पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। इसका आधार हिसा–अहिसा की धारणा के साथ–साथ वैज्ञानिक भी होना चाहिये। साध्वी मजुला ने सुझाया है कि जैनों की एतत्सम्बन्धी धारणा मनुस्मृति एव याज्ञवल्क्य स्मृति की प्रभावशीलता को व्यक्त करती है। उपरोक्त विवरण से यह भी स्पष्ट है कि सभी कन्दमूल आहार के अल्प–मात्रिक घटक ही हैं, इसलिये भी इनकी अभक्ष्यता विचारणीय हैं।

(14–15) बहुबीजक और बैंगन

बहुबीजक वनस्पति ऐसे पदार्थ हैं जिनमे एकाधिक बीज होते हैं, जो नये पौधो की सन्तति को जन्म दे सके। बैंगन भी इस दृष्टि से बहुबीजक है, पर उसे पृथक क्यो लिया गया, यह पुनरुक्ति दूर होनी चाहिए। सामान्यतः बहुबीजक पदार्थ भी बीजो की सख्या के अनुरूप बहुजीव योनिस्थान होते हैं। अत वे अनन्तकायिक ही हैं। सम्भवत सामान्यजनो की स्पष्टता के लिये इन कोटियो को पृथक् गिनाया गया है। साथ ही, बहुबीजक की परिभाषा भी बहुत स्पष्ट नहीं है। एक ओर अनार भक्ष्य है, दूसरी और बैंगन, खसखस, राजगिर आदि अभक्ष्य हैं। यदि हम सामान्य अर्थ ही ले, तो इसके अन्तर्गत प्रायः वे सभी शाक–फल आ जाते हैं, जिन्हे हम दैनिक उपयोग मे लेते हैं–कद्दू, लौकी, करेला, परवल, सेम, मटर, भिडी, ककडी, मिर्च, टमाटर, तुरई, कटहल, आदि के समान शाके तथा नींबू, मौसबी, इमली, बिजौरा, कैथा, तेदु, पपीता, सतरा, अनार, सेव, तरबूज, खरबूजा, लीची, अमरूद के समान मौसमी फल। कन्दमूलो के समान तथा सम्भवत उसी आधार पर ये भी अभक्ष्य हैं। आधुनिक आहार शास्त्री इन शाक–फलो को आहार का आवश्यक घटक मानते हैं। इनमे कन्दमूलो की तुलना मे जलाश अधिक होता है। ये आहार के अन्य घटकों के पाचन और स्वागीकरण मे अमोघ सहायक होते हैं। भक्ष्याभक्ष्यता की आधुनिक धारणा के अनुसार कन्दमूल और बहुबीजकों में कोई विशेष अन्तर नहीं प्रतीत होता। अत इनकी अभक्ष्यता भी पुनर्विचार चाहती है। यह अवश्य ध्यान मे रखना चाहिए कि जिन पदार्थों मे जीवघात, स्वास्थ्य–प्रतिकूलता (जैसे बैंगनी बहुबीजता, अन्तर्बीजता, पित्तजता आदि) आदि सम्भव है, वे तो अभक्ष्य माने ही जा सकते हैं। लेकिन मात्र अन्तर्बीजता को अभक्ष्यता का आधार नहीं मानना चाहिए। यह तो खाद्यो के उत्पत्ति–स्थान एवं निक्षेपस्थान के परिवेश पर निर्भर करती है।

4. विविध अभक्ष्य . (16–17) बर्फ और ओला

धर्म सग्रह मे बर्फ और ओला दोनों को अभक्ष्य बताया है। इसके विपर्यास मे, जैनक्रियाकोश मे केवल ओलों को ही अभक्ष्य कहा है। वस्तुतः ठोस जल के रूप होने से दोनों को एक ही जाति का मानना चाहिये। ओला प्राकृतिक है, पारदर्शी ठोस और कठोर होता है तथा कोमल बर्फ से ऊपरी आकाश मे शून्य ताप पर बनकर नीचे ठोस पिंड के रूप में गिरता

है। इसके विपर्यास में, सामान्य बर्फ प्राकृतिक होते हुए भी कोमल एवं रुई जैसा होता है। यह ठंडी जलवायु के स्थानों में, उच्च आकाश में, जलवाष्पों के क्रिस्टलन से छोटे–छोटे रुई जैसे क्रिस्टलों के रूप में परिणत होकर धरती पर गिरता है और उसे सफेद चादर से आवृत्त करता है। शिमला और कश्मीर की घाटियों में दिसम्बर–जनवरी में इस हिमपात की शोभा देखते ही बनती है। यही बर्फ जब तूफानों के कारण ऊपरी आसमान की ओर उड़ता है, तो ओलों का रूप धारण करता है। रेफ्रिजरेटरों में जल सीधे ही कठोर बर्फ में परिणित हो जाता है।

शास्त्रो के अनुसार, चूंकि यह अनछने पानी से बनता है, आकाश में बनता है, अतः इसमें अनन्त जीवराशि रहती है। फलतः इसके भक्षण में जीवघात का दोष है। धार्मिक मान्यता से जल स्वयं सजीव है, सचित्त है। अतः उसके ठोस रूप को जीवपिंड ही मानना चाहिए। इससे इसकी अभक्ष्यता स्वयंसिद्ध है। पहले, ये दोनों ही पदार्थ आहार में प्रयुक्त नहीं होते थे, पर जबसे प्रशीतन की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई, तबसे यह न केवल विदेशों में महिलाओं के प्रसवोत्तर काल में एव अन्य रोगों मे इसे खाद्य के रूप मे काम में लाया जाता हैं, बाह्य उपयोग तो अनेक हैं ही। उदाहरणार्थ, बुखार को कम करने के लिये बर्फ की पट्टिया काम आती हैं।

वैज्ञानिक अन्वेषणों से पता चलता है कि हिम या ओला तरल जल के शून्य ताप पर क्रिस्टलन से प्राप्त होता है। इस ताप पर परिवेश के जीवाणु विकारहीन और अक्रिय हो जाते हैं। दूसरे, यह पाया गया है कि क्रिस्टलन की क्रिया पदार्थ की शुद्धता पर निर्भर करती है और बर्फ और ओले जल के शुद्धतम रूप माने जाते हैं। क्रिस्टलन के कारण, यह बिना छने भी छने से अच्छा माना जाता है। इसमें जीवाणु नहीं होते। इसका उपयोग अन्तर्बाह्य विकृति को रोकता है। इसलिये क्रियाकोषीय या जीवपिंडता के आधार पर बर्फ और ओलों को अभक्ष्य मानना तर्कसंगत नहीं लगता। रसायनज्ञों ने तो इसे संश्लिष्ट कर लिया है। अतः इनकी अभक्ष्यता के लिये अन्य तर्कसगत आधारों की आवश्यकता है। नये युग में बर्फ के तापमान पर अनेक बर्फयुक्त खाद्य काम में आने लगे हैं : आइसक्रीम, कुलफी, शीतल सोडा, जल एवं अन्य पेय। धार्मिक दृष्टि से, इन नये खाद्यों की भक्ष्याभक्ष्यता पर स्पष्ट विचार अपेक्षित है।

18. अज्ञात फल

अज्ञात फलों की अभक्ष्यता की धारणा यह प्रकट करती है कि हम जो कुछ भी आहार ग्रहण करें, उसके गुण–अवगुण के विषयों में हमें पूर्व में यथासम्भव पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिये। सामान्यजन को समुचित जानकारी उपलब्ध न होने की स्थिति में ऐसी वस्तुओं को आहार में लेना ही

नहीं चाहिए। फिर, क्षेत्र विशेष में पाये जाने वाले फल–फूलों के विषय में तो जानकारी मिल भी सकती है, किन्तु विदेशी खाद्यों एवं नवीन फलों के विषय में कैसे मिल सकती है? इस जानकारी के अभाव में अनजाने खाद्य का भक्षण हानिकर भी हो सकता है। अत अज्ञात फलो की अभक्ष्यता स्वय सिद्ध है। यहा 'फल' पद दिया है, पर हमे उसका अर्थ खाद्य ही लेना चाहिए।

19. तुच्छ फल

सामान्यत, तुच्छ फलो मे ऐसे फल समाहित होते हैं जिनमें खाद्यांश कम हो और अधिकाश अनुपयोगी हो। आशाधर, थैकर एव शास्त्री ने मकोय, जामुन, कचरिया आदि के उदाहरण इस कोटि के फलो के लिये दिये हैं। स्पष्ट है कि गुठली के कारण इनका खाद्याश कम है। इनमें कभी–कभी सूक्ष्म जीव एव त्रस जीव भी देखे जाते हैं। अत इन्हें अभक्ष्य बताया गया है। इनकी अभक्ष्यता के दो अन्य कारण भी हैं . बहु आरम्भ और गुठली आदि के फेकने पर होने वाली सडन से होने वाला जीवघात। इनके भक्षण से तृप्ति न होना भी एक कारण हो सकता है। पर सामान्य धारणा यही है कि यदि ये फल निर्जीव हो और शुद्ध हो, तो इनके भक्षण में दोष नहीं है। देखने में तो यही आया है कि ये लोकप्रिय भक्ष्य हैं। कहीं–कहीं तुच्छ पुष्प–फलों का भी उल्लेख है। इसमे अनेक जाति के फूलो को भी उपयोग में न लेने की बात समाहित होती है। ऐसा माना जाता है कि तुच्छ फलो के खाने से रोग सम्भावित हैं। यह बात व्यक्ति–आधारित माननी चाहिये।

20 मृत जाति लक्षण

युवाचार्य महाप्रज्ञ[28] ने बताया है कि जैन मान्यतानुसार सारा दृश्य जगत् या तो सजीव है या जीव का परित्यक्त शरीर है। सारा कठोर द्रव्य सजीव ही है। वह शस्त्रोपहत होने से निर्जीव हो जाता है। इस आधार पर 'मृत जाति' पद से अनेक प्रकार के खनिज (जो प्रायः कठोर होते हैं और औषधियों के काम आते हैं) और सैंधव आदि लवण (ये भी खनिज के ही एक रूप हैं) लिये जाते हैं। फलत. ये मूलतः सजीव हैं। इन्हें शस्त्रोपहत किये बिना नहीं खाना चाहिये। यह शस्त्रोपहनन विलयन बनाने, पीसने या गर्म करने आदि क्रियाओं से भी होता है। अतः अचित्त किये गये खनिज और लवण तो भक्ष्य हैं, पर मूलतः ये खनिज रूप में अभक्ष्य हैं।

वस्तुतः 'मृत जाति' के पदार्थ पृथ्वीकायिक कोटि के जीव माने जाते हैं। यह सुज्ञात है कि भूगर्भ के अन्दर और पृष्ठ पर अनेक खनिज लवण– सज्जी मिट्टी, सुहागा, लौह–ताम्र–पारद के लवण, सैंधवादि लवण, खड़िया मिट्टी आदि पाये जाते हैं। ये भोजन के आकस्मिक और अल्पमात्रिक घटक हैं। ये लवण पापड आदि अनेक खाद्य बनाने एव औषधियों के काम आते हैं। इनको अकेले ही या अनेक अन्य द्रव्यों के साथ कूट–पीस कर अनेक स्वास्थ्यरक्षक

औषध बनते हैं। इस प्रक्रिया में वे सभी खनिज निर्जीव हो जाते हैं। अन्य अभक्ष्यों की तुलना में इनकी अभक्ष्यता की चर्चा इतनी महत्त्वपूर्ण नहीं माननी चाहिये। वैज्ञानिक दृष्टि से भी, ये लवण सजीव नहीं माने जाते। अतः जीवघात का तर्क इनकी अभक्ष्यता के लिये लागू नहीं होता। शाह ने बताया है कि पकाये हुए आहारो में काम में लिये गये लवण तो अचित्त हो ही जाते हैं, पर अचार और औषधि आदि में प्रयुक्त करने के लिये इन्हें अग्निपक्व कर लेना चाहिये। इनके अचित्त बने रहने की सीमा बरसात में सात दिन, जाड़ों में पन्द्रह दिन और गर्मी में एक माह मानी गई है।

21. रात्रिभोजन

समान्यत रात्रि (सूर्यास्त से सूर्योदय) में बनाये गये एक या अनेक प्रकार के भोज्य पदार्थों का भक्षण रात्रिभोजन कहलाता है। इसके अन्तर्गत दिन में बनाये भोज्यों का रात्रि मे आहार सारणी 6 में दिये गये विभिन्न कारणों से शास्त्रो में गर्हित माना जाता है।

रात्रिभोजन की अभक्ष्यता या त्याग का उद्देश्य जीवन में अहिंसक भावनाओं को प्रेरित करना है। कहीं इसे व्रतो में रखा गया है और कहीं इसे छठा व्रत मानने की भी भूमिका है। गृहस्थों के लिये यह चर्चा उत्तरवर्ती विकास है । यह धारणा उन दिनों प्रचलित की गई थी, जब रात्रि में केवल तैल दीप प्रकाशित होते थे और प्राय. स्थान अंधकाराच्छन्न रहता था। ऐसे ही कुछ अप्रत्याशित दुर्घटनाओं ने आलोकित पान–भोजन की भावना की उत्थानिका की होगी। चूकि रात मे सूर्यालोक नहीं रहता, अत. पानभोजन का त्याग स्वयमेव माना जाने लगा। इसमे कोई सदेह नहीं कि सूर्यप्रकाश मे जीवाणुनाशन के गुण रहते हैं, अत दिन में बने भोजन में सामान्य एव विकारी जीवाणु–रहितता का गुण तो होता है, साथ ही अनेक दुर्घटनाये होने से बच जाती हैं। विद्युत के प्रकाश के उपयोग से रात्रिभोजन के शास्त्रीय दोश काफी मात्रा मे कम हो रहे हैं। फिर, विद्युत–विहीन अधिकाश ग्रामीण भारत के लिये तो अनेक दोष अभी भी बने हुए हैं। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य की दृष्टि से रात्रिभोजन की अभक्ष्यता की मान्यता में कोई कमी नहीं आने पाई है। इसीलिये आज भी यह गुण जैनत्व के चिह्न के रूप में प्रतिष्ठित है।

सारणी–6–रात्रिभोजन के सम्बन्ध में शास्त्रीय मान्यताएं

1 रात्रिभोजन में द्रव्य–हिंसा और भाव–हिंसा दोनों होते हैं।
2. रात्रिभुक्ति में दिवाभुक्ति की अपेक्षा राग, मोह, रुचि अधिक होती है। प्रतिबबन्ध, नियंत्रण के कारण रुचि और आवश्यकता और तीक्ष्ण हो जाती है।

3 रात्रि में सूर्य प्रकाश के अभाव मे या दीपादि के मन्द प्रकाश के सद्भाव मे भोजन बनाने के समय किये गये आरम्भ कार्यों में त्रस–स्थावर जीवो की हिंसा सम्भावित है।
4. रात्रिभोजन मे अनेक प्रकार के जीवो के कारण अनेक रोग उत्पन्न हो सकते हैं।
5. जो रात्रि मे भोजन करते हैं, वे भूत–प्रेतादि के साथ भोजन करते हैं, मासाहारी जीवो के साथ भोजन करते हैं।
6 रात्रि भोजन अपवित्र होता है। रात्रिभोजी मानव रूप में पशु ही है। प्राचीन आचार्यों ने रात्रिभोजन–त्याग के लिये आलोकित पान–भोजन की भावना की व्यवस्था की थी। बाद मे इसे मूल गुणों मे समाहित कर अनिवार्य बनाया गया।

रात्रिभोजन त्याग से अहिसक दृष्टि के अतिरिक्त निम्नि महत्त्वपूर्ण लाभ हैं।

(1) रात्रिभोजन न करने से पेट को भोजन के पाचन एवं स्वांगीकरण के लिये पर्याप्त समय–12 घटे तक मिलता है। अत ये क्रियाये प्राकृतिक रूप से सरलता से सपन्न हो जाती हैं। इससे मन और शरीर हल्का रहता है, आलस्य नही रहता, बुद्धि भी निर्मल बनी रहती है।
(2) रात्रिभोजन त्याग से अच्छी गहरी प्राकृतिक निद्रा आती है। यह उत्तम स्वास्थ्य एव दीर्घजीविता का प्रतीक है।
(3) रात्रिभोजन से जठर पर कार्य का अधिक बोझ पडता है। इसके फलस्वरूप जठराग्नि की मदता, दीर्घायुष्य की कमी एव स्वास्थ्यजन्य अनेक बाधाये एव रोग उत्पन्न होते हैं।

22. विष

विष ऐसे पदार्थों को कहते हैं जो जीवन या प्राण का नाश कर सकें, शरीर–तन्त्र की क्रियाविधि को निरुद्ध कर मृत्यु तक ले जा सकें। 'सव्वेसिं जीवण पिय' के सिद्धान्तानुसार कोई भी जीव जीवन–नाशक पदार्थों को खाना पसन्द नही करेगा। अत विषो की अभक्ष्यता निर्विवाद है, फिर भी, आजकल विष की परिभाषा मे कुछ परिवर्तन हुआ है। कुछ विषैले पदार्थ ऐसे होते हैं जो उच्चतर प्राणियो के लिये मारक होते हैं। एन्टीबायोटिक या वर्मिन जैसी उदर–कृमिनाशी दवाओ के सेवन से क्या हानि है ? पर विष तो विष ही है चाहे किसी कोटि के जीव को मारे। अतः सिद्धान्ततः उपरोक्त कोटि की आधुनिक दवाओ अथवा वत्सनाग, हरिताल, संखिया, सल्फास आदि भारतीय या नवीन औषधियों का सेवन उचित प्रतीत नहीं होता। विषों से अन्तर्जीव नष्ट होते हैं, शरीर शिथिल होता है, चेतना शून्यता तक आती है, वमन–विरेचन भी होता है। यह प्रत्येक दृष्टि से कष्टकर है। वैज्ञानिक अन्वेषणो से विषों की जीवन नाशक मात्राएं भी ज्ञात कर ली गई हैं। फिर

भी, मानव के हित में विष की परिभाषा किंचित् परिवर्धित होनी चाहिये। विष को मानव की कोटि के जीवों के लिये हानिकर पदार्थ ही मानना चाहिये, अन्यथा आज किस खाद्य पदार्थ में, जो कृषि से उत्पादित होता हो, कीटमार विष नहीं होता?

वस्तुतः आहार–सम्बन्धी भक्ष्याभक्ष्य प्रकरण में विषों का महत्त्व नहीं है, क्योंकि ये हमारे आहार के परम्परागत सूक्ष्म–मात्रिक घटक हैं और तनावों की तीव्रता की स्थिति में ही प्रायः लोग इनका सेवन करते हैं। इनका जीवननाशी होना ही इनकी अभक्ष्यता का निर्विवाद प्रमाण है।

विविध अभक्ष्य पदार्थ

उपरोक्त अभक्ष्यों के अतिरिक्त दौलतराम ने अन्य अनेक अभक्ष्य बताये हैं। इनमें (1) सभी प्रकार के पुष्प, पत्तेवाली सब्जियां, आम की बोर, क्षीरी पदार्थ, हरितकाय एवं अन्य समाहित हैं। शाह ने बाइस अभक्ष्यों की नई सूची दी है। इसमें पूर्वोक्त 18 पदार्थों के साथ (1) खसखस (2) सिंघाडा नामक पदार्थ भी समाहित है। इन सभी का समाहरण अभक्ष्यों की पूर्वोक्त चार कोटियो मे ही हो जाता है। उन्होंने मिलों का मैदा, सिके काजू, डिब्बा बद दूध, मुरब्बा आदि, कोल्ड ड्रिंक्स और पेस्ट्री तथा एलोपैथिक दवाओं आदि को भी बहु–आरम्भ, जीवघात सम्भावना एवं चलितरसता के कारण अभक्ष्य माना है। रात्रि भोजन के समान प्राय: उन्हीं कारणो से होटल–भोजन और अनछने पानी की अभक्ष्यता भी प्रतिपादित की गई है।

वर्तमान युग में विभिन्न प्रकार के परिरक्षित एव प्रक्रमित खाद्य पदार्थों की सख्या बढ रही है। इनकी भक्ष्याभक्ष्यता पर विद्वानों ने विचार प्रकट नहीं किये हैं। वे अभी भी बाईस अभक्ष्यों की शास्त्रीय चर्चा करते हैं। वस्तुतः इस वर्गीकरण मे नाम–विशेष के स्थान पर जाति–विशेष की कोटियां होनी चाहिये। इस आधार पर लेखक ने इनकी चार कोटिया निरूपित की हैं। साधु एव विद्वज्जनों से इस महत्त्वपूर्ण विषय पर समुचित मार्गदर्शन अपेक्षित है। यह नवीन आहार शास्त्रीय अन्वेषणों पर भी आधारित हो, तो नयी पीढी के लिये कल्याणकर होगा।

भक्ष्य पदार्थ

विभिन्न अभक्ष्यों की चर्चा के बाद सैद्धान्तिक रूप से सामान्य श्रावक के लिये भक्ष्य पदार्थों पर भी कुछ विचार करना आवश्यक है। इनमें प्रथम तो सभी प्रकार के धान्य (17,18 या 24) आते हैं। ये हमारे लिये आटा–चावल (शर्करीय), विभिन्न दालें (प्रोटीन) और तिलहन (तेल) की सम्यक् पूर्ति करते हैं। वनस्पतियों में हम सम्भवतः कोई भी ताजी एवं हरी शाक नहीं खा सकते हैं। पांचवीं प्रतिमा पर तो यह कहा गया है कि सचित्त को विभिन्न विधियों से अचित्त कर खाया जा सकता है, पर इसके पूर्व ऐसा कोई नियम

नहीं है। इससे ज्ञात होता है कि इसके पूर्व कुछ प्रतिबन्धों के साथ सचित्त पदार्थ खाये जा सकते थे। कच्चे दूध और उससे प्राप्त उत्पादो के अभक्ष्य होने से उबले दूध के उत्पादो को हम भक्ष्य मान लेते हैं। फलों मे केवल आम, केला और सूखे मेवे ही भक्ष्य के रूप मे बचते हैं। सुखाई गई या परिरक्षित सब्जिया भी ऋतु में कौन खाता है ? बाद मे वे समय सीमा पार कर अभक्ष्य ही हो जाती हैं। फलत जैन आहार अनिवार्य (खनिज, विटामिन, हॉर्मोन आदि) घटको की दृष्टि से अपूर्ण रहेगा। साथ ही, फल–मेवे पाचन मे गरिष्ट हैं, खोवा, मलाई एव घृत–तैल पक्व पदार्थ भी गरिष्ट होते हैं। श्रावको का सामान्य व्यवसाय (आधुनिक अपवादो को छोड) भी श्रमसाध्य नहीं होता। अत अनेक क्षेत्रो के श्रावक मुटापे के रोग से ग्रस्त होते हैं। उनकी पाचन शक्ति भी क्रमश दुर्बल होने लगती है। इस स्थिति से उबरने का उपाय यही है कि हम अपने शास्त्रीय आहार शास्त्र मे आधुनिक वैज्ञानिक तथ्य समाहित करे और अल्पमात्रिक घटकों वाले रुचिकर, अनुकूल एव हितकारी पदार्थों को सामान्य भक्ष्यता की कोटि मे समाहित करें। यही नहीं, किण्वन से प्राप्त हितकारी खाद्यो को भक्ष्यता की कोटि मे लाएं।

इस दिशा मे 'तीर्थंकर' ने आहार विशेषाक के रूप मे एक प्रयोग किया है। लेकिन इसमे वैज्ञानिक आहार शास्त्र की ही प्रमुखता है। यदि इसमे शास्त्रीय आहार शास्त्र के समीक्षापूर्वक सुझाव दिये जाते, तो उनकी उपयोगिता अधिक होती। इससे तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे वह औद्योगिक प्रगति और परिवेश को नकार कर हमे पलायन की मनोवृत्ति की ओर प्रेरित करता है। क्या हम कुन्दकुन्द[29] के मत का अनुसरण न करें जहा उन्होने श्रावको को देश, काल, श्रम और क्षमता के आधार पर अन्योन्यनिरपेक्ष उत्सर्ग और अपवाद पर ध्यान न देते हुए विचारपूर्वक आहार की अनुज्ञा दी है ?

सन्दर्भ

1 आचाराग–चूला,, आगम प्र समिति, ब्यावर, 1980 पृ 75,88
2 समन्तभद्र, रत्नकरडकश्रावकाचार, क्षीरसागर ग्रथमाला, 1960, पृ 48
3 जगन्मोहनलाल शास्त्री, श्रावकधर्मप्रदीप, वर्णी ग्रथमाला, काशी, 1980, पृ 107
4 आचाराग–चूला, आगम प्र समिति, ब्यावर, 1980, पृ 78, 88
5 मुनि नथमल (स), दशवैकालिक एक समीक्षात्मक अध्ययन–, तेरापन्थी महासभा, कलकत्ता, 1967, पृ 113–118
6 मुनि नथमल, उत्तराध्ययन, पृ 388
7 आचाराग–चूला, आगम प्र समिति, ब्यावर, 1980 पृ.78, 88
8 शांतिसूरीश्वर, जीवविचारप्रकरण, जैन मिशन सोसाइटी, मद्रास, 1980ए पृ 34–60
9 देखे सन्दर्भ 8, पृ 34–60
10 साध्वी मजुलाश्री, अनुसधान पत्रिका (अक–3),, जैन विश्व भारती, लाडनू, पृ 53
11 कुन्दकुन्दाचार्य, प्रवचनसार, पाटनी ग्रन्थमाला, मारोठ, 1956, पृ. 277, 281

12. कैलाशचन्द्र शास्त्री (अनु.), सागारधर्मामृत, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1981, पृ 43–125,
13. अमृतचन्द्राचार्य, पुरुषार्थसिद्ध्युपाय, जैन स्वा म ट्रस्ट, सोनगढ, 1978, पृ. 102, 123
14. नेमचन्द चक्रवर्ती, गोम्मटसार (जीवकाण्ड), प प्रभावक मंडल, अगास, 1972
15. देखें सन्दर्भ 10
16. दौलतराम कासलीवाल, जैन क्रिया कोष–,, जिनवाणी प्र कार्यालय, कलकत्ता, 1927, पृ 8
17. देखो, सदर्भ 10
18. देखो, सदर्भ 8
19. देखें सन्दर्भ 16
20. भीखणजी, नव पदार्थ, तेरापंथी महासभा, कलकत्ता, 1961, पृ. 114
21. देखे सन्दर्भ 3.
22. देखें सन्दर्भ 16
23. उग्रादित्य आचार्य, कल्याणकारक, रावजी सखाराम ग्रथमाला, भोलापुर, 1940, पृ 75, 78
24. कैलाशचन्द्र शास्त्री (अनु.), सागारधर्मामृत, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1981, पृ 43–125
25. योगविद्या, बिहार योग विद्यालय, मुगेर, नवम्बर, 1975, पृ 30
26. आचार्य राज कुमार जैन, जग शास्त्री साधुवाद ग्रन्थ, जैन केन्द्र, रीवा, 1989, पृ. 287
27. नेमीचद जैन (सं), तीर्थकर (आहार वि शेषांक), इन्दौर, जनवरी, 1986
28. मुनि नथमल (स); दशवैकालिक समीक्षात्मक अध्ययन, जेरापथी महासभा, कलकत्ता, 1967, पृ.113, 119
29. कुन्दकुन्दाचार्य, प्रवचनसार, पाटनी ग्रन्थमाला, मारोठ, 1956, पृ 277, 281.

●

अध्याय – 15

पर्यावरण और आहार संयम

इस सदी के उत्तरार्ध से पर्यावरण–प्रदूषण और मनुष्य की चर्चा महत्त्वपूर्ण बन गई है। इस हेतु विश्वस्तरीय अनुसन्धान हो रहे हैं और कार्यकारी योजनायें भी बन रही हैं क्योकि इससे हमारा आहार–विहार यहा तक कि हमारा भावी अस्तित्व भी प्रभावित होता है। इसीलिए वैज्ञानिक और शासन इस दिशा मे प्रयत्नशील हैं कि यह प्रदूषण प्राणियों के अहित की सीमा पार न कर जाये एव जनता इस विषय मे जागरूक बनकर उनकी योजनाओ मे सक्रिय सहयोग करे। इसी दृष्टि से पिछले अर्धशतक से पर्यावरण विज्ञान हमारे अध्ययन की एक महत्त्वपूर्ण शाखा के रूप मे विकसित हुआ है और अब तो यह विषय हमारे स्कूली शिक्षण का भी अग बन गया है।

वस्तुत, 'पर्यावरण' शब्द 'परि' चारो ओर और 'आवरण' (घेरा)– दो शब्दो से मिलकर बना है। इसका अर्थ है हमारे चारो ओर विद्यमान दृश्य–अदृश्य, सूक्ष्म–स्थूल तथा सजीव–निर्जीव पदार्थों का प्राकृतिक घेरा जो सामान्य अवस्था मे सन्तुलित रहता है। यह घेरा (आवरण) चार प्रकार का होता है

1 **भौतिक आवरण** · जल, वायु, वर्षा, अग्नि, तापमान, प्रकाश, आर्द्रता, भूतल एव भूतलीय परिवर्तन, सूर्य–चन्द्रादि ग्रह, ध्वनि और कर्म परमाणु आदि।
2 **रासायनिक आवरण** : भौतिक आवरण के निर्मायक तत्त्व, भूतल के रासायनिक तत्त्व और पदार्थ, प्रकृति मे अविरल चलने वाले जल, ऑक्सीजन, कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस तथा गधक के चक्र।
3 **सजीव पदार्थों का आवरण: सूक्ष्म एवं स्थूल** : सभी प्रकार के जीव और जीवाणु, पशु–पक्षी, वन्य प्राणी, मनुष्य आदि।
4 **अन्तर्भावात्मक या आन्तरिक आवरण** : मानसिक दशाये और प्रवृत्तिया।

इन कोटियो के आधार पर हम कह सकते हैं कि हमारे चारो और प्रकृति मे पाये जाने वाले सभी बाहरी घटक और हमारे अन्दर पाये जाने वाले सभी मनोभावात्मक घटक सभी का समुच्चय पर्यावरण कहलाता है। सामान्यत पर्यावरण शास्त्री बाह्य घटको को ही महत्त्व देते हैं, फिर भी

मनोभावात्मक घटकों को उपेक्षणीय नहीं माना जा सकता। पर्यावरण के अध्ययन का प्रमुख केन्द्र बिन्दु मानव प्राणी है, अतः इस शब्द से उसके चारों ओर पाये जाने वाले उपरोक्त घटक पर्यावरण का निर्माण करते हैं। फिर भी, यह तो स्पष्ट ही है कि मानव स्वयं पर्यावरण का एक घटक है पर उसने अपने हाथ, पैर, आंख, बुद्धि सर्वभक्षिता एवं भ्रमणशीलता के कारण सभी घटकों में प्रमुखता पाई है। यहां यह ध्यान में रखना चाहिये कि पर्यावरण के प्रत्येक घटक की स्वतन्त्र सत्ता, अस्मिता एवं उपयोगिता है।

पर्यावरण के उपरोक्त घटक एक–दूसरे से अंतःसम्बन्धित हैं, एक–दूसरे को प्रभावित करते हैं और एक–दूसरे पर निर्भर रहते हैं। उदाहरणार्थ– जलवायु शरीर की आकृति, रंग, प्रजनन चक्र एवं व्यवहार को प्रभावित करती है, रासायनिक पर्यावरण हमारे आहार, जीवन एवं कियाविधि को प्रभावित करता है। सजीव पदार्थों की उपस्थिति हमारे स्वास्थ्य, सुरक्षा, एवं उपयोगिता को बनाये रखने में सहायक होती है। हमारे मनोभाव हमारे आहार–विहार एवं व्यवहार को प्रभावित करते हैं। पर्यावरण–विज्ञान में इन सभी घटकों के अन्तसम्बन्धो एवं अन्योन्य प्रभावो का अध्ययन किया जाता है।

मानव के समुचित भौतिक, भावात्मक और आध्यात्मिक विकास के लिये ये अतःसम्बन्ध और अन्योन्य प्रभाव मैत्रीपूर्ण एवं सन्तुलित रहने चाहिये। इनमें किसी भी प्रकार का असन्तुलन हमारे जीवन पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है। जलवायु का प्रदूषण इस असन्तुलन का प्रमुख कारण होता है। पर्यावरण में यह क्षमता होती है कि वह कुछ सीमा तक इस असन्तुलन के प्रभाव को नगण्य बनाये रहे। पर उस सीमा से आगे वह जीवन में कुरूपता ला सकता है। पर्यावरण विज्ञान में इस असन्तुलन के कारणों तथा उसके निराकरण की विधियों के अन्वेषण के साथ उसके अर्थशास्त्र पर भी विचार किया जाता है।

बाह्य पर्यावरण : भौतिक आवरण

पर्यावरण, आहार (खाद्य पदार्थ) एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति का परस्पर में घनिष्ठ सम्बन्ध है। वस्तुतः हमारे आहार के सभी घटक– धान्य, तैल, दालें, खनिज पदार्थ, जल आदि–हमें पर्यावरण से ही प्राप्त होते हैं और होते रहेंगे। फलतः प्रकृति या पर्यावरण उत्पादक है और मानव तथा अन्य प्राणी उपभोक्ता हैं। वैज्ञानिको के अनुसार पहले मानव शिकारी था, पर बाद में उसने कृषि एवं पशुपालन की कला विकसित की और अन्य जीव–जन्तुओं से आगे निकल गया। अपने विकास के प्रथम चरण में जलथल पर्याप्त थे और मानव की जनसंख्या सीमित थी। यह सचमुच अचरजकारी निरीक्षण है कि विश्व में जहां अन्य प्राणियों एवं जीवाणुओं की जनसंख्या प्रायः स्थिर रही है, वहीं मानव की जनसंख्या निरन्तर ज्यामितीय दर से वर्धमान रही है। जनसंख्या वृद्धि के द्विगुणन और वर्षों से सम्बन्धित

चित्र 1 से यह तथ्य भलीभांति स्पष्ट होता है कि लगभग 2% जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि से भारत–जैसे देश की जनसख्या 35–40 वर्षों में द्विगुणित होती है। इसी आधार पर विश्व की जनसख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

यह पाया गया है कि जनसंख्या वृद्धि ज्यामितीय दर (द्विगुणित) से होती है जबकि प्रकृति एव पर्यावरण की उत्पादकता की वृद्धि आंकिक श्रेणी में होती है। फलतः हमारी आवश्यकतायें सदैव उच्चतर दर से वर्धमान होती हैं। साथ ही, जनसंख्या–वृद्धि की कोई सीमा नहीं है जबकि विश्व की जलथल सीमा प्रायः स्थिर है और इसमे नगण्य ही वृद्धि हो सकती है। इसकी उत्पादकता प्रत्येक प्रकरण में खाद्य–श्रृखला एवं खाद्य जालकों के समान अविरत रूप में पुनष्चक्रित होती रहती है।

चित्र 1 जनसख्या का द्विगुणन

पौधे / शकाहारी खाद्य ——→मनुष्य / पशु———→ मृत जन्तु

↑ ↓

सौर उर्जा ←—— मूलतत्व और उनके ←——— अपघटक जीवाणु

यह स्पष्ट है कि उत्पादकता सौरचक्र ऊर्जा के कारण ही सम्भव होती है। पेड़–पौधे सौर ऊर्जा का 10% भाग ही उपयोग करते हैं, पर हम उसका भी केवल 10% उपयोग कर पाते हैं (जो कुल ऊर्जा का 1% यदि हम शाकाहारी हैं और कुल सौर ऊर्जा का 0.01%, यदि हम अशाकाहारी हैं)। लेकिन हम इसकी ऊर्जा भी प्रकृति को प्रत्यावर्तित नहीं कर पाते क्योकि इसका काफी अश हमारे शरीरों के निर्माण, संरक्षण एवं अपशिष्टों के उत्सर्जन, ईंधनों के ज्वलन, वाहित मल आदि) मे व्ययित हो जाता है। ऊर्जा की यह मात्रा नवीकरणीय नहीं होती। विश्व में मानव ही ऐसा प्राणी है जो नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर नहीं करता और सदैव अनवीकरणीय स्रोतों (कोयला, तेल आदि) का उपभोक्ता होता है। प्रकृति में उन स्रोतों का नवीकरण अत्यन्त मंद गति से होता है।

फलतः थल सीमा के स्तर तक तो प्रकृति द्वारा उत्पादित खाद्य और अन्य पदार्थ वर्तमान जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति करते रहते हैं और

$$\frac{\text{पदार्थों की आपूर्ति}}{\text{जनसंख्या।}} \sim \text{स्थिर}$$

का अनुपात प्रायः स्थिर बना रहता है। इसमें अधिक विसंगति आने पर ही यह स्थिरता भंग होती है। जनसंख्या–वृद्धि के साथ–साथ औद्योगीकरण के कारण यह सन्तुलन और भी विसंगत होने लगता है। अपने प्रारम्भिक काल में तो इस विसंगति का अनुमान भी नहीं लगा, पर जब हमारे जीवन पर उसके प्रभाव दृष्टिगोचर होने लगते हैं, तब यह चिन्तनीय विषय बन जाता है।

पर्यावरणशास्त्री बतातें हैं कि इस विसंगति के दो ही प्रमुख कारण हैं:

1. जनसख्या की अपार वृद्धि
2. वर्धमान औद्योगीकरण

प्रारम्भ में तो औद्योगीकरण को ही इस विसंगति का प्रमुख दोषी पाया गया, पर उपभोक्ता संस्कृति के विकास के साथ जनसंख्या वृद्धि को भी अब बराबर का दोषी माना जाने लगा है। यह वास्तविकता भी है।

1. जनसंख्या की वृद्धि और संयमन

विश्व में तथा भारत में जनसंख्या वृद्धि के आंकड़ों का अनुमान लगाया गया है और वर्तमान आंकड़े तो जनगणना से मिलने ही लगे हैं।

जैन धर्म के अनादि विश्व की मान्यता के विपर्यास में, वैज्ञानिक विकासवादी हैं। उसके अनुसार 10,000 वर्ष में मनुष्यों की जनसंख्या में दस लाख से छह अरब अर्थात् छह हजारगुनी वृद्धि हुई है (चित्र 2)। चित्र 1 के अनुसार भारत के हर तीसवें वर्ष में जनसंख्या दुगुनी सम्भावित है। यह वृद्धि और भी अधिक हो सकती है क्योंकि चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से मृत्युदर घटी है, दीर्घजीविता बढ़ी है और जन्म दर की सुरक्षा भी बढ़ी है। इस वृद्धि के साथ उसकी आवश्यकतायें भी ज्यामितीय अनुपात में बढ़ेंगी।

चित्र 2. विश्व की जनसंख्या की वृद्धि

इस वृद्धि के प्रभावो का आभास 1950–60 के दशक में हुआ जब हरित क्रान्ति के माध्यम से रासायनिक खाद, कीटाणुनाशक तथा अन्य उपायों का आश्रय लेकर खाद्य पदार्थों तथा अन्य तकनीको से अन्य उपयोगी पदार्थों के उत्पादन में अच्छी वृद्धि सम्भव हो सकी। इससे उपरोक्त सन्तुलन स्थिर बनाये रखने का प्रयास किया गया। तथापि, जनसंख्या की वृद्धि के फलस्वरूप वाहित मल एवं कूड़े–करकट की प्रदूषणकारी मात्रा में भी अपार वृद्धि हुई है। यह पाया गया है कि यह प्रदूषण इन आवश्यकताओं के घाताक अनुपात मे बढता है। अब वैज्ञानिक इस प्रदूषण को दूर करने में लगे हुए हैं। अपने अथक प्रयासो से वे इस समस्या के समाधान मे प्रयत्न कर ही रहे थे कि उन्हे यह भी आभास होने लगा है कि इस सदी के समापन के साथ पृथ्वी की उर्वरा शक्ति मे, हरित क्रान्ति के बाद भी, कमी आती दिख रही है। फलत विश्व की जनसख्या के लिये समुचित आहार और अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति की समस्या फिर सामने आ रही है। इस निराशावादी स्थिति मे भी वैज्ञानिक आशावादी बना हुआ है। वह मानव के जीवन के अस्तित्व को सुरक्षित रखने में समर्थ होगा।

इस लक्ष्य को ध्यान मे रखकर वह अब जनसख्या वृद्धि के नियंत्रण के विभिन्न उपायो को सक्रियता से मूर्तरूप देने की व्यवस्था कर रहा है। हम अपनी जनसख्या को अन्य ग्रहों पर तो भेज नहीं सकते, वहां जीवन की सम्भावना ही कम है। एक देश की अतिरिक्त जनसख्या दूसरे देश में भी नहीं जा सकती, क्योकि उसकी अपनी समस्यायें हैं। फलत. इनसे अतिरिक्त ही अन्य उपाय खोजने होंगे। इनमे जन्म–निरोध और बध्याकरण की विधियां और गर्भपात के उपाय प्रमुख हैं। पश्चिमी देशो में अधिकांश उनका उपयोग कर रहे है। जापान की प्रगति का प्रमुख कारण 1948 में बना उनका गर्भपात नियम ही माना जाता है। भारतीय धर्मशास्त्री इन उपायों से अन्तरग रूप से सहमत नहीं दिखते और वे ब्रह्मचर्य के अभ्यास पर बल देते हैं । पर जनसख्या वृद्धि से सम्भावित भुखमरी, अकालमृत्यु, एवं कुपोषण की भयकर समस्याये सामने हैं, हमे उन्हें ध्यान में रखकर ही सबसे कम बुराई और अधिकतम भलाई वाला हिसा के अल्पीकरण का मार्ग चुनना होगा, तभी हमारा अस्तित्व सुरक्षित रह सकेगा। आज विश्व की जनसंख्या में दस वर्षीय शून्य वृद्धि के कार्यक्रम की आवश्यकता है। इसे हम जनसंख्या सयम कह सकते हैं। इस हेतु हमारे धर्माचार्यों के व्यक्तिवादी ब्रह्मचर्य और संयम के उपदेशों को जनवादी रूप में प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

इन उपायों पर सोचने और मूर्तरूप देने का आधार भी है। वैज्ञानिकों ने यह पाया है कि पर्यावरण की उत्पादन क्षमता की एक अधिकतम सीमा है जो हम पार करने की स्थिति मे आ रहे हैं। उन्होंने आपूर्ति–क्षमता–सीमा

तथा जनसख्यां वृद्धि को सम्बन्धित कर ग्राफित किया है (चित्र 3), जिससे पता चलता है कि जब प्रकृति की क्षमता अधिकतम सीमा पर आ जाती है, तो उसके तीन प्रकार के प्रभाव सम्भावित हैं :

चित्र 3. जनसंख्या एवं क्रान्तिक उत्पादन–क्षमता

1. अधिकतम क्षमता सीमा पर जनसख्या स्थिर हो जाये।
2. अधिकतम क्षमता सीमा पर जनसख्या कुछ समय अस्थिरता के दौर से गुजरे और बाद में स्थिर या कम हो जाये।
3. अधिकतम क्षमता सीमा पर प्रकृति की उत्पादक क्षमता कम हो जाये और जनसख्या कम होने लगे।

तीनों ही दशाओ में जनसख्या नियंत्रण आवश्यक है। इससे तज्जन्य प्रदूषण भी कम होने लगेगा। फलतः पर्यावरण–प्रदूषणके कुछ अंश को कम करने के लिये जनसंख्या सयमन अनिवार्य है।

2. औद्योगीकरण और उसका संयमन

जनसख्या वृद्धि के प्रभावों को निरस्त करने में औद्योगिक क्रान्ति ने बड़ा योगदान दिया है। इस युग के पूर्व मनुष्य प्रकृति का एक घटक था, पर इस युग से वह प्रकृति का विजेता बन गया। कई धर्मों में पर्यावरण के सभी घटक देव कुल में आये और पूज्य बने। उनका संरक्षण और सेवन ही उनका धर्म बन गया। लेकिन ईसाई संत पाल ने प्रकृति को मानव का सेवक बताया जिससे पश्चिमी जगत् प्रकृति के दोहन ओर उस पर विजय के अभियान में लगा रहा और भौतिक समृद्धि के ऐसे बिन्दु पर अब पहुंच गया है जहां से प्रत्यावर्तन या स्थिरीकरण के सिवा कोई चारा नहीं बचा दिखता। औद्योगिक क्रान्ति का युग प्राकृतिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप का प्रतीक है। इस युग में हरित क्रान्ति के बीज बोये, प्रकृति के भंडारों के अधिकाधिक मात्रा में दोहन के उपाय किये और प्राकृतिक पदार्थों के बदले में विविध कोटि के संश्लेषित पदार्थ (वस्त्र, रबर, प्लास्टिक, औषध, रंजक द्रव्य, कागज, खाद,

कीटाणुनाशक, तेल और गैस आदि) दिये। इनकी कोटि की उत्तमता भी पाई। इस कला से मनुष्य ने अपने सुख–संवर्धन में काफी प्रगति की है एवं उसने औद्योगीकरण की दर को अपनी प्रगति का मानदंड माना।

लगभग दो सदियो तक तो वह अपने उस स्वप्निल संसार में खोया रहा, क्योकि प्रकृति और पर्यावरण औद्योगिक अपशिष्टों को या तो अपने में अवशोषित करते रहे या फिर पुनश्चक्रित करते रहे। वर्धमान औद्योगीकरण और उसकी विविधता के कारण पिछले अनेक दशकों से प्रकृति की यह क्षमता निरन्तर हीयमान होती रही है और अब जल, वायु मिट्टी एवं क्षुद्र प्राणी–सभी इन अपशिष्टों के विषाक्त प्रभावों से आपन्न हो रहे हैं। इन अपशिष्टो की निम्न कोटिया हैं–

1 विभिन्न उद्योगो में प्रयुक्त चिमनी के गैस (CO, CO_2, SO_2,आदि)
2 यातायात वाहनों से जल, थल एवं आकाश में उत्सर्जन गैस।
3 यातायात एवं अन्य साधनो से ध्वनि प्रदूषण।
4 न्यूक्लीय उपकरणों एव विस्फोटों से उत्पन्न रेडियो–एक्टिव अवशिष्ट।
5. कागज आदि की मिलों से प्राप्त अपशिष्टों का जलावतरण।
6 वाहित मल एवं कूड़ा–करकट के सड़ने से उत्पन्न अपशिष्टों का जल विसरण एव निस्तारण ।

ऐसा माना जाने लगा है कि यदि ये अवशिष्ट पूर्णत. या अशत भी उपचारित नहीं किये गये, तो मानव समाज का अस्तित्व आज नहीं, तो कल अवश्य ही खतरे में पडने वाला है। अगर उद्योगों से–

1 जल प्रदूषित हो रहा है
2 वायु विषाक्त हो रही है
3 मिट्टी अनुर्वर और विषैली होती जा रही है
4 प्रकृति के पुनश्चक्रण–चक्र अप्रभावी सिद्ध होने लगे हैं
5. हमारा सरक्षक ओजोन प्रस्तर दुर्बल होता जा रहा है
6 वन वृक्ष एव समुद्री व जलीय जीवों की अनेक प्रजातिया नष्ट हो रही हैं
7 प्रकृति की भौतिकी एवं रसायन परिवर्तित हो रहे हैं

तो ऐसा लगता है जैसे प्राकृतिक पर्यावरण ही नष्ट हुआ जा रहा है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि कुछ समय बाद प्राकृतिक पर्यावरण का विनाश और मानव के अस्तित्व की सम्भावना समानुपाती हो जायेंगे यदि हम पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित नहीं कर सके। इस प्रदूषण से अनेक प्रकार के रोगों का बहुमात्रा में उद्भव हो रहा है और अनेक उपयोगी अपघटक जीवाणु संहारित हो रहे हैं। मिट्टी में पैदा होने वाले खाद्य पदार्थ भी विषतत्त्वी हो रहे हैं। विषैली भारी धातुयें वातावरण में आ रही हैं। फिर भी, यह ध्यान में रखना चाहिये कि यह विषाक्तता नगरीय और औद्योगिक क्षेत्रों मे अधिक है, ग्रामीण क्षेत्रों में कम है। घनी आबादी ही इसका केन्द्र है।

वर्तमान मे पर्यावरणशास्त्री, विभिन्न सरकारें एवं अनेक विश्व संगठन पर्यावरण–प्रदूषण की समस्या को प्रभावहीन बनाने में प्रयासरत हैं। उन्होंने पर्यावरण संगठन और सस्थान बनाये हैं। इनके माध्यम से विषाक्त पर्यावरण के सन्तुलन के लियें अनेक उपाय सुझाये गये हैं।

इन सुझावों का मूल अधार यह है कि हमारे भूमडल की सीमा बढाई नही जा सकती और हमारा पृथ्वी ग्रह एक मानव केद्रित आवृत यत्र है। इसीलिए हमें प्रकृति पर विजय की अस्मिता के बदले प्रकृति से सहयोग की भावना को मूर्तरूप में अपनाना होगा। औद्योगिक एवं यातायात वाहनों आदि के प्रदूषण को कम करने के लिये अपशिष्टों के शोधन एवं पुनश्चक्रण की प्रक्रिया तेज करनी होगी जिसकी मानव ने औद्योगिक क्रांति के युग से ही उपेक्षा की है। साथ ही, जनसंख्या के स्थिरीकरण के उद्देश्य के अनुरूप उद्योगों के निरन्तर विस्तार के बदले उनका भी स्थिरीकरण करना होगा। इसी प्रकार, हमे प्रकृत्या अपघटित होने वाले प्लास्टिक और रबर आदि पदार्थ बनाने होगे। भारत मे डॉ नदा ने इस दिशा मे काम किया है। साथ ही, हमे प्रकृति प्रदूषक अनपघटनीय पदार्थों का निर्माण कम करना होगा। उद्योगो से प्राप्त होने वाले गैसों व द्रवो को शोधित कर ही वायुमडल मे छोडने की प्रकिया अनिवार्य रूप से अपनानी होगी। इसके अतिरिक्त, आद्योगिक युग ने प्रकृति मे एकरूपता के अभिवर्धित करने की प्रवृत्ति उदित की है। उसे परिविर्धित कर उसकी विविध सूक्ष्मता की प्रतिष्ठा करनी होगी। प्राकृतिक विविधरूपता, प्रतिरोध क्षमता एव पर्यावरण–सन्तुलन–सक्रियता की प्रतीक सिद्ध हुई है।

पश्चिम के वैज्ञानिकों ने इस दिशा मे काफी काम किया है। भारत भी, अब उनका शनै शनै अनुकरण कर रहा है। उदाहरणार्थ, अपशिष्टों का पुनश्चक्रण अब एक सामान्य प्रक्रिया बन रही है। अब तो अपशिष्टो के सदुपयोग का युग ही आ रहा है। गैसीय एवं द्रव अपशिष्टो के निस्तारण के पूर्व उनके फिल्टरन एवं रासायनिक उपचार की प्रक्रिया अनिवार्य, बनाई जा रही है। वृक्षारोपण और वन्य प्राणी संरक्षण की मसाल भी जलने लगी है। पानी, बिजली एंव ईंधन के न्यूनतम उपयोग को टी.वी तक पर प्रसारित कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि जगत् में गोबर या प्राकृतिक खाद को वरीयता देने का अभियान चलाया जा रहा है। ऊर्जा के गैर–परम्परागत साधनों (गोबर गैस, सौर ऊर्जा, वायु–ऊर्जा आदि) का विकास किया जा रहा है। इन विधियों से प्रदूषण पूर्णतः तो निरस्त नहीं होगा, पर उसमें पर्याप्त अंशों में कमी की जा सकेगी। इन सभी तथा अन्वेषण में चल रही अन्य विधियो से हम पर्यावरण को और अधिक असंयत बनाने के बदले सयमित बनाने की प्रक्रिया अपना रहे हैं। इस प्रकार जनसंख्या संयमन के समान औद्योगिक प्रदूषण का संयमन भी आज के युग की अनिवार्य आवश्यकता है।

पर्यावरण संयम और जैन सिद्धान्त

यह सुज्ञात है कि प्राचीन एव मध्यकाल तक की ग्राम–बहुल कुटीर उद्योग एव अल्प जनसख्या के युग में पर्यावरण–असन्तुलन जैसी कोई समस्या ही नहीं थी। फलत. तत्कालीन ग्रंथों मे आज की पर्यावरण–संयमन की समस्या के लिये ठोस समाधान नहीं पाये जाते। फिर भी, हमारे आचार्य दूरदर्शी थे। उनके लिये धर्म एक जीवन शैली था जिसमें द्रव्य, क्षेत्र, काल एवं भाव के अनुरूप दिशा निर्देशक सिद्धान्त दिये गये हैं। जैन धर्म के सामान्यजन के लिये पालनीय बारह व्रतो में से कम से कम आठ व्रत पर्यावरण के प्रेरक तत्त्व हैं .

1 जमीन पर चलने–फिरने, बोलने उठाने–रखने एव शौचादि क्रिया के पालन मे सावधानी	1 अहिंसा व्रत, समिति
2 निरुद्देश्य जल, बिजली, वृक्ष, जमीन और अब पेट्रोलियम का उपयोग न करना, अनावश्यक एकेन्द्रिय जीवो का घात न करना, अनावश्यक यात्रादि न करना	2 अनर्थदंड व्रत, दिग्व्रत, देशव्रत
3. शाकाहारी जीवन–शैली अपनाना, भूख से कुछ कम खाना, विकृत भोजन न करना, सीमित वस्तुओं का सग्रह और उपयोग करना	3. भोगोपभोग परिमाणव्रत, प्रोषधोपवास आदि व्रत अपरिग्रह व्रत, अहिंसा व्रत
4. ब्रह्मचर्यव्रत पालन, परिवार नियोजन और जनसंख्या नियत्रण	4 ब्रह्मचर्यव्रत
5 सर्वप्राणि–बधुत्व की भावना का प्रवीजन और पल्लवन	5. अहिंसा व्रत

विचारक विद्वानो ने बताया है कि पर्यावरण–प्रदूषण सुन्दर चेहरे पर चेचक के दाग के समान है। इसे मिटाना आवश्यक है। इसके लिये आध्यात्मिक पर्यावरण की शैली अपनानी होगी। प्रो.काल्डबेल के अनुसार हमें धर्म पुस्तको में उपदेशित सर्वप्राणि–बधुत्व का नया नीतिशास्त्र, आधुनिक युग के अनुरूप, विकसित करना होगा जो विज्ञान और धर्म का समन्वय कर सके। इसके लिये उपरोक्त व्रतो के पालन के साथ मानसिक, वाचिक एवं कायिक सयम या नियन्त्रण का अभ्यास करना होगा। संतोषवृत्ति अपनाकर सामायिक, प्रतिक्रमण जैसी विधियो का दैनिक अभ्यास करना होगा। यदि नई पीढ़ी को इस दिशा में आकृष्ट किया जा सके, तो पर्यावरण सन्तुलनीवृत्ति का विकास होगा और तदनुरूप प्रवृत्ति भी सार्वजनिक होगी।

आन्तरिक पर्यावरण

हमारा शरीर तन्त्र एक जटिल एवं स्वचालित मशीन है। इसके बाहरी पर्यावरण के सन्तुलन के विषय में जो दृश्य प्रक्रिया ऊपर बताई गई है, उससें हम शरीर तन्त्र के आन्तरिक पर्यावरण के सम्बन्ध में अनुमान लगा सकते हैं। तथापि यह ध्यान में रखना चाहिए कि हमारे शरीर तन्त्र के अन्दर भी दो प्रकार के पर्यावरण होते हैं :

(1) भौतिक और रासायनिक (आहार ग्रहण, चयापचय आदि) और
(2) मनोभावात्मक

ये दोनों भी अन्योन्य–सम्बद्ध, अन्योन्य–निर्भर एवं अन्योन्य–प्रभावी होते हैं। हमारी अस्मिता, महत्त्वाकाक्षा, आक्रामकता, क्रोध–मान आदि की सहज एवं मूल प्रवृत्तिया अनेक आपत्तियों की जननी हैं। इन मनोभावात्मक वृत्तियों में सुधार एवं शुभकरता के उपदेश सदियों से उपदेशित हैं, पर इनके अल्पीकरण के मूल कारण अब भी अज्ञात बने हुए हैं।

हमारे आहार और उसके पाचन की एन्जाइमी बेक्टीरियाई तथा अम्ल–क्षारी चयापचयी क्रिया मे उत्पन्न जीवन के अनेक घटक मुख्यतः रासायनिक पदार्थ ही हैं। यह किया समग्रत. उष्माक्षेपी होती है जिसमें हमें जीवन के विविध कार्यों के लिये समुचित ऊर्जा मिलती है। इस क्रिया में उपयोगी पदार्थों के अतिरिक्त अनेक प्रकार के ठोस एवं तरल अवशिष्ट भी बनते हैं जिन्हें हमारा शरीर मल–मूत्र एव स्वेद आदि के रूप मे उत्सर्जित करता रहता है। आहार, के अंतर्ग्रहण के बाद से शरीर तत्र की सभी अन्तरिक भौतिक क्रियायें स्वचालित एवं सन्तुलित रूप में होती रहती हैं। आहार की अप्राकृतिकता, अधिकता, कुपोषण अथवा अन्य बाह्य कारक इस प्रकिया में बाधा या असन्तुलन उत्पन्न करते हैं। इससे हम बीमार पड़ जाते हैं, हमारा व्यवहार परिवर्तित हो जाता है। औषध, व्यायाम, योगासन, प्राणायाम, उपवास, सत्संग एवं ध्यान आदि से इन क्रियाओं में पुनः सन्तुलन स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। यदि आहार के घटक समुचित मात्रा में हो और चयापचयी क्रिया भी समुचित हो, तो इन क्रियाओं में ऐसे घटक निर्मित होते हैं जिनसे हमारा भावात्मक निर्माण होता है। एड्रेनलीन, डोपामीन, सेरोटोनिन आदि के समुचित ग्रंथि–स्राव हमें सामान्य एवं सक्रिय बनाये रखते हैं और इनका असन्तुलित अथवा अधिक स्राव हमारी मानसिक अवस्था को विकृत कर देता है। वस्तुतः यदि हम पोषक तत्त्वों से युक्त सन्तुलित एवं संयमित आहार लें, तो वह हमारी भौतिक एवं आध्यात्मिक प्रगति के लिये हितकारी होता है। यह पाया गया है कि हमारे भौतिक मस्तिष्क में विभिन्न संवेदनों, आवेग, उद्वेगों तथा विश्वासो के ऊर्जावान केन्द्र हैं। इनका सन्तुलित उद्भाव एवं संचालन हमारे आहार की चयापचयी क्रिया

से उत्पन्न विशिष्ट घटको की समुचित मात्रा से होता है। यदि ये घटक समुचित मात्रा में न हो, तो हमारी मनोवृत्ति और प्रकृति असामान्य होने लगती है। फलत हमें अच्छी मनोवृत्ति, अच्छी प्रवृत्ति एवं शांति आदि की प्रकृति के अनुरूप समुचित मात्रा में पौष्टिक आहार लेना चाहिये, सात्विक आहार, शाकाहारी आहार लेना चाहिये। वर्तमान मे अनेक औषधिया भी इस दिशा मे सामने आई हैं।

कर्मवादी जैन धर्म के अनुसार, हमारी मनोवृत्ति और व्यवहार को प्रभावित करने वाले मोहनीय कर्म के ही नहीं अपितु आठो कर्मों के परमाणु विश्व के कोने–कोने मे व्याप्त हैं। हम क्रोध के परमाणु ग्रहण करे, या करुणा और शान्ति के, यह हमारे आन्तरिक पर्यावरण पर निर्भर करता है। धर्माचार्य तो करुणा और अहिसा की मनोवृत्ति के उत्पादक परमाणुओ को ग्रहण करने का उपदेश देते हैं। पर क्या हमारा आन्तरिक तत्र इसके लिये सबल है? हमारे आहार–विचार को प्रभावित करने वाली प्रवृत्तियो (उपवास, ऊनोदरी, प्रोषध, अभक्ष्य त्याग, व्यसन त्याग, तथा ध्यानादि) से हमारी आन्तरिक ऊर्जा की वृद्धि होती है और आन्तरिक पर्यावरण भी भौतिक और रासायनिक दृष्टि से शुद्ध होता है एव वह शुभ प्रवृत्तियो के परमाणुओ को ग्रहण करने मे सदैव सक्षम रहता है। फलत सात्विक आहार एवं उपरोक्त विधियो के अभ्यास से हमारा आन्तरिक पर्यावरण–मनोभावात्मक वृत्तिया शुद्ध होती हैं। उपभोक्तावादी सस्कृति के युग मे उन प्रवृत्तियो का अभ्यास कुछ कठिन अवश्य प्रतीत होता है, पर इसके बिना कोई चारा नहीं है। अशुद्ध आन्तरिक प्रवृत्तियो को सयमित करना ही होगा। इसी से हम 'जिओ और जीने दो' तथा 'परस्परोपग्रहो जीवाना' के सिद्धान्त को मूर्तरूप दे सकेगे। इसी से हम जीवों के प्रति समभाव, आदर एव करुणा की भावना प्रगाढ़ बना सकेंगे। वस्तुत सन्तुलित आन्तरिक पर्यावरण मे ही मानव का कल्याण निहित है और यही भौतिक एव रासायनिक पर्यावरण को सयमित करने के लिये मूल आधार है।

आहार संयम

'सयम' शब्द का अर्थ है, अशुद्ध वृत्तियो या प्रवृत्तियो का सम्यक् रूप से नियत्रण या निरोध और, फलत, शुभ वृत्तियों की ओर उन्मुखता एव प्रवृत्ति। डा भाट ने 'सयम' शब्द से निरोध, अशुभ–निवृत्ति, चिन्तनशीलता, एकाग्रता और ध्यान तक के अर्थ लिये हैं और इसके इकतीस लाभ गिनाये हैं। ये पातजल सूत्र म भी मिलते हैं। वस्तुतः आहार–सयम, इन सबमें प्रमुख है क्योकि सयमित और सात्विक आहार के सरामन से आतरिक ऊर्जा मे वृद्धि होती है जिससे हमे उपरोक्त लाभ होते हैं। वस्तुत', यदि निम्न चक्र–

आहार सयम → आतरिक पर्यावरण सयम → भौतिक पर्यावरण

अविरत चले तो विश्व में नगण्य ही समस्यायें रहें। इसलिये आहार संयम सभी प्रकार की शुद्धियों का मूल स्रोत है।

मानव–जीवन तो क्या, प्राणि–जगत् के जीवन के भौतिक संचालन, पोषण एवं विकास के लिये तथा भावात्मकतः आध्यात्मिक उन्नति हेतु उदात्त भावनाओं के पल्लवन एवं विकास के लिये आहार अनिवार्य है। इसका चयापचय हमें सामान्य और विशेष कार्य करने के लिये ऊर्जा प्रदान करता है। शास्त्रों में कहा है, "अन्न ही जीवन है।" जैन शास्त्रों में आहार के छह प्रमुख घटक बताये गये हैं ·

1.	अशन	अन्न और दाने	कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन
2.	पान	दूध, तेल, जल आदि	वसायें, जल
3.	खाद्य	मिष्ठान्न	उपरोक्त से निर्मित
4.	खाद्य	मसाले, मुखशोधक	खनिज, विटामिन
5.	लेह्य	चटनी, आचार आदि	"
6.	लेप	तैल आदि से मालिस	"

ये वैज्ञानिकों की छह प्रमुख खाद्य कोटियों से तुलनीय हैं। इन खाद्यों में वायु का नाम नहीं है जबकि यह जीवन के लिये अनिवार्य है (समवतः अधिसाधारण होने से इसका उल्लेख नहीं हो पाया है)।

शास्त्रों में आहार के अतर्ग्रहण के छह दृश्य एव अदृश्य प्रकार बताये हैं जिनमें कवलाहार, ओजाहार, (उष्माहार, अवशोषण) और लेपाहार (विसरण) दृश्य हैं और बहुप्रचलित हैं। इनके अतिरिक्त, कर्म, नो कर्म (मूल प्रवृत्तियां–राग, द्वेष, मोह आदि) और मानसिक आहार भी अतर्गृहीत होते हैं जो हमारे मनोभाव एव व्यवहारों को घनिष्ठतः प्रभावित करते हैं। आहार शास्त्री इन अतिरिक्त आहारो के लिये मौन हैं क्योकि वे इन्हे मनोविज्ञान का विषय मानते हैं।

पर्यावरण–सम्बन्धी उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि हमारे आहार के सभी घटक पर्यावरण से ही प्राप्त होते हैं। शुद्ध पर्यावरण से प्राप्त घटक हमारे जीवन को भी शुद्ध एवं सात्विक बनाते हैं। 'जैसा खावे अन्न, वैसा होवे मन' और 'जैसा पीवे पानी, वैसी होवे वानी' की कहावतें इसी तथ्य की प्रतीक हैं। आज के प्रदूषित वातावरण में उत्पादित खाद्य भी प्रदूषित हो रहें हैं और उनमें विषाक्त एवं हानिकारक पदार्थों की मात्रा भी निरन्तर बढ़ रही है। ये खाद्य हमारे जीवन की सुरक्षा में व्याघात डालते हैं। हमारी मनोवृत्ति और प्रवृत्ति को प्रदूषित करते हैं। फलतः आहार–तन्त्र और पर्यावरण–तन्त्र एक दूसरे से घनिष्ठतः सम्बन्धित हैं।

आहार के घटक या अन्तर्ग्रहण का जो भी स्वरूप हो, समग्रतः आहार तंत्र दो प्रकार का पाया जाता है

1. शाकाहारी तन्त्र स्वास्थ्य, नैतिकता, सामाजिक, अर्थिक, सौंदर्यबोध, दीर्घजीविता, मनोविज्ञान की दृष्टि से उत्तम ।
2. अ–शाकाहारी तन्त्र . उक्त दृष्टियो से किंचित् हीनतर

विश्व के प्राय· सभी धर्मज्ञो ने शाकाहार को उत्तम आहार तन्त्र माना है और अब वैज्ञानिक भी भौतिक, रासायनिक, चयापचयी एवं मनोवैज्ञानिक आधारो पर यही तथ्य मानने लगे हैं। शाकाहार तन्त्र आहार की ऐसी सरल और सात्विक पद्धति है जिसमे भोज्य पदार्थों की प्राप्ति या तैयारी में किसी भी स्तर पर किसी के जीवन का समापन न हो और हिंसा का अधिकतम अल्पीकरण हो। 'जतुमालाकुले लोके कथ भिक्षुरहिसक." के अनुसार, सूक्ष्म जीवाणुओ के सार्वत्रिक राज्य मे ऐसी अहिसक जीवन–पद्धति कैसे सम्भव है? सर्वप्रथम तो, अन्न फाल, शाक आदि एकेंद्रिय जीवों के हिंसन में, उनके तन्त्रिका–तन्त्र के अल्पतम विकसित होने के कारण, असहाय हिंसन–पीड़ा होती है। दूसरे, इनमे पचतत्त्वो की तुलना मे जल तत्त्व ही प्रधान रहता है। तीसरे, प्राय· इनका अचित्तीकृत रूप ही खाद्य के काम आता है। चौथे, वनस्पतियों या जीवाणुओ का पुनष्चक्रण अल्पसमयी क्रिया है। पांचवें, यह ईर्यापथिकी अकषायिणी जीवनरक्षणी क्रिया है जिसमे अल्पतर कर्मबन्ध होता है। इसी लिये जैनो ने वनस्पति खाद्यों के उपयोग में अल्प और बहु हिंसा के आधार पर अपने भक्ष्य–अभक्ष्य विचार प्रस्तुत किये हैं। इन आधारों पर 'अहिंसा' की परिभाषा हिसा के पूर्ण–निरोध के बदले उसके अधिकतम अल्पीकरण के रूप मे की जानी चाहिए। यह व्यावहारिक परिभाषा है, अन्यथा संसार में कोई भी जीवित नहीं रह सकता।

वर्तमान में शाकाहार के दो रूप हैं– शुद्ध शाकाहार और दुग्ध शाकाहार। अधिकांश लोग दुग्ध–शाकाहारी ही होते हैं। वे बनस्पतिज उत्पादो के अतिरिक्त, दूध और उसके उत्पादो को भी ग्रहण करते हैं। अडज आहार शाकाहारी नहीं है, क्योंकि अडा तो अनुत्पादी जीव है, उसमें कोलस्ट्रोल पाया जाता है एवं वह बनस्पतियो से उच्चतर कोटि के जीवों से ही प्राप्त होता है। शाकाहार पद्धति अहिंसक, बहु–रोग निरोधक, क्षारीय रक्तवर्धक सात्विक मनोभाव सवर्धक है। मधु जैन ने कासलीवाल अभि. ग्रंथ, 1998 में इस तन्त्र से सम्बन्धित अनेक प्रकार के आकड़े दिये हैं। इसीलिए इस तन्त्र की लोकप्रियता सर्वत्र निरन्तर बढ रही है। यह तन्त्र एक जीवन शैली है जो मानव के शरीर–तन्त्र एवं पाचन–तन्त्र के अनुरूप है।

वर्तमान पर्यावरण–प्रदूषण एवं उपभोक्ता संस्कृति के युग में मानव अधिभक्षण, अभक्षण, कुपोषण आदि के कारण अनेक रोगों एवं दुर्गुणों का

शिकार हो रहा है, कर्तव्य–अकर्तव्य की उसकी रेखायें धूमिल हो रही हैं। वह युद्धक और आक्रान्ता होता जा रहा है; दया, करुणा, एव सर्वजीवसमभाव के बदले उसमें व्यक्तिवादी मनोवृत्ति अधिक पनपने लगी है। यह सब स्वस्थ व्यक्ति, समाज व राष्ट्र के लिये हानिकारक है। मानव समाज के सुख शान्त जीवन के लिये हमें आहार पद्धति का समुचित चयन परिसीमन एवं नियन्त्रण करना होगा और इस प्रक्रिया को ही आहार संयम कहते हैं।

पर्यावरण–संरक्षण से सम्बन्धित दिशा निर्देशों के समान, जैन शास्त्रों मे आहार–सयम के लिये भी पर्याप्त निर्देश दिये हैं जिनसे मानव स्वस्थ, सात्विक एव शुभतर कार्यों मे प्रवृत्त रह सके। वे सक्षेप में निम्न प्रकार हैं .

1 स्नेह, करुणा, दया, सर्वजीव–समादर एवं समभाव के लिये अहिसक जीवन शैली अपनाना (अहिसा)
2 सत्विक शुद्ध अथवा दुग्ध–शाकाहारी बनना (अहिसा)
3 अतिभक्षण, कुभक्षण एव अभक्षण न करना (अहिसा)
4 औषधीय उपयोगों के अतिरिक्त बहुहिंसी पदार्थों का सेवन न करना। इसके अन्तर्गत मद्य, मास, मधु, पच उदुम्बर फल आदि आते हैं। (अहिसा)
5 अनावश्यक मात्रा में खाद्य समाग्री का सचय न करना (अपरिग्रह, अनर्थदड)
6 आवश्यकतानुसार पाचनतन्त्र की सुरक्षा संवर्धन एवं आन्तरिक ऊर्जा वृद्धि हेतु एकाशन, उपवास, प्रोषध आदि का समय–समय अनुष्ठान करना (अनशन, प्रोषधोपवास)
7 जितनी भूख हो, उससे कुछ कम (10 प्रतिशत) आहार लेना (ऊनोदरी)
8 शाकाहारी आहार के विविध व्यजनो की सख्या का सीमन करना (वृत्ति–परिसंख्यान)
9. गरिष्ठ आहार न करना (प्रणीत–रस–वर्जन)
10 10. आसन, प्राणायाम, ध्यान एव स्वाध्याय का निरन्तर अभ्यास करना (अन्तरग और बहिरग तप)

इन विविध प्रवृत्तियों से आहार संयम करने से निम्न सुधार या लाभ होगे।

1. आहार–सयम से आहार पाचन की क्रिया सन्तुलित होगी और पाचन–गुणाक में पर्याप्त वृद्धि होगी। इससे शरीर तन्त्र की आन्तरिक ऊर्जा बढ़ेगी। जीवन, सात्विक, सक्रिय, उत्साहपूर्ण एवं आशावादी बनेगा। पूज्य सहज मुनि की दो सौ से अधिक दिन की एवं हीरालाल माणिक के चार सौ ग्यारह दिनों की उपवास–क्षमता इसी का परिणाम है जिससे विश्व के वैज्ञानिक भी विस्मित हुये हैं।

2 आहार–सयम से स्वहित एव लोक हितकारी कार्यों में प्रवृत्ति होगी एव जीवन अध्यात्ममुखी बनेगा।
3. आहार–सयम से बाह्य और आभ्यन्तर तप के अभ्यास में रुचि बढ़ेगी।
4 मानव का समग्र जीवन अपने एव समाज के हित, सुख, धार्मिकता एव समृद्धि के संवर्धन मे प्रेरक बनेगा।
5 आहार–सयम से आन्तरिक एव भौतिक पर्यावरण के सयमन मे सहायता मिलेगी।

वस्तुत आहार–सयम का मूल आधार अहिसा ही है। अन्य सभी बिन्दु उनके विस्तार मात्र हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि स्वास्थ्य–विज्ञान ने धर्मज्ञो की प्राय सभी उक्त मान्यताओ को प्रयोगपुष्ट किया है और उन्हे अपनी चिकित्सीय प्रणाली मे समाहित करना प्रारम्भ कर दिया है।

यहा यह ध्यान में रखना चाहिये की उपरोक्त शास्त्रीय प्रवृत्तिया व्यक्तिलक्षी हैं। पर उन्हे वर्तमान युग के परिप्रेक्ष्य मे समाजलक्षी एव राष्ट्रलक्षी बनाना चाहिये। हमे धर्मज्ञों के व्यक्तिवादी कर्मवाद कारण–कार्य नियम को समाजवादी प्रभावो में विस्तारित करना होगा क्योकि सापेक्षता सिद्धान्त की व्याख्या ने प्रायोगिक रूप से यह सिद्ध कर दिया है कि विश्व का प्रत्येक सूक्ष्म और स्थूल तन्त्र एक दूसरे से सम्बन्धित एवं प्रभावित रहता है। इसीलिए समूहवादी कर्मवाद का प्रसार करना होगा। तभी पर्यावरण–सयम और आहार–सयम का लोक कल्याणकारी रूप निखरेगा।

पाठ्य–सामग्री

1 एफ ओवन, व्हाट इज इकोलोजी, ऑक्सफोर्ड यूनि प्रेस, न्यूयार्क, 1974
2 एम फुकुओका, दी रोड टू नेचर, बुकवेंचर, मद्रास, 1987
3 रेमेट, हरमान, इकोलाजी, स्प्रिगर–वरलाग, बर्लिन, 1980
4 रूथ, मूर, मैन इन दी एन्वायरमेंट, टाटा–मैग्रॉहिल, दिल्ली, 1975,
5 शाह, नटूभाई, पर्यावरण और जैन धर्म, कासलीवाल अभि, ग्रथ, रीवा, 1996
6 जैन, मधु, शाकाहार तुलनात्मक विचार, वही, 1998
7 भाट, व्ही एम, योगिक पावर्स एड रियलाइजेसन, भा विद्याभवन, बबई, 1964

अललित जैन साहित्य का अनुवाद : कुछ समस्यायें

जैनधर्म भारतीय संस्कृति का एक ऐसा बहुमूल्य, पारदर्शी एव सप्तरंगी रत्न है जिसकी शोभा पिछले 2500 वर्षों के इतिहास में निरन्तर वर्धमान रही है। यही कारण है कि अब यह पूर्व और पश्चिम की संस्कृतियों के आदान–प्रदान व नवीन परिधान के सेतु के रूप में उभर रहा है। इसके सैद्धान्तिक तत्त्वों का विवरण भारत के प्राचीनतम साहित्य में उपलब्ध होता है। इसकी व्यापक प्रभावशीलता का अनुमान इसी से होता है कि भारत के पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण सभी क्षेत्रों में इसके अनुयायी न केवल ईसा की पिछली उन्नीस सदियो से ही रहे हैं अपितु आज भी वे भिन्न–भिन्न क्षेत्रो मे राष्ट्रीय, सामाजिक एवं आर्थिक प्रतिष्ठा मे अपना महत्त्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। यही कारण है कि महावीर के पंचविशति शती महोत्सव (1975–76) और भ बाहुबली के सहस्राब्दि महोत्सव इतनी गरिमा के साथ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाये गये हैं। इन उत्सवों पर आयोजित धर्मचक्र और जनमंगल कलश की योजनाये जैनधर्म के सार्वजनिक सिद्धान्तो को घर–घर तक पहुंचाने मे अपूर्व साधक सिद्ध हुई हैं।

जैनधर्म के सिद्धान्तो में अनेक अपूर्वताए हैं · समीचीन दृष्टि, परीक्षा प्रधानता, समभाव, स्वावलम्बन और श्रमणता। इनके समान ही जैन साहित्य भी अपूर्व है। इसमे कथायें हैं, लोकालोक विवेचन है, आचार–विचार का निरूपण है। यह भारत की अनेक भाषाओं में है। ईसापूर्व से इसका प्रवाह निरन्तर वर्धमान रहा है। यह साहित्य सामयिक जनभाषाओं में प्राकृत, अपभ्रश, संस्कृत, दक्षिणी भाषायें और ढूंढिया तथा हिन्दी और अनेक प्रान्तीय भाषाओं में निर्मित हुआ है। इसका प्राचीन और मध्यकालीन साहित्य धार्मिक सिद्धान्तो के अतिरिक्त तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा ऐतिहासिक विषयों पर पर्याप्त प्रकाश डालता है। यह साहित्य ललित कोटि का भी है और अललित कोटि का भी है। इधर पिछले कुछ वर्षों में ललित कोटि के साहित्य पर काफी काम हुआ है और वह भारतीय भाषाओं और अनेक प्रान्तीय भाषाओं मुख्यत: हिन्दी के माध्यम से प्रकाश में आया है। इस साहित्य का लालित्य तुलनात्मक रूप में प्रकट हुआ है। इसके अन्तर्गत

काव्यों एव महाकाव्यो के अध्ययन और धार्मिक साहित्य के अनुवाद एव टीकाग्रथ भी समाहित हैं। इसके विपर्यास मे, अललित साहित्य आता है जिसमें लौकिक विद्याएँ–न्यायशास्त्र, वैज्ञानिक और तकनीकी ग्रन्थ आदि आते हैं। इनका अध्ययन अभी अल्पमात्रा मे हुआ है। इस दिशा में समीक्षात्मक एव तुलनात्मक अध्ययन सीमित ही है।

आज के युग मे इस साहित्य मे निहित ज्ञान के प्रचार–प्रसार की महती आवश्यकता है। इसका कारण न केवल इसके सार्वभौम नैतिक उपदेश ही हैं, अपितु इनमे व्यक्त लौकिक व वैज्ञानिक जगत् सम्बन्धी अनेक अवधारणाएँ एव उनकी उत्थानिकाएँ भी हैं जो इस साहित्य में उपलब्ध होती हैं। यह बीसवीं सदी मे भी इसलिये समुचित रूप में प्रसारित नहीं हो पा रहा है कि यह साहित्य अधिकाश ऐसी भाषाओ मे है जिनसे आज का जनसाधारण अपरिचित होता जा रहा है– सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रश। इसलिये इसे वर्तमान भाषाओ मे ही करना आवश्यक नहीं है, अपितु पश्चिमी भाषाओं में भी करने की आवश्यकता है। यद्यपि अनेक धार्मिक ग्रथों के हिन्दी और अग्रेजी मे अनुवाद 1930 से ही होने प्रारम्भ हो गये थे, फिर भी अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रथ हैं जिनके भाषान्तर की आवश्यकता है।

अभी तक इस क्षेत्र मे जो भाषान्तर हुये हैं, उनके अवलोकन से पता चलता है कि अनेक तो द्रव्यानुवाद मात्र हैं, जबकि अनेक भावानुवाद हैं। वस्तुत' आज भावानुवाद की ही आवश्यकता है। हाँ, भावानुवाद को ग्रथकार के विचारों व तथ्यो का द्योतक होना चाहिये। इस समय अनुवाद की प्रमुख भाषा हिन्दी है। फिर भी कुछ ग्रथो का अग्रेजी मे भी अनुवाद हुआ है। अब नये युग के अनुरूप अनेक आगम–तुल्य ग्रंथो के हिन्दी और अग्रेजी मे अनुवादों का भी श्रीगणेश हो चुका है।

वस्तुत ललित साहित्य के अनुवादो में भी कुछ समस्यायें हैं, लेकिन मैं यहा दार्शनिक और वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद की समस्याओ पर ध्यान केन्द्रित करूंगा। इस कोटि के साहित्य की अनेक विशेषतायें हैं। इनके विषय प्रायः लौकिक जीवन से सम्बन्धित तथा दैनन्दिन उपयोगी होते हैं। अधिकाश प्रकरणों मे इनकी वैज्ञानिक जाच की जा सकती है। इन विषयों के निरूपण मे सामान्य भाषा के अतिरिक्त अनेक तकनीकी शब्दों का भी प्रयोग किया जाता है। यही नहीं, विभिन्न लौकिक विषयों, ज्योतिष, द्रव्य–धातु परीक्षा, अजीव पदार्थ, गणित, भूगोल, खगोल, दर्शन आदि की अपनी–अपनी विशेष शब्दावली भी होती है। विभिन्न क्षेत्रों एवं युगों में यह परिवर्तित और परिवर्धित भी होती रहती है। उदाहरणार्थ, प्राचीन गणित और पदार्थ शास्त्र मे अनेक शब्द ऐसे हैं जिनके समकक्ष आज कौन–सा शब्द लिया जाय, यह स्पष्ट नहीं होता। प्राचीन काल मे द्रव्य, तत्त्व, अर्थ, पदार्थ

आदि समानार्थक माने गये हैं जबकि आज इनमे कुछ भेद गणनीय हैं। 'पुद्गल' शब्द का समानार्थी कोई शब्द ही नहीं है। गणित मे भी क्षेत्र और कालप्रमाणों को आज की भाषा में व्यक्त किये बिना नहीं समझा जा सकता। इसी प्रकार विषयों से सम्बन्धित साहित्य में पारिभाषिक शब्दो की समस्यायें हैं। साथ ही, विभिन्न परम्पराओ के साहित्य से समकक्षता की समस्या भी है जो तुलनात्मक अध्ययन के लिये आवश्यक है। फलतः इस साहित्य के अनुवाद मे सबसे महत्त्वपूर्ण समस्या इनमें प्रयुक्त शब्दावली के आधुनिकीकरण की है। इसके बिना इन अनुवादों की उपयोगिता अत्यन्त सीमित रहेगी। यह समस्या अभी कुछ समय पूर्व पश्चिमी भाषाओ के वैज्ञानिक साहित्य को हिन्दी में अनुवाद करते समय भी प्रस्तुत हुई थी। अनेक विद्वानों ने इस विषय में व्यक्तिगत प्रयास किये, पर एकरूपता के अभाव मे दुविधा ही बढ़ी थी। अन्त में भारत सरकार ने तकनीकी शब्दावली निर्मित कर अनुवादों में अखिल भारतीय स्तर पर एकरूपता लाने में पर्याप्त सफलता पाई है। पश्चिमी भाषाओं के शब्दों के पारिभाषीकरण के लिये भाषाशास्त्रियों तथा विषयविदों की सम्मिलित संविद ने कुछ सिद्धान्त भी स्थिर किये। इसके अनुसार कुछ शब्द लिप्यंतरित कर लिये गये, कुछ भावानुवादित कर लिये गये और अनेक शब्द गढे गये। इसके सिद्धान्त हमारा भी मार्गदर्शन कर सकते हैं।

वर्तमान में प्राचीन भारतीय तकनीकी और वैज्ञानिक साहित्य की वैसी ही स्थिति है जो अठारहवीं–उन्नीसवीं सदी में पश्चिम मे वैज्ञानिक साहित्य की थी। यह भिन्न–भिन्न देशो के वैज्ञानिको द्वारा अपनी–अपनी भाषाओ मे अपनी–अपनी शब्दावली के आधार पर तैयार किया जा रहा था। इनमें पारिभाषिक शब्दो और सकेतो मे विभिन्नता दुरूह थी और एक देश मे किये गये कार्य का लाभ दूसरे वैज्ञानिकों तक सही रूप मे नहीं पहुच पाता था। इस कारण विज्ञान की प्रगति मन्द रही। हमारे देश मे भी भिन्न–भिन्न पद्धतियो ने अपने–अपने विशिष्ट मन्तव्यो, तत्त्वों को इतनी विविध प्रकार की पारिभाषिकता दी है कि भाषा के एक रहते हुये भी वह दुरूहता की कोटि में आती गई। इस दुरूहता को दूर करने का अब समय आ गया है। विभिन्न भारतीय पद्धतियों में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों की पहले समकक्षता और बाद में एकरूपता का प्रयत्न किये बिना जैन साहित्य ही क्या– भारतीय अललित साहित्य का समुचित तुलनात्मक मूल्यांकन व प्रचार सम्भव नहीं दिखता। यही बात कुछ अंशों में ही सही, धार्मिक साहित्य के पारिभाषिक शब्दों पर भी लागू होती है।

इस समस्या के समाधान के लिये मेरा सुझाव है कि समाज की विभिन्न अनुसंधान संस्थायें मिलकर इस विषय पर विचार करें, विभिन्न

पारिभाषिक शब्दो की सूची बनायें और उनके लिये आधुनिक शब्द का विधान करे। इसके लिये विषय–विशेषज्ञों के पैनल बनाये जायें और उनके एकीकृत प्रयास से एक मानक शब्दावली का निर्माण कराया जाय जिसका उपयोग भविष्य मे किये जाने वाले अनुवादो में समान रूप से किया जा सके। जैन दार्शनिक और लौकिक विद्या के साहित्य को हिन्दी के साथ अंग्रेजी में भी अनुदित करने की समस्या भी आज महत्त्वपूर्ण बन गई है। इसके लिये भी साथ ही साथ एक समकक्ष शब्दावली का निर्माण किया जाना चाहिये। अभी तक विश्व के दार्शनिक और वैज्ञानिक विचारो और अवधारणाओ के ऐतिहासिक निरूपण मे जैनो क्या– भारतीयो के योगदान की चर्चा नाममात्रेण ही पाई जाती है। इसका वास्तविक मूल्याकन ऐसे ग्रन्थो के विदेशी भाषाओ मे समुचित अनुवाद करने पर ही सम्भव है। इसके लिये भी अनेक सस्थाओ को मिल कर समन्वित योजना बनानी चाहिये।

यद्यपि अनुवाद कार्य मौलिक नहीं माना जाता, फिर भी इसकी अपनी एक गरिमा है। इसके लिये यह आवश्यक है कि अनुवादक स्वय को मूल लेखक के रूप मे प्रस्तुत कर सके। उसके अन्तरग भावों को हृदयगम कर उन्हे आकर्षक और रोचक अभिव्यक्ति दे सके। अललित साहित्य का अनुवाद स्पष्टत ललित साहित्य के समान रोचक तो नहीं हो सकता, फिर भी उसमे यथाशक्ति भाषात्मक एव भावात्मक सरलता लाई जा सकती है। लेकिन यह सरलता विषय विशेष पर निर्भर करेगी। इस तथ्य को अनेक अनुवादकों ने स्वीकार किया है। इसलिये कुछ धार्मिक ग्रन्थों के अनुवाद सफल भी रहे हैं। अनुवाद की सफलता के लिये अनुवादकों मे विषय ज्ञान के साथ अनेक भाषा प्रवीणता भी अपेक्षित है। इस दृष्टि से नई पीढी को कुछ अधिक श्रम करने की आवश्यकता है।

यह स्पष्ट है कि ऐसे कार्य मे तात्कालिक महत्ता या प्रचार–परक लोकप्रियता नहीं होती। इसलिये अनुदित साहित्य के प्रकाशन की समस्या सदैव रही है। पिछले कुछ वर्षों से जीवराज ग्रन्थमाला, भारतीय ज्ञानपीठ, श्वेताम्बर तेरापथी महासभा, पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वर्णी शोध सस्थान, रमारानी शोध सस्थान, एल डी इन्स्टीट्यूट आफ इण्डोलाजी आदि संस्थायें इस कार्य में आगे आई हैं। फिर भी, यह देखा गया है कि 'षड्दर्शनसमुच्चय' के समान ग्रन्थों के अनुवाद–प्रकाशन में एक पीढी तक का समय लगा है। आधुनिक ज्ञानप्रसार के युग मे किसी महत्त्वपूर्ण कार्य में इतना समय अत्यधिक प्रतीत होता है। इसके विपर्यास में, यह उदाहरण कितना आश्चर्यजनक लगेगा कि जापान में विभिन्न भाषाओं में लिखे गये महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों शोध–पत्रों का जापानी अनुवाद लगभग उसी समय (या तीन माह के अन्दर) प्रकाशित होता है जब वे अपनी मूल भाषाओं में प्रकाशित होते हैं।

भारतीय वातावरण में इतनी द्रुतगति से कार्य करने की कल्पना भी कुछ दुरुह लगती है। फिर भी, ग्रन्थ के अनुवाद और प्रकाशन के समय में तीन वर्ष का समय पर्याप्त माना जाना चाहिये।

अभी अललित साहित्य के हिन्दी अनुवाद बहुत कम हुये हैं। अंग्रेजी अनुवाद तो और भी कम हुये हैं। अनुवाद की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये उनमें टिप्पण होना एक स्वस्थ परम्परा है। यह ग्रन्थों में आधुनिकता लाने का प्रयत्न है। यह भावों की स्पष्टता के लिये भी अपेक्षित है। कुछ विद्वानों ने स्फुट न्याय, गणित तथा ज्योतिष ग्रन्थों के अनुवाद किये हैं, पर जिस मात्रा में मूल और पन्द्रहवीं सदी तक के उपरोक्त कोटि के ग्रन्थों के अनुवाद की आवश्यकता है, उस रूप में यह सब सागर में जल बिन्दु के समान हैं। इस विषय में अपार क्षेत्र पड़ा हुआ है। नई पीढी को अपना यह उत्तरदायित्व निभाना चाहिये। सम्भवतः वह इस दिशा में प्रेरित हो सके यदि भारतीय विश्वविद्यालयें, जापान आदि उन्नत देशों की तरह उत्तम सटिप्पण अनुवाद पर भी शोध–उपाधि प्रदान करने लगें।

अनुवाद और उसका प्रकाशन समयसाध्य, श्रमसाध्य एवं व्ययसाध्य कार्य है। यह गम्भीर अध्ययन भी चाहता है। आज समाज में अनेक शोधोन्मुख संस्थाएँ पल्लवित, पुष्पित और फलित हो रही हैं। मुझे विश्वास है कि ये जैन साहित्य के विविध अगों के अनुवाद के माध्यम से पूर्व और पश्चिम के जिज्ञासु अध्येताओ और मनीषियो के लिये योजनाबद्ध रूप से उपलब्ध कराने में आनेवाली सभी बाधाओ को दूर करेंगी और जैन विद्या व सिद्धान्तों को विश्वीय परिप्रेक्ष्य में समुचित स्थान प्राप्त कराने में सहायक होंगी।

●

अध्याय – 17

अज्ञान के उपाश्रय में

अपने अज्ञान के प्रति क्षोभ व्यक्त करते हुये एक युवक ने मुझसे एक पत्र द्वारा यह जिज्ञासा व्यक्त की है कि विद्वान और बुद्धिमान बनने के लिये मुझे कौन–सी अध्ययन की दिशा एव क्रिया अभिमत है। मैंने उसे, अपनी बुद्धि के अनुसार, सम्मतिपूर्ण उत्तर भी दे दिया है। लेकिन जैसे–जैसे मैंने इस पर विचार किया, वैसे–वैसे स्वय इस कार्य की क्षमता की योग्यता के अभाव का अनुभव किया। मेरी इस अन्तर अनुभूति पर, मेरे अर्जित ज्ञान–विज्ञान के प्रति अभिव्यक्त आदर भावनाये तनिक भी प्रभाव न डाल सकीं।[1] इसके विपरीत, मुझे अपनी स्थिति देखकर यह ध्यान मे आया कि मेरी यह अनुभूति ठीक उसी प्रकार की है जैसी उस व्यक्ति की होती है जिसने यात्रा तो प्रथम श्रेणी में की हो, पर टिकिट तृतीय श्रेणी की ले रखा हो। मैंने अपनी विज्ञान–नेतृत्व सम्बन्धी प्रसिद्धि पर भी विचार किया, और तब मुझे अपनी ज्ञान निधि की अपूर्णता को देखकर काफी ठेस लगी। जब मैंने यह देखा कि मेरा ज्ञान–भण्डार उन अज्ञात अनन्त वस्तुओ मे निक्षिप्त राशि की अपेक्षा कितना तुच्छ है, तो मैं आत्मश्रद्धा–शून्य हो गया। मैंने सोचा कि मैं एक पौंड के बदले दो पैसे भी नहीं दे सकता, मेरे पास सिर्फ दिग्दिगन्त व्याप्त अज्ञान ही है, और कुछ नहीं, फिर क्यो व्यक्ति मुझसे कर्ज मागने आये ?

मैं पहले अपने से ही प्रारम्भ करू। मेरा यह शरीर (शरीर–वृक्ष) बुद्धि कौशल निर्मित दो स्तभो पर स्थित है जिसकी ऐसी दो शाखाये क्रियाशील रहती हैं, जिनमे प्रत्येक के अन्त मे पाच–पाच कोमल उपशाखाये हैं। इसके सिरे पर एक महाकाय गोलाकार घुण्डी है, जिसमे आश्चर्यजनक छोटे–छोटे चमकते हुये मणियो के समान छिद्र हैं, चटाई–सी ढंकी हुई है, और जो विभिन्न ध्वनि उच्चारण करती है, बोलती है, गाती है, हंसती है, चिल्लाती है। पर मैं इसके विषय मे क्या जानता हू ? मैं तो मात्र रहस्यों का पिटारा हू, जो कोट और पायजामा की जेबो मे भरे हुये हैं। मैं कभी भी बिना शब्दकोष देखे यह न बता सका कि शरीर में उपजिह्वा कहां है, और इसका क्या कार्य है ? मुझे इसका अर्थ कई बार बताया गया, पर मैं हमेशा भूल जाता हू।

"उदर को वक्षस्थल से पृथक् करने वाली क्या है ?" शिक्षक ने विद्यार्थी से पूछा।

"शरीर–चित्र पट जहां (नीचा भाग) आप बेंत रखते हैं, ठीक उसकी उत्तर दिशा में", विद्यार्थी ने उत्तर दिया।

उक्त विद्यार्थी के इस उत्तर का मैं उपहास कर सकता हूं। पर मेरी स्थिति इस विद्यार्थी से अच्छी नहीं कही जा सकती क्योंकि जिस प्रकार वह विद्यार्थी मेरे उपहास का पात्र बना है, उसी प्रकार मैं भी शरीर विषयक अज्ञान के लिये एक चिकित्साशास्त्रवेत्ता युवक विद्यार्थी के लिये, इससे भी अधिक उपहास का पात्र बन सकता हूं। इसी प्रकार, जब शरीर तत्त्व के विश्लेषणों पर यह ज्ञात होता है कि यह शरीर मात्र रहस्यात्मक अनन्त परमाणु संघात–पिण्ड ही है, तो परमाणु–विज्ञान सम्बन्धी प्रश्न पर चिकित्साशास्त्राध्येता एवं सपूर्ण चिकित्साशास्त्र ही उतना ही अज्ञानी और उपहासास्पद प्रतीत होगा जितना शरीर के विषय मे उक्त विद्यार्थी था।

अब मैं जीवन की घटनाओं पर आता हू। मैं जहा भी अपनी आंख उठाकर देखता हू, वहीं मुझे श्री कारलाइल (19 वीं सदी के प्रसिद्ध लेखक और विचारक) के निम्न वाक्यो की सत्यता सिद्ध होती प्रतीत होती है :

"अज्ञान का समुद्र अत्यन्त विस्तृत और अथाह है, जिस पर हम अस्थायी श्वास–प्रयासो के समान तैर रहे हैं।"

मैं दक्षिण आकाश में टिमटिमाते हुए मृगशिरा नक्षत्र को देखकर आश्चर्यचकित रह जाता हूं, एवं इस विस्मयकारी दृश्य की विशालता का अनुभव करता हूं। लेकिन यदि मै स्वयं से यह पूछूं –मैं इनके विषय में क्या जानता हूं ?" तो मेरे पास कोई उत्तर नहीं है। कहना तो यहॉ तक चाहिये कि बडे–बड़े ज्योतिर्विदों का ज्ञान भी उस समुद्र के किनारे तक ही पहुॅच पाया है। इनके विज्ञान से ये सब उपग्रह परे हैं, मेरे मस्तिष्क की तरह ज्योतिर्विदों का मस्तिष्क भी संसाररूपी पेचीदी पहेली के सम्बन्ध में जानने के लिए विलोड़ित है, जिसे न तो यही कहा जा सकता है कि यह निरन्त है, और न यही कि यह सान्त है एवं जिसकी सीमायें हैं, वह भी हमारी विचार–शक्ति से परे की चीज है, और यदि नहीं है, तो यह भी हमारी विचारशक्ति से अगम्य है, अर्थात् "जिसकी ससीमता और निःसीमता हमारी ज्ञानशक्ति से अगम्य है"। ग्रीष्म ऋतु में पुष्पों के पुष्पित होने पर मैं उनके नाम सीख लेता हूं, पर मैं जानता हूं, कि मुझे अगले साल भी ऐसा ही करना पड़ेगा। लेकिन उनके जीवन रहस्य के विषय में, उनकी आश्चर्यजनक उत्पत्ति एवं हवा और पृथ्वी को जीवन और सौन्दर्य में परिवर्तित करने के विषय में मेरी जानकारी उतनी ही उपहासास्पद है, जितनी एक ऐसे

अभिनेता की हो सकती है, जो अभिनय कर रहा हो, पर जिससे अभिनय की कथा पूछने पर "क्या कहा! कहानी ? माफ कीजिये, मैं कुछ भी नहीं कह सकता" यह उत्तर दे रहा हो।

मैं अपने छोटे से नियमित कार्यक्रमों के अतिरिक्त अन्य कार्यों में जिन्हें मैं नहीं जानता या नहीं समझता हूं, तब तक हाथ नहीं डालता, जब तक उन्हें अपने कार्यों मे "बाधक नहीं हैं", ऐसा न समझ लूं। एक दिन मैं बगीचे में मिट्टी खोद रहा था, खोदने पर जमीन के अन्दर बहुत गहरी जड़ें मिलीं। विचार आया, इन्हें नष्ट कर देना चाहिये।" इस विचार से मुझे ऐसा अनुभव हुआ मानो मैं एक ऐसा सेनानी हूं, जो अपने अज्ञान–साम्राज्य की रक्षा के लिये शत्रु पर आक्रमण कर रहा है। फलस्वरूप, मैने कुदाली से खूब गहराई तक खोदकर उन जड़ों को नष्ट कर दिया। इस समय किये गये परिश्रम से मुझे पसीना आने लगा और मैं श्वासावरुद्ध हो गया। इस आक्रमण की याद कर आज भी मैं पीड़ा का अनुभव करने लगता हू। लेकिन आश्चर्य की बात तो यह है कि मैं जितना ही उन जड़ों को खोदता गया, उतना ही उन जड़ों की शाखायें–उपशाखाये अनन्त–सी प्रतीत होने लगीं। फलत. परेशान होकर मैंने बगीचे के अनुभवी मालिन को बुलाया, जो उस समय मधुमक्खियों को पाल रही थी। जब उसने आकर मेरे कृत्य पर दृष्टि डाली, तो वह कह उठी, "आप तो एक पेड की जड़े खोद रहे हैं" और उसने लगभग 12 गज (36 फीट) दूर स्थित एक विशालकाय वृक्ष की ओर इशारा किया। "क्या मुझे उस समय अपनी मूर्खता का अनुभव नहीं हुआ होगा?" अवश्य ही, पर मैं कई अवसरों पर इससे अधिक मूर्खता–अज्ञता का अनुभव कर चुका हूं। फिर भी, ऐसे अज्ञ से सम्मति मांगी जा रही है?

अपनी ही बुद्धि के लिये ऐसे ही अवसरों में से एक का जिक्र यहाँ मैं और कर देना चाहता हूँ। जब मैं युवक था, एक दिन एक वृद्ध ने दो सवारियां किराये पर लेकर मुझे एक जंगल की सैर कराई। हम लोग आगे बढ रहे थे, अचानक एक पेड़ देखकर, उसके बारे में मैंने उस वृद्ध से कुछ कहा। पर वृद्ध ने उत्तर दिया, "यह चुनार का वृक्ष है।" मैं युवक था, उत्तेजित हो उठा, बोला, "नहीं, यह चुनार नहीं है" और चुनार वृक्ष की प्रकृति और पहचान बताने लगा। तब वृद्ध ने उत्तर दिया, "ओ हो, आप जो कह रहे हैं, वह दक्षिण इटली के प्रदेशों में पाये जाने वाले चुनार वृक्ष के विषय में है, वह मिश्र देशीय चुनार–वृक्ष है।" इसके बाद, उसने विभिन्न प्रकार के चुनार वृक्षों के बारे में बड़ी अच्छी तरह बताया, और उसने एतद्विषयक अज्ञान के प्रकट होने से मेरे चेहरे पर होनेवाली प्रतिक्रिया की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। बातचीत के ही सिलसिले में मुझे पता चला, कि उसने अपना जीवन ही जंगलों में बिताया है, वह तो स्काटलैंड के

ड्यूक का वनरक्षक था, और तब मुझे ख्याल आया, "ऐसे व्यक्ति के सामने मैं वृक्ष की पहचान बता रहा था।" लेकिन आज मैं सोचता हूं, कि उस वृद्ध ने मेरा बड़ा उपकार किया है, और मैं जब कभी दूसरे व्यक्तियों को सम्मति या सूचनायें देने लगता हूँ, तो मुझे उसका बरबस स्मरण हो आता है।

मैंने पुस्तकें नहीं पढी हैं, ज्ञान–विज्ञान मैं जानता नहीं हूं, विभिन्न भाषायें भी मैं नही जानता, और न मै बहुत से कार्य ही कर सकता हूं। यदि ये सभी बातें व्यक्ति में सम्भव हो सकें, तो यह महान आश्चर्य की बात होगी। लेकिन मैं इस अज्ञ–स्थिति से अप्रसन्न नहीं हूं, अपितु इसके विपरीत इस बृहत् और अविकसित ज्ञान–सम्पत्ति के विषय में सोचते–सोचते बडे आनन्द का अनुभव करता हूं। इस स्थिति में मुझे ऐसा अनुभव हो रहा है जैसे मुझे एक महाद्वीप का उत्तराधिकार मिला हो, लेकिन मैंने अभी तक उस द्वीप के एक अल्पतम कोने को ही देख और जान पाया हो, बाकी पूरे द्वीप मैं इस प्रकार घूमता रहता हूं जैसे कोई बालक आश्चर्यजनक भूमि में घूम रहा हो। कुछ समय बाद मैं सभी चीजें जान जाऊंगा, सभी साधन विकसित कर लूंगा, सारे रहस्यों का उद्‌घाटन कर लूंगा। पर मेरे हृदय से पूछिये तो, मैं जानता हू कि मैं यह सब कुछ न करूंगा। मै जानता हूं, जब काम करने की घडी आती है, तो मैं उसी छोटे स्थान पर पुन: खोदने लगता हूं। फिर भी, जिन कामो को हम भविष्य में कर भी नहीं सकेंगे, उनके बारे में स्वप्न लेना भी आनन्ददायक है।

और फिर, क्या हम लोग अविभक्त मस्तिष्क (ईश्वर) के उतने ही भाग के अधिकारी नहीं हैं, जितना अश उस अल्प भूमि को देख और जान सकें, जो चारों ओर से अज्ञात आश्चर्य भूमि से घिरी हुई है ? अनन्त वस्तुओं के ज्ञान की अपेक्षा, आज का सबसे बड़ा विद्वान् भी अज्ञ है। ज्ञान–राशि स्वय इतनी विस्तृत है, कि वह हमारे लिये पूर्णतया बुद्धिगम्य नहीं है। जगत् में कुछ व्यक्ति ऐसे हैं, जिन्हें हमसे भी कम ज्ञान प्राप्त है, जो अनुभव के विशाल क्षेत्र मे अपने ज्ञान और बुद्धिमत्ता की पिटारी से कुछ भी प्राप्त नहीं कर पाये हैं। यह विचार कभी–कभी संतोषप्रद और सहानुभूतिमय प्रतीत होता है। यह विचार जहां एक ओर मानव की अतृप्त कामनाओं के वृहत् आकाश में उड़ने से रोकता है, वहीं दूसरी ओर उसकी दुःखद पदावनति की भावना का भी निवारण करता है।

ज्ञान–राशि व्यक्तिगत नहीं, सर्व–संगृहीत है। किसी भी व्यक्ति को यह पूर्ण राशि उपलब्ध नहीं हो सकती। इसके विपरीत, हममें से कुछ तो ऐसे हैं, जिनके पास इस राशि का शून्यांश भी नहीं है। यदि आज मैं शहरों की गलियों में घूमने जाऊं तो मेरी इच्छा होती है कि मैं ऐसे ही व्यक्तियों से मिलूं, जो मेरे मस्तिष्क में पाई जाने वाली कमियों को किसी न किसी अश

में दूर कर सके और यदि मैं विनम्रतापूर्वक कहू, तो मुझे कहना चाहिये कि मेरी धारणा के विपरीत व्यक्तियो से भेट होने पर मैं उनकी कुछ कमी दूर कर सकूंगा। प्रत्येक व्यक्ति की ग्रहणशक्ति या अवधारण–शक्ति भिन्न–भिन्न होती है; कहीं–कहीं तो इनमे आकाश पाताल का अन्तर होता है, पर यह एक प्रकट तथ्य है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास अवधारण–शक्ति है, जो पृथ्वी पर किसी महाव्यक्ति (ईश्वर ?) के सचय–गृह से ही भिन्न–भिन्न मात्रा में प्राप्त होती है। जगत् में आनन्दोपभोग के लिये या बुद्धिमत्ता के लिये वस्तुओं का ज्ञानमात्र ही आवश्यक नहीं है। कुछ ऐसी भी वस्तुये हैं, जो प्लेटो (एक प्रसिद्ध यूनानी दार्शनिक–400 ईसापूर्व), जूलियस सीजर (रोम का एक प्रसिद्ध सेनानी और राजनीतिज्ञ–200 ईसापूर्व) और अलहेरी दाते (इटली का एक प्रसिद्ध कवि, 13–14 सदी) की अपेक्षा एक किसान का लड़का अधिक अच्छी तरह जानता है। पर क्या यह कहा जा सकता है कि यह लड़का उनसे अधिक बुद्धिमान है ? टामस ब्राउन ने अपनी 'गवारू गल्तिया' नामक पुस्तक मे लिखा है कि "सूर्य के चारो ओर पृथ्वी चक्कर लगाती है", यह धारणा इतनी लचर है कि विरोध की सीमा में ही नहीं आती। इस विषय में अब अधिक जानकारी प्राप्त है, पर इसी बात से मैं श्री ब्राउन से अधिक बुद्धिमान नहीं कहा जा सकता। बुद्धिमत्ता वस्तुओ के ज्ञान पर निर्भर नहीं है। मै मानता हू कि अब्राहम लिकन अपने समय के सबसे अच्छे बुद्धिमान और आदर्श और उदार पुरुष थे, जिन्होने पृथ्वी की भलाई की है, पर शिक्षा की दृष्टि से वे किसी औसत के मुकाबिले पूर्णतः अज्ञ ठहरते हैं।

उपर्युक्त कथन से मेरा यह आशय नहीं कि मैं व्यक्ति को ज्ञानार्जन के प्रति उत्सुकता से हटाना चाहता हू। प्रत्येक व्यक्ति को जगत् की इस आश्चर्यजनक गाडी के विषय में, जिस पर चढकर हम सूर्य के चारो ओर वार्षिक परिभ्रमण करते हैं, और पागल व निर्दय होकर लड़ते–झगडते हैं, शक्तिभर जानने की चेष्टा करनी चाहिये। पर सम्पूर्ण यावच्छक्ति ज्ञान–प्राप्ति के अन्त मे भी व्यक्ति को अपने ऊपर यह देखकर आश्चर्य होगा कि उसका ज्ञान अत्यन्त अल्प है। इसके विपरीत, उसे यह अनुभव होगा कि जीवन में सुख और शांति के लिये तथ्यों का संचय नहीं, अपितु उनकी स्वस्थ अनुभूति ही अचूक उपाय है। वास्तव में, सवोनरोला के इस कथन मे पूर्ण सत्यता निहित है, कि–

"ईसामसीह के वचनो में पूर्णतया श्रद्धा रखनेवाली औरत का ज्ञान प्लेटो और अरिस्टाटल (अरस्तू) से कहीं अधिक परिपूर्ण है।"

●

विदेशों में धर्म प्रचार–प्रसार की योजना[1]

भगवान महावीर की पच्चीससौवीं निर्वाणशताब्दी मनाने के सम्बन्ध में समाजिक एव राष्ट्रीय पत्रों मे काफी विचार विमर्श चल रहा है। विभिन्न प्रकार के आयोजनों का विवरण भी आने लगा है। इसके अन्तर्गत विविध प्रकार के अप्रकाशित साहित्य, प्रचार साहित्य एवं ग्रथों के प्रकाशन की योजनाएं प्रमुख हैं। इधर कुछ दृश्य–श्रव्य सामग्री के विषय में भी समाचार आए हैं। सामान्यजन के लिए उक्त प्रकार के आयोजनो की प्रभावशीलता स्पष्ट है। इसके लिए जैनों के विभिन्न सम्प्रदाय पृथक–पृथक् रूप से लाखों रूपये खर्च करने का प्रावधान कर रहे हैं। कहीं–कहीं अखिल भारतीय स्तर के नाम से भी काम हो रहा है, पर इसके अनुरूप समन्वय होता नहीं दिख रहा है, अब तक प्रकाश में आई हुई योजनाओं में ऐसे अवसरों के अनुरूप कुछ कार्यक्रमों की कमी खटकने वाली है। इनकी ओर ही मैं समाज का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। मेरी यह भी इच्छा है कि नीचे दिये गये कार्यक्रमों को भी उपर्युक्त अवसर के कार्यक्रमों में अवश्य सम्मिलित किया जाये। ये कार्यक्रम महावीर के उपदेशो की प्रतिष्ठा और प्रसार में पर्याप्त योगदान देंगे।

प्रायः कहा जाता है कि नई पीढी धर्म से विमुख होती जा रही है। इसका कारण स्पष्टतः कोई नहीं बता पाता। हां, इसे पश्चिम का प्रभाव कहकर स्वयं को संतुष्ट कर लेते हैं। भारतीय नवयुवक जब पढ–लिखकर जीवन के क्षेत्र में आते हैं, तो उन्हें नवीन आदर्शों और समस्याओं के अनुरूप आचरण करना होता है। कभी–कभी ये आचरण प्रचलित रूढ़ियों या परम्पराओं से भिन्न जा पड़ते हैं। चूंकि समाज इन्हें अनिवार्य मानता है और इनका ही अनुसरण करता है, फलतः वह धर्म–विमुख हो गया –ऐसा कहा जाने लगता है। वस्तुतः आज का नवयुवक स्वयं को ऐसा नहीं मानता। वह अपने को वास्तविक धर्म का आचरण करने वाला मानता है। वह बहुत सी प्रचलित परम्पराओं की मान्यताओं को सत्य मानने को तैयार नहीं है। मनोरंजक तथ्य यह है कि इनमें से प्रायः ऐसी

---

[1] 'श्रमणोपासक', बीकानेर, मई 1972 में प्रकाशित

मान्यतायें अधिक हैं जो दृश्य जगत् से सम्बन्धित हैं। एक वैज्ञानिक एवं विवेकपूर्ण जिज्ञासु के मन मे यह प्रश्न स्वाभाविक है।

उपरोक्त शका का समाधान अब तक शास्त्रीय एव विद्वज्जन–स्तर से नहीं किया गया है। मैं यह सोचता हू कि पच्चीससौवीं शताब्दी एक ऐसा अवसर है जब जैन शास्त्रो मे वर्णित दृश्य–जगत् के विविध विवरणों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विचार किये जाय और उनका तुलनात्मक दृष्टि से अध्ययन कर इस विषय का प्रामाणिक साहित्य प्रकाशित किया जाये। इस कार्य के लिये जहा शास्त्रीय विद्वानो के सहयोग की आवश्यकता होगी, वहीं जीव–विज्ञानी, वनस्पतिशास्त्री, प्राणिशास्त्री, पदार्थ विज्ञानी, गणितज्ञ, खगोल, भूगोल आदि विज्ञान के विभिन्न शाखाओं के ज्ञाताओं के सक्रिय सहयोग की आवश्यकता होगी। इस कार्य मे कुछ शोध छात्रवृत्तियो की आवश्यकता होगी जो समुचित विद्वानों के मार्ग–दर्शन मे शास्त्रोक्त तथ्यो का सांगोपांग संकलन करेंगे और तब तुलनात्मक अध्ययन कर वास्तविक निष्कर्ष प्राप्त करेंगे। इस कार्य में दो–तीन वर्ष लगने की सम्भावना है और साहित्य प्रकाशन की प्रक्रिया मे पचास हजार रुपयो तक का व्यय लग सकता है। लेकिन यह व्यय आस्थाओ को बलवती बनाने के लिये आवश्यक तो है ही, ऐसा साहित्य हमारे धर्म की वैज्ञानिकता सिद्ध करने मे भी सहायक होगा। हमारा विश्वास है कि विभिन्न साहित्य प्रकाशन के आयोजनों मे धर्म एव विज्ञान के तुलनात्मक अध्ययन सम्बन्धी साहित्य के प्रकाशन को भी प्रमुखता देनी चाहिये।

मेरा व्यक्तिगत विश्वास है और पश्चिम के कई विद्वानों की यह मान्यता है कि जैनदर्शन अन्य दर्शनो की तुलना मे अधिक वैज्ञानिक एव मनौवैज्ञानिक है। महावीर के धर्म मे प्रभावना–अग का महत्त्वपूर्ण स्थान है। उसके अन्तर्गत स्वय के धार्मिक कृत्यो या सामाजिक उत्सवों को दूसरे लोग देखकर प्रभावित होने की बात ही प्रमुखतः देखी जाती है। बीच में वाद–विवाद एवं शास्त्रार्थ द्वारा भी धर्म की प्रभावना बढाई जाने लगी। कुछ वर्षों से धार्मिक साहित्य का प्रसारार्थ प्रकाशन एव धर्मप्रचारक सस्थाओं का यत्र–तत्र संगठन भी धर्म प्रभावना के अंग बन गये हैं। वस्तुतः वर्तमान युग में ये दोनो बाते बडी महत्त्वपूर्ण हो गई हैं। महावीर के उपदेशों के प्रचार की जितनी आवश्यकता स्वदेश मे है, उतनी ही विदेशों में भी है। स्वदेश में तो महावीर को लोग जानते भी हैं, विदेशो मे तो वे प्राय. अज्ञात ही हैं। केवल कुछ लोगों तक ही सीमित हैं। बैरिस्टर चंपतराय जी ने अपने समय में लन्दन मे जैन सोसाइटी व पुस्तकालय की स्थापना की थी। वह कुछ समय तक चलती रही, बाद मे अर्थाभाव के कारण बन्द हो गई। उसके माध्यम से यूरोप के कई स्थानों में जैन साहित्य को उपलब्ध कराया गया था। कुछ समय तक उसका भी लोगों ने लाभ लिया। लेकिन यह भी प्रभावहीन केन्द्र

हो गया है। लेखक को दोनों ही केन्द्रों को देखने का अवसर मिला और उसे इस बात का अत्यन्त दुःख है कि इतने धनिक समाज के रहते हुए इन केन्द्रों की व्यवस्था मात्र अर्थाभाव या कुछ आलमारियों के अभाव के कारण नहीं हो सकी। विश्व जैन मिशन के संचालक स्वर्गीय कामता प्रसाद जी की बड़ी इच्छा रही है कि जैन धर्म व महावीर के उपदेशों के प्रसार के लिये विदेशों में कुछ प्रयास किया जायें। इस कार्य के लिये उन्हें किसी ने भी किसी प्रकार आर्थिक दृष्टि से प्रोत्साहित नहीं किया। फलतः न तो वे इन केन्द्रों को ही व्यवस्थित करा सके और न उपर्युक्त स्वप्न ही साकार करने में समर्थ हो सके। पच्चीससौवीं शताब्दी के अवसर पर हमारा यह पुनीत कर्तव्य है कि हम विश्व के सभी महाद्वीपों में कम से कम एक-एक स्थायी केन्द्र स्थापित करें। यह टोकियो, न्यूयार्क, सिडनी, लन्दन और अफ्रीका में स्थापित किया जा सकता है। स्थान का चुनाव प्रतिनिधि मण्डल करे जो इस अवसर पर विश्व के विभिन्न भागों में महावीर के संदेशों के प्रचारार्थ पर्यटन करे। यदि एक मण्डल पूरा समय न दे सके, तो दो मण्डल ऐसे पुनीत सांस्कृतिक कार्य के लिये नियत किये जा सकते हैं। इन प्रतिनिधि मण्डलों पर कोई एक लाख रुपया खर्च पड़ेगा, लेकिन यह प्रभावशीलता की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होगा। ऐसा अनुमान है कि विदेशों में एक केन्द्र चलाने के लिये कोई एक हजार रुपये (1969 में) महीने का खर्च पड़ता है। इस प्रकार पांच केन्द्रों के लिये कोई साठ हजार रुपये साल का खर्च होगा। ऐसा प्रयत्न सर्वत्र किया जा सकता है कि ये केन्द्र स्थायी रूप से चलते रहें। इसके लिये प्रारम्भ में कुछ अधिक धनराशि खर्च करनी पड सकती है। इस धनराशि का कुछ अंश विदेशों में बसे जैन बन्धु एव जैन धर्म प्रेमी भी दे सकेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। इस विषय में एक क्रमबद्ध योजना बनाने का काम और विदेशों में सम्पर्क स्थापित करने का काम अभी से चालू कर दिया जाना चाहिये जिससे उन्नीस सौ चौहत्तर तक वह सक्रिय रूप से कार्यान्वित किया जा सके। रामकृष्ण मिशन तथा अन्य संस्थायें इस विषय में हमारी मार्गदर्शक हो सकती हैं। इन्होंने अपने ऐसे भवन खरीदे या बनाये, जो किराये आदि के माध्यम से 'चालू खर्च' तथा कार्यकर्ताओं के आवास-निवास की व्यवस्था करते हैं। यह प्रक्रिया हम भी अपना सकते हैं।

मेरा मत है कि पच्चीससौवीं शताब्दी के पुनीत अवसर पर उक्त दोनों कार्यों को अखिल भारतीय आयोजनों का एक प्रमुख अंग बनाया जाना चाहिये। आशा है, समाज के अग्रणी इन कार्यक्रमों पर गम्भीरतापूर्वक विचार करेंगे। लेखक इस दिशा में भरपूर सहयोग कर सकेगा।

●

विदेशों में जैन धर्म का संप्रसारण

अनेक विद्वानो ने विदेशो में जैनधर्म के सवर्धन के लिये ऐतिहासिक एवं सास्कृतिक दृष्टि से विचार किया है। यद्यपि जैन धर्म व्यक्ति– विकास एवं आत्मशोधन का धर्म है, फिर भी अनेक आचार्यों ने बताया है कि उपरोक्त उद्देश्य स्वानुभूति, परोपदेश एव स्वाध्याय से प्रेरित होकर भी प्राप्त किये जा सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों की सख्या बहुत कम है जिनके ज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम उच्च कोटि का हो। इसीलिये शास्त्र या परोपदेश आध्यात्मिक विकास को प्रेरित करने के लिये सामान्य विधि रही है। जब इस विधि को सामान्य जनो के लिये प्रयुक्त किया जाता है, तब इसे सप्रसारण कहते हैं। इसे ही 'बुद्ध–बोधन' कहते हैं। इसके अन्तर्गत धर्म–परम्परा के परिरक्षण, संप्रासरण तथा सवर्धन के सभी रूप आ जाते हैं। प्रस्तुत लेख में इन सभी रूपो पर विचार किया गया है।

भगवान महावीर अपने समय के जैन धर्म के अत्यन्त प्रभावशाली सवर्धक रहे हैं। आध्यात्मिक विकास की दिशा में उनके प्रयास अन्यो की अपेक्षा अधिक मनोवैज्ञानिक एव प्रभावी रहे। यही कारण है कि उनके उपदेश न केवल अपने ही देश, अपितु तत्कालीन देशान्तरों मे भी प्रभावकारी रहे हैं। वस्तुत धर्म सप्रसारण का लक्ष्य समस्त मानव जाति को या जीवजाति को अनुप्राणित करना है। इस प्रकार अनुयायियो की संख्या से नहीं, अपितु तन्त्र के सस्कृति और इतिहास के प्रभाव के आधार पर किसी पद्धति का मूल्याकन किया जाता है।

धर्म तन्त्र ने मानव को राजनीति की अपेक्षा मनोवैज्ञानिकतः अधिक प्रभावित किया है। फिर भी, यह सचमुच शोचनीय तथ्य है कि वर्तमान वैज्ञानिक युंग मे इसकी प्रभावशीलता में कमी आती जा रही है। यही नहीं, राजनीति तो पर्याप्त उत्तरवर्ती मानवीय धारणा है। इसके विपर्यास में धर्म, प्राचीन एव सार्वजनीन है। इसलिये मनुष्य भौतिक या मानसिक संकट के समय धर्म की ही शरण लेता है। जैन तन्त्र के अहिंसा, अपरिग्रह एवं विचारधाराओं की सापेक्ष एव आलोचनात्मक सत्यता के सिद्धान्त, जीवदया एव पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता की धारणाये इसे आकर्षण देती हैं।

जैन धर्म संप्रसारण के उपाय और क्षेत्र

जैनों के प्राचीन इतिहास से स्पष्ट है कि उनके व्यक्तिवादी विकास के उद्देश्य के बावजूद भी, उसके आचार्यों ने व्यक्तिगत, सामाजिक प्रगति तथा अज्ञान को दूर करने हेतु,समग्र विकास के लिये धर्म के लोक प्रचार एवं प्रसार को, अनुभव के आधार पर महत्त्व दिया है। यह सही है कि इन प्रक्रियाओ के माध्यम समय के साथ परिवर्तित हुये हैं। पूर्वकाल में, यायावर सन्त एवं व्यापारी धर्म–प्रसारक रहे हैं जो विश्व के विभिन्न भागों में जैनों के सांस्कृतिक दूत रहे हैं। डॉ. कामता प्रसाद जैन, डॉ. शेखर जैन, सतीश कुमार जैन और डॉ. जी. पी जैन ने अपने लेखों और पुस्तकों में बताया है कि जैनों के सास्कृतिक एव पुरातात्त्विक अवशेष एशिया, अरब, चीन, यूनान, रूस एवं अन्य देशो में पाये जाते हैं। इससे स्पष्ट है कि यायावर सन्त और व्यापारी अपने आचार–विचारों के माध्यम से अपनी संस्कृति का परिरक्षण एव प्रसार करते थे। तथापि, यह भी सही है कि उनके संप्रसारण की गति बौद्धों के समान नहीं थी जिन्हें राज्याश्रय भी प्राप्त था। अनेक जैन साधुओं ने दक्षिण और पश्चिम में राज्य स्थापना एवं स्थायित्व में मार्गदर्शन देकर जैन धर्म–ध्वजा फहराया। इस दिशा मे कुछ गति तब आई जब साधु छठी–सातवीं सदी में वनो को छोड मंदिरों, चैत्यालयों एव उपाश्रयों मे रहने लगे। दक्षिण के राजा महेन्द्र वर्मा के समय में यह एक ज्वलन्त प्रश्न था कि क्या धर्म को राज्याश्रय मिलना चाहिये या राजा को धार्मिक होना चाहिए। जैनों ने अनुभव किया कि उपसर्गों और कठिनाइयों के सक्रमण काल में धर्म को राज्याश्रय मिलने पर ही सुरक्षित रखा जा सकता है। यह राज्याश्रय अनेक उपायो से प्राप्त हो सकता है .

01 सामाजिक एव धार्मिक आयोजनो का सार्वजनिक रूप में सम्पादन
02 साधु–सन्तो द्वारा चमत्कारिक घटनायें
03. शास्त्रीय वाद–विवाद
04 धर्मान्तरण क्षमता।
05. विविधायुक्त साहित्य

जैन इतिहास में राजकुमार आर्द्रक, कालकाचार्य, बज्रस्वामी, समन्तभद्र, मानतुंग, अकलंक, शीलगुणसूरि, सिहचंद्रमुनि, आचार्य हेमचन्द्र एवं अन्य कीर्तिमान आचार्यों के नाम सुज्ञात हैं जिन्होंने इन उपायों का उपयोग कर राज्याश्रय पाया और जैन धर्म के विस्तार में, विभिन्न युगों में महनीय योगदान दिया। इससे जैन धर्म अनेक सदियों तक अनेक क्षेत्रों में प्रसारित होता रहा। जैनों के समृद्ध साहित्य ने भी इस सस्कृति के संवर्धन एवं लोकप्रिय बनाने में योगदान किया।

बीसवीं सदी में प्रभावना के माध्यम

बीसवीं सदी में सस्कृति के प्रसार के लिये वाद–विवाद, चमत्कारिक घटनायें तथा धर्मान्तरण क्षमता का तो महत्त्व ही नहीं रहा। हां, धार्मिक आयोजन और विविधा भरे साहित्य के माध्यम अब और कारगर हो गये हैं। इसके अतिरिक्त, इस सदी ने अन्य अनेक उपाय भी प्रदान किये हैं:

01 धर्मतन्त्र के लोकप्रिय साहित्य का निर्माण और वितरण
02. धर्मतन्त्र के मूलभूत साहित्य का अन्य भाषाओं में मूल या सटिप्पण अनुवाद
03. शैक्षिक गतिविधिया जैन विद्याओं के विविध पक्षों पर शोध एव राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय सगोष्ठिया
04 प्रसार की आधुनिक तकनीको का उपयोग
05 प्रसार हेतु साधु एव विद्वानों की देश–विदेशो मे यात्रा
06. रेडियो एव दूरदर्शन पर समय–समय पर नियमित सप्रसारण।
07. माइक्रोफिल्मिग, फिल्मिग, कैसेटिंग।
08 कम्प्यूटर तन्त्र का विश्वव्यापी उपयोग, इंटरनेटिग, वेबसाइट आदि।
09. प्रचार सस्थाओ का सुगठन

यह देखा गया है कि जैनो ने अपने संप्रसारण में प्राय· सभी प्राचीन और नवीन पद्धतियो का न्यूनाधिक मात्रा मे ही उपयोग किया है।

जैन साहित्य में 255 आर्य एवं 55 अनार्य देशों का उल्लेख आता है। ये सभी प्राय आज के एशियाई एव अरब देश हैं। आधुनिक यूरोप और अमरीका उन दिनो, सम्भवत अज्ञात थे। फलतः धर्म सप्रसारण का क्षेत्र भी समय के साथ बदलता रहा है। आजकल तो प्रायः सभी सात महाद्वीप ही इस क्षेत्र में समाहित हो गये हैं। दिवगत आचार्य सुशील मुनि ने जैन धर्म के संदेश को 20वीं सदी के अन्त तक सभी महाद्वीपों में फैलाने की योजना बनाई थी। पर उनके असामयिक निधन के कारण यह सम्भव नहीं हो सकी। यह विश्वास किया जाता है कि उनके अनुयायी इस दिशा में अभी भी प्रयत्नशील होगे।

जैन धर्म के सवर्धन का कार्य

सामान्यत यह स्वीकार करने मे कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि जैनों ने अपने धर्म के प्रचार या सवर्धन में मध्य युग तक कोई विशेष रुचि नहीं ली। फिर भी, साधु–सन्तो के विहार, व्यापारिक वर्ग की यात्रायें तथा जैनों के साहित्य ने समय–समय पर अनेक देशों में जैन धर्म का परोक्ष प्रचार किया है। जैनों ने अपने जनहित कार्यों तथा चमत्कारिक ऋद्धियों के माध्यम से भी प्रचार पाया है।

पश्चिमी औद्योगिक क्रान्ति ने विश्व के सभी भागों के मनुष्यों का दृष्टिकोण विस्तृत एवं परिवर्धित किया है। इस क्रान्ति के उत्तरवर्ती युग में भारत–ब्रिटेन के राजनैतिक सम्पर्कों के कारण अनेक पश्चिमी विद्वानों को भारतीय धर्मों और संस्कृति के विषय में अध्ययन करने में रुचि उत्पन्न हुई। इनमें से अनेक जैन धर्म और संस्कृति से प्रभावित हुये। 19वीं सदी के अन्त में तथा 20वीं सदी के प्रारम्भिक दशकों में एक दर्जन से अधिक पश्चिमी विद्वानों ने जैन धर्म पर शोध की, अनेक पुस्तकें लिखीं, अनेक ग्रंथों का अनुवाद किया। उन्होंने विभिन्न धर्मों के तुलनात्मक अध्ययन की नई दिशा भी प्रारम्भ की। इस प्रकार, सर्वप्रथम पश्चिमी जगत् के विद्वान ही जैन धर्म और संस्कृति से प्रभावित हुये। हां, 1883 की प्रथम विश्व–धर्म–संसद में श्री वीरचन्द्र राघवजी गांधी के भाषण और उसके बाद उनके यूरोप में और अमेरिका के व्याख्यानों ने पश्चिम में जैन धर्म के प्रति रुचि जगाई। इसके फलस्वरुप, जैन धर्म पर अनेक भाषाओं में भी पुस्तकें लिखी गई। विश्वयुद्धों के उत्तर काल में अनेक भारतीय जैन व्यवसायी अपने व्यवसाय की प्रगति हेतु पश्चिम की ओर गए। उनकी जीवन शैली ने भी पाश्चात्यों को प्रभावित किया। इसके फलस्वरुप, अनेक विश्वविद्यालयों में जैन तन्त्र भी धार्मिक एवं दार्शनिक अध्ययन का विषय बना। वर्तमान में, यह माना जाता है कि एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमरीका में लगभग दो लाख जैन निवास करते हैं। इनको वहां रहते एक पीढी से अधिक का समय हो गया है। अब तो तीसरी पीढ़ी भी सामने आने लगी है। इन नई पीढियों में जैन धर्म के परम्परागत एवं परिवर्धित संस्कारों के परिपोषण के लिये प्रौढ पीढी जागरूक हुई है। इसलिये विदेशवासी जैन इस दिशा में पिछले बीस वर्षों से अधिक रुचि लेने लगे हैं। उनके सामने परिरक्षण एवं सवर्धन– दोनों ही प्रश्न हैं। प्रारम्भ में, उनके सामने आचारगत एवं अनुष्ठानगत अनेक समस्यायें सामने आई। उन्होंने व्यावहारिक दृष्टि से समाधान खोजते हुए धर्म संवर्धन के अनेक कार्य किये हैं और अनेक संस्थाओ की स्थापना की है। उन्होने जैन समाज इन यूरोप, फेडरेशन ऑफ जैन एशोसिएशन्स इन नॉर्थ अमेरिका (जैना), वर्ल्ड जैन कांग्रेस, महावीर जैन मिशन, जैन इटरनेशनल, जैन मेडीटेशन सेंटर, ब्राह्मी सोसायटी, जाफना, वर्ल्ड काउंसिल ऑफ जैन एकेडमीज आदि अनेक संस्थायें प्रारम्भ की हैं। उन्होंने अनेक पत्रिकायें भी चालू की हैं। यह देखकर भारत में भी इस उद्देश्य से अहिंसा इंटरनेशनल, वर्ल्ड जैन मिशन, दिगम्बर जैन महासभा को विदेश विभाग, सी. जैन आदि अनेक सस्थायें सामने आई हैं। विभिन्न देशों में अनेक नगरों में 100 से अधिक जैन सेंटर खुले हैं, मंदिर और प्रतिष्ठान बने हैं। जैन डाइजेस्ट, जैन स्टडी सर्किल, जिनमंजरी, जैन स्पिरिट जैसी लोकप्रिय और शैक्षिक पत्रिकायें सामने आई हैं। विभिन्न जैन केन्द्रों के

स्थानीय बुलेटिन तो अगणित हैं। देश–विदेश मे साधुओं और विद्वानों की धर्म–परिरक्षण एवं सवर्धन यात्रायें भी होने लगी हैं।

गुरुदेव चित्रभानु और मुनि सुशील कुमार के समान साधुओं ने भी इस दिशा में पिछले दो–तीन दशकों से महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। एक समय तो ऐसा भी आया जब मुनि सुशील कुमार जी विश्वस्तर पर जैन प्रतिनिधि माने जाने लगे थे। इस बीच, आचार्य तुलसी व अमर मुनि जी की शिष्यावली एव अनेक भट्टारक भी इस दिशा मे सक्रिय रूप से सामने आये। आचार्य विद्यासागर जी की शिष्याये भी उस ओर हो आई हैं। विदेशों में जैन सस्थाओ के सगठनो के माध्यम से अनेक जैन विद्वान भी जैन पर्वो के समय एव अकादमिक अन्तर्राष्ट्रीय सगोष्ठियों मे पश्चिम जाने लगे और अपने व्याख्यानों से जैनो मे जैनत्व के परिरक्षण एव जैनेतर जगत् में इसको प्रतिष्ठित करने में योगदान करने लगे। जैनों के एक अच्छे विद्वत् मण्डल ने द्वितीय विश्व–धर्म–ससद, 1993 मे भाग लिया। कनाडा की जैन विद्या सगोष्ठी एव पर्यावरण सगोष्ठी में भाग लिया। इस प्रकार, पिछले कुछ दशकों से साधु, भट्टारक, व्यापारी, व्यवसायी, शिक्षाविद् एव विद्वानो ने – और अब तो अनेक विदेशवासी जैनो ने भी, जैन धर्म के सिद्धान्तों के जागतिक सचरण मे योग देना प्रारम्भ किया है। इनके प्रयत्न अब कुछ फलीभूत होते दिख रहे हैं।

अनेक विश्वविद्यालयो (लेस्टर, लदन, टोरटो) आदि मे जैन पाठ्यक्रम समाहित हुये हैं और अनेक देशों मे जैनेतर विद्वान जैन धर्म के विभिन्न पक्षो पर शोध करने लगे हैं। डॉ. डुडास, विलयम जोन, जॉन कोर्ट, भट्ट, मैडम कैया आदि के नाम इस क्षेत्र मे प्रमुख रूप से लिये जा सकते है। जैन ग्रथों के सरलता से उपलब्ध कराने के लिये एक पुस्तकालयं पहले लुबाक में और अब कैलिफोर्निया में चालू हो गया है। अब विशिष्ट अवसरों पर भारतीय जैन विद्वानो का शैक्षिक भ्रमण एक नियमित आयोजन हो गया है।

इस कार्य में नई तकनीको का उपयोग भी प्रारम्भ हो गया है जिनमें साधुओं एव विद्वानो द्वारा रेडियो एव दूरदर्शन पर प्रसारण एवं पत्रिकाओं का प्रकाशन तो समाहित है ही, अब जैन धर्म से सम्बन्धित अनेक वेबसाइट भी चालू हो गये हैं। इन सब क्रियाकलापो से जैन धर्म को भूमण्डलीय प्रतिष्ठा प्राप्त होने लगी है।

धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के रूप में नैरोबी, लेस्टर, टोरंटो, शिकागो, न्यूजर्सी आदि में पचकल्याणक प्रतिष्ठाओं के अचरजकारी और आकर्षक आयोजनो से जैनत्व की प्रभावना मे चार चाद लगे हैं।

इन सब प्रभावी प्रवृत्तियो के बावजूद भी, जब क्रामवेल क्राफोर्ड जैसे विश्रुत विद्वान् यह लिखते हैं कि पश्चिम में अभी जैनों की विशिष्ट पहचान

नहीं है, उनके सिद्धान्तों की पाश्चात्य दृष्टिकोण से सकारात्मक एवं आर्कषक व्याख्या नहीं की जा रही है और उनका घर तो अभी भी अस्त–व्यस्त है, तब लगता है कि हमारे बहुविध प्रयत्नों ने अभी पश्चिमी सामान्य एवं विद्वतजनों तक प्रभावी पहुंच नहीं बना पाई है। पाल डुंडास तो लिखते हैं कि जैनों के दिगम्बर सम्प्रदाय पर जानकारी और शोध अब भी भयंकर रूप से उपेक्षित बनी हुई है। यही नहीं, 20वीं सदी के अनेक उपायो के अवलम्बन के बावजूद भी, विश्वधर्म की पुस्तकों में प्रायः वे ही मिथ्या एवं भ्रान्त धारणायें पाई जाती है, जो बीती सदी में थीं। इसका फलितार्थ यह है कि हमनें लोगों के समक्ष अपना लोकप्रिय, बुद्धिवादी, आकादमिक एवं मौलिक साहित्य समुचित भाषा एवं शब्दावली में प्रस्तुत एवं वितरित नहीं किया। इस कमी को दूर करने के प्रयास अभी भी नहीं हो पा रहे हैं। इसलिये समुचित साहित्य के प्रणयन एव वितरण की महती आवश्यकता है क्योंकि साहित्य ही समाज का उन्नायक होता है।

उपरोक्त प्रवृत्तियों के विस्तारण एवं समुचित साहित्य प्रणयन एवं प्रसारण से ही अनेक लोगों का यह कथन सार्थक हो सकेगा कि अगली सदी जैनो की सदी होगी।

बीसवीं सदी में सस्कृति के प्रचार–प्रसार के लिये वाद–विवाद, चमत्कारिक घटनाये तथा धर्मान्तरण की प्राचीन विधिया अनुपयोगी हो गई हैं। हा, धार्मिक एव शैक्षिक आयोजन और साहित्य की विविधा के सप्रसारण इस दिशा में कारगर हो रहे हैं। सचार माध्यमों से इनमे शीघ्रता एव प्रभाविता भी बढ़ी है। वर्तमान में लगभग उपरोक्त 9 विधिया इस दिशा में प्रचलित हो रही हैं। इनका व्यापकीकरण होना चाहिये।

यह भी हमें ध्यान में रखना चाहिए कि शास्त्रीय युग की अपेक्षा आज धर्म संप्रसारण का क्षेत्र बहुत विस्तृत हो गया है। आजकल तो प्रायः सभी सात महाद्वीप इसमे समाहित हो गये हैं। इस समय अनेक विश्वस्तरीय जैन संस्थायें बन रही हैं। सुशील मुनिजी की भी 'वर्ल्ड जैन कांग्रेस' नामक एक संस्था थी। इन्हें मुनि जी के सपने को साकार करना चाहिए। इसके मूर्त रूप लेने में आर्थिक बाधा ही महत्त्वपूर्ण है। यदि हमारे प्रतिष्ठाचार्य और साधुजन धार्मिक आयोजनों की आय का, ईसाईयों के समान, दस प्रतिशत भी प्रतिवर्ष इस मद में सदुपयोग करने का उपदेश दें, तो यह योजना सहज ही मूर्तरूप ले सकती हैं। इस राशि से उपरोक्त सभी विधियों का सक्षम अनुपालन भी किया जा सकता है।

●

जैनविद्या संवर्धन में विदेशी विद्वानों का योगदान

जैनधर्म के इतिहास से यह भलीभाति स्पष्ट है कि जैनविद्याओं के उन्नयन, सप्रसारण एवं सवर्धन में प्रारम्भ से ही मूलत. जैनेतर विभूतियों का ही योगदान रहा है। इसके महावीर के समकालीन और उत्तरकालीन तथा आरातीय अनेक आचार्य इसी कोटि मे आते हैं। सुधर्मा स्वामी, आचार्य सिद्धसेन, मानतुग, वप्पभट्टि, विद्यानन्द, पुष्पदन्त भूतबलि आदि मूलतः जैन नहीं थे। इस युग मे भी पूज्य गणेशवर्णी, आचार्य शान्तिसागर, स्वामी कर्मानन्द, कुवर दिग्विजय सिह, भगीरथ वर्णी आदि भी मूलतः जैन नहीं थे। फिर भी, इन्होने जैन सिद्धान्तों से प्रभावित होकर जैनमत की दार्शनिक एवं धर्म–जगत् मे पताका फहराई। यही नहीं, वर्तमान में जो जैन विद्या पर शोध हो रहे हैं, उनमे 80 प्रतिशत जैनेतर लोग ही समाहित हैं। आचार्य कालक या सिकदर के साथ गये कल्याण मुनि के समान कुछ आचार्यों को छोड़कर इन सभी का कार्य क्षेत्र भारत के आर्य एव तथाकथित अनार्य क्षेत्रों में जैन विद्याओं को प्रकाशित करना रहा है। वर्तमान वैज्ञानिक प्रगति के कारण विश्व बहुद्वीपी हो गया है और एक–दूसरे से क्षणभर में (फोन या मोबाइल द्वारा) या चौबीस घटे मे प्रत्यक्ष सम्पर्क सम्भव है। इस स्थिति में जैनधर्म के सर्वोदयी रूप को प्रकाशित करना एक महत्त्वपूर्ण कार्य है। इसके लिये भाषा–सम्बन्धी समस्या बहुआयामी है – बहुपक्षीय है। फिर भी, पूर्व और पश्चिम के अनेक मनीषी, इस समस्या का सामना करते हुए, इस दिशा मे उन्नीसवीं सदी से ही काम कर रहे हैं। यहा 'विदेशी' शब्द मे वे भारतीय मूल के विद्वान भी समाहित मानने चाहिये जो एकाधिक पीढी से प्रवासी हो गये हैं। इनके प्रयासो के फलस्वरूप जैनविद्याओ के प्रति समग्र जगत् की रुचि बढ़ी है। इस समय विश्व में प्राय. 150 से अधिक विदेशी विद्वान् जैनविद्या के विविध पक्षों पर पी. एच–डी. हैं और प्रायः तीन दर्जन से अधिक विदेशी केन्दो पर जैनविद्या–शोध के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं। हम यहां विदेशों से सम्बन्धित जैनविद्या–सवंर्धन के विषय में विशेष रूप से चर्चा करेंगे।

उन्नीसवीं सदी के प्रारम्भ से ही ब्रिटिश शासन काल में कर्नल मैकेंजी (1807) आदि ने भारतीय साहित्य एवं कला के जैन स्रोतों को संकलित कर

पाश्चात्य विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत किया और जैन धर्म व संस्कृति के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट किया। ईसाई धर्म-प्रचारकों ने भी इस कार्य में योगदान किया। इन सूचनाओं और अध्ययनों के आधार पर अनेक सामान्य और विशेष विश्वकोषों में जैन समाज, साहित्य, और कला को किंचित् स्थान मिला। पश्चिम में इसके स्वतन्त्र धर्म के अस्तित्व के इतिहास के रूप में मान्यता के चार चरण स्पष्ट हैं :

1. जैन धर्म, हिन्दू धर्म का सुधारवादी रूप है।(जे. वी. प्राट, 1916)
2. जैन धर्म, बौद्ध धर्म की ही एक शाखा है। (ए. बार्थ, 1881)
3. जैनधर्म स्वतन्त्र धर्म है जो बुद्धपूर्व था। यह वैदिक सस्कृति की तुलना में समानान्तर श्रमण संस्कृति का जीवन्त रूप है। (याकोबी, 1874)

4 जैनधर्म स्वतन्त्र धर्म है। यह पूर्व–वैदिक, सिन्धु घाटी–सभ्यताक, विशुद्ध भारत–मूलक एवं वर्तमान में ऋषभदेव द्वारा प्रवर्तित है।
वर्तमान में अपवादों को छोड़ प्रायः सभी पश्चिमी और पूर्वी विद्वान् चौथे चरण को स्वीकृत करते हैं। इस चरण के प्रवर्तन में अनेक इंग्लैंड और जर्मनी के विद्वानों का प्रमुख हाथ रहा है।

यूरोप : (अ) जर्मनी

पश्चिमी देशों में जैन विद्यायें प्रारम्भ मे भारत–विद्या की अंग रही हैं और अब ये दक्षिण–पूर्व–एशियाई या सामान्यतः एशियाई अध्ययन या पूर्वी विद्याओं के अध्ययन विभागों में समाहित हो गई हैं। ये विभाग अनेक देशों के अनेक विश्वविद्यालयों में हैं।

पश्चिमी देशो में भारत–विद्या के साथ जैनविद्या संवर्धकों में मैक्समूलर (1823–1900) का नाम सर्वोपरि आता है। वे जर्मन मूल के थे, पर उनका अधिकांश जीवन ऑक्सफोर्ड (इंग्लैंड) में बीता। केशवचद्र सेन, प्रतापचंद्र मजुमदार और स्वामी विवेकानन्द उनसे मिले थे। यद्यपि वे अपने जीवनकाल में भारत की यात्रा न कर सके, पर उन्होने अपने व्याख्यानों एवं ग्रंथों द्वारा भारतीय संस्कृति की गरिमा को विश्व में प्रतिष्ठित किया। उनके 'सेक्रेड बुक्स आव दी ईस्ट' के दो खंडों में जैनों के कुछ आगम भी समाहित हुए हैं। इसी बीच विन्डिश ने हेमचन्द्र के योगशास्त्र का सम्पादन एवं अनुवाद भी (1825–1890) में प्रकाशित किया।

आलब्रेस वीबर दूसरे जर्मन विद्वान् हैं जिन्होंने जर्मनी में उपलब्ध पांडुलिपियों के आधार पर श्वेताम्बर आगमों का अध्ययन कर 'ओवर द हीलेजेन थिफ्टेन डेर जैनाज' नामक महत्त्वपूर्ण पुस्तक (1883–1885) लिखी जिसने उत्तरवर्ती विद्वानों की जैन आगमों के विषयों के प्रति रुचि जगाई। जैनविद्या पर काम करने के बावजूद भी, ये भारत–यात्रा पर नहीं आ सके

थे। इनका कार्य क्षेत्र मुख्यतः बर्लिन रहा है। इनके समय मे हार्नले एवं श्रेडर ने भी जैन साहित्य पर अच्छा काम किया।

इसके बाद बुहलर ने अनेक जैन पुस्तकों एवं आगमतुल्य ग्रंथों का जर्मन तथा अग्रेजी भाषा मे अनुवाद किया। इन्होंने भाषा–सम्बन्धी तत्त्वों का भी अध्ययन किया। इन्होंने भारत मे रहकर अनेक पाडुलिपियों का सग्रह किया एव बर्लिन भेजी। इनका एक लेख 'जैन एन्टीक्वेरी' में 1878 में प्रकाशित हुआ था।

कील विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा रिचर्ड पिशेल (1849–1908) का नाम ' प्राकृत भाषाओ का व्याकरण' ग्रंथ के रूप मे अविस्मरणीय रहेगा। इन्होंने वीबर के व्याख्यान सुने थे और वे सस्कृत के अध्ययन के लिये प्राकृत एवं भाषाविज्ञान के अध्ययन को आवश्यक मानते थे। उन्होने 'सस्कृत ग्रामर की प्रारम्भिक पुस्तक' (अग्रेजी) भी लिखी थी। इससे पश्चिम मे प्राकृत अध्ययन को बडा बल मिला। इन्होने बुहलर के साथ मिलकर 'देशी नाममाला' का सम्पादन भी किया। इन्होंने जैन ग्रथो की विशिष्ट भाषा को 'जैन शौरसेनी' नाम दिया था, जो अब भी प्रचलित है। इनके समय मे प्रो हरमन याकोबी भी इसी विश्वविद्यालय में काम करते थे, पर इनका कार्यक्षेत्र भिन्न था।

प्रो हरमन याकोबी (1859–1937) ने 23 वर्ष की अवस्था में 'लघु जातक' पर पी एच–डी. प्राप्त की। वे कील विश्वविद्यालय मे भारत विद्या विभाग मे काम करते थे। उन्होने मूलरूप मे आगमो का अध्ययन किया। वे एतदर्थ भारत भी आये थे। इन्होंने आचाराग, सूत्रकृतांग, उत्तराध्ययन और कल्पसूत्र का अंग्रेजी अनुवाद किया जो 'सेक्रेड बुक्स आव दी ईस्ट' ग्रथ–शृखला मे प्रकाशित हुए। इन्होने 'तत्त्वार्थसूत्र' का भी अनुवाद किया जिससे जैन सिद्धान्तों पर भी शोध दिशा जागरूक हुई। इन्होंने एक ऐतिहासिक कार्य भी किया। जैनधर्म को हिन्दू या बौद्धधर्म की शाखा विषयक जो भ्रातिया थीं, उन्हे अपने तुलनात्मक अध्ययन द्वारा दूर किया और यह सिद्ध किया कि यह इन दोनो से स्वतन्त्र धर्म–तन्त्र है (1874)। उन्होंने 'सेलेक्टेड स्टोरीज इन महाराष्ट्री' के माध्यम से जैन आगम साहित्य की अनेक महत्त्वपूर्ण कथाओ की ओर विद्वानों का ध्यान दिलाया। उन्होंने गुजरात की दूसरी यात्रा मे पर्याप्त हस्तलिखित ग्रथ एकत्र किये। बाद में उन्होंने 'भविसत्त कहा' और 'सणक्कुमार–चरिउ' नामक अपभ्रंश ग्रंथों का सम्पादन किया। उन्होंने 'समराइच्च कहा' तथा 'उपमितिभवप्रपंचकथा' को भी सम्पादित कर प्रकाशित किया। उनके कार्यों के आधार पर कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उन्हें 'डाक्टर आव लैटर्स' उपाधि से सम्मानित किया।

इन्होंने 'स्टडीज इन जैनीज्म' पुस्तक में अपने लेखों को प्रकाशित किया। फ्रांस के विद्वान डा. ग्वैरिनो ने इनके निर्देशन में ही जैन धर्म सीखा था।

अर्न्स्ट लायमान (1859–1931) मूलतः स्विटरजरलैंड के थे, पर उनका कार्यक्षेत्र जर्मनी ही रहा। वे वीबर के शिष्य थे। इन्होंने आगमों की निर्युक्ति और चूर्णियों का अध्ययन किया जो पश्चिम में अभी तक अज्ञात थे। उन्होंने औपपातिक सूत्र तथा जीतकल्प का सम्पादन कर विवेचनात्मक ग्रथ लिखे। इन्होंने 'आवश्यक स्टोरीज' भी प्रकाशित किया, जो अधूरा ही रहा। बाद में उन्होंने 'सर्वे आव दी आवश्यक लिटरेचर' लिखा, जो हैम्बुर्ग से प्रकाशित हुआ। इन्होंने स्ट्रासवर्ग के पुस्तकालय की पांडुलिपियों का अध्ययन कर अनेक प्राकृत आगमों का सम्पादन किया। इससे पिशेल को अपने 'प्राकृत व्याकरण' के निर्माण में बड़ी सहायता मिली। उन्होंने पाकिस्तान मे अन्वेषित पाडुलिपियों के आधार पर ब्राह्मी भाषा और लिपि का उद्वाचन किया।

जर्मनी के जैन विद्यामनीषी वाल्टर शुब्रिंग (1881–1969) का नाम कौन नहीं जानता ? वे लायमान के शिष्य थे। बाद में, वे हैम्बुर्ग, में भारत–विद्या के प्रोफेसर बने। इन्होंने कल्प, निशीथ, व्यवहार एव महानिशीथ – जैसे छेदसूत्रों का सम्पादन किया और 'वर्क आव महावीर' भी लिखा। इन्होंने जैनधर्म के परिचय के लिये 'डी लेहरे डेर जैनाज' (द डॉक्ट्रीन्स आव दी जैनाज) नामक लोकप्रिय पुस्तक लिखी जिसे भारत में अंग्रेजी में भी प्रकाशित किया गया। इस पुस्तक का आधार मुख्यतः श्वेताम्बर साहित्य रहा है। इसमे जैन इतिहास, साहित्य और समाज के साथ जैन सिद्धान्तों की विश्लेषणात्मक जानकारी है। इनके समय मे ही बाल्टर डेनेके ने दिगम्बर ग्रंथों की भाषा पर शोध की थी।

जै. हर्टल (1872–1955) ने भी श्वेताम्बर जैनो के कथा साहित्य पर एक पुस्तक लिखकर जैन सिद्धान्तों के साथ जैन कथाओं की ओर भी विद्वानों का ध्यान आकृष्ट किया। फ्रांस की विदुषी डा. कैया ने इन्हीं के निर्देशन में छेदसूत्रों पर काम किया था। हैम्बुर्ग में ही अनेक विद्वानों ने दिगम्बर पन्थ पर भी काम किया है (ओकुडा, 1975)।

हैल्मुद वान ग्लेजनप (1891–1963) ट्यूबिंगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे हैं। ये याकोबी के शिष्य थे। इस विश्वविद्यालय में जर्मनी का सबसे बड़ा पुस्तकालय है जिसकी स्थापना 1477 में हुई। आज इसमें तीस लाख पुस्तकें हैं और 9000 पत्रिकायें आती हैं। इन्होंने जैनधर्म पर दो लोकप्रिय और अनके प्रमुख पुस्तकें लिखी हैं, 'डेर जैनिसमुस' का हिन्दी सार पं. कैलाशचंद्र शास्त्री के 'जैन धर्म' मे पाया जाता है। यह गुजराती में भी प्रकाशित हुई है। 'डी लेहरे फोम कर्मन इन डेर फिलासफी जैनाज' का अनुवाद पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी ने अंग्रेजी में प्रकाशित किया है। बाद में यह हिन्दी में

भी प्रकाशित हुआ। 'भारत . जर्मन विचारको की दृष्टि में' भी उनकी एक जर्मन पुस्तक 1960 में प्रकाशित हुई। उन्होंने भारत की यात्रा की थी और जैन समाज से आदर पाया था।

यह सचमुच ही ज्ञानवर्धक तथ्य है कि श्री लुडविग आल्सडोर्फ (1904–1978) जर्मनी के प्रकाण्ड जैन विद्यामनीषी थे। उन्होंने विभिन्न धर्मों एवं भाषा–विज्ञान सम्बन्धी गहन अध्ययन किये हैं। इसी पर उन्होंने पी. एच–डी प्राप्त की। ये शुब्रिंग को अपना गुरु मानते हैं। वे हैम्बुर्ग में प्रोफेसर रहे। इन्होने गुजरात के राजा कुमारपाल से सम्बन्धित साहित्य को सम्पादित कर प्रकाशित किया है। लायमान तथा याकोबी ने इन्हें अपभ्रंश पर काम करने का संकेत दिया जिससे उन्होने पुष्पदन्त के महापुराण का विस्तृत भूमिका सहित सम्पादन किया। उन्होने 'वसुदेवहिडी' को सम्पादित कर उसकी भाषा को पैशाची प्राकृत के ग्रथ 'बढ्ढकथा' का रूपान्तर बताया। उनके दर्शन भारत मे इस लेखक ने भी किये हैं और तेरापन्थ के साधुओं से जो उनकी चर्चा होती थी, वह 'विश्वकोश' के समान लगती थी। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद उन्होंने निर्युक्ति, चूर्णि और भाष्य पर काम करना चालू किया था। वे अपने शिष्यों को इन प्राचीन ग्रथों पर काम करने के लिये प्रेरित करते थे। यह भी एक मनोरंजक तथ्य है कि प्रो. आल्सडोर्फ ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में जर्मन पढ़ाई है और यहीं उन्होंने संस्कृत सीखी है। अपने सस्कृत ज्ञान के बल पर ही अनेक बार उन्हें अनार्यत्व से मुक्ति तथा मन्दिर प्रवेश मिला। इनके लेखो का एक 762 पृष्ठ का सग्रह 1974 मे प्रकाशित हुआ है। लीबज़िग से शोध–उपाधि लेने वाली डा. शारलोट क्राउजे (1895–1980) तो जैन श्राविका ही बन गई थीं। उन्होंने कहा कि जैनो के अनेक सम्प्रदायो के कारण उसके प्रचार में बाधा रही है। उन्होंने विदेशों में एव भारत में भी जैनविद्याओ के सवर्धन मे महान योगदान दिया। तथापि यह दु:खद है कि जैन समाज ने उनको यथानुरूप प्रतिष्ठा नहीं दी। उनके लेखो का एक संग्रह 'डा0 शारलोट क्राउजे: हर लाइफ एण्ड वर्क्स' पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी से प्रकाशित हुआ है।

जर्मनी में वर्तमान जैनविद्या–संवर्धक

पूर्वोक्त विवरण से प्रतीत होता है कि जर्मनी में म्यूनिख और हैम्बुर्ग विश्वविद्यालय जैनविद्या–शोध एवं संवर्धन के प्रमुख केन्द्र थे। आजकल फ्राई विश्वविद्यालय के डा. क्लास ब्रुन प्राचीन जैन साहित्य की भाषा के विविध रूपों का आलोचनात्मक अध्ययन कर रहे हैं। साउथ एशिया इंस्टीट्यूट, हाइडेलबर्ग भी एक अच्छा केन्द्र बन रहा है। यहां डा. जी. एफ. बाउमेन ने 'गुजरात की जैन कविता' तथा प्रो. एमरिश ने 'दिगम्बरों में समय की अवधारणा' विषय पर शोध की है। विलियम बोले ने 'सूत्रकृतांग' पर यूट्रेक्ट

(हालैंड) से, बटजमवर्गर ने 'भारतीय परम्परा मे आत्मा' पर म्यूनिख से, डा. मैटे ने 'हैम्बुर्ग से', डा. फाइफर और चन्द्रभाल त्रिपाठी ने बर्लिन से और क्रम्पलमेन ने मुंस्टर से शोध–उपाधि प्राप्त की है। डा टुश्चेन ने मारबर्ग से 'भट्टारक प्रथा' पर काम किया है। इसी प्रकार, जेड़ेनबोस म्यूनिख में जैनविद्याओं को जीवित रख रहे हैं। डा. त्रिपाठी ने तो स्ट्रासवर्ग की जैन पाडुलिपियों की सूची भी प्रकाशित की है। डा. हेनेरिक जिमर ने भी भारत के दर्शन में जैन दर्शन पर 100 पेज की सामग्री प्रस्तुत की।

डा. गेलडा ने जर्मनी में जैनविद्या–संवर्धकों की जैनविद्याओं में शोध और संवर्धन की रुचि की अल्पता का सकेत दिया है, पर ऐसा प्रतीत नहीं होता। वर्तमान में पहले की अपेक्षा अधिक केन्द्रो पर यह शोध हो रहा है।

(ब) ब्रिटेन

जर्मन जैनविद्या मनीषियों के समान, ब्रिटेन के विद्वानों का विस्तृत विवरण प्राप्त नहीं है। फिर भी, अनेक विद्वानों या विदुषियों द्वारा लिखित पुस्तकों के आधार पर इसका कुछ वर्णन किया जा सकता है। यह तो बताया जा चुका है कि मैक्समूलर ने ऑक्सफोर्ड में रहकर भारत–विद्या और जैनविद्याओं को विद्वत् जगत् से परिचित कराया है। ईसाई धर्म प्रचारकों ने भी भारत के विभिन्न धर्मों के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर जैनधर्म से सम्बन्धित विवरण दिये थे। इनमें ए. बार्थ (1881), जे. बी. प्राट (1916), क्षेत्र में कार्य करनेवाली मैडम सिनक्लेयर स्टीवेंसन (1915), हार्बर्ट वारेन, लोथर वेंडल आदि ने अपनी पुस्तकों एवं अनेक लेखों के माध्यम से जैनधर्म के परिज्ञान में विदेशियों की रुचि को प्रेरित किया। श्री बुकेनन, कर्नल जेम्स टॉड (1829), बम्बई के गर्वनर लार्ड री एवं भारत के तत्कालीन वाइसराय लार्ड कर्जन ने भी जैन सिद्धान्तों की प्रशसा कर उसे ब्रिटेन मे लोकप्रिय बनाने में योगदान दिया। इन्हीं दिनों जे. बरजैस (1903) ने 'दिगम्बरों के जैन मिथकों' पर अंग्रेजी में लेख लिखे और कीथ, फर्युसन, विन्सेंट स्मिथ ने भी जैन पुरातत्त्व पर ग्रंथ लिखे। हमारा कर्तव्य है कि हम इन जैनधर्म संवर्धकों के विषय में विशेष जानकारी प्राप्त करें। इन विद्वानो के समय जैनधर्म के मूल व सिद्धान्तविषयक, अनेक भ्रांतिया रहीं। इनमे से कुछ का समाधान हर्बर्ट वारेन ने किया, कुछ का याकोबी ने, और अनेक बिन्दुओ की व्याख्या उत्तरवर्ती विद्वानों ने की। ब्रिटेन का यह सारा अध्ययन मुख्यतः जैन ग्रंथों एवं यात्रा वृत्तान्तों पर आधारित रहा है। इतनी भूमिका बनने के बाद भी ब्रिटेन में जैनविद्या के प्रति रुचिपूर्वक उन्नयन कुछ दशकों तक मंथर ही रहा।

बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से यहां जैनविद्या संवर्धकों का नया युग प्रारम्भ होता है। इसमें सबसे पहला नाम वाइ. जे. पद्मराजैया का आता है, जिन्होंने 'जैन थ्योरी आव नोलेज ऐंड रीयालिटी' पर 1955 में ओक्सफोर्ड में पी.

एच–डी की थी। यह शोध–प्रबन्ध प्रकाशित भी हो चुका है। यहीं से आर विलियम्स ने दिगम्बर और श्वेताम्बर श्रावकाचारो का अध्ययन कर 'जैन योगा' प्रकाशित की (1963)। जिसमें बौद्धधर्म की तुलना में जैन धर्म की दीर्घजीविता तथा जीवन्तता का मूल आधार उसकी चतुर्विध संघ व्यवस्था को बताया गया है। ये शोध–प्रबन्ध इस तथ्य को प्रकट करते हैं कि इस काल मे आगमेतर विषयों पर भी पश्चिम के मनीषियो का ध्यान गया। ऑक्सफोर्ड से ही लेडलो ने 'श्वेताम्बर परम्परा के साधु एव गृहस्थ के सम्बन्धों पर तथा जॉन्सन ने कुन्दकुन्द के ग्रथो पर पी एच–डी. के प्रबन्ध 'रिचेज ऐड रिनसियेशन' तथा 'हार्मलैस सोल्स' के रूप मे प्रकाशित किये हैं। श्रीमद् राजचद्र पर भी एक शोध कार्डिफ मे हुई है। इसी प्रकार, कैंब्रिज से मारकुस बेक्स, पाल डुडास ने 'श्वेताम्बर समाज एव धर्म' पर शोध की है। ये दोनो प्रकाशित भी हो चुकी हैं। अब ये जैनविद्या के विविध पक्षों पर काम कर रहे हैं। 'दी जैन्स' मे इनके अनेक शोध–पत्रों की सूची दी है। जे. डी. रीनैल ने अलग ही विषय चुना है – महिलाओ मे धार्मिकता। इस विषय पर अमरीका का भी ध्यान गया है। पाल डुडास की पुस्तक 'दी जैन्स' के दो सस्करण (2002) प्रकाशित हुए हैं, और जैनधर्म के विषय मे अच्छी जानकारी लोगो को हुई है। इसके पूर्व अमरीका के प्रो पी एस. जैनी की 'जैन पाथ आव प्योरिफिकेशन (तीन सस्करण) पर्याप्त लोकप्रिय हुई थी। इसके पूर्व आस्ट्रेलिया के डा बाशम की 'दी वन्डर दैट वाज इंडिया' भी पर्याप्त प्रचलन मे आई थी। केंब्रिज में ही डा केरालिन हम्फ्री 'जैन नृतत्व शास्त्र' पर शोध को प्रश्रय दे रहे हैं। लीड्स तथा बरमिघम विश्वविद्यालयो से सेवानिवृत्त प्रो उर्सुला किग ने जैनविद्याओं के प्रोत्साहन में अमोघ काम किया है। इन्हीं वर्षों मे एफ डब्लू. थामस ने 'अन्ययोगव्यवच्छेदिका' तथा 'स्याद्वादमजरी' का अनुवाद प्रकाशित किया। केंब्रिज के डा. ब्राउन ने भी जैन और बौद्ध धर्म का अध्ययन किया है। ये कुछ समय पूर्व ही सेवानिवृत्त हुए हैं पर अभी भी सक्रिय है। इनका एक लेख कैलाशचंद्र शास्त्री अभिनन्दन ग्रथ मे प्रकाशित हुआ है।

आजकल लदन भी जैनविद्या के उन्नयन का अच्छा केन्द्र बन गया है। यहा 'जैन अध्ययन विभाग' भी खुल गया है जिसके प्रभारी डा. पीटर फ्लूगल हैं। इन्होंने मेन्स विश्वविद्यालय से 'श्वेताम्बर तेरापन्थ सम्प्रदाय' पर पी एच–डी की है और अपने शोधपूर्ण–निबन्धों के लिये प्रसिद्ध हैं। ये अपने केन्द्र मे प्रतिवर्ष एक जैन व्याख्यानमाला एव कार्यशाला आयोजित करते हैं जहा विश्व के विभिन्न भागो से विद्वान् आते हैं। इसके शोधपत्र पाठकों में डा. एन. एल जैन तथा नीरज जैन भी रहे हैं। इनके केन्द्र से अनेक शोधकार्य हुए हैं, जिनसे विद्यार्थियों ने एम ए. व पी. एच–डी. की उपाधि पाई हैं। ये निरन्तर भारत आते हैं एवं कुछ न कुछ नये शोध के विषय लाते

हैं। अब इन्हें 'जैन नेताओं' तथा 'जैन कानून' पर अन्वेषण करने की बात ध्यान में आई है। जैन केन्द्र, रीवा की ओर से इन्हे पर्याप्त जैन साहित्य भेजा गया है। इसी केन्द्र में फ्रांस के विद्वान एल. रेनो ने 1951 में जैन धर्म पर भाषण दिया था जो प्रकाशित हो चुका है।

'कोल्हापुर के दिगम्बर जैनों' पर डा कैरिथर्स ने डरहम विश्वविद्यालय से अच्छा शोध-प्रबन्ध प्रस्तुत किया है। इनके सयोजकत्व में जैन समाज-विद्या की एक गोष्ठी हुई थी जो 'असेम्बली आफ लिसनर्स' के नाम से प्रकाशित हुई है। मैडम जूलिया हैजेवाल्ड ने ऑक्सफोर्ड में 'खजुराहो की जैन स्थापत्यकला' पर शोधकार्य किया है।

भारतीय मूल के ब्रिटेनवासी डा नटूभाई शाह और श्री विनोद कपासे ने तो इटरकल्चरल विश्वविद्यालय, ओपियडे (हालैड) से जैन विषयो पर पी. एच-डी. की है। ये दोनों ही व्यक्ति विदेशों में जैनधर्म संवर्धन का अच्छा काम कर रहे हैं। लेस्टर के जैन मन्दिर की प्रतिष्ठा डा. शाह ने ही कराई थी और वे अनेक विश्वविद्यालयों में जैनधर्म पर व्याख्यान करने भी जाते हैं। श्री कपासे लदन में विशाल जैन मन्दिर निर्माण समिति के संयोजक हैं। लीड्स में सांख्यिकी के प्रोफेसर के. वी. मरडिया भी 'जैनधर्म की वैज्ञानिक आधारशिला' (अग्रेजी) के माध्यम से पश्चिम मे जैनधर्म सवर्धन में योगदान दे रहे हैं। इसके कारण पश्चिम मे जैनधर्म के विषय मे जैन युवा पीढी तथा जैनेतरो में जैनधर्म के विषय में अच्छी जानकारी हुई है। इनकी पुस्तक का हिन्दी अनुवाद भी पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी से अब हिन्दी में भी प्रकाशित हो चुका है। यह हिन्दी अनुवाद लेखक ने किया है।

स) यूरोप के अन्य देश

जर्मनी एवं ब्रिटेन के अतिरिक्त फ्रांस, स्विटरजरलैंड, स्वीडन और फिनलैंड आदि देशों मे भी अनेक जैनविद्या के उन्नायक हुए हैं। बीसवीं सदी के प्रारम्भ में पेरिस के ग्वेरिनो ने 'एसे डी बिब्लियोग्राफी जैनाज' के सन्दर्भ-ग्रंथ के माध्यम से वहां के विद्वानों का ध्यान जैनधर्म की ओर आकृष्ट किया। उन्होंने लियॉन एवं पेरिस के सग्रहालयों के जैन-संग्रह की सूची भी तैयार की थी। इन्होंने शान्तिसूरि के 'जीवविचार' तथा उत्तराध्ययन के 36वें अध्याय का फ्रेंच भाषा में अनुवाद एवं सम्पादन किया। उनकी अंतिम पुस्तक जैनधर्म के सिद्धान्त, सम्प्रदाय, विधि-विधान एवं संस्थाओं पर 1926 में फ्रेंच भाषा में प्रकाशित हुई है। उनका सन्दर्भ-ग्रंथ विन्टरनित्स के प्रमुख ग्रंथ 'हिस्ट्री आव इंडियन लिटरेचर' का आधार बना। जीन फिलेजा ने ब्रिटिश और जर्मन ग्रंथों तथा सिलवन लेबी की सूची के आधार पर पांडुलिपियों की संग्रह-सूची प्रकाशित की। उन्होंने वलभी राजाओं तथा

कनिष्क और शातवाहन वशो पर भी काम किया। फ्रांस के ही लुई रेनों ने जैनधर्म का अध्ययन कर लदन मे जोर्डन व्याख्यानमाला में व्याख्यान दिया था। ऐतिहासिक दृष्टि से इन्होने सप्रमाण यह सिद्ध किया कि चन्द्रगुप्त 313–312 ईसापूर्व मे गद्दी पर बैठे थे (पोलिटिकल हिस्ट्री आव इंडिया अपटू सेवन्थ सेचुरी ए डी 1947)। इन्होने दक्षिण के जैन शिलालेखों के समय का पुनर्निर्धारण भी किया। इस तरह, उन्होंने जैन इतिहास के आलोचनात्मक अध्ययन का सूत्रपात किया। रेनो और फिलेजा की पुस्तक के आधार पर अनेक फ्रेंच एव अग्रेजी विश्वकोशो मे जैनधर्म के विविध कोटि के विवरण प्रकाशित हुए। रेनो ने श्वेताम्बरो के तेरापन्थ सम्प्रदाय पर भी काम किया। वे अपनी पत्नी के साथ तेरापन्थ केन्द्र 'राजलदेसर' भी 1949 में गये थे जिसका विवरण उन्होने अपनी एक पुस्तक मे भी दिया है।

वर्तमान मे फ्रास मे अनेक जैनविद्या मनीषी हैं, जो इस सदी के उत्तरार्ध से अपने पूर्ववर्तियो से प्रेरित होकर जैन विद्याओ के विविध पक्षो पर शोध कर रहे हैं। इनमे डा कोले कैया और डा नलिनी बलबीर प्रमुख हैं। डा. कैया ने छेदसूत्रो पर काम किया है और वे समाधि एव सल्लेखना प्रक्रिया की विशेषज्ञ हैं। इन्होने 'चन्दवेज्झय' का सम्पादन किया है। इनके कुछ ग्रथ एल डी इस्टीटयूट, अहमदाबाद से प्रकाशित हैं। इनके शोध–लेखो की सख्या अगणित है। ई फिशर और डा रवीन्द्र कुमार ने मिलकर 'जैन कॉस्मोलोजी' (सचित्र, अग्रेजी) लिखी है, जो प्रकाशित होकर यूरोप व अन्य देशो मे लोकप्रिय हुई है। इनके निर्देशन मे डा नलिनी बलवीर जैसी अनेक विदुषी और विद्वानो ने शोध–उपाधि प्राप्त की है। डा. बलवीर ने 'दानाष्टक कथा' पर शोध की है और वर्तमान मे भाष्यो एव कथाओ पर काम कर रही हैं। इन्होने 'जैन साधुओ की आत्मकथा' पर भी काम करना प्रारम्भ किया है। कु. चोजनाकी पेरिस मे ही 'विविध–तीर्थकल्प' का फ्रेंच अनुवाद कर रही हैं। सुश्री ओशिये 'धूर्ताख्यान' और 'धर्मपरीक्षा' के तुलनात्मक अध्ययन में लगी हैं। डा· मैथियास जैन आहार विज्ञान पर काम कर रही हैं। सुश्री पियरी एमियेल ने फ्रेंच में जैनधर्म पर एक पुस्तक लिखी है जिसका अग्रेजी अनुवाद ह्यूस्टन की एक सस्था से प्रकाशित हुआ है। इस प्रकार फ्रास में भी जैन शोधको की सख्या में क्रमश वृद्धि हो रही है।

बेल्जियम भी जैन विद्याशोध का पुराना केन्द्र रहा है। यहां के डा. जे. डेलियू जर्मनी के डा. शुब्रिग के शिष्य थे। उन्होंने 'महानिशीथ' और 'भगवतीसूत्र' पर काम किया है। इसके पुत्र ने राजशेखर सूरि के 'प्रबन्धकोश' पर काम किया है। यही से डा. बॉशे ने हरिभद्र की 'अनेकान्तजयपताका' पर काम किया है। अभी डी एवा क्लर्क ने स्वयंभू के

'पउमचरियं' का आलोचनात्मक अध्ययन किया है। यूट्रेक्ट विश्व विद्यालय से विलहेल्म बोले ने 'सूत्रकृतांग' पर शोध की है। इसके अतिरिक्त एन्टवर्प एवं ब्रुसेल्स में जैनविद्या पर काफी काम हो रहा है। यहां लदन के डाक्टर शाह वर्ष में कुछ दिनों के लिये जैनधर्म का अध्यापन करने जाते हैं।

स्विटजरलैंड के दो विद्वान बहुश्रुत हैं। ई. फिशर ने जैन प्रतिमा विज्ञान पर काम किया है और वर्तमान में डा. ब्रॉकहर्स्ट जैन और बौद्धधर्म के तुलनात्मक अध्ययन (ध्यान, आजीवक, अनेकान्तवाद आदि) में लगे हैं। इनकी कुछ पुस्तकें भी प्रकाशित हैं। ये लुसान विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं।

आजकल स्वीडन एव फिनलैंड भी जैनविद्या शोधकों के केन्द्र बन रहे हैं। स्वीडन के स्टॉकहोम, उपसला एव लुंड विश्वविद्यालयों में भी जैन धर्म पर शोध हो रहे हैं, वहा के विद्वानों ने 'सिहलावदान' तथा 'लवकुशोपाख्यान' के जैन रूपों पर शोध किया है। प्रो. ओले क्वामर्सस्ट्राम ने तो अभी योगशास्त्र का अंग्रेजी अनुवाद किया है और वे 'सर्वज्ञता' का तुलनात्मक अध्ययन कर रहे हैं। ये सिद्धसेन दिवाकर के न्याय की पुस्तको के अंग्रेजी अनुवाद मे भी रुचि रखते हैं। इन्होंने डा पी. एस. जैनी के सम्मान में आयोजित संगोष्ठी का अपने लुंड विश्वविद्यालय में संयोजन किया था जिसमे 12 देशों के पांच दर्जन से अधिक विद्वान सम्मिलित हुए थे। इनमें भारत से कोई न था। इन्होंने अपने यहां 'जैन अध्ययन' का एक पाठ्यक्रम चलाया है जिसमे वर्तमान मे 40 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। फिनलैंड के हेल्सिंकी विश्वविद्यालय में भी अभी प्रो. कोस्कीकल्लियो के निर्देशन में जैन पाठ्यक्रम चालू हुआ है। इन दोनों ही स्थानों को दि. जैन विद्वत् परिषद तथा जैन केन्द्र, रीवा ने लगभग पद्रह हजार का साहित्य भेजा है। यहा डा. परपोला भी जैन अध्ययनों को प्रोत्साहित करते हैं। इन्हीं के मार्गदर्शन में 2003 में बारहवां विश्व संस्कृत सम्मेलन हुआ था जिसमें 'जैन अध्ययन' का भी एक अनुखंड था। फिनलैंड के ही एक विद्वान् डा. अन्ट टाहिटनेन ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से 'भारतीय परम्परा में अहिसा' पर शोध करते हुए जैनों की अहिंसा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया था। इसी प्रकार नार्वे में भी प्रो. ब्रेके जैन और बुद्ध धर्म के तुलनात्मक पक्ष का अध्ययन ऑक्सफोर्ड में रहकर कर रहे हैं। हालैंड के यूट्रेक्ट के समान कुछ विश्वविद्यालयों में जैनविद्याओं के प्रतिरुचि बढ़ रही है। पोलैंड के डा. वल्सेरोवित्स ने 'सिद्धसेन' पर काम किया है और पश्चिम में जैन-अध्ययनों से सम्बन्धित एक पुस्तक का सम्पादन भी किया है।

2. उत्तरी अमेरिका और कनाडा : (अ) अमरीका

अमेरिका और कनाडा-दोनों ही बड़े देश हैं और यहां उच्च शिक्षा के अनन्त नहीं, तो संख्यात अवसर हैं। फिर भी, यहां जैनविद्या के उन्नायकों की

बीसवीं सदी के पूर्वार्ध तक नगण्य सख्या ही रही है। इनमे बाल्टीमोर के मारिस ब्लूमफील्ड ने 'पार्श्वनाथ चरित' तथा 'शालिभद्र चरित' को अग्रेजी में 1919–23 के बीच प्रस्तुत किया और वाशिगंटन के प्रो. ब्राउन ने 1933–41 मे कालकाचार्य कथा, 'कल्पसूत्र' की लघु चित्रकला का सग्रह एव उत्तराध्ययन की पाडुलिपियो पर अध्ययन किया। पर अब स्थिति बदल गई है। जैन इटरनेशनल की 2001 की सूची में अमरीका के विभिन्न विश्वविद्यालयों मे कार्यरत 30 जैनविद्या मनीषियो के नाम हैं जबकि डेनीसन के डा कोर्ट ने 1944–2001 के बीच इस क्षेत्र में दो दर्जन पी. एच–डी. अर्जकों के नाम दिये हैं। इससे पता चलता है कि अमरीका में जैनविद्या उन्नायको मे पैन्सिलवानिया, हार्वर्ड, वर्कली, शिकागो एवं हवाई विश्वविद्यालय के शोधक प्रमुख रहे हैं। चूंकि यहां यह शोध काफी देर से प्रारम्भ हुआ, अत यहा आगमेतर विषयो पर अधिक काम हुआ। उदाहरणार्थ– इनमें जैनों के अनुसार, द्रौपदी का विवाह, लिग और साधुता, जैन महासतिया, महिलाये और साधु, अघातिया कर्म, कर्म और नियमन, जैन श्राविकायें, दान कर्म का विकास, आगमों की मिथकता या पुराणकथाये, जैन संगीत, जैन पुरातत्त्व, त्याग और श्रमणवृत्ति, समवसरण, जैनो की जैनेतरो के प्रति धारणा, अमरीका के प्रवासी जैन, जैन विश्वविद्या तथा अनेक भौगोलिक एव ऐतिहासिक विवरणो का समीक्षण समाहित है। इन उन्नायक मनीषियों में अर्नेस्ट वेंडर, प्रो पी. एस जैनी, क्रिस्टी वाइली, डॉ. जॉन कोर्ट, डा. क्रिस्टोफर चैपल, क्रामवैल क्रोफार्ड, माइकल मीस्टर आदि प्रमुख हैं। ये सभी लोग अनेक बार भारत आये हैं और अनेक राष्ट्रीय एवं अतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में जैन विषयों पर शोधपत्र पढ़ते रहे हैं। इनके अधिकाश शोध श्वेताम्बर परम्परा पर हैं। इनमे वर्तमान मे डा. कोर्ट सर्वाधिक सक्रिय हैं। इन्होने 'मोक्ष' पर शोध किया था। इन्होने जयपुर मे द्यानतराय की पूजा का अग्रेजी अनुवाद किया है और तारणस्वामी पर भी शोध की है।

विदेशो में जैनधर्म व विद्या के प्रसारकों में उन प्रवासी भारतीयों का योगदान भी उल्लेखनीय है जिन्होंने जैन केन्द्रों, साहित्य तथा पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन, अन्तर्विश्वासीय सगठनों के सदस्य बनकर इसे जैन एव जैनेतरो में सप्रसारित करते हैं और जिनकी एकाधिक पीढ़ी विदेशों में ही रह रही है। ऐसे व्यक्तियो मे डा. खिदूका, डा. पी. एस. जैनी, डा. दीपक जैन, डा प्रगति जैन, डा सुलेख जैन, डा. पी. वी. गाडा तथा श्री योगेन्द्र जैन आदि के नाम लिये जा सकते हैं। आजकल प्रेक्षाध्यान केंद्र, मंदिर निर्माण एव मूर्ति प्रतिष्ठायें आदि भी इस संवर्धन के माध्यम बने हैं। इन्होंने 'जैना लाइब्रेरी' भी स्थापित की है। यहा का 'सिद्धाचलं' का मंदिर दर्शनीय एवं पर्यटक स्थल बन गया है।

(ब) कनाडा

अमेरिका की तुलना में कनाडा में जैनविद्या उन्नायकों की संख्या तथा केन्द्र आशा के अनुरूप नहीं है। यहां मैकमास्टर, टोरन्टो, मैगिल, तथा केलगैरी विश्वविद्यालय जैनविद्या अध्ययन के केन्द्र हैं। यहां भारत—मूल के मिस्सीसोगा के डा. एस. ए. बी. कुमार ब्राह्मी सोसायटी, 'जिनमंजरी' पत्रिका तथा ह्यूमनिटी प्रेस के प्रकाशनों के माध्यम से जैन धर्म का विश्वस्तरीय सवर्धन कर रहे हैं। इन्होंने 'जैनीज्म इन नार्थ अमेरिका' पर नीउ मैक्सिको विश्वविद्यालय से शोध—उपाधि प्राप्त की है। विंडसर के डा. एस. के. जैन ने भी पश्चिम में जैनविद्याओं की मान्यता को स्थापित करने में योगदान किया है। मैकमास्टर की मैडम फाइलिस ग्रानोफ ने जैन कथाओं पर शोध किया है और उनके निर्देशन में अनेक कनेडियन तथा जापानी छात्रों ने शोध की है। वे 'जर्नल आव इंडियन फिलोसोफी' भी प्रकाशित करती हैं। ईश्वरवाद विरोधी गुणरत्न के तर्कों को उन्होंने अग्रेजी में प्रस्तुत किया है। टोरंटो के ओकोनेल एवं वागले जी ने कुछ समय पूर्व एक 'जैनविद्या सेमिनार' आयोजित किया था। वे पी. एस. जैनी के सम्मान में आयोजित गोष्ठी के शोध—पत्र भी प्रकाशित कर रहे हैं। वहां जैनविद्या पर शोध भी होती है। मैगिल के प्रोफेसर अरविंद शर्मा भी जैनधर्म के संवर्धन में अनेक पुस्तकें एवं लेख लिखते रहते हैं। केलगेरी के प्रो. बार्कर भी जैनविद्या के उन्नायकों में प्रमुख स्थान रखते हैं। ओटावा के डा. ह्यूमर ने अपने विश्वविद्यालय में पर्याप्त जैन साहित्य मगा रखा है। मैडम अइरीना उपेनिक्स तो जैन ही बन गई हैं। उन्होने अपने साहित्य एवं भाषणों से जैनधर्म को पश्चिम मे लोकप्रिय बनाया है। अनेक शोधकों के कारण यह आशा की जा सकती है कि कनाडा मे भविष्य मे जैन विद्यायें और भी प्रगति करेगी।

3. दक्षिणी अमरीका

दक्षिण अमरीका में जैनविद्याओं के उन्नायकों के विषय में विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। पर साओ पावलो के डा. फोन्सेका तथा अरजेन्टीना के डा. ड्रागोनेट्टी वहां जैनविद्याओं पर शोधकार्य कर रहे हैं।

4. ऑस्ट्रेलिया

आस्ट्रेलिया में भी जैनविद्या के अध्ययन एवं अध्यापन के विषय में विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है। फिर भी, वहां केनबरा की आस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में जैनविद्याओं का अध्ययन—अध्यापन होता रहा है। वहां प्रो. ए. एल. वाशम ने आजीवकों तथा 'दी वंडर दैट वाज इंडिया' की पुस्तकों के माध्यम से बीसवीं सदी में जैन सिद्धान्तों के विश्वस्तरीय परिज्ञान में महती भूमिका निभाई है। यहां मैडम हरकुस और डी. जोंग भी हैं. जो जैनविद्याओं का अध्यापन. करते हैं। आर. बाइल्स के साथ डी. जोंग ने 'निरयावलियाओ' का अनुवाद डेल्यू के टिप्पणी के साथ प्रकाशित किया है (1996)।

5 एशिया : जापान

जापान एशिया का प्रमुख देश है जहा जैनविद्या का अध्ययन–अध्यापन काफी समय से चल रहा है। डा सिन के अनुसार, यह अध्ययन बौद्ध धर्म के तुलनात्मक शोध से प्रारम्भ हुआ है। उन्होंने टोकियो, क्योटो, हिरोशिमा आदि विश्वविद्यालयो से 18 पी. एच–डी शोधको के नाम दिये हैं। कुछ जापानी विद्वानों ने अमरीका और जर्मनी से भी शोध उपाधि पाई है। जापान में जैन अध्ययन का प्रारम्भ शिजेनोबू सुजूकी (1890–1920) के वर्ल्ड सेक्रेड बुक्स ग्रंथमाला में 'सेक्रेड बुक्स ऑव जैनीज्म' के समाहरण से प्रारम्भ हुआ। इसमे तत्त्वार्थाधिगमसूत्र' और 'योगशास्त्र' तथा 'कल्पसूत्र' का जापानी अनुवाद था। प्रो कानाकुरा (1896–1987) ने जैनधर्म पर दो पुस्तकें लिखीं और उनमे तत्त्वार्थाधिगम सूत्र, न्यायावतार, प्रवचनसार, पंचास्तिकायसार के अनुवाद को सटिप्पण प्रकाशित किया। उन्होने याकोवी से और उनके साथी नाकामुरा ने वाल्टर शुब्रिंग से जैनधर्म सीखा था। पिछले अनेक वर्षों से ओटानी विश्वविद्यालय, क्योटो में 'जापानीज सोसायटी फॉर जैन स्टडीज' स्थापित हुई है जो प्रतिवर्ष जापान मे जैनविद्या शोध पर सगोष्ठी आयोजित करती है। इसके वर्तमान सयोजक काजूहितों यामामोटो हैं। कभी–कभी इनमें विदेशी विद्वान् भी आमन्त्रित किया जाते हैं। जापान की मैडम ओहीरा तथा ओकाई ने भारत की एल. डी. इस्टीस्टयूट से तत्त्वार्थसूत्र एव भगवतीसूत्र पर काम किया है। आजकल वे भाषा विज्ञानी बन गई हैं। यहा के डा टी. हायाशी ने जैन मैथेमेटिक्स, वखशाली लिपि तथा धवला के गणित पर काम किया है। वे भारत भी आ चुके हैं। अर्हत् वचन के सम्पादक से इनका अच्छा परिचय है। प्रो. हजीमो नाकामुरा द्रोणगिर गजाथ के समय भारत आये थे। उनके विश्व जैन मिशन के संस्थापक डा. कमला प्रसाद जैन से अच्छे सम्बन्ध थे। इन्होंने बीसवीं सदी के मध्यकाल में जापान मे जैनधर्म को अच्छा स्थान दिलाया। प्रो. यामाजाकी आदि ने श्वेताम्बर ग्रंथों के पदो की सूची पर काम किया। प्रो. ए. यूनो ने 'व्याप्ति एव प्रमाणनयतत्त्वालोक' पर काम (और अनुवाद भी) किया है। प्रो. के बाटनावे, टोकियो ने आजीवक सप्रदाय तथा जैनों की जीव की धारणा पर काम किया है। उन्होने 'जैनोलोजी इन वैस्टर्न पब्लिकेशन्स' भाग–1 व 2 के लेखों का सम्पादन किया है जो 1993 में प्रकाशित हुए हैं और बेलजियम के प्रो जोसफ डेल्यू के सम्मान में संकलित किये गये थे। आजकल प्रो. फुजीनागा सिन यहा के सक्रिय जैनविद्या मनीषियों में हैं, जो अनेक बार भारत आ चुके हैं। वे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी भाग लेते हैं। वे श्वेताम्बरों के तेरापंथ से प्रभावित हैं। उन्होंने सर्वज्ञता पर अच्छा काम किया है। प्रो. नागासाकी ने तेरापथ (श्वे.) पर अच्छे शोध लेख लिखे हैं। इस प्रकार जापान में जैन विद्यायें प्रगति पर हैं।

उपरोक्त विवरण अत्यन्त ही सक्षिप्त है। इसमें विश्व के अनेक क्षेत्रों में कार्यरत जैनविद्या–शोधकों एवं सवर्धकों की झांकी दी गई है। इसका अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि विदेशों में जैनविद्या–क्षेत्र में आगम, चरित, भाषा, पुरातत्त्व आदि की शोध आज भी मुख्यतः श्वेताम्बर परम्परा पर आधारित है। इस शोध में दिगम्बर परम्परा को नगण्य स्थान ही मिला है। अब कुछ शोधक इस ओर आकृष्ट हुए हैं। याकोबी के श्वेताम्बर–मान्य ग्रंथों के आधार पर प्रस्तुत केशी–गौतम संवाद एवं चातुर्याम संवर पर दिगम्बर किंचित् उद्विग्न हुए थे और अनेक दिगम्बर विद्वानों ने उसका प्रत्युत्तर दिया था। यद्यपि कुछ दिगम्बर ग्रंथ अब विदेशों में पहुच रहे हैं और उनपर शोध होगा, ऐसा अनुमान है। दिगम्बर सम्प्रदाय पर शोध न होने का एक कारण यह भी है कि इसने अपने ग्रंथों को सार्वजनिक नहीं किया। यह सुज्ञात है कि धवला ग्रंथों की प्रतियां मूडविद्री से प्राप्त करने में ही 50 वर्ष से अधिक का समय लगा था। इसलिये कुछ विद्वानों (जैनी, डुडाज) का यह कथन सही नहीं लगता कि दिगम्बर पथ के शोध की उपेक्षा हुई है। वस्तुतः रेनो ने सही कहा था कि दिगम्बरो की तपस्या आत्मकेन्द्रित है। इसलिये विदेशो के समान स्वदेश में भी प्राचीन दिगम्बरत्व के विषय में पूर्ण ज्ञान नहीं है। अत दिगम्बरत्व की शोध के लिये उनका साहित्य उपलब्ध कराने की ओर समाज को ध्यान देना चाहिये। इससे दिगम्बरों के विषय में अनेक भ्रातियां भी दूर हो सकेंगी। दिगम्बरो की शुद्ध और शुभ निश्चयनय एवं व्यवहारनय की कुन्दकुन्दी, बनारसीदासी, टोडरमली परम्परा भी उपलब्ध न होने से अबतक अछूती–सी बनी हुई है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेशों में जैनों की भव्य–अभव्य की धारणा तथा समाज विज्ञान पर कुछ कार्य प्रारम्भ हो गया है और अनेक विदेशी विद्वान् फील्ड वर्क के आधार पर इसका अध्ययन करने लगे हैं जैसा अनेक अमरीकी विद्वानो की शोधों से प्रकट है। हां, 'समवसरण' पर तो काम हुआ है पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठाये, गजरथ महोत्सव, मस्तकाभिषेक, 2500वीं महावीर जयन्ती के समय की जैन एकता, समणसुत्त, जैन–जैनेतर–सम्पर्क आदि विषयों पर शोध आवश्यक है। चूंकि विदेशियों के शोध प्रशसात्मक या समर्थनात्मक के बदले विश्लेषणात्मक होते हैं, अत. वे इस युग के लिये अधिक उपयोगी हैं।

संदर्भ

1 जैन, जे सी., जर्मनी में जैनधर्म के कुछ अध्येता, कै. च शास्त्री अभि. ग्रथ, रीवा, 1980 पे. 511
2 जैन, हरीन्द्रभूषण, विदेशों में प्राकृत एवं जैन विद्याओं का अध्ययन, वही, 1980, पे 516
3 कैया, कोले, जैन स्टडीज इन फ्रास, वही, पे. 520
4. यूनो, ए., रिसेंट जैन स्कालरशिप इन जापान, जिनमंजरी, 14.2.1990 पेज 1

5 हान, माइकेल, 'रिसेन्ट जैन स्टडीज इन वेस्टर्न कट्रीज' 1995 की ओटीनी काफरेंस में पठित शोधपत्र
6 जैनी, पी एस, दी जैन्स एड दी वेस्टर्न स्कालर, कलैक्टेड पेपर्स ऑन जैन स्टडीज, मोतीलाल बनारसीदास, 2000 पे 23
7 स्मेट, रुडी और के बाटनावे (स),जैनोलोजी इन वैस्टर्न पब्लिकेशन्स, भाग–1, 2, टोकियो, 1995
8 डुडास, पॉल, दी जैन्स, रटलज, लदन, 2002 पे 34
9 सिन, फुजीनागा, व्यक्तिगत पत्राचार
10 जैन इटरनेशनल, अहमदाबाद द्वारा प्रकाशित विदेशी जैनविद्या मनीषियों की सूची, 2001।
11 जैन, कपूरचद्र, प्राकृत एव जैनविद्या शोध सदर्भ, कैलाशचद्र जैन स्मृति न्यास, खतौली, 1991
12. क्रिस्टोफर, ऐमरिश, व्यक्तिगत पत्राचार
13 फ्लूगल, पीटर, व्यक्तिगत पत्राचार
14 चतुर्वेदी, कृष्णकान्त, स्वतन्त्रमत, जबलपुर, 17 जून 1996.
15 जर्मनी दूतावास द्वारा प्रकाशित पुस्तक

●

हरिवंशपुराण में विद्याओं के विविध रूप

पुराण की परिभाषा और लक्षण

सामान्यतः 'पुराण' शब्द का अर्थ कल्पित या ऐतिहासिक प्राचीन (या अर्वाचीन ?) कथानक, आख्यान, अनुश्रुति या मिथक के वर्णन करने वाले ग्रंथों की कोटि के रूप में लिया जाता है। वैसे भी 'पुराण' शब्द से (पु–शक्तिमान, रा–राजा या महापुरुष, ण–मणिमाला) प्राचीन (और अर्वाचीन भी) शक्तिमान उद्धारक (या विनाशक) लोकोत्तर महापुरुषों के जीवन की मणिमाला का भान होता है। पुराण ग्रन्थों का आदि स्रोत तो दृष्टिवाद पूर्व का प्रथमानुयोग खण्ड है जो लुप्त माना जाता है। पर उसकी परम्परा अविरत रूप से विभिन्न रूपों में व्यक्त होती रही है। जैनों के अनुसार, त्रेसठशलाका पुरुषों के चरित्रों का वर्णन करने वाले ग्रन्थ मुख्यतः इस कोटि में आते हैं।

पुराण ग्रथ साहित्य के विविध रूपों में से एक हैं जिनके वर्णनों में साहित्यिक सौष्ठव (अलंकारिकता, कल्पनाशीलता आदि के रूप में) भी पाया जाता है। इससे इनकी रोचकता सभी प्रकार के पाठकों के लिये मनोहारी होती है। इनका उद्देश्य 'चरितों' के माध्यम से 'अनैतिक प्रवृत्तियों के निग्रहण' तथा 'धार्मिक वृत्तियों के पल्लवन' को प्रेरित करना है। इसलिये इनमें संसारी जीवों के विकृत और आदर्श– दोनों रूप प्रस्तुत किये जाते हैं जिससे सामान्यजन भी 'कर्तव्य–अकर्तव्य' का निर्णय कर सकें। सभी पुराण ग्रन्थ मुख्यतः भक्तिवाद के प्रेरक होते हैं।

काव्यकारों ने पुराण–ग्रन्थों के पांच लक्षण बताये हैं : 1. सर्ग (मुख्य कथा या सृष्टि रचना), 2. प्रतिसर्ग (उपकथायें या विकास–विनाश), 3. वंश, 4. गत्वंतर, 5. वंशचरित। हिन्दू मान्यता के अनुसार 18 पुराण माने गये हैं। इसके विपर्यास में, जैनों ने बारह पुराण माने हैं: 1. तीर्थंकर चरित, 2. चक्रवर्ती चरित्र, 3. विद्याधर चरित्र, 4. नारायण–प्रतिनारायण चरित्र, चारण–चरित, 5. प्रज्ञाश्रमण साधु चरित्र, 7. कुरुवंश चरित्र 8. हरिवंश चरित्र, 9. इक्ष्वाकुवंश चरित्र, 10. कश्यपवंश चरित्र, 11. वादि वंश चरित्र, 12. नाथवंश चरित्र। अनेक

विवरणों में जैन विवरण, हिन्दू मान्यताओं की तुलना में संख्यात्मक दृष्टि से विशालतर हैं, पर पुराणों की दृष्टि से वे कैसे पीछे रहे गये, यह विचारणीय हैं।

हरिवंश पुराण और उसके वर्णन

हरिवंश पुराण शुद्ध हरिवश चरित नहीं है क्योंकि इसमें नारायण–प्रतिनारायण, विद्याधर, साधु तथा इक्ष्वाकु वश से सम्बन्धित चरित्र मिलते हैं। इसका अधिकाश वर्णन नारायण कृष्ण एव तीर्थंकर नेमिनाथ चरित से सम्बन्धित है, फलत . इसे धवला की परिपाटी के अनुसार, 'शुद्ध हरिवंश पुराण' न कहकर 'मिश्र हरिवंश पुराण' कहा जाना चाहिये। फिर भी, इसका नाम 'आम्रा' वन' की परिपाटी मे हरिवश पुराण माना जा सकता है।

हरिवश के चरितो पर समय–समय पर अनेक कवियो ने विविध भाषाओं में विविध रूपों में काव्य ग्रन्थ लिये हैं, पर सस्कृत जैन पुराणो की श्रृखला में यह हरिवश चरित्र पर प्रथम ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ के रचयिता बहुश्रुत–पारगामी आचार्य जिनसेन प्रथम हैं जिनके वशादि का परिचय तो उपलब्ध नहीं है, पर इसी पुराण के अनुसार वे पुन्नाट सघ के आचार्य कीर्तिषेण के शिष्य थे। उन्होंने इस ग्रन्थ का रचनाकाल 783 ई. बताया है। इसका रचना स्थान बढमाण तथा दोस्तटिका के पार्श्वनाथ जिनालय हैं जो काठियावाड में गिरनार क्षेत्र के मार्ग में पड़ते हैं। यह दिगम्बर परम्परा का ग्रथ है। आठवीं सदी और गुजरात मे रचित होने के कारण इसमें कवि के समय की अनेक विचारधाराओ एवं परम्पराओ का विवरण होना ही चाहिये। इसमे वर्तमान बीस पंथ आम्नाय की अनेक प्रवृत्तिया वर्णित हैं। आगमों के अगवाह्य विवरण में श्वेताम्बर परम्परा के विपर्यास मे, इसमें 14 प्रकीर्णक ही दिये गये हैं। तथापि, इस ग्रन्थ के भौगोलिक एवं ऐतिहासिक विवरण शोधकों को अनुसंधान की नयी दिशाये दे सकते हैं।

इस पुराण मे 66 सर्ग हैं जिनमें मुख्य कथा के अतिरिक्त अनेक उपकथायें समाहित हैं। यदि सर्ग और प्रतिसर्ग का अर्थ सृष्टि रचना और विकास–विनाश भी लिया जाय, तो वह भी इस ग्रन्थ मे है। इसमें अनेक वंशो का विवरण और कुछ के प्रमुख व्यक्तियों का चरित है। इसमें अनेक कालखंड भी समाहित हुये हैं जिनमें भ. ऋषभदेव से लेकर भ.नेमिनाथ और भ.महावीर का युग भी आया है। फिर भी, इसमें हरिवंश की एक शाखा यादव कुल के भ.नेमिनाथ और नारायण काल का प्रमुख वर्णन है। अतः यह ग्रन्थ पुराण की पंचलक्षणी परिभाषा को सार्थक करता है। तथापि, यह ध्यान में रखना चाहिये कि इस ग्रन्थ के वर्णन जैन परम्परानुसार ही हैं जो तत्तत् सम्बन्ध में अन्य परम्पराओं से तुलनीय हैं। भक्तिवाद का प्रेरक तो यह ग्रन्थ है ही।

इस ग्रन्थ में कथोपकथनों के अन्तर्गत अनेक विषयों का वर्णन किया गया है। इनमें अनेक वर्णन परम्परागत हैं। त्रिलोक और आगमों का विवरण

इसी कोटि में आता है, जबकि आठवीं सदी में आगम लुप्त (?) या परिष्कृत हो चुके थे और लोक की स्थिति भी पर्याप्त परिवर्ती थी। इसमें अनेक प्राचीन सामाजिक परम्परायें भी वर्णित हैं जिनमें बहु-विवाह प्रथा, विजातीय-विवाह, पिता-पुत्री (रक्षा-मनोहरी, 17वां सर्ग) तथा वेश्या-पुत्री विवाह (चारू-चद्र-कामपता का सर्ग 19) आदि समाहित हैं। ये सभी राजवंशों की परम्परायें हैं। सामान्यजन इनसे अप्रभावित ही रहते होंगे। अनेक धार्मिक परम्पराओं में पंचामृत अभिषेक और महिलाओं द्वारा अभिषेक की सूचना है। इसके अतिरिक्त, तत्त्वविद्या यथास्थित है, पर वेद आर्ष और अनार्ष के रूप में वर्णित हैं। युद्धकला के विविध रूप भी निदर्शित हैं। इनसे तत्कालीन विभिन्न परम्पराओं के अस्तित्व का भान होता है। इसके अनेक विवरण प्राचीन मान्यताओं से किंचित् भिन्न भी प्रतीत होते हैं। उदाहरणार्थ- भगवान के केवल ज्ञान प्राप्ति के बाद विहार करते समय उनके चरणों के आगे-पीछे और नीचे 15 कमलों की श्रेणिया (225 कमल) रहती थीं। ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय तक जैनों में बीसपंथी परम्परा तथा गुजरात में हिन्दुओं की मान्यताओ का प्रभाव पड चुका होगा। इसी प्रकार, 56वें सर्ग मे ध्यान के भेद-प्रभेदों का विवरण तत्त्वार्थसूत्र की टीकाओं से अधिक विकसित है। समवसरण के तीसरे कोठे में आर्या एव आर्यिका का स्थान बताया है, श्राविकाओं को छोड दिया जो त्रिलोकप्रज्ञप्ति के 4.858 के 'अज्जियाओं - सावइयाओं' से मेल नहीं खाता। इसमें सप्त व्यसनो का प्राथमिक नियमो के रूप मे उल्लेख हैं, पर आठ मूलगुणो का नहीं दिखता। इससे पता चलता है कि श्रावकों के आठ मूलगुणों की धारणा आठवीं सदी से उत्तरवर्ती है। इसी प्रकार, उपरोक्त धार्मिक परम्परायें भी प्राचीन विचारधारा से मेल नहीं खातीं। तीर्थंकरों के विवरण में जन्मोत्सव के बाद सीधे विवाह या दीक्षा का वर्णन है, उनके बहुविध विद्याओं के शिक्षण का कहीं विवरण नहीं है (दूसरा सर्ग आदि)। प्रत्येक तीर्थंकर अनेक कलाओं और विद्याओं में पारंगत होता है। इसके विपर्यास में, अनेक अन्य व्यक्तियों के चरित वर्णन में अनेक प्रकार की विद्याओं का उल्लेख है। इस लेख में हम इस ग्रथ में वर्णित विद्याओं के विषय में चर्चा करेंगे।

'विद्या' शब्द का अर्थ

आचार्य महाप्रज्ञ[2] ने 'विद्या' की परिभाषा करते हुये बताया है कि 'सा विद्या या विमुक्तये।' यहां विमुक्ति का अर्थ अज्ञान, संवेग और संवेदन के अतिरेक, निषेधात्मक प्रवृत्ति और संस्कारों से मुक्ति के रूप में लिया जाता है। यह आत्महित प्रेरक आध्यात्मिक परिभाषा है। इसके विपर्यास में, न्याय-विनिश्चय आदि ग्रन्थों में 'विद्या' को वस्तु के यथार्थ स्वरूप के ज्ञान के रूप में बताया गया है। यह शास्त्रोपजीवन, आत्महिताहित ज्ञान एवं परालब्धिया प्राप्त करने के रूप में भी मानी जाती हैं। यह सब 'विद् ज्ञाने'

के अर्थ–विस्तार हैं। 'विद्या' शब्द की यह व्यापक लौकिक एवं लोकोत्तर परिभाषा है। इसकी एक रूढ परिभाषा भी है। अनेक ग्रन्थों के अनुसार विद्या वह हैं जो जप, तप आदि अनुष्ठानो से सिद्ध होती है तथा जिसकी एक अधिष्ठात्री देवी होती है। इस आधार पर विद्या का यह अर्थ परालौकिक रूप लेता है।

विद्याओ से सम्बन्धित सर्वाधिक प्राचीन पर अब अनुपलब्ध (या लुप्त ?) ग्रन्थ 'विद्यानुवाद' पूर्व है। इसमे 'विद्या' शब्द का उपयोग 'साधनीय विद्याओं' के रूप मे लिया गया है। इसमे 700 लघु–विद्याओं और 500 महाविद्याओं का उल्लेख है। इनका विवरण वर्तमान मे अप्राप्त है। इनका उल्लेख इस पुराण के दसवे सर्ग मे भी किया गया है। पर यह 'विद्या' शब्द का सीमित अर्थ है या इसे रूढ भी माना जा सकता है। वस्तुत विद्या का अर्थ अधिक व्यापक है।

'विद्या' शब्द अनेक शब्दो के साथ सम्बद्ध रूप मे पाया जाता है

विद्यानुवाद (ग्रथ), विद्यासिद्धि, विद्या–कर्म, विद्यावान, विद्याबल, विद्या–अस्त्र, विद्याचारण, विद्याधर, विद्याधर जिन और श्रमण, विद्यादोष आदि। इन सम्बद्ध शब्दो के कारण विद्या के स्रोतों, प्राप्ति की विधियो, अध्ययन, अध्यापन, यजनादि (उपवास), साधनादि और उपयोगों का अनुमान लगाया जा सकता है। इन शब्दों के आधार पर हमें 'विद्या' के तीन रूपो का भान होता है

1 जीवन–निर्वाहिणी विद्याये
2 चमत्कारी या सिद्ध विद्याये
3 आध्यात्मिक विद्याये

धवला ने इन्हे अन्य रूप से त्रिविध बताया है[3]

1 जातिविद्या — मातृपक्ष से प्राप्त हुई विद्याये
2 कुलविद्या — पितृपक्ष से प्राप्त विद्यायें
3 तपविद्या — उपवास, साधना आदि से सिद्ध विद्यायें

इसके अनुसार जाति और कुल विद्याये तो जीवन निर्वाहणी विद्यायें हैं और उपरोक्त अन्य दो कोटिया तपविद्या के अन्तर्गत आती हैं। ये तीनों ही विद्याये पारलौकिक भी होती हैं। धवला के अनुसार ये विद्याधर कोटि के मनुष्यो मे होती हैं। इसकी अधिष्ठात्री देविया भी होती हैं।

जीवन–निर्वाहणी विद्यायें

भोगभूमि–युग के समाप्त होते समय भगवान् ऋषभदेव ने कृत–युग में जनता की आजीविका निर्वाह के लिये निम्न षट्कर्मों का उपदेश दिया था जिनकी परिभाषा राजवार्तिक 3 36 के अनुसार यहा दी जा रही है[4] :

1. असि कर्म	:	अस्त्र, शस्त्र, धनुष आदि विद्या और इसका उपयोग
2. मसि कर्म	:	आय–व्यय–विवरण। लेखा–विद्या,
3. कृषि कर्म	:	कृषि उपकरणों का निर्माण एवं कृषि कर्म
4. विद्या कर्म	.	72 पुरुष–कलाओं एवं 64 स्त्री–कलाओ का परिज्ञान, उपयोग (इनमें अध्ययन–अध्यापन, यजन–पूजन आदि भी समाहित हैं)
5. शिल्प कर्म	:	इजीनियरी, हस्तशिल्प, क्षौरकर्म, वस्त्रकर्म, धातुकर्म, कुंभकर्म, प्रक्षालन, कर्म, नगर–निर्माण आदि का ज्ञान और प्रयोग (इसमें 15 खर कर्म सम्मिलित नहीं हैं)
6.वाणिज्य कर्म	.	घृत, रस, धान्य, वस्त्र, मोती आदि का व्यापार

इसके साथ ही, भगवान ने अपनी पुत्रियों को अंकलिपि, अक्षरलिपि तथा संगीत आदि भी सिखायी थी। यद्यपि शास्त्रों में इन्हें कर्म कहा जाता है, पर वस्तुतः ये विद्यायें ही हैं जिनके ज्ञान और प्रयोग से व्यक्ति अपना जीवन निर्वाह करते हैं।

इस पुराण मे इन विद्याओं और कलाओं का विवरण तो नहीं है, पर अन्य शास्त्रों में इनका विवरण है। समवाओं[5] ग्रन्थ के टिप्पण मे जम्बूदीपप्रज्ञप्ति सहित पांच ग्रथों में वर्णित पुरुषों की 72 कलाओं की तुलनात्मक सारणी दी गई है जिसमें उपरोक्त सभी षट्कर्म सूक्ष्म या स्थूल रूप में समाहित हो जाते हैं। यही नहीं, इनमें निमित्त शास्त्र, निर्जीव सजीवन तथा अनेक सिद्ध–विद्याये भी समाहित होती हैं। 'साइटिफिक कंटेंट्स इन प्राकृत केनन्स' (पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी 1996, पृ 75 –120)[6] नामक एक सद्यः प्रकाशित पुस्तक मे दस ग्रथों के आधार पर कलाओ की तुलनात्मक सूची दी गई है। इससे यह पता चलता है कि समय–समय पर अनेक कलायें लुप्त हुई हैं और नयी कलायें संयोजित हुई हैं। इससे कलाओं की सख्या लगभग दुगुनी हो गई है। अनेक उत्तरवर्ती ग्रंथों में स्त्रियों की 64 कलाओं की सारणी भी दी गई है। इनमें स्त्रियोचित गुणों का विशेष महत्त्व है। ये भी समय–समय पर लुप्त और सयोजित होती रही हैं और इसकी संख्या भी लगभग दुगुनी हो गई है।

राजवार्तिक 3.36 में यह भी बताया गया है कि सभी षट्कर्म अविरति, विरति और संयम की दृष्टि से सावद्य (हिंसामय), अल्पसावद्य (अल्प हिंसामय) और असावद्य (अहिंसामय) होते हैं। तत्त्वार्थभाष्य 3.17 में यह भी कहा गया है कि शिल्प–कर्म तुलनात्मकतः अल्पसावद्य होते हैं और इन्हें गर्हित नहीं मानना चाहिये। इसके साथ ही, कषायपाहुड[8] में तो यह भी बताया गया है कि दान, पूजा, शील, उपवास आदि का श्रावकधर्म भी सावद्य (हिंसामय) होता है क्योंकि इसके सभी रूपो में षट्काय के जीवों की

विराधना होती है। इसका सोदाहरण विवरण भी दिया गया है। तथापि, अन्य ग्रन्थों में यह बताया गया है कि सावद्य कर्म धर्मरुचि, लोभ–त्याग एवं भक्ति के माध्यम हैं, इसीलिये इनमें पुण्यभाव भी पर्याप्त है। सावद्यता की अधिकता के कारण ही श्रावकों के लिये पुराने समय में प्रचलित 15 व्यवसाय (खर कर्म) अकरणीय बताये गये हैं। सामान्य श्रावकों को ये विद्यायें सीखनी पड़ती हैं, पर चक्रवर्तियों को ये महाकाल आदि नवविधियों से प्राप्त होती हैं।

राजवंशीय विद्यायें

हरिवंश पुराण राजवंशों से सम्बन्धित महापुरुषों का चरित प्रस्तुत करता है। इन्हें जीविका–सम्बन्धी मसि, शिल्प या वाणिज्य कर्म की कोई आवश्यकता ही नहीं होती। फलतः इसमें इन विद्याओं का वर्णन नाममात्रेण ही है, लेकिन राज–वंशोचित लगभग सोलह विद्या–कर्मों का संक्षिप्त विवरण है। उदाहरणार्थ, इनमें युद्ध विद्या से सम्बन्धित सात (धनुर्विद्या, शस्त्रविद्या, अस्त्रविद्या, युद्धविद्या, सैन्यव्यूह–विद्या, रणविद्या, गदाविद्या), स्वप्न शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र तथा मनोविनोद के लिये गधर्व विद्या (संगीत, वाद्य एवं नाट्य) से सम्बन्धित तीन तथा यज्ञ, वेद, नीति तथा माला–गुथन आदि विद्याओं का अनेक प्रकरणों में विवरण है। यद्यपि तीर्थंकरों के चरित्र–वर्णन में इनका उल्लेख नहीं है, पर नेमिनाथ के युद्ध–कौशल की चर्चा है। इन विद्याओं का वर्णन वसुदेव, प्रद्युम्न, कृष्ण तथा अन्य चरित्रों के अन्तर्गत दिया गया है।

स्वप्न शास्त्र एव सामुद्रिक शास्त्र के विषय में रोहिणी, देवकी एवं तीर्थंकर माता के स्वप्नफल बताये गये हैं। अनेक महापुरुषों के शरीरगत लक्षणों एवं व्यंजनों के आधार पर उनका भविष्य बताया गया है।

यज्ञ विद्या, वेद विद्या का अभ्यास पुरुष और महिलायें (सोमश्री, सुलसा नन्दा) – दोनों करते थे। सुभौम एवं हिरण्य को शास्त्र–शस्त्र विद्या का सागर ही बताया गया है (25वां सर्ग)। वसुदेव, गंधर्वसेना, विजयसेना व बसन्तसेना के प्रकरण में गधंर्व विद्या या संगीत विद्या की लोकप्रियता बताई गई है। संगीत विद्या के अत्वार्य को गंधर्वाचार्य कहते थे। वसुदेव को इस विद्या का पण्डित बताया गया है। इस विद्या के अन्तर्गत गेय एवं वाद्य–दोनों रूप आते हैं। गेय के अन्तर्गत मालाकार, नापित, गोपाल रागों का उल्लेख है जबकि वाद्य के अन्तर्गत तत् कोटि में सत्रह तारों वाली वीणा, घोषा, सुघोषा और महाघोषा कोटि की वीणाओं (पे. 302) तथा प्रणव वाद्य का उल्लेख है। नृत्य विद्या भी एक लोकप्रिय कला है। इसके अन्तर्गत सूची नृत्य एवं अंगुष्ठ नृत्य का वर्णन है। स्त्रियों के लिये माला–गुन्थन–विद्या का भी उल्लेख है जिसमें वसुदेव ने भी महारथ प्राप्त कर सुन्दरी राजकन्या को पराजित किया है।

युद्ध विद्यायें

इस पुराण में सर्वाधिक विवरण युद्ध से सम्बन्धित विद्याओं का पाया जाता है। सामान्य युद्धों में दृष्टि–युद्ध, मल्ल–युद्ध एव जल–युद्ध (भरत–बाहुबलि) का वर्णन है। इसके अतिरिक्त, गदा युद्ध, धनुर्विद्या (विविध प्रकार के बाण), सैन्य व्यूह के अन्तर्गत चक्र और गरुड़ व्यूह की रचना तथा विभिन्न परालौकिक विद्या से प्राप्त अस्त्रों का विवरण भी है जो एक–दूसरे के काट करते हैं। इनमें निम्न प्रमुख हैं :–

मारक अस्त्र	**वारक अस्त्र**
आग्नेय अस्त्र	वरुणास्त्र
मोहन (मूर्च्छा) अस्त्र	चित्त–प्रसादन अस्त्र
वायव्यास्त्र	अंतरिक्ष अस्त्र
वैरोचन अस्त्र	माहेन्द्र अस्त्र
रौद्रास्त्र / अश्वजीव अस्त्र	ब्रह्मशिर अस्त्र
राक्षस अस्त्र	नारायण अस्त्र
तामसास्त्र	भास्कर अस्त्र
नागास्त्र	गरुड अस्त्र
सवर्तक अस्त्र	महाश्वसन अस्त्र
चक्र रत्न	महा अस्त्र

ये विवरण वसुदेव–जरासंध तथा जरासंध–कृष्ण युद्ध के अन्तर्गत आये हैं।

चमत्कारी या सिद्ध विद्यायें

प्राचीन जैन शास्त्रों में, इस कोटि की 16 विद्याओ के नाम आते हैं। इसके विपर्यास में, इस पुराण मे इन विद्याओं के विषय मे अगणित संख्या में उल्लेख आये हैं। यह बताया जा चुका है कि विद्यानुवाद में 700 लघु और 500 महाविद्याओ के साथ 8 महानिमित्त विद्याओं का भी उल्लेख है। ये सभी विद्यायें विभिन्न प्रकार की साधनाओं में सिद्ध की जाती हैं और इनकी अधिष्ठात्री देवियां आवश्यकतानुसार इनको प्रकट करती हैं। यद्यपि इन विद्याओं का पूर्ण विवरण उपलब्ध नहीं होता, पर इनमें अनेक प्रमुख विद्याओ के सदुपयोग–दुरुपयोग हरिवंशपुराण में पाये जाते हैं।

इन विद्याओं को धारण करने वाले मनुष्य सामान्यतः विद्याधर कहे जाते हैं। ये विजयार्ध एवं वैताढ्य पर्वत पर निवास करते हैं, संयमी होते हैं और विद्यानुवाद के अध्येता होते हैं। वे विद्या विज्ञान में पारंगत होते हैं। ये कुल, जाति तथा तप–विद्याधारी होते हैं और त्रिलोकसार 709 के अनुसार इज्या, वार्ता, दत्ति, स्वाध्याय, संयम एवं तप नामक षट् कर्मों में सदैव प्रवृत्त रहते

हैं। इन विद्याधर जाति के मनुष्यो के अतिरिक्त, सामान्य मनुष्य भी इन विद्याओं को जप, ताप होमादि के द्वारा गिरितट, नदी–जल, वृक्ष–कोटर, श्मशान आदि में साधना, संजयंत स्वामी की भक्ति, देवाराधना तथा विशिष्ट कारणों से बन्धन–मुक्ति (कधे पर गिरने, पे 349, नागपाश–मुक्ति, पे.360) आदि से सिद्ध कर सकते हैं। इस पुराण मे अनेक ऐसे विद्या–साधकों के प्रकरण हैं।

इन विद्याओं के सिद्ध होने पर इनके अनेक प्रकार के प्रभाव देखे जाते हैं। उदाहरणार्थ, पर्णलघ्वी विद्या से व्यक्ति पत्रों के समान लघु–शरीरी हो जाता है। ये आकाशगमन क्षमता प्रदान करती हैं, अनेक रूपधारिणी विशेष क्रियाओं में सहायक होती हैं। इनसे पिशाच–निग्रह होता है । इनसे सेना मूर्छित की जा सकती है, इनसे सेना बनाई जा सकती है। इससे सिंह, शावक आदि के रूप भी धारण किये जा सकते हैं। इससे प्रद्युम्न अपनी टाग भी ऐसी मजबूत कर सकता है कि उसे न कोई उठा सके, न तोड़ सके। इनकी सहायता से पति–पत्नियों या अन्य किसी को भी हरण कर यथेच्छ स्थान ले जाया जा सकता है। इन विद्याओं से विद्यास्त्र प्राप्त किये जा सकते हैं। चडवेग ने (सर्ग 25) वासुदेव को अनेक दिव्य विद्याये प्रदान किये जाने एवं उनके चलाने और सकोचन की विधि बताई। इनमें से 19 का नामोल्लेख पेज 355 पर निम्न रूप मे हैं .

1 ब्रह्मशिर, 2 लोकोत्सादन, 3 आग्नेय, 4. वारुण, 5. माहेन्द्र, 6 वैष्णव, 7 यमदड, 8 ऐशान, 9 स्तभन, 10 मोहन (मूर्छन), 11. वायव्य, 12 जृभण, 13 बन्धन, 14 मोक्षण, 15. विशल्यकरण, 16 व्रणसंरोहण, 17. सर्वास्त्रछादन, 18 छेदन, 19 हरण।

इन अस्त्रो मे कुछ औषधीय भी हैं जो युद्धजन्य शारीरिक व्याधियो को दूर करने मे काम आते हैं। इन अस्त्रो के नाम से उनके कार्यों का अनुमान हो जाता है। इनमें से ही अनेक अस्त्र वासुदेव एवं कृष्ण ने और उनके प्रतिद्वंदियो ने अनेक युद्धों मे प्रयोग में लिये थे। इस कारण उन्हें युद्धास्त्र भी कहा जाता है। दिव्य धनुष, दिव्य बाण, दिव्य विमान आदि भी इसी कोटि में समाहित हो जाते हैं।

ये विद्या–प्रभाव विद्या–बल भी कहलाते हैं क्योंकि विद्याओं के कारण ही ये प्रभाव प्रभावी रूप में प्रकट होते हैं। इन विद्याओं को विद्यावान लोग दूसरों को दे भी सकते हैं (जैसे कनकमाला ने प्रद्युम्न को दूध के साथ गौरी और प्रज्ञप्ति नामक विद्यायें प्रदान की थी, पे.563)। इन विद्याओं का अखण्ड माया से हरण भी किया जा सकता है (पे.235, 371) इस पुराण में इन प्रभावों का स्थान–स्थान पर वर्णन है। इससे पौराणिक आख्यानों की परालौकिकता और रोचकता का आभास होता है।

साधित विद्यायें

जब साधु–चर्या से भ्रष्ट नमि और विनमि भगवान् ऋषभदेव से राज्य याचना के लिये बैठ गये, तब उनका सेवक धरणेन्द्र अपनी दिति और अदिति देवियों के साथ आया। इन देवियों ने दोनों राजाओं को विद्या–कोश (अनेक सिद्ध विद्यायें) दिया और धरणेन्द्र ने उन्हें विजयार्ध के दक्षिण और उत्तर श्रेणी के 110 नगरों वाले राज्य दिये। इन विद्याओं के धारक आठ–आठ वर्गों वाले दो निकाय हैं। इनके नाम इन्हीं विद्याओं के आधार पर रखे गये। इनके अपने विशेष रूप और वेश भी होते हैं। इनमे निम्न कोटि की 49 विद्यायें पाई जाती हैं।

1	सामान्य राज–विद्याये	25
2.	शक्ति और औषध विद्यायें	13
3	मन्त्र परिष्कृत विद्याये	11

अ. सामान्य राजविद्यायें : 25 · इनमे प्रज्ञप्ति (गुप्त बात जानना, कहना), रोहिणी, अगारिणी, महागौरी, गौरी, सर्वविद्या–प्रकर्षिणी, महाश्वेता, मयूरी, हारी, निर्वज्ञ–शाद्वला, तिरस्कारिणी, छाया संक्रमिणी, कूष्माड–गुणमाता, सर्वविद्या–विराजिता, आर्या कुष्माडदेवी, अच्युता, आर्यवती, गान्धारी, निर्वृति, दंडाध्यक्षगण, दडभूतसहस्रक, भद्रकाली, महाकाली, काली एवं कालमुखी समाहित हैं।

ब. शक्ति और औषध विद्यायें : 13 : इनमे एकपर्वा, द्विपर्वा, त्रिपर्वा, दशपर्वा, शतपर्वा, सहस्रपर्वा, लक्षपर्वा, उत्पातिनी, त्रिपातिनी, धारिणी, अन्त–विचारणी, जलगति एव अग्निगति समाहित हैं। ये औषध विद्यायें हैं।

स. मन्त्र–परिष्कृत विद्यायें : 11 . इनमे सर्वार्थसिद्धा, सिद्धार्था, जयन्ती, मगला, जया, प्रहार–सक्रमिणी, अशय्याराधिनी, विशल्यकारिणी, व्रणसरोहणी, सवर्ण–कारिणी और मृत–संजीवनी विद्यायें समाहित हैं। इन विद्याओं के विषय में यह अवश्य बताया गया है कि प्रज्ञप्ति, रोहिणी एवं गौरी विद्यायें स्त्रियो को ही सिद्ध होती हैं। हां, वे किसी को इनका दान कर सकती हैं।

इन विद्याओं के अतिरिक्त अनेक दिव्य औषध विद्यायें और औषधिया भी हरिवशपुराण मे विविध विद्याओ के रूप में विशेषतः उल्लिखित हैं। उदाहरणार्थ, औषध विद्याओं में तीन दिव्य औषधियों–चालन, उत्कीलन एवं उन्मूल–व्रणरोह का उपयोग वृक्ष पर टंगे विद्याधर के लिये किया गया है (पेज 305)। मन्त्र–विद्या जीवन–दान देती है। इसके साथ ही मातंग विद्या, गरुड़ विद्या, सिंह विद्या, बोतल विद्या और शाबरी विद्या आदि का अनेक स्थानों पर उल्लेख है। प्रद्युम्न ने नागगुहा में प्रवेश कर अधिष्ठाता देव से नागशय्या, आसन, वीणा, भवन–निर्माण और ऐसी ही अनेक विद्याओं का खजाना प्राप्त किया (पेज 559)। उसने विद्यामय हाथी भी प्राप्त किया। इसी

प्रकार, माया–युद्ध और गति युद्ध का उल्लेख भी है। इस प्रकार, इस पुराण में लगभग 64 साधित विद्याओं के उल्लेख हैं। ये विद्याधरों एव विशिष्ट लोगो में पाई जाती हैं और असाधारण एव परालौकिक प्रभाव उत्पन्न करती हैं।

आध्यात्मिक विद्यायें

प्रत्येक पुराण का मुख्य उद्देश्य कथोपकथन के माध्यम से संसार की विचित्र गति बताते हुये ससारी जीवों को आध्यात्मिक प्रगति की ओर मोडना एवं प्रवर्तन कराना है। पूर्वोक्त विद्यायें ससार की गति को चित्रित करती हैं। इसके विपर्यास मे, आध्यात्मिक विद्याये आध्यात्मिक एवं स्थायी सुख प्राप्ति की दिशा का अवबोध एव प्रेरणा देती हैं। ये विद्यायें लौकिक जीवन नहीं, लोकोत्तर जीवन प्रदान करती हैं। अत इन्हें विद्याओं की कोटि में नहीं गिना जाता। इनकी अपनी अलग ही कोटि है।

अध्यात्म विद्याओ के अन्तर्गत श्रावक विद्या एव साधु–विद्या के रूप मे दो विद्याये होती हैं। इन्हे समग्रत धर्म–विद्या भी कहा जा सकता है जिसके ज्ञान और आचरण से जन्म, जरा, मृत्यु, रोग, शोक आदि के दुःख नष्ट हो जाते हैं और अभ्युदय प्राप्त होता है। श्रावकविद्या के अन्तर्गत पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत का ज्ञान और अनुपालन समाहित हैं। साथ ही, सप्त व्यसनो का त्याग इस आचार का प्राथमिक नियम है जिसका ज्ञान और पालन अनिवार्य है।

साधु–विद्या के अन्तर्गत पाच समिति, तीन गुप्ति एव पांच महाव्रतों के तेरह–चारित्री रूप का प्रारम्भिक ज्ञान और अभ्यास अपेक्षित है। इस विद्या के आचरण के अन्तर्गत दश धर्म, बारह अनुप्रेक्षा (बारम्बार चिन्तन), बाईस (भौतिक एव मानसिक) परीषहो पर विजय, पाच प्रकार का सामायिकादि चारित्र और बारह प्रकार का तप–कुल मिलाकर 69 प्रकार की प्रक्रियाओ का ज्ञान और अभ्यास समाहित है। इस विद्या के अग्रिम उत्तरवर्ती चरण मे ध्यान–विद्या का अत्यन्त महत्त्व है। साधु सुप्रतिष्ठ के प्रकरण में विशिष्ट तप और उपवासो मे 36 प्रकार और उनके अभ्यास की विधिया बताई हैं (अध्याय 24)। इसी प्रकार, 56वे अध्याय में ध्यान, पच–विध आचार एवं तप के विभिन्न रूपों का विवरण दिया है। यह साधु–विद्या ही जीवन को परमसुखमय बनाने का उपाय है। साधु–विद्या के विषय में यह बताया गया है कि साधु को अपनी विद्या के प्रदर्शन या प्रदान के आश्वासन से आहार प्राप्त नहीं करना चाहिये। यह विद्यापिंड या विद्यादोष कहलाता है। साधुओं को तो विद्याधर श्रमण या विद्याधर जिन बनना चाहिये जिससे वे विद्या प्रभावो के न तो वशीभूत हो और न ही उनका प्रभाव प्रदर्शित करने की इच्छा करें।

सन्दर्भ

1. आचार्य, जिनसेन, हरिवंश पुराण, भारतीय ज्ञानपीठ दिल्ली, 2000
2 आचार्य, महाप्रज्ञ, पं जमोला शास्त्री साधुवाद ग्रंथ, रीवा, 1969 पेज 2–3
3. वर्णी, जिनेन्द्र, जैनेन्द्र सिद्धांत कोष–3, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1993 पेज 544.
4. भट्ट अकलंक, राजवार्तिक–1, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, 1953, पेज–200
5 स्वामी सुधर्मा, समवाओ, जैन विश्वभारती, लाडनू, 1984, पेज 251.
6. जैन, एन एल, साइंटिफिक कटेंट्स इन प्राकृत कैनन्स, पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी, 1996 पेज 75–120
7 आचार्य, उमास्वाति, सभाष्य तत्त्वार्थ सूत्र, एम आर. जौहरी, बबई, 1932, पेज–177.
8. वर्णी, जिनेन्द्र, जैनेन्द्र सिद्धान्त कोष–4, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, 1988, पेज–422

●

बम्बई और लन्दन*
(भारत और ब्रिटेन के दर्पण)

विदेश प्रस्थान करने से पहले हमने कुछ दिन पूर्व ही लन्दन से लौटे हुये डॉक्टर सज्जन से पूछा, "लन्दन के विषय मे कुछ जानकारी व निर्देश दीजिये।" उन्होने शराब के नशे मे चूर भरी–सी स्थिति मे कहा, "बम्बई गये हो ? बस, बम्बई जैसा है।" बहुतेरे अनुभवी लोगो से प्रायः इसी प्रकार के उत्तर मिलते हैं जिनसे बेचारा अनजान आश्वस्त होने के बदले, यही सोच कर रह जाता है कि स्वय अनुभव ही ऐसी जिज्ञासाओ का सर्वश्रेष्ठ उत्तर है। सच पूछिये, तो बम्बई और लन्दन जनसमुदाय और यातायात साधनों की सरलता मे शायद एक हो, पर अन्य सभी मामलो मे भिन्न है। उदाहरणार्थ– लन्दन के विक्टोरिया पर उतरते ही आपको अपने अजनबी और अकेलेपन और विदेशी होने का तुरन्त अनुभव होने लगता है। जहा बम्बई के गेहुये रगप्रधान जनसमुदाय मे आप अपने को स्वयमेव विलीन पा लेते हैं, लन्दन के गौरवर्ण–प्रधान समुदाय मे आप की पहली उपस्थिति "सग्रहालय के नमूने" जैसी होती है, जब बहुत सी आखे आपकी ओर घूरती हुयी दिखती हैं। पर हा, लन्दन के 'विक्टोरिया' पर वह जनसमुदाय भी कहा जो बम्बई के विक्टोरिया पर दिखता है। बम्बई मे हम 80–90 प्रतिशत व्यक्तियों से अपनी भाषा मे सरलता पूर्वक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, नवागतुक को यहां हप्तों अजीब–सा लगता है। यह सही है कि उत्तर देने वाले सज्जन अपनी मातृभाषा के व्यावहारिक प्रयोग को सभालकर प्रदर्शित करने का प्रयत्न करते हैं, पर प्रारम्भिक दिनों मे भाषा की अजीबता भी बम्बई और लन्दन को भिन्न करती है। शायद, आग्ल भारतीयो के लिये ऐसी अजीबता न प्रतीत होती हो। पर जब हम कुछ दिनो बाद लखनऊ से आये हुये रेल विभाग के प्रशिक्षार्थियों से मिले, तो हमे लगा कि उन्हे भी ऐसी परेशानी हो चुकी है। विक्टोरिया से निकलते ही लन्दन मे एक ओर बाजार शुरू हो जाता है, जहां की दुकानें बम्बई की दुकानो से अपने आकार–प्रकार और साज–सज्जा में भिन्न होती

---

* The responsibility of the facts, figures and expression given in the article lies with the author - Editor

हैं। प्रायः सभी वस्तुओं पर ऊपर मूल्य–पट लगा रहता है। इसलिये दुकानकार को ग्राहकों के साथ वस्तुओं के मूल्य के सम्बन्ध में माथापच्ची करने की जरूरत नहीं पड़ती। भारत में भी इस मूल्य–पट की परम्परा का पुनरुद्धार होना चाहिये, ऐसा प्रायः स्वदेशियों व विदेशियों का, जिन्हें विदेश का अनुभव है, मत बन जाता है। हां, लन्दन की चाय–चीनी, बिना दूध की ही अधिकतर होती है, जबकि बम्बई की चाय इससे उलटी है।

भारत में हम लन्दन की तहजीबी भाषा के आदी नहीं होते। 'एक्सक्यूज मी' कहकर प्रश्न पूछना और उत्तर के बाद 'थैंक यू' की बात जानते तो जरूर हैं, पर प्रयोग नहीं करते। फलत: लोगों से प्रश्न पूछने पर प्रायः अपनी अशिष्टता का प्रदर्शन हो ही जाता है और हम उत्तर देने वाले की घूरती निगाहो के शिकार बन जाते हैं। जैसे वे कह रही हों – उजड्ड कहीं का।

लन्दन आते ही कुछ ही दिनो मे वहा की ऋतु की विचित्रता का अनुभव हुए बिना नही रहता । कभी–कभी तो हमें हिमपात, जलवृष्टि और चिलकती हुई सूर्य–रश्मियों का एक साथ अनुभव होने लगता है और तीन ऋतुओ का वह एकी भवन बम्बई वालो को शायद ही अब तक नसीब हुआ हो। यह सही है कि बम्बई के नागरिक औद्योगीकरण के कारण उत्पन्न 'कुहरे' से भरी जलवायु का कभी अनुभव कर लेते हो। ऋतु की चर्चा एक महत्त्वपूर्ण विषय है। हर व्यक्ति यह प्रश्न करता है – आपको यहां की ऋतु कैसी लगती है?" क्या उत्तर दिया जाय। प्राय: यह उत्तर तो प्रश्नकर्ता ही दे देते हैं–हमे यहां की ऋतु स्वय पसन्द नहीं है। उफ कितनी विषम और भयकर ! सच पूछिये, वर्ष के वे गिने चुने दिन जिनमें निरभ्र आकाश या सूर्य किरणो की लालिमा के दर्शन होते हों, यहा के लोगो के जीवन के सबसे आनन्दमय दिन होते हैं और तब उनसे ऋतु सौंदर्य के इन ऐतिहासिक दिनों का सदियो का लेखा जोखा सुन लीजिये । हा, एक बात प्राय और पाई जाती है कि वहा भी ऋतु–विद्या–विशारदो की ऋतु सम्बन्धी भविष्यवाणी की विश्वसनीयता बडी ही विवादास्पद है।

कुशल, क्षेम और परिचय का तरीका भी यहा अजीब ही है। बम्बई मे "कहिये, आप कैसे हो।" इसके उत्तर मे समुचित सूचनाये मिल जाती हैं। पर लन्दन में इस प्रकार के प्रश्न का उत्तर ठीक वही प्रश्न है। अर्थात् आप एक दूसरे के कुशल–क्षेम से अपरिचित ही रहते हैं। हा, मिलते समय की मुस्कुराहट भरी बातों का चर्चाओं से और कुछ अनुमान लगा हो, तो बात अलग है। भारत में कुशल–क्षेम जैसी बात अभिन्नता की द्योतक है। यहां यह मात्र शिष्टाचार है। परिचय भी बड़े मनोरंजक ढग से होता है। उदाहरणार्थ यदि 2–4 अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति किसी आयोजन में कहते दिखते हैं– ओ, हम आप लोगों के नाम तो याद नहीं रख सकते। हा अपने नाम

बताने पर हमे धन्यवाद अवश्य मिल जायेगा। नाममात्र के श्रवण की परम्परा ग्राम सस्कृति प्रधान भारत के लिये तो अटपटी ही है। यहा परिचय नाम के अतिरिक्त धाम, व्यवसाय, परिवार आदि की जानकारी भी सम्मिलित मानी जाती है। पर ये बाते यहा विभिन्न प्रश्नो के उत्तर मे मिलती हैं। साधारणतः इस तरह के प्रश्न भी बडे साहसिकता के साथ किये जाते हैं, उनके उत्तर न मिलने का खतरा भी निहित रहता है।

हा, बम्बई जैसे शहर लन्दन से एक बात में अवश्य होड लेते दिख रहे हैं– वह है चाय–पान। चाय–पान की विविधताये निरन्तर बढती जा रही हैं और हिमशीतल चाय से लेकर अत्युष्ण चाय के, विभिन्न तरल पेयो का आनन्द ले सकते हैं। ब्रिटेन चाय प्रधान देश है। इस मामले वह काफीपायी अन्य योरोपीय देशो से भिन्न है। चाय यहा का राष्ट्रीय पेय है जैसे कोकाकोला अमेरिका में है। सामान्यत सूर्योदय से पहले से लेकर शयन कक्ष मे जाने तक कोई आठ–नौ बार तो चायपान परम्परागत बन ही गया है। इसके अतिरिक्त, सगीत समाज और समायोजनो के कारण यह सख्या अगणित रूप से बढ सकती है। भारत में भी चाय का यही रूप धीरे–धीरे पनपता जा रहा है। स्वागत और शिष्टाचार का तो यह अभिन्न अग बन ही गया है।

चाय पान उष्ण पेय के रूप मे ही लिया जाता है। पर चाय के अतिरिक्त एक अन्य पेय भी लन्दन मे इतना प्रचलित है, जिसके प्रचलन की बम्बई के लोग अभी कल्पना नही कर सकते। यह पेय है – शराब के विभिन्न रूप। आप ब्रिटेन मे कहीं भी चले जाइये, लगभग एक चौराहे से दूसरे चौराहे के बीच कई 'इन' और 'बार' मिलेगे। इतने आपको किसी अन्य देश मे शायद ही मिले और पीने वाले भी बडे बहादुर होते हैं। घंटो वहां बैठते हैं और पेय व सगीत का आनन्द लेते हैं। शुक्र की शाम से लेकर शनि की रात तक सप्ताहान्त में बहुत जगह 'इन' और 'बार' खुले रहते हैं। इन स्थानों की रगरेलिया देखते ही बनती हैं। इनका चरम रूप देखकर तब बहुत ही मनोरजन होता है, जब बन्द करने के समय रात मे पुलिस की सहायता लेनी पडती है। सच पूछिये तो, बम्बई के सामान्य भारतीयों का जीवन धार्मिक दृष्टि से युग–युगान्तरव्यापी जीवन है और उसके अनुरूप ही उसके क्रिया–कलाप होते हैं पर लन्दन मे अधिकाश व्यक्तियो का जीवन साप्ताहिक ही होता है। पाच–साढे पाच दिन काम और डेढ–दो दिन डटकर आराम। न वहा अगले सप्ताह की चिन्ता है और न ही पिछले का कोई भूत ही वहा चढा रहता है। जीवन के इस दृष्टिकोण की विभिन्नता लन्दन और बम्बई को बिलकुल ही विरोधी दिशा मे पडने वाले समुद्र के दो किनारो के समान बना देती है।

लन्दन और बम्बई की ये भेदक रेखाये तो हर व्यक्ति को कुछ ही समय मे स्पष्ट हो जाती हैं और उसे उक्त डाक्टर सज्जन की भ्रान्त धारणा पर तरस आये बिना नहीं रहेगा। यदि हम थोडी सी भीतरी झलक लेने का

प्रयत्न करें तो इन दोनों नगरों की विभिन्नता आश्चर्यजनक रूप में सामने आती है। हां, तब यह ख्याल अवश्य आता है कि यह कितना अच्छा होता कि दोनो नगर समान होते ?

बम्बई में पर्यटको या यात्रियों के लिये भारतीय या योरोपीय ढंग के होटलों के अतिरिक्त धर्मशालायें पर्याप्त मात्रा मे हैं। लन्दन में आपको धर्मशाला के समकक्ष कोई चीज दखने को नहीं मिलती। पुराने जमाने की चीजें भी आधुनिक रूप में बदल गई हैं और पर्याप्त मंहगी पड़ने लगी हैं। लन्दन के औद्योगिक समाज में शायद पारमार्थिक संस्थाओं का कोई स्थान न बन सका हो। नवागतुक भारतीय को धर्मशाला– जैसी संस्थाओं का अभाव लन्दन में बहुत अखरता है। यह सही है कि मनुष्यों के लिये इस तरह की सस्थायें न हो, पर रुग्ण, वृद्ध, कुत्ते, बिल्ली आदि के लिये देशव्यापी सस्थायें हैं जहां उनकी उचित देखभाल की जाती है। इसी प्रकार समाज हित के लिये किये जाने वाले विभिन्न अल्प या दीर्घकालीन योजनाबद्ध कार्यों के लिये बनी अगणित संस्थाओं की सूची 'टाइम्स' समाचार पत्र मे प्रकाशित विज्ञापनों से बनाई जा सकती है। इससे यह अनुमान होता है कि धर्मशाला जैसी संस्था के बावजूद भी, हिन्दुस्तान में ऐसी अन्य सस्थाओं की देशव्यापी कमी है। बम्बई के औद्योगिक भारतीय के लिये होटल का 15–20 रू प्रति रात्रि का व्यय शायद न भी अखरे, पर सामान्य भारतीय के लिये भाग्य की बात है । ब्रिटेन मे पहुंचे भारतीयों ने अब कई प्रमुख स्थानों पर गुरुद्वारो का प्रबन्ध कर लिया है जहा कोई भी नवागतुक या यात्री कुछ दिनो के लिये नि:शुल्क ठहर सकता है। यह सही है यह प्रबन्ध प्रतिमानित नहीं माना जा सकता, फिर भी उपेक्षणीय भी नहीं कहा जा सकता है।

प्राय प्रत्येक भारतीय से यह सुनने को मिलता है कि यूरोप बहुत महगा है। इससे मन मे यही धारणा होती है कि वहां चीजो के भाव तेज हैं– खासकर ऐसी चीजो का जिनका हम प्रतिदिन उपयोग कर रहे हैं। होटलो के किराये से इस बात की थोडी बहुत पुष्टि होती दिखती है। पर जब पहले ही दिन आप लन्दन मे बाजार जाये, तो आपको महंगाई का जो रूप देखने को मिलता है, वह उतना ही आश्चर्यकारी है, जितना कि हिदुस्तान मे फैली भ्रामकता को दूर करने वाला हैं। उदाहरणार्थ, दूध और चीनी कोई एक रूपये किलो मिलता है। घी तो यहां नहीं मिलता, पर मक्खन 3,5–4,5 रू, शक्कर पडेगा, आटा 0,75 पैसे सेर मिलेगा साग–सब्जी खूब मिलती है और भाव खूब घटता बढता रहता है। पर आलू प्याज 25 और 50 पैसे सेर तक चले जाते हैं। फल तो वहां हिन्दुतान से सस्ते मिलते हैं। टमाटर जैसी कुछ चीजे मंहगी भी हैं। मांस, अंडे काफी सस्ते हैं। इससे यह स्पष्ट है कि खाने–पीने की चीजें यहां हिन्दुस्तान से बहुत सस्ती ही पडेंगी और यहा आकर हम अपने खान–पान का स्तर, उतनी ही कीमत में कुछ अच्छा कर

सकते हैं, क्योंकि चीजे पर्याप्त मात्रा में और सरलता से मिलती हैं। यही नहीं, खाने–पीने की वस्तुओ की विविधता भी यहा खूब है। उदाहरणार्थ, प्राय सभी चीजे यहा सुरक्षित बद डिब्बों में मिल सकती हैं, हिमीकृत भी बहुत सी चीजे मिलती हैं। मिश्रित या पृथक फलो के रस या काकटेल खूब लीजिये। पकी हुई शाकें व खीर आदि भी मिलते हैं जिन्हें केवल गरम कर नमक मिर्च डालकर आप 2,–4 मिनट मे खा सकते हैं। हां इन सबके अतिरिक्त प्रक्रमित अन्न भी विविध रूप मे मिलता है। गेहू, चावल, जई और मक्के के कई प्रकार के प्रोटीन प्रमुख अन्न और इनके विविध प्रकार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होते हैं। प्राय भारतीय व्यक्ति मक्के को निम्न कोटि का खाद्य मानता है, पर यहा उसके खाद्य रूपो का औद्योगीकरण ही हो गया है और मक्के का कोई न कोई रूप नाश्ते की टेबल की शोभा बढ़ाता है। लन्दन के मनुष्य भी विविधता प्रेमी हैं। उनके भोजन की विविधता अनुकरणीय है। यही कारण है कि कहीं भी खाने चले जाये, उन्हें भर पेट खाने मे कोई परेशानी नहीं होगी। भारतीयो का हाल इससे भिन्न है। मसालेदार चटपटे भोजन के आदी होने के कारण उन्हें यह मनोरजक बहुरूपता भी प्रारम्भ मे अटपटी–सी लगती है। पर यह महगी नहीं है। एक ट्रीड का सूट 150 रूपये मे पडता है। नायलान टेरिलिन या अन्य कृत्रिम रेशो के बने कपडे तो सस्ते हैं ही ? सिले–सिलाये वस्त्रो का उद्योग वहा खूब पनपा है। हर बहु–विभागीय दुकान ने अपने विशेष प्रकार के वस्त्रो को अपना रखा है। मार्क्स एण्ड स्पेसर के सेट माइकेल छाप के वस्त्र अपने डिजायन और आकर्षण मे सर्वश्रेष्ठ माने जाते हैं। सिले वस्त्रो के उद्योगीकृत रूप के कारण वे सस्ते पडते हैं और सभी प्रकार के लोग उन्हें पहन सकते हैं। इसमे सदेह नहीं कि औद्योगीकरण के इस रूप ने रहन–सहन के इस बाहरी रूप के कारण पहचाने जाने वाले वर्गभेद को समाप्त करने मे बडा योगदान दिया है।

बम्बई और बगलौर निकट भविष्य मे सिले वस्त्रो के इस बहुप्रचलित रूप को इस मात्रा मे कब तक ला सकेगे, कहना मुश्किल है। पर यह स्पष्ट है कि मूल्यो की दृष्टि से उनकी कीमते मार्क्स–स्पेंसर से भिन्न नहीं होगी और तभी मन मे यह प्रश्न उठता है कि हिन्दुस्तान के मुकाबले लन्दन का मिल मजदूर कम से कम चौगुना वेतन पाता है। इस प्रकार श्रम के चौथाई मूल्य के बाद भी भारत मे महगाई क्यों हैं ? यंत्रो के बाहरी होने से इतना अधिक अतर नहीं पड सकता। उनकी छीजन भी ब्रिटेन से ज्यादा नहीं हो सकती। क्या व्यक्तिगत उद्योग इतना अधिक मुनाफा कमाते होंगे ? यदि हा, तो इसका समुचित सर्वेक्षण और नियत्रण राजकीय संरक्षण प्राप्त होता है, पर उनका अनुपात भारत के सस्ते श्रम मूल्य को लांघ जाय, यह मानने में भाग्य की विडबना ही होगी। आयात की हुई वस्तुये भारत में महंगी पडे, तो

इतना आश्चर्य नहीं होता है। सरलतम अनुमान तो यह है कि लन्दन की वस्तुओं का मूल्य भारत में लगभग वही है जो लन्दन में सामान्य व्यक्ति के लिये देना पडता हैं। विदेश जाने पर आयात कर के कारण मूल्य बढता है, जो स्वदेश में विभिन्न प्रकार के टैक्स के रूप में दिया जाता है।

आवास भी मनुष्य की अनिवार्य आवश्यकता है। होटल को हम नियमित आवास नही कह सकते हैं। हां निवास के लिये बने या बनाये मकानों के किराये के लिहाज से बम्बई और लन्दन की तुलना नहीं करनी चाहिये। बम्बई के मकान असज्जित होते हैं। उनमें भोजन, पानी यंत्र उष्मक या विस्तर, आलमारी आदि कुछ नहीं होते हैं लेकिन लन्दन में यदि मकान पूर्ण सज्जित न होंगे, तो अर्ध सज्जित तो होंगे ही। पूर्ण सज्जा में पूरा फर्नीचर और गलीचा आदि शामिल होता है। साथ ही, फ्लशयुक्त पाखाने व ठडे--गरम पानी की व स्नान टंकी की व्यवस्था तो साधारण है। वे सुविधाये कभी पृथक होती हैं और प्राय संयुक्त होती हैं। अर्ध या पूर्ण सज्जित सुविधाओं के साथ लन्दन के कमरे का किराया 80--100 रू महीने के औसत से सस्ता शायद ही मिले। राजकीय आवासों में भी परिवार के लिये मकानो का किराया 125 रू तक पडता है।

स्वास्थ्य भी सदैव बनाये रखने की ओर ध्यान देना चाहिये। मिल--मजदूरों व दैनिक जीविका अर्जन करने वालों के लिये स्वास्थ्य की मधुरता नितान्त अनिवार्य है। भारत मे स्वाथ्य संरक्षण अपौष्टिक भोजन आदि के कारण और भी आवश्यक है। भारत मे स्वास्थ्य सुविधाये ब्रिटेन की तुलना मे कम तो हैं ही, स्वास्थ्य संरक्षण महगा भी पडता है। लन्दन में निःशुल्क योजना राजकीय व्यवस्था के अन्तर्गत है जो ब्रिटेन को अन्य कई देशों से अलग करती है। इस योजना के अन्तर्गत अल्पतम व्यय में स्वास्थ्य संरक्षित रहता है। यह सही है कि डाक्टरो के यहा भीड़ काफी रहती है और कभी--कभी तीन घन्टे का प्रतीक्षाकाल भी असह्य नहीं मानना चाहिये। उचित अवसरों पर डाक्टर रोगी के घर भी जाते हैं। डाक्टरो का रोगी के प्रति व्यवहार बहुत ही आश्चर्य और मनोवैज्ञानिक होता है।

उपर्युक्त से यह स्पष्ट है कि, भोजन, वस्त्र, आवास और स्वास्थ्य जैसी अनिवार्य आवश्यकताओं के मामले में लन्दन, बम्बई से सस्ता ही पड़ता है। हां, यहां एक चीज बम्बई से मंहगी है, वह है श्रम का मूल्य जो कई कोटियों में घटा हुआ है। एक झाडू लगाने वाले व्यक्ति के श्रम में और एक महाविद्यालय के प्रधान के श्रम में आर्थिक दृष्टि से बम्बई में 1:20 तक का अनुपात पाया जाता है। लन्दन में यह अनुपात लगभग 1:4 के आसपास बैठेगा। एक बोझा ढोने वाला कुली एक व्याख्याता से आर्थिक दृष्टि से बराबर ही बैठता है। यही कारण है कि हमें बहुत से विभिन्न प्रकार के

डिग्रीधारी भारतीय विविध शरीर श्रम के काम करते नजर आते हैं और प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। हम नहीं कह सकते कि यदि उन्हे भारत मे इतना वेतन देकर वही काम करने को मिले, तो वे उतने ही प्रसन्न रहेगें ? जहा भी श्रम का सम्बन्ध होगा, लन्दन, बम्बई से मंहगा पड़ेगा। नाई की दुकान पर 1,50–3,50 रू तक मे आपकी हजामत बनती है। बम्बई मे अधिक से अधिक 1 रू लगता है। धोबी के यहां एक कमीज की धुलाई 50–60 पैसे पड जाती है। जूते की पालिश में ही 0,35–0,50 रू खर्च होते हैं। श्रम की इस महगाई के फलस्वरूप ही लन्दन मे बम्बई के मुकाबले श्रम प्रतिष्ठा ज्यादा है और मेरा ध्यान है कि श्रम की प्रतिष्ठा ही प्रगति का मूल है। वहॉ लोग प्रायः सभी काम स्वय करते हैं। यही नहीं, दूसरों से श्रम का उपयोग करने के बदले लोग श्रमहारी यत्रों का अधिक उपयोग करने लगे हैं। जहां तक बन सकता है, जितना बन सकता है, स्वयं श्रम कर अपना काम चलाते हैं, इससे आर्थिक बचत तो होती है, कुछ आनन्द भी मिलता है। जूते की पालिश, बर्तन सफाई, वस्त्र सफाई, घर सफाई आदि के अतिरिक्त मकान की सुरक्षा व सज्जा, बगीचे की देखभाल आदि मे मनोरजनपूर्वक अपने समय के सदुपयोग का भी लन्दन मे अनुभव होता है। अपवादो को छोडकर, हम भारतीय विद्यार्थी व व्यक्ति यहा आकर इन सब कलाओ मे पारगत होते हैं। मजा यह है कि जब उच्चतर शिक्षित होकर वह पुन भारत जाता है, तो उसकी ये कलाये न जाने कहा चली जाती हैं ? यही नहीं, दूसरे के श्रम की अधीनता और भी तीव्रतर बन जाती है। इस परिवर्तन का रहस्य हमारी समझ में तो अभी तक नहीं आ पाया है। हमारा अनुमान है कि भारत की प्रगति श्रम की प्रतिष्ठा मे निहित है। उसे श्रम प्रतिष्ठा की पूजा नहीं, उसका व्यावहारिक रूप चाहिये। इसका अर्थ है – शरीर व मन के श्रम के मूल्यो मे अभी जो 15–20 गुना अन्तर है, उसके न्यूनतम वेतन का निर्धारण इसी आधार पर होना चाहिये। आर्थिक स्थिति से ही मानव की प्रतिष्ठा व समता का आभास होता है। यह स्पष्ट है कि यह प्रक्रिया प्रचलित धर्मप्रेमी भारत के लिये सबसे अधिक क्रान्तिकारी है।

श्रम की इस आर्थिक व सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ लन्दन के निवासियो की मनोवृत्ति का भी घनिष्ठ सम्बन्ध है। हमे भारत में पढाया जाता है कि अन्न से मन का निर्माण होता है। मासाहारी अन्न से शरीर के अतिरिक्त, अस्थिर नाडी सस्थान वाला मन बनता है। मन अधिक भावुक व उग्र होता है। बहुत से मामलों में यह सत्य भी है, पर यहां के लोगों के मुस्कुराते हुये चेहरो से फूटती हुई कोमल और मधुर वाणी से कोई भी भोजनजनित भावुकता, उग्रता का अनुमान नहीं कर सकता। उलटे उसे उक्त भारतीय तथ्य पर सदेह ही होने लगता है। इसी प्रकार, विभिन्न राष्ट्रीय सामाजिक सगठन और गिरजाघरों द्वारा आयोजित समाज और

राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय सेवा के कार्यों में भरपूर आर्थिक या अन्य सक्रिय सहयोग भी उनकी आन्तरिक उदार मनोवृत्ति का द्योतक है। सचमुच ही, मासाहारी समाज की इस मधुर वाणी और मनोरम क्रियाओं से प्रभावित हुये बिना नहीं रहा जा सकता। विदेशी होने के नाते विभिन्न नगरों की सडको पर आपका अनजान ही स्वागत करने वाले, कुशल क्षेम पूछने वाले और भीतरी परिचय चाहने वाले ऐसे कई लोग मिलेंगे जो भारत मे भारतीय के लिये शायद ही कभी मिले। यद्यपि भारत में भारतीय विभिन्न भाषा–भाषी अन्य प्रान्तों में अधिक विदेशीपन का अनुभव करता है। मधुरताओ के बावजूद भी, लन्दन के व्यक्ति से बात–चीत करना बड़ा मनोरंजक प्रतीत होता है। उसकी भाषा में कुछ ऐसी शब्दावली है, जो उसके अभिप्राय को सत्य–असत्यहीन के रूप में प्रस्तुत करती है। "आइ विलीव", "आई थिंक", "परहैप्स" आदि शब्दों के प्रयोग से सत्य और स्पष्ट बात में भी नवागंतुक को सदेह की कोटि दिखती है। शिष्टाचार की भाषा में, "वी शैल सी" शब्द मे सकारात्मकता अधिक मानी जाती है। पर इसका व्यावहारिक रूप यहा नकारात्मक ही मिलेगा। हिन्दुस्तान की भाषा में विविधता जितनी हो, व्यावहारिक रूप मे यह इतनी सन्देह भरी नहीं होती है। यद्यपि अग्रेजी के इस रूप का थोडा बहुत प्रभाव हमपर पड़ने लगा है और हमें बातचीत में थोडा सतर्क रहना पडता है। साहित्यिकों की भाषा की बात निराली है। यह तो सदैव दुधारी होती है। बम्बई में भी ऐसी बातचीत वाले अगणित लोग मिलने लगे हैं। यही नहीं, इस तरह की प्रसुप्त भाषा का उपयोग भारत मे निरन्तर बढ रहा है, जिसे मैं हितकर नहीं समझता। विशेषकर, मालिक–मजदूर, अधिकारी–कर्मचारी आदि पारस्परिक सहयोगपरक सम्बन्धों में भाषा की स्पष्टता के साथ मन की मानवीय उदारता बहुत जरूरी है। मुझे अच्छी तरह ख्याल है कि एक अधिकारी ने मेरे मित्र के विरुद्ध एक विश्वसनीय विवरण लिखा था और वे उस मित्र के विषय मे सदैव प्रशसात्मक चर्चायें किया करते थे। भाषा और कार्यों की यह द्विविधता तो मिटनी चाहिये। यदि आप कुछ न कहे, गम्भीर मुद्रा बनाये रहें, तो बात और है। ऐसे गम्भीर मुद्रा वाले लोग भी सभी प्रकार के होते हैं। बहुत–सी बातों में लन्दन के लोग बड़े स्पष्ट हैं। उदाहरणार्थ, यदि वे उन्हें आप के काम से संतोष नहीं है, तो वे आपको आवश्यक सुधार सूचना के साथ आपको नौकरी छोड़ने की स्वयं सलाह दे देंगे यदि आपने कोई नियम भंग किया है, तो न्यायाधीश के सामने अधिकतर लोग उसे स्वीकार कर लेते हैं। यहां भारत जैसे स्वयं को निर्दोष मान लेने की परम्परा नहीं है। अधिकारीगण भी नियम–भंग की स्थिति में आपसे सहानुभूति प्रदर्शित करने के अतिरिक्त आपकी अन्य कोई सहायता नहीं करेंगें। इस तरह की प्रवृत्तियां भारत मे अधिकाधिक प्रचलित हों, तो कितना अच्छा रहे।

भारत में रहकर मन मे आता है कि जिसके पास समुचित आय–व्यय के साधन हैं, वह सुखी है और ऐसे समाज में दोष और अपराध बिल्कुल नहीं होने चाहिये। भारत मे गरीबी है, असन्तोष है, अपर्याप्त आय है, इसलिये बहुत से दोष और अपराध सम्भावित हैं, पर उनकी संख्या उसकी धार्मिक प्रवृत्ति के कारण बहुत कम है। लेकिन यदि आप ब्रिटेन के 'डेली एक्सप्रेस, 'डेली मेल' जैसे समाचार पत्र (जिनकी ग्राहक सख्या पच्चीस लाख तक जाती है) और स्थानीय प्रात एव सायकालीन समाचार पत्र देखें तो उनसे पता चलता है कि ब्रिटेन मे अपराधी की सख्या कितनी अधिक है ? क्रिसमस के दिनो मे, घने कुहरे के दिनो मे बैंको मे डकैतिया आम हैं, सोने से लदे ट्रको का गायब हो जाना, सरकारी कोष को लूटना जैसी दिलेरी घटनाओं के अतिरिक्त हत्याये भी बहुत साधारण हैं। यौन–अपराध भी पर्याप्त मात्रा मे हैं।

धोखेबाजी भी खूब है। भिखमंगी को हम सामाजिक अपराध मानते हैं। वह वहां बहुत कम है। इन समाचार पत्रो को पढ़कर ऐसा लगता है कि हमारा समाज इन मामलो मे इनसे तो अच्छा ही बैठेगा और तब हमे अपनी धार्मिक शिक्षा की प्रशसा करनी पडती है।

